- पानी के "बपतिस्में के अलावह किताब-ए-मुक़द्दस ,पाक रूह बपतिस्मे" और आग के बपतिस्में" की भी बात करती है" |
- " बपतिस्मा" लफ्ज़ कलाम में बड़े दुख के तजुर्बा के लिए भी काम में लिया जाता है |

## तर्जुमा की सलाह:

- मसीही लोग पानी के बपतिस्में के बारे में अलग-अलग ख़याल रखते हैं | तो अच्छा होगा कि इसका तर्जुमा 'अवामी तौर में किया जाए जिसमें पानी के इसते'माल के मुख्तलिफ़ तरीक़े हों |
- शर्तों के मुताबिक़ "बपतिस्मा" का तर्जुमा पाकीज़गी,उण्डेलना" "डूबाना" "धोना" या रुहानी तरह " से पाक करना" , हो सकता है | मिसाल के तौर पर, पानी से तुम्हें "बपतिस्मा देने का तर्जुमा पानी" में डुबकी, हो सकता है |
- लफ्ज़ "बपतिस्मा" का तर्जुमा "पाकीज़गी" " डालना, डुबकी " सफ़ाई या, रूहानी " धुलाई, " की शक्ल में किया जा सकता है |
- जब यह दर्द ज़ाहिर करता है, तो "बपतिस्मा" का तर्जुमा ख़तरनाक तकलीफ़ का वक़्त, या " दुख से आजाद साफ़ हों" |
- यह भी ख़याल करें कि इस लफ्ज़ का तर्जमा किसी मुक़ामी या क़ौमी ज़बान में कलाम-ए-मुक़द्दस तर्जुमा में किया गया है|

( यह भी देखें: नावाकिफ़ लफ़्ज़ों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: युहन्ना बपतिस्मा देने वाला, तौबा करना, पाक रूह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- {रसूलों के 'आमाल 02:37-39](rc://ur-deva/tn/help/act/02/37)
- {रसूलों के 'आमल 08:36-38](rc://ur-deva/tn/help/act/08/36)
- रसूलों के 'आमाल 09:17-19
- रसूलों के 'आमाल 10:46-48
- {लूका 03:15-16](rc://ur-deva/tn/help/luk/03/15)
- मत्ती 03:13-15
- \मत्ती 28:18-19

## बाइबल कहानियों से मिसाल:

- *24:03_* जब उन लोगों ने यूहन्ना का पैगाम सुना, उन्होंने अपने-अपने गुनाहों से तौबा की, और युहन्ना ने उनको **बपतिस्मा** दिया| बहुत से मज़हबी रहनुमा युहन्ना से **बपतिस्मा** लेने को आए, लेकिन उन्होंने न तौबा की और न ही अपने गुनाहों का इक़रार किया |
- **{24:06](rc://ur-deva/tn/help/obs/24/06)** अगले दिन,'ईसा युहन्ना के पास उससे _बपतिस्मा _लेने को आया
- **{24:07](rc://ur-deva/tn/help/obs/24/07)** यूहन्ना ने 'ईसा से कहा, मैं इस लायक़ नहीं कि तुझे _बपतिस्मा _ दूँ | मुझे तो तेरे हाथ से बपतिस्मा लेने की ज़रूरत है।”
- **42:10** इसलिये तुम जाओ, सब क़ौमों के लोगों को चेला बनाओ और उन्हें बाप और बेटा और पाक रूह के नाम से बपतिस्मा दो और उन्हें सब बातें जो मैंने तुम्हें हुक्म दिया है मानना सिखाओ "
- **43:11** पतरस ने उनको जवाब दिया, तौबा करो और तुम में से हर एक 'ईसा मसीह के नाम से_ बपतिस्मा_ ले तो ख़ुदावन्द तुम्हारे गुनाहों को मा'फ़ करेगा
- **43:12** लगभग 3000 लोगों ने पतरस की बात पर यक़ीन किया और 'ईसा के शागिर्द बन गए| और उन्हें **बपतिस्मा** दिया गया और वह यरुशलीम की कलीसिया का हिस्सा बन गए|
- **45:11** फिलिप्पुस और कूश मुल्क का हाकिम रास्ते में चलते चलते वह किसी पानी की जगह पहुँचे| तब कूश के हाकिम ने कहा, "देख" देख यहाँ कुछ पानी है , क्या मैं **बपतिस्मा** ले सकता हूँ|
- **46:05** शाऊल फौरन देखने लगा, और हनन्याह ने उसे **बपतिस्मा** दिया|
- **49:14** 'ईसा तुम्हें उस यक़ीन करने वाले और **बपतिस्मा** लेने के लिए बुलाता है

## शब्दकोश:

- Strong's: G907

# बरकत, मुबारक, बरकत देना

## ता'अर्रुफ़:

किसी को “बरकत” देना या किसी शख्स या चीज़ के लिए अच्छी और फ़ायदे मन्द बात होने की तमन्ना करना।

- किसी को बरकत देने का मतलब उसके लिए सही और फ़ायदे की ख़याल ज़ाहिर करना।
- किताब-ए- मुक़द्दस के ज़माने में बाप हमेशा अपनी औलाद को ‘आम तौर पर बरकत देते थे।
- लेकिन आदमी जब ख़ुदावन्द को “मुबारक”कहता है तब इस लफ्ज़ का मतलब है, वह उसकी ता'रीफ़ कर रहे हैं।
- कभी-कभी “बरकत” लफ्ज़ खाना को खाने से पहले उसे पाक करना भी होता है या ख़ुदावन्द को खाने के लिए मुबारकबाद देना और उसकी ता'रीफ़ करना।

## तर्जुमें की सलाह:

- “बरकत” देने का तर्जुमा“ हलीमी से फ़राहम करना” या “किसी पर ज़्यादा से ज़्यादा रहम और फ़ज़्ल ज़ाहिर करना” भी हो सकता है।

“ख़ुदावन्द ने बहुत बरकत दी” का तर्जुमा हो सकता है, “ख़ुदा ने बहुत अच्छी चीज़ें दी” या “ख़ुदा उसे समझ फ़राहम करेगा”।

- “वह मुबारक है” इसका तर्जुमा हो सकता है, “वह बहुत फ़ायदा उठाएगा” या “वह अच्छी-अच्छी चीज़ें हासिल करेगा” या “ख़ुदावन्द उसे समझ फ़राहम करेगा”।
- “मुबारक है वह आदमी जो” इसका तर्जुमा हो सकता है, “कितना मुबारक है वह आदमी जो”
- इज़हार जैसे “मुबारक है ख़ुदा” का तर्जुमा“रब की ता'रीफ़ हो” या “ यहोवा की ता'रीफ़ करो” या “मैं ख़ुदा की ता'रीफ़ करता हूँ”।
- खाने को बरकत देने के बारे में इसका तर्जुमा किया जा सकता है, “खाने के लिए ख़ुदा का शुक्र किया” या “खाने के लिए ख़ुदावन्द की ता'रीफ़ की” या “ख़ुदा की ता'रीफ़ करके खाने को पाक किया”।

(यह भी देखें: ता'रीफ़ करना)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 10:14-17
- रसूलों के 'आमाल 13:32-34
- इफिसियों 01:3-4
- पैदाईश 14:19-20
- यसा’याह 44: 3-4
- या’क़ूब 01:22-25
- लूक़ा 06:20-21
- मत्ती. 26:26
- नहमियाह 09:5-6
- रोमियो 04:9-10

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों की मिसालें:

- **01:07** ख़ुदा ने देखा कि यह अच्छा था और उसने उन्हें **बरकत दी**।
- **01:15** ख़ुदा ने अपनी शक्ल में आदम और हव्वा को बनाया। उस ने उन्हें **बरकत दी** और उन से कहा, “कई बच्चों और पोतो को पैदा करो और ज़मीन में भर जाओ!”
- **01:16** इसलिये ख़ुदा जो कुछ कर रहा था उन सब से आराम लिया। उस ने सातवें दिन को **बरकत दी** और उसे पाक किया क्योंकि इस दिन ख़ुदा ने अपने काम से आराम लिया था।
- **04:04** "मैं तुम्हारा नाम 'अज़ीम करूँगा। मैं **बरकत _ दूँगा उनको जो तुझे बरकत देगा, और जो तुझे ला’नत करेगा, उसे मैं ला’नत दूँगा। ज़मीन के सभी ख़ानदानों को तेरे वजह से _बरकत दी** जाएगी। "
- _ *[04:07](rc://ur-deva/tn/help/obs/04/07)_* मलिकसिदक ने अब्राम को **बरकत दी** और कहा, " ख़ुद मुख्तार ख़ुदावन्द जो आसमान और ज़मीन का मालिक है अब्राम को बरकत दे।"

- _ *[07:03](rc://ur-deva/tn/help/obs/07/03)_* इसहाक़ अपनी _बरकत _ 'ऐसौ को देना चाहता था।
- _ *[08:05](rc://ur-deva/tn/help/obs/08/05)_* यहाँ तक कि जेल में, यूसुफ़ ख़ुदा के लिए वफ़ादार रहा, और ख़ुदा ने उसे **बरकत दिया** ।

## शब्दकोश:

- Strong's: H833, H835, H1288, H1289, H1293, G1757, G2127, G2128, G2129, G3106, G3107, G3108, G6050

# बर्रा, ख़ुदा का बर्रा

## ता'अर्रुफ़:

"मेम्ना" भेड़ का बच्चा। भेड़ चौपाया जानवर होता है जिसके घने ऊन जैसे बाल होते हैं, और ख़ुदा को उसकी क़ुर्बानी पेश की जाती थी। ''ईसा को "ख़ुदा का मेम्ना" कहा जाता था क्योंकि उसे इन्सानों के गुनाहों की क़ीमत चुकानी पड़ी थी

- इन जानवरों का आसानी से भटक जाना मुमकिन था लिहाज़ा उन्हें हिफ़ाज़त की ज़रूरत थी। ख़ुदा इन्सानों का मुक़ाबला भेड़ों से करता है।
- ख़ुदा के हुक्म के मुताबिक़ इसे क़ुर्बानी पेश करने के लिए भेड़ या मेम्ने को जिस्मानी तौर से बे'ऐब होना था।
- 'ईसा को ख़ुदा का मेम्ना कहा गया है, क्योंकि वह इन्सानों के गुनाहों के लिए क़ुर्बानी पेश किया गया था। वह एक कामिल बे'ऐब क़ुर्बानी थी क्योंकि वह गुनाह से आज़ाद था।

## तर्जुमे की सलाह:

- अगर मक़ामी ज़बान में भेड़ जाना हुआ लफ़्ज़ है, तो उसके बच्चे के नाम के इस्ते'माल से तर्जुमा किया जाए जैसे "मेम्ना" या "ख़ुदा का मेम्ना" ।
- "ख़ुदा का बर्रा" का तर्जुमा "ख़ुदा का (क़ुर्बानी)बर्रा" या "मेम्ना, ख़ुदा के लिए क़ुर्बानी चढ़ाया गया" या " ख़ुदा की ओर से (क़ुर्बानी)मेम्ना" के तौर पर किया जा सकता है।
- अगर भेड़ अनजान है तो इस लफ़्ज़ का तर्जुमा "एक भेड़ का बच्चा" किया जा सकता है और हाशिये में उस भेड़ का ज़िक्र करें। हाशिए में भेड़ और भेड़ के बच्चों का मुक़ाबला जानवरों से किया जाता है जो झुंडों में रहता है, जो कि डरपोक और बेघर है, और वह अक्सर भटकते हैं।
- यह भी ध्यान रखें कि इस लफ़्ज़ का तर्जुमा मक़ामी या क़ौमी ज़बान में कैसे किया गया है।

(देखें: अनजान अलफ़ाज़ का तर्जुमा कैसे करे)

(यह भी देखें: भेड़, चरवाहा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 शमूएल 12:1-3
- 'अज़्रा 08:35-36
- यसा'याह 66:3
- यरमियाह 11:18-20
- युहन्ना 01:29-31
- युहन्ना 01:35-36
- अहबार 14:21-23
- अहबार 17:1-4
- लूक़ा 10:3-4
- मुकाशिफ़ा 15:3-4

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **05:07**जब इब्राहीम और इस्हाक़ क़ुर्बानी की जगह की ओर जा रहे थे, इस्हाक़ ने पूछा, " ऐ मेरे बाप, देख, क़ुर्बानी के लिए लकड़ी तो हैं; लेकिन **बर्रा** कहाँ है?"
- **11:02** ख़ुदा ने कहा कि, वह इन्सान जो उस पर ईमान करेंगा वह उसके पहलौठे बेटे को बचाएगा। हर ख़ानदान एक कामिल **बर्रे** की क़ुर्बानी देंगा।
- **24:06** अगले दिन, 'ईसा युहन्ना के पास उससे बपतिस्मा लेने को आया | जब यूहन्ना ने उसे देखा, तो कहा, "देख ! यह **ख़ुदा का बर्रा** है, जो दुनिया के गुनाहों को दूर ले जाएगा।"
- **45:08** वह पढ़ रहा था, "वह भेड़ की तरह हलाक होने को पहुँचाया गया, और जैसा **बर्रा** अपने ऊन कतरने वालों के सामने चुपचाप रहता है, वैसे ही उसने भी अपना मुँह न खोला।
- **48:08** जब ख़ुदा ने इब्राहीम से उसके बेटे इस्हाक़ को क़ुर्बानी करने को कहा, तब ख़ुदा ने इस्हाक़ की जगह पर इब्राहीम को क़ुर्बानी 'अदा करने के लिए एक **बर्रा _ 'अता किया। हम सब इन्सान अपने गुनाहों की वजह से मौत के लायक़ है। लेकिन ख़ुदा ने 'ईसा को भेजा, ख़ुदा का _बर्रा**, कि वह हमारी जगह पर अपने आप को क़ुर्बान करे।

- **48:09** जब ख़ुदा ने मिस्र पर आख़िरी बीमारी भेजी, उसने हर इस्राईली ख़ानदान से कहा कि वह एक कामिल **बर्रे** की क़ुर्बानी दे और उसका ख़ून अपने दरवाज़े के ऊपर व चारों ओर उंडेले।

## शब्दकोश:

- Strong's: H7716, G721, G2316

# बांधना, बन्धन, बाँधा

## ता'अर्रुफ़:

- “बांधना” या किसी चीज़ को बांधकर रखना या महफ़ूज़ जगह में रखना। बंधी हुई या मिली हुई चीज़ें“बन्धन” में कहलाती हैं। लफ्ज़ “बंधा हुआ” इस लफ़्ज़ का माज़ी है|
- “बाँधा” होने का मतलब है किसी चीज़ से लिपटा या बाँधा होना।
- 'अलामती शक्ल में इंसान किस सिफ़त से “बंधा” होता है जिसका मतलब कि उसने जो 'अहद किया है उसे "पूरा करना" उसके लिए ज़रूरी है।
- “बंधन” में होना या किसी भी बांधने वाली चीज़ या हदों में बंधे होना या किसी को जेल में डालना। इसका हवाला हमेशा ज़ंजीर, बेड़ियों या रस्सी से है जो इन्सान की आज़ादी को रूकावट करती है।
- किताब-ए-मुक़द्दस के ज़माने में रस्सी या ज़ंजीर बन्दियों को दीवार या पत्थर के फर्श में बांध कर रखने के लिए थी।
- “बांधना” लफ्ज़ घाव पर पट्टी बांधने के लिए भी काम में लिया जाता था कि घाव भर जाए।
- मुर्दा को भी कपड़ों में लपेटा जाता था कि दफ़्न के लिए तैयार करें।
- “बन्धन” 'अलामती शक्ल में गुनाह के लिए भी काम में लिया गया है क्योंकि वह आदमी को अपने क़ाबू में कर लेता है या ग़ुलाम बना लेता है।
- बन्धन दो इंसानों के क़रीबी रिश्ते में भी होता है, जिसमें वह एक दूसरे को दिमाग़ी, रूहानी और जिस्मानी नुक़ते नज़र में ता'उन देते हैं। यह शादी के बन्धन में भी है
- शौहर-बीवी एक दूसरे से बंधे होते हैं। यह एक ऐसा बन्धन है जिसे ख़ुदा नहीं चाहता कि कभी तोड़ा जाए।

## तर्जुमें की सलाह:

- “बांधना” लफ्ज़ का तर्जुमा “बंधन के मातहत करना” या “मिलकर करना” या “लपेटें”
- 'अलामती शक्ल में, इसका तर्जुमें"को क़ब्ज़े में करने के लिए" या "रोकने के लिए" या "से (कुछ) को रखने के लिए" हो सकता है।
- "बांधना" लफ्ज़ का ख़ास इस्ते'माल मत्ती 16 और 18 में "मना' करना" या "इजाज़त नहीं" है।
- “बन्धनों” लफ्ज़ का तर्जुमा "ज़ंजीरों" या "रस्सियों" या "बंधन" भी हो सकता है।
- 'अलामत शक्ल से “बन्धन” लफ्ज़ का तर्जुमा "गाँठ" या "ता'ल्लुक़" या "क़रीबी रिश्ता" भी हो सकता है।
- जुमले "अमन का बंधन" का मतलब है "एक साथ में होना, जो लोग एक-दूसरे के साथ +क़रीबी ता'लुक़ात में लोगों को लाते हैं" या "एक साथ बांधने से अमन मिलता है।"
- "बांध" का तर्जुमा "चारों तरफ़ लपेटो" या "पर एक पट्टी डाल" कि शक्ल में किया जा सकता है।
- क़सम के साथ अपने आप को "बांधना" करने के लिए का तर्जुमा "क़सम को पूरा करने का वा'दा" या "क़सम को पूरा करने का वा'दा" की शक्ल में किया जा सकता है।
- जुमले के मुताबिक़“बाँधा” का तर्जुमा "बंधे" या "बांध" या "ज़ंजीर" या "पाबन्दी (पूरा करने के लिए)" या "करने की ज़रूरत है" हो सकता है।

(यह भी देखें: पूरा, अमन, जेल, ख़ादिम, क़सम)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में :

- इस्तिसना 08:6-7

## शब्दकोश:

- Strong's: H247, H481, H519, H615, H631, H632, H640, H1366, H1367, H1379, H2280, H2706, H3256, H3533, H3729, H4147, H4148, H4205, H4562, H5650, H5656, H5659, H6029, H6123, H6616, H6696, H6872, H6887, H7194, H7405, H7573, H7576, H8198, H8244, H8379, G254, G331, G332, G1195, G1196, G1198, G1199, G1210, G1397, G1398, G1401, G1402, G2611, G2615, G3734, G3784, G3814, G4019, G4029, G4385, G4886, G4887, G5265

# बारहों, ग्यारहों

## ता’अर्रुफ़:

“बारहों” का बयान उन आदमियों से है जिन्हें ‘ईसा ने चुना कि उसके क़रीबी शागिर्द या रसूल हों। यहूदा की ख़ुदकशी के बा’द, वे “ग्यारहों” कहलाते थे।

- ‘ईसा के बहुत और शागिर्द थे लेकिन “बारहों” यह ‘ओहदा उन्हें इसलिए दिया गया था क्योंकि वह ‘ईसा के बहुत करीब थे।
- इन बारह शागिर्दों के नाम, मत्ती 10, मरकुस 3, तथा लूका 6 में ज़ेरे फ़हरिस्त हैं।
- ‘ईसा के आसमान पर उठाये जाने के बा’द इन ग्यारहों ने मत्तिय्याह को यहूदा की जगह में चुन लिया था। तब वे फिर से “बारहों” कहलाए।

## तर्जुमे की सलाह:

- कुछ ज़बानों में इस्म लफ़्ज़ इसमें जोड़ना ज़्यादा साफ़ और ज़्यादा ख़ास होता है, “बारह शागिर्द ” या “’ईसा के ख़ास बारह शागिर्द ”।
- “ग्यारहों” का तर्जुमा हो सकता है, “’ईसा के बचे ग्यारहशागिर्द ”।
- कुछ तर्जुमों में पहला हर्फ़ बड़ा काम में लेकर दिखाया जाता है कि यह ‘ओहदे का नाम था जैसे “वे बारह” या “वे ग्यारह”।

(यह भी देखें: रसूल, शागिर्द

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 15:5-7
- रसूलों के 'आमाल 06:2-4
- लूका 09:1-2
- लूका 18:31-33
- मरकुस 10:32-34
- मत्ती. 10:5-7

## शब्दकोश:

- Strong's: G1427, G1733

# बुराई, बदकार, बदकारी

## ता'अर्रुफ़:

“बुरा और बदकार” दोनों का हवाला उन बातों से है जो ख़ुदावन्द की ख़ुसूसियात और मर्ज़ी के ख़िलाफ़ है।

- “बुरा” लफ्ज़ इन्सान के किरदार का बयान करता है, “बदकार” लफ्ज़ इन्सान के सुलूक का बयान करता है। ताहम, मतलब में दोनों लफ्ज़ बराबर हैं।
- “बुराई” का मतलब इन्सान के ज़रिए’ किए गए बुरे काम को ज़ाहिर करता हैं।
- बुराई के नतीजे वाज़ह तौर से दिखाए जाते हैं कि लोग कैसे क़त्ल करते हैं, चोरी करते हैं, बदनाम करते हैं और ज़ालिमाना और बेरहम होते हैं।

## तर्जुमा की सलाह:

- जुमले के मुताबिक़ “बुराई” और बदकारी का तर्जुमा “बुरा” या “गुनहगार” या “ग़ैर अख्लाक़ी” हो सकता है।
- इसका तर्जुमा दोसरी तरह हैं, “अच्छी नहीं” या “रास्त्बाज़ नहीं” या “अख्लाक़ी नहीं”
- यक़ीन करें कि इनके तर्जुमें के लफ्ज़ और मक़सदी ज़बान में ‘आम हवाले के साथ हों।

(यह भी देखें:नाफ़रमान, गुनाह , अच्छा, रास्तबाज़, बदरूह )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 शमूएल 24:10-11
- 1 तीमुथियुस 06:9-10
- 3 युहन्ना 01:9-10
- पैदाइश 02:15-17
- पैदाइश 06:5-6
- अय्यूब 01:1-3
- अय्यूब 08:19-20
- कुज़ात 09:55-57
- लूक़ा 06:22-23
- मत्ती. 07:11-12
- अमसाल 03:7-8
- ज़बूर 022:16-17

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों की मिसालें :

- _ *[02:04](rc://ur-deva/tn/help/obs/02/04)*_ "ख़ुदावन्द इतना जानता है कि जैसे ही तुम इसे खाते हो, तो तुम ख़ुदा की तरह हो जाओगे और अच्छा और **बुरे** को समझोगे जैसा वह समझता है।"
- **03:01** एक लंबे वक़्त के बा'द, बहुत से लोग दुनिया में रह रहे थे। वह बहुत _बदकार _ और तशदुद्द थे।
- **03:02** लेकिन नूह ने ख़ुदावन्द से फ़ज़ल पाया। वह **बदकार** लोगों के बीच रहने वाला एक रास्तबाज़ शख्स था।
- **04:02** ख़ुदावन्द ने देखा कि अगर वह सभी एक साथ मिलकर **बुराई** करते हैं, तो वह और भी ज़्यादा गुनाह करेंगे।
- **08:12** "आपने ग़ुलाम कि शक्ल में मुझे बेचकर तुमने **बुराई** करने की कोशिश की, लेकिन ख़ुदा ने भलाई के लिए **अच्छा** इस्ते'माल किया!"
- **14:02** वह (कना'नी) ने झूठे मा'बूदों की पूजा की और कई _ बुरे_ काम किए।
- **17:01** लेकिन फिर वह (शाऊल) एक _बदकार _ शख्स बन गया, जिसने ख़ुदा का हुक्म नहीं माना , इसलिए ख़ुदा ने एक अलग शख्स को चुना जो एक दिन उसके जगह पर बादशाह बनेगा।
- **18:11** इस्राईलियों के नए रियासत में, सभी बादशाह **बुरे** थे
- **29:08** बादशाह इतना ग़ुस्से में था कि उसने _बदकार _ ग़ुलाम को जेल में फेंक दिया जब तक कि वह उसके सारे क़र्ज़ को अदा न कर दे।
- **45:02** उन्होंने कहा, "हमने सुना है वह(स्तिफनुस) मूसा और ख़ुदा के बारे में _ बुरी_ बातें कहता है!"
- **50:17** वह ('ईसा ) हर आंसू को मिटा देगा उसके बा'द कोई दर्द , दुःख, रोने, **बुराई**, दर्द या मौत नहीं होगी।

## शब्दकोश:

- Strong's: H205, H605, H1100, H1681, H1942, H2154, H2162, H2617, H3415, H4209, H4849, H5753, H5766, H5767, H5999, H6001, H6090, H7451, H7455, H7489, H7561, H7562, H7563, H7564, G92, G113, G459, G932, G987, G988, G1426, G2549, G2551, G2554, G2555, G2556, G2557, G2559, G2560, G2635, G2636, G4151, G4189, G4190, G4191, G5337

# बुलाना ,पुकारा ,पुकारना ,कहलाता

## ता’रीफ़:

बुलाना’’ और “पुकारना” के हक़ीक़ी मा’ने हैं ,किसी दूर खड़े इन्सान को ऊँचे लफ़्ज़ों में कुछ कहना | "पुकारना "के मा'ने किसी ख़ास को बुलाना | इसके बहुत से तम्सीली मा’ने हैं

- “पुकारना “मतलब दूर खड़े किसी आदमी से ऊंचे लफ़्ज़ों में कुछ कहना | इसके मा’ने मदद माँगना भी होता है ख़ास कर ख़ुदा से |
- किताब-ए-मुक़द्दस में “बुलाना “के मा’नी हैं” तलब करना “या आने का हुक्म या “आने की गुज़ारिश |
- ख़ुदा इन्सानों को बुलाता है कि उसके पास आयें और उसके लोग हों यह उनकी बुलाहट है |
- बुलाया “ लफ़्ज़ का किताब-ए-मुक़द्दस में मा’नी है ,ख़ुदा ने इन्सानों को मुक़र्रर किया या चुन लिया कि उसकी औलाद हों ,उसके ख़ादिम हों और ‘ईसा के ज़रिए’नजात की ख़बर के बताने वाले हों
- इस लफ़्ज़ को किसी का नाम देने के मज़मून में भी काम में लिया जाता है | मिसाल के तौर पर “वह यूहन्ना कहलाया “जैसे कि “उस का नाम यूहन्ना रखा गया “या उसका नाम यूहन्ना हुआ “|
- नाम से पुकारा जाना “ मतलब किसी को किसी और का नाम दिया जाना | ख़ुदा कहता है कि उसने अपने लोगों को अपने नाम से बुलाया है |
- एक अलग कलाम “मैंने तुझे नाम लेकर बुलाया है “|ख़ुदा उस ख़ास इन्सान का नाम ख़ुद से जानता है और उसे ख़ास करके चुन लिया है |

## तर्जुमे की सलाह:

- “बुलाना “का तर्जुमा ऐसे लफ़्ज़ों में किया जाये जिनके मा’नी “तलब करना “हो जिसमे बुलाहट की मर्ज़ी और मक़सद शामिल हों |
- “तुझे पुकारता हूँ “इसका तर्जुमा हो सकता है “तुमसे मदद माँगता हूँ “या तुझसे शिद्दत से मिन्नत करता हूँ “|
- किताब-ए-मुक़द्दस में लिखा है कि ख़ुदा ने हमें बुलाया कि इसकी ख़िदमत करे तो इसका तर्जुमा किया जा सकता है ,उसके ख़ादिम होने के लिए “हमें ख़ास करके चुना”या “हमें मुक़र्रर किया”
- ”उसका नाम पुकारा “इसका तर्जुमा हो सकता है “उसको नाम देना “
- “उसका नाम पुकारा “इसका तर्जुमा हो सकता है “उसका नाम है “या उसको नाम दिया गया है |
- पुकारना “इसका तर्जुमा हो सकता है ,”ऊंचे लफ़्ज़ में कहना “या चिल्लाने “ऊँची आवाज़ में कहना “ लेकिन ध्यान रखें कि इसके तर्जुमे में अल्फ़ाज़ों में ग़ुस्से का निशान ज़ाहिर न हो |
- तुम्हारी बुलाहट “इसका तर्जुमा हो सकता है “तुम्हारा मक़सद “या तुम्हारे लिए ख़ुदा का मक़सद या “तुम्हारे लिए ख़ुदा का अहम काम “
- ख़ुदावन्द का नाम पुकारना “इसका तर्जुमा किया जा सकता है ,”ख़ुदावन्द की तलाश करो और उस पर भरोसा रखो “या ख़ुदा में यक़ीन करके उसके हुक्म मानो |
- किसी बात के लिए “पुकार करना “इसका तर्जुमा हो सकता है “मांग करना “या तलब करना “या “हुक्म देना “
- तुम मेरे नाम से बुलाये गये हो “इसका तर्जुमा हो सकता है “मैंने तुम्हें अपना नाम दिया है कि दिखाऊँ तुम मेरे हो “|
- “जब ख़ुदा कहता है “मैंने तुझे नाम लेकर बुलाया है “तो इसका तर्जुमा हो सकता है ,”मै तेरा नाम जानता हूँ और तुझे चुन लिया है “|

(यह भी देखें: दुआ करना )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 18:22-24
- 1 थिस्सलुनीकियों 04:7-8
- 2 तीमुथियुस 01:8-11
- इफिसियों 04:1-3
- गलातियों 01:15-17
- मत्ती 02:13-15
- फिलिप्पियों 03:12-14

{{tag>publish ktlink }}

### शब्दकोश:

- Strong's: H559, H2199, H4744, H6817, H7121, H7123, G154, G363, G1458, G1528, G1941, G1951, G2028, G2046, G2564, G2821, G2822, G2840, G2919, G3004, G3106, G3333, G3343, G3603, G3686, G3687, G4316, G4341, G4377, G4779, G4867, G5455, G5537, G5581

# बे क़ुसूर

## ता'अर्रुफ़:

“बे क़ुसूर लफ्ज़” का ज़बानी मतलब है, “बिना किसी इलज़ाम के”। यह उस आदमी के बारे में काम में लिया जाता है जो पूरे दिल से ख़ुदावन्द का हुक्म मानता है लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वह मा'सूम हैं।

- इब्राहीम और नूह ख़ुदावन्द की नज़र में में बे 'इल्ज़ाम थे।
- जिस आदमी को "मा'सूम " माना जाता है, वह ख़ुदावन्द को 'इज्ज़त देनेवाला सुलुक रखता है।
- एक कलाम की आयत के मुताबिक़ मा'सूम आदमी “ख़ुदा का डर मानता है और गुनाह से दूर रहता है”।

## तर्जुमा की सलाह:

- इसका तर्जुमा इस तरह भी हो सकता है “जिसके किरदार में कोई कमी न हो” या "पूरी तरह से ख़ुदावन्द का फ़र्माबरदार है” या “गुनाह से दूर रहना” या “बुराई से दूर रहना है”

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में :

- 1 थिस्सलुनीकियों 02:10-12
- 1 थिस्सलुनीकियों 03:11-13
- 2 पतरस 03:14-16
- कुलुस्सियों 01: 21-23
- पैदाईश17: 1-2
- फिलिप्पियों 02:14-16
- फिलिप्पियों03:6-7

## शब्दकोश:

- Strong's: H5352, H5355, G273, G274, G298, G338, G410, G423

# बे-ईमान, धोखा

## ता’अरुफ़:

लफ़्ज़ “बे-ईमान” का मतलब ईमान से अलग या ईमान न करना।

- इस लफ़्ज़ के ज़रिए’ उन लोगों का ज़िक्र किया गया है जो ख़ुदा में ईमान नहीं करते। उनके ईमान में कमी ग़ैर इख़लाक़ी तरीक़े से देखी जाती है।
- यरमियाह नबी ने इस्राईल पर यक़ीन किया कि वह ख़ुदा के के लिए बे-ईमान और नाफ़रमान है।
- उन्होंने बुतों की ‘इबादत की और उन लोगों के और शर्मनाक रिवाजों पर ‘अमल किया जिन्होंने ख़ुदा की ‘इबादत या फरमाबरदारी नहीं की

## तर्जुमे की सलाह

- मज़मून पर मुनहस्सिर “बे-ईमान” लफ़्ज़ का तर्जुमा “बे-ईमान” या “ईमान न करना” या “ख़ुदा के नाफ़रमान” या “ईमान न करना” किया जा सकता है।
- “बे-ईमानी” का लफ़्ज़ का तर्जुमा “यक़ीन न करना” या “बे-ईमानी” या “ख़ुदा से बग़ावत” किया जा सकता है।

(यह भी देखें: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: ईमान नहीं करने वाले, वफ़ादार, नाफ़रमानी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- हिज़क़ीएल 43:6-8
- ‘अज्रा 09:1-2
- यरमियाह 02:18-19
- अम्साल 02:20-22
- मुकाशिफ़ा\ 21:7-8

## शब्दकोश:

- Strong's: G571

# बेटे, बेटों

## ता'अर्रुफ़:

एक आदमी और एक 'औरत का बेटा उसके पूरी ज़िन्दगी के लिए उनका "बेटा" कहलाता है उसे उस आदमी का बेटा और उस 'औरत का एक बेटा भी कहा जाता है एक "गोद लिया बेटा" एक आदमी है जिसे क़ानूनी शक्ल से एक बेटे के'उहदे में रखा गया है।।

- कलाम में "बेटा" लफ़्ज़ हमेशा 'अलामती शक्ल में किसी भी शख़्स की औलाद के बारे में इस्ते'माल किया गया है। जैसे पोता या परपोता
- "बेटा" लफ़्ज़ को जुमले में किसी लड़के या आदमी से कम उम्र के शख़्स के लिए इस्ते'माल किया जा सकता है।
- "नए 'अहद नामे में ख़ुदा के बेटे" मसीह के ईमानदारों के बारे में इस्ते'माल किया गया है।
- ख़ुदा ने इस्राईल को अपना "पहलौठ बेटा" कहा। यह इस्राईल मुल्क को ख़ुदा के ज़रिए' ख़ास लोगों की शक्ल में चुनने के बारे में है। यह उनके ज़रिए' ख़ुदा की नजात या नजात का पैग़ाम आया, जिसके नातीजे के साथ कि दूसरे लोग उसकी रूहानी औलाद बन गए।
- "का बेटा" का रूहानी शक्ल में हमेशा एक मतलब होता है कि " शख़्स में किसी की ख़ासियत" हैं। इसकी मिसाल है, "रोशनी की औलाद", "फ़रमाबरदारी की औलाद ", " अमन का बेटा" "गर्ज के बेटे"।
- "बेटा" इस जुमले का इस्ते'माल हमेशा यह ज़ाहिर करने के लिए भी किया जाता है कि मा'लूम हो की इस शख़्स का बाप कौन है। यह अलफ़ाज़ 'औलादों और कई मक़ामों में भी काम में लिए गए हैं ।
- बाप का नाम रोशन करने के लिए" "का बेटा" ज़्यादातर एक ही नाम के लोगों को एक दूसरे से अलग बयान करने के लिए काम में लिया जाता है। मिसालके तौर पर , सदूक का बेटा अजरियाह" और "नातन का बेटा अजरियाह -1 बादशाह 4 और 2 बादशाह 15 में "अमसियाह का बेटा अजरियाह ।

## तर्जुमा की सलाह:

- इस लफ़्ज़ के बारे में ज़्यादातर 'अलामती ज़बान के उसी लफ़्ज़ को काम में लिया जाए जो "बेटा" के लिए काम आता है।
- " ख़ुदा का बेटा" जुमले का तर्जुमे में "बेटा" के लिए जिस लफ़्ज़ का इस्ते'माल 'आमतौर पर किया जाता है, उसी का इस्ते'माल करें।
- जब "बेटा" की जगह में किसी औलाद को ज़ाहिर किया जाता है तब "औलाद" लफ़्ज़ का इस्ते'माल किया जाए जैसे 'ईसा को दाऊद की औलाद कहा जाता था। या औलादों में भी जहां "बेटा" लफ़्ज़ किसी औलाद का इन्कार कराता है।
- कभी-कभी "बेटों" का तर्जुमा "औलाद " किया जा सकता है, जब मर्द-'औरत दोनों को एह साथ ज़िक्र किया जा रहा हो। मिसाल के तौर पर "ख़ुदा का बेटा" का तर्जुम, "ख़ुदा की औलाद" किया जा सकता है क्यूँकि इसमें मर्द-'औरत दोनों को एक साथ ज़िक्र किया जा है।
- 'अलामती शक्ल में, "का बेटा" का तर्जुमा इस तरह भी किया जा सकता है, "जिसमें ख़ासियत हैं" या "की शक्ल " या "में ख़ासियत हैं" या "की तरह सुलूक है"

(यह भी देखें: अजरियाह, औलाद, बुजुर्गों, पहलौठा, ख़ुदा का बेटा, ख़ुदा का बेटा।)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 18:14-17
- 1 सलातीन 13:1-3
- 1 थिस्सलुनीकियों 05:4-7
- गलातियों 04:6-7
- होशे 11:1-2
- यसा'याह 09:6-7
- मत्ती 03:16-17
- मत्ती 05:9-10
- मत्ती 08:11-13
- नहेमायाह 10:28-29

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **04:08** ख़ुदावन्द ने अब्राम से 'अहद के साथ फिर से बात की कि उसे एक **बेटा** होगा और आसमान में तारे की तरह में कई नसल होंगी ।
- **04:09** ख़ुदावन्द ने कहा, "मैं तुमको तुम्हारे शरीर से एक **बेटा** दूँगा।"
- **05:05** तक़रीबन एक साल बा'द, जब इब्राहीम 100 साल का था और सारा 90 की , सारा ने इब्राहीम के **बेटे** को जन्म दिया।

- **05:08**जब वह क़ुर्बानी की जगह पर पहुंच गए, तो इब्राहीम ने अपने **बेटे** इस्हाक़ को बांध दिया और उसे क़ुर्बानगाह पर रख दिया। वह अपने **बेटे** को मारने ही पर था, जब ख़ुदावन्द ने कहा, "रुको! लड़के को चोट न पहुंचा! अब मुझे मा'लूम है कि तुम मुझ से डरते हो क्यूँकि तुमने मुझसे अपने **बेटे** को भी न रख छोड़ा।"
- **09:07**जब उसने बच्चे को देखा, उसने अपने **बेटे** के गोद में ले लिया।
- **11:06** ख़ुदावन्द ने मिस्र के सब पहलौठे **बेटों** को मार डाला।
- **18:01**कई सालों के बा'द, दाऊद की मौत हो गई, और उसके _बेटा _ सुलैमान ने शासन शुरू किया।
- **26:04**"क्या यह यूसुफ़ बेटा है ?â€š" उन्होंने कहा।

## शब्दकोश:

- Strong's: H1060, H1121, H1123, H1248, H3173, H3206, H3211, H4497, H5209, H5220, G3816, G5043, G5207

# बेवक़ूफ़, बेवक़ूफ़ लोग, बेवक़ूफ़ी, हिमाक़त

## ता'अर्रुफ़:

"बेवक़ूफ़" या'नी ग़लत फ़ैसला करनेवाला ख़ास करके नाफ़रमानी का फ़ैसला करनेवाला। लफ़्ज़ "बेवक़ूफ़" लफ़्ज़ बे-'अक़्ल इन्सान या सुलूक का ज़िक्र करता है।

- किताब-ए-मुक़द्दस, में पागल/बेवक़ूफ़ लफ़्ज़ उस इन्सान के लिए काम में लिया गया है जो ख़ुदा को नहीं मानता था या उसके हुक्म नहीं मानता है इसका मुख़तलिफ़ मुक़ाबला अमूमन उस इन्सान से किया गया है जो ख़ुदा में ईमान करता है और उसके हुक्मों की फरमाबरदारी करता है।
- ज़ुबूर में दाऊद बेवक़ूफ़ को ऐसा इन्सान कहता है जो ख़ुदा में ईमान नहीं करता या उसके हुक्मों को नहीं मानता है। वह क़ायनात में ख़ुदा के पहचान के सब सुबूतों को अनदेखा करता है।
- पुराने 'अहदनामे की किताब अम्साल में भी बेवक़ूफ़ या बे-'अक़्ल का किरदार बयान किया गया है।
- लफ़्ज़"बेवक़ूफ़ी" उस काम के बारे में बताता है जो बेवक़ूफ़ का है क्योंकि वह काम ख़ुदा की मर्ज़ी के ख़िलाफ़ है। अक्सर "बेवक़ूफ़ी" का मतलब बेतुका या खतरनाक भी होता है।

## तर्जुमे की सलाह:

- लफ़्ज़ "बेवक़ूफ़ी" का तर्जुमा "बेवक़ूफ़ इन्सान" या "' बे-अक़्ल इंसान" या "कुंद ज़हन इन्सान" या "पागल इन्सान" किया जा सकता है।
- "बेवक़ूफ़" के तर्जुमा के तरीक़े हैं, "समझ में कम" या "बे-'अक़्ल" या "कुंद ज़हन"।

(यह भी देखें: 'अक़्लमन्द)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- वाइज़ 01:16-18
- इफिसियों 05:15-17
- गलातियों 03:1-3
- पैदाइश 31:26-28
- मत्ती. 07:26-27
- मत्ती. 25:7-9
- अम्साल 13:15-16
- ज़बूर 049:12-13

## शब्दकोश:

- Strong's: H191, H196, H200, H1198, H1984, H2973, H3684, H3687, H3688, H3689, H3690, H5034, H5036, H5039, H5528, H5529, H5530, H5531, H6612, H8417, H8602, H8604, G453, G454, G781, G801, G877, G878, G3471, G3472, G3473, G3474, G3912

# बेक़ुसूर

## ता’अर्रुफ़:

“बेक़ुसूर” लफ़्ज़ का मतलब है, जुर्म या ग़लत काम का क़ुसूरवार न होना। इसके बारे में 'आम तौर पर उन लोगों से है जो बुरे कामों में नहीं हैं।

- किसी शख़्स पर ग़लत काम का इल्ज़ाम लगाया गया और उसने वह काम नहीं किया तो वह बेक़ुसूर है।
- कभी-कभी “बेक़ुसूर” लफ़्ज़ का इस्ते'माल उन लोगों के लिए किया जाता है जो किसी बुरे काम को नहीं करने के 'अलावह भी सज़ावार किए जाते हैं, जैसे दुश्मन की फ़ौज “बेक़ुसूरों” पर हमला करती है।

## तर्जुमा की सलाह:

- ज़्यादातर जुमलों में “बेक़ुसूर” लफ़्ज़ का तर्जुमा हो सकता है: "क़ुसूरवार नहीं " या "इल्ज़ाम नहीं" या "मुजरिम नहीं"
- जब 'आमतौर पर बेक़ुसूर लोगों के बारे में हो तो इसका तर्जुमा होगा, “जिन्होंने कुछ भी ग़लत नहीं किया” या “जो बुराई में हिस्सेदार नहीं हैं”।
- एक जुमला बार-बार काम में लिया जाता है, “ बेक़ुसूर का ख़ून” इसका तर्जुमा हो सकता है, “लोग जिन्होंने ग़लत काम नहीं किया कि उन्हें मार डाला गया”
- “बेक़ुसूर का ख़ून”बहाना” इसका तर्जुमा हो सकता है, “ बेक़ुसरों का क़त्ल” उन लोगों का क़त्ल करना जिन्होंने कुछ भी ग़लत नहीं किया”
- किसी का क़त्ल करने के बारे में “के ख़ून से बेक़ुसूर” का तर्जुमा किया जा सकता है, “क़त्ल का मुजरिम नहीं”।
- ‘ईसा की ख़ुशख़बरी को क़ुबूल नहीं करने वालों के बारे में तर्जुमा होगा, “के ख़ून से बेक़ुसूर” का तर्जुमा होगा, “रूहानी शक्ल से मुर्दा हों या नहीं, वह उसके ज़िम्मेदार नहीं हैं” या “इस 'एलान को क़ुबूल करें या न करें, वह ज़िम्मेदार नहीं”।
- जब यहूदा ने कहा, “मैंने एक बेगुनाह शख़्स को क़त्ल करवाया है” तो उसके कहने का मतलब है, "मैंने एक ऐसे आदमी के साथ धोकेबाज़ी की जिसने कोई जुर्म नहीं किया है" या "मैंने एक बेगुनाह शख़्स को मौत के मुंह में धकेल दिया।
- पिलातुस ने 'ईसा के बारे में कहा, “मैं इस रास्तबाज़ के ख़ून से बेक़ुसूर हूं” इसका तर्जुमा किया जा सकता है, “मैं इस आदमी के क़त्ल का ज़िम्मेदार नहीं जिसने मौत के लायक़ कोई काम नहीं किया है।”

(यह भी देखें: क़ुसूर)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 04:3-4
- 1 शमूएल 19:4-5
- रसूलों के 'आमाल 20:25-27
- ख़ुरूज 23:6-9
- यरमियाह 22:17-19
- अय्यूब 09:21-24
- रोमियो 16:17-18

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसाल:

- **08:06** दो साल बा'द भी, _बेक़ुसूर _ होने के बावजूद यूसुफ़ क़ैदखाने में था।
- **40:04** उनमें से एक जब 'ईसा का ठट्ठा उड़ा रहा था तो ,दूसरे ने कहा कि, “क्या तू ख़ुदावन्द से नहीं डरता? हम मुजरिम है पर ,यह तो **बेगुनाह** है।”
- **40:08** तब सिपाही जो 'ईसा का पहरा दे रहे थे, वह सब कुछ जो हुआ था उसे देखकर कहा कि, “यह आदमी _रास्तबाज़ _ था। सचमुच यह ख़ुदावन्द का बेटा था।”

## शब्दकोश:

- Strong's: H2136, H2600, H2643, H5352, H5355, H5356, G121

# बेख़मीरी रोटी

## ता’अर्रुफ़:

“बेख़मीरी रोटी” बेख़मीरी या'नी खट्टा करने वाले पदार्थ के बिग़ैर रोटी। यह रोटी पतली होती है क्यूँकि उसे फूलने के लिए उसमें ख़मीर नहीं होता है।

- जब ख़ुदा ने इस्राईलियें को मिस्र की ग़ुलामी से छुड़ाया था तब कहा था कि आटे को ख़मीर होने की 'अहद किए बिना वह फ़ौरन वहाँ से निकलें। लिहाज़ा उन्होंने खाने में बेख़मीरी रोटी खाई थी। तब से उनके सालाना 'ईद में बेख़मीरी रोटी का इस्ते'माल किया जाता था कि उन्हें उस वक़्त को याद करवाए।
- कभी-कभी ख़मीर गुनाह की मु'आफ़ी भी कहा गया है,लिहाज़ा बेख़मीरी रोटी लोगों की ज़िन्दगी से गुनाह से छुटकारे को बताती है , या'नी ख़ुदा को 'इज़्ज़त देनेवाली ज़िन्दगी ।

## तर्जुमा की सलाह:

- इस लफ़्ज़ के तर्जुमा में कई शक्लें हो सकती हैं, “बिना ख़मीर की रोटी” या “बिना फूली रोटी."
- वाज़ेह करें कि इसका तर्जुमा आपके ज़रिए' “ख़मीर” के तर्जुमा से अलग हो।
- कुछ जुमलों में “बेख़मीरी रोटी” का तर्जुमा “बेख़मीरी रोटी की 'ईद” से है और इसका तर्जुमा वैसे ही किया जाए।

(यह भी देखें: रोटी, मिस्र, जशन, ‘ईद, ख़ादिम, ख़ादिम, ख़मीर)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 05:6-8
- 2 तवारीख़ 30:13-15
- रसूलों के ‘आमाल. 12:3-4
- ख़ुरूज 23:14-15
- 'अज़्रा 06:21-22
- पैदाइश 19:1-3
- क़ुज़ात 06:21
- अह्बार 08:1-3
- लूक़ा 22:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: H4682, G106

# बड़ी क़ुदरत

## सच्चाई:

बहुत बड़ी क़ुदरत वाला,का हक़ीक़ी मतलब है ,सबसे ज़्यादा ताक़त वाला , कलाम में यह लफ्ज़ ख़ुदावन्द के लिए काम में लिया जाता है ,

- बहुत बड़ी क़ुदरत वाला,या बड़ी ताक़त वाला ,लफ्ज़ ख़ुदावन्द के बारे में है और ज़ाहिर करते हैं कि उसे सब पर पूरा इख़्तियार आय=और ताक़त हासिल है
- इस लफ्ज़ के ज़रिए ख़ुदावन्द को 'उहदे वाले नाम दिए गए हैं बहुत बड़ी क़ुदरत वालाख़ुदावन्द , या , बड़ी ताक़त वाला ख़ुदा , या बहुत बड़ी क़ुदरत वालाख़ुदा ख़ुदावन्द

## तर्जुमा की सलाह

- इस लफ्ज़ का तर्जुमा हो सकता , बड़ी ताक़त वाला , या बड़ी क़ुदरत वाला , या, ख़ुदावन्द जो बहुत बड़ी क़ुदरत वाला
- बहुत बड़ी क़ुदरत वालाख़ुदा ख़ुदावन्द , का तर्जुमा हो सकता है , ताक़तवर हाकिम ख़ुदावन्द , या , बहुत बड़ी क़ुदरत वाला इख़्तियार जताने वाला ख़ुदावन्द या ताक़तवर ख़ुदा जो एक बहुत बड़ा मालिक है,

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: ख़ुदावन्द, ख़ुदा, ताक़तवर)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- ख़ुरूज 06:2-5
- पैदाइश 17:1-2
- पैदाइश 35:11-13
- अय्यूब 08:1-3
- गिनती 24:15-16
- मुक़ाश्फ़ा 01:7-8
- रूत 01:19-21

## शब्दकोश:

- Strong's: H7706, G3841

# भाई, भाइयों

## ता'अरुफ़:

“भाई” लफ़्ज़ हमेशा उस मर्द के बारे में होता है जिसके माँ/बाप किसी और के भी माँ/बाप हों ।

- पुराने 'अहद नामें में “भाइयों” लफ़्ज़ रिश्ते के लिए एक 'आम लफ़्ज़ था जैसे एक ही क़बीला, ख़ानदान या क़ौम के अफ़राद ।
- नये 'अहद नामें में रसूल 'आम तौर पर ईमानदारों को भाई कहते थे, 'औरत-मर्द दोनों को क्योंकि मसीह में सब ईमानदार एक ही रूहानी ख़ानदान के फ़र्द माने जाते थे जिनका आसमानी बाप ख़ुदा है।
- कभी-कभी रसूलों ने ईमानदार 'औरतों के लिए भी बहन लफ़्ज़ का इस्ते'माल किया या कि मर्द और 'औरत दोनों को मुख़ातिब किया जा रहा है। मिसाल के तौर पर, या'क़ूब ज़ोर देकर सभी ईमानदारों के बारे में बात कर रहा है, जब वह "एक भाई या बहन को खाना या कपड़ों की ज़रूरत है" कहता है।

## तर्जुमा की सलाह:

- अच्छा तो होगा कि इसका तर्जुमा मक़सदी ज़बान के उस लफ्ज़ से किया जाए जो सगे भाई लफ्ज़ से किया जाए जब तक कि इसका मतलब गलत न समझा जाए।
- पुराने 'अहद नामें में खास करके “भाइयों” लफ्ज़ 'आम तौर पर एक ही ख़ानदान या एक ही क़बीला या एक ही क़ौम के अफ़राद के लिए काम में लिया गया है इसका मुमकिन तर्जुमा हो सकता है “ख़ानदान” या “क़बीले” या “इस्राईली भाई।”
- मसीह में साथी-ईमानदार के लिए इसका तर्जुमा हो सकता है “मसीही भाई” या “रूहानी भाई”।
- अगर 'औरत मर्द दोनों की बात की जा रही है और भाई लफ़्ज़ का मतलब गलत समझा जा सकता है तो रिश्तों के 'आम तौर पर लफ्ज़ का इस्ते'माल किया जाए जिसमें 'औरत मर्द दोनों हों।
- 'औरत-मर्द ईमानदारों के लिए काम में आनेवाला तर्जुमा लफ्ज़ हो सकता है, “ईमानदारों के साथी” या “मसीही भाई-बहन”।
- जुमले पर ग़ौर दें कि सिर्फ़ मर्दों को मुख़ातिब किया गया है या 'औरत - मर्द दोनों को।

(यह भी देखें:रसूल , ख़ुदा बाप, बहन, रूह )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल . 07:26-28
- पैदाईश 29:9-10
- अह्बार 19:17-18
- नहमियाह03:1-2
- फ़िलिप्पियों 04: 21-23
- मुकाशिफ़ा 01:9-11

## शब्दकोश:

- Strong's: H251, H252, H264, H1730, H2992, H2993, H2994, H7453, G80, G81, G2385, G2455, G2500, G4613, G5360, G5569

# मन्नत, मन्नतें, क़सम खाई

## ता’अर्रुफ़:

मन्नत एक क़सम है जो इन्सान ख़ुदा के सामने करता है। इन्सान ख़ुदा के ख़ास अदब में या उसके लिए दीनदारी के लिए कुछ करने का ‘अहद करता है।

- मन्नत मानने के बाद इन्सान उसे पूरा करने के लिए मजबूर हो जाता है।
- किताब-ए-मुक़द्दस के मुताबिक़ इन्सान मन्नत पूरी न कर पाए तो ख़ुदा से सज़ा पाता है।
- कभी-कभी इन्सान मन्नत मानता है कि ख़ुदा उसकी हिफ़ाज़त करे उसकी ख़बर ले तो वह कोई एक काम ख़ुदा के लिए करेगा।
- लेकिन ज़रूरी नहीं कि ख़ुदा उसकी मांग को पूरा करे।

## तर्जुमे की सलाह:

- मज़मून के मुताबिक़ , “मन्नत” का तर्जुमा हो सकता है, “पाक’अहद ” या “ख़ुदा से किया गया वा’दा ”।
- मन्नत एक ख़ास तरह की क़सम है जो ख़ुदा को दी जाती है।

(यह भी देखें: ‘अहद, क़सम )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 07:27-28
- रसूलों के 'आमाल 21:22-24
- पैदाइश 28:20-22
- पैदाइश 31:12-13
- युनाह 01:14-16
- यूनाह 02:9-10
- अम्साल 07:13-15

## शब्दकोश:

- Strong's: H5087, H5088, G2171

# मन्ना

## ता’अर्रुफ़:

मन्ना सफ़ेद रंग का एक तरह का अनाज था जिसका इन्तिज़ाम ख़ुदा ने इस्राईलियों के लिए किया था जब वह मिस्र से निकल करके 40 साल जंगल में थे।

- मन्ना सफ़ेद रंग का रूई जैसा सामान था जो बराबर रोज़ाना सुबह के वक़्त ओस में पाया जाता था। यह खाने में शहद की तरह मीठा होता है,।
- सबत के बर'अक्स इस्राई ली रोज़ाना मन्ना जमा' करते थे।
- सबत के एक दिन पहले ख़ुदा के हुक्म के मुताबिक़ इस्राईलियों को दोगुणा मन्ना जमा' करना होता था कि सबत के दिन उन्हें मेहनत न करना पड़े।
- “मन्ना” लफ़्ज़ का मतलब है, “यह क्या है?”
- कलाम में मन्ना को “आसमानी रोटी” या “आसमानी अनाज” कहा गया है।

## तर्जुमा की सलाह:

- इसका तर्जुमा इस तरह किया जा सकता है, “ सफ़ेद रूई जैसा सामान” या “आसमानी खाना”।
- यह भी याद रखें कि इस लफ़्ज़ का तर्जुमा मक़ामी या क़ौमी ज़बान में कैसे किया गया है। (देखें: नए लफ़्ज़ों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: रोटी, रेगिस्तान, अनाज, आसमान, सबत)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- इस्तिसना 08:3
- ख़ुरूज 16:26-27
- 'इब्रानियों 09:3-5
- यूहन्ना 06:30-31
- यशू'अ 05:12

## शब्दकोश:

- Strong's: H4478, G3131

# मसह करना, मसह किया हुआ , मसह

## ता’अर्रुफ़:

“मसह करना” लफ्ज़ का मतलब है, किसी आदमी या चीज़ पर तेल उण्डेलना। कभी-कभी तेल में मसाले मिलाए जाते थे कि उसमें से ख़ुशबू हो। यह लफ्ज़ पाक रूह के लिए ख़ास तौर से भी काम में लिया गया है जब वह किसी को चुनकर क़ूव्वत 'अता करता है।

पुराने 'अहद नामे में काहिनों, बादशाहों और नबियों को तेल से मसह किया जाता था कि उन्हें ख़ुदा के लिए एक ख़ास ख़िदमत के लिए अलग किया जाए।

- क़ुर्बानगाह और ख़ेम-ए-इन्तिमा' का भी तेल से मसह किया जाता था ताकि ज़ाहिर हो कि वे ख़ुदा की ता'रीफ़ और इबादत के काम लेने के लिए थी।
- नये अहद नामे में बीमारों की शिफ़ा के लिए तेल से मसह किया जाता था।
- नये अहद नामे में दो बार किसी औरत ने 'इबादत के लिए ईसा का ख़ुशबूदार तेल से मसह किया था। एक बार ईसा ने कहा कि ऐसा करके वह 'औरत उसे मुस्तक़बिल में दफ़नाने के लिए तैयार कर रही है।
- ईसा की मौत के बा'द उसके साथियों ने उसकी लाश को दफन के लिए तेल और ख़ुशबूदार तेल से मसह करके तैयार किया था।
- “मसीह” (इब्रानी ज़बान) और “ख्रीस्त” (यूनानी ज़बान) का मतलब है, “मसह (एक)”।
- मसीह ईसा एक ऐसा आदमी था जिसे चुना गया था और नबी, सरदार काहिन और बादशाह की तरह उसका मसह किया गया था।

## तर्जुमा की सलाह :

- जुमलों के मुताबिक़ “मसह ” का तर्जुमा “ऊपर तेल डालना” या “तेल डालना” या “ख़ुशबूदार तेल डालकर मसह करना” हो सकता है।
- “मसह होना” का तर्जुमा “तेल से मसह होना” या “मुक़र्रर होना” या “मसह किया होना” किया जा सकता है।
- कुछ जुमलों में “मसह ” का तर्जुमा “चुना” हो सकता है।
- “मसह किया हुआ काहिन” का तर्जुमा “काहिन जिसका मसह तेल से किया गया है” या “काहिन जो तेल डाल कर अलग किया गया” हो सकता है।

(यह भी देखें: मसीह, मसह करना, सरदार काहिन , यहूदियों का बादशाह, काहिन, नबी )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 यूहन्ना 02:20-21
- 1 यूहन्ना 02:27-29
- 1 शमूएल 16:2-3
- रसूलों के 'आमाल. 04:27-28
- आमोस 06:5-6
- ख़ुरूज 29:5-7
- या'क़ूब 05:13-15

## शब्दकोश:

- Strong's: H47, H430, H1101, H1878, H3323, H4397, H4398, H4473, H4886, H4888, H4899, H5480, H8136, G32, G218, G743, G1472, G2025, G3462, G5545, G5548

# मसीह ,मसीहा

## सच्चाई:

“मसीह” या “खिरिस्त”का मा’नी है ,”मसह पाए -लोग” और ख़ुदा के बेटे ‘ईसा के बारे में

- ”मसीह” या “क्राइस्ट”दोनो लफ़्ज़ नए ‘अहद नामे में ख़ुदा के बेटे के बारे में हैं जिसे ख़ुदा बाप ने अपने लोगों पर बादशाहत करने और गुनाह व मौत से उनको नजात देने के लिए मसह किया है |
- पुराने ‘अहद नामे में नबियों ने ज़मीन पर मसीह के आने से सैकड़ों साल पहले इसकी नबूव्वतत की थी |
- पुराने ‘अहद नामे में “मसह पाए (लोग)”आने वाले मसीह के बारे में कहा गया है |
- ’ईसा ने इन नबूव्वतों में से कई को पूरा किया और कई मो’जिज़े किये जो साबित करता है कि वह मसीहा” है और बाक़ी बची हुई नबूव्वतें ‘ईसा के वापस आने पर पूरी होंगी |
- "मसीह" लफ़्ज़ को अक्सर "मसीह" और “मसीह ‘ईसा “के लक़ब की शक्ल में इस्ते’माल किया जाता है |
- "मसीह" भी उसके नाम की शक्ल में "’ईसा मसीह" की शक्ल में इस्ते’माल किया गया ।

## तर्जुमे की सलाह:

- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा इसके मा’नी के साथ किया जा सकता है ,”मसह पाए लोग”या “ख़ुदा का मसह पाए नजात देने वाले |
- बहुत सी ज़बानों में इन लफ़्ज़ों का तर्जुमा किया गया है जो “क्राईस्ट “या “मसीह” जैसे दिखते या सुनाई देते हैं |(देखें:अनजान लफ़्ज़ों का तर्जुमा कैसे करें )
- तर्जुमा शुदह लफ़्ज़ की शक्ल में लफ़्ज़ की ता’रीफ़ के ज़रिये’ जाना किया जा सकता है ,”मसीह” मसह किया एक “|
- किताब-ए-मुक़द्दस में इसका तर्जुमा बा उसूल बनाये रखें ताकि इसे वाज़े’ किया जा सके कि एक ही लफ़्ज़ का इस्ते’माल किया जा रहा है|
- वाज़ेह करें कि “मसीहा” और “मसीह” के तर्जुमें के बारे में अच्छी तरह से काम करते है जहाँ आयत एक ही कलाम में होते हैं |(जैसे यूहन्ना ,1-41)|

(यह भी देखें :नामों का तर्जुमा कैसे करें )

(यह भी देखें: ख़ुदा का बेटा ,दाऊद , ‘ईसा ,मसह करना

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 यूहन्ना 05:1-3
- रसूलों के आमाल . 02:34-36
- रसूलों के आमाल 05:40-42
- यूहन्ना 01:40-42
- यूहन्ना 03:27-28
- यूहन्ना 04:25-26
- लूका 02:10-12
- मत्ती 01:15-17

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसाल:

- **17:07** **मसीह** ख़ुदा का चुना हुआ है जो दुनिया को गुनाह से छुड़ाएगा।
- **17:08** लेकिन हक़ीक़त में, **मसीह** के आने से पहले इस्राईलियों को एक लम्बे वक़्त तक इंतजार करना पड़ा, लगभग 1,000 साल तक।
- **21:01** शुरू’ से ही, ख़ुदा ने **मसीह** को भेजने का मन्सूबा बनाया था।
- **21:04** ख़ुदा ने राजा दाऊद से वा’दा किया है कि **मसीह** दाऊद की अपनी नसल में से एक होगा।
- **21:05** मसीह __ नए ‘अहद की शुरूआत करेगा।
- **21:06** ख़ुदा के नबियों ने यह भी कहा कि, **मसीह** एक नबी भी होगा, एक आलिम भी और एक बादशाह भी होगा।
- **21:09** यशायाह नबी ने नबूव्वत की थी , कि एक कुँवारी से **मसीह** पैदा होगा।
- **43:07** "लेकिन ख़ुदा ने उस नबूव्वत को पूरा करने के लिए फिर से जिंदा उठाया जो कहता है, 'आप कब्र में अपने _ पाक लोगों_ को सड़ने नहीं देगा।'"
- **43:09** "लेकिन ख़ुदा ने उसे ख़ुदावन्द भी ठहराया और **मसीह** भी!"

- **43:11** पतरस ने उन्हें जवाब दिया, "आप में से हर एक को तोबा करना चाहिए और 'ईसा _ मसीह_ के नाम पर बपतिस्मा लेना चाहिए ताकि ख़ुदा आपके गुनाह को माफ़ करे।"
- **46:06** शाउल यहूदियों से बहस करता था, और इस बात का सुबूत देता था कि 'ईसा ही **मसीह** है।

## शब्दकोश:

- Strong's: H4899, G3323, G5547

# मसीह का मुख़ालिफ़, मसीह के मुख़ालिफ़

## ता’अरुफ़:

“मसीह का मुख़ालिफ़” लफ्ज़ के बारे में उस इन्सान या ता'लीम से है जो मसीह ईसा और उसके काम के ख़िलाफ़ है। दुनिया में बहुत मसीह के मुख़ालिफ़ हैं।

- रसूल यूहन्ना लिखता है कि अगर कोई यह ता'लीम देकर इन्सानों को रास्ते से गुमराह करे कि 'ईसा मसीह नहीं है या इन्कार करे कि ईसा ख़ुदा नहीं और इन्सान भी नहीं है , तो वह मसीह का मुख़ालिफ़ है।
- कलाम की ता'लीम के मुताबिक़ दुनिया में मसीह के मुख़ालिफ़ की रूह है जो ईसा के काम की मुख़ालिफ़त करती है।
- नये ‘अहद नामे की किताब मुक़ाश्फा में लिखा हे कि एक आदमी “मसीह का मुख़ालिफ़” होगा जो आख़िरी वक़्त में ज़ाहिर होगा। वह ख़ुदा के लोगों को हलाक करने की कोशिश करेगा लेकिन वह ईसा के ज़रिए' शिकस्त किया जाएगा।

## तर्जुमा की सलाह:

- इस लफ्ज़ के तर्जुमे हो सकते हैं, ऐसे लफ्ज़ या जुमले हो सकते हैं जिनका मतलब हो, “मसीह का मुख़ालिफ़” या “मसीह का दुश्मन” या “मसीह की ख़िलाफ़त करनेवाला आदमी ”

“मसीह के मुख़ालिफ़ की रूह ” का तर्जुमा हो सकता है, “रूह जो मसीह के ख़िलाफ़ है”।या “(कोई) मसीह के बारे झूठी ता'लीम देता है” या “मसीह के बारे में झूठी ता'लीम पर यक़ीन करने का रवैया” या “बुरी रूह जो मसीह के बारे में झूठी ता'लीम देती है।”

- इस बात का भी रवज्जोह रखें कि इस लफ्ज़ का तर्जुमा मक़ामी या क़ौमी ज़बान में कलाम के तर्जुमें में कैसा है। (देखें: नए लफ़्ज़ों का तर्जुमा कैसे करे)

(यह भी देखें: मसीह, ज़ाहिर करना, मुसीबत )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 यूहन्ना 02:18-19
- 1 यूहन्ना 04:1-3
- 2 यूहन्ना 01:7-8

## शब्दकोश:

- Strong's: G500

# मसीह में, ‘ईसा में, ख़ुदा में, उसमें

## ता’अर्रुफ़:

“मसीह में” और 'आम लफ़्ज़ों का मतलब है ईमान के ज़रिए' मसीह 'ईसा में रिश्ता रखना।

- इसके जैसे कई और लफ़्ज़ हैं, “मसीह 'ईसा में, ‘ईसा मसीह में, ख़ुदा 'ईसा में, ख़ुदा 'ईसा मसीह में”।
- “मसीह में” इस जुमले के मुनासिब मतलब हैं, “क्यूँकि तुम मसीह के हो” या “मसीह के साथ तुम्हारे रिश्ते के ज़रिए'” या “मसीह में तुम्हारे ईमान के तौर पर”
- इन सब जुमलों के मतलब हैं, ‘ईसा में ईमान और उसके शागिर्द होने की हालत में।
- ग़ौर करें: * याद रखें: कभी-कभी “में” लफ़्ज़ काम के साथ ता'अल्लुक़ है। मिसाल, “मसीह में मुत्तफ़िक़ ” या'नी मसीह के 'इल्म से जो फ़ायदा हासिल होते हैं, उसमें इतिफाक़ होना। “मसीह” में बड़ाई करना या'नी ख़ुश होकर ख़ुदा की ता'रीफ़ करना कि 'ईसा क्या है और उसने क्या किया। मसीह में “ईमान करना” या'नी उसमें नजात का यक़ीन करना और उसे जानना।

## तर्जुमा की सलाह:

- जुमले के मुताबिक़ ,“मसीह में” और “ख़ुदा में” (और मुता'अल्लिक़ जुमले ) तर्जुमा करने के अलग तरीक़े यह हो सकते हैं:
- “जो मसीह के हैं ”
- “क्यूँकि तुम मसीह में यक़ीन करते हो”
- "क्यूँकि मसीह ने हमें बचा लिया"
- "ख़ुदा की ख़िदमत में"
- "ख़ुदा पर भरोसा "
- “क्यूँकि ख़ुदा ने जो कुछ किया”
- जो लोग मसीह में "ईमान करते हैं" या जो मसीह पर "ईमान रखते हैं," वह यक़ीन करते हैं कि 'ईसा ने क्या सिखाया है और उन पर यक़ीन कर रहे हैं ताकि सलीब पर उनकी क़ुर्बानी की वजह से उन्हें बचाया जा सके ताकि उनके गुनाहों के लिए क़ीमत को अदा किया जा सके। कुछ ज़बानों में एक लफ़्ज़ हो सकता है जो कामों का तर्जुमा करता है जैसे "ईमान करना" या "साझा करें" या "ईमान में"।

(यह भी देखें: मसीह, ख़ुदा, ‘ईसा, ईमान , ईमान)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 यूहन्ना 02:4-6
- 2 कुरिन्थियों 02:16-17
- 2 तीमुथियुस 01:1-2
- गलातियों 01:21-24
- गलातियों 02:17-19
- फ़िलिमोन 01:4-7
- मुक़ाश्फ़ा 01:9-11
- रोमियो 09:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: G1519, G2962, G5547

# मसीही

## ता'अर्रुफ़:

'ईसा के आसमान पर उठाये जाने के कुछ वक़्त बा'द ईमानदारों को "मसीही" कहा गया जिसका मा'नी है, "मसीह के मानने वाले "

- अन्ताकिया शहर में 'ईसा के मानने वालों को सबसे पहले "मसीही" कहा गया था।
- मसीही शख़्स वह इन्सान है जो ईमान रखता है कि 'ईसा ही ख़ुदा का बेटा है और 'ईसा ही में ईमान रखता है कि उसने उसका गुनाह मु'आफ़ किया।
- आज "मसीही" लफ़्ज़ मसीही मज़हब मानने वाले के बारे में काम में लिया जाता है लेकिन वह शख़्स हक़ीक़त में 'ईसा की पैरवी नहीं करता है। किताब-ए-मुक़द्दस में "मसीही" लफ़्ज़ का मा'नी यह नहीं है।
- क्योंकि किताब-ए-मुक़द्दस में "मसीही" लफ़्ज़ हमेशा उस इन्सान के लिए काम में लिया गया है जो हक़ीक़त में 'ईसा में यक़ीन करता है, मसीही लोगों को "ईमानदार " भी कहते हैं।

## तर्जुमे की सलाह:

इस लफ़्ज़ का तर्जुमा "मसीह को मानने वाला" या "मसीह का पैरोकार" या "मसीह आदमी" जैसा।

- वाज़े' करें कि इस लफ़्ज़ का तर्जुमा शागिर्द और रसूल लफ़्ज़ों के तर्जुमे से अलग हो।
- होशियारी से तर्जुमा करें कि इस लफ़्ज़ का तर्जुमा 'ईसा पर ईमान रखने वाले सब लोगों के बारे में हो न कि किसी एक क़बीले या क़ौम से हो

यह भी ध्यान रखें कि इस लफ़्ज़ का तर्जुमा मुक़ामी ज़बान या क़ौमी ज़बान में कैसे किया गया है | (देखें:अनजाने लफ़्ज़ों का तर्जुमा कैसे करे )

(यह भी देखें :अन्ताकियामसीहइबादतख़ाना़शागिर्दईमानदार'ईसाख़ुदा का बेटा

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में :

- 1 कुरिन्थियों 06:7-8
- 1 पतरस 04:15-16
- रसूलों के आमाल 11:25-26
- रसूलों के आमाल 26:27-29

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसाल:

- **46:09** और शागिर्द सब से पहले अन्ताकिया ही में "**मसीही**" कहलाए।
- **47:14** पौलुस और ग़ैर **मसीही**रहनुमाओं ने अनेक शहरों में 'ईसा का मुनादी किया और लोगों को ख़ुदा के कलाम की ता'लीम दी।
- **49:15** अगर तुम 'ईसा पर और जो कुछ उसने आपके लिए किया उस पर ईमान रखते हो हो, तो आप एक **मसीही** हो!
- **49:16** अगर तुम एक **मसीही** हो, तो जो कुछ 'ईसा ने किया उसकी वजह से ख़ुदा ने तुम्हारे गुनाह माफ़ कर दिए हैं।
- **49:17** अगर आप एक **मसीही** हैं, फिर भी आप गुनाह करने की आज़माइश में पड़ोगे।
- **50:03** आसमान में वापस जाने से पहले, 'ईसा ने **मसीहों** से कहा कि वे उन लोगों को ख़ुशख़बरी सुनाएँ जिन्होंने इसे कभी नहीं सुना।
- **50:11** जब 'ईसा वापस आएगा, तो हर **मसीही** जो मरा है वह मुर्दों में से जी उठेगा और उससे आसमान में मिलेगा।

## शब्दकोश:

- Strong's: G5546

# महबूब

## ता'अरुफ़:

"महबूब " लफ्ज़ जज़्बे का इज़हार है जो किसी को ज़ाहिर करता जो किसी के अज़ीज़ और प्यारा है।

- “'महबूब” लफ्ज़ का लफ़्ज़ी मतलब है “'अज़ीज़ लोग” या “जिसे मुहब्बत की जाए”
- ख़ुदावन्द ने 'ईसा के लिए कहा कि वह उसका “'प्यारा बेटा है”
- मसीह कलीसियाओं के ख़तों में, रसूल अपने ईमानदारों को अज़ीज़ के तौर पर बताता है |

## तर्जुमें की सलाह:

इस लफ़्ज़ का तर्जुमा हो सकता है, “महबूब”, या “ 'अज़ीज़ लोग ” या “बहुत अज़ीज़” या “बहुत प्यारा”

- मज़मून में क़रीबी दोस्तों के बारे में बताने के लिए इसका तर्जुमा हो सकता है, “मेरे 'अज़ीज़ दोस्त ” या “मेरे क़रीबी दोस्त” अंग्रेज़ी ज़बान में यह कहना 'आम है, “मेरे 'अज़ीज़ दोस्त पौलुस” या “पौलुस, मेरे 'अज़ीज़ दोस्त ” और ज़बानों में यह और भी आसान है जो और भी तरीक़े से कह सकते हैं|
- गौर करें कि “'अज़ीज़ ” लफ्ज़ ख़ुदा की मुहब्बत से आता है, जो बिना शर्त है, बे ख़ुदगर्ज़ी और जिसमें क़ुर्बानी हो।

(यह भी देखें: मुहब्बत)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में :

- 1 कुरिन्थियों 04:14-16
- 1 यूहन्ना 03:1-3
- 1 यूहन्ना 04:7-8
- मरकुस 01:9-11
- मरकुस 12:6-7
- मुक़ाशिफ़ा 20:9-10
- रोमियो 16:6-8
- ग़ज़ल-उल-ग़ज़लात 01:12-14

## शब्दकोश:

- Strong's: H157, H1730, H2532, H3033, H3039, H4261, G25, G27, G5207

# मान लेना, मानकर, क़ुबूल करना , इक़रार करना

## ता’रीफ़:

इक़रार करने के मा’नी हैं क़ुबूल करना या ज़ोर देकर कहना कि कोई बात सच है | * “इक़रार करना”कहना या क़ुबूल करना है कि कोई बात सच है |

- “इक़रार” का बयान ख़ुदा के बारे में सच्चाई का निडरता से बयान करने से है। इसका बयान अपने गुनाह मान लेने से भी है।

कलाम में लिखा है कि अगर कोई इन्सान ख़ुदा के सामने अपने गुनाहों का इक़रार करे तो ख़ुदा उन्हें मुआ’फ़ कर देगा |

- याक़ूब अपने ख़त में लिखता है कि ईमानदार एक दूसरे के सामने अपने गुनाहों को मान लें तो इससे रूहानी शिफ़ा मिलती है।
- पौलुस रसूल ने फ़िलिप्पी की कलीसिया को ख़त लिखा कि एक दिन हर एक लोग इक़रार करेंगे कि ‘ईसा ही ख़ुदावन्द है।
- पौलुस ने यह भी कहा है कि इन्सान अगर ‘ईसा को ख़ुदावन्द कहकर इक़रार करें और यक़ीन करें कि ख़ुदा ने उसे मरे हुओं में से जिलाया तो वह नजात पाएंगे।

## तर्जुमे की सलाह:

- मज़मून के मुताबिक़ “इक़रार करना”(मान लें)का तर्जुमा “क़ुबूल करना” या “गवाही देना” या मुनादी करना” या “मानना” या “साबित करना”हो सकता है|
- ”इक़रार” के तर्जुमे की शक्ल हो सकती है ,”मनादी” या “गवाही” या “ईमान का कहना” या “गुनाह का इक़रार”

(यह भी देखें: ईमान, गवाही)

## किताब-ए-मुक़द्दस:

- 1 यूहन्ना 01:8-10
- 2 यूहन्ना 01:7-8
- याक़ूब 05:16-18
- वा’इज़ 05:5-6
- मत्ती 03:4-6
- नहमियाह 01:6-7
- फिलिप्पियों 02:9-11
- ज़बूर 038:17-18

## शब्दकोश:

- Strong's: H3034, H8426, G1843, G3670, G3671

# मीरास होना, वरासत, हिस्सा, वारिस

## ता’अर्रुफ़:

“मीरास” माँ बाप या किसी से ख़ास रिश्ता की वजह से कोई क़ीमती चीज़ हासिल करना। यह "वरासत" का एलान है।

- दुनियावी वरासत में पैसा, ज़मीन, या दूसरी जायदाद हासिल होती है।
- रूहानी वरासत में 'ईसा में ईमान करनेवालों को ख़ुदावन्द देता है- इस ज़िन्दगी हमेशा की ज़िन्दगी में उसके साथ।
- कलाम ख़ुदा के लोगों की उसकी वरासत (हिस्सा) कहती है जिसका मतलब है वह उसके लोग हैं। वह उसकी क़ीमती जायदाद हैं।
- ख़ुदा ने इब्राहीम और उसकी नसलों से वा'दा किया था कि कन'आन उनका हिस्सा होगा कि वह हमेशा के लिए उनका होगा।
- इसका 'अलामती और रूहानी मतलब भी है, जिसमें ख़ुदा के लोगो के लिए कहा गया है कि, “ज़मीन के वारिस होंगे”। इसका मतलब है, अमीर होंगे और ख़ुदा से बरकत पाएंगे, दुनियावी और रूहानी बरकतें ।
- नए 'अहद नामे में ख़ुदा ने वा'दा किया है कि जो 'ईसा में ईमान करते है वह “नजात पाएंगे” और “हमेशा की ज़िन्दगी के वारिस” होंगे। इसका तर्जुमा इस तरह भी हो सकता है, “ख़ुदा की बादशाही के वारिस होंगे” यह एक रूहानी विरासत है जो हमेशा के लिए रहती है।
- इस जुमले के दूसरे 'अलामती मतलब भी हैं,
- कलाम में लिखा है, कि ' अक़्लमन्द आदमी “जलाल के हिस्सेदार ” होंगे और रास्तबाज़ लोगों का “हिस्सा अच्छी चीज़ें” होंगी ।
- “वादों का वारिस” होने का मतलब है, वह सब चीज़ें हासिल करना जिनका वा'दा ख़ुदा ने अपने लोगों से किया है।
- इस लफ़्ज़ का ग़लत इस्ते'माल भी किया जाता है जो मूर्ख और नाफ़रमान लोगों के बारे में है, “बेवक़ूफों का हिस्सा बेवक़ूफ़ी” ही होती है और “उनके हिस्से में बेवक़ूफ़ी” ही बेवक़ूफ़ी होती है। इसका मतलब है कि वह अपने गुनाह के कामों की सज़ा पाने को हैं जिसमें सज़ा और बदकार ज़िन्दगी गुजारते हैं ।

## तर्जुमा की सलाह:

- जैसे हमेशा किया जाता है, पहले यह देखें कि 'अलामती ज़बान में “वारिस” या “हिस्सा” (वारिस) के लिए लफ़्ज़ हैं, उनका इस्ते'माल करें।
- जुमले पर क़ायम, “हिस्से ” को तर्जुमा की कई शक्ल है, “हासिल करना” या “इख़्तियार में लेना” या “वारिस होना”।
- “जुमलों पर क़ायम ” (विरासत) का तर्जुमा हो सकता हैं “महफ़ूज़ हिस्सा” या “विरासत पाना”।
- जब ख़ुदा के लोगों को उसका हिस्सा कहा गया है तो उसका तर्जुमा होगा, “उनके वफ़ादार ईमानदार लोग”
- “वारिस” लफ़्ज़ का तर्जुमा ऐसे लफ़्ज़ से किया या जुमले से किया जा सकता है जिसका मतलब, “ख़ुश नसीब औलाद जो बाप की जायदाद हासिल करता है” या “(ख़ुदा की) रूहानी जायदाद या बरकत हासिल करने के लिए।”।
- लफ़्ज़ "विरासत" का तर्जुमा "ख़ुदा से मुबारकबाद" या "विरासत में मिली बरकतों" की शक्ल में किया जा सकता है।

(यह भी देखें: वारिस, कन'आन, वा’दे का मुल्क )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 06:9-11
- 1 पतरस 01:3-5
- 2 शमूएल 21:2-3
- रसूलों के 'आमाल 07:4-5
- इस्तिसना 20:16-18
- गलातियों 05:19-21
- पैदाइश 15:6-8
- इब्रानियों 09:13-15
- यरमियाह 02:7-8
- लूक़ा 15:11-12
- मत्ती 19:29-30
- ज़बूर 079:1-3

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **04:06** जब अब्राम कन'आन मुल्क पहुंचा तब ख़ुदावन्द ने उससे कहा कि,'' अपने चारों तरफ़ देख'' क्यूँकि जितनी ज़मीन तुझे दिखाई देती है, उस सब को मैं तुझे और तेरी **नसल** को दूँगा।
- **27:01** एक दिन, यहूदियों के क़ानून में एक ;आलिम 'ईसा का इम्तिहान लेने के लिए आया था, उन्होंने कहा, "उस्ताद, मुझे हमेशा की ज़िन्दगी _ पाने के लिए_ क्या करना चाहिए ?"
- **35:03** “किसी आदमी के दो बेटे थे। उनमें से छोटे बेटे ने बाप से कहा, ‘ऐ बाप, जायदाद में से जो **हिस्सा मेरा** है वह मुझे दे दीजिए।’ तो बाप ने अपने दोनों बेटो में अपनी जायदाद बाँट दी।”

## शब्दकोश:

- Strong's: H2490, H2506, H3423, H3425, H4181, H5157, H5159, G2816, G2817, G2819, G2820

# मुंसिफ़, इन्साफ़ करता, इन्साफ़, फ़ैसला

## ता’अर्रुफ़:

“मुंसिफ़” और “इन्साफ़” का बयान किसी सही या ग़लत काम के फ़ैसले से होता है।

- “ख़ुदावन्द का इन्साफ़” या'नी किसी को गुनाहगार ठहराने का फ़ैसला।
- ख़ुदावन्द का इन्साफ़ हमेशा लोगों को गुनाह की सज़ा देना होता है।
- “इन्साफ़ करने” का मतलब “मुजरिम ठहराना” है। ख़ुदावन्द अपने लोगों से कहता है कि वह एक दूसरे का ऐसा इन्साफ़ न करें।
- इसका एक और मतलब है “के बीच का फ़ैसला” या “दो आदमियों का इन्साफ़ करना” कि तनाज़े में कौन सही है।
- कुछ जुमलों में ख़ुदावन्द के “इन्साफ़” का मतलब है ख़ुदावन्द ने किस बात को सही और इन्साफ़ का फ़ैसला ठहराया है। यह उसके हुक्म, क़ानून या हुक्मों की हिदायत से है।
- “इन्साफ़” का ख़ुलासा अक़्लमन्दी से फ़ैसला लेने की ताक़त । जिस शख़्स में “इन्साफ़” की कमी है उसमें अक़्लमन्दी के फ़ैसला लेने की क़ाबिलियत नहीं है।

## तर्जुमा की सलाह:

- जुमलों के मुताबीक़ “इन्साफ़ करना” का तर्जुमा हो सकता है, “फ़ैसला लेना” या “मुजरिम ठहराना” या “सज़ा देना” या “हुक्म देना”
- “इन्साफ़” का तर्जुमा हो सकता है “सज़ा” या “फ़ैसला” या “हुक्म” या “हुक्म” या “मुजरिम”
- कुछ जुमलों में “इन्साफ़ में” का तर्जुमा “इन्साफ़ के दिन” या “ख़ुदावन्द के ज़रिए'लोगों के इन्साफ़ का वक़्त” हो सकता है।

(यह भी देखें: हुक्म, मुंसिफ़, इन्साफ़ के दिन, मुनासिब, क़ानून, शरी’अत)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में :

- 1 यूहन्ना 04:17-18
- 1 सलातीन 03:7-9
- रसूलों के 'आमाल 10:42-43
- यसा'याह 03:13-15
- या'क़ूब 02:1-4
- लूक़ा 06:37
- मीकाह 03:9-11
- ज़बूर 054:1-3

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **19:16** उन नबियों ने लोगों को हिदायत देना शुरू' किया कि, अगर उन्होंने बुरे काम करना बंद न किया, और ख़ुदावन्द के हुक्म पर 'अमल करना शुरू' न किया, तब ख़ुदावन्द उन्हें **मुजरिम ठहराएगा** और उन्हें सज़ावार करेंगा।
- **21:08**बादशाह वह होता है जो मुल्क पर हुकूमत करता है और लोगों का **इन्साफ़** करता है। मसीह एक सच्चा बादशाह होगा जो की दाऊद के तख़्त पर बैठा होगा। वह हमेशा के लिए दुनिया पर बादशाहत करेगा, और हमेशा सच्चाई से **इन्साफ़** करेगा और सही फ़ैसला लेगा।
- **39:04** इस पर सरदार काहिन ने ग़ुस्से में अपने कपड़े फाड़े और कई मज़हबी रहनुमाओं से कहा कि, “अब हमें गवाहों की क्या ज़रुरत। तुमने अभी सुना है कि इसने अपने को ख़ुदावन्द का बेटा कहा है। तुम्हारा क्या **इन्साफ़** है?”
- **50:14** लेकिन जो 'ईसा पर ईमान नहीं करेंगे ख़ुदावन्द उनमें से हर एक का **इन्साफ़ करेंगे**। वह उन्हें दोज़ख़ में फेंक देगा, जहाँ वह तकलीफ़ में हमेशा रोएँगे और दाँत पीसेंगे।

## शब्दकोश:

- Strong's: H148, H430, H1777, H1778, H1779, H1780, H1781, H1782, H2940, H4055, H4941, H6414, H6415, H6416, H6417, H6419, H6485, H8196, H8199, H8201, G144, G350, G968, G1106, G1252, G1341, G1345, G1348, G1349, G2917, G2919, G2920, G2922, G2923, G4232

# मुनाफ़िक़, मुनाफ़िक़ों, मुनाफ़िक़त

## ता’अर्रुफ़:

“मुनाफ़िक़” लफ़्ज़ उस इन्सान के बारे में है जो रास्तबाज़ दिखने के लिए कुछ करता है लेकिन छिपकर बुरे काम करता है। “मुनाफ़िक़त” ऐसा सुलूक है जो इन्सानों को धोखा दे कि वह रास्तबाज़ इन्सान है।

- मुनाफ़िक़ इन्सान अच्छे काम करते हुए दिखाना चाहते हैं कि इन्सान उन्हें अच्छा इन्सान समझें।
- मुनाफ़िक़ अक्सर दूसरों की बुराई करते हैं जबकि वे आप वैसे काम करते हैं।
- ‘ईसा फ़रीसियों को मुनाफ़िक़ कहता था क्योंकि वे रास्तबाज़ी के काम ऐसे करते थे जैसे ख़ास लिबास पहनना, ख़ास खाना खाना लेकिन वे इन्सानों के साथ रहम का और बेतरफ़दारी का सुलूक नहीं करते थे।
- मुनाफ़िक़ इन्सान दूसरों के ‘ऐब देखता है लेकिन अपने ‘ऐब क़ुबूल नहीं करता है।

## तर्जुमे की सलाह:

- कुछ ज़बानों का इज़हार है जैसे, “दोमुहाँ” मुनाफ़िक़ों और मुनाफ़िक़त के ‘आमाल की तफ़सील करता है
- “मुनाफ़िक़” के तर्जुमे के और तरीक़े हैं, “झूठा” या “ढोंगी” या “बहुत धोखा देने वाला इन्सान”।
- “मुनाफ़िक़त” का तर्जुमा “धोखा” या “झूठे काम” या “दिखावा” किया जा सकता है।

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- गलातियों 02:13-14
- लूक़ा 06:41-42
- लूक़ा 12:54-56
- लूक़ा 13:15-16
- मरकुस 07:6-7
- मत्ती 06:1-2
- रोमियो 12:9-10

## शब्दकोश:

- Strong's: H120, H2611, H2612, G505, G5272, G5273

# मुन्जी , बचाने वाला

## सच्चाई:

“बचाने वाला” या'नी किसी को परेशानी से उबारने वाला इसका मतलब लोगों की हौसला अफ़ज़ाई करनेवाले या उनके लिए इन्तिज़ाम करनेवाले से भी हो सकता है।

- पुराने 'अहद नामे में ख़ुदा को इस्राईल का मुन्जी कहा गया है, क्यूँकि उसने ज़्यादातर उन्हें दुश्मनों के हाथो से छुड़ाया था और उन्हें क़ुव्वत 'अता की थी और उनकी ज़रूरतों को पूरा किया था।
- नए 'अहद नामे में “मुन्जी” लफ़्ज़ 'ईसा मसीह के लिए एक लक़ब या तफ़सीली तौर से काम में लिया गया है क्ययूँकि वह लोगों को उनके गुनाहों की हमेशा की सज़ा से बचाता है। वह उन्हें गुनाह की गिरफ़्त से भी छुड़ाता है।

## तर्जुमा की सलाह:

- मुम्किन हो तो “मुन्जी” का तर्जुमा ऐसे लफ़्ज़ से किया जाना ज़रूरी है जो “नजात करने” और “नजात” से ही मूत'अल्लिक़ हो।
- इस लफ़्ज़ के तर्जुमें हो सकते हैं, “नजात करनेवाला” या "छुड़ाने वाला ख़ुदा" या "परेशानी से बचानेवाला" या “दुश्मनों से बचानेवाला” या ‘ईसा, गुनाहों से बचानेवाला (लोगो को)।

(यह भी देखें: छुटकारा देना, ‘ईसा, नजात, बचाना)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तीमुथियुस 04:9-10
- 2 पतरस 02:20-22
- रसूलों के ‘आमाल . 05:29-32
- यसायाह 60:15-16
- लूक़ा 01:46-47
- ज़बूर 106:19-21

## शब्दकोश:

- Strong's: H3467, G4990

## मुन्तख़ब हुआ, मुन्तख़ब हुए, इन्तख़ाब करना, मुन्तख़ब लोग, मुन्तख़ब हुआ, मुन्तख़ब ।

### ता'अर्रुफ़:

"मुन्तख़ब हुए" का हक़ीक़ी मतलब है "मुन्तख़ब लोग" या "मुन्तख़ब हुई क़ौम" उन लोगों के बारे में है जिन्हें ख़ुदावन्द ने अपने लोग होने के लिए मुक़र्रर किया या अलग किया है। "मुन्तख़ब हुआ" या "ख़ुदावन्द का चुना हुआ", 'अनवान जो 'ईसा को दिखाता है, जो मुन्तख़ब हुआ वह मसीह है।

- "मुन्तख़ब करना" लफ़्ज़ का मतलब है किसी चीज़ को या किसी आदमी को मुन्तख़ब करना या किसी बात पर फैसला लेना। यह लफ़्ज़ अक्सर ख़ुदावन्द की तरफ़ इंसानों को मुक़र्रर करने के लिए इस्ते'माल होता था कि वह अब उसके हैं और उसकी ख़िदमत के लिए हैं।
- "मुन्तख़ब हुए" का मतलब है "मुन्तख़ब" या "मुक़र्रर" कुछ होने के लिए या कुछ करने के लिए।
- ख़ुदावन्द ने इंसानों को पाक होने के लिए मुन्तख़ब किया, अच्छा रूहानी फ़ल लाने के लिए ख़ुदावन्द की तरफ़ से अलग किए गए। यही वजह है कि उन्हें "मुन्तख़ब हुए" या "मुन्तख़ब हुआ" कहते हैं।
- किताब-ए-मुक़द्दस में कभी-कभी "मुन्तख़ब हुओं" लफ़्ज़ का इस्ते'माल किसी ख़ास शख्स के लिए किया गया है जैसे मूसा, दाऊद जिन्हें ख़ुदावन्द ने अपनी क़ौम के रहनुमा मुक़र्रर किया था। यह इस्राईल के उन लोगों के बारे में बताता है जो ख़ुदा के ज़रिए' चुने गए हैं|
- "मुन्तख़ब हुआ" एक पुराना लफ़्ज़ है जिसका मतलब है "मुन्तख़ब हुए" या "मुन्तख़ब हुए लोग" मक़सदी ज़बान में यह लफ़्ज़ जब मसीही ईमानदारों के लिए इस्ते'माल किया गया तो यह जमा' में है।
- किताब-ए-मुक़द्दस के पुराने तहरीर में "मुन्तख़ब हुआ" लफ़्ज़ नये 'अहद नामें और पुराने 'अहद नामें दोनों में "अलग किए हुओं" के लिए इस्ते'माल किया गया है। ज़्यादा जदीद तहज़ीबों में "मुन्तख़ब हुआ" लफ़्ज़ सिर्फ़ उन लोगों के लिए इस्ते'माल किया गया है, जिसकी नजात ख़ुदावन्द ने मसीह 'ईसा के ज़रिए' किया है। किताब-ए-मुक़द्दस में दीगर जगहों में इस लफ़्ज़ का तर्जुमा "मुन्तख़ब हुआ" के शक्ल में तर्जुमा करते हैं।

### तर्जुमे की सलाह:

- लिहाज़ा : अच्छा तो यह होगा कि इस लफ़्ज़ का तर्जुमा, "मुन्तख़ब हुए लोग " या "मुन्तख़ब हुई क़ौम" किया जाए। इसका तर्जुमा "उन लोगों के शक्ल में भी किया जा सकता है जिसे ख़ुदावन्द ने मुन्तख़ब" या "जिन्हें ख़ुदावन्द ने अपने लोग होने के लिए मुक़र्रर किया।"
- "जो मुन्तख़ब किए गए" का तर्जुमा इस तरह भी किया जा सकता है, "जिन्हें मुक़र्रर किया" या "जो अलग किए गए" या "जिन्हें ख़ुदावन्द ने मुन्तख़ब किया "।
- "मैंने तुझे चुन लिया है" इसका तर्जुमा किया जा सकता है, "मैंने तुम्हें मुक़र्रर किया है" या "मैंने तुम्हें अलग किया है"।
- 'ईसा के बारे में, "मुन्तख़ब हुआ" का तर्जुमा "ख़ुदावन्द का मुन्तख़ब किया" या "ख़ुदा का ख़ास मुक़र्रर मसीह" या "जिसे ख़ुदा ने मुक़र्रर किया है" कि शक्ल में किया जा सकता है।

(यह भी देखें: मुक़र्रर, मसीह)

### किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 यूहन्ना 01:1-3
- कुलुस्सियों 03:12-14
- इफिसियों 01:3-4
- यसा'याह65:22-23
- लूक़ा 18:6-8
- मत्ती. 24:19-22
- रोमियो 08:33-34

### शब्दकोश:

- Strong's: H970, H972, H977, H1262, H1305, H4005, H6901, G138, G140, G1586, G1588, G1589, G1951, G4400, G4401, G4758, G4899, G5500

# मुहब्बत, मुहब्बत करता है, अज़ीज़, मुहब्बत की

## ता'अरुफ़:

किसी इन्सान से मुहब्बत करने का मतलब है, उस इन्सान की ख़बर लेना और उसे फ़ायदा पहुंचाने के काम करना। "मुहब्बत" के मुख़तलिफ़ मतलब होते हैं जिनके लिए मुख़तलिफ़ ज़बानों में मुख़तलिफ़ लफ़्ज़ होते हैं।

ख़ुदा की मुहब्बत इन्सान की भलाई पर मुनहस्सिर होती है चाहे उसमें ख़ुद का फ़ायदा न हो। ऐसी मुहब्बत जो इन्सानों की परवाह करती है चाहे वे कुछ भी करते हों। ख़ुदा ख़ुद मुहब्बत है और सच्ची मुहब्बत का ज़रिया' है।

- 'ईसा ने इस मुहब्बत का मुज़ाहरा किया कि है कि गुनाह और मौत से बचाने के लिए अपने आपको क़ुर्बानी पेश कर दिया। उसने अपने पैरोकारों को सिखाया कि नज़राने की मुहब्बत करें।
- जब लोग इस तरह की मुहब्बत से दूसरों को मुहब्बत करते हैं, तो वे उन तरीक़ों से काम करते हैं जो वे यह सोचते हैं कि दूसरों की तरक़्क़ी के लिए क्या वजह होगी। ऐसी मुहब्बत ख़ास करके दूसरों को मु'आफ़ करती है।
- यू.एल.बी. में "मुहब्बत" लफ़्ज़ ऐसा ही ख़ुद सुपुर्दगी या मुहब्बत है जब तक कि तर्जुमा का हाशिया अलग मतलब का ज़िक्र न करे।

नये 'अहदनामे में लफ़्ज़ का एक और हवाला है, भाईचारे की मुहब्बत या "दोस्त की मुहब्बत या ख़ानदानी फ़र्द की मुहब्बत"

- यह लफ़्ज़ दोस्तों और घर के अफ़राद की क़ुदरती मुहब्बत का हवाला देता है।
- इस का इस्ते'माल ऐसे मज़मूनों में भी हो सकता है जैसे वे दा'वत में ख़ास मक़ामों में बैठने की ख़्वाहिश रखते हैं। या'नी उन्हें ऐसा करने की "बहुत ज़्यादा ख़्वाहिश" या " गहरी चाहत"

- "मुहब्बत" लफ़्ज़ का हवाला 'औरत-आदमी में रोमानी रिश्ते की मुहब्बत है ।

अलामती तौर पर इज़हार, "मैंने या'क़ूब से मुहब्बत की है और 'ऐसौ को नफ़रती जाना है।" यहां "मुहब्बत" लफ़्ज़ का मतलब है कि ख़ुदा ने'' या'क़ूब को चुना कि ख़ुदा के साथ कलाम के बारे में रहे। इसका तर्जुमा "चुना" भी हो सकता है। ताहम 'ऐसौ को भी ख़ुदा ने बरकतें दी थी, उसे कलाम के मुता'अल्लिक़ इम्तियाज़ हासिल नहीं थे। "नफ़रती" लफ़्ज़ का 'अलामती इस्ते'माल किया गया है जिसका मतलब है "छोड़ा हुआ" या "नहीं चुना।"

## तर्जुमा की सलाह:

- जब तक कि तर्जुमा से मुता'अल्लिक़ हाशिये में और मतलब समझाया न जाए यू.एल.बी. में "मुहब्बत" लफ़्ज़ ख़ुदा से हासिल ख़ुद सुपुर्दगी की मुहब्बत का हवाला देता है।
- कुछ ज़बानों में ख़ुदा की बिना ख़ुदगर्ज़, सुपुर्दगी की मुहब्बत के लिए ख़ास लफ़्ज़ हो सकता है। इस लफ़्ज़ के तर्जुमा हो सकते हैं, "सुपुर्दगी, वफ़ादार देखरेख" या "बिना ख़ुदगर्ज़ होकर ख़िदमत करना" या "ख़ुदा की मुहब्बत।" यक़ीनी बनाएँ, कि ख़ुदा की मुहब्बत का तर्जुमा हो सकता है, औरों के फ़ायदे के लिए अपनी ख़्वाहिशों को मारना और कोई कुछ भी करे उनसे मुहब्बत निभाते रहना।
- कभी-कभी "मुहब्बत" लफ़्ज़ का मतलब होता है दोस्तों और ख़ानदानी अफ़राद के लिए गहरी ख़िदमत का ख़याल रखना। कुछ ज़बानों में इस लफ़्ज़ का तर्जुमा ऐसे लफ़्ज़ या जुमले से किया जा सकता है जिसका मतलब है, "बहुत अज़ीज़ समझना" या "ख़बर लेना" या "गहरा लगाव होना।"
- जिन मज़मूनों में "मुहब्बत" लफ़्ज़ किसी के लिए पुरज़ोर चाहत ज़ाहिर करे तो उस का तर्जुमा हो सकता है, "पुरज़ोर ख़्वाहिश" या "बहुत ज़्यादा चाहना" या "बहुत ज़्यादा पसन्द करना"।
- कुछ ज़बानों में एक अलग लफ़्ज़ होता है जिसके ज़रिए' शौहर-बीवी के बीच रोमानी मुहब्बत या जिस्मानी ता'अल्लुक़ की मुहब्बत को ज़ाहिर किया जाता है।
- बहुत सी ज़बानों में "मुहब्बत" लफ़्ज़ को फ़े'अल के तौर पर ज़ाहिर करना होता है। मिसाल के तौर पर, उनमें "मुहब्बत सब्र है, मुहब्बत रहमदिल है, इस जमले का तर्जुमा हो सकता है, "जब कोई किसी से मुहब्बत करता है, वह उसके साथ सब्र दिखाता है, उस पर रहम करता है।"

(यह भी देखें:'अहद, मौत, क़ुर्बानी, बचाना, गुनाह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 13:4-7
- 1 युहन्ना 03:1-3
- 1 थिस्सलुनीकियों 04:9-12
- गलातियों 05:22-24

- पैदाइश 29:15-18
- यसा'याह 56:6-7
- यरमियाह02:1-3
- युहन्ना 03: 16-18
- मत्ती 10:37-39
- नहमियाह 09:32-34
- फ़िलिप्पियों 1: 9-11
- ग़ज़ल-उल-ग़ज़लात 01:1-4

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **27:02** मुन्तजिम ने जवाब दिया, "तू अपने ख़ुदा से अपने सारे दिल, रूह, क़ुव्वत और ,दिल से **मुहब्बत** रखना। और अपने पड़ोसी से अपने बराबर **मुहब्बत** करना।"
- **33:08** "कंटीली ज़मीन वे इन्सान है जिन्होंने कलाम सुना, और दुनिया की फ़िक्र और दौलत का धोखा, और दीगर चीज़ों का लालच उनमें समाकर ख़ुदा के लिए उसकी **मुहब्बत** को दबा देता है।"
- **36:05** जैसे पतरस बोल ही रहा था कि एक उजले बादल ने उन्हें छा लिया, और उस बादल में से यह लफ़्ज़ निकला : " यह मेरा अज़ीज़ बेटा है, जिससे में **मुहब्बत** करता हूँ"
- **39:10** हर वह इन्सान जिसे सच्चाई से **मुहब्बत** है, मुझे सुनेगा।"
- **47:01** वह(लुदिया) बहुत **मुहब्बत** के साथ ख़ुदावन्द की 'इबादत करती थी।
- **48:01**ख़ुदा ने जब दुनिया की तख़लीक की , तो सब कुछ एकदम सही था। दुनिया में कोई गुनाह नहीं था। आदम और हव्वा एक-दूसरे से और ख़ुदा से **मुहब्बत** करते थे।
- **49:03**उसने('ईसा) सिखाया कि तुम्हें दूसरे लोगों को उसी तरह मुहब्बत करना है जैसे कि आप ख़ुद से मुहब्बत करते हैं।
- **49:04** उसने('ईसा) यह भी सिखाया कि तुम्हें किसी भी चीज़, अपनी दौलत से भी ज्यादा ख़ुदा को **मुहब्बत** करना चाहिए।
- **49:07** 'ईसा ने सिखाया कि ख़ुदा गुनाहगारों से बहुत **मुहब्बत** करता है।
- **49:09** लेकिन ख़ुदा ने क़ायनात के हर इन्सान से इतनी ज़्यादा **मुहब्बत** की कि उसने अपना इकलौता बेटा दे दिया ताकि जो कोई 'ईसा पर ईमान करे उसे उसके गुनाहों की सज़ा नहीं मिलेगी, लेकिन हमेशा ख़ुदा के साथ रहेगा।
- **49:13** ख़ुदा तुमसे **मुहब्बत** करता है और चाहता है कि तुम 'ईसा पर ईमान करो ताकि वह तुमसे एक क़रीबी रिश्ता क़ायम रख सके।

## शब्दकोश:

- Strong's: H157, H158, H159, H160, H2245, H2617, H2836, H3039, H4261, H5689, H5690, H5691, H7355, H7356, H7453, H7474, G25, G26, G5360, G5361, G5362, G5363, G5365, G5367, G5368, G5369, G5377, G5381, G5382, G5383, G5388

# मुहर्रिर , मुहर्रिरों

## ता'अर्रुफ़:

मुहर्रिर वह हाकिम थे जो हुकूमती या मज़हबी दस्तावेज़ को हाथ से लिखने या नक़ल करने के काम की ज़िम्मेदारी को पूरा करते थे। यहूदी मुहर्रिरों को "यहूदी शरी'अत के 'आलिम" भी कहा जाता था।

- मुहर्रिरों का काम था कि पुराने 'अहद नामे की किताबों की कापी बनाकर महफ़ूज़ रखें।
- वह ख़ुदा की शरी'अत पर मज़हबी ख़यालों की वाक्ये और दस्तावेज़ की कापी बनाकर महफ़ूज़ रखते थे।
- कभी-कभी मुमुहर्रिर बहत ही ख़ास हुकूमती हाकिम भी होते थे।
- किताब-ए-मुक़द्दस में बहत ही ख़ास मुहर्रिर थे बारूक और एज्रा।
- नए अहद नामे में, यह लफ़्ज़ "मुहर्रिर " का तर्जुमा "शरी'अत के 'आलिम " भी किया गया है।
- नए 'अहद नामे के वक़्त , मुहर्रिर हमेशा एक मज़हबी जमा'अत "फ़रीसी" के लोग थे और इन दोनों जमा'अतें बार-बार एक साथ ज़िक्र में रही हैं।

(यह भी देखें: क़ानून, फ़रीसी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलो के 'आमाल 04:5-7
- लूक़ा 07:29-30
- लूक़ा 20:45-47
- मरकुस 01:21-22
- मरकुस 02:15-16
- मत्ती 05:19-20
- मत्ती 07:28-29
- मत्ती 12:38-40
- मत्ती. 13:51-53

## शब्दकोश:

- Strong's: H5608, H5613, H7083, G1122

# मुक़द्दस

## ता’अरुफ़:

लफ़्ज़ “मुक़द्दस” किताब-ए-मुक़द्दस में एक ‘उहदे का नाम है जो हमेशा ख़ुदा का हवाला देता है।

- पुराने ‘अहदनामे में यह नाम ज़्यादातर “इस्राईल के मुक़द्दस” के जुमले में ज़ाहिर होता है।
- नये ‘अहदनामे में ‘ईसा को भी “मुक़द्दस” कहा गया है।
- “मुक़द्दस” किताब-ए-मुक़द्दस में कभी-कभी फ़रिश्ते के लिए काम में लिया गया है।

## तर्जुमे की सलाह:

सही लफ़्ज़ है, “मुक़द्दस लोग”("एक" के साथ मुंसलिक किया जा रहा है।) कई ज़बाने (जैसे अंग्रेज़ी) इसे इस्म के साथ तर्जुमा करेंगे(जैसे "एक" या "ख़ुदा") ।

- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा “ख़ुदा, जो पाक है” या “अलग किए गए लोग” हो सकता है।
- जुमले "इस्राईल के मुक़द्दसों" का तर्जुमा "पाक ख़ुदा जिसकी इस्राईली ‘इबादत करते हैं" या "पाक लोग जो इस्राईल पर हुकूमत करने वाले" के तौर पर किया जा सकता है।
- सही है कि इस लफ़्ज़ के तर्जुमें में उसी लफ़्ज़ या जुमले का इस्ते’माल करना है जिसे "पाक" का तर्जुमा करने के लिए इस्ते’माल किया जाता है।

(यह भी देखें: पाक, ख़ुदा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 युहन्ना 02:20-21
- 2 सलातीन 19:20-22
- रसूलों के ‘आमाल 02:27-28
- रसूलों के ‘आमाल 03:13-14
- यसा’याह 05:15-17
- यसा’याह 41:14-15
- लूक़ा 04:33-34

## शब्दकोश:

- Strong's: H2623, H376, H6918, G40, G3741

# मुक़द्दस , पाक लोग

## त'अर्रुफ़:

लफ़्ज़ "मुक़द्दस" का लफ़्ज़ी मतलब है " मुक़द्दस लोग" और 'ईसा में ईमानदारों के बारे में बयान करता है।

- कलीसियाई तवारीख़ में, आगे चलकर नेक कामों के लिए मशहूर आदमी के लिए "मुक़द्दस" लफ़्ज़ का इस्ते'माल किया गया है लेकिन यह लफ़्ज़ नये 'अहद नामे के वक़्त के दौरान ऐसा इस्ते'माल नहीं किया गया था।
- 'ईसा के ईमानदारों को मुक़द्दस लोग इसलिए नहीं कहा गया है कि उन्होंने अच्छे काम किए लेकिन मसीह 'ईसा ने जो किया उन कामों में यक़ीन करने की वजह से उन्हें मुक़द्दस लोग कहा गया है। वही उन्हें मुक़द्दस बनाता है।

## (तर्जुमा की सलाह:

- "मुक़द्दस लोग" या "'ईसा के पाक ईमानदार" या "पाक" या " पाक लोग" या "'ईसा के मुक़द्दस ईमानदार" या "अलग किए गए लोग।"
- ख़बरदार रहें कि इस जुमलों के ज़रिए' किसी ख़ास झुण्ड का ख़याल बयान न हो।

(यह भी देखें: मुक़द्दस)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तीमुथियुस 05:9-10
- 2 कुरिन्थियों 09:12-15
- मुक़ाश्फा 16:4-7
- मुक़ाश्फा 20:9-10

## शब्दकोश:

- Strong's: H2623, H6918, H6922, G40

# मुक़द्दस जगह

## ता'अर्रुफ़:

"मुक़द्दस जगह" का लफ़्ज़ी मा'ना है, "पाक घर" और इसके बारे में उस जगह से है जिसे ख़ुदावन्द ने मुक़द्दस और पाक बनाया। इसके बारे में महफ़ूज़ और हिफ़ाज़ती मक़ाम से भी हो सकता है।

- पुराने 'अहद नामे में "मुक़द्दस जगह" हमेशा ख़ेमा या हैकल के लिए काम में लिया जाता था जिनमें "मुक़द्दस-मक़ाम" और "मुक़द्दस जगह" थे।
- ख़ुदावन्द मुक़द्दस जगह को अपनी रि'आया इस्राईल के दरमियान अपने रहने की जगह को कहता था।
- वह ख़ुद को भी "मुक़द्दस जगह" या अपने लोगों के लिए एक महफ़ूज़ जगह कहता था जहां उन्हें हिफ़ाज़त हासिल थी।

## तर्जुमा की सलाह:

- इस लफ़्ज़ में बुनियादी मा'ना है, "मुक़द्दस जगह" या "वह जगह जो अलग की गईं है।"
- मज़मून के मुताबिक़ "मुक़द्दस जगह" लफ़्ज़ का तर्जुमा "मुक़द्दस मक़ाम" या "मुक़द्दस घर " या " ख़ुदावन्द की मुक़द्दस जगह" या "हिफ़ाज़त की मुक़द्दस जगह" या " हिफ़ाज़त की पाक जगह" भी किया जा सकता है।
- " मुक़द्दस जगह का शेकेल" का तर्जुमा हो सकता है "घर के ख़ेमे के लिए दिए गए शेकेल की तरह " या "हैकल के रख-रखाव के लिए जिज़्या की शक्ल में शेकेल।"
- नुक़ता: ख़बरदार रहें कि इस लफ़्ज़ का तर्जुमा आज के 'इबादतख़ाने के 'इबादत के घर का मतलब ज़ाहिर न करे।

(यह भी देखें: पाक, पाक रूह, पाक, अलग करना, ख़ेमे, जिज़्या, हैकल, )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- आमोस 07:12-13
- अह्बार 25:3-7
- हिज़कीएल 25:3-5
- 'इब्रानियों 08:1-2
- लूक़ा 11:49-51
- गिनती 18:1-2
- ज़बूर 078:67-69

## शब्दकोश:

- Strong's: H4720, H6944, G39

# मु’आफ़ करना, मु’आफ़ करता, मु’आफ़ किया, मु’आफ़ी, मु’आफ़ करना, मु’आफ़ किया

## ता’अर्रुफ़:

किसी को मु’आफ़ करने का मतलब है कि उसके लिए शिक़ायत न रखना जिसने कोई नुक़सान दायक काम किया है। “मु’आफ़ी” किसी को मु’आफ़ करने का काम है

- किसी को मु’आफ़ करने का मतलब है, उसके ग़लत काम के लिए सज़ा न देना।
- इस लफ़्ज़ का ‘अलामती मतलब के ज़रिए’ इस्ते’माल किया जाता है “ख़ारिज करना” जैसा इस इज़हार में है, “क़र्ज़ मु’आफ़ करना”
- जब इन्सान गुनाहों को क़ुबूल करता है तब ख़ुदा ‘ईसा की सलीबी मौत की क़ुर्बानी की बुनियाद पर उन्हें मु’आफ़ कर देता है।
- ‘ईसा ने अपने शागिर्दों को ता’लीम दी कि जैसे उसने उन्हें मु’आफ़ किया है वैसे ही वे भी दूसरों को मु’आफ़ करें।

लफ़्ज़ "मु’आफ़ी" का मतलब है किसी को गुनाहों के बदले मु’आफ़ कर देना और उसे सज़ा न देना|

- यह लफ़्ज़ एक जैसे मतलब रखते हैं “मु’आफ करना” लेकिन किसी शख़्स को जो मुजरिम है उसे सज़ा ने देने के लिए रवायती फ़ैसले का मतलब शामिल हो सकता|
- कानून की ‘अदालत में, एक मुंसिफ़ एक मुजरिम के जुर्म पाकर उसे मु’आफ़ कर सकता है|
- अगरचे, हम गुनाहों की मुजरिम हैं, ‘ईसा मसीह ने हमें अपनी सलीब पर मौत क़ुर्बानी की बुनियाद पर हमें जहन्नम में सज़ा देने से मु’आफ़ किया है,

## तर्जुमे की सलाह:

- मज़मून पर मुनहस्सिर, “मु,आफ़ करना” के तर्जुमे हो सकते हैं, “मु’आफ़ी” या “ख़ारिज करना” या “आजाद करना” या “मुख़ालिफ़त कुछ न रखना”।
- लफ़्ज़ "मु’आफ़ करना" का तर्जुमा किसी लफ़्ज़ या जुमले ज़रिए’ किया जा सकता है जिसका मतलब है "नाराजगी न रखने की मशक़" या "किसी को बेगुनाह क़रार देना" या "मु’आफ़ करने का काम"।
- अगर आपकी ज़बान में मु’आफ़ करने का रवायती फ़ैसले के लिए कोई लफ़्ज़ हो, तो उस लफ़्ज़ का इस्ते’माल “मु’आफ़ी” के लिए किया जाए|

(यह भी देखें: गुनाह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 50:15-17
- गिनती 14:17-19
- इस्तिस्ना 29:20-21
- यशू’अ 24:19-20
- 2 सलातीन 05:17-19
- ज़ुबूर 025:10-11
- ज़ुबूर 025:17-19
- यसा’याह 55:6-7
- यसा’याह 40:1-2
- लूक़ा 05:20-21
- रसूलों के ‘आमाल 08:20-23
- इफ़िसियों 04:31-32
- कुलुस्सियो 03:12-14
- 1 युहन्ना 02:12-14

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **07:10** लेकिन ‘ऐसौ या’क़ूब को पहले ही **मु’आफ़ कर** चुका था, और वह एक दूसरे को देखकर बहुत ही ख़ुश हुए।
- **13:15** मूसा पहाड़ पर फिर चढ़ गया और उसने दु’आ की कि ख़ुदा उन लोगों के गुनाहों को **मु’आफ़ कर** दे। ख़ुदा ने मूसा की दु’आ सुनी और उन्हें **मु’आफ़ किया**।

- **17:13** दाऊद को अपने किए हुए गुनाहों पर पछतावा हुआ और ख़ुदा ने उसे **मु’आफ़ किया**।
- **21:05** नए ‘अहदनामे में, ख़ुदा अपनी शरी’अत लोगों के दिलों में लिखता है, जो लोग ख़ुदा को ज़ाती तौर पर जानते हैं, वह ये लोग होते हैं, और ख़ुदा उनके गुनाहों को **मु’आफ़** करता हैं|
- **29:01** एक दिन पतरस ने पास आकर ‘ईसा से पूछा , “ए ख़ुदावन्द, अगर मेरा भाई गुनाह करता रहे, तो मैं उसे कितनी बार **मु’आफ़** करूँ?”
- **29:08**तू ने जो मुझ से मिन्नत की, तो मैं नेतेरा वह पूरा क़र्ज़ **मु’आफ़ कर दिया**।
- **38:05** फिर उसने मय का कटोरा लिया और कहा, “इसे पिओं। यह नए ‘अहद का मेरा ख़ून है, जो बहुतों के गुनाहों को **मु’आफ़ी** के लिये बहाया जाता है।

## शब्दकोश:

- H5546, H5547, H3722, H5375, H5545, H5547, H7521, G859, G863, G5483

# मेल करना, मेल-मिलाप, मेल मिलाप कर लिया, मिलाप

## ता’अर्रुफ़:

“मेल करना” और “मेल मिलाप” का हवाला “सुकून बनाने” से है, उनके दरमियान जो पहले एक दूसरे के दुश्मन थे। "मिलाप" सुकून बनाने का काम है

किताब-ए-मुक़द्दस में यह लफ़्ज़ अक्सर ख़ुदा के बारे में है कि वह इन्सानों के साथ मेल करता है जो मसीह ‘ईसा उसके बेटे की क़ुर्बानी के ज़रिए’ है। गुनाह की वजह से सब इन्सान ख़ुदा के दुश्मन हैं। लेकिन उसकी करूणा प्रेम के कारण, ख़ुदा ने ‘ईसा के के ज़रिए’ उसके साथ मेल करने की राह बनाई है। गुनाहों का क़ीमत चुकाने के लिए ‘ईसा की क़ुर्बानी में ईमान करके इन्सान मु’आफ़ किए जाते हैं और ख़ुदा के साथ उनका मेल होता है।

## तर्जुमे की सलाह:

लफ़्ज़ "मेल करना" का तर्जुमा "सुकून बनाने" या "अच्छे रिश्तों को दुबारा क़ायम करने" या "मित्र बनने के लिए" की शक्ल रिश्तों में किया जा सकता है। “मेल-मिलाप” का तर्जुमा “अच्छे रिश्तों को बनाना” या “सुकून बनाना” या “सुकूनत का रिश्ता क़ायम करना” की शक्लमें किया जा सकता है।

(यह भी देखें: सुकून, क़ुर्बानी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 कुरिन्थियों 05:18-19
- कुलुस्सियों 01:18-20
- मत्ती 05:23-24
- अम्साल 13:17-18
- रोमियो 05:10-11

## शब्दकोश:

- Strong's: H2398 , H3722 , G604 , G1259 , G2433 , G2643, G2644

# मो'जिज़ा, मो'जिज़ों, अजीब, हैरतके कामों, निशान, निशानों

## ता’अर्रुफ़:

“मो'जिज़ा” एक ऐसा अजीब काम है जो ख़ुदावन्द ने किए जो इन्सान के लिए मुम्किन नही है।

- 'ईसा के मो'जिज़ों में आंधी को शान्त करना, अंधे आदमी को बीनाई देना ।
- मो'जिज़ों को अजीब काम भी कहा गया है क्यूँकि उन्हें देखकर इन्सान हैरान और ता'अज्जुब से भर जाता है।
- “अजीब काम” के बारे में आम तौर से ख़ुदावन्द की ताक़त से ता'अज्जुब वाले काम से भी है जैसे जब उसने आसमान और ज़मीन को बनाया ।
- मो'जिज़ों को “निशान” भी कहा गया है क्यूँकि वे ख़ुदावन्द के क़ादिर होने का इशारा या सुबूत हैं, जहान पर उसका पूरा इख़्तियार है।
- कुछ मो'जिज़े ख़ुदावन्द के आज़ादी के काम हैं जैसे जब उसने इस्राईलियों को मिस्र की ग़ुलामी में से निकाला था और दानिएल को शेरों के नुक़सान से महफ़ूज़ रखा था।
- दूसरे मो'जिज़े हैं, ख़ुदावन्द की सज़ा जैसे नूह के वक़्त में उसने पानी का सैलाब भेजा या मूसा के वक़्त में मिस्र पर मुसीबतें डालीं।
- ख़ुदावन्द के दूसरे कई मो'जिज़ों में बीमारों को अच्छा करना और मुर्दों को जिलाना था।
- 'ईसा के ज़रिए' बीमारों की शिफ़ा, आंधी शान्त करना, पानी पर चलना, मुर्दों को जिलाना ख़ुदावन्द की ताक़त का ज़हूर था। यह सब मो'जिज़े थे।
- ख़ुदावन्द ने नबियों और रसूलों को भी ताक़त दिया कि वह मो'जिज़े करें जैसे बीमारी को शिफ़ा दूसरे ताक़तवर काम जो सिर्फ़ ख़ुदावन्द की ताक़त से ही मुम्किन थे।

## तर्जुमा की सलाह:

- “मो'जिज़े” और “अजीब कामों” के तर्जुमा हो सकते हैं, “ख़ुदावन्द के नामुम्किन काम ” या “ख़ुदावन्द की ताक़त के काम ” या “ख़ुदावन्द के हैरत अंगेज़ काम”
- “निशान और मो'जिज़ा” एक ऐसा जुमला है जिसका बार-बार इस्ते'माल किया गया है, इसका तर्जुमा हो सकता है, “सबूत और मो'जिज़े” या “ख़ुदावन्द की ताक़त को साबित करने वाले हैरत अंगेज़ काम” या “क़ुदरती मो'जिज़ा जिनसे ख़ुदावन्द की अज़मत ज़ाहिर होती है”
- तवज्जोह दें कि क़ुदरती निशान का मतलब है किसी बात को साबित करने के निशान से अलग है। इन दोनों का मतलब एक जैसा हो सकता है।

(यह भी देखें: ताक़त, नबी, रसूल, निशान)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 थिस्सलुनीकियों 02:8-10
- रसूलों के 'आमाल 04:15-18
- रसूलों के 'आमाल 04:21-22
- दानिएल 04:1-3
- इस्तिसना 13:1-3
- ख़ुरूज 03:19-22
- यूहन्ना 02:11
- मत्ती 13:57-58

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **16:08** ख़ुदावन्द इस्राईलियों को बचाने के लिए गिदोन का इस्ते'माल करना चाहता है, इसके लिए उसने ख़ुदावन्द से दो **निशान** पूछे |
- **19:14** ख़ुदावन्द ने एलीशा के ज़रिए' बहुत से **मो'जिज़े** किए |
- **37:10** कई यहूदी उसका यह **काम** देखकर, उस पर ईमान किया।
- **43:06** “ऐ इस्राईलियो ये बातें सुनो: 'ईसा नासरी एक आदमी था, जिसने ख़ुदावन्द की ताक़त से कई **अजीब कामों** और **निशानों** को ज़ाहिर किया, जो ख़ुदावन्द ने तुम्हारे बीच उसके ज़रिए' कर दिखाए जिसे तुम ख़ुद ही जानते हो |”
- **49:02** 'ईसा ने बहुत से **मो'जिज़े** किये जो यह साबित करते हैं कि वह ख़ुदावन्द है | वह पानी पर चला, तूफ़ान को शांत किया, बहुत से बीमारों को अच्छा किया, बदरूहों को निकाला, मुर्दों को ज़िन्दा किया, और पांच रोटी और दो छोटी मछलियों को इतने खाने में बदल दिया कि वह 5,000 लोगों के लिए काफ़ी हो |

## शब्दकोश:

- Strong's: H226, H852, H2368, H2858, H4150, H4159, H4864, H5251, H5824, H5953, H6381, H6382, H6383, H6395, H6725, H7560, H7583, H8047, H8074, H8539, H8540,, G880, G1213, G1229, G1411, G1569, G1718, G1770, G1839, G2285, G2296, G2297, G3167, G3902, G4591, G4592, G5059

# यहूदी, यहूदियों का, यहूदियों

## सच्चाई:

यहूदी वह लोग है जो इब्राहीम के पोते या'क़ूब की औलाद थे। “यहूदी” लफ़्ज़ “यहूदा” से आया था।

लोग इस्राईलियों को यहूदी तब कहने लगे थे जब वह बाबुल से यहूदा मुल्क लौट आए थे।

- मसीह 'ईसा यहूदी था। लेकिन यहूदी मज़हब के रहनुमाओं ने ;ईसा का इन्कार किया और उसको मार डालने की मांग की।
- “यहूदी लफ़्ज़ हमेशा यहूदियों के रहनुमाओं के बारे में लिया जाता था, सब यहूदियों के लिए नहीं। इन बारों में कुछ तर्जुमों में “के रहनुमा” को जोड़ा जाता है कि मतलब साफ़ बयान हो।

(यह भी देखें: इब्राहीम, या’क़ूब, इस्राईल, बाबुल, यहूदी रहनुमा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 02:5-7
- रसूलों के 'आमाल 10:27-29
- रसूलों के 'आमाल 14:5-7
- कुलुस्सियों 03:9-11
- यूहन्ना 02:13-14
- मत्ती 28:14-15

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **20:11** इस्राईलियों को अब **यहूदी** कहा जाता था और उनमें से ज़्यादातर लोगों ने अपनी पूरी ज़िन्दगी बाबुल में गुज़ार दी थी |
- **20:12** लिहाज़ा सत्तर साल तक जिला वतनी के बा'द, **यहूदियों** का एक छोटा गिरोह यरूशलीम को वापस लौट आया।
- **37:10** कई **यहूदी** उसका यह मो'जिज़ा देखकर, उस पर ईमान लाए ।
- **37:11** लेकिन **यहूदियों** के मज़हबी उस्ताद 'ईसा से हसद रखते थे, इसलिए उन्होंने आपस में मिलकर मन्सूबा बनाना चाहा कि कैसे वह 'ईसा और लाजर को क़त्ल सके।
- **40:02** पिलातुस ने हुक्म दिया कि 'ईसा के सिर के ऊपर सलीब पर यह लिख कर लगा दिया जाए कि, “यह **यहूदियों** का बादशाह है।”
- **46:06**फ़ौरन ही, शाऊल दमिश्क़ के **यहूदियों** से 'ऐलान करने लगा कि, "’ईसा ख़ुदावन्द का बेटा है!"

## शब्दकोश:

- Strong's: H3054, H3061, H3062, H3064, H3066, G2450, G2451, G2452, G2453, G2454

# यहोवा

## सच्चाई:

“यहोवा” ख़ुदा का नाम है, उसने उस जलती हुई झाड़ी पर मूसा को यह नाम बताया था

- “यहोवा” नाम उस लफ़्ज़ से आता है जिसका मतलब है “होना” या “हक़ीक़त में है।”
- “यहोवा” के मुनासिब मतलब हो सकते हैं, “वह है” या “मैं हूँ” या “वह जो होता है”।
- इन नाम का मतलब है ख़ुदा हमेशा से ज़िन्दा है और रहेगा। इसका मतलब हमेशा मौजूद भी है।
- लिखी हुई रवायत , कई कलाम के जुमलों का लफ़्ज़ "ख़ुदा" को ज़ाहिर करने के लिए "यहोवा" इस्ते'माल किया है। यह रवायत इस सच्चाई से हुई है कि तवारीख़ की शक्ल से, यहूदी लोग डरते हैं कि यहोवा के नाम का मतलब ग़लत तरीक़े से न हो इसलिए जहाँ भी बाब में यहोवा आया वहाँ वह ख़ुदा कहने लगे। अक्सर कलाम में "ख़ुदा"(मालिक) को अंग्रेजी में बड़े हरफ़ों से लिखा जाता है कि ख़ुदा के नाम की 'इज़्ज़त हो।
- यू.एल.बी. और यू.डी.बी. ख़ुदा के नाम को “यहोवा” ही लिखते हैं जैसा 'इब्रानी ज़बान के पुराने 'अहद नामे में है।
- नये 'अहद नामे में “यहोवा” नाम का इस्ते'माल नहीं किया गया है; सिर्फ़ “ख़ुदा” के लिए यूनानी लफ़्ज़ का इस्ते'माल किया जाता है, यहाँ तक कि पुराने 'अहद नामे की मिसाल में भी।
- पुराने 'अहद नामे में जब ख़ुदा ख़ुद के बारे में कहता है तब वह लक़ब की जगह में अपना नाम लेता है।
- लक़ब “मैं” और “मुझ” के ज़रिए' यू.एल.बी. के बाबों के लिए साबित करती है कि कहनेवाला ख़ुदा ही है।

## तर्जुमा की सलाह :

- “यहोवा” लफ़्ज़ की जगह में “मैं हूँ” या “ज़िन्दा ख़ुदा” या “हक़ीक़ी” या “वह जो ज़िन्दा है” काम में लिया जा सकता है।
- यह लफ़्ज़ इस तरह लिखा जाए जो “यहोवा” लफ़्ज़ की हिज्जे दिखाई दे।
- कुछ कलीसिया की क़ौमों में "यहोवा" लफ़्ज़ का इस्ते’माल करना पसंद नहीं करते हैं और बदले में रवायती तौर पर "ख़ुदा"(ख़ुदा को अंग्रेजी में बड़े हरफ़ों में) का इस्ते’माल करते हैं। एक ज़रूरी ख़याल यह है कि यह उलझन हो सकती है जब बड़े पैमाने पर पढ़ा जा सकता है क्यूँकि यह मज़मून "ख़ुदा" के जैसा होगा। कुछ ज़बानों में निशान जोड़े जा सकते है जो फ़र्क़ करता है “ख़ुदा” (ख़ुदा को अंग्रेजी में बड़े हरफ़ों में)को नाम के तौर पर (यहोवा) और “ख़ुदा” को उनवान के तौर पर।
- अगर मुनासिब हो तो बेहतर यही होगा कि जहां-जहां यहोवा का नाम आता है उसे ज्यों का त्यों ही रखें लेकिन कुछ तर्जुमों में लक़ब का ही इस्ते'माल किया गया है कि बाब को ज़्यादा सही और आसान बनाया जाए।
- कुछ इस तरह से मिसाल लिखें, "यहोवा यूं कहता है।"

(तर्जुमा की सलाह नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: ख़ुदावन्द, ख़ुदा, ख़ुदा, मूसा, ज़ाहिर करना)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 21:19-20
- 1 शमूएल 16:6-7
- दानिएल 09:3-4
- हिज़्क़ीएल 17:24
- पैदाइश 02:4-6
- पैदाइश 04:3-5
- पैदाइश 28:12-13
- होसे'अ 11:12
- यसा'याह 10:3-4
- यसा'याह 38:7-8
- अय्यूब 12:9-10
- यशू'अ 01:8-9
- नौहा 01:4-5
- इस्तिसना 25:35-38
- मलाकी 03:4-5
- मीकाह 02:3-5

- मीकाह 06: 3-5
- गिनती 08:9-11
- ज़बूर 124:1-3
- रूत 01:19-21
- जकरियाह 14:5

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **09:14** ख़ुदा ने मूसा से कहा मैं जो हूँ सो हूँ। उसी ने मुझे तुम्हारे पास भेजा है।" मैं यहोवा हूँ "तुम्हारे बाप दादा ,इब्राहीम , इस्हाक़ , और या'क़ूब , का ख़ुदा ", उनसे कहना "जिसका नाम मैं हूँ
- **13:04** ख़ुदा ने उन्हें क़सम दी और कहा, "मैं तेरा ख़ुदा **यहोवा** हूँ, जो तुझे ग़ुलामी के घर या'नी मिस्र मुल्क से निकाल लाया है। तू मुझे छोड़ दूसरों को ख़ुदा करके न मानना।"
- **13:05** "तू अपने लिये कोई बुत खोदकर न बनाना, न किसी की ख़ुदा बनाना, तू उनकी 'इबादत न करना क्योंकि मैं तेरा ख़ुदा **यहोवा** जलन रखने वाला ख़ुदा हूँ।"
- **16:01** इस्राईलियों ने **यहोवा** जो सच्चा ख़ुदा है उसकी जगह पर, कन'आनियो के मा'बूद की 'इबादत करना शुरू' किया।
- **19:10** फिर एलियाह ने दु'आ की, ऐ इब्राहीम, इस्हाक़ और इस्राईल के ख़ुदा _ यहोवा!_ आज यह ज़ाहिर कर कि इस्राईल में तू ही ख़ुदा है, और मैं तेरा ग़ुलाम हूँ,

## शब्दकोश:

- Strong's: H3050, H3068, H3069

# याहूदियों का बादशाह, यहूदियों का बादशाह

## ता’अर्रुफ़

“यहूदियों का बादशाह” लफ़्ज़ एक उनवान है, जो ‘ईसा मसीह के बारे में बताता है|

- पहली बार जब किताब-ए-मुक़द्दस इस उनवान को दर्ज करता तब इसका इस्ते’माल उन ‘अक़्लमन्द इंसानों के ज़रिए’ जिन्होंने बैतलहम का सफ़र उस बच्चे को देखने के लिए किया जो “यहूदियों का बादशाह” था
- फ़रिश्ते ने मरियम को बताया कि उसके बेटा बादशाह दाऊद की नसल से होगा, जिसकी बादशाही हमेशा तक क़ायम रहेगी|
- ‘ईसा को सलीब पर चढ़ाने से पहले रोमन सिपाहियों ने मज़ाक़ से ‘ईसा को “यहूदियों का बादशाह” कहा| यह उनवान लकड़ी की तख़्ती पर भी लिखा गया था और ‘ईसा के सलीब के ऊपर लगाया गया था|
- ‘ईसा हक़ीक़त में यहूदियों का बादशाह है और सारी मख़लूक का बादशाह है|

## तर्जुमे की सलाह:

- "यहूदियों के बादशाह" लफ़्ज़ का तर्जुमा "यहूदियों पर बादशाह" या "बादशाह जो यहूदियों पर हुकूमत करता है" या "यहूदियों का सबसे बड़ा हाकिम" के तौर में भी किया जा सकता है।
- तर्जुमे में और जगहों में “का राजा” जुमले का तर्जुमा कैसे किया जाता है देखने के लिए जाँचें|

( यह भी देखें: : नसल, यहूदी, ‘ईसा, बादशाह, बादशाही, ख़ुदा की बादशाही, ‘अक़्लमन्द लोग)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- लूक़ा 23:3-5
- लूक़ा 23:36-38
- मत्ती 02:1-3
- मत्ती 27:11-14
- मत्ती 27:35-37

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानिओं से मिसालें:

- **23:09** कुछ वक़्त के बा’द, पूरबी मुल्कों के ‘अक़्लमन्द लोगों ने आसमान में एक तारा देखा| उन्होंने इसका मतलब समझा कि नया**यहूदियों का बादशाह** पैदा हुआ था|
- **39:09** पिलातुस ने ‘ईसा से पूछा, "क्या तुम **यहूदियों के बादशाह** हो?"
- **39:12** रोमी सिपाहियों ने ‘ईसा को मारा और शाही लिबास और उसके ऊपर काँटे से बने ताज़ को लगाया| तब उन्होंने यह कहकर उसका मज़ाक़ उड़ाया, “देखो, यहूदियों का बादशाह”
- **40:02** पिलातुस ने हुक्म दिया कि वे किसी निशान पर “यहूदियों का बादशाह” लिखें और उसे ईसा के ऊपर सलीब पर लगायें|

## शब्दकोश:

- Strong's: G935, G2453

# यक़ीन, यक़ीन करे, यक़ीन किया, ईमानदार, ईमान, बे-ईमान, बे-ईमानों , बे-ईमान,

## ता'अर्रुफ़:

“यक़ीन” और “ में यक़ीन करना” क़रीबी रिश्ते में हैं लेकिन इसके मा'ने में फ़र्क बहुत कम है।

## 1.ईमान

- यक़ीन करने के लिए कुछ यह क़ुबूल या यक़ीन है कि यह सच है |
- यक़ीन करने के लिए किसी को ये तस्लीम करना है कि क्या उस शख़्स ने सच कहा है |

## 2. यक़ीन करना

- "यक़ीन रखना " किसी शख़्स को " उस पर यक़ीन रखना " का मतलब है| * उस पर यक़ीन करने का मतलब है कि इन्सान वही है कि जो कहता है कि वह है, कि वह हमेशा सच बोलता है , और वह वही करेगा जो उसने करने का वा'दा किया है |
- जब कोई शख़्स वाक़'ई किसी चीज़ पर यक़ीन रखता है तो वह ऐसे तरीक़े से काम करेगा जो उस 'अक़ीदे को ज़ाहिर करता है |
- उस जुमले में "ईमान लाए "'आम तौर पर उसी मा'ने में "ईमान लाए "है |
- " 'ईसा में यक़ीन रखना " का मतलब ये है कि वह ख़ुदा का बेटा है, ये कि वह ख़ुद ही ख़ुदा है जो इन्सान बन गया और हमारे गुनाहों की अदाइगी करने के लिए जो क़ुर्बानी के तौर पर मर गया | * उसका मतलब ये है कि उसे नजाते दहिन्दा के तौर पर 'ऐतमाद करना और उसी तरह से उसकी 'इज़्ज़त करना है |

किताब-ए-मुक़द्दस में "जो शख़्स ईमान लाता है और 'ईसा मसीह पे नजात दहिन्दा के तौर पर अनह्सार करती है उस से मुराद है "

- लफ्ज़ी मा'ने का मतलब है " जो शख़्स ईमान लाता है "
- लफ़्ज़ मसीही " आख़िर कार ईमानदारों के लिए ख़ास 'अन्वान बन गया क्यूँकि यह इशारा करता है कि मसीह में ईमान रखते हैं और उनकी ता'लीमात की इता'अत करते हैं |

" बे 'ऐतक़ाद "किसी चीज़ या किसी को यक़ीन नही करता, |

- किताब-ए-मुक़द्दस में, "बे-ईमानी" 'ईसा पर 'ऐतमाद नही करता या भरोसा नही करता है कि वह एक नजात दहिन्दा है|
- एक शख़्स जो 'ईसा के बारे में ईमान नही रखता , "उसे बे ईमान "कहा जाता है |

## तर्जुमा की सलाह :

- “यक़ीन करने” का तर्जुमा हो सकता है“जानना कि सच क्या है” या “अच्छा होने का 'इल्म ” किया जा सकता है।
- "यक़ीन रखने" के तौर पर " मुकम्मल तौर पर 'ऐतमाद " या " 'ऐतमाद और इता'अत " के तौर पर तर्जुमा किया जा सकता है या " मुकम्मल तौर पर 'अमल करें |"
- कुछ तर्जुमा शायद " 'ईसा में मोमिन " या मसीह " में ईमान लाने के लिए तरजीह देते हैं |
- यह लफ़्ज़ का तर्जुमा भी किया जा सकता है जिसका मतलब है "कि जो शख़्स 'ईसा पर 'एतमाद रखता है "या "जो कोई 'ईसा को जान्ता है और उसके लिए ज़िन्दा रहता है "
- तर्जुमा करने का दूसरा तरीक़ा " 'ईसा का पैरोकार "या " जो शख़्स 'ईसा को जानता है और उसकी इता'अत करता है" हो सकता है |
- मसीह में किसी ईमानदार के लिए एक 'आम लफ़्ज़ है, जबकि " शागिर्द और रसूल ख़ास तौर पर उन लोगों के लिए इस्ते'माल किया गया है जो 'इसा को जानता था जबकि वह ज़िन्दा था | ये सबसे बहतर है कि उन शरायत को मुख़्तलिफ़ तरीक़ों से तर्जुमा करें, ताकि उन्हें अलग रखने के लिए |
- "बे 'ऐतक़ाद"तर्जुमा करने के दुसरे तरीकों में " ईमान की कमी"या" ईमान नहीं लाना"शामिल हो सकता है |

"जो शख़्स 'ईसा में यक़ीन नहीं करता " या"किसी ऐसे शख़्स को जो नजात दहिन्दा के तौर पर 'ईसा में 'एतमाद नही है " पर तर्जुमा किया जा सकता है |

\ :यह भी देखें)ईमान , \ रसूल , \ 'ईसाई , \ शागिर्द , \ यक़ीन , \ 'ऐतमाद (

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाईश15:6-8
- पैदाईश 45:24-26
- अय्यूब 09:16-18
- हबक्कूक़ 01:5-7
- मरक़ुस 06:4-6
- मरक़ुस 01:14-15
- लुक़ा 09:41-42
- युहन्ना 01:12-13
- रसूलों के 'आमाल 06:5-6
- रसूलों के 'आमाल 09:40-43
- रसूलों के 'आमाल28:23-24
- रोमियों 03:3-4
- 1 कुरिन्थियों 06:1-3
- 1कुरिन्थियों 09:3-6
- 2 कुरिन्थियों 06:14-16
- 'इबरानियों 03:12-13
- 1 युहन्ना 03:23-24

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों की मिसालें:

- **03:04** नूह ने लोगों को बाढ़ के बारे में आगाह किया, और कहा कि ख़ुदा की तरफ़ दिल फिराओ पर उन्होंने नूह पर **यक़ीन** नहीं किया।
- **04:08** अब्राम ने ख़ुदा के 'अहद पर **यक़ीन** किया। ख़ुदा ने 'ऐलान किया कि अब्राम रास्तबाज़ है, क्योंकि उसने ख़ुदा के 'अहद पर **यक़ीन किया** है।
- **11:02** ख़ुदा ने कहा कि, वह इन्सान जो उस पर **यक़ीन करेंगा** वह उसके पहिलौठे बेटे को बचाएगा।
- **11:06** लेकिन मिस्रियों ने ख़ुदा पर यक़ीन नहीं किया था या उनके हुक्मों की इता'अत नहीं की थी |
- **37:05**'ईसा ने जवाब दिया " मैं क़यामत और ज़िन्दगी हूँ | जो भी **ईमान** लाएगा वह और में ज़िन्दा रहूँगा | हर कोई **यक़ीन** रखता है मैं कभी नहीं मरूंगा | क्या आप **यक़ीन** रखते हैं ?"
- **43:01**'ईसा मसीह के आसमान में जाने के बा'द, शागिर्द यरूशलीम में रहेंगे क्यूँकि 'ईसा ने उन्हें हुक्म दिया था | **ईमानदार** एक साथ दु'आ करने के लिए जमा' हुए थे |
- **43:03**जब **ईमानदार**सब एक साथ थे, अचानक वह घर जहाँ वह एक मौजूद थे वह तेज़ हवा की तरह आवाज़ से भरा हुआ था फ़िर कुछ जो आग की लपट की तरह लगती थी जैसे तमाम ईमानदारों के सरों पर आया ठहरी |
- **43:13** हर दिन ज़्यादा _**ईमानदारों** की तादाद बढ़ती रही |
- **46:06** उस दिन से यरुशलीम में बहुत से लोगों ने ईसा के **ईमानदारों** को सताना शुरू' किया इसलिए ईमानदार दूसरी जगह भाग गए | लेकिन उसके बावजूद भी, उन्होंने हर जगह 'ईसा के बारे में तबलीग़ की |
- **46:01** साऊल एक जवान आदमी था जो उन लोगों के कपड़ों की देख रेख कर रहा था, जो लोग इस्तिफ़ुनुस को क़त्ल किया था| उसने 'ईसा पर **यक़ीन** नहीं किया, इसलिए उन्होंने ईमानदारों को परेशान किया

* _46:09यरूशलीम में ज़ूल्म व सितम से भागने वाले कुछ _ईमानदार _ अन्ताकिया शहर में चले गए और 'ईसा के बारे में तबलीग़ की। यह अन्ताकिया कि 'ईसा में _ईमान लाने वालों __ को पहले "मसीही" कहा गया।

- **47:14**उन्होंने बातों में ईमानदार की हौसला अफज़ाई और सिखाने के लिए बहुत से ख़ुतूत भी कलीसियाओं लिखे |

## शब्दकोश:

- Strong's: H539, H540, G543, G544, G569, G570, G571, G3982, G4100, G4102, G4103, G4135

# रखवाला, रखवाले

## ता’अर्रुफ़:

“रखवाला” लफ़्ज़ के हक़ीक़ी मा’ने हैं चरवाहा। इसका इस्ते’माल ईमानदारों की जमा’त के रूहानी रहनुमाके लिए भी किया जाता है।

- अंग्रेजी कलाम में यह लफ़्ज़ एक ही बार इफिसियों के ख़त में आया है। यह लफ़्ज़ वही है जिसको “चरवाहा” कहा गया है।
- कुछ जबानों में “रखवाले” के लिए “चरवाहा” लफ़्ज़ काम में लिया गया है।
- यह वही है जो ‘ईसा के लिए काम में लिया गया था, “अच्छा चरवाहा”

## तर्जुमे की सलाह :

- सबसे अच्छा तो यही होगा कि इस लफ़्ज़ कातर्जुमा , “चरवाहा” किया जाए।
- इस लफ़्ज़ के और तर्जुमे हो सकते हैं, “रूहानी चरवाहा” या “चरानेवाला

(यह भी देखें: चरवाहा, भेंड)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- इफिसियों- 04:11-13

## शब्दकोश:

- Strong's: H7462, G4166

# रब्बी

## ता'अर्रुफ़:

"रब्बी" लफ़्ज़ का सही मतलब है "मेरा मालिक" या "मेरा उस्ताद"

- यह एक इज़्ज़त वाला 'उहदा है जो यहूदी मज़हबी उस्ताद के लिए काम में लिया जाता था, ख़ास करके ख़ुदा की शरी'अत का उस्ताद|
- युहन्ना बपतिस्मा देनेवाले को और 'ईसा को भी कभी-कभी शागिर्द "रब्बी" कहते थे।

## तर्जुमे की सलाह:

- इस लफ़्ज़ के तर्जुमा के तरीक़े हो सकते हैं, "मेरा मालिक" या "मेरे उस्ताद" या "मो'अज़्ज़िज़ उस्ताद" या "मज़हबी उस्ताद" कुछ ज़बानों में ऐसे अहतराम को बड़े हर्फ़ में लिखा जाता है तो कुछ में नहीं लिखा जाता है।
- मक़सदी ज़बान में उस्तादों को मुख़ातिब करने का एक ख़ास तरीक़ा हो सकता हैं।
- यक़ीनी बनाएँ कि इस लफ़्ज़ के ऐसे तर्जुमें से 'ईसा किसी मदरसे का उस्ताद न समझ में आए।
- उसी ज़बान के या क़ौमी ज़बान की किताब-ए-मुक़द्दस तर्जुमा में "रब्बी" के तर्जुमा पर भी ध्यान दें।

देखें: नामा'लूम अलफ़ाज़ का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: उस्ताद)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- युहन्ना 01:49-51
- युहन्ना 06:24-25
- मरकुस 14:43-46
- मत्ती 23:8-10

## शब्दकोश:

- Strong's: G4461

# रसूल, रसूलों, रिसालत

## ता’अर्रुफ़:

“रसूलों”, ईसा के ज़रिए' भेजे गए आदमी जो ख़ुदा और उसकी बादशाही के नबी थे। “रसूलियत” या'नी रसूल होने के लिए चुने गए आदमियों का 'उहदा और इख्तियार ।

- “रसूल” लफ़्ज़ का मतलब है, “ख़ास मक़सद के लिए भेजा गया आदमी ”। रसूल के पास वही इख्तियार होता है जो भेजनेवाले के पास है।
- ईसा के वह बारह ख़ास शागिर्द पहले रसूल थे। दूसरे आदमी, जैसे कि पौलुस और या'क़ूब भी रसूल हुए थे।
- ख़ुदा के क़ूव्वत से रसूल बेख़ौफ़ होकर ख़ुशख़बरी सुनाने के लायक़ हुए थे और वह बीमारों को चंगा करते थे और बदरूहों को भी निकालते थे।

## तर्जुमा की सलाह:

- “रसूल” लफ़्ज़ का तर्जुमा ऐसे लफ़्ज़ या जुमलों के ज़रिए' भी किया जा सकता है जिसका मा'ना “भेजा गया आदमी” या “भेजा गया” या “लोगों को ख़ुदा का पैग़ाम सुनाने के लिए बुलाया गया और भेजा गया आदमी ”।
- “रसूल” और “शागिर्द” लफ़्ज़ों का तर्जुमा मुखतलिफ़ लफ़्ज़ो में किया जाना ज़रूरी है।

इस बात का भी ध्यान रखें कि इस लफ़्ज़ का तर्जुमा मक़ामी या क़ौमी ज़बान के कलाम तर्जुमा में कैसा है। (देखें: नए लफ़्ज़ों का तर्जुमा कैसे करे)

(यह भी देखें: इख्तियार, चेले, या'क़ूब (जब्दी का बेटा), पौलुस, बारह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- यहूदा 01:17-19
- लूका 09:12-14

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसाल :

- **26:10** फिर ईसा ने बारह लोगों को चुना, जो कि **रसूल** कहलाए। **रसूल** ईसा के साथ-साथ चलते थे और वह ईसा से सीखते थे।
- **30:01** ईसा ने 'एलान करने के लिए और कई अलग- अलग शहरों में लोगों को सिखाने के लिए अपने _शागिर्दों _ को भेजा।
- **38:02** ईसा के **शागिर्दों** में से एक यहूदा नाम का एक आदमी था। वह **शागिर्दों** के माल की देखभाल करता था, वह पैसों से मुहब्बत करता था और अकसर उसमें से चुराता था।
- **43:13** शागिर्द लगातार **रसूलों** से ता'लीम पाने, और शाथ रखने, और रोटी तोड़ने, और दु'आ करने में मशगूल रहे।
- **46:08** तब बरनबास ने उसे अपने साथ **रसूलों** के पास ले जाकर उनको बताया कि दमिश्क़ में इसने कैसे ग़लत तरीक़े से ईसा के नाम से 'एलान किया।

## शब्दकोश:

- Strong's: G651, G652, G2491, G5376, G5570

# रहम, रहमदिल

## ता’अर्रुफ़:

“रहम” और “रहमदिल” लफ़्ज़ों का मतलब है ज़रूरत मन्द लोगों की मदद करना ख़ास करके जब वह कमज़ोर और लाचार हों।

- “रहम” का मतलब यह भी है कि लोगों को उनकी ग़लती की सज़ा न देना।
- कोई ताक़तवर आदमी जैसे बादशाह को “रहमदिल” कहा जाता है जब वह अपनी रि'आया को नुक़सान पहुंचाने की बदले उनके साथ रहम का सुलूक करता है।
- रहमदिल होने का मतलब यह भी है कि किसी को हमारे साथ बुराई करने के लिए मु'आफ़ कर देना।
- जब हम बड़ी ज़रूरत में फंसे लोगों की मदद करते हैं तब हम रहम होता है।
- ख़ुदा हम पर रहम करता है और चाहता है कि हम दूसरों के साथ भी रहम के जैसा सुलूक करें।

## तर्जुमा की सलाह:

- जुमले के मुताबिक़ “रहम” का तर्जुमा “एहसान” या “शफ़क़त” या “”रहम भी किया जा सकता है।
- “रहमदिल” का तर्जुमा “ रहम दिखाना” या “किसी पर महेरबान होना” या “बख़्शने वाला” होना।
- “रहम दिखाना” या “ रहम करना” का तर्जुमा “रहम के जैसे सुलूक करना” या “रहम दिखाना” भी हो सकता है।

(यह भी देखें: रहम, मु’आफ़)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 पतरस 01:3-5
- 1 तीमुथियुस 01:12-14
- दानिएल 09:17-19
- ख़ुरुज 34: 5-7
- पैदाइश 19: 16-17
- 'इब्रानियों 10:28-29
- या'क़ूब 02:12-13
- लूक़ा 06:35-36
- मत्ती 09:27-28
- फ़िलिप्पियों 02:25-27
- ज़बूर 041:4-6
- रोमियो 12:1-2

## किताब-ए-मुकद्दस की कहानियों से मिसालें:

- **19:16** उन्होंने लोगों से कहा कि वह मा'बूदों की 'इबादत करना बंद कर दें, और दूसरों के लिए इन्साफ़ और उन पर **रहम** करना शुरू' करें।
- **19:17** एक बार यरमियाह नबी को सूखे कुएँ में डाल दिया और उसे वहाँ मरने के लिए छोड़ दिया। कुएँ में पानी नहीं सिर्फ़ दलदल थी, और यरमियाह कीचड़ में धंस गया, लेकिन तब बादशाह ने उस पर **रहम** किया और उसने अपने ख़ादिमों को हुक्म दिया कि मरने से पहले उसे कुएँ में से निकाल लाए।
- **20:12** फ़ारस की सल्तनत बहुत ही मज़बूत थी लेकिन हारे हुए लोगों के लिए रहम **रहमदिल** था।
- **27:11** तब 'ईसा ने क़ानून के माहिर से पूछा, “ तुम्हें क्या लगता है इन तीनों में से उसका पड़ोसी कौन ठहरा?” उसने जवाब दिया, “ वही जिसने उस पर **रहम** किया।”
- **32:11** लेकिन 'ईसा ने उससे कहा, "नही, मैं चाहता हूँ कि तुम घर लौट जाओ और जाकर अपने दोस्तों और ख़ानदान के लोगों को वह सब बता जो ख़ुदा ने तुझ पर **रहम** करके तेरे लिए कैसे बड़े बड़े काम किए हैं |
- **34:09** लेकिन जिज़्या लेने वाला फ़रीसी दूर खड़े होकर, आसमान की तरफ़ आँखें उठाना भी न चाहा, इसके बजाए अपनी छाती पीट-पीटकर कहा, ‘ऐ ख़ुदा मुझ पर **रहम** कर क्यूँकि मैं गुनाहगार हूँ।’”

## शब्दकोश:

- Strong's: H2551, H2603, H2604, H2616, H2617, H2623, H3722, H3727, H4627, H4819, H5503, H5504, H5505, H5506, H6014, H7349, H7355, H7356, H7359, G1653, G1655, G1656, G2433, G2436, G3628, G3629, G3741, G4698

# रास्तबाज़, रास्तबाज़ी

## ता’अर्रुफ़:

“रास्तबाज़ी ” ख़ुदा की भलाई, इन्साफ़, वफ़ादारी और मुहब्बत के बारे में काम में लिया गया लफ़्ज़ है। इन ख़ुसूसियत के होने से ख़ुदा "रास्तबाज़" बनता है। क्योंकि ख़ुदा रास्तबाज़ है, उसके लिए गुनाह की सज़ा देना ज़रूरी है।

- इन अलफ़ाज़ के ज़रिए’ ख़ुदा के फ़रमाबरदार और नेक इन्सान का भी किरदार का ज़िक्र किया जाता है। लेकिन सबने गुनाह किया है, इसलिए ख़ुदा को छोड़ कोई भी पूरा रास्तबाज़ नहीं है।
- किताब-ए-मुक़द्दस में जिन लोगों को "रास्तबाज़" कहा गया है वे हैं नूह, अय्यूब, इब्राहीम, ज़करियाह और इलीशिबा।
- नजात के लिए ‘ईसा में ईमान करनेवालों को ख़ुदा गुनाहों से पाक करता है और ‘ईसा की रास्तबाज़ी की वजह से उन्हें रास्तबाज़ कहता है।

लफ़्ज़ "नारास्त" का मतलब होता है गुनाह गार और अख़लाक़ी तौर पर बाग़ी| "नारास्त" गुनाह और गुनाहगार होने की हालत के बारे में बताता है|

- ये लफ़्ज़ ख़ास तौर से ऐसे तरीक़े से जीने का ज़िक्र करते हैं जो ख़ुदा की ता’लीमत और हुक्मों का ज़िक्र करते हैं|
- नारास्त लोग अपने ख़्यालों और ‘आमाल में ग़ैरइख़लाक़ी हैं|
- कभी-कभी “नारास्त” उन लोगों के बारे में बात करता है जो ‘ईसा में ईमान करते हैं|

“ईमानदार” और “इमानदारी” लफ़्ज़ ऐसे तरीक़े से काम करते हैं जो ख़ुदा के क़वानीन पर ‘अमल करते हैं|

- इन अलफ़ाज़ का मतलब सीधे खड़े होने और आगे का ख़याल शामिल है|
- एक इन्सान जो “ईमानदार” है वह कोई है जो ख़ुदा के क़वानीन का ‘अमल करता है और अपनी मर्ज़ी की ख़िलाफ़ काम नहीं करता है|
- लफ़्ज़ जैसे "सदाक़त" और "रास्तबाज़ी" एक जैसे मतलब रखते हैंऔर कभी कभी मुतवाज़ी ता’मीरात में इस्ते’माल होते हैं, जैसे “सदाक़त और रास्तबाज़ी” (देखें: मुतवाज़ी

## तर्जुमे की सलाह:

- जब ख़ुदा का ज़िक्र होता है, तब “रास्तबाज़” का तर्जूमा होगा, “पूरी तरह से भला और इन्साफ़ पसन्द” या “हमेशा वफ़ादारी निभानेवाला” हो सकता हैं।
- ख़ुदा की “रास्तबाज़ी” का तर्जुमा “कामिल वफ़ादारी और भलाई” हो सकता है।
- ख़ुदा के फ़रमाबरदार इन्सानों के ज़िक्र में “रास्तबाज़” लफ़्ज़ का तर्जुमा हो सकता है, “अख़लाक़ में सही” या “इन्साफ़ पसन्द ” या “ख़ुदा के ख़ुश करनेवाली ज़िन्दगी गुज़ारने वाले के तौर पर हो सकता हैं”।
- “रास्तबाज़” का तर्जुमा “रास्तबाज़ लोग” या “ख़ुदा का डर मानने वाले लोग” के तौर पर हो सकता है।
- पमज़मून पर मुनहस्सिर “रास्तबाज़ी” का तर्जुमा एक ऐसे लफ़्ज़ या जुमले के ज़रिए’ किया जा सकता है जिसका मतलब, “अच्छाई” या “ख़ुदा के सामने कामिल होना” या ख़ुदा के हुक्म मानकर सही सुलूक करना” या “पूरी तरह से कामिलियत के काम करना” हो सकता है।
- कभी-कभी “रास्तबाज़” लफ़्ज़ का इस्ते’माल ‘अलामती शक्ल में भी किया जा सकता है जिसका मतलब ऐसे इन्सानों से किया गया है जो ख़ुद को रास्तबाज़ समझते हैं” या “लोग जो रास्तबाज़ दिखते है।”
- लफ़्ज़"नारास्त" का तर्जुमा हो सकता है “रास्तबाज़ नहीं”
- मज़मून पर मुनहस्सिर, तर्जुमे के और तरीक़े शामिल हो सकते हैं जैसे “बुरा” या “ग़ैरअख़लाक़ी” या “लोग जो ख़ुदा के ख़िलाफ़ बग़ावत” या “गुनाहगार”|
- जुमले "नारास्त" का तर्जुमा हो सकता है “नारास्त लोग”|
- लफ़्ज़ "नारास्त" का तर्जुमा हो सकता है "गुनाह" या "बुरे ख़याल या ‘आमाल "बुराई."
- अगर मुमकिन हो, ये सब से बेहतर है कि इस तरह इसका तर्जुमा करें जो अपने रिश्ते को “रस्तबाज़, रास्तबाज़ी” से ज़ाहिर करें|
- “सीधे” तर्जुमा करने के तरीक़े में “सही तरीक़े से किरदार” या “जो सही तरीक़े से काम करना है” या ख़ुदा के क़वानीन पर ‘अमल” या “ख़ुदा के फरमाबरदार” या “ सही तरीक़े से सुलूक करना” शामिल हो सकता है|
- “ईमानदारी” लफ़्ज़ का तर्जुमा “इख़लाक़ी पाकी” या “अच्छा इख़लाक़ी किरदार” या “अच्छाई” के तौर पर किया जा सकता है|
- “सीधे” जुमले का तर्जुमा “सीधे लोग” या “सीधे लोग” की शक्ल में किया जा सकता है|

(यह भी देखें: बुराई, वफ़ादार, अच्छा, पाक, integrity, पाक, क़ानून, शरी’अत, हुक्म मानना, सही, रास्तबाज़, गुनाह, ग़ैरक़ानूनी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- इस्तिस्ना 19:15-16

- या'क़ूब 01:6-8
- ज़बूर 037:28-30
- ज़बूर 049:14-15
- ज़बूर 107:41-43
- वाइज़ 12:10-11
- यसा'याह 48:1-2
- हिज़क़ीएल 33:12-13
- मलाकी 02:5-7
- मत्ती 06:1-2
- 'आमाल 03:13-14
- रोमियो 01:29-31
- 1 कुरिन्थियों 06:9-11
- गलतियों 03:6-9
- कुल्लुसियो 03:22-25
- 2 थिस्सुलूनिकियो 02:8-10
- 2 तिमथियुस 03:16-17
- 1 पतरस 03:18-20
- 1 युहन्ना 01:8-10
- 1 युहन्ना 05:16-17

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **03:02** लेकिन नूह ने ख़ुदा की तरफ़दारी पायी. वह **रास्तबाज़** आदमी था, और बदकारों की बीच रहता था|
- **04:08** ख़ुदा ने इब्राहीम को **रास्तबाज़**मुकर्रर किया था क्यूँकि वह ख़ुदा के 'अहदनामे में ईमान करता था|
- **17:02** दाऊद एक हलीम और **रास्तबाज़**इंसान था जो ख़ुदा में ईमान और उसकी फरमाबरदारी करता था|
- **23:01** यूसुफ़, जिसने मरियम से मंगनी की थी, जो एक **रास्तबाज़** इन्सान था|
- **50:10** तब**रास्तबाज़** लोग अपने ख़ुदाबाप की बादशाही में सूरज की तरह चमकते हैं|"

## शब्दकोश:

- Strong's: H205, H1368, H2555, H3072, H3474, H3476, H3477, H3483, H4334, H4339, H4749, H5228, H5229, H5324, H5765, H5766, H5767, H5977, H6662, H6663, H6664, H6665, H6666, H6968, H8535, H8537, H8549, H8552, G93, G94, G458, G1341, G1342, G1343, G1344, G1345, G1346, G2118, G3716, G3717

# रूह , रूहें , रूहानी

## त'अर्रुफ़:

“रूह ” इन्सान का वह ग़ैर जिस्मानी हिस्सा है जो दिखाई नहीं देता है। मरने के वक़्त रूह शरीर को छोड़ देती है। “रूह” लफ़्ज़ रवय्या या जज़्बात हालत को भी दिखता है।

- “रूह ” का शरीर नहीं होता है, ख़ास करके बदरूह का।
- इन्सान की रूह वह 'अज़ू है जो ख़ुदा को जानती है और उसमें ईमान करती है।
- “रूहानी ” लफ़्ज़ का 'आम मतलब है, ग़ैर जिस्मानी दुनिया का कोई भी वजूद ।
- कलाम में इसका बयान उस किसी भी बात से है जो ख़ुदा से त'अल्लुक़ रखती है, ख़ास करके पाक रूह से।
- मिसाल केतौर पर , “रूहानी खाना ” या'नी ख़ुदा की ता'लीमें जो इन्सान की रूह की परवरिश करती हैं। “रूहानी, अक़्ल” का मतलब \इल्म और रास्तबाज़ी के जैसा सुलूक जो पाक रूह की ताक़त से हासिल होता है।
- ख़ुदा रूह है और उसने दूसरे रूहानी मख़लूक़ात को पैदा किया है जिसके शरीर नहीं हैं।
- फ़रिश्ते रूहानी रूहें हैं इनमें ख़ुदा से बग़ावत करके बदरूह बननेवाली रूहें भी हैं।
- “रूह” लफ़्ज़ का मतलब “का सा किरदार” जैसे “'अक़्ल की रूह” या “एलियाह की रूह में”।
- रवय्या और जज़्बात के तौर में “रूह” के बारे में होगा, “खौफ़ की रूह ” या “हसद की रूह ”

## तर्जुमा की सलाह:

- जुमले के मुताबिक़ “रूह” के तर्जुमा की कई शक्लें हो सकती हैं, “गैर जिस्मानी ” या “अन्दुरूनी हिस्सा ” या “अन्दुरूनी वजूद ”।
- कुछ बयानों में “रूह ” का तर्जुमा “बदरूह” या “बुरी रूहानी ” से हो सकता है।
- कभी-कभी “आत्मा” शब्द मनुष्य की भावना को व्यक्त करने के लिए काम में लिया जाता है जैसे “मेरी रूह अन्दर ही अन्दर परेशान थी”। इसका तर्जुमा “मेरी रूह परेशान थी” या “मुझे गहरा दुख” हो सकता है।
- “की रूह” का तर्जुमा “का किरदार” या “का अन्दाज़” या “का रवय्या” या “सोच के ज़रिए' ख़ासियत” हो सकता है।
- ख़ुलासे के तौर पर, "रूहानी" का तर्जुमा "ग़ैर रूहानी" या " पाक रूह से" या "ख़ुदा" या "ग़ैर -जिस्मानी दुनिया का हिस्सा" की शक्ल में किया जा सकता है।
- मुनासिब जुमला " रूहानी दूध" का तर्जुमा "ख़ुदा की बुनियादी ता’लीम " या "ख़ुदा की ता'लीमों की शक्ल में भी किया जा सकता है जो रूह की परवरिश करते हैं (जैसे दूध करता है)।"
- जुमला रूहानी पुख़्तगी " का तर्जुमा "ख़ुदा के सुलूक के तौर पर किया जा सकता है जो पाक रूह की फ़रमाबरदारी करता है।"
- लफ़्ज़ "रूहानी तोहफ़ा " की शक्ल में तर्जुमा किया जा सकता है "ख़ास सलाहियत पाक रूह देता है ।

(यह भी देखें: फ़रिश्ते, बदरूह, पाक रूह , जान)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 05:3-5
- 1 यूहन्ना 04:1-3
- 1 थिस्सलुनीकियों 05:23-24
- रसूलों के 'आमाल 05:9-11
- कुलुस्सियों 01: 9-10
- इफ़िसियों 04:23-24
- पैदाइश 07:21-22
- यसा'याह 04: 3-4
- मरकुस 01:23-26
- मत्ती. 26:39-41
- फ़िलिप्पियों 01:25-27

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसाल:

- **13:03** तीसरे दिन तक, वह अपने आप को **रूहानी शक्ल** से तैयार करे ,जब ख़ुदा सीनै पहाड़ पर आया तो बादल गरजने और बिजली चमकने लगी और पहाड़ पर काली घटा छा गई फिर नरसिंगे की बड़ी ज़ोर से आवाज़ हई |
- **40:07** तब 'ईसा ने रोते हुए कहा, “पूरा हुआ! ऐ बाप , मैं अपनी रूह तेरे हाथों में सौंपता हूँ | ” तब 'ईसा का सिर झुक गया, और उसने अपनी रूह को ख़ुदा के हाथ में सौंप दिया |
- **45:05** जब स्तिफ़नुस मरने पर था, वह दु'आ करने लगा कि, “ऐ ख़ुदावन्द ख़ुदा 'ईसा मेरी रूह को क़ुबूल कर |”
- **48:07** सभी लोगों का झुण्ड'ईसा की वजह से मुबारक हुआ, क्यूँकि हर कोई जिसने 'ईसा पर ईमान किया अपने गुनाहों से छुटकारा पाया, और इब्राहीम का एक _रूहानी _ नसल बना |

## शब्दकोश:

- Strong's: H178, H1172, H5397, H7307, H7308, G4151, G4152, G4153, G5326, G5427

# लायक़, क़ीमती, नालायक़ , निकम्मा

## ता’अर्रुफ़:

“लायक़ ” लफ़्ज़ किसी ऐसे इन्सान या चीज़ का बयान करता है जो बड़ाई या इज़्ज़त के लायक़ है। “क़ीमत ” या’नी क़ीमती या ख़ास होना “निकम्मा” या’नी किसी काम का नहीं

- “लायक़ ” या’नी काम का या ख़ास
- “नालायक़ ” या’नी ख़ास काम के लायक़ नहीं
- लायक़ मा’लूम न होना या’नी किसी की बराबरी में कम अहमियत का होना या इज़्ज़त और रहम के सुलूक के क़ाबिल न होना।
- “नालायक़” और “निकम्मा” मुन्सलिक़ लफ़्ज़ हैं लेकिन इनके मतलब अलग-अलग हैं। नालायक़ या’नी इज़्ज़त या मान के लायक़ नहीं । “निकम्मा” या’नी किसी काम का नहीं या किसी अहमियत का नहीं।

## तर्जुमे की सलाह

- “लायक़ ” का तर्जुमा हो सकता है, “क़ाबिलयत ” या “ख़ास ” या “फ़ायदेमंद ”।
- “क़ीमत ” का तर्जुमा हो सकता है “इज़्ज़त ” या “अहमियत ”
- “की क़ीमत ” का तर्जुमा हो सकता है, “क़ीमती होना” या अहम होना।
- “उसकी क़ीमत .... से ज़्यादा है” का तर्जुमा हो सकता है, "की बराबरी में ज़्यादा क़ीमती है।",
- मज़मून पर मुनहसिर “नालायक़” का तर्जुमा हो सकता है, “बिना अहमियत ” या “बे इज़्ज़त ” या “बेकार ”
- “निकम्मा” का तर्जुमा हो सकता है, “किसी काम का नहीं” या “किसी मक़सद का नहीं” या “बिना अहमियत ”

(यह भी देखें: इज़्ज़त

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 समूएल 22:3-4
- 2 थिस्सलुनीकियों 01:11-12
- रसूलों के 'आमाल 13:23-25
- रसूलों के 'आमाल 25:25-27
- रसूलों के 'आमाल 26:30-32
- कुलुस्सियों 01: 9-10
- यरमियाह 08: 18-19
- मरकुस 01:7-8
- मत्ती 03:10-12
- फिलिप्पियों 01:25-27

## शब्दकोश:

- Strong's: H117, H639, H1929, H3644, H4242, H4373, H4392, H4592, H4941, H6994, H7939, G514, G515, G516, G2425, G2661, G2735

# ला’नत , ला’नती , ला’नत दे, कोसता है

## ता’अरुफ़:

यह लफ़्ज़ “ला’नत ” का मतलब है कि नकारात्मक चीज़े किसी आदमी या चीज़ के साथ हो जिसे ला’नत दी जा रही है।

- ला’नत एक बोल है कि किसी की नुक़सान हो।
- किसी को ला’नत देना एक कलाम या ख़्वाहिश भी हो सकती है कि उस आदमी के साथ बुरा हो।
- इसका बयान किसी के लिए किसी के ज़रिए’ सज़ा देना या दिया जाना या कुछ बुरा सोचना होता है।

## तर्जुमे की सलाह:

- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा “बुरा करवाना” या “बुराई का ऐलान करना” या “बुरी बातें होने की क़सम खाना”, हो सकता है।
- फ़र्माबरदार इन्सानों पर ख़ुदा की ला’नत के बारे में तर्जुमा इस तरह हो सकता है, “बुराई होने की इजाज़त के ज़रिये सज़ा देना”
- “ला’नती ” लफ़्ज़ जब आदमियों के लिए हो तो इसका तर्जुमा हो सकता है “(इसआदमी ) ज्यादा परेशानी का तजुर्बा होगा”।
- जुमलों "ला’नती होना" का तर्जुमा किया जा सकता है, "(उस आदमी ) कठिनाइयों का तजुर्बा हो सकता है।"
- जुमलों , "ला’नती ज़मीन है" का तर्जुमा किया जा सकता है, "ज़मीन उपजाऊ नहीं होगी।"
- “ला’नती हो, जिस दिन मै पैदा हुआ" का भी तर्जुमा किया जा सकता है, "मैं इतना दुखी हूं, बेहतर होता कि मै पैदा ही नहीं होता।"
- हालांकि, अगर मकसदी ज़बान में जुमलों "ला’नती है" है और इसका मतलब एक ही है, तो उसी जुमले को रखना अच्छा है।

(यह भी देखें: बरकत)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 शमूएल 14:24-26
- 2 पतरस 02:12-14
- गलातियों 03:10-12
- गलातियों 03:13-14
- पैदाइश 03:14-15
- पैदाइश 03:17-19
- या'कूब 03:9-10
- गिनती 22:5-6
- ज़ुबूर 109:28-29

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों सेमिसाल:

- **02:09** ख़ुदा ने साँप से कहा, “तुम _ला’नती _ हों।”
- **02:11** “अब ज़मीन _ला’नती _ है, और तुम्हें उसकी पैदावार खाने के लिये कड़ी मेहनत करनी होगी।”
- **04:04** “जो तुझे बरकत देंगे उन्हें मैं बरकत दूँगा और जो तुझे _ला’नत _ देंगे उन्हें मैं _ला’नत _ दूँगा।”
- **39:07** तब पतरस क़सम खाने लगा, “अगर मैं उस आदमी को जानता हूँ तो ख़ुदा मुझे _ला’नत _ दे।”
- **50:16** क्योंकि आदम और हव्वा ने ख़ुदा की हुक्म उदूली किया और इस दुनिया में गुनाह को लाए, इसलिये ख़ुदा ने इसे **बद्दुआ दिया** और इसे हलाक करने का फ़ैसला किया।

## शब्दकोश:

- Strong's: H422, H423, H779, H1288, H2763, H2764, H3994, H5344, H6895, H7043, H7045, H7621, H8381, G331, G332, G685, G1944, G2551, G2652, G2653, G2671, G2672, G6035

# लेपालक, गोद लेना, अपनाना

## ता’अर्रुफ़:

“गोद लेना” और “लेपालक” या'नी माँ-बाप के 'अलावह किसी के ज़रिए' किसी को क़ानूनी तौर से गोद लेने का रद्द-ए-'अमल ।

- कलाम में “लेपालक”लफ़्ज़ का इस्ते'माल 'अलामती शक्ल में किया गया है जो ज़ाहिर करता है कि ख़ुदा, लोगों को अपने ख़ानदान का मिम्बर बनाता है, उन्हें अपना रूहानी बेटा -बेटी बना लेता है।
- लेपालक औलाद होने की वजह ईमानदार मसीह ईसा के साथ वारिस हो गए हैं और उन्हें ख़ुदा के बेटा -बेटी की सब ज़रूरतें हासिल होती हैं।

## तर्जुमा की सलाह:

- इस लफ़्ज़ के तर्जुमा में ऐसा लफ़्ज़ काम में लिया जाए जो माँ-बाप और औलाद के ख़ास रिश्ते को दिखाए । वाजेह " करें कि इसका 'अलामती या रूहानी मतलब साबित हो।
- “लेपालक बेटों का तजुर्बा ” इसका तर्जुमा हो सकता है, “ख़ुदा के ज़रिए' बेटा होने के लिए गोद ले लेना” या “ख़ुदा की (रूहानी )औलाद होना”।
- "बेटों को गोद लेने का इन्तिज़ार करें" इसका तर्जुमा हो सकता है, "ख़ुदा के बच्चे बनने के लिए तैयार हैं " या "उम्मीद में ख़ुदा के लिए इन्तिज़ार करे बच्चों की शक्ल में हासिल करने के लिए"
- जुमला "उन्हें अपनाने" के तौर में तर्जुमा किया जा सकता है "उन्हें अपने बच्चों की शक्ल में हासिल करें" या "उन्हें ख़ुद (रूहानी ) बच्चों को बनाते हैं।"

(यह भी देखें: वारिस, हाकिम होना, रूह )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- इफिसियों 01:5-6
- गलातियों 04:3-5
- रोमियो 08:14-15
- रोमियो 08:23-25
- रोमियो 09:3-5

## शब्दकोश:

- Strong's: G5206

# वा’दा की सच्चाई,वा’दा की वफ़ादारी ,महरबानी

## ता’अर्रुफ़:

इस लफ़्ज़ से ख़ुदा के ज़रिये’ उसके लोगों से किये गए वह वा’दों को पूरा करने लिए ख़ुदा की वफ़ादारी ज़ाहिर होती है।

- “ख़ुदा ने इस्राईल से जो वादे किये थे वे रस्मी मुआ’हद: “’अहद ” में थे
- यहोवा के “वा’दा की यक़ीन के लायक़ ” या “वा’दे की वफ़ादारी ” का मतलब है कि वह अपने लोगों से किये गये वा’दों को पूरा करता है।
- ;अहद के वा’दों को पूरा करने में ख़ुदा की वफ़ादार का मतलब है, उसके लोगों के लिए उसके फज़्ल की मर्ज़ी |
- “वफ़ादार ” (मुहब्बत /महरबानी ) एक और लफ़्ज़ है जिसका मतलब है वा’दे को करना और कहने में सौंपना व मुनहसिर करने लायक़ जिससे किसी को फ़ायदा हो।

## तर्जुमे की सलाह:

इस लफ़्ज़ का तर्जुमा मुनहसिर करेगा कि “’अहद ” और “यक़ीन के लायक़ ” तर्जुमा कैसे किया गया है।

- इस लफ़्ज़ के तर्जुमे के और तरीके हैं, “भरोसे मन्द मुहब्बत ” या “वफ़ादारी के साथ हवाले करना ” या “यक़ीनी मुहब्बत |”।

(यह भी देखें: अहद, ईमान, फ़ज़्ल, इस्राईल, ख़ुदा के लोग, वा’दा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- ‘अज़्रा 03:10-11
- गिनती 14:17-19

## शब्दकोश:

- Strong's: H2617

# वा’दा,वा’दे ,वा’दा किया

## ता’अर्रुफ़:

वा’दा किसी काम को करने का ‘अहद है इन्सान किसी बात का वा’दा करता है तो वह उसे करने को ज़िम्मा लेता है।

- किताब-ए-मुक़द्दस में ख़ुदा ने अपने लोगों से अनेक वा’दे किये हैं।
- वा’दे ज़ाहरी समझौतों जैसे ‘अहदों का एक ख़ास हिस्सा होते हैं।
- वा’दा अक्सर क़सम के साथ किया जाता है कि उसका पूरा किया जाना अटल है।

## तर्जुमें की सलाह :

- “ वा’दा” लफ़्ज़ का तर्जुमा , “सौपना ” या “यक़ीन दिलाना ” या “ईमान ” हो सकता है।
- “किसी काम को करने का वा’दा” का तर्जुमा , “किसी को यक़ीन दिलाना कि आप कुछ करेंगे” या “किसी काम को करने का ज़िम्मा ”हो सकता है।

(यह भी देखें: ’अहद, क़सम, ‘अहद )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- गलातियों 03:15-16
- पैदाइश 25:31-34
- इब्रानियों 11:8-10
- याक़ूब 01:12-13
- गिनती 30:1-2

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **03:15** ख़ुदा ने कहा "मैं **वादा** करता हूँ कि मैं फिर कभी ज़मीन पर ला’नत नहीं दूंगा क्योंकि लोग बुरे काम करते हैं, या बाढ़ पैदा करके दुनिया को हलाक कर देते हैं, भले ही लोग उस वक़्त से गुनाहगार होते हैं जब वे बच्चे होते हैं।
- **03:16** ख़ुदा ने बादल में पहला कमान बनाया रखा **’अहद** के निशान की शक्ल में। जब भी आसमान में कमान दिखाई देगा, ख़ुदा अपने ’अहद_ को याद करेगा और लोग भी।
- **04:08** ख़ुदा ने अब्राम से कहा और दुबारा **’अहद** किया कि उसको एक बेटा होगा और उसकी औलाद आसमान में तारो की तरह होगी। अब्राम ने ख़ुदा के **’अहद** पर यक़ीन किया।
- **05:04** तुम्हारी बीवी , सारह को एक बेटा होगा - वह **वा’दा** का बेटा होगा।
- **08:15** 'अहद**वा'दा** ख़ुदा ने जो ‘अहद अब्राहम से कियाथा , इब्राहीम के बा’द इसहाक़ से, इसहाक़ के बाद याक़ूब और उसके बारह बेटों व उसके घराने से|
- **17:14**जबकि दाऊद ख़ुदा के लिए भरोसे के लायक़ न रहा, लेकिन ख़ुदा अपने **’अहद** पर खरा था।
- **50:01** ‘ईसा ने **वादा** किया कि दुनिया के आखीर में वह वापस आएगा। अगरचे वह अभी तक वापस नहीं आया है, लेकिन वह अपना वा’दा पूरा करेगा।

## शब्दकोश:

- Strong's: H559, H562, H1696, H8569, G1843, G1860, G1861, G1862, G3670, G4279

# वा’दे का मुल्क

## सच्चाई:

“वा’दे का मुल्क ” किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों में आता है कलाम की ख़बर में नहीं। यह कना’न मुल्क के बारे की एक बदल है वह मुल्क जो ख़ुदा ने इब्राहीम और उसके नसलों को देने का वा’दा किया था।

- जब इब्राहीम ऊर शहर में रहता था तो ख़ुदा ने उसे हुक्म दिया कि वह वहाँ से निकल कर कना’न मुल्क में चला जाए। वह और उसकी नसले इस्राईली वहाँ अनेक सालों तक रहे।
- जब भयंकर अकाल की वजह वहाँ खाना ख़त्म हो गया तब इस्राईली मिस्र चले गए।
- चार सौ सालों के बा’द ख़ुदा ने इस्राईलियों को मिस्र की ग़ुलामी से आज़ादी दिलाई और उन्हें लौटाकर कना’न लाया, वह जगह जिसे देने की वा’दा ख़ुदा ने उनसे किया था

## तर्जुमे की सलाह:

- “वा’दे का मुल्क ” इसका तर्जुमा हो सकता है, “वह मुल्क जिसके लिए ख़ुदा ने इब्राहीम से कहा था कि वह उसे देगा”। या “वह मुल्क जिसका वा’दा ख़ुदा ने इब्राहीम से किया था ”, या “जिस मुल्क का वा’दा ख़ुदा ने अपने लोगों से किया था ” या “कना’न मुल्क ”।
- किताब-ए-मुक़द्दस की तहरीरों में किसी न किसी शक्ल में यह “ख़ुदा के वा’दे का मुल्क ” ज़ाहिर होता है।

(यह भी देखें: कना’न, वा’दा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- इस्तिसिना 08:1-2
- हिज़क़ीएल 07:26-27

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **12:01** अब वह (इस्राईली) ग़ुलाम नहीं रहे, और वह _ वा’दे की ज़मीन _ पर जा रहे थे!!
- **14:01** इस्राईलीयों को सीने पहाड़ पर शरी’अत देने के बा’द, जिनका उन्हें ;अहद के मुताबिक़ मानना था, ख़ुदा ने इस्राईलियों की रहबरी _ वा’दे की ज़मीन _, कनान तक किया |.
- **14:02** ख़ुदा ने जो ‘अहद इब्राहीम , इसहाक़ और याक़ूब से किया था, कि वह ‘अहद की ज़मीन उनकी नसलों को देंगा, लेकिन अब वहाँ बहुत से लोगों के झुण्ड रहते हैं |
- **14:14** फिर ख़ुदा लोगों को _ वा’दे की ज़मीन _ के किनारे तक फिर से ले गया
- **15:02** इस्राईलियों को _ वा’दे की ज़मीन _ में दाख़िल करने से पहले यरदन नदी को पार करना था |
- **15:12**जंग के बा’द, ख़ुदा ने इस्राईल के हर एक क़बीले को _ वा’दे की ज़मीन _ में अपना अपना हिस्सा दिया |
- **20:09** यह वह वक़्त था जब ख़ुदा के लोगों को _वा’दे की ज़मीन _ को छोड़ने के लिए मजबूर किया गया, यह मुद्दत वहाँ से निकलने की कहलाई |

## शब्दकोश:

- Strong's: H776, H3068, H3423, H5159, H5414, H7650

# शरी’अत, मूसा की शरी’अत, ख़ुदा की शरी’अत, यहोवा की शरी’अत

## ता’अरुफ़:

ये सब लफ़्ज़ हुक्मों और इस्राईल के ‘अमल के लिए ख़ुदा के ज़रिए’ मूसा को दिए गए हुक्मों का हवाला देते हैं। “शरी’अत” और “ख़ुदा की शरी’अत” अलफ़ाज़ ‘आम’तौर पर उन सब बातों के बारे में इस्ते’माल किए गए है जो ख़ुदा चाहता है कि उसकी क़ौम माने।

- मज़मून पर मुनहस्सिर “शरी’अत” का मतलब होगाः
- पत्थर की पट्टियों पर इस्राईल के ‘अमल करने के लिए ख़ुदा के ज़रिए’ दस हुक्म
- मूसा को दिए गए सब कानून
- पुराने ‘अहदनामे की पहली पांच किताबें
- पूरा पुराना ‘अहदनामा (जिसे नये ‘अहदनामे में पाक कलाम कहा गया है।)
- ख़ुदा के सब हुक्म और मर्ज़ी |
- “शरी’अत और नबी” नये ‘अहदनामे में इब्रानी कलाम (या पुराना ‘अहदनामा) के लिए काम में लिया गया जुमला है।

## तर्जुमे की सलाह:

- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा जमा’ में “शरी’अतें” किया जा सकता है क्योंकि वे कई हैं।
- “मूसा की शरी’अत” का तर्जुमा हो सकता है, “इस्राईल को देने के लिए ख़ुदा ने मूसा को जो कानून सुनाए”।
- मज़मून पर मुनहस्सिर “मूसा की शरी’अत” का तर्जुमा, “मूसा को सुनाए गए ख़ुदा के कानून” या “मूसा के ज़रिए’ लिखे गए ख़ुदा के उसूलों” या "नियम जो कि ख़ुदा ने इस्राईलियों को देने के लिए मूसा को दिया था" के तौर पर हो सकता है।
- “शरी’अत” या “ख़ुदा की शरी’अत” के तर्जुमा में, “ख़ुदा से हासिल उसूल” या “ख़ुदा के हुक्म” या “ख़ुदा ने जो कानून दिए” या “ख़ुदा के ज़रिए’ महकूम सब बातें” या “ख़ुदा के सब हुक्म” भी शामिल हो सकते है।
- “यहोवा की शरी’अत” का तर्जुमा , “यहोवा की शरी’अत” या “ख़ुदा के ज़रिए’ ‘अमल के लिए लागू कानून” या “यहोवा के हुक्म के मुताबिक़ बातें” के तौर पर भी हो सकता है।

(यह भी देखें: हिदायत, मूसा, दस हुक्म, जायज़, यहोवा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के ‘आमाल 15:5-6
- दानिय्येल 09:12-14
- ख़ुरूज 28:42-43
- ‘अज़्रा 07:25-26
- गलातियों 02:15-16
- लूक़ा 24:44
- मत्ती 05:17-18
- नहमियाह 10:28-29
- रोमियो 03:19-20

## किताब-ए-मुक़द्दस कहानियों से मिसालें:

- **13:07** ख़ुदा ने और भी बहुत सी **शरी’अतों** व कवानीन का ‘अमल करने के लिये कहा। अगर वह लोग इन **शरी’अतों** का ‘अमल करेंगे, तो ख़ुदा अपने ‘अहद के मुताबिक़ उन्हें बरकत और उनकी हिफ़ाज़त करेगा। अगर वे इन कवानीन का ‘अमल नहीं करेंगे तो वह सज़ा के हक़दार बनेंगे।\
- **13:09** जो कोई भी **ख़ुदा के शरी’अतों** को नज़रंदाज़ करता है, वह मिलापवाले तम्बू के सामने क़ुर्बानगाह पर ख़ुदा के लिये जानवर की क़ुर्बानी पेश करेगा\
- **15:13** तब यशू’अ ने इस्राईलियों को वह ‘अहद याद दिलाया जो उन्होंने ख़ुदा के साथ सीनै पहाड़ पर बाँधा था, कि वह उसका ‘अमल करेंगे। इस्राईलियों ने ‘अहद बाँधा था कि वे ख़ुदा के लिए वफ़ादार रहेंगे और उसके **हुक्मों** का ‘अमल करेंगे।
- **16:01**यशू’अ के मरने के बाद, इस्राएलियों ने ख़ुदा की आज्ञा का पालन नहीं किया और न ही **ख़ुदा की व्यवस्थाओं** का पालन किया और न ही बचे हुए कनानियो को बाहर निकाला।\

- **21:05** नए 'अहद में ख़ुदा अपनी **शरी'अत** उनके दिलों पर लिखेगा, और लोग ख़ुदा को जानेंगे कि वह ख़ुदा के लोग है, और ख़ुदा उनका गुनाह मु'आफ़ करेगा।\
- **27:01** 'ईसा ने जवाब दिया, "**ख़ुदा की शरी'अत** में क्या लिखा है?"\
- **28:01** 'ईसा ने उससे कहा, "तू मुझे अच्छा क्यों कहता है?" जो अच्छा है वह सिर्फ़ एक ही है, और वह ख़ुदा है। लेकिन अगर तू अबदी ज़िन्दगी का वारिस बनना चाहता है, तो **ख़ुदा के हुक्मों** पर 'अमल करना।"

## शब्दकोश:

- Strong's: H430, H1881, H1882, H2706, H2710, H3068, H4687, H4872, H4941, H8451, G2316, G3551, G3565

# शागिर्द, शागिर्दों

## ता’अर्रुफ़:

“शागिर्द” लफ़्ज़ उस इन्सान के बारे में है जो उस्ताद के साथ बहुत वक़्त गुज़ारता है और उस्ताद के किरदार और ता’लीमों से सीखता है।

- जो लोग ‘ईसा के पीछे चलते थे और उसकी ता’लीमों को सुनकर उन पर ‘अमल करते थे, वे उसके “शागिर्द” कहलाते थे।
- यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले के भी शागिर्द थे।
- ‘ईसा के ख़िदमत के वक़्त के दौरान में उसके बहुत से शागिर्द थे और जो उसकी पैरवी करते और उसकी ता’लीमों को सुनते थे।
- ‘ईसा ने बारह शागिर्दों को चुना कि उसके क़रीबी पैरोकार हों, ये शख़्स उसके “रसूल” कहलाए।
- ‘ईसा के बारह रसूल उसके “शागिर्द” या “बारहों” जाने गए|
- ‘ईसा अपने आसमान पर जाने दे ठीक पहले, उसने अपने शागिर्दों को हुक्म दिया कि वे लोगों को ता’लीम दें और उन्हें भी ‘ईसा के शागिर्द बनना सिखाएं।
- जो कोई ‘ईसा पर ईमान रखता और उसकी ता’लीमों का ‘अमल करता है वह ‘ईसा का शागिर्द कहलाता है।

## तर्जुमे की सलाह:

- “शागिर्द” लफ़्ज़ का तर्जुमा ऐसे लफ़्ज़ या जुमले के ज़रिए’ किया जाए जिसका मतलब है, “पैरवी करने वाला” या “तलबा” या “लफ़्ज़” या “सीखने वाला”।
- यक़ीनी करें कि इस लफ़्ज़ का तर्जुमा दर्जे में ‘इल्म हासिल करने वाले तलबा के जैसा नहीं।
- यक़ीनी करें कि इस लफ़्ज़ का तर्जुमा “रसूल” लफ़्ज़ के तर्जुमे से अलग लफ़्ज़ हो।

(यह भी देखें: रसूल, यक़ीन, ‘ईसा, युहन्ना (बपतिस्मा देने वाला), बारहों)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के ‘आमाल 06:1
- रसूलों के ‘आमाल 09:26-27
- रसूलों के ‘आमाल 11:25-26
- रसूलों के ‘आमाल 14:21-22
- यूहन्ना 13:23-25
- लूक़ा 06:39-40
- मत्ती 11:1-3
- मत्ती 26:33-35
- मत्ती 27:62-64

## किताब-इ-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **30:08** ‘ईसा ने रोटियाँ और मछलियाँ तोड़-तोड़ कर **शागिर्दों** को दी कि वे लोगों को परोसे। _ शागिर्दों _ ने रोटियाँ और मछलियाँ सब में बाँट दी, और रोटियाँ और मछलियाँ कम नहीं पड़ी।
- **38:01** ‘ईसा मसीह के अवामी ता’लीमों के तीन साल बा’द अपनी पहली ता’लीम शुरू’ की। ‘ईसा ने अपने _ शागिर्दों _ से कहा कि वह यरूशलीम में उनके साथ ‘ईद का जश्न मनाना चाहता था, और यह वही जगह है जहाँ उसे मार डाला जाएगा।
- **38:11** फिर वह गतसिमनी नाम की एक जगह में अपने _ शागिर्दों _ के साथ आया। ‘ईसा ने अपने _ शागिर्दों _ से कहा कि दु’आ करते रहो कि आज़माइश में न पड़ो।
- **42:10** ‘ईसा ने अपने _ शागिर्दों _ से कहा, “ आसमान और ज़मीन का सारा इख़्तियार मुझे दिया गया है। इसलिये तुम जाओ, सब क़ौमों के लोगों को शागिर्द बनाओ और उन्हें बाप, और बेटे, और पाक रूह के नाम से बपतिस्मा दो और उन्हें सब बातें जो मैं ने तुम्हें हुक्म दिया है, ‘अमल करना सिखाओ।”

## शब्दकोश:

- Strong's: H3928, G3100, G3101, G3102

# शैतान, शैतान, बुरा

## सच्चाई :

शैतान ख़ुदावन्द के ज़रिए' पैदा की हुई एक रूहानी रूह है, लेकिन ख़ुदावन्द से बग़ावत करके वह उसका दुश्मन हो गया। शैतान को " बुरा" भी कहा गया है।

- शैतान ख़ुदावन्द और उसकी पूरी काइनात से नफ़रत करता है, क्यूँकि वह ख़ुदावन्द का मक़ाम लेकर ख़ुदावन्द के जैसी 'इबादत करवाना चाहता है।
- शैतान इन्सानों को ख़ुदावन्द से बग़ावत करने की आज़माइश में डालता है।
- ख़ुदावन्द ने अपने बेटे, 'ईसा को भेजा, कि इन्सानों को शैतान की गिरफ़्त से आज़ाद कराए।

शैतान लफ़्ज़ का मतलब है, "बैरी" या "दुश्मन ।"

- शैतान लफ़्ज़ का मतलब है, "इल्ज़ाम लगाने वाला।"

## तर्जुमा की सलाह:

- "शैतान" लफ़्ज़ का तर्जुमा " इल्ज़ाम लगाने वाला" या "बुरा" या "बदरूहों का बादशाह" या "ख़ास बदरूह" की शक्ल में भी तर्जुमा किया जा सकता है।
- "इबलीस" का तर्जुमा "मुख़ालिफ़" या "बैरी" किया जा सकता है या और कोई लफ़्ज़ जिससे साबित हो कि वह शैतान है।
- इन लफ़्ज़ों का तर्जुमा बदरूह और बुरी रूह से अलग होना है।
- ध्यान दें कि इन लफ़्ज़ों का तर्जुमा मक़ामी या क़ौमी ज़बान में कैसे किया गया है।

(देखें: नए लफ़्ज़ों का तर्जुमा कैसे करे)

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: बदरूह, बुराई, \ ख़ुदा की बादशाही]ख़ुदा की बादशाही, आसमान की बादशाही, आज़माइश करना)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 यूहन्ना 03:7-8
- 1 थिस्सलुनीकियों 02:17-20
- 1 तीमुथियुस 05:14-16
- रसूलों के 'आमाल 13:9-10
- अय्यूब 01:6-8
- मरकुस 08:33-34
- जकरियाह 03:1-3

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **21:01** जिस साँप ने हव्वा को धोखे से फल खिलाया था वह **शैतान** था | वा'दा का मतलब यह था कि मसीह **शैतान**को पूरी तरह से शिकस्त देंगा |
- **25:06** फिर **शैतान** ने 'ईसा को दुनिया के सारी सल्तनत और उसकी शान-ओ-शौक़त दिखाकर उससे कहा, "अगर तू गिरकर मुझे सिजदा करे, तो मैं यह सब कुछ तुझे दे दूँगा |"
- **25:08**'ईसा **शैतान** के लालच में नहीं आया, तब **शैतान** उसके पास से चला गया|
- **33:06** तब 'ईसा ने उन्हें समझाया कि, "बीज ख़ुदावन्द का कलाम है।" रास्ता एक ऐसा शख्स होता है जो ख़ुदावन्द का कलाम सुनता है, लेकिन उसे समझ में नहीं आता है, और **शैतान** उस कलाम को उससे ले जाता है।"
- **38:07**रोटी खाते ही, यहूदा में **शैतान** दाख़िल हो गया।
- **48:04**ख़ुदावन्द ने वा'दा किया कि हव्वा की ही एक औलाद **शैतान** का सिर कुचलेगा, और **शैतान** उसकी एड़ी को डसेगा | इसका मतलब यह हुआ कि, **शैतान** मसीह को मार देगा, लेकिन ख़ुदावन्द उसे तीसरे दिन फिर ज़िन्दा कर देगा | 'ईसा **शैतान** की ताक़त को हमेशा के लिए कुचल देगा |
- **49:15** ख़ुदावन्द ने तुम्हें **शैतान** की बादशाही की तारीकी से बाहर निकाला और तुम्हें ख़ुदावन्द की बादशाही की रोशनी में रखा है |
- **50:09** "जंगली दाने उन लोगों की रहनुमाई करते हैं जो **बुराई _ से त'अल्लुक़ रखते हैं| जिस दुश्मन ने जंगली बीज बोये वह _शैतान** की रहनुमाई करता है।"

- **50:10** "जब दुनिया का ख़ात्मा होगा, तो जो लोग **शैतान** के हैं उन सभी लोगों को फ़रिश्ते एक साथ जमा'करेंगे और उन्हें एक धहकती आग में डाल देंगे, जहाँ वे खौफ़नाक मुसीबत की वजह से रोएँगे और अपने दाँत पीसेंगे |
- **50:15** जब 'ईसा वापस आएगा तो वह **शैतान** और उसकी बादशाही को हमेशा के लिये ख़त्म कर देगा| वह **शैतान** को दोज़ख़ में डाल देगा जहाँ वह उन लोगों के साथ हमेशा जलता रहेगा, जिन्होंने ख़ुदावन्द के हुक्म मानने की बजाय उसकी बात मानने का इन्तख़ाब किया|

## शब्दकोश:

- Strong's: H7700, H7854, H8163, G1139, G1140, G1141, G1142, G1228, G4190, G4566, G4567

# सच्चा, सच्चाई, हक़ीक़त

## ता’अर्रुफ़:

“सच्चा” और “सच्चाई” हक़ीक़त के ख़्याल से मुन्सलिक़ हैं, वारदात जो हक़ीक़त मेंहुए , और जो बातें हक़ीक़त में कही गई। ऐसी सोंच को "सच्चा" कहते है।

- सच्ची बातें, सच्ची, हक़ीक़ी इख़्तियार , सही तथा सच्चाई पर मुनहसिर होती हैं।
- सच एक समझ, ईमान , हक़ीक़त या सच्चा कहना होता है।
- यह कहना कि एक नबूव्वत "सच हो गई" या "सच हो जाएगी" का मतलब है कि यह हक़ीक़त में नबूव्वत जैसा हुआ या ऐसा ही होगा।
- सच में एक ख़्याल समाया होता है कि मुनहसिर एवं भरोसेमंदी का काम किया जाए।
- ‘ईसा ने अपने कलामों में ख़ुदा के सच को ज़ाहिर किया था।
- ख़ुदा का कलाम सच है। वह पहले गुज़री हुई बातों की चर्चा करता है और ख़ुदा के बारे में तथा उसकी पूरी तख्लीक़ के बारे में हक़ीक़त की ता’लीम देता है।

## तर्जुमे की सलाह:

- बारे में और सिलसिले के बुनयाद पर "सच" का तर्जुमा ऐसे भी हो सकता है: "हक़ीक़त " या "पहले " या "सही" या "सही " या "यक़ीनी " या "सच्चाई से भरपूर "।
- "सच्चाई " लफ़्ज़ के तर्जुमे हो सकते है "जो सच हा" या " हक़ीक़त " या "यक़ीनी बात" या "तरीक़ा "।
- "पूरा होना" जुमले के तर्जुमे हो सकते है: "हक़ीक़त में हो जाना" या "पूरा हो जाना" या "नबूव्वत पूरी होना"
- "सच्चाई से चलते हुए" या "सच बोले" इन जुमलों के तर्जुमे हो सकते है: "सच कहना" या "जो हक़ीक़त में हुआ वह कहना" या " क़ाबिल-ए-क़ुबूल बात कहना"
- “सच्चाई को क़ुबूल करना” का तर्जुमा “ख़ुदा के बारे में हक़ीक़त पर ईमान रखना ”
- “रूह और सच्चाई में ख़ुदा की इबादत करें”, इस जुमले में, “सच्चाई में” का तर्जुमा हो सकता है, “ख़ुदा ने हमें जो ता’लीम दी है उसका फ़र्मादारी से मानना”

(यह भी देखें :ईमान, वफादार , पूरा , मानना , नबी , समझदार )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 05:6-8
- 1 यूहन्ना 01:5-7
- 1 यूहन्ना 02:7-8
- 3 यूहन्ना 01:5-8
- रसूलों के आमाल 26:24-26
- कुलुस्सियों 01:4-6
- पैदाइश 47:29-31
- याक़ूब 01:17-18
- याक़ूब 03:13-14
- याक़ूब 05:19-20
- यरमियाह 04:1-3
- यूहन्ना 01:9
- यूहन्ना 01:16-18
- यूहन्ना 01:49-51
- यूहन्ना 03:31-33
- यशू’अ 07:19-21
- नोहा 05:19-22
- मत्ती 08:8-10
- मत्ती 12:15-17
- ज़ुबूर 026:1-3
- मुकाश्फ़ा 01:19-20

- मुकाश्फ़ा 15:3-4

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों सेमिसालें:

- **02:04** साँप ने औरत को जवाब दिया, “यह **सच** नहीं है ! तुम नहीं मरोगे।
- **14:06** फ़ौरन ही कालेब और यशु’अ , और दो जासूस कहने लगे, "हाँ यह **सही** है कि कना’न के लोग लम्बे और तेज़ है , पर हम यक़ीनी तौर से उन्हें हरा देंगे ! ख़ुदा हमारे लिये उनसे जंग करेगा।"
- **16:01** इस्राईलियों ने यहोवा जो **सच्चा** ख़ुदा है उसकी जगह पर, कना’नियो के मा’बूद की इबादत करना शुरू’ किया।
- **31:08**उन्होंने ‘ईसा की ‘इबादत करी, और उसे कहा, **सचमुच**, तू ख़ुदा का बेटा है |”
- **39:10** मैं ख़ुदा के बारे में सच बताने के लिये ज़मीन पर आया हूँ | हर वह आदमी जिसे **सच्चाई _से मुहब्बत है, मुझे सुनेगा | पिलातुस ने कहा, “**सच_ क्या है?”

## शब्दकोश:

- Strong's: H199, H389, H403, H529, H530, H543, H544, H551, H571, H935, H3321, H3330, H6237, H6656, H6965, H7187, H7189, G225, G226, G227, G228, G230, G1103, G3303, G3483, G3689, G4103, G4137

# सदूक़ी, सदूक़ियों

## ता’अरुफ़ :

मसीह 'ईसा के ज़माने में सदूक़ी यहूदियों के काहिनों में से एक सियासती गिरोह खड़ा हुआ था। जो रोमी बादशाह का मुख़ालिफ़ था और क़यामत में यक़ीन नहीं करता था।

- कई सदूक़ी मालदार ऊँचे दर्जे के यहूदी थे जिनके हाथ में ताक़तवर रहनुमाई के 'उहदे थे जैसे हाकिम काहिन और सरदार काहिन ।
- सदूक़ियों की ज़िम्मेदारी में हैकल की देखरेख करना काहिनीय ख़िदमतें जैसे क़ुर्बानी पेश करना था।
- सदूक़ियों और फ़रीसियों ने 'ईसा को सलीब पर चढ़ाने के लिए रोमी हाकिमों को मजबूर किया था।
- ‘ईसा ने इन दो गिरोहों की ख़ुद ग़र्ज़ी और धोके की मज़म्मत की थी।

(यह भी देखें: हाकिम-काहिनो , मजमा’, सरदार काहिन, धोका, यहूदी रहनुमाओं, फ़रीसी, काहिन)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 04:1-4
- रसूलों के ‘आमाल 05:17-18
- लूक़ा 20:27-28
- मत्ती. 03:7-9
- मत्ती 16:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: G4523

# सबत

## ता'अरुफ़:

"सबत" लफ़्ज़ का मतलब है हफ़्ते का सातवां दिन, जिसके लिए ख़ुदावन्द ने इस्राईल को हुक्म दिया था कि उस दिन, आराम करें, कोई काम न करें।

- ख़ुदावन्द ने छः दिन में 'आलम को बनाया, और सातवें दिन आराम किया। इसी तरह, ख़ुदावन्द ने इस्राईलियों को हुक्म दिया था कि सातवें दिन को पाक मानकर आराम का ख़ास दिन रखें और उसमें 'इबादत करें।
- " सबत के दिन को पाक रखने" का हुक्म दस हुक्मों में एक है जिन्हें ख़ुदावन्द ने पत्थर की तख्तियों पर लिखकर मूसा को इस्राईल के लिए दिए थे।
- यहूदी दिनों के शुमार के मुताबिक़, सबत का दिन जुमा' सूरज ग़ुरुब के बा'द से शुरू' होकर शनीचर सूरज गुरूब तक होता था।
- कलाम में कभी-कभी सिर्फ़ सबत की जगह पर "सबत का दिन" कहा गया है।

## तर्जुमा की सलाह:

- इसको इस तरह से भी तर्जुमा किया जा सकता है जैसे कि "आराम का दिन" या "आराम के लिए दिन" या "काम नहीं करने का दिन" या " ख़ुदावन्द के आराम का दिन।"
- कुछ तर्जुमों में इस लफ़्ज़ को बड़े हरफ़ों में लिखकर ज़ाहिर किया जाता है कि यह एक ख़ास दिन है, जैसे कि "आराम का दिन" या "आराम का दिन।"
- याद रहे कि इस लफ़्ज़ का तर्जुमा मक़ामी ज़बान या क़ौमी ज़बान में कैसे किया गया है।

(यह भी देखें: नए लफ़्ज़ों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: आराम )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 तवारीख़ 31:2-3
- रसूलों के 'आमाल 13:26-27
- ख़ुरूज 31:12-15
- यशायाह 56:6-7
- नौहा 02:5-6
- अह्बार 19:1-4
- लूका 13:12-14
- मरकुस 02:27-28
- मत्ती 12:1-2
- नहमियाह 10:32-33

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसाल :

- **13:05**"तू **सबत के दिन** को पाक मानने के लिये याद रखना | छ: दिन तो तू मेहनत करके अपना सब काम-काज करना, लेकिन सातवा दिन तेरे ख़ुदावन्द यहोवा के लिये आराम का दिन है |"
- **26:02**'ईसा नासरत शहर के पास गया, जहाँ उसने अपना बचपन बिताया था | **सबत** के दिन वह ‘'इबादत करने की जगह पर गया |
- **41:03**'ईसा को दफ़नाने के दिन के बा’द **सबत** का दिन था, और यहूदियों को उस दिन क़ब्र पर जाने की इजाज़त नहीं थी|

## शब्दकोश:

- Strong's: H4868, H7676, H7677, G4315, G4521

# सरदार काहिन

## ता'अर्रुफ़:

"सरदार काहिन" वह काहिन था जो सब इस्राईली काहिनों का रहनुमा मुक़र्रर किया जाता था जिसकी ख़िदमत का 'अरसा एक साल था।

- सरदार काहिन की ख़ास ज़िम्मेदारियाँ थीं| एक सिर्फ़ वही था जो साल में एक बार ख़ास क़ुर्बानी चढ़ाने के लिए साल में एक बार हैकल के सबसे मुक़द्दस मक़ाम में दाख़िल हो सकता था।
- इस्राईल में काहिन तो बहुत थे लेकिन एक बार में एक ही सरदार काहिन होता था।
- जब 'ईसा को बन्दी बनाया गया था तब क़ैफ़ा सरकारी सरदार काहिन था। कभी-कभी क़ैफ़ा के ससुर हन्ना को भी दर्ज़ किया गया है, क्यूँकि वह माज़ी का सरदार काहिन था और यक़ीनन क़ौम पर उसकी क़ुव्वत और इख़्तियार अब भी था।

## तर्जुमें की सलाह:

- "सरदार काहिन" का तर्जुमा " सरदार काहिन" या "सबसे बड़ा काहिन" किया जा सकता है।
- यक़ीनी करें कि इस लफ़्ज़ का तर्जुमा "ख़ास काहिन" से अलग किया जाए।

(यह भी देखें: हन्ना, क़ैफ़ा, सरदार काहिन, काहिन, हैकल)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 05:26-28
- रसूलों के 'आमाल 07:1-3
- रसूलों के 'आमाल 09:1-2
- ख़ुरूज 30:10
- इब्रानियों 06:19-20
- अहबार 16:32-33
- लूक़ा 03:1-2
- मरक़ुस 02:25-26
- मत्ती 26:3-5
- मत्ती 26:51-54

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **13:08 सरदार काहिन** के अलावा कोई भी कमरे के पीछे दाख़िल नहीं हो सकता था, क्यूँकि वहाँ ख़ुदा रहता था|
- **21:07** मसीह जो एक कामिल _ सरदार काहिन_ के पास आएगा जो अपने आप को ख़ुदा के लिए कामिल क़ुर्बानी के तौर पर पेश करेगा|
- **38:03** यहूदी रहनुमाओं, ने **सरदार काहिन** की रहनुमाई में 'ईसा को धोखा देने के लिये यहूदाह को तीस चाँदी के सिक्के तोलकर दे दिए |
- **39:01** फ़ौजियों ने 'ईसा की दु'आ के लिए _ सरदार काहिन_ के घर में 'ईसा की रहनुमाई की और **सरदार काहिन** के लिए उससे सवाल पूँछे|
- **39:03** आख़िर में, **सरदार काहिन** ने 'ईसा की ओर देखकर उससे कहा कि, "हमें बता कि क्या तू मसीह है, ज़िन्दा ख़ुदा का बेटा?"
- **44:07** दूसरे दिन, ऐसा हुआ कि यहूदी काहिन पतरस और यूहन्ना को लेकर **सरदार काहिन** और दीगर मज़हबी इमामों के पास गए।
- **45:02** तब मज़हबी इमामों ने स्तिफनुस को पकड़कर 'अदालत-ए-आलिया में ले गए और उसे **सरदार काहिन** और दीगर यहूदी रहनुमाओं के सामने खड़ा किया गया जहाँ कई और झूठे गवाहों ने स्तिफनुस के बारे में झूठ बोला।
- **46:01 सरदार काहिन** ने शाऊल को यह हुक्म दिया की वह दमिश्क़ शहर में जाकर वहाँ के मसीहियों को पकड़कर वापस यरूशलीम ले आए।
- **48:06** 'ईसा सबसे बड़ा **सरदार काहिन** है। दूसरे काहिनों से अलग, उसने अपने आप को उस एकलौती क़ुर्बानी के तौर पर सुपुर्द कर दिया जो दुनिया के सभी इन्सानों के गुनाहों को हटा सकती है। 'ईसा सबसे अच्छा **सरदार काहिन** है क्योंकि उसने सभी इन्सानों के सभी गुनाहों की सज़ा , जो उन्होंने अपनी ज़िन्दगी में कभी भी किया हो, अपने ऊपर ले लिया।

## शब्दकोश:

- Strong's: H7218, H1419, H3548, G748, G749

# सलीब

## ता’अर्रुफ़:

किताब-ए-मुक़द्दस के ज़माने में सलीब एक लकड़ी का खंभा होता था जिसे ज़मीन में गाड़ कर खड़ा किया जाता था, उसके ऊपरी हिस्से में एक तिरछा खंभा जोड़ा जाता था।

- रोमी सल्तनत के वक़्त में, रोमी हुकूमत ने ख़ताकारों को सलीब पर बांध कर या कीलों से ठोंक कर मरने के लिए छोड़ देते थे।
- ‘ईसा पर ख़ता का झूठा इल्ज़ाम लगाकर रोमियों ने उसे सलीब की मौत दी थी।
- ध्यान दें कि यह काम "पार करना" एक अलग लफ़्ज़ है, जिसका मतलब है कि किसी नदी के किनारे या झील के दूसरी ओर जाना।

## तर्जुमें की सलाह:

- इसका तर्जुमा मक़सदी ज़बान में सलीब का मतलब ज़ाहिर करने वाले लफ़्ज़ से किया जा सकता है।
- सलीब की बयान इस तरह करें कि ज़ाहिर हो कि उस पर आदमियों को मौत की सज़ा दी जाती थी जैसे “सलीबी ” या “पेड़ की मौत ”।
- मुक़ामी ज़बान और क़ौमी ज़बान के किताब-ए-मुक़द्दस के तर्जुमे में इस लफ़्ज़ का तर्जुमा कैसे किया गया है उस पर भी ध्यान दें। (देखें: अनजान लफ़्ज़ों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखे: सलीब पर चढ़ाना, रोम)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 01:17
- कुलुस्सियों 02:13-15
- गलातियों 06:11-13
- यूहन्ना 19:17-18
- लूका 09:23-25
- लूका 23:26
- मत्ती 10:37-39
- फिलिप्पियों 02:5-8

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसाल:

- **40:01** सिपाहियों के ज़रिये’ ‘ईसा का मज़ाक उड़ाने के बा’द, वह ‘ईसा को सलीब पर चढ़ाने के लिये ले गए। उन्होंने ‘ईसा से वो _सलीब _ उठवाया जिस पर उसे मरना था।
- **40:02** सिपाही ‘ईसा को उस जगह पर ले गए जो गुलगुता या खोपड़ी की जगह कहलाती है, वहाँ पहुँचकर _सलीब _ पर उसके हाथों और पाँवों को कीलो से ठोक दिया।
- **40:05** यहूदी और और लोग जो भीड़ में थे वह ‘ईसा का मज़ाक उड़ा रहे थे। यह कहकर कि, “अगर तू ख़ुदा का बेटा है तो _सलीब _ पर से उतर जा, और अपने आप को बचा। तब हम तुझ पर ईमान लायेंगे ”
- **49:10** जब ‘ईसा _सलीब _ पर मरे, उन्होंने तुम्हारा क़ुसूर अपने ऊपर ले लिया।
- **49:12** तुम्हें यक़ीन करना होगा कि ‘ईसा ख़ुदा का बेटा है, कि वह तुम्हारी जगह _सलीब _ पर क़ुर्बान हुआ, और यह कि ख़ुदा ने उसे फिर मुर्दों में से ज़िन्दा कर दिया।

## शब्दकोश:

- Strong's: G4716

# सलीब पर चढ़ा, सलीब पर चढ़ाया

## ता’रीफ़:

“सलीब पर चढ़ा” या’नी किसी को सलीब पर लटका कर छोड़ देना कि वह दर्द में होकर मर जाए।

- मुजरिम को सलीब पर बांध कर लटकाया जाता या कीलों से ठोंक कर लटकाया जाता था। सलीब पर लटकाया हुआ आदमी ख़ून की कमी से या सांस लेने में कठिनाई की वजह से मर जाता था।
- पुराने रोमी सल्तनत में सजाए-ए- मौत की यह तरकीब हमेशा काम में ली जाती थी, ख़ास करके ख़तरनाक मुजरिमों के लिए या हुकूमत के बाग़ियों के लिए।
- यहूदियों के रहनुमाओं ने रोमी हाकिमों को मजबूर किया कि वह ‘ईसा को सलीब पर चढ़ाने के लिए सिपाहियों को हुक्म दे। सिपाहियों ने ‘ईसा को कीलों से सलीब पर ठोंका था। ‘ईसा ने मरने से पहले छः घंटे दुःख उठाया था।

## तर्जुमे की सलाह:

- सलीब पर चढ़ाने का तर्जुमा किया जा सकता है, “सलीब पर मौत ” या “सलीब पर कीलों से ठोक कर सज़ा -ए-मौत देना”।

(यह भी देखें: सलीब, रोम

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल . 02:22-24
- गलतियों 02: 20-21
- लूका 23:20-22
- लूका 23:33-34
- मत्ती 20:17-19
- मत्ती 27:23-24

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसाल:

- **39:11** लेकिन यहूदी रहनुमाओं और भीड़ ने चिल्लाकर कहा कि, “उसे सलीब पर चढाओं।”
- **39:12** लेकिन पिलातुस डर गया कि कही कोलाहल न मच जाए, इसलिये उसने ‘ईसा को **सलीब पर चढ़ाए** जाने के लिए सिपाहियों को सौंप दिया।
- **40:01** सिपाहियों के ज़रिये’ ‘ईसा का मज़ाक उड़ाने के बा’द, वह ‘ईसा को **सलीब पर चढ़ाने** के लिये ले गए। उन्होंने ‘ईसा से वो सलीब उठवाया जिस पर उसे मरना था।
- **40:04** ‘ईसा को दो डाकुओ के बीच **सलीब पर चढ़ाया** गया।
- **43:06** “हे इस्राईलियो ये बातें सुनो: ‘ईसा नासरी एक इन्सान था, जिसने ख़ुदा की ताक़त से कई मोजिज़े के कामों और निशानों को ज़ाहिर किया, जो ख़ुदा ने तुम्हारे बीच उसके ज़रिये’कर दिखाए जिसे तुम आप ही जानते हो तुम ने गुनहगारों के हाथ उसे सलीब पर चढ़वाकर मार डाला।”
- **43:09** "उसी ‘ईसा को जिसे तुमने सलीब पर चढ़ाया।”
- **44:08** तब पतरस ने उन्हें जवाब दिया, “’ईसा मसीह की क़ुव्वत से यह आदमी तुम्हारे सामने भला चंगा खड़ा है। तुमने ‘ईसा को **सलीब पर चढ़ाया**, लेकिन ख़ुदा ने मरे हुओं में से जिलाया।”

## शब्दकोश:

- Strong's: G388, G4362, G4717, G4957

# साफ़ , पाक करना , सफ़ाई

## ता’अर्रुफ़:

“साफ़ ” या’नी बे’ऐब या “ऐसी कोई चीज़ मिली न हो जो नहीं होनी चहिए। किसी चीज़ को साफ़ करना या’नी उसे किसी भी नापाक या गन्दगी करनेवाली से चीज़ आज़ाद करना, साफ़ बनाना।

- पुराने ‘अहद नामे के हुक्मों के मुताबिक “साफ करना” और “साफ़ होना” ख़ासकर किसी चीज़ या आदमी को एसी बातों से पाक करना जो चीज़ या आदमी को नापाक बनाती है जैसे बीमारी , जिस्मानी सुख या बच्चे की पैदाइश से।
- पुराने ‘अहद नामे में आदमियों का गुनाहों से पाकी के भी हल थे कि कैसे गुनाहों से पाक या आज़ाद हुआ जाए आमतौर पर जानवरों की क़ुर्बानी से है। लेकिन यह एक नामुकम्मल शरी’अत थी, इसलिए क़ुर्बानी बार-बार पेश करनी होती थी।
- नये ‘अहद नामे में साफ़ होने का मतलब है गुनाहों से धुल जाना।
- आदमियों के लिए पूरा और गुनाह से छुटकारा केवल तोबा करना और ‘ईसा में ईमान और उसकी मौत के ज़रिए’ ख़ुदा की मु’आफ़ी को क़ुबूल करने के ज़रिए’ होता है।

## तर्जुमे की सलाह:

- “पाक करने” का तर्जुमा हो सकता है, “पाक बनाना” या “साफ करना” या “सब नापाकियों को दूर करना” या “गुनाहों से छुटकारा पाना”
- “उनके पाक होने के दिन पूरे हुए” इस जुमले का तर्जुमा हो सकता है, “जब मुक़र्रेर दिनों तक रूकने के बाद उन्होंने ख़ुद को पाक कर लिया”
- “गुनाहों से पाक होना” इसका तर्जुमा हो सकता है, “इन्सानों के लिए गुनाहों से पूरा हल का रास्ता मुहय्या करा दिया”।
- तर्जुमे के और शक्ल “पाक होना” का तर्जुमा “हल ” या “रूहानी सफ़ाई ” या “रस्म के मुताबिक़ पाक होना” हो सकता है।

(यह भी देखें: तोबा , पाक , रूह )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तीमुथियुस 01:5-8
- ख़ुरूज 31:6-9
- इब्रानियों09:13-15](rc://ur-deva/tn/help/heb/09/13)
- याक़ूब 04:8-10
- लूका 02:22-24
- मुकाशिफ़ा . 14:3-5

## शब्दकोश:

- Strong's: H1249, H1252, H1253, H1305, H1865, H2134, H2135, H2141, H2212, H2398, H2403, H2561, H2889, H2890, H2891, H2892, H2893, H3795, H3800, H4795, H5343, H5462, H6337, H6884, H6942, H8562, G48, G49, G53, G54, G1506, G2511, G2512, G2513, G2514

# साफ़,साफ़ सुथरा,साफ़ किया ,साफ़ करना ,साफ़ होना ,धुलना ,धुलाई ,धोया ,गन्दा

## ता’अर्रुफ़:

“साफ़” के मा’नी हैं मैल या दाग न होना | कलाम में इसका इस्ते’माल अक्सर ‘अलामती शक्ल में किया जाता है कि इसके मा’नी “साफ़” या “पाक” या”बे गुनाह “हो |

- ”सफ़ाई” किसी चीज़ को साफ़ करने की तरतीब है| इसका तर्जुमा “धोना”या “साफ़ करना “हो सकता है |

पुराने ‘अहद नामे में ख़ुदा ने इस्राईल को बताया था कि उसने कौन कौन से जानवरों को “साफ़”और कौन कौन से जानवरों को “गन्दा”मुक़र्रर किया है | केवल साफ़ जानवर ही खाने और क़ुर्बानी पेश करने के लिए काम में लिए जा सकते हैं | इस बारे में "साफ़" लफ़्ज़ के मा’नी है कि जानवर क़ुर्बानी पेश करने में ख़ुदा को क़ुबूल के लायक़ है।

- जिस आदमी को जिल्दी बीमारी होता था वह गन्दा माना जाता था जब तक कि उसकी बीमारी से आज़ाद न हो जाए। जिल्दी सफ़ाई के हुक्मों पर ‘अमल करना ज़रूरी था उस आदमी को फिर “साफ़” किया जाने के लिए।
- कभी कभी “साफ़”लफ़्ज़ को ‘अलामती शक्ल में रूहानी सफ़ाई के लिए इस्ते’माल किया जाता था|

किताब-ए-मुक़द्दस की ज़बान में “गन्दा” लफ़्ज़ किसी ख़ास चीज़ तरफ़ इशारा है जिसको ख़ुदा ने ज़ाहिर कर दिया है की न उसे छूना,खाना,न क़ुर्बानी पेश करना |

- ख़ुदा ने इस्राईलियों को इस बारे में बतादिया है कि कौन सा जानवर तुम्हारे लिए “साफ़”और कौन है “गन्दा” नापाक जानवरों को न खाने की इजाज़त थी न क़ुर्बानी पेश करने की |

लोग जो जिल्दी बीमारी मे है बताया गया है की वह नापाक होंगे जब तक उनको शिफ़ा न मिल जाये | अगर इस्राईल कोई ऐसी “नापाक” चीज़ छूता है तो वह भी कुछ वक़्त के लिए नापाक हो जायेंगे |

- ख़ुदा की फरमाबरदारी हुक्म करता है उस बारे में न छूना ,न खाना ,कोई गन्दी चीज़ इस्राईली लोग इसको ख़ुदा की इबादत से दूर रखें |
- जिस्मानी और मजहबी समझ का निशान है “मज़हबी समझ “
- दूसरे नज़र आने वाले गुनाह “बदरूह “जो बुरी रूह को ज़ाहिर करता है |

## तर्जुमे की सलाह :

- इस लफ़्ज़ का अनुवाद “स्वच्छ” एवं “शुद्ध” के लिए काम में आने वाले सामान्य शब्दों में किया जा सकता है।
- इसमें तर्जुमा करने के और तरीके शामिल हो सकते हैं, "पाक शक्ल से साफ" या "ख़ुदा को कुबूल "
- "साफ़ "; का तर्जुमा"धुलाई" या "पाक" ज़रिये’किया जा सकता है।
- वाज़े’करें कि "साफ़" और "पाक" के लिए इस्तेमाल किए गए लफ़्ज़ों को भी एक ज़ाहिरी मा’नीमें समझा जा सकता है।

“गन्दा” के मा’नी हैं इस का तर्जुमा ऐसे करें “नापाक”या “जो ख़ुदा की निगाह में मुनासिब नहीं””जिस्मानी नापाकी” या ऐब दार “ जो बताता है बदरूह या एक गंदी रूह “गन्दी” इसका तर्जुमा हो सकता है “बुरा “ऐब दार “ ये तर्जुमा ज़ाहिर करता है रूहानी नापाकी | यह किसी भी चीज़ को ज़ाहिर करता है जो खुदा ने बता दिया है जो ना मुनासिब हो छूने ,खाने ,और क़ुर्बानी पेश करने में

(यह भी देखें: पाक,बुरा, नापाक, क़ुर्बानी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 07:1-3
- पैदाइश 07:8-10
- अह्बार 12:15-16
- ज़ुबूर 051:7-9
- अम्साल 20:29-30
- हिज़्क़ीयेल 24:13
- मत्ती 23:27-28
- लूक़ा 05:12-13

- रसूलों के आमाल 08:6-8
- रसूलों के आमाल 10:27-29
- कुलस्सियो 03:5-8
- 1 थिस्सलुनीकियों 04:7-8
- याक़ूब 04:8-10

## शब्दकोश:

- Strong's: H1249, H1252, H1305, H2134, H2135, H2141, H2398, H2548, H2834, H2889, H2890, H2891, H2893, H2930, H2931, H2932, H3001, H3722, H5079, H5352, H5355, H5356, H6172, H6565, H6663, H6945, H7137, H8552, H8562, G167, G169, G2511, G2512, G2513, G2839, G2840, G3394, G3689

# सिय्यून की बेटी

## ता’अर्रुफ़

“सिय्यून की बेटी” इस्राईल के लोगों का ज़िक्र करने करने के लिए एक मा’क़ूल तरीक़ा है| इसका इस्ते’माल अमूमन नबूव्वतों में किया जाता है |

- पुराने ‘अहदनामे में “सिय्यून” लफ़्ज़ यरुशलीम का दूसरा नाम है|
- “सिय्यून” और “यरुशलीम” दोनों लफ़्ज़ इस्राईल के लिए काम में लिए गए हैं|
- लफ़्ज़ “बेटी” परेशानी या अफ़सोस का लफ़्ज़ है| यह ख़ुदावन्द के ज़रिए’ उसकी क़ौम के लिए उसके सब्र और निगहबानी की एक इस्ता’रा है|

## तर्जुमे की सलाह:

- इसके तर्जुमे के तरीक़े हो सकते हैं, “सिय्यून से, मेरी बेटी इस्राईल” या “सिय्यून के लोग, जो मेरे लिए बेटी जैसे हैं” या “सिय्यून, मेरे अज़ीज़ लोग इस्राईल|
- लफ़्ज़ रखना बेहतर है “सिय्यून” इस इज़हार में यह किताब-ए-मुक़द्दस में कई बार इस्ते’माल हुआ है| इसके ‘अलामती मतलब और नबूव्वत के इस्ते’माल की वज़ाहत के लिए एक नुक़्ते को भी शामिल किया जा सकता है|
- इस इज़हार के तर्जुमे में “बेटी” यह भी इसतिलाह में रखना बेहतर है, क्यूँकि इसे सही तरीक़े से समझा जा सके|

(यह भी देखें: यरुशलीम, नबी, सिय्यून)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- यरमियाह 06:1-3
- युहन्ना 12:14-15
- मत्ती 21:4-5

## शब्दकोश:

- Strong's: H1323, H6726

# सिय्योन, सिय्योन पहाड़

## ता'अर्रुफ़:

"सिय्योन" या "सिय्योन पहाड़ " एक मज़बूत क़िले' के बारे में है जिसे बादशाह दाऊद ने यबूसियों से जीता था। दोनो लफ़्ज़ यरूशलीम के बारे में और शक्लों में हुए थे।

- सिय्योन पहाड़ और मोरिय्याह पहाड़ वे दो पहाड़ थे जिन पर यरूशलीम शहर बसा हुआ था। आगे चलकर "सिय्योन" और "सिय्योन पहाड़ " इन पहाड़ों और यरूशलीम शहर के नाम जैसे हुए। कभी-कभी ये लफ़्ज़ यरूशलीम के हैकल के बारे में भी काम में लिए गए हैं। इस्त'अरह)
- दाऊद ने सिय्योन या यरूशलीम को "दाऊदशहर " नाम दिया था। यह जगह दाऊद के अपने जगह , बैतलहम से अलग थी जिसे दाऊद का शहर भी कहा गया है।
- "सिय्योन" लफ़्ज़ के और तम्सीली शक्लों में भी काम में लिया गया है, जैसे इस्राईल के लिए या ख़ुदा के रूहानी मुल्क के लिए या उस नए आसमानी यरूशलीम के लिए जिसे ख़ुदा बनाएगा

(यह भी देखें: इब्राहीम, दाऊद, यरूशलीम, बैतलहम, यबूसी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 11:4-6
- आमोस 01:1-2
- यरमियाह 51:34-35
- ज़ुबूर 076:1-3
- रोमियो 11:26-27

## शब्दकोश:

- Strong's: H6726

# सूबेदार ,सूबेदारों

## ता’रीफ़:

सूबेदार रोमी फ़ौज का हाकिम था जिसके मातहत सौ सिपाही होते थे |

- इसका तर्जुमा ऐसे लफ़्ज़ से किया जा सकता है जिसका मा’नी हो “सौ आदमियों का रहनुमा” या “सिपाही का रहनुमा” या “सौ का असरदार हाकिम”|
- एक सूबेदार ‘ईसा के पास दरख़्वास्त लेकर आया था कि वह उसके ख़ादिम को शिफ़ा दे
- ‘ईसा के मस्लूबियत का गवाह सूबेदार ‘ईसा की मौत को देखकर हैरान हो गया था |
- ख़ुदा ने एक सूबेदार को पतरस के पास भेजा कि पतरस उसे ‘ईसा की ख़ुश ख़बरी सुनाये |

(यह भी देखें :रोम)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के आमाल 10:1-2
- रसूलों के आमाल 27:1-2
- रसूलों के आमाल 27:42-44
- |लूका 07:2-5
- लूका 23:46-47
- मरकुस 15:39-41
- मत्ती 08:5-7
- मत्ती 27:54-56

## शब्दकोश:

- Strong's: G1543, G2760

# हरामकारी ,हरामकार बदकार, हराम्कारियाँ ,हराम्कारियों ,हरामकारनी

## ता'अर्रुफ़:

"हरामकार" ,यहाँ तक कि शादी शुदा आदमी के ज़रिये शादी की हदों से बाहर जिस्मानी रिश्ता बनाने का गुनाह दोनों ही हरामकारी के मुजरिम हैं हरामकारी ,ऐसा सुलूक या ऐसा गुनाह करने वाला आदमी

- "हरामकारी" क्या हैं, हाराम्कारी करने वाले आदमी के बारे में
- ज़ानी, हरामकारी करने वाली औरत के बारे में
- हरामकारी -शौहर-बीवी के ज़रिए शादी में किए गए वादों को तोड़ना है
- ख़ुदावन्द ने इस्राईलियों को हरामकारी नहीं करने का हुक्म दिया
- "हरामकारों" ,नए तौर से इस्राईल के लिए काम में लिया गया है जब वह ख़ुदावन्द के ख़ुदा परस्त नहीं होते थे ख़ास करके जब वह झूठे ख़ुदा की इबादत करते थे

## तर्जुमा की सलाह:

- अगर मुश्किल ज़बान में "हरामकारी" का तर्जुमा है तो इसका तर्जुमा एक ही तरह से किया जा सकता है , किसी और की बीवी के साथ जिस्मानी रिश्ता बनाना , या "किसी और के रफीक़-ए-हयात के साथ नाजायज़ रिश्ता बनाना"
- कुछ ज़बानों में "हरामकारी" को साफ़ तौरसे इबयान नहीं किया जाता है जैसे , किसी और के रफीक़-ए-हयात के साथ सोना , या अपनी बीवी से दग़ाबाज़ी करना (देखें)
- जब '' हरामकारी '' का इस्तेमाल किसी मुनासिब मतलब में किया जाता है, तो धोकेबाज़ शौहर /बीवी के साथ तुलना की जा रही उनके हुक्म न मानने वाले लोगों के बारे में ख़ुदावन्द के ख़्यालों के बारे में बयान करने के लिए, यह सबसे अच्छा तर्जुमा करना है अगर यह सही ज़बान में सही ढंग से नहीं बयान किया जाए, तो "हरामकारी" का मुनासिब इस्तेमाल "धोकेबाज़ी" या "बुराई" या "दगाबाज़ शौहर की तरह" के शक्ल में तर्जुमा किया जा सकता है।

(यह भी देखे: \ अहद, [वादा]’अहद , ‘अहदों,नया ‘अहद, [हरामकारी]ज़िनाकारी, ग़ैर इख़लाक़ी, ग़ैर इख़लाक़ी, ज़िना, \ के साथ सोना, \ इमानदार)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- ज़बूर 20:12-14
- होशे’अ 0 4:1-2
- लूका 16:18
- मत्ती 05:27-28
- मत्ती 12:38-40
- मुक़ाश्फा 02:22-23

## कलाम की कहानियों से मिसाल:

- **13:06** "तू हरामकारी न करना।
- __28:02 ज़िनाकारी मत करना
- **34;07 मज़हबी रहनुमाओं ने अपने दिल में इस तरह दुआ की , ऐ खुदावन्द मैं तेरा शुक्र करता हूँ कि मैं दूसरे आदमी की तरह अंधेर करने वाला ना इंसाफ़ी और __हरामकारी** नहीं और न इस महसूल लेने वाले की तरह हूँ

## शब्दकोश:

- Strong's: H5003, H5004, G3428, G3429, G3430, G3431, G3432

# हलाक हो, हलाक हुए, हलाक हो रहे, हलाकत

## ता'अरुफ़:

“हलाक होना” का मतलब है मरना या बर्बाद होना, अक्सर तशद्दुद के ज़रिये'या ग़ज़ब के ज़रिये' किताब-ए-मुक़द्दस में इसका मतलब है दोज़ख़ में हमेशा के लिए सज़ा पाना |

- “हलाक होने वाले” आदमी वह है जिनके लिए यह दोज़ख़ मुक़र्रर हैं क्योंकि उन्होंने अपने नजात के लिए 'ईसा पर 'ईमान लाने से इन्कार किया है।
- यूहन्ना 3:16 की ता'लीम के मुताबिक़ “हलाक होना” या'नी हमेशा के लिए अदन में न होना।

## तर्जुमे की सलाह :

- मज़मून पर मुनहसिर इसके तर्जुमे हो सकते हैं “हमेशा कीमौत ” या “दोज़ख़ की सज़ा भुगतना ” या “हलाक होना”।
- तय करें कि “हलाक होने” का मतलब है, हमेशा के लिए दोज़ख़ में होना न कि केवल “मुस्तक़बिल में ख़त्म होना”

(यह भी देखें: मौत, हमेशा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 पतरस 01:22-23
- 2 कुरिन्थियों 02:16-17
- 2 थिस्सलुनीकियों 02:8-10
- यारमियाह 18:18-20
- ज़ुबूर 049:18-20
- ज़करियाह 09:5-7
- ज़करियाह 13:8-9

## शब्दकोश:

- Strong's: H6, H7, H8, H1478, H1820, H5486, H5595, H6544, H8045, G599, G622, G684, G853, G1311, G2704, G4881, G5356

# हलीम, हलीम, हलीम बनाया, हलीमी

## ता'अर्रुफ़:

“हलीम” लफ़्ज़ उस इन्सान के लिए काम में लिया जाता है जो अपने आपको औरों से बड़ा नहीं समझता है। वह न तो घमण्डी है न मग़रूर है। हलीमी हलीम होने की खुसीसियतहै।

- ख़ुदा के सामने हलीम होने का मतलब है ख़ुदा की बड़ाई, अक़्ल और कामिलियत के सामने अपने आप की कमज़ोरी और नाकामिलियत को समझना।
- इन्सान अगर हलीम बने तो वह ख़ुद को कम हैसियत के मक़ाम में रखता है।
- हलीमी का मतलब है अपने से ज़्यादा दूसरों की ज़रूरत की ख़बर लेना।
- हलीमी का मतलब यह भी है कि अपने ने'मतों तथा क़ाबिलियत के इस्ते'माल के वक़्त किसी की ख़िदमत में हदों का ‘अमल करना।

“हलीम बनो” का तर्जुमा, “मग़रूर न होना” हो सकता है।

- “ख़ुदा के सामने हलीम बनो” का तर्जुमा हो सकता है, “ख़ुदा की बड़ाई को क़ुबूल करके अपनी मर्ज़ी से ख़ुदा के ताबे' कर दो”।

(यह भी देखें: घमण्ड

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- या'क़ूब 01:19-21
- या'क़ूब 03:13-14
- या'क़ूब 04:8-10
- लूक़ा 14:10-11
- लूक़ा 18:13-14
- मत्ती 18:4-6
- मत्ती 23:11-12

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **17:02** दाऊद एक बहुत ही _ हलीम_ व रास्तबाज़ आदमी था, जो ख़ुदा के हुक्मों का फ़रमाबरदारी करता था।
- **34:10** “जो कोई अपने आप को बड़ा बनाएगा, वह(ख़ुदा)**हलीम** करेगा, और जो अपने आप को **छोटा** बनाएगा, वह बड़ा किया जाएगा।”

## शब्दकोश:

- Strong's: H1792, H3665, H6031, H6035, H6038, H6041, H6800, H6819, H7511, H7807, H7812, H8213, H8214, H8215, H8217, H8467, G858, G4236, G4239, G4240, G5011, G5012, G5013, G5391

# हुक्म,हुक्मों ,हुक्म दिया,हुक्म,ख़ुदा का हुक्म

## ता'अर्रुफ़:

“हुक्म देना”या'नी किसी को कुछ करने का हुक्म देना | “हुक्म” इन्सान को दिया गया हुक्म है|

अगरचे इन लफ़्ज़ों के बुनियादी तौर पर एक ही मा'नी हैं ,”हुक्म” अक्सर ख़ुदा के कुछ ज़रूरी हुक्मों को बताता है जो ज़्यादा सख़्त और मुस्तहकम हैं,जैसे “दस हुक्म'|

- हुक्म अस्बाती हो सकता है (अपने माँ -बाप की इज्ज़त करना) “या न मंज़ूरी करना (“चोरी मत कर”)
- “हुक्म हाथ में लेना” या'नी“इख़्तियार संभालना” या किसी काम या इन्सान की ज़िम्मेदारी संभालना”।

## तर्जुमे की सलाह:

- “इन्तिज़ाम ” लफ़्ज़ का तर्जुमा अलग मा'नी में किया जाना सबसे अच्छा है। “हुक्म” और “फ़रमान” की ता'रीफ़ से भी इसकी बराबरी करें।
- कुछ मुतर्जिम अपनी ज़बान में एक ही लफ़्ज़ के ज़रिए' हुक्म और ख़ुदा के हुक्म का तर्जुमा करना पसंद कर सकते हैं।
- और मुतर्जिम ख़ुदा के हुक्म के लिए एक ख़ास लफ़्ज़ का इस्ते'माल करना पसंद कर सकते हैं, जो कि मुक़ामी, सख़्त हुक्मो को जो ख़ुदा ने बनाए हैं।

(देखें: हुक्म, फ़रमान, इन्तिज़ाम, दस हुक्मो)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- लूका 01:5-7
- मत्ती 01:24-25
- मत्ती 22:37-38
- मत्ती 28:20
- गिनती 01:17-19
- रोमियो 07:7-8

## शब्दकोश:

- Strong's: H559, H560, H565, H1696, H1697, H1881, H2706, H2708, H2710, H2941, H2942, H2951, H3027, H3982, H3983, H4406, H4662, H4687, H4929, H4931, H4941, H5057, H5713, H5749, H6213, H6310, H6346, H6490, H6673, H6680, H7101, H7218, H7227, H7262, H7761, H7970, H8269, G1263, G1291, G1296, G1297, G1299, G1690, G1778, G1781, G1785, G2003, G2004, G2008, G2036, G2753, G3056, G3726, G3852, G3853, G4367, G4483, G4487, G5506

# हैकल

## सच्चाई:

हैकल पर कोटे से घिरा हुआ एक मकान था जहां इस्राईली दुआ करने और क़ुर्बानी पेश करने आते थे। यह हैकल मोरिय्याह पहाड़ पर यरूशलीम शहर में था।

- हैकल लफ़्ज़ पूरे हैकल 'इलाक़े के बारे में काम में लिया जाता था जिसमें ख़ास मकान का घिरा हुआ मैदान भी था। कभी-कभी यह केवल मकान के बारे में काम में लिया गया है।
- हैकल के दो हिस्से थे, पाक जगह और मुक़द्दस जगह
- ख़ुदा हैकल को अपना घर कहता था।
- बादशाह सुलैमान ने अपने शाही वक़्त के दौरान हैकल को ता'मीर किया। यह यरूशलीम में इबादत की मुक़र्रर जगह माना जाता था।
- नये 'अहद नामे में कहा गया है, "रूह-उल-कुद्दूस काहैकल " तो वह इमानदारों के झुण्ड का हवाला देता है क्योंकि पाक रूह उनमें रहता है।

## तर्जुमे की सलाह :

- हैकल में इन्सानों की मौजूदगी की जब चर्चा की गई है तो इसका मतलब है कि वे मकान के बाहर मैदान में थे। इसका तर्जुमा किया जा सकता है, "हैकल के आंगनों में" या "हैकल के मैदान में"।
- जब मकान की चर्चा की जा रही हो तो कुछ ज़बानों में इसका तर्जुमा होगा, "हैकल में" या "हैकल के मकान में" कि साफ़ समझ में आए।
- "हैकल " तर्जुमे की शक्ल में "ख़ुदा का पाक घर" या "पाक इबादतकी जगह " किया जा सकता है।
- किताब-ए-मुक़द्दस में हैकल का बयान "यहोवा काघर " या "ख़ुदा का घर" से है।

(यह भी देखें: क़ुर्बानी, सुलैमान, बाबेल, पाक रूह , सुलह का ख़ेमा, आंगन, सिय्योन, घराना)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 03:1-3
- रसूलों के 'आमाल 03:7-8
- हिज़्क़ीएल 45:18-20
- लूका 19:45-46
- नहमियाह 10:28-29
- ज़ुबूर 079:1-3

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसाल:

- **17:06** दाऊद चाहता था कि वह एक _ हैकल _ की ता'मीर करे जिसमें सभी इस्राईली ख़ुदा की इबादत करें और क़ुर्बानी पेश करें |
- **18:02**यरुशेलीम में, सुलैमान ने अपने बाप के मनसूबे के मुताबिक़ एक _घर _ बनाने का फ़ैसला किया और उसके लिए समान इकठ्ठा किया | अब लोग सुलह के ख़ेमे की जगह पर उस घर में ख़ुदा की इबादत करते और क़ुर्बानी पेश करते थे ख़ुदा _घर _ में मौजूद था, और वह अपने लोगों के साथ रहता था |
- **20:07** उन्होंने यरूशलीम को जीत लिया, हैकल को बर्बाद कर दिया, और शहर व _ हैकल _ की सभी क़ीमती चीज़ों को उनसे छीन कर ले गए |
- **20:13** जब वह लोग वापस यरूशलीम लौटे, उन्होंने _ हैकल _ और साथ ही शहर की आस पास की दीवारों की भी फिर से ता'मीर किया |
- **25:04** तब शैतान 'ईसा को _ हैकल _ के ऊँची जगह पर ले गया और उससे कहा, "अगर तू ख़ुदा का बेटा है, तो अपने आप को नीचे गिरा दे; क्योंकि लिखा है: 'वह तेरे लिये अपने फ़रिश्तों को हुक्म आज्ञा देगा, और वह तुझे हाथों-हाथ उठा लेंगे | कहीं ऐसा न हो कि तेरे पाँवों में पत्थर से ठेस लगे |'"
- **40:07** जैसे ही 'ईसा की मौत हुई, वहा भूकंप आया और _ हैकल _ का बड़ा परदा जो इन्सानों को ख़ुदा की मौजूदगी से दूर रखता था ऊपर से नीचे तक फटकर दो टुकड़े हो गया |

## शब्दकोश:

- Strong's: H1004, H1964, H1965, H7541, G1493, G2411, G3485

# हौसला, हौसलाअफ्ज़ाई

## ता'अरुफ़:

“समझा” या'नी अच्छा काम करने के लिए हौसला अफज़ाई करना और दरख्वास्त करना। ऐसी हौसला को “हौसलाअफ्ज़ाई” कहलाती है।

- “हौसला देने” का मक़सद है इंसान को गुनाह को छोड़ करके ख़ुदा की मर्ज़ी पर चलने के लिए मुता'स्सिर करना।
- नये 'अहद नामें में ईमानदारों को ता'लीम दी गई है कि एक दूसरे को सख्ती से और वैसे मुहब्बत से समझाएं।

## तर्जुमा की सलाह:

- जुमले के मुताबिक़ “हौसला” का तर्जुमा “ज़्यादा दरख्वास्त करना” या “क़ायल करना” या “सलाह देना” भी हो सकता है।
- यक़ीन करें कि इस लफ्ज़ का तर्जुमा ऐसा न लगे कि समझाने वाला नाराज़ है। इस लफ्ज़ से क़ुव्वत और संजीदगी से आगाह करना चाहिए लेकिन नाराज़गी का इज़हार नही होना चाहिए |
- ज़्यादा तर जुमलों में “हौसला” का तर्जुमा“हौसला अफज़ाई” से मुख्तलिफ़ होना है जिसका मतलब है मुता'स्सिर करना, यक़ीन दिलाना, या इत्मिनान देना है।
- इस लफ्ज़ का तर्जुमा “झिड़कना” से भी मुख्तलिफ़ होना है जिसका मतलब है ग़लत सुलूक के लिए आगाह कर देना, या सुधारना है।

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 थिस्सलुनीकियों 02:3-4
- 1 थिस्सलुनीकियों 02:10-12
- 1 तीमुथियुस 05:1-2
- लूक़ा 03:18-20

## शब्दकोश:

- Strong's: G3867, G3870, G3874, G4389

# क़ुव्वत , ताक़तें

## ता’अर्रुफ़:

“क़ुव्वत” लफ़्ज़ का मतलब है कुछ करने की हिम्मत या बहुत ज़्यादा ज़ोर लगाकर कुछ होना मुमकिन करना। “ताक़तों ” का बयान इन्सानों या रूहों से है जिनमें कुछ करने की अज़ीम क़ुदरत होती है।

- “ख़ुदा की क़ुव्वत” या’नी सब कुछ मुमकिन बनाने की ख़ुदा कीक़ुदरत , ख़ास करके वे काम जो इन्सान के लिए नामुमकिन है।
- ख़ुदा को अपनी पूरी दुनिया का पूरा इख़्तियार है।
- ख़ुदा जो चाहता है उसे करने के लिए अपने लोगों को क़ुव्वत ‘अता करता है जिससे कि जब वे इंसानों को बीमारी से शिफ़ा ‘अता करें या और मोजिज़े करें तो वह ख़ुदा की क़ुदरत से माने जाएं।
- ‘ईसा और रूह-उल-क़ुद्दूस भी ख़ुदा हैं इसलिए उनकी क़ुव्वत भी एक जैसी है।

## तर्जुमे की सलाह :

- मज़मून के मुताबिक़ “क़ुव्वत ” का तर्जुमा “ताक़त ” या “क़ुदरत ” या “हिम्मत ” या “मोजिज़ों कीताक़त ” या “ज़ोर ” हो सकता है।
- “ताक़तों ” का तर्जुमा हो सकता है, “ताक़तवर जानदार ” या “क़ाबू में करने वाली रूहें ” या “इन्सानों को क़ब्ज़े करने वाले”
- “हमें दुश्मन के हाथों से बचा” का तर्जुमा होगा, “हमें अपने दुश्मनों के ज़ुल्म से बचा” या “हमें अपने दुशमनों के ज़ोर से छुड़ा ले”। * यहां “ताक़त ” का मतलब है इन्सानों को क़ब्ज़े में करने और उन पर ज़ुल्म करने की जिस्मानी क़ुव्वत ”।

(यह भी देखें: रूह-उल-क़ुद्दूस, ‘ईसा , मोजिज़े)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 थिस्सलुनीकियों 01:4-5
- कुलुस्सियों 01:11-12
- पैदाइश 31:29-30
- यिर्मयाह 18:21-23
- यहूदा 01:24-25
- क़ुजात 02:18-19
- लूका 01:16-17
- लूका 04:14-15
- मत्ती 26:62-64
- फिलिप्पियों 03:20-21
- ज़ुबूर 080:1-3

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसाल:

- **22:05** फ़रिश्ते ने उसको जवाब दिया, “रूह-उल-क़ुद्दूस तुझ पर उतरेगा, और ख़ुदा की _ क़ुव्वत _ तुझ पर साया करेगी | इसलिये वह पाक जो पैदा होनेवाला है, ख़ुदा का बेटा कहलाएगा |”
- **26: 1**शैतान की आज़माइश पर फतह पाने के बा’द, ‘ईसा जहाँ वह रहते थे गलील के ‘इलाक़े के लिए पाक रूह की_ क़ुव्वत _ में लौट आए।
- **32:15** ‘ईसा ने फ़ौरन जान लिया कि मुझ में से _ क़ुव्वत _ निकली है |
- **42:11** ‘ईसा के मरे हुओ में से जी उठने के चालीस दिनों के बा’द, उसने अपने शागिर्दों से कहा कि तुम यरूशलीम में ही रहना जब तक कि मेरा बाप से तुम्हे पाक रूह का _ क़ुव्वत _तुम्हे न दे |”
- **43:06**“हे इस्राईलियो ये बातें सुनो: ‘ईसा नासरी एक इन्सान था, जिसने ख़ुदा की **क़ुव्वत** से कई हैरानी के कामों और निशानों को ज़ाहिर किया, जो ख़ुदा ने तुम्हारे बीच उसके ज़रिये’ कर दिखाए जिसे तुम आप ही जानते हो |
- **44:08** तब पतरस ने उन्हें जवाब दिया, “’ईसा मसीह की **क़ुव्वत** से यह आदमी तुम्हारे सामने भला चंगा खड़ा है |

## शब्दकोश:

- Strong's: H410, H1369, H2220, H2428, H2429, H2632, H3027, H3028, H3581, H4475, H4910, H5794, H5797, H5808, H6184, H7786, H7980, H7981, H7983, H7989, H8280, H8592, H8633, G1411, G1415, G1756, G1849, G1850, G2478, G2479, G2904, G3168

# क़ुसूर, क़ुसूरों, धोका किया

## ता’अरुफ़:

“क़ुसूर” का मतलब है कानूनों की ख़िलाफ़ वर्ज़ी करना या किसी इन्सान के इख्तियारों पर क़ब्ज़ा करना। “क़ुसूर” करने के काम को "क़ब्ज़ा " कहते है।

- क़ुसूर एख़्लाक़ी या शहरी क़ानूनों का तोडना हो सकता है या किसी इन्सान के ख़िलाफ़ में गुनाह करना।
- इस लफ़्ज़ का ता’अल्लुक़ “गुनाह ” और “क़ुसूर” लफ़्ज़ों से है, ख़ास करके जब यह ख़ुदा के हुक्म न मानने के बारे में हो।
- सब गुनाह ख़ुदा के ख़िलाफ़ क़ुसूर हैं।

## तर्जुमे की सलाह:

- बयान के मुताबिक़ "तेरा क़ुसूर " का तर्जुमा हो सकता है "तेरे ख़िलाफ़ गुनाह " या “क़ानून तोड़ना” हो सकता है।
- कुछ ज़बानों में मुहावरे हो सकते हैं जैसे “हद पार करना”, “क़ुसूर” के लिए इसका इस्तेमाल किया जा सकता है।
- देखें कि यह लफ़्ज़ किताब-ए-मुक़द्दस में इसके मज़मून के मतलब के साथ कैसे मिलता है और इसकी बराबरी और एक जैसे लफ़्ज़ों के साथ करें जैसे “क़ुसूर करना” और “गुनाह करना”।

(यह भी देखें: [ नाफ़रमानी , नारास्ती के काम, गुनाह , ख़िलाफ़ वर्ज़ी करना)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 समूएल 25:27-28
- 2 तवारीख़ 26:16-18
- कुलुस्सियों 02:13-15
- इफिसियों 02:1-3
- हिज़क़ीएल 15:7-8
- रोमियो 05:16-17
- रोमियो 05:20-21

## शब्दकोश:

- Strong's: H816, H817, H819, H2398, H4603, H4604, H6586, H6588, G264, G3900

# ख़ादिम, ख़ादिमों

## ता'अरुफ़:

बुज़ुर्ग वह शख़्स होता है जो मक़ामी कलीसिया में ख़िदमत का काम करता है, और साथी ईमानदारों की ज़रूरतों जैसे, खाने या पैसे की मदद करता है|

- "बुज़ुर्ग" लफ़्ज़ यूनानी लफ़्ज़ "डीकन" से लिया गया है, जिसका मतलब "नौकर" या "वज़ीर" है|
- शुरू'आती कलीसिया के वक़्त ही से बुज़ुर्ग की ज़िम्मे'दारी कलीसिया में एक अच्छी ता'रीफ़ और ख़िदमत रही है।
- मिसाल के तौर पर, नये 'अहदनामे के ज़माने में बुज़ुर्ग तय करते थे कि ईमानदार जो पैसा और खाना फ़राहम करवाते थे, उसका बंटवारा बेवाओं में बिना तरफ़दारी से किया जाए।
- "बुज़ुर्ग" लफ़्ज़ का तर्जुमा किया जा सकता है, "कलीसिया का ख़ादिम" या "कलीसियाई के काम करने वाला" या "कलीसिया का नौकर" या और कोई जुमला जिसके ज़रिए' ज़ाहिर हो कि मक़ामी मसीही क़बीले के लिए फ़ायदेमन्द ख़ास काम के लिए रस्मी तौर पर मुक़र्रर किया गया शख़्स|

(यह भी देखें: वज़ीर, नौकर)

## क़िताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तीमुथियुस 03:8-10
- 1 तीमुथियुस 03:11-13
- फ़िलिप्पियों 01:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: G1249

# ख़िदमत करना, ख़िदमत

## ता’अर्रुफ़:

कलाम में “ख़िदमत” लफ़्ज़ का बयान लोगों को ख़ुदा के बारे में ता'लीम देना और उनकी रूहानी ज़रूरतों को पूरा करना ख़िदमत करने से था।

- पुराने 'अहद नामे में काहिन हैकल में नज़र पेश करके ख़ुदा की ख़िदमत करते थे।
- उनकी “ख़िदमत” में हैकल की देखरेख और लोगों की तरफ़ से ख़ुदा के लिए दु'आ करना भी होता था।
- लोगों की ख़िदमत के काम में ख़ुदा के बारे में ता'लीम देकर उनकी रूहानी ख़िदमत करना भी था।
- इसके बारे में उनकी दुनियावी ख़िदमत भी थी जैसे रोगियों की ख़बर लेना और ग़रीबों को खाना देना।

## तर्जुमा की सलाह:

- लोगों की ख़िदमत के बारे में “ ख़िदमत करना” का तर्जुमा “देखभाल ” या “ख़बर लेना” या “ज़रूरतें पूरी करना” भी हो सकता है।
- लोगो की हैकल में ख़िदमत के बारे में “ख़ादिम” लफ़्ज़ का तर्जुमा” हैकल में ख़ुदा की ख़िदमत करना” या “लोगों के लिए ख़ुदा के सामने क़ुर्बानी पेश करना ” हो सकता है।
- ख़ुदा की ख़िदमत के बारे में इसका तर्जुमा “ ख़िदमत करना” या “ख़ुदा के लिए काम करना” हो सकता है।
- “ ख़िदमत की” का तर्जुमा “ख़बर ली” या “देखभाल किया” या “मदद की” हो सकता है।

(यह भी देखें: ख़िदमत करना, क़ुर्बान)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 शमूएल 20:23-26
- रसूलों के 'आमाल 06:2-4
- रसूलों के 'आमाल 21:17-19

## शब्दकोश:

- Strong's: H6399, H8120, H8334, H8335, G1247, G1248, G1249, G2023, G2038, G2418, G3008, G3009, G3010, G3011, G3930, G5256, G5257, G5524

# ख़ुदा का कलाम,ख़ुदा के कलामों ,यहोवा का कलाम ,ख़ुदावन्द का कलाम ,पाक कलाम ,किताब-ए-मुक़द्दस

## ता’अर्रुफ़:

किताब-ए-मुक़द्दस में “ख़ुदा का कलाम ” उन सभी चीजों को बयान करता है जो ख़ुदा ने लोगों को बताया था। इसमें बोले गए और लिखे हुए पैग़ाम शामिल हैं। ‘ईसा को भी “ख़ुदा का कलाम ” कहा गया है।

“पाक कलाम ” का मतलब है “लिखा ”। नये .अहद नामे में “पाक कलाम ” का बयान इब्रानी किताब-ए-मुक़द्दस या पुराना ‘अहद नामे से है। ये लेख ख़ुदा वन्द का पैग़ाम है जो उसने इन्सानों से लिखने को कहा कि मुस्तक़बिल में पढ़ा जा सके।

- इससे मुन्सलिक़ लफ़्ज़ है, “यहोवा का कलाम ” या “ख़ुदावंद का कलाम ” आमतौर पर ख़ुदा के ख़ास पैगामों के बारे में है जो किसी नबी या किसी आदमी को दिया गया।
- कभी-कभी केवल यही लिखा है, “कलाम ” या “मेरा कलाम ” या “तेरा कलाम ” (ख़ुदा के कलाम के बारे में)
- नये ‘अहद नामे में ‘ईसा को “कलाम ” या “ख़ुदा का कलाम ” कहा गया है। इन ‘ओहदों का मतलब है कि ‘ईसा खुदा को पूरी तरह ज़ाहिर करता है क्योंकि वह ख़ुद ख़ुदा है।

“कलाम की सच्चाई “का मतलब है की एक और तरीक़ा यह है की ख़ुदा के कलाम का हवाला देते हुए जो उस का ‘पैग़ाम “या “तदरीस “है यह सिर्फ़ एक लफ़्ज़ का हवाला नहीं देता है |

- ख़ुदा का सच्चा वा’दा सब के लिए है उस की तखलीक और ‘ईसा के ज़रिये’ नजात का मन्सूबा बनाया |
- तम्सीली मतलब “लफ़्ज़ों” ये हकीक़त पर ज़ोर देता है कि ख़ुदा ने हम से क्या कहा है ,वह सच्चा ,वफ़ादार और हक़ीक़ी है |

## तर्जुमे की सलाह

- मज़मून के मुताबिक़ इस लफ़्ज़ के तर्जुमे के तरिके है, “यहोवा का पैग़ाम था” “ख़ुदा का पैग़ाम ” या “ख़ुदा की ता’लीमें ”
- कुछ ज़बानों में इसका जमा’ ज़्यादा इखलाकी होगा, “ख़ुदा के कलाम ” या “यहोवा के कलाम ”
- “यहोवा का कलाम पहुंचा” यह कलाम हमेशा खुदा के ज़रिये’ नबुव्वतों या इन्सानों को दिए गए पैग़ाम का शुरू’आत ज़ाहिर करती हैं। इसका तर्जुमा इस तरह किया जा सकता है, “यहोवा ने यह पैग़ाम दिया” या “ख़ुदा ने ये कलाम कहे”।
- “किताब-ए-मुक़द्दस” या “पाक कलामों ” का तर्जुमा “लेखे” या “ख़ुदा के लिखे पैग़ाम” की शक्ल में किया जा सकता है। इस आयत का तर्जुमा " लफ़्ज़ " से अलग तरह से किया जाना चाहिए।
- जब " लफ़्ज़ " अकेला होता है और यह ख़ुदा के कलाम को ज़ाहिर करता है, इसका तर्जुमा " पैग़ाम " या " ख़ुदा का लफ़्ज़ " या "ता’लीमों " की शक्ल में किया जा सकता है। मुन्दर्जा ज़ेल सलाह के मुताबिक़ तर्जुमो पर भी ध्यान दें।
- जब किताब-ए-मुक़द्दस ‘ईसा को "लफ़्ज़" के तौर पर हवाला देती है, तो इस लफ़्ज़ का तर्जुमा "पैग़ाम " या "सच " की शक्ल में किया जा सकता है।
- सच्चाई का कलाम “खुदा का सच्चा पैग़ाम है खुदा का लफ़्ज़ का तर्जुमा किया जा सकता है |
- यह बहुत ज़रूरी तर्जुमे के लिए की सच्चाई के मतलब को शामिल करें |

(यह भी देखें: नबी, कलाम, यहोवा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 15:1-3
- 1 सलातीन 13:1-3
- यरमियाह 36:1-3
- लूका 08:11-13
- यूहन्ना 05:39-40
- रसूलों के 'आमाल 06:2-4
- रसूलों के 'आमाल 12:24-25
- रोमियो 01:1-3
- 2 कुरन्थियूस 06:4-7
- इफ़ीसियों 01:13-14
- 2 तीमुथियूस 03:16-17

- याक़ूब 01:17-18
- या'क़ूब 02:8-9

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसाले:

- **25:07** ख़ुदा के कलाम __ में वह अपने लोगों को हुक्म देता है कि 'तू ख़ुदावन्द अपने ख़ुदा की इज़्ज़त कर, और केवल उसी की ‘इबादत कर।’”
- **33:06** तब ‘ईसा ने उन्हें समझाया कि, “बीज _ख़ुदा का कलाम _ है ।
- **42:03** फिर ‘ईसा ने उन्हें समझाया कि _ख़ुदा का कलाम _ मसीहा के बारे में क्या कहता है
- **42:07** ‘इसा ने कहा, जो बाते मैंने तुम्हारे साथ रहते हुए तुम्हे बताई थी कि _ख़ुदा के कलाम _ में जो कुछ भी मेरे बारे में लिखा है वह सब पूरा होगा।" तब उसने _पाक कलाम _ समझने के लिये उनकी अक्ल खोल दी।
- **45:10** फिलिप्पुस ने और _किताबों _ का भी इस्तेमाल करके उसे ‘ईसा की ख़ुश ख़बरी सुनाया।
- **48:12** लेकिन ‘ईसा सबसे अज़ीम नबी है। वह _ ख़ुदा का कलाम _ है।
- **49:18** ख़ुदा कहता है कि हम दुआ’ करें, उसका _कलाम _ पढ़ें, और मसीही लोगों के साथ उसकी ‘इबादत करें, और जो उसने हमारे लिए किया है वह दूसरों को बताएँ।

## शब्दकोश:

- Strong's: H561, H565, H1697, H3068, G3056, G4487

# ख़ुदा की बादशाही, आसमान की बादशाही

## ता’अर्रुफ़:

“ख़ुदा की बादशाही” और “आसमान की बादशाही” दोनों ही ख़ुदा की बादशाही और इख़्तियार के बारे में है और जो उसकी क़ौम और पूरी मख़लूक़ पर है।

- यहूदी “आसमान” लफ़्ज़ को अक्सर ख़ुदा के बारे में काम में लेते थे कि उसका सीधे तौर से नाम न लें। (देखें: मिजाज़-ए-‘इल्म बयान
- नये ‘अहदनामे में मत्ती के ज़रिए’ लिखी किताब में मत्ती ख़ुदा की बादशाही को “आसमान की बादशाही” कहता है क्योंकि उसका बुनियादी तौर पर यहूदी सुनने वाले को लिख रहा था।
- ख़ुदा की बादशाही का मतलब है ख़ुदा इन्सानों पर रूहानी तौर के साथ साथ जिस्मानी दुनिया पर भी बादशाही करता है|
- पुराने ‘अहदनामे के नबियों ने कहा था कि ख़ुदा अपना मसीह भेजेगा कि वह रास्तबाज़ी के साथ बादशाही करे। ख़ुदा का बेटा, ‘ईसा ही वह मसीह है जो ख़ुदा की बादशाही में अबद तक बादशाही करेगा।

## तर्जुमे की सलाह:

- मज़मून पर मुनहस्सिर “ख़ुदा की बादशाही” का तर्जुमा, “ख़ुदा की हुकूमत(बादशाह की शक्ल में)” या “जब ख़ुदा बादशाह की शक्ल में बादशाही करेगा” या “सब पर ख़ुदा की बादशाही” किया जा सकता है।
- लफ़्ज़“आसमान की बादशाही” का तर्जुमा “बादशाह के तौर पर आसमान से ख़ुदा की हुकूमत” या “ख़ुदा जो आसमान में है बादशाही करता है” या “आसमान की बादशाही” या “सब कुछ पर आसमान की हुकूमत” के तौर पर भी किया जा सकता है। अगर यह आसान और ज़ाहिरी तौर पर तर्जुमा करना मुमकिन नहीं है, तो तर्जुमा "ख़ुदा की बादशाही" किया जा सकता है।
- कुछ मुतरज्जिम अंग्रेज़ी में हेवन(आसमान)लफ़्ज़ का पहला हर्फ़ बड़ा रखते हैं ताकि ये ख़ुदा का हवाला दे। और जुमलों में एक ‘अलामत इस्तिलाह शामिल कर सकते हैं, जैसे "आसमान की बादशाही" (मतलब 'ख़ुदा की बादशाही')। "
- छपे हुए किताब-ए-मुक़द्दस के वर्क़ के नीचे इस तफ़सील में "आसमान" के मतलब को समझाने के लिए एक हाशिये का इस्ते’माल कर सकते है।

(यह भी देखें: ख़ुदा, आसमान, बादशाह, बादशाही, यहूदियों का बादशाह, हुकूमत)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 थिस्सलुनीकियों 01:3-5
- रसूलों के ‘आमाल 08:12-13
- रसूलों के ‘आमाल 28:23-24
- कुलुस्सियों 04:10-11
- यूहन्ना 03:3-4
- लूक़ा07:27-28
- लूक़ा10:8-9
- लूक़ा12:31-32
- मत्ती 03:1-3
- मत्ती 04:17
- मत्ती 05:9-10
- रोमियो 14:16-17

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **24:02** उसने(यूहन्ना) उनसे कहा, “तौबा करो क्योंकि **आसमान की बादशाही** क़रीब आ गई है !”
- **28:06** तब ‘ईसा ने अपने शागिर्दों से कहा, "मैं तुम से सच सच कहता हुँ कि दौलतमन्द का **आसमान की बादशाही** में दाख़िल करना मुश्किल है। तुमसे, फिर कहता हूँ कि **ख़ुदा की बादशाही** में दौलतमन्द के दाख़िल करने से ऊँट का सूई के नाके में से निकल जाना आसान है।”
- **29:02** ‘ईसा ने कहा “ इसलिये **आसमान की बादशाही** उस बादशाह के जैसी है, जिसने अपने गुलामों से हिसाब लेना चाहा।
- **34:01** ‘ईसा ने उन्हें **आसमान की बादशाही** के बारे में और कहानियाँ बताई। मिसाल के लिये, उसने कहा, “**आसमान की बादशाही** राई के एक दाने के समान है, जिसे किसी इन्सान ने लेकर अपने खेत में बो दिया।
- **34:03** ‘ईसा ने एक और कहानी उन्हें बताई, “**आसमान की बादशाही** ख़मीर के समान है जिसको किसी ‘औरत ने लेकर कुछ आटे में मिला दिया और होते-होते वह सारा आटा ख़मीर हो गया।”

- **34:04** “**आसमान की बादशाही** छिपी हुए दौलत की तरह है, जिसे किसी इन्सान ने खेत में छिपाया। एक दुसरे इन्सान को वह दौलत मिली और उसने भी उसे वापस छिपा दिया।”*

**34:05** “**ख़ुदा की बादशाही** बेशक़ीमती मोती की तरह भी है।”

- **42:09** उसने ऐसे कई तरीक़ों से अपने शागिर्दों को साबित किया कि वह ज़िन्दा है और उन्हें **ख़ुदा की बादशाही** की ता’लीम देता रहा।
- **49:05** ‘ईसा ने कहा कि **ख़ुदा की बादशाही** इस दुनिया की सारी चीज़ों से कहीं ज़्यादा क़ीमती है।
- **50:02** जब ‘ईसा ज़मीन पर रहता था तो उसने कहा, "मेरे शागिर्द दुनिया में हर जगह लोगों को **ख़ुदा की बादशाही** के बारे में ख़ुशख़बरी का ‘ऐलान करेंगे, और फिर आख़िर आ जाएगा।"

## शब्दकोश:

- Strong's: G932, G2316, G3772

# ख़ुदा की मर्ज़ी

## ता’अर्रुफ़:

“ख़ुदा की मर्ज़ी का बयान ख़ुदा की ख़्वाहिश और मंसूबे से है।

- ख़ुदा की मर्ज़ी ख़ास करके इन्सानों के साथ उनकी बातचीत से है और वह इन्सानों से अपने लिए कैसी रद्दे’अमल चाहता है, उससे मुन्सलिक है।
- इसका बयान उसके मंसूबों और ख़्वाहिश से है जो उसकी पूरी तख्लीक के ता’अल्लुक में हैं।
- “ख़्वाहिश करना” का मतलब है, “ठान लेना” या “आरज़ू करना” से है।

## तर्जुमा की सलाह:

- “ख़ुदा की मर्ज़ी ” का तर्जुमा हो सकता है, “ख़ुदा की ख़्वाहिश क्या है” या “ख़ुदा ने क्या मंसूबा बनाया है” या “ख़ुदा का मक़सद ” या “ख़ुदा को क्या ख़ुशी देता है”

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 यूहन्ना 02:15-17
- 1 थिस्सलुनीकियों 04:3-6
- कुलुस्सियों 04:12-14
- इफिसियों 01:1-2
- यूहन्ना 05:30-32
- मरकुस 03:33-35
- मत्ती 06:8-10
- ज़ुबूर103:20-22

## शब्दकोश:

- Strong's: H6310, H6634, H7522, G1012, G1013, G2307, G2308, G2309, G2596

# ख़ुदा की क़ौम , मेरे लोग

## ता’अर्रुफ़:

“ख़ुदा की क़ौम” या’नी ख़ुदा ने दुनिया में से जिन लोगों को बुलाकर अलग कर लिया कि उसके साथ ख़ास रिश्ते में रहें।

- ख़ुदा कहता है “मेरे लोग ” तो वह उन लोगों के बारे में कह रहा है जिन्हें उसने चुन लिया है और उनके साथ उसका रिश्ता सबसे अलग है।
- ख़ुदा की क़ौम उसके ज़रिये’ चुनी हुई है और दुनिया से अलग की गई है कि उसे ख़ुश करने की ज़िन्दगी जीएं। ख़ुदा उन्हें अपनी औलाद भी कहता है।
- पुराने ‘अहद नामे में ख़ुदा के लोग (क़ौम) इस्राईल के बारे में है जिन्हें ख़ुदा ने चुन कर ग़ैर क़ौमों से अलग कर लिया कि उसकी ख़िदमत करें और उसका हुक्म मानें।
- नये ‘अहद नामे में “ख़ुदा के लोग” का मक़सद उन सब इन्सानों से है जो ‘ईसा में यक़ीन करते हैं और उन्हें कलीसिया कहा गया है। कलीसिया में यहूदी और ग़ैर क़ौमें ईमान दार दोनों हैं।

## तर्जुमे की सलाह:

- “ख़ुदा की क़ौम ” का तर्जुमा “ख़ुदा के लोग” या “ख़ुदा की इबादत करने वाले लोग” या “ख़ुदा की ख़िदमत करने वाले लोग” या “ख़ुदा के अपने लोग”।
- जब ख़ुदा कहता है, “मेरी क़ौम” तब उसका तर्जुमा हो सकता है, “जिन लोगों को मैंने चुन लिया है” या “मेरी इबादत करने वाले लोग” या “मेरे अपने लोग”
- इसी तरह “तेरी क़ौम ” का तर्जुमा “तेरे अपने लोग” या “तुझे चुन लेने वाले लोग” हो सकता है।
- “उसकी क़ौम” का तर्जुमा “उसके अपने लोग” या “जिन लोगों को ख़ुदा ने अपना हिस्सा चुन लिया” हो सकता है।

(यह भी देखें :इस्राईल, क़ौम)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 11:1-3
- रसूलों के 'आमाल 07:33-34
- रसूलों के 'आमाल 07:51-53
- रसूलों के 'आमाल 10:36-38
- दानीएल 09:24-25
- यसा'याह 02:5-6
- यरमियाह 06:20-22
- योएल 03:16-17
- मीकाह 06: 3-5
- मुकाशिफ़ा 13:7-8

## शब्दकोश:

- Strong's: H430, H5971, G2316, G2992

# ख़ुदा के घर, यहोवा के घर

## ता’अर्रुफ़:

किताब-ए-मुक़द्दस में “ख़ुदा के घर” (ख़ुदा का घर) और “यहोवा के घर (यहोवा का घर) या’नी ख़ुदा की ‘इबादत का मक़ाम|

- यह लफ़्ज़ ज़्यादा खुसूसियत में ख़ेमा या हैकल के लिए काम में आता था।

कभी-कभी “ख़ुदा का घर”, ख़ुदा की क़ौम के लिए भी काम में लिया जाता था।

## तर्जुमें की सलाह:

- इबादत की जगह के बारे में इस जुमले का तर्जुमा “ख़ुदा की ‘इबादत का घर” या “ख़ुदा की ‘इबादत का मक़ाम” किया जा सकता है।

अगर यह हैकल का ख़ेमे के बारे में है तो इसका तर्जुमा “हैकल(या ख़ेमा)” किया जा सकता है जहाँ ख़ुदा की ‘इबादत की जाती है(या “जहा ख़ुदा हाज़िर होता है” या “जहाँ ख़ुदा अपने लोगों से मिलता है।”)

- लफ़्ज़ “घर” का तर्जुमा में इस्ते’माल करना ज़रूरी है ताकि ये ज़ाहिर कर सकें कि ख़ुदा "बसता" है, ख़ुदा की रूह अपने लोगों के साथ है जो उसकी ‘इबादत करने की जगह में है।

(यह भी देखें: ख़ुदा की क़ौम, ख़ेमा, हैकल)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तीमुथियुस 03:14-15
- 2 तवारीख़ 23:8-9
- ‘अज़्रा 05:12-13
- पैदाइश 28:16-17
- क़ुज़ात 18:30-31
- मरकुस 02:25-26
- मत्ती 12:3-4

## शब्दकोश:

- Strong's: H426, H430, H1004, H1005, H3068, G2316, G3624

# ख़ुदा के बेटे

## ता'अरुफ़:

“ख़ुदा के बेटे” यह एक 'अलामती जुमला है जिसके कई मुनासिब मतलब हैं।

- नए 'अहद नामे में, “ख़ुदा के बेटे” या'नी 'ईसा के ईमादार और इसका मतलब हमेशा “ख़ुदा के बेटे” होता है क्यूँकि इसमें औरत और मर्द दोनों हैं।
- इस लफ़्ज़ का इस्ते'माल ख़ुदा के साथ बाप बेटे के जैसा होता है जिसमें तुम को बेटे होने के सब ज़रूरतें हासिल हैं।
- पैदाइश 6 में कुछ लोग “खुदा के बेटों” का तर्जुमा फ़रिश्तों से करते हैं जिसका मतलब बदरूह से है। ग़ैरों के ख़्यालों में इसका बयान ताक़त सियासी हुक्मरानों से है या शेत के औलादों से है।
- नए 'अहद नामे में, “ख़ुदा के बेटे या'नी 'ईसा के ईमानदार और इसका मतलब हमेशा “ख़ुदा के बेटे ” होता है क्यूँकि इसमें मर्द और 'औरत दोनों हैं।
- इस लफ़्ज़ का इस्ते'माल ख़ुदा के साथ बाप बेटे के जैसा होता है जिसमें तुम को सब ज़रूरतें हासिल हैं।
- “ख़ुदा के बेटे” एक अलग लफ़्ज़ है: जो 'ईसा के बारे में है जो ख़ुदा का सिर्फ़ एकलौता बेटा है।

## तर्जुमा की सलाह:

- जब “ख़ुदा के बेटे” 'ईसा के ईमानदारों में है तो इसका तर्जुमा “ ख़ुदा की औलाद” हो सकता है।
- पैदाइश 6:2 मैं “ख़ुदा के बेटे” के चार और तर्जुमे हैं “फ़रिश्ते” या “रूहानी आदमी ” या “अलौकिक प्राणियों” या “बदरूह”।
- इसके अलावा “बेटे” का लिंक भी देखें।

(यह भी देखें: फ़रिश्ते, बदरूह, बेटे, [ख़ुदा के बेटे, हाकिम, रूह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 06:1-3
- पैदाइश 06:4
- अय्यूब 01:6-8
- रोमियो 08:14-15

## शब्दकोश:

- Strong's: H430, H1121, G2316, G5043, G5207

# ख़ुदा, झूठे ख़ुदा, बहुत से ख़ुदा, देवी, बुत, बुतों, बुतपरस्त, बुतपरस्तों, बुतपरस्ती, बुतपरस्ती

## ता'अर्रुफ़:

एक झूठा ख़ुदा वह है जिसकी 'इबादत लोग एक सच्चे ख़ुदा को छोड़ कर करते हैं। लफ़्ज़ "देवी" मतलब होता है ख़ास तौर एक 'औरत की शक्ल में झूठी मा'बूदा है।

- झूठे देवी-मा'बूद मौजूद नहीं हैं। यहोवा ही इकलौता ख़ुदा है।
- लोग कभी-कभी झूठे मा'बूदों के तौर पर 'इबादत के लिए बुत बनाते थे|
- किताब-ए-मुक़द्दस में, ख़ुदा के लोग बार-बार उसकी नाफ़रमानी करके इन झूठे मा'बूदों की 'इबादत करने लगे थे।
- बदरूहें अकसर लोगों को धोखा देती हैं कि वे झूठे मा'बूदों और बुतों की 'इबादत करें उनमें क़ुव्वत है।
- बा'ल, दजोन, मोलक, ये तीन बहुत झूठे मा'बूदों में से थे जिनकी 'इबादत किताब-ए-मुक़द्दस के ज़माने में की जाती थी।
- अशेरा और आरतिमिस (डायना) दो देवियां थी जिनकी 'इबादत पुराने ज़माने में की जाती थी।

लोग बुत बनाते थे, कि उसकी 'इबादत कर सकें| कुछ चीज़ों का "बुतपरस्त" के तौर पर ज़िक्र किया गया है अगर इसमें एक सच्चे ख़ुदा के अलावा किसी और चीज़ की 'इज़्ज़त करना शामिल है।

- लोग बुतों को उन झूठे मा'बूदों की रहनुमाई करने के लिए बनाते हैं जिन्हें वे 'इबादत करते हैं।
- ये झूठे मा'बूद मौजूद नहीं हैं; यहोवा के अलावा कोई ख़ुदा नहीं है।
- कभी-कभी शैतान एक बुत के ज़रिए' से काम करते हैं ताकि ऐसा लगता है कि इसमें ताक़त है, भले ही यह नहीं है।
- बुत अक्सर सोने, चांदी, काँसा, या महंगी लकड़ी जैसी क़ीमती चीज़ों से बने होते हैं।
- "बुत परस्त लोगों की बादशाही" का मतलब है "उन लोगों की बादशाही जो बुतों की 'इबादत करते हैं" या उन लोगों की बादशाही जो ज़मीन चीज़ों की 'इबादत करते हैं"
- लफ़्ज़ " बुतों बनावट" एक "नक्काशीदार तस्वीर" या "बुत" के लिए एक और लफ़्ज़ है।

## तर्जुमे की सलाह:

- मक़सदी ज़बान या आसपास की ज़बान में "ख़ुदा" या "झूठे ख़ुदा" के लिए कोई लफ़्ज़ होगा।
- "बुत" लफ़्ज़ झूठे मा'बूदों के बारे में काम में लिया जा सकता है।
- झूठे ख़ुदा के लिए ख़ुदा लफ़्ज़ और इकलौते सच्चे ख़ुदा के लिए ख़ुदा लफ़्ज़ का इस्ते'माल किया जाता है। और ज़बानों में भी ऐसा हो सकता है
- एक तरीक़ा यह भी है कि झूठे मा'बूदों के लिए एक पूरी तरह से अलग लफ़्ज़ का इस्ते'माल किया जाता है।
- कुछ ज़बानों में झूठे ख़ुदा के आदमी या 'औरत में फ़र्क़ के लिए एक ज़्यादा लफ़्ज़ का इस्ते'माल किया जाता है।

(यह भी देखें: ख़ुदा, अशेरा, बा'ल, मोलक, शैतान, तस्वीर, बादशाही, 'इबादत)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 35:1-3
- ख़ुरूज़ 32:1-2
- ज़ुबूर 031:5-7
- ज़ुबूर 081:8-10
- यसा'याह 44:20
- रसूलों के 'आमाल 07:41-42
- रसूलों के 'आमाल 07:43
- रसूलों के 'आमाल 15:19-21
- रसूलों के 'आमाल 19:26-27
- रोमियो 02:21-22
- गलतिया 04:8-9
- गलतिय 05:19-21
- कुलुस्सियो 03:5-8
- 1 थिस्लूनिकियों 01:8-10

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **10:02** इन ख़ौफ़नाक मुसीबतों के ज़रिए’ ख़ुदा यह दिखाना चाहता था ,कि वह फ़िर’औन व मिस्र के _ मा’बूदों_ से बहुत ज़्यादा ताक़तवर है।
- **13:04** ख़ुदा ने उन्हें क़सम दी और कहा, “मैं तेरा ख़ुदा यहोवा हूँ, जो तुझे मिस्र में से ग़ुलामी से बचाया। ” दूसरे **ख़ुदा** की ‘इबादत न करना
- **14:02** उन्होंने(कनानियो) झूठे _ मा’बूदों_ की ‘इबादत की, और बहुत से बुरे काम किए।
- _*16:01*इस्राईलियों ने यहोवा के बजाय, कना’नियो के _मा’बूद _ की ‘इबादत करना शुरू’ कर दिया
- **18:13** लेकिन यहूदाह बहुत से बादशाह बुरे, धोखेबाज़ और बुतपरस्त करने वाले थे। कुछ बादशाह झूठे **मा’बूदों** के लिए अपने बच्चों की भी क़ुर्बानी चढ़ाने लगे।

## शब्दकोश:

- Strong's: H205, H367, H410, H426, H430, H457, H1322, H1544, H1892, H2553, H3649, H4656, H4906, H5236, H5566, H6089, H6090, H6091, H6456, H6459, H6673, H6736, H6754, H7723, H8163, H8251, H8267, H8441, H8655, G1493, G1494, G1495, G1496, G1497, G2299, G2712

# ख़ुदा, ख़ुदाई, बुरा, ख़ुदा की राह , ना क़ाबिल-ए-एतमाद , ख़ुदा परस्ती

## ता'अर्रुफ़: ##

“रास्तबाज़ी” लफ़्ज़ उस शख़्स को बयान करता है जो इस तरह के काम करता है जिनसे ख़ुदा का जलाल ज़ाहिर होता है और ज़ाहिर होता है कि ख़ुदा कैसा है। "’इबादत" ख़ुदा की मर्ज़ी पूरी करके ख़ुदा की 'इज़्ज़त करने का किरदार है।

- ‘इबादत का किरदार रखनेवाला शख़्स पाक रूह के फल ज़ाहिर करता है जैसे, मुहब्बत, ख़ुशी, अमन, सब्र, हलीमी, ख़ुद पर क़ाबू वगैरह ।
- इबादत की ख़ासियतों से पता चलता है कि एक शख़्स में पाक रूह है और उसे अमल करना है।

"बुरा " और "बे बुनियाद " लफ़्ज़ उन लोगों का बयान करते हैं जो ख़ुदा के मुख़ालिफ़ हैं । बुरे रास्ते में रहते हैं ,बिना ख़ुदा के , ग़ैर जानदार , या बे बुनियाद , कहा जाता है |

इन लफ़्ज़ों का मतलब बहुत 'आम है। हालांकि, "ख़ुदा परस्ती" और "बे बुनियाद" एक बहुत गहराई से बयान कर सकते है जिसमें लोग या क़ौम ख़ुदा को क़ुबूल करने या उनके हुकूमत करने का इख्तियार भी क़ुबूल नहीं करते हैं

- ख़ुदा  लेकिन फ़ैसला और ग़ुस्से का बयान करता है, जो हर वह शख्स को और उसके तरीकों को क़ुबूल नहीं करता है।

## तर्जुमा की सलाह :

- “ख़ुदा परस्त” का तर्जुमा “ख़ुदा के फ़रमाबरदार लोग” या “ख़ुदा के हुक्म मानने वाले लोग” (देखें: ना मुकम्मल
- सिफ़त "ख़ुदा परस्त" का तर्जुमा "ख़ुदा के बारे में फ़रमाबरदारी " या "ईमानदार" या , ख़ुदा को ख़ुश " की शक्ल में किया जा सकता है।
- " ख़ुदा परस्त के तरीक़े से" जुमलों का तर्जुमा "ऐसे तरीक़े से किया जा सकता है जो ख़ुदा पर अमल करता है" या "अमल और लफ़्ज़ों के साथ जो ख़ुदा को ख़ुश करते हैं।"
- "इबादत" का तर्जुमा करने के तरीक़े में "ख़ुदा को ख़ुश करने वाले तरीक़े से काम करना" या "ख़ुदा पर 'अमल करना" या "एक ईमानदार तरीक़े से जी रहे" हो सकते हैं।
- जुमलों के तौर पर, "ना रास्त" लफ़्ज़ का तर्जुमा "ख़ुदा से नाराज" या "ग़ैर इख़लाक़ी" या "ख़ुदा की नाफ़रमानी "की शक्ल में किया जा सकता है।
- "बे दीन" और "बे बुनियाद" लफ़्ज़ का लफ़्ज़ी मतलब यह है कि लोग "ख़ुदा के बग़ैर" हैं या "ख़ुदा के बारे में कोई ख़्याल नहीं है" या "ऐसे तरीक़े से काम करना जो ख़ुदा को क़ुबूल नहीं करता है।"
- "बे 'इज़्ज़ती" या "बे बुनियादी" का तर्जुमा करने के दूसरे तरीक़े "बदकारी" या "बुराई" या "ख़ुदा से बग़ावत" हो सकते हैं।

(यह भी देखें: ‘इज़्ज़त , हुक्म पर ‘अमल करना , रास्तबाज़ , सादिक़, रास्तबाज़ )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- अय्यूब 27:8-10
- अम्साल 11:9-11
- रसूलों के 'आमाल 03:11-12
- 1 तीमुथियुस 01:9-11
- 1 तीमुथियुस 04:6-8
- 2 तीमुथियुस03:10-13
- इब्रानियों 12:14-17
- 'इब्रानियों 11:7
- 1 पतरस04:17-19
- यहूदा 01:14-16

## शब्दकोश:

- Strong's: H430, H1100, H2623, H5760, H7563, G516, G763, G764, G765, G2124, G2150, G2152, G2153, G2316, G2317

# ख़ुदाई

## ता'अर्रुफ़:

लफ़्ज़ "ख़ुदाई" का मतलब ख़ुदा से मुता'अल्लिक़ सारी बातें।

- कुछ तरीक़ों में इस लफ़्ज़ को इस तरह भी इस्ते'माल किया जा सकता है, "ख़ुदाई इख़्तियार" "ख़ुदाई फ़ैसला" "ख़ुदाई जलाल"।
- किताब-ए-मुक़द्दस के एक मज़मून में "ख़ुदाई" लफ़्ज़ झूठे मा'बूदों के बारे के बारे में भी काम में लिया गया है।

## तर्जुमे की सलाह :

- "ख़ुदाई" लफ़्ज़ के तर्जुमे के तरीक़े हो सकते हैं, "ख़ुदा का" या "ख़ुदा से" या "ख़ुदा से मुता'अल्लिक़" या "ख़ुदाई सिफ़त"
- मिसाल के तौर पर, "ख़ुदाई इख़्तियार" का तर्जुमा हो सकता है, "ख़ुदा का इख़्तियार" या "ख़ुदा का दिया हुआ इख़्तियार"।
- अलफ़ाज़ "ख़ुदाई जलाल" का तर्जुमा हो सकता है, "ख़ुदा का जलाल" या "ख़ुदा में शामिल जलाल" या "ख़ुदा से ज़ाहिर जलाल"।
- कुछ तर्जुमों में बुतों से मुता'अल्लिक़ किसी बात को बताने के लिए अलग अलफ़ाज़ का इस्ते'माल किया जाता है।

(यह भी देखें: इख़्तियार, झूठे मा'बूद, जलाल, ख़ुदा, इन्साफ़, क़ुव्वत)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 कुरिन्थियों 10:3-4
- 2 पतरस 01:3-4
- रोमियो 01:20-21

## शब्दकोश:

- Strong's: G2304, G2999

# ख़ुदावन्द

## सच्चाई:

कलाम में “ख़ुदावन्द” के बारे में हमेशा की ज़िन्दगी से है जिसने जाहान को इब्तिदा से बनाया है। ख़ुदावन्द का ज़हूर बाप ,बेटा और पाक रूह में है। ख़ुदावन्द का नाम यहोवा है।

ख़ुदावन्द हमेशा से है, जब कुछ भी नहीं था तब ख़ुदावन्द था और वह हमेशा तक रहेगा।

- वही सिर्फ़ एक सच्चा ख़ुदावन्द है और उसका इख़्तियार पूरे 'आलम पर है।
- ख़ुदावन्द रास्तबाज़ी में सादिक़ , अज़ी म अक्लमंद , पाक, बे गुनाह , इन्साफ़ पसन्द ,हलीम और प्यार करने वाला है।
- वह 'अहद रखनेवाला ख़ुदावन्द है जो अपनी क़समें हमेशा पूरी करता है।
- इन्सान को ख़ुदावन्द की 'इबादत के लिए बनाया गया था और उसे हमेशा उसी की 'इबादत करना चाहिए।
- ख़ुदावन्द ने अपना नाम “यहोवा” बताया है जिसका मतलब है, “वह है” या “मैं हूँ” या “जो हमेशा से है।”
- कलाम में झूठे मा'बूदों का भी बयान है जो बे जान बुत हैं , उनकी इबादत इन्सान करता है।

## तर्जुमा की सलाह:

- “ख़ुदावन्द” लफ़्ज़ के तर्जुमें हो सकते हैं, “क़ुदरती ताक़त ” या “तख़लीक़ करने वाला ” या “रूहानी शख़्सियत ”।
- “ख़ुदावन्द” लफ़्ज़ के दूसरे तर्जुमें हो सकते हैं, “रूहानी ख़ालिक़” या “आख़िर वक़्त तक रहने वाला ख़ुदा ” या “हमेशा रूहानी शख़्सियत ”
- तवज्जोह दें कि मक़ामी ज़बान में ख़ुदावन्द के लिए क्या लफ़्ज़ काम में लिया जाता है। हो सकता है कि मक़सदी ज़बान में ख़ुदावन्द के लिए एक लफ़्ज़ है। अगर है तो वाज़ेह करें कि उस लफ़्ज़ में सिर्फ़ एक सच्चे ख़ुदावन्द की ख़ासियत ज़ाहिर हो , जैसा ऊपर बयान किया गया है।
- कई ज़बानों में ख़ुदावन्द लफ़्ज़ का पहला हर्फ़ बड़ा कर दिया जाता है कि वह झूठे मा'बूदों से अलग करा जा सके।
- इस फ़र्क़ को ज़ाहिर करने के लिए ख़ुदावन्द और मा'बूद लफ़्ज़ों को दो अलग हरफ़ों के ज़रिए' बयान किया जाए।
- “मैं उनका ख़ुदावन्द हूँगा और वह मेरे लोग होंगे” इस जुमले का तर्जुमा हो सकता है, “मैं ख़ुदावन्द इन लोगों पर राज करूंगा और वह मेरी 'इबादत करेंगे।”

(तर्जुमा की सलाह नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: बनाने, झूठे मा’बूद, बाप ख़ुदावन्द, पाक रूह , बुत , ख़ुदावन्द का बेटा , यहोवा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 यूहन्ना 01:5-7
- 1 शमूएल 10:7-8
- 1 तीमुथियुस 04:9-10
- कुलुस्सियों 01: 15-17
- इस्तिसना 29:14-16
- एज्रा 03:1-2
- पैदाइश 01: 1-2
- होशे 04:11-12
- यसा’याह. 36:6-7
- या'क़ूब 02:18-20
- यरमियाह 05:4-6
- यूहन्ना 01:1-3
- यसू'अ 03:9-11
- [विलापना 03:40-43
- मीका 04:4-5
- फ़िलिप्पुस 02:5-8
- अम्साल 24:11-12
- \ज़बूर 047:8-9](rc://ur-deva/tn/help/psa/047/008)

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों के मिसालें:

- **01:01 ख़ुदावन्द** ने छह दिनों में जहान और सब कुछ बनाया।
- **01:15 ख़ुदावन्द** ने अपनी शक्ल में आदमी और औरत को बनाया।
- **05:03** "मैं **ख़ुदावन्द** सब से ज़्यादा ताक़तवर हूँ। मैं तुम्हारे साथ 'अहद बान्धूंगा।
- **09:14 ख़ुदावन्द** ने कहा, "मैं जो हूं, सो हूं। उनसे कहना, 'जिसका नाम मैं हूँ उसी ने मुझे तुम्हारे पास भेजा है।' यह भी उनको बताओ, "मैं तुम्हारे बुजुर्गों इब्राहीम, इस्हाक़ और या'क़ूब का **ख़ुदावन्द**, यहोवा हूं।" हमेशा तक मेरा नाम यही रहेगा।'" है
- **10:02** इन खौफ़नाक आफ़तों के ज़रिए' **ख़ुदावन्द** यह दिखाना चाहता था ,कि वह फ़िर'औन व मिस्र के मा'बूदों से कहीं ज़्यादा ताक़तवर है।
- **16:01** इस्राईलियों ने यहोवा जो सच्चा **ख़ुदावन्द** है उसकी जगह पर, कन'आनियो के मा'बूद की 'इबादत करना शुरू' किया।
- **22:07** और तू ऐ लड़के , _ ख़ुदावन्द_ का नबी कहलाएगा क्योंकि तू ख़ुदा का रास्ता तैयार करने के लिए उसके आगे आगे चलेगा।
- **24:09** ” सिर्फ़ एक ही **ख़ुदावन्द** है। लेकिन जब यूहन्ना ने 'ईसा को बपतिस्मा दिया, उसने बाप **ख़ुदावन्द** को कहते सुना, बेटे ख़ुदावन्द को देखा, और पाक रूह को भी देखा।
- **25:07** "कि ‘तू ख़ुदा अपने **ख़ुदावन्द** को 'इबादत कर, और सिर्फ़ उसी की ख़िदमत कर।’”
- **28:01** "जो अच्छा है वह सिर्फ़ एक ही है, और वह **ख़ुदावन्द** है।"
- **49:09** लेकिन **ख़ुदावन्द** ने दुनिया के हर इन्सान से इतना ज़्यादा प्यार किया कि उसने अपना इकलौता बेटा दे दिया ताकि जो कोई उस पर ईमान करे उसे उसके गुनाहों की सज़ा नहीं मिलेगी, लेकिन **ख़ुदावन्द** के साथ हमेशा की ज़िन्दगी पाएगा ।
- **50:16** लेकिन एक दिन **ख़ुदावन्द** एक नया आसमान और एक नई ज़मीन को तैयार करेगा जो सही होगी।

## शब्दकोश:

- Strong's: H136, H305, H410, H426, H430, H433, H2486, H2623, H3068, H3069, H3863, H4136, H6697, G112, G516, G932, G935, G1096, G1140, G2098, G2124, G2128, G2150, G2152, G2153, G2299, G2304, G2305, G2312, G2313, G2314, G2315, G2316, G2317, G2318, G2319, G2320, G3361, G3785, G4151, G5207, G5377, G5463, G5537, G5538

# ख़ुदावन्द का दिन, यहोवा का दिन

## तफ़सील:

पुराने ‘अहद नामे में “यहोवा का दिन” एक मुक़र्रर वक़्त के बारे में है जब ख़ुदा इन्सानों को उनके गुनाह की सज़ा देगा|

- नये ‘अहदनामे के लफ़्ज़ “ख़ुदावन्द का दिन” उस दिन या वक़्त के बारे में है जब ख़ुदावन्द ‘ईसा दुबारा आएगा और आख़िर के वक़्त में इन्सानों का इन्साफ़ करेगा।
- यह आख़िर, इन्साफ़ और क़यामत का या आख़िरी वक़्त जिसे “आख़िरी दिन” भी कहते हैं| यह वक़्त तब शुरू’ होगा जब ख़ुदावन्द ‘ईसा गुनाहगारों का इन्साफ़ करने दुबारा आएगा और अपनी हमेशा की बादशाही क़ायम करेगा।
- लफ़्ज़ “दिन” इन जुमलों में कभी-कभी हक़ीक़त में दिन के ही बारे में होता है या यह कभी “वक़्त” या “मौक़े” के बारे में हो सकता है जिसकी मुद्दत दिन से ज़्यादा हो सकती है।
- कभी-कभी सज़ा को “ख़ुदा का ग़ज़ब नाज़िल होना” भी कहते हैं जो ईमान नहीं करने वालों पर आएगा।

## तर्जुमे की सलाह:

- मज़मून पर मुनहस्सिर, दूसरे तरीक़े से “यहोवा का दिन” का तर्जुमा हो सकता है, “यहोवा का वक़्त” या “वह वक़्त जब यहोवा अपने दुश्मनों को सज़ा देगा” या “यहोवा के ग़ज़ब का वक़्त."
- “ख़ुदावन्द का दिन” का तर्जुमे दूसरे तरीक़े से हो सकते हैं, “ख़ुदावन्द के इन्साफ़ का वक़्त” या “वह वक़्त जब ख़ुदावन्द ‘ईसा इंसानों का इन्साफ़ करने आएगा”

(यह भी देखें: दिन, इन्साफ़ का दिन , ख़ुदावन्द, क़यामत, यहोवा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 05:3-5
- 1 थिस्सलुनीकियों 05:1-3
- 2 पतरस 03:10
- 2 थिस्सलुनीकियों 02:1-2
- रसूलों के ‘आमाल 02:20-21
- फ़िलिप्पियों 1: 9-11

## शब्दकोश:

- Strong's: H3068, H3117, G2250, G2962

# ख़ुदावन्द का बेटा, बेटा

## सच्चाई:

“ख़ुदावन्द का बेटा” या'नी ‘ईसा, ख़ुदावन्द का कलाम, जो दुनिया में इन्सानी शक्ल में आया। उसे हमेशा “बेटा” भी कहा गया है।

- ख़ुदावन्द के बेटे में बाप ख़ुदावन्द की सब ख़ासियतें हैं लेकिन वह ख़ुद ही ख़ुदावन्द है।
- बाप ख़ुदावन्द, बेटे ख़ुदावन्द, और रूह-उल-क़ुदुस ख़ुदावन्द एक ही हैं।
- इंसानी बेटों के ‘अलाव:, ख़ुदावन्द का बेटा हमेशा सच्चाई में है।
- शुरू' में ख़ुदावन्द का बेटा दुनिया को बनाने में सामिल था, बाप और रूह-उल-क़ुदुस के साथ।

'ईसा ख़ुदावन्द का बेटा होने की वजह बाप ख़ुदावन्द से मुहब्बत करता है और उसके हुक्मों पर 'अमल करता है और ख़ुदावन्द उससे मुहब्बत करता है।

## तर्जुमा की सलाह:

- “ख़ुदावन्द का बेटा” के लिए “बेटा” ही तर्जुमा करना बेहतर लफ़्ज़ है जो ;अलामती ज़बान में इंसानी बेटों के लिए काम में लिया जाता है।
- वाज़ेह करें कि “बेटा” लफ़्ज़ उस लफ़्ज़ से मुसाबेह हो जिसको बाप के लिए काम में लिया गया है और यह लफ़्ज़ बाप बेटे का रिश्ता ज़ाहिरकरने के लिए अलामती ज़बान में बहुत आम लफ़्ज़ है।
- “बेटा” लफ़्ज़ को अगर कुछ इस तरह लिखा जाए कि उससे उसके ख़ुदावन्द होने की ख़ासियत ज़ाहिर हो तो मुनासिब होगा जैसे अंग्रेजी ज़बान में “एस” हर्फ़ को बड़ा लिख सकते हैं।
- जुमले में "पबेटा" " ख़ुदावन्द का बेटा" की छोटी शक्ल है, खासकर जब यह उसी बारे में "बाप" के शक्ल में होता है।

(तर्जुमा की सलाह:नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: मसीह, बुजुर्गों, ख़ुदावन्द, ख़ुदावन्द बाप, रूह-उल-क़ुदुस, ‘ईसा, बेटा, ख़ुदावन्द का बेटा।)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 यूहन्ना 04:9-10
- रसूलों के 'आमाल 09:20-22
- कुलुस्सियों 01: 15-17
- गलतियों 02: 20-21
- 'इब्रानियों 04: 14-16
- यूहन्ना 03:16-18
- लूक़ा 10:22
- मत्ती 11:25-27
- मुक़ाश्फ़ा 02:18-19
- रोमियो 08:28-30

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसाल:

- **22:05** फ़रिश्ते ने समझाया, " रूह-उल-क़ुदुस तुम्हारे पास आएगा, और ख़ुदावन्द की ताक़त तुम पर सा या करेगी। इसलिए बच्चा पाक होगा, _ख़ुदावन्द का बेटा _।"
- **24:09** ख़ुदावन्द ने यूहन्ना से कहा था कि, “ रूह-उल-क़ुदुस नीचे किसी एक पर उतरेगा जिसे तू बपतिस्मा देगा। वह **ख़ुदावन्द का बेटा** है।"
- **31:08** शागिर्द हैरान थे। उन्होंने 'ईसा की 'इबादत की, और कहा, "सचमुच, तू _ ख़ुदावन्द का बेटा_ हैं।";
- **37:05** मार्था ने जवाब दिया, "हां, मालिक ! मेरा यक़ीन है कि तुम मसीहा हो, **ख़ुदावन्द का बेटा** ।"
- **42:10** इसलिए तुम जाओ, सब क़ौमों के लोगों को शागिर्द बनाओ और उन्हें बाप, और _बेटे _, और रूह-उल-क़ुदुस के नाम से बपतिस्मा दो, और उन्हें सब बातें जो मैं ने तुम्हें हुक्म दिए हैं, मानना सिखाओ। "
- **46:06** फ़ौरन ही, शाऊल दमिश्क़ के यहूदियों से 'एलान करने लगा कि, "’ईसा _ ख़ुदावन्द का बेटा_ है!"
- **49:09** लेकिन ख़ुदावन्द दुनिया में हर किसी से इतना प्यार करता था कि उसने अपना एकलौता **बेटा** दिया ताकि जो कोई भी 'ईसा पर ईमान करे, उसके गुनाहों की सज़ा नहीं दी जाएगी लेकिन वह हमेशा के लिए ख़ुदा के साथ ज़िंदा रहेगा।

## शब्दकोश:

- Strong's: H426, H430, H1121, H1247, G2316, G5207

# ख़ुदावन्द की दा’वत

## ता’अरुफ़: ##

- लफ़्ज़ “ख़ुदावन्द की दा’वत” रसूल पौलुस इस जुमले को फ़सह के की दा’वत के लिए काम में लेता है जो ‘ईसा ने अपने शागिर्दों के साथ उस रात खाया था जब यहूदी रहनुमाओं ने उसे बन्दी बनाया था।
- इस खाने के वक़्त ‘ईसा ने फ़सह की रोटी को तोड़कर अपना जिस्म से कहा जो जल्दी ही परेशान किया जाएगा और मार डाला जायेगा।
- मय के कटोरे को उसने अपना ख़ून कहा जो जल्द ही बहाया जायेगा जब वह गुनाह की क़ुर्बानी होकर मरेगा।
- ‘ईसा ने हुक्म दिया था कि उसके शागिर्द जब भी इस दा’वत में शरीक हों तब वे उसकी मरने और जी उठने को हमेशा याद करें।
- कुरिन्थियों की कलीसिया को लिखे ख़त में रसूल पौलुस ने मसीह के ईमानदारों के लिए इस दा’वत को एक हमेशा की मश्क़ बना दिया था।
- आज कलीसियाएं ख़ुदावन्द की दा’वत के लिए “शराकत” लफ़्ज़ का इस्ते’माल करती हैं। “आख़री दा’वत” लफ़्ज़ का भी कभी-कभी इस्ते’माल किया जाता है।

## तर्जुमे की सलाह:

- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा “ख़ुदावन्द का खाना” या “हमारे ख़ुदावन्द ‘ईसा का खाना” या “ख़ुदावन्द ‘ईसा को याद करने का खाना” भी कहा जा सकता है।

(यह भी देखें: फ़सह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 11:20-22
- 1 कुरिन्थियों 11:25-26

## शब्दकोश:

- Strong's: G1173, G2960

# ख़ुदावन्द की शक्ल, सूरत

## ता'अर्रुफ़:

बुत का मतलब है किसी की शक्ल में या किरदार या जौहर में किसी की तरह । “ ख़ुदावन्द की सूरत” जुमले के मुताबिक़ अलग-अलग शक्ल में काम में लिया गया है।

- शुरू' में ख़ुदावन्द ने इन्सान को “अपनी शक्ल ” में बनाया था या'नी उसकी बराबरी में। इसका मतलब है कि इन्सान की कुछ ख़ासियतें ख़ुदावन्द की सूरत को ज़ाहिर करती हैं जैसे जज़्बात को महसूस करने की सलाहियत, रद्द करने और ख़यालों का लेन देन करने की सलाहियत और रूह जो हमेशा रहती है ।
- कलाम की ता'लीम के मुताबिक़ ‘ईसा, ख़ुदावन्द का बेटा, ख़ुदावन्द का जैसा है या'नी वह ख़ुदावन्द है। 'ईसा बनाया नहीं गया था जैसे इन्सान बनाएगए थे । शुरू'से ख़ुदावन्द के बेटे में ख़ुदावन्द की सब ख़ासियतें हैं, क्यूँकि उसके पास बाप ख़ुदावन्द का मुकम्मल जौहर है।

## तर्जुमा की सलाह:

- जब 'ईसा को ख़ुदावन्द की तरह कहा जाता है तो तर्जुमा हो सकता है, “ ख़ुदावन्द के 'एन मुताबिक़ में” या “ ख़ुदावन्द के जौहर में” या “ ख़ुदावन्द के हक़ीक़त में”।
- इन्सान के बारे में “ ख़ुदावन्द ने उसे अपनी सूरत में बनाया” का तर्जुमा इस तरह के जुमलों से किया जाए जिनका मतलब है, “ ख़ुदावन्द ने उसे अपनी बराबरी में बनाया” या “ ख़ुदावन्द ने उसे अपने जैसी ख़ासियतों में बनाया”।

(यह भी देखें: शक्ल , ख़ुदावन्द का बेटा, ख़ुदावन्द का बेटा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 कुरिन्थियों 04:3-4
- कुलुस्सियों 03:9-11
- पैदाइश 01:26-27
- पैदाइश 09:5-7
- या'क़ूब 03:9-10
- रोमियो 08:28-30

## शब्दकोश:

- Strong's: H4541, H1544, H2553, H6456, H6459, H6754, H6816, H8403, G504, G179

# ख़ुदावन्द बाप , आसमानी बाप , बाप

## सच्चाई:

यह लफ़्ज़ " बाप ख़ुदावन्द" और "आसमानी बाप" सिर्फ़ एक सच्चे ख़ुदावन्द, यहोवा के बारे में हैं। उसी मतलब के साथ एक और लफ़्ज़ "बाप" है, जो सबसे ज़्यादा बार इस्ते'माल किया जाता था जब 'ईसा उससे बात कर रहा था

- ख़ुदावन्द, बाप ख़ुदावन्द, बेटे ख़ुदावन्द और पाक रूह ख़ुदावन्द है। हर एक मुकम्मल ख़ुदावन्द होते हुए भी तीनों एक ही हैं। यह एक ऐसा राज़ है जिसे इन्सान पूरे तरीक़े समझ नहीं सकता।
- बाप ख़ुदावन्द ने बेटे ख़ुदावन्द ('ईसा) को दुनिया में भेजा और उसने अपने लोगों के लिए पाक रूह को भेजा।
- जो बेटे ख़ुदावन्द में ईमान करता है वह बाप ख़ुदावन्द की औलाद बन जाता है और पाक रूह ख़ुदावन्द उसमें रहने लगता है। यह एक और राज़ है जिसे इन्सान पूरे तरीक़े समझ नहीं सकता।

## तर्जुमा की सलाह:

- "बाप ख़ुदावन्द" का साफ़ तर्जुमा , "बाप " लफ़्ज़ हो सकता है, उसी लफ़्ज़ के साथ जो ज़बान आम तौर से एक इन्सानी बाप का बयान करने के लिए इस्ते'माल करता है।
- "आसमानी बाप " का तर्जुमा हो सकता है, बाप जो आसमान में है" या "बाप ख़ुदावन्द जो आसमान में है" या "हमारा आसमानी बाप " है।
- आमतौर पर जब "बाप " दारुल हुकूमत है, तो ख़ुदावन्द को बयान करता है।

(तर्जुमा की सलाह : नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: बुजुर्गों , ख़ुदावन्द, आसमान , पाक रूह , 'ईसा , ख़ुदावन्द का बेटा)

## किताएब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 08:4-6
- 1 यूहन्ना 02:1-3

1 यूहन्ना 02:22-23

- 1 यूहन्ना 03:1-3
- कुलुस्सियों 01: 1-3
- इफ़िसियों 05: 18-21
- लूका 10:22
- मत्ती 05:15-16
- मत्ती 23:8-10

## किताएब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **24:09** सिर्फ़ एक ही ख़ुदावन्द है। लेकिन जब यूहन्ना ने 'ईसा को बपतिस्मा दिया, उसने **बाप ख़ुदावन्द** को कहते सुना, बेटा ख़ुदावन्द को देखा, और पाक रूह को भी देखा ।
- **29:09** तब 'ईसा ने कहा, "इसी तरह अगर तुम में से हर एक अपने भाई को दिल से अगर मु'आफ़ न करेगा, तो मेरा **बाप जो आसमान में है** , तुम से भी वैसा ही करेगा"
- **37:09** फिर ईसा ने आसमान की तरफ़ देखा और कहा, " **बाप**, मुझे सुनने के लिए मुबारक ।"

"* **40:07** तब ईसा ने रोते हुए कहा, "पूरा हुआ! ऐ **बाप**, मैं अपनी रूह तेरे हाथों में सौंपता हूँ।"

- **42:10** इसलिए तुम जाओ, सब क़ौमों के लोगों को शागिर्द बनाओ और उन्हें **बाप**, और बेटे , और पाक रूह के नाम से बपतिस्मा दो, और उन्हें सब बातें जो मैं ने तुम्हें हुक्म दी हैं, मानना सिखाओ।
- **43:08** "ईसा अब आसमान में _ बाप ख़ुदावन्द_ के दाहिनी तरफ़ बैठा है।"
- **50:10** तब ईमानदार अपने _ बाप ख़ुदावन्द_ की बादशाही में सूरज की तरह चमकेंगे।"

## शब्दकोश:

- Strong's: H1, H2, G3962

# ख़ुदावन्द यहोवा, यहोवा ख़ुदा

## सच्चाई:

पुराने ‘अहदनामे में इस लफ़्ज़ का मतलब है एकलौता सच्चा ख़ुदा|

- लफ़्ज़ “ख़ुदावन्द” उनवान है और यहोवा ख़ुदा का ज़ाती नाम है।
- यहोवा के साथ ख़ुदा लफ़्ज़ भी लिखा जाता है, “यहोवा ख़ुदावन्द”

## तर्जुमा के सुझाव:

- अगर "यहोवा" का कोई रूप ख़ुदा के नाम के तर्जुमा के लिए इस्ते’माल किया जाता है, तो लफ़्ज़ "ख़ुदावन्द यहोवा" और "यहोवा ख़ुदावन्द" लफ़्ज़ का लफ़्ज़ी तौर से तर्जुमा किया जा सकता है। ध्यान दे कि “ख़ुदावन्द” का तर्जुमा ख़ुदा के बारे में ज़ाहिर करते वक़्त कैसा हो।
- कुछ ज़बानों में उनवान के बा’द में लिखा जाता है, लिहाज़ा तर्जुमा होगा, “यहोवा ख़ुदावन्द”। ध्यान दे कि मक़सदी ज़बान में क़ुदरती क्या है:: “ख़ुदावन्द” उनवान “यहोवा” के पहले हो या बा’द में आन चाहिए।
- “यहोवा ख़ुदावन्द” का तर्जुमा “ख़ुदा जो यहोवा कहलाता है” या “ज़िन्दा ख़ुदा” या “मैं हूँ जो ख़ुदा है”।
- अगर तर्जुमा में “यहोवा” को यहोवा या ख़ुदा लिखा जा रहा है तो “ख़ुदावन्द यहोवा” का तर्जुमा होगा “ख़ुदावन्द ख़ुदा” या “ख़ुदा जो ख़ुदावन्द” है। और मुमकिन तर्जुमा हो सकते है, “मालिक ख़ुदावन्द” या “ख़ुदावन्द ख़ुदा”।
- “ख़ुदावन्द यहोवा” का तर्जुमा, “ख़ुदावन्द-ख़ुदावन्द” कभी नहीं किया जाए क्योंकि पढ़ने वाले इन अलफ़ाज़ का फ़र्क़ नहीं देख पाएंगे जिन्हें इनके लिए रवायती तौर पर काम में लिया जाता था।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: ख़ुदा, मालिक, ख़ुदावन्द, यहोवा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 04:3-4
- 2 शमूएल 07:21-23
- इस्तिस्ना03:23-25
- हिज़क़ीएल39:25-27
- हिज़क़ीएल45:18-20
- यरमियाह44:26-28
- क़ुज़ात 06:22-24
- मीकाह 01:2-4

## शब्दकोश:

- Strong's: H136, H430, H3068, G2316, G2962

# ख़ुदावन्द, ख़ुदावन्दओं, गुरु, स्वामी, स्वामियों, श्रीमान, महोदय

## ता'अर्रुफ़:

"ख़ुदावन्द" लफ़्ज़ का मतलब है और लोगों पर मिलक़ियत या इख़्तियार रखना।

- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा कभी-कभी "मालिक" भी किया जाता है जब 'ईसा कें बारे में हो या गुलामों के मालिक के बारे में हो।
- अंग्रेजी की कुछ कलामों में इस लफ़्ज़ का तर्जुमा, "जनाब" किया गया है जब कोई किसी ऊंचे 'उहदे वाले को हलीमी मुख़ातिब कर रहा है।

जब अंग्रेज़ी मे "Lord" बड़े हर्फ़ से है, यह एक उनवान है जो ख़ुदा की तरफ इशारा करता है| (ध्यान दें, हालाँकि, जब इस किसी को मुख़ातिब करने के तौर पर इस्ते'माल किया जाता है या यह जुमले की शुरू'आत में होता है तो इसे दर्ज किया जा सकता है और इसका मतलब "जनाब" या "मालिक" है|

- पुराने 'अहदनामे में, इस लफ़्ज़ का इस्ते'माल "ख़ुदावन्द ख़ुदा सबसे क़ुव्वतवाला" "ख़ुदावन्द यहोवा" या " यहोवा हमारा ख़ुदा" जैसे इज़हारों में किया जाता है|
- नए 'अहदनामे में, रसूलों ने इस लफ़्ज़ का इस्ते'माल "ख़ुदावन्द 'ईसा" और "ख़ुदावन्द 'ईसा मसीह" जैसे इज़हारों में किया था, जो बताते हैं कि 'ईसा ख़ुदा है|
- नए 'अहदनामे में, "ख़ुदा" लफ़्ज़ का इस्ते'माल ख़ुदाके सीधे हवाले के तौर पर भी किया जाता है, ख़ासकर पुराने 'अहदनामे से मज़मून में| मिसाल के तौर पर, पुराने 'अहदनामे के बाब ने "मुबारक है वह जो यहोवा के नाम पर आता है" और नए 'अहदनामे के बाब में "मुबारक है वह जो ख़ुदा के नाम पर आता है"

यू एल बी और यू डी बी में, "lord" उनवान का इस्ते'माल सिर्फ़ इब्रानी और ग्रीक अलफ़ाज़ का तर्जुमा करने के लिए किया जाता है जिसका मतलब है "ख़ुदा" यह कभी भी ख़ुदा के नाम (यहोवा) के तर्जुमे के तौर पर इस्ते'माल नहीं किया जा सकता है जैसा कि कई तर्जुमों में किया जाता है|

- कुछ ज़बाने "ख़ुदावन्द" को "मालिक" या "हाकिम" या कुछ और लफ़्ज़ के तौर पर तर्जुमा करती हैं जो मिलकियत उया सबसे बड़ी हुकूमत को बताती हैं|
- सही मज़मूनों में, कई तर्जुमा इस लफ़्ज़ के पहले हर्फ़ को पढ़ने वाले को ज़ाहिर करने के लिए दर्ज करते हैं कि यह एक उनवान जो ख़ुदा का ज़िक्र करता है|
- नए 'अहदनामे के मक़ामों के लिए जहाँ पुराने 'अहदनामे से मिसाल दी गई है, लफ़्ज़ "ख़ुदा" का इस्ते'माल यह ज़ाहिर करने के लिए किया जा सकता है कि ख़ुदा का हवाला है|

## तर्जुमे की सलाह:

- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा "मालिक" के बराबरी के साथ किया जा सकता है जब किसी ऐसे आदमी के बारे में बताता है जो ग़ुलामों का मालिक है| यह किसी नौकर के ज़रिए' उस आदमी को मुख़ातिब करने के लिए किया जा सकता जिसके लिए वह काम करता है|
- जब यह 'ईसा के बारे में बताता है, अगर हवाले से पता चले की बोलने वाला उन्हें एक उस्ताद की शक्ल में देखता है, तो इसका तर्जुमा मज़हबी उस्ताद के लिए अदबी पते के साथ किया जा सकता है, जैसे "मालिक"
- अगर मुख़ातिब करने वाला आदमी उसे नहीं जानता है, तो "ख़ुदा" का तर्जुमा 'इज़्ज़त की शक्ल में किया जा सकता है जैसे कि "जनाब"| यह तर्जुमा और मज़मूनों के लिए इस्ते'माल किया जाएगा जिसमे एक आदमी को पते का हलीम कहा जाता है|

जब ख़ुदा बाप का ज़िक्र करते हैं, तो इस लफ़्ज़ को अंग्रेज़ी में "ख़ुदा" (असल) के तौर पर लिखा जाने वाला उनवान माना जाता है|

(यह भी देखे: ख़ुदा, 'ईसा, हाकिम, यहोवा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 39:1-2
- यशू'अ 03:9-11
- ज़बूर 086:15-17
- यरमिया 27:1-4
- नोहा 02:1-2
- हिज़्क़ीएल 18:29-30
- दानिएल 09:9-11
- दानिएल 09:17-19

- मलाकी 03:1-3
- मत्ती 07:21-23
- लूक़ा 01:30-33
- लूक़ा 16:13
- रोमियो 06:22-23
- इफ़िसियो 06:9
- फ़िलिप्पियो 02:9-11
- कुलुस्सियो 03:22-25
- इब्रानियों 12:14-17
- या’ 02:1-4
- 1 पतरस 01:3-5
- यहूदाह 01:5-6
- मुकाशिफ़ा 15:3-4

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **25:05** ‘ईसा ने उसे कलाम से शैतान को जवाब दिया, उसने कहा, “ख़ुदा के कलाम में वह अपने लोगों को हुक्म देता है कि तू **ख़ुदावन्द** अपने ख़ुदा की आज़माइशपरीक्षा न करना।’”
- **25:07** तब ‘ईसा ने उससे कहा, “ऐ शैतान दूर हो जा ! ख़ुदा के कलाम में वह अपने लोगों को हुक्म देता है कि 'तू **ख़ुदावन्द** अपने ख़ुदा को सिज्दा कर, और सिर्फ़ उसी की ‘इबादत कर।’”
- **26:03** यह **ख़ुदावन्द** की बरकत का साल है।
- **27:02**मुन्तजिम ने जवाब दिया, “तू अपने **ख़ुदा** से अपने सारे दिल, रूह, क़ुव्वत और ,मन से मुहब्बत रखना। और अपने पड़ोसी से अपने समान मुहब्बत करना।”
- **31:05** फिर पतरस ने ‘ईसा से कहा ‘ऐ **उस्ताद**’ अगर तू है, तो मुझे भी अपने पास पानी पर चलकर आने का हुक्म दे”
- **43:09** “उसी ‘ईसा को जिसे तुमने सलीब पर चढ़ाया, लेकिन ख़ुदा ने उसे **ख़ुदावन्द** भी ठहराया और मसीह भी।”
- **47: 3**इस बदरूह के ज़रिए’ वह दूसरों का मुस्तक़बिल बताती थी, जिससे अपने **मालिकों** के लिये नजूमी की शक्ल में बहुत पैसा कमा लाती थी।
- **47:11** पौलुस ने जवाब दिया,"‘ईसा में ईमान करो, जो **ख़ुदावन्द** है, तो तू और तेरा ख़ानदान बच जाएगा।"

## शब्दकोश:

- Strong's: H113, H136, H1167, H1376, H4756, H7980, H8323, G203, G634, G962, G1203, G2962

# ख़ुशख़बरी देने वाला, ख़ुशख़बरी सुनानेवाले

## ता'अर्रुफ़:

“मुबश्शिर” इन्सानों को मसीह 'ईसा की ख़ुश ख़बरी सुनाता है।

- “ख़ुश ख़बरी देने वाले” का हक़ीक़ी मतलब है “ख़ुशख़बरी सुनानेवाला”।
- 'ईसा ने अपने शागिर्दों को भेजा कि इन्सानों में ख़ुश ख़बरी सुनाया करें कि 'ईसा और गुनाह के छुटकारे को उसके क़ुर्बानी के ज़रीए’ ख़ुदावन्द की रियासत का हिस्सा कैसे बनें।
- सब मसीही ईमानदारों से आगाह किया जाता है कि इस ख़ुशख़बरी को सुनाएं।
- कुछ ईमानदारों को ख़ास रूहानी ने'मत हासिल है कि इन्सानों में इस ख़ुशख़बरी का मु'अस्सिर तबलीग़ करें। यह लोग कहा जाता है कि इंजील का तोहफ़ा है और उसे " मुब्शशिरींन " कहा जाता है |

## तर्जुमा की सलाह :

- “ख़ुशख़बरी सुनाना” लफ्ज़ का तर्जुमा हो सकता है, “ख़ुशख़बरी सुनाने वाला” या “ख़ुशख़बरी का उस्ताद” या “अच्छी ख़बर सुनानेवाला शख्स ('ईसा के बारे में)” या “ख़ुशख़बरी का 'ऐलान करना।”

(यह भी देखें: ख़ुशख़बरी, रूह, ने'मत )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 तीमुथियुस 04:3-5
- इफिसियों 04:11-13

## शब्दकोश:

- Strong's: G2099

# ख़ून

## ता'अरुफ़:

“ख़ून” लफ्ज़ का मतलब है, आदमी के जिस्म में जब चोट लगती है तब उसमें से निकलने वाली लाल रंग का पानी जैसा होता है। ख़ून इंसानों के जिस्म में ज़िन्दगी देने वाली गिज़ा लाता है।

- ख़ून ज़िन्दगी की 'अलामत होती है और जब वह बहाया जाता है तो इसका मतलब है जान जाना या मौत।
- जब आदमी ख़ुदा के लिए क़ुर्बानी पेश करते थे तब वह जानवर का ज़बह करके उसका खून क़ुर्बानगाह पर उण्डेलते थे। यह जानवर की ज़िन्दगी की क़ुर्बानी की तरफ़ से इंसानों के गुनाह की क़ीमत चुकाने का निशान था।
- सलीब पर 'ईसा की मौत कि तरफ़ से उसका ख़ून आदमी के गुनाह से आज़ादी को दिखता है और इंसानों के गुनाह की सज़ा की समझ करता है।
- “गोश्त और ख़ून” एक जुमले हैं जो आदमी को ख़बरदार करता है।
- “अपना ख़ून और गोश्त” इंसानों के ख़ून का रिश्ता दिखाता है।

## तर्जुमें की सलाह:

- इस लफ्ज़ का तर्जुमा मक़सदी ज़बान में उसी लफ्ज़ /जुमले की तरफ़ से किया जाए जो ख़ून के लिए काम में लिया जाता है।
- “गोश्त और ख़ून” का तर्जुमा किया जा सकता है, “आदमी” या “इंसानी क़ौम”।
- जुमले के मुताबिक़“मेरा गोश्त और मेरा ख़ून” का तर्जुमा हो सकता है, “मेरा अपना ख़ानदान” या “मेरे अपने लोग” या “मेरे अपने लोग”।
- अगर मक़सदी ज़बान में ऐसे जुमले के लफ्ज़ हें तो “गोश्त और खून” के तर्जुमें में उनका इस्ते'माल किया जाए।

(यह भी देखें: जिस्म )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में :

- 1 यूहन्ना 01:5-7
- 1 शमूएल 14:31-32
- रसूलों का 'आमाल 02:20-21
- रसूलों के 'आमाल 05:26-28
- कुलुस्सियों 01:18-20
- गलातियों 01:15-17
- पैदाईश 04:10-12
- ज़बूर 016:4
- ज़बूर 105:28-30

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों कि मिसाल:

- **08:03**जब उसके भाई घर वापस आए तो उन्होंने यूसुफ़ के कपड़े लिये, और एक बकरे को मार के उसके _खून _ में उसे डुबा दिया।
- **10:03** ख़ुदा ने नील नदी को **ख़ून**से भर दिया लेकिन फ़िर'औन का फिर भी जिद पर अड़ा रहा|
- **11:05** इस्राईल के घरों के दरवाज़ों के चारों तरफ **ख़ून** था, इसलिए ख़ुदा उन घरों से चला गया और हर कोई उनमें हिफ़ाज़त से था | वह मेमने के **ख़ून** की वजह से बाख गए|
- **13:09**जानवर के **ख़ून** जो क़ुर्बानी के तौर पर चढ़ाया गया था वह इन्सान के गुनाहों को धोकर इन्सान को ख़ुदा की नज़र पाक कर देता है|
- **38:05** तब 'ईसा ने एक कटोरा लिया और कहा इसे पी लो| नए 'अहद के लिए यह मेरा _ख़ून _है जो गुनाहों की मु'आफ़ी के लिए उंडेला है|
- **48:10** जब कोई 'ईस पर यक़ीन करता है, 'ईसा का _खून _ उस शख्स के सब गुनाहों की क़ीमत चुका देता है, और ख़ुदा की सज़ा उस शख्स के ऊपर से हट जाती है।

## शब्दकोश:

- Strong's: H1818, H5332, G129, G130, G131, G1420

# ख़ेमा

## ता’अर्रुफ़:

“ख़ुदा का डेरा” (घर ) एक ख़ास ख़ेमा था जिसमें इस्राईली वीरान के 40 सालों में ख़ुदा की इबादत करते थे।

- ख़ुदा ने इस बड़े ख़ेमे को बनाने के लिए इस्राईलियों को तफ़सील से एहकाम ‘अता किए थे। इसके दो कमरे थे और यह एक बन्द आंगन से घिरा हुआ था।
- इस्राईली जब भी वीराने में एक जगह से दूसरी जगह को जाते थे तब काहिन इस ख़ेमे को उखाड़कर नयी जगह में ले जाते थे। और अपनी छावनी के बीच में उसे खड़ा करते थे।
- यह ख़ेमा लकड़ी के ढांचे पर कपड़े, बकरी के बाल तथा जानवर की खाल से बना हुआ था। उसके चारों ओर का मैदान परदों के ज़रिए’ घिरा हुआ था।
- ख़ेमे के दो कमरे , पाक जगह (जिसमें धूप जलाने की क़ुर्बान गाह थी) और बेहद मुक़द्दस (जिसमें ‘अहद का सन्दूक़ रखा था) थे।
- ख़ेमे के मैदान में एक क़ुर्बानगाह थी जिस पर जानवर की क़ुर्बानी जलाई जाती थी और एक हौदा था जिसमें रस्मी पोछन का पानी रहता था।
- इस्राईलियों में इस ख़ेमे का इस्तेमाल ख़त्म हो गया था जब सुलैमान ने यरूशलीम में हैकल बना दिया।

## तर्जुमे की सलाह:

- “ख़ेमा ” का मतलब है “घर ”। इसका तर्जुमा हो सकता है, “पाक ख़ेमा ” या “ख़ेमा जिसमें ख़ुदा था” या “ख़ुदा का ख़ेमा ”
- तय करें कि इस लफ़्ज़ का तर्जुमा “हैकल ” लफ़्ज़ के तर्जुमे से अलग हो।

(यह भी देखें: क़ुर्बान गाह , धूप जलाने की क़ुर्बानगाह, ‘अहद का सन्दूक़, हैकल , मिलापवाला तम्बू)

## बाइबल सन्दर्भ:

- 1 तवारीख़ 21:28-30
- 2 तवारीख़ 01:2-5
- रसूलों में 'आमाल 07:43
- रसूलों के 'आमाल 07:44-46
- ख़ुरूज 38:21-23
- यशू’अ 22:19-20
- अह्बार 10:16-18

## शब्दकोश:

- Strong's: H168, H4908, H5520, H5521, H5522, H7900, G4633, G4634, G4636, G4638

# ग़लती , बदकारी

## ता’अर्रुफ़:

"ग़लती" लफ़्ज़ का मतलब और "गुनाह" का मतलब एक जैसा ही है लेकिन जुर्म का ज़्यादा ख़ास करके जानबूझ कर या बड़ी बदकारी से मुता'अल्लिक़ ग़लत काम करना।

- “बदकारी का काम” का मतलब हक़ीक़त में है कि (शरी'अत को) घुमा फिरा के बयान करना। इसके बारे में बड़ी ना इंसाफ़ी है।
- ग़लती कई लोगों के ख़िलाफ़ जानबूझकर, नुक़सान दह 'आमाल की शक्ल में बयान किया जा सकता है ।
- “बदकारी के काम” का तर्जुमा हो सकता है, “ग़लत किरदार” या “बग़ावत” इन दोनों लफ़्ज़ों के ज़रिए' खौफ़नाक गुनाह की हालत ज़ाहिर होती है।

## तर्जुमा के लिए सलाह:

- “बदकारी के कामों” का तर्जुमा हो सकता है, “बदकार” या “सख्त 'अमल” या “नुक़सान देने वाला काम ”।
- “बदकारी के काम” यह जुमले हमेशा मुख़ालिफ़ ज़ाहिर होते है जिसमें “गुनाह ” और “बग़ावत ” लफ़्ज़ आते हैं। लिहाज़ा इनके तर्जुमे में अलग-अलग लफ़्ज़ों का इस्ते'माल करना बहुत ज़रूरी है।

(यह भी देखें: गुनाह, नाफ़रमानी करना, जुर्म करना)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- दानिएल 09:12-14
- ख़ुरूज 34: 5-7
- पैदाइश 15:14-16
- पैदाइश 44:16-17
- हबक़्क़ूक़ 02:12-14
- मत्ती 13:40-43
- मत्ती 23:27-28
- मीकाह 03:9-11

## शब्दकोश:

- Strong's: H205, H1942, H5753, H5758, H5766, H5771, H5932, H5999, H7562, G92, G93, G458, G3892, G4189

# ग़ैर क़ौम, ग़ैर क़ौमों

## सच्चाई:

"ग़ैर क़ौम" का मतलब है ग़ैर यहूदी लोग । ग़ैर क़ौम उन लोगों को कहते थे जो या'क़ूब की नसल नहीं थे।

- कलाम में “मख़तून” लफ़्ज़ भी 'अलामती शक्ल से ग़ैर क़ौमों के लिए काम में लिया गया है क्यूँकि वह इस्राईलियों की तरह अपने लड़कों का ख़तना नहीं करते थे।
- ख़ुदा ने यहूदियों को अपने लिए अलग करके चुन लिया था, इसलिए यहूदी ग़ैर लोगों को बाहरी लोग मानते थे जो कभी ख़ुदा के लोग नहीं हो सकते थे।
- यहूदियों को तवारीख़ में अलग-अलग वक़्तों पर “इस्राईली” या “'इब्रानी” कहा गया है और सबको वे “ग़ैर क़ौम” कहते थे।
- ग़ैर क़ौम का तर्जुमा “यहूदी नहीं” या “ ग़ैर यहूदी” या “ ग़ैर इस्राईली” (पुराने ‘अहद नामे में) या “ग़ैर-यहूदी” हो सकता है।
- रवायतों के मुताबिक़ यहूदी ग़ैर क़ौम के साथ बैठ कर खाना नहीं करते थे या उनके साथ रिश्ता नहीं रखते थे, इस वजह से शुरू'आती कलीसिया में परेशानियाँ पैदा हुई थीं ।

(यह भी देखें: इस्राईल, या’क़ूब, यहूदी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 09:13-16
- रसूलों के 'आमाल 14:5-7
- गलातियों 02:15-16
- लूक़ा 02:30-32
- मत्ती 05:46-48
- मत्ती 06:5-7
- रोमियो 11:25

## शब्दकोश:

- Strong's: H1471, G1482, G1484, G1672

# ग़ज़ब, ग़ुस्सा

## ता'अर्रुफ़:

क़हर एक मज़बूत ग़ज़ब नाक हालत है जो कभी-कभी ज़्यादा वक़्त में होता है। यह ख़ास करके ख़ुदा से बग़ावत करने वालों के गुनाह के लिए खुदा के इन्साफ़ पसन्द 'अदालत और सज़ा के बारे में आता है।

- किताब-ए-मुक़द्दस में "क़हर " लफ़्ज़ अक्सर ख़ुदा के ख़िलाफ़ गुनाह करनेवालों के ख़िलाफ़ ख़ुदा के ग़ज़ब का बयान देता है।
- "ख़ुदा का ग़ज़ब " उसकी 'अदालत और गुनाह की सज़ा का बयान देता है।
- ख़ुदा का क़हर गुनाह से न फिराने वाला के लिए रास्तबाज़ी की सज़ा है।

## तर्जुमें की सलाह :

- तर्जुमे के मुताबिक़ , इस लफ़्ज़ के और तर्जुमे की शक्ल हो सकती है "ख़तरनाक ग़ुस्सा " या "इन्साफ़ पसन्द'अदालत " या "ग़ज़ब "
- ख़ुदा के क़हर के बारे में चर्चा करते वक़्त तय करें कि इसका तर्जुमा गुनाह की वजह से पैदा ग़ज़ब का दौरा के मतलब में न हो। ख़ुदा का ग़ुस्सा इन्साफ़ के साथ और पाक होता है।

(यह भी देखें: इन्साफ़ , गुनाह )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 थिस्सलुनीकियों 01:8-10
- 1 तीमुथियुस 02:8-10
- लूका 03:7
- लूका 21:23-24
- मत्ती 03:7-9
- मुकाश्फ़ा 14:9-10
- रोमियो 01:18-19
- रोमियो 05:8-9

## शब्दकोश:

- Strong's: H639, H2197, H2528, H2534, H2740, H3707, H3708, H5678, H7107, H7109, H7110, H7265, H7267, G2372, G3709, G3949, G3950

# ज़मीर,’अक़्ल

## ता’अरुफ़:

ज़मीर इन्सान की सोच का हिस्सा है जिसके ज़रिये ख़ुदा उसे होशियार करता है जब वह कुछ गुनाह करता है |

- ख़ुदा ने इन्सान को ‘अक़्ल दिया है कि वह सही और ग़लत में फर्क़ कर पाए।
- जो इन्सान ख़ुदा के हुक्म मानता है उसके लिए कहा जाता है कि उसकी ‘अक़्ल “पाक” या “साफ़” या “खालिस ” है।
- अगर इन्सान का ज़मीर साफ़ है तो इसका मतलब है कि वह किसी भी गुनाह को छिपा नहीं रहा है |
- अगर इन्सान अपने ज़मीर की बात न सुने और गुनाह करते वक़्त उसे गुनाह का इल्म न हो तो इसका मतलब है कि उसका ज़मीर ग़लत काम के लिए हस्सास नहीं है। किताब-ए-मुक़द्दस इसे दागा गया ज़मीर कहती है, जिस पर ऐसा निशान लगा है जैसा गर्म लोहे से दागा जाता है। ऐसे ज़मीर को “बे हिस” या “गन्दा” कहा जाता है।
- इस लफ़्ज़ के मुमकिन तौर से तर्जुमे हो सकते हैं, “रूहानी नेक रहनुमा ” या “नेक ख़्याल”

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तीमुथियुस 01:18-20
- 1 तीमुथियुस 03:8-10
- 2 कुरिन्थियों 05: 11-12
- 2 तीमुथियुस 01:3-5
- रोमियो 09:1-2
- [तीतुस 01:15-16

## शब्दकोश:

- Strong's: G4893

# ज़ाहिर करना, ज़ाहिर करना, ज़ाहिर किया, मुकाशिफ़ा

## ता’अर्रुफ़:

- आज जिस पहाड़ का नाम “अरारात पहाड़” है उसे 'आम तौर पर कलाम के बयान से अरारात पहाड़ की जगह को मानते हैं।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: जहाज़, नूह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 सलातीन 19:35-37
- पैदाइश 08:4-5
- यशायाह 37:38
- यर्मियाह 51:27-28

## शब्दकोश:

- Strong's: H780

# अर्तख़शश्ता

## सच्चाई:

अर्तख़शश्ता ने फ़ारसी हुकूमत पर तक़रीबन 464 से 424 ई. पू. तक हुकूमत की थी ।

- अर्तख़शश्ता की हुकूमत के ज़माने में यहूदा के इस्राईली बाबुल में ग़ुलामी में थे उस वक़्त बाबुल फ़ारस के ताबे' था।
- अर्तख़शश्ता ने काहिन 'एज्रा और ग़ैर यहूदी रहनुमाओं को बाबुल से यरूशलीम लौट कर इस्राईलियों को ख़ुदा के क़ानून की ता'लीम देने की इजाज़त हासिल कर ली थी।
- इसके बा'द अर्तख़शश्ता ने अपने साक़ी नहमियाह को भी यरूशलीम जाने की इजाज़त दे दी थी कि वह शहर पनाह को बहाल करे।
- बाबुल फ़ारस के ताबे' था इसलिए अर्तख़शश्ता को कभी-कभी " बाबुल का बादशाह" भी कहा गया है।
- तवज्जुह दें कि अर्तख़शश्ता वही आदमी नहीं था।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा )

(यह भी देखें: वही आदमी , बाबुल, साक़ी, 'एज्रा, नहमियाह , फ़ा रस)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 'एज्रा 04:7-8
- 'एज्रा 07:1-5
- नहमियाह 02:1-2
- नहमियाह 13:6-7

## शब्दकोश:

- Strong's: H783

# अश्कलोन

## सच्चाई:

कलाम के ज़माने में अश्केलोन एक ख़ास फ़िलिस्ती शहर था जो समन्दर के किनारे पर क़ायम था। यह शहर आज भी इस्राईल में है।

अश्केलोन पांच बहुत ही ख़ास फ़िलिस्ती शहरों में से एक था, अश्दूद, अक्रोन, गत और ग़ाज़ा के साथ। इस्राईल अश्कलोन को कभी जीत नहीं पाया था, अगर्चे यहूदा बादशाह उसके पहाडी सूबों को ले चुका था।

- अश्कलोन सैंकड़ों साल फ़िलिस्तियों के ताबे' ही रहा।

(तर्जुमा की सलाह : नामों का तर्जुमा)

(यह भी देखें: अश्दूद, कन'आन, अक्रोन, गत, ग़ाज़ा, फ़िलिस्ती, \ समन्दर ]समन्दर, बड़ा समन्दर, पश्चिम के समन्दर, भूमध्य समन्दर)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 शमूएल 06:17-18
- आमोस 01:8
- यरमियाह 25:19-21
- यासू'अ 13:2-3
- क़ुजात 01:18-19
- जकरियाह 09:5-7

## शब्दकोश:

- Strong's: H831

# अश्दूद, अज़ोतस

## सच्चाई:

अश्दूद फ़िलिस्तियों के पांच ख़ास शहरों में से एक था। यह दक्खिन-पश्चिम कन'आन के क़रीब समन्दर से दूर था, जो ग़ाज़ा और याफ़ा के बीच क़ायम था ।

- फ़िलिस्तियों के मा'बूद दाजोन का हैकल वहाँ था।
- फ़िलिस्तियों के ज़रिए' ख़ुदा के 'अहद का सन्दूक लूट ले जाने की वजह से ख़ुदावन्द ने अश्दूद के रहने वालों को सख्त सज़ा दी थी क्यूँकि उन्होंने उसे अश्दूद में ना रास्त हैकल में रखा था।
- इस शहर का यूनानी नाम अज़ोतस था। यह भी उन शहरों में से एक था जहाँ ख़ुशख़बरी देने वाले फिलिप्पुस ने ख़ुशख़बरी सुनाई थी ।

( तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: अक्रोन, गत, ग़ाज़ा, याफ़ा, फिलिप्पुस, फ़िलिस्ती)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 शमूएल 05:1-3
- \रसूलों के ‘आमाल . 08:39-40](rc://ur-deva/tn/help/act/08/39)
- आमोस 01:8
- यसू'अ 15:45-47
- जकरियाह 09:5-7

{{tag>publish ktlink}

## शब्दकोश:

- Strong's: H795, G108

# असूर, असूरी, असूरियों, असूर मुल्क

## सच्चाई:

असूर, मुल्क इस्राईल के कन'आन रहने के वक़्त एक ताक़तवर मुल्क था। असूर मुल्क कई मुल्कों की सल्तनत थी जिस पर असूर बादशाह हुकूमत करता था।

- असूर मुल्क उस जगह में था जो आज उत्तरी इराक़ है।
- तवारीख़ में असूरों ने इस्राईल से कई जंग की थीं ।
- 722 ई.पू. में असूरों की फ़ौज ने इस्राईल मुल्क को पूरी तरह जीत लिया था और इस्राईलियों को क़ैदी बनाकर असूर मुल्क ले गए थे।
- जो इस्राईली अपने मुल्क में रह गए थे उन्होंने असूरों के ज़रिए' सामरिया से इस्राईल में लाकर बसाए हुए परदेशियों के साथ शादियाँ कर ली थी । ऐसी अलग क़ौमों की शादी से पैदा औलादों को आगे चलकर सामरी कहा गया था।

(यह भी देखें: सामरिया)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 10:11-14
- पैदाइश 25:17-18
- यशायाह 07:16-17
- यरमियाह 50:17-18
- मीका 07:11-13

## किताब-ए-मुक़द्दस कहानियों से मिसाल:

- **20:02** तब ख़ुदा ने दोनों मुल्कों को सज़ावार किया और उनके दुश्मनों को यह इजाज़त दी कि वह उन मुल्कों को बर्बाद कर दे। _ **असूर का मुल्क** एक ताक़तवर मुल्क था, जिसने इस्राईल के मुल्क को बर्बाद कर दिया। _ _असूरियों_ ने इस्राईल के बहुत से लोगों को मार गिराया, उनकी क़ीमती चीज़ों को छीन लिया और मुल्क का बहुत सा हिस्सा जला दिया।
- **20:03** **असूरियों** ने सभी रहनुमाओं को जमा' किया, मालदार आदमी और लायक़ आदमी को और वह उन्हें अपने साथ **असूर** ले आए।
- **20:04** तब **असूरियों** ने ग़ैर क़ौमों को उस ज़मीन पर रहने को कहा जहाँ पर इस्राईली मुल्क था।

## शब्दकोश:

- Strong's: H804, H1121

# अहाब

## सच्चाई:

अहाब एक बहुत ही बुरा बादशाह था जिसने उत्तरी हुकूमत इस्राईल पर 875 -854 ईपू-तक बादशाहत की थी

- बादशाह अहाब ने इस्राईली लोगों पर बुत परस्तीझूठे माँ'बूदका ग़लत असर डाला था
- नबी एलियाह ने अहाब से नबुव्वत की थी कि अहाब के ज़रिए'इस्राईल से गुनाह कराने के बदले साढ़े तीन साल तक सूखा पड़ेगा क्यूँकि यह उनके गुनाहों के लिए ख़ुदावन्दकी सज़ा है
- बादशाह अहाब और उसकी रानी ईज़ेबेल ने कई एक बुरे काम किए थे जिसमें उन्होंने उनकी ताक़त का ग़लत इस्तेमाल करके बेकुसूरों को क़त्ल किया ।

( तर्जुमा की सलाह : नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें : इस्राईल की हुकूमत, यहोवा, इजिबेल, एलियाह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 18:1-2
- 1सलातीन 20:1-3
- 2 तवारीख़ 21:6-7
- 2 सलातीन 09:7-8

## कलाम की कहानियों से मिसाल:

- **19:02** एलिय्याह नबी था, जब **अहाब** इस्राईली सल्तनत का बादशाह था। **अहाब** एक बुरा आदमी था जो लोगों को झूठे, बा'ल नामक मा'बूद की 'इबादत करने के लिए जोश दिलाता था।
- **19:03 अहाब** और उसके फ़ौजी एलिय्याह की ताक में थे, लेकिन वह उसे खोज न सकें।
- **19:05** साढ़े तीन साल के बा'द, खुदावन्द का यह कलाम एलिय्याह के पास पहुँचा , “जाकर अपने आप को **अहाब** को दिखा, और मैं ज़मीन पर पानी बरसा दूँगा

## शब्दकोश:

- Strong's: H256

# अक़्विला

## सच्चाई:

अक़्विला यहूदियत से आया मसीही ईमानदार था, वह काले समन्दर के दक्खिन किनारे पर बसे पोन्तुस का रहने वाला था।

अक़्विला और प्रिस्किल्ला रोम, इटली में कुछ वक़्त रहे थे तब रोमी हाकिम क्लॉडियस ने सब यहूदियों को रोम से चले जाने का हुक्म दिया।

- और अक़्विला और प्रिस्किल्ला कुरिन्थ शहर आ गए जहां उनकी मुलाक़ात रसूल पौलुस से हुई थी।

उन्होंने ख़ेमे बनाने में और ख़ुशख़बरी के काम में पौलुस के साथ काम किया।

- अक़्विला और प्रिस्किल्ला दोनों ईमानदारों को ईसा की सच्चाई की ता'लीम देते थे, इन ईमानदारों में एक होनहार उस्ताद अप्पुल्लोस भी था।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: अप्पुलोस, कोरिन्थ, रोम)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 16:19-20
- 2 तीमुथियुस 04:19-22
- रसूलों के 'आमाल 18:1-3
- रसूलों के 'आमाल 18:24-26

## शब्दकोश:

- Strong's: G207

# अख़ियाह

## सच्चाई:

पुराने 'अहद नामे में कई लोगों के नाम अख़ियाह थे नीचे लिखे इनमें से कुछ आदमी हैं

- शाऊल के बादशाह के वक़्त में एक काहिन का नाम अख़ियाहथा

सुलैमान बादशाह के वक़्त में अखियाह एक कातिब था

- अखियाह शीलो का एक नबी भी था जिसने इस्राईली सल्तनत के बटवारे की नबुव्वत की थी
- इस्राईल के बादशाह बाशा के बाप का नाम भी अखियाह था

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा

(यह भी देखें: \ बाशा, शीलो)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 15:27-28
- 1 सलातीन 21:21-22
- 1 शमूएल 14:18-19
- 2 तवारीख़ 10:15

## शब्दकोश:

- Strong's: H281

# अख़ज़ियाह

## :सच्चाई ##

अख़ज़ियाह नाम के दो बादशाह हुए थे एक इस्राईल का बादशाह था और दूसरा यहूदा का बादशाह था

- यहूदा का बादशाह अख़ज़ियाह बादशाह यरुबआम का बेटा था। उसने एक साल (841 ई.पू.) ही हुकूमत किया और फिर येहू ने उसको क़त्ल कर दिया । * अख़ज़ियाह के बेटे योआश ने छोटी उम्र में ही बादशाहत का काम सम्भाला था।

इस्राईल का अख़ज़ियाह बादशाह का बेटा था। उसकी बादशाहत का ज़माना दो साल था (850-49 ई.पू.)। वह अपने शाहीमहल की खिड़की में से गिर जाने की वजह से घायल होकर मर गया था और उसकी जगह पर उसका भाई यूराम तख़्त पर बैठा।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: येहू, आख़ज़, यरुबआम, यूआश(

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 22:39-40
- 2 तवारीख़ 22:1-3
- 2 तवारीख़ 25:23-24
- 2 सलातीन 11:1-3

## शब्दकोश:

- Strong's: H274

# आदम

## सच्चाई:

आदम पहला आदमी था जिसे ख़ुदावन्द ने बनाया था| और वह उसकी बीवी हव्वा ख़ुदावन्द की सूरत से बनाए गए थे |

- ख़ुदावन्द ने आदम को मिट्टी से बनाकर उसमें साँस फूँकी थी ।
- आदम लफ़्ज़ का मतलब इब्रानी में लाल मिट्टी , या ज़मीन है |।
- “आदम लफ्ज़ वैसा ही है जैसा पुराने अहद नामे का लफ्ज़ इन्सानीक़ौम , या आदमी है ।
- पूरे तौर से इन्सानी क़ोम आदम और हव्वा की औलादें हैं ।
- आदम और हव्वा ने ख़ुदावन्द का हुक्म नहीं माना । इस वजह से वह ख़ुदावन्द से अलग हो गए और दुनिया में गुनाह और मौत को आने दिया|

तर्जुमा की सलाह , नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: मौत, औलादें , हव्वा, ख़ुदावन्द की सूरत, ज़िन्दगी

## किताब -ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तीमुथियुस 02:13-15
- पैदाइश 03:17-19
- पैदाइश 05:1-2
- पैदाइश 11:5-7
- लूका 03:36-38
- रोमियो 05:14-15

## किताब -ए-मुक़द्दस कहानियों से मिसाल :

- **01:09** फिर ख़ुदावन्द ने कहा , हम इन्सान को अपनी शक्ल में अपने जैसा बनायेंगे
- **01:10** आदमी का नाम **आदम** था ख़ुदावन्द ने **आदम** के रहने के लिए एक बाग़ बनाया और बाग़ की देखभाल करने के लिए उसे वहाँ रख दिया
- **01:12** फिर ख़ुदावन्द ने कहा आदमी का अकेला रहना अच्छा नहीं है ।” लेकिन जानवरों में से कोई भी **आदम** का मददगार नहीं बन सकता |
- **02:11** और ख़ुदावन्द ने जानवर की खाल से **आदम** और हव्वा को ढका
- **02:12** और ख़ुदावन्द ने ख़ूबसूरत बगीचे से **आदम** और हव्वा को बाहर भेज दिया
- **49:08** जब **आदम** और हव्वा ने गुनाह किया तो इसने उनकी सारी औलादों को मुता'अस्सिर किया
- **50:16** क्यूँकि आदम_ और हव्वा ने ख़ुदावन्द के हुक्म की नाफ़रमानी की और इस दुनिया में गुनाह को लाए, इसलिए ख़ुदावन्द ने इसे लानत किया और इसे बर्बाद करने का इरादा किया

## शब्दकोश:

- Strong's: H120, G76

# आमोस

## सच्चाई:

आमोस नबी यसायाह के बाप का नाम था।

- सिर्फ़ एक जगह जहाँ उसके नाम का ज़िक्र किया गया है वह यसायाह की पहचान के लिए है कि वह “अमोस का बेटा ” था।
- यह नाम नबी आमोस से अलग है जिसका ज़ाहिर करना ज़रूरी है।

(तर्जुमा की सलाह : नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: आमोस, यशायाह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 सलातीन 19:1-2
- यशायाह 37:1-2
- यशायाह 37:21-23

## शब्दकोश:

- Strong's: H531

# आशर

## सच्चाई:

आशर या'क़ूब का आठवाँ बेटा था। उसकी औलादें इस्राईल के बारह क़बीलों में से एक थी, क़बीले का नाम भी “आशर” था।

- आशर की माँ का नाम ज़िल्फ़ा था, वह लिआः की लौंडी थी।
- उसके नाम का मतलब है, “खुश ” या “मुबारक ”
- आशर को दिए गए ज़मीन के हिस्से का नाम भी आशर था यह ज़मीन इस्राईल के ज़रिए' कन'आन में दाख़िल होने के वक़्त उन्हें दी गई थी।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: इस्राईल, इस्राईल के बारह क़बीले )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 02:1-2
- 1 सलातीन 04:15-17
- हिज़कीएल 48:1-3
- पैदाइश 30:12-13
- लूका 02:36-38

## शब्दकोश:

- Strong's: H836

# आशर, आशर के लिए आशर, आशर नाम के मूर्तियों, अश्तोरेत

## ता'अरुफ़:

आशर कन'आनियों की देवी का नाम था, पुराने 'अहद नामे में। "अश्तोरेत" आशर का ही दूसरा नाम हो सकता है या यह कई देवी थी जो वैसी ही थी।

- “ आशर की मूर्तियां” या'नी लकड़ी की मूर्तियाँ या पेड़ों को काटकर वैसे शक्ल देना कि उसकी नुमाइन्दगी करें।
- आशर अक्सर झूठे मा'बूद बा'ल की क़ुर्बानगाह के क़रीब होती थी क्यूँकि उसे आशर का शौहर माना जाता था। कुछ लोगों के झुण्ड बा'ल को सूरज मा'बूद और आशर या अश्तोरेत को चांद देवी मानकर पूजा करते थे।
- ख़ुदा ने इस्राईल को हुक्म दिया था कि आशर के सब बुतों को बर्बाद कर दें।
- इस्राईल के कुछ रहनुमाओं ने जैसे गिदोन, आसा बादशाह , योशिय्याह बादशाह ने ख़ुदा का हुक्म मानकर इन बुतों को बर्बाद किया था।
- लेकिन कुछ इस्राईली बादशाह जैसे सुलैमान, मनस्सी आहब ने उनको बर्बाद नहीं किया और इस्राईल को उनकी 'इबादत के लिए ता'लीम दी।

(यह भी देखें: बुत, बा'ल, गिदोन, के जैसा, सुलैमान)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 सलातीन 18:4-5
- 2 सलातीन 21:1-3
- यशायाह 27:9
- कुज़ात 03:7-8
- मीका 05:12-15

## शब्दकोश:

- Strong's: H842, H6252, H6253

# आसा

## सच्चाई:

बादशाह आसा ने यहूदा पर चालीस साल तक बादशाहत की थी 913-873 ई.पू.।

- आसा एक अच्छा बादशाह था जिसने बुतों के मा'बूदों को ख़त्म किया और इस्राईलियों को यहोवा की 'इबादत के लिए शुरू' किया।
- यहोवा ने आसा को ग़ैर क़ौमों के साथ जंग में कामयाबी हासिल की थी।
- बा'द में अपने बादशाही ज़माने में आसा ने यहोवा पर यक़ीन करना बंद कर दिया और बीमार होकर आख़िरकार मर गया।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 इस्तिसना 09:14-16
- 1 सलातीन 15:7-8
- 2 तवारीख़ 14:1-4
- यरमियाह 41:8-9
- मत्ती 01:7-8

## शब्दकोश:

- Strong's: H609

# आसिया

## सच्चाई:

कलाम के ज़माने में “आसिया” रोमी सल्तनत के एक 'इलाक़े का नाम था। यह मक़ाम आज के तुर्किस्तान के पश्चिमी हिस्से में था।

- पौलुस ने आसिया के कई मकामों में ख़ुशख़बरी सुनाई थी । इन मक़ामों में इफ़िसुस और कुलुस्से थे।
- आज के आसिया के शक-ओ-शुबह से बचने के लिए ज़रूरी है कि इस लफ़्ज़ का तर्जुमा इस तरह किया जाए, “पुराने रोमी 'इलाक़े आसिया” या “आसिया सूबा ।”
- मुक़ाश्फ़ा की किताब में जितनी भी कलीसियाओं के नाम हैं, वे सब रोम के आसिया सूबे में थी।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: रोम, पौलुस, इफ़िसुस)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 16:19-20
- 1 पतरस 01:1-2
- 2 तीमुथियुस 01:15-18
- रसूलों के 'आमाल 06:8-9
- रसूलों के 'आमाल 16:6-8
- रसूलों के 'आमाल 27:1-2
- मुक़ाश्फ़ा 01:4-6
- रोमियो 16:3-5

## शब्दकोश:

- Strong's: G773

# आस्तर

## सच्चाई:

आस्तर एक यहूदी महिला थी जो यहूदियों की बाबुल की गिरफ़्तारी के दोरान फ़ारस सल्तनत की रानी बन गई थी।

- आस्तर की किताब में आस्तर का अख्सूयरस की रानी बनना और उसके मा'रिफ़त से ख़ुदावन्द के ज़रिए यहूदियों की हिफ़ाज़त की तहरीर लिखी है।

आस्तर एक यतीम बच्ची थी जिसे उसके रिश्ते के भाई मर्दकै ने पाल पोस कर बड़ा किया था।

- अपने इस वालदैन का हुक्म मानने से उसे ख़ुदा का हुक्म मानने में मदद मिली थी।
- आस्तर ने ख़ुदावन्द की इता'अत मानी और अपने लोगों को या'नी यहूदियों को बचाने के लिए जान को ख़तरे में डाल दी थी।
- आस्तर की कहानी तारीख़ के वाक़ि'यात पर ख़ुदा की ख़ुद मुख्तारी के क़ाबू पर वज़ाहत करता है ख़ास तौर पर वह अपनी क़ौम की हिफ़ाज़त करता है और जो उसकी इता'अत करता है उनके ज़रिए' काम करता है |

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा

(यह भी देखें: क़ाफ़ले, बाबुल , मोर्दकै, फ़ारस)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में :

- आस्तर 02:7
- आस्तर 02:15-16
- आस्तर 07:1-2
- आस्तर 08:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: H635

# आसफ़

## सच्चाई:

आसफ़ एक लावी काहिन था साथ ही वह एक होनहार मैसीक़ी कार था, उसने दाऊद दाऊद के गीतों को मौसीक़ी से सजाया था। उसने ख़ुद भी गीत लिखे थे।

- दाऊद बादशाह ने आसफ़ को और दो मैसीक़ीकारों के साथ हैकल की 'इबादत के लिए गीत तैयार करने की ज़िम्मेदारी सौंपी थी । इनमें से कुछ गीत नबूव्वतें थी।
- आसफ़ ने अपने बेटों को भी ता'लीम दी थी कि इस ज़िम्मेदारी को पूरा करें, हैकल में गीत के साथ में कुछ बजाना और नबूव्वत करना।
- उनके गीत के साथ में कुछ बजाते थे, सारंगी, सितार, नरसिंगा और झांझ।
- ज़बूर 50, 73-83 आसफ़ के गीत माने जाते हैं। मुम्किन है कि इनमें से कुछ गीत उसके ख़ानदान के लोगों ने लिखे थे।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का ताजुमा

(यह भी देखें: औलादें , [सितार नबी गीत, तुरही)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 6;39-43
- 2 तवारीख़ 35:15
- नहमियाह 2;7-8
- ज़बूर 050:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: H623

# आख़ज़

## ता’अरुफ़:

आख़ज़एक बुरा बे रहम बादशाह था जिसने यहूदा पर732से 716ई.पू.तक बादशाहत की थी यह वक़्त इस्राईल और यहूदा के बहुत से रहने वालों को बाबुल की ग़ुलामी में ले जाने से तक़रीबन 140साल पहले का था

- जब वह यहूदा में हुकूमत कर रहा था उसने अश्शूरों के मा'बूद के लिए एक क़ुर्बानगाह बनवाई थी उसका नतीजा यह हुआ कि लोग सिर्फ़एक सच्चे ख़ुदा यहोवा से फिर गए थे
- बादशाह आख़ज़ 20 साल की उम्र में यहूदा के तख़्त पर बैठा था और उसने 16 साल हुकूमत की थी।

तर्जुमा की सलाह नामों का तर्जुमा कैसे करें

यह भी देखें बाबुल

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 08:35-37
- 2 तवारीख़ 28:1-2
- 2 सलातीन 16:19-20
- होशे 01:1-2
- यशायाह 01:1
- यशायाह 07:3-4
- मत्ती 01:9-11

## शब्दकोश:

- Strong's: H271

# इकुनियुम

## सच्चाई:

इकुनियुम आज के तुर्किस्तान के दक्खिन दरमियानी हिस्से में एक शहर था।

- पौलुस पहले बशारती सफ़र में बरनबास के साथ इकुनियुम शहर गया था क्यूँकि यहूदियों ने अन्ताकिया में उसकी ख़िलाफ़त की थी ।
- इकुनियुम में भी ईमान नहीं करने वाले यहूदियों और ग़ैर क़ौमों ने पौलुस और उसके साथियों को पत्थराव करने का मन्सूबा बनाया था लेकिन पौलुस पास के शहर लुस्त्रा चला गया था
- उसके बा'द अन्ताकिया और इकुनियुम से कई लोगों ने आकर लुस्त्रा में भी लोगों को पौलुस पर पत्थराव करने के लिए भड़काया।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: बरनबास, लुस्त्रा, पत्थर)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 तीमुथियुस 03:10-13
- रसूलों के 'आमाल 14:1-2
- रसूलों के 'आमाल 14:19-20
- रसूलों के 'आमाल 16:1-3

## शब्दकोश:

- Strong's: G2430

# इब्राहीम, अब्राम

## सच्चाई:

अब्राम ऊर शहर का एक क़सदी आदमी था जिसे ख़ुदावन्द ने इस्राईल का बुजुर्ग होने के लिए चुन लिया था | खुदावन्द ने उसका नाम अब्राम से बदलकर इब्राहीम कर दिया था |

- " अब्राम का मतलब है मज़बूत बाप ""
- "अइब्राहीम का मतलब है बहुतों का बाप"
- ख़ुदावन्द ने इब्राहीम से वा'दा किया था कि वह बहुतों का बाप होगा उसकी औलादें एक बड़ी क़ौम होंगे ।
- इब्राहीम ने ख़ुदावन्द पर यक़ीन किया और उसके हुक्मों को माना |। ख़ुदावन्द ने इब्राहीम को कसदियों के मुल्क से लेकर कनआन जाने में रहनुमाई की।
- कन'आन में इब्राहीम और सारा को बुढ़ापे में इस्हाक़ हासिल हुआ था। ।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा)

(यह भी देखें: \ कना'न, क़सदी, सारा, इस्हाक़

## किताब -ए-मुक़द्दस के बारे में:

- गलातियों 03:6-9
- पैदाइश 11:29-30
- पैदाइश 21:1-4
- पैदाइश 22:1-3
- या'कूब 02:21-24
- मत्ती 01:1-3

## किताब -ए-मुक़द्दस कहानियों से मिसाल:

- **04:06**जब **अब्राम** कन'आन मुल्क पहुंचा तब ख़ुदावन्द ने उसे कहा कि , ""अपने चारों तरफ़ देख क्यूँकि जितनी ज़मीन तुझे दिखाई देती है, उस सब को मैं तुझे और तेरी नसल को दूँगा
- **05:04** ख़ुदावन्द_ ने कहा कि अब तेरा नाम **अब्राम** _ न होकर __ इब्राहीम होगा, जिसका मतलब है –"बहुतों का बाप ।"
- **05:05** तक़रीबन एक साल बाद में, जब _इब्राहीम _ सौ साल का हुआ और सारा नब्बे साल की तो, सारा ने इब्राहीम के बेटे को जन्म दिया ।
- **5:06 जब इस्हाक़ जवान हुआ, ख़ुदावन्द ने __इब्राहीम** से यह कहकर उसकी आज़माइश ली,"कि अपने एकलौते बेटे इस्हाक़ को आतशी क़ुर्बानी करके चढ़ा।।
- **06:01जब _इब्राहीम _ 'उम्र दराज़ हो गया था, तो उसका बेटा इस्हाक़ व्यस्कता की तरफ़ बढ़ता जा रहा था, __इब्राहीम** ने अपने एक ग़ुलाम से कहा, कि तू मेरे मुल्क में मेरे ही खानदानियों के पास जाकर मेरे बेटे इस्हाक़ के लिये एक बीवी ले आएगा।
- **06:04**एक लंबे वक़्त के बाद _इब्राहीम _ की मौत हो गयी, ख़ुदावन्द ने इब्राहीम से जो अहद बाँधा था उसके मुताबिक़ ख़ुदावन्द ने इस्हाक़ को बरकत दी
- **21:02** ख़ुदावन्द **ने __इब्राहीम** से अहद बाँधा कि सर ज़मीन के सारे लोग तेरे ज़रिए बरकत पाएँगे।।

## शब्दकोश:

- Strong's: H87, H85, G11

# इलीशा

## सच्चाई:

इलीशा इस्राईल में कई बादशाहों के वक़्त में नबी की ख़िदमत करता था। अहाब, अहज्याह, यहोराम, याहू , यहोआहाज और यहोआश

- ख़ुदा ने नबी इलियाह को हुक्म दिया था कि वह इलीशा का नबी होने के लिए मशह करे।
- जब इलियाह को आग के रथ में आसमान में उठा लिए जाने के बा'द इलीशा इस्राईल के बादशाहों के लिए ख़ुदा का नबी बना।
- इलीशा ने कई हैरत अंगेज़ काम किए जिनमें सीरिया के सेनानायक को कोढ़ से शिफ़ा करना और एक शूनेमी 'औरत के बेटे को मुर्दों में से जिलाया भी था।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: इलियाह, नाम का , नबी )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 19:15-16
- 2 सलातीन 03:15-17
- 2 सलातीन 05:8-10
- लूक़ा 04:25-27

## शब्दकोश:

- Strong's: H477

# इलीशिबा'

## सच्चाई:

इलीशिबा' यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले की माँ का नाम था। उसके बाप का नाम ज़करयाह था।

- ज़करयाह और इलीशिबा' के पास कोई औलाद नहीं थी लेकिन ख़ुदावन्द ने उनको बुढ़ापे में औलाद देने का वा'दा किया था।
- ख़ुदावन्द ने अपना वा'दा पूरा किया की और जल्दी ही उन्हें बेटा हासिल हुआ। उन्होंने उस बच्चे का नाम यूहन्ना रखा।
- इलीशिबा' 'ईसा की माँ मरियम के रिशतेदार भी थीं।

(तर्जुमा की सलाह : नामों का तरजुम कैसे करें

(यह भी देखें: यूहन्ना (बपतिस्मा देनेवाला), [ज़करयाह(नया 'अहद नामा )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- लूक़ा 01:5-7
- लूक़ा 01:24-25
- लूक़ा 01:39-41

## शब्दकोश:

- Strong's: G1665

# इल्याक़ीम

## सच्चाई:

इल्याक़ीम नाम के दो आदमी पुराने 'अहद नामें में हुए थे।

- इल्याक़ीम नाम का एक आदमी हिज़क़ीएल बादशाह का बावर्ची था।
- दूसरा इल्याक़ीम बादशाह योशिय्याह का बेटा था। उसे मिस्र के फ़िर 'औंन नीको ने यहूदाह का बादशाह बनाया था।
- नीको ने उसका नाम बदल कर यहोयाक़ीम रखा था।

(तर्जुमा की सलाह नामों का तर्जुमा

(यह भी देखें: हिज़किय्याह, यहुयाक़ीम, होशियाह, फ़िर'औंन)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 सलातीन 18:16-18
- 2 सलातीन 18:26-27
- 2 सलातीन 18:36-37
- 2 सलातीन 23:34-35

## शब्दकोश:

- Strong's: H471, G1662

# इशकार

## सच्चाई:

इशकार या'क़ूब का पांचवां बेटा था। उसकी माँ का नाम लि'आ:

- इशकार का क़बीला इस्राईल के बारह क़बीलों में से एक था।
- इशकार का नसब नामा नफ़ताली, जबूलून, मनस्सी और गाद से घिरा हुआ था।
- उसकी सर हद गलील समन्दर के दक्खिन में थी ।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: गाद, मनस्सी, नफ़ताली, इस्राईल के बारह क़बीले , जबूलून)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- ख़ुरूज 01:1-5
- हिज़्क़ीएल 48:23-26
- पैदाइश 30:16-18
- यसू'अ 17:9-10

## शब्दकोश:

- Strong's: H3485, G2466

# इस्माईल, इस्माईल, इस्माईल

## सच्चाई:

इस्माईल इब्राहीम और मिस्री लौंडी हाजिरा का बेटा था। पुराने 'अहद नामे में इस्माईल नाम के कई आदमी भी हुए हैं।

- इस्माईल का मतलब है, “ख़ुदावन्द सुनता है”
- ख़ुदावन्द ने इब्राहीम के बेटे इस्माईल को बरकत देने का वा’दा किया था, लेकिन वह 'अहद का बेटा नहीं था।
- रेगिस्तान में ख़ुदावन्द ने हाजिरा और इस्माईल की हिफ़ाज़त की थी।
- पारान के रेगिस्तान में रहते हुए इस्माईल ने एक मिस्री 'औरत से शादी की थी ।
- नतन्याह का बेटा इस्माईल यहूदा का फ़ौजी अफ़सर था जिसने एक झुण्ड बनाकर बाबुल के बादशाह के मुक़र्रर हाकिम नबूकदनज़र को क़त्ल किया था ।
- पुराने 'अहद नामे में इस्माईल नाम के चार और आदमी हुए हैं।

(तर्जुमा की सलाह नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: इब्राहीम , बाबुल, ‘अहद, रेगिस्तान, मिस्र, हाजिरा, इस्हाक़, नबूकदनज़र, पारान, सारा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 01:28-31
- 2 तवारीख़ 23:1-3
- पैदाइश 16:11-12
- पैदाइश 25:9-11
- पैदाइश 25:13-16
- पैदाइश 37:25-26

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **05:02** तो इब्राहीम ने हाजिरा से शादी की । हाजिरा को इब्राहीम के ज़रिए' एक बेटा हुआ, इब्राहीम ने उसका नाम **इस्माईल** रखा।
- **05:04** “मैं **इस्माईल** को भी एक बड़ी क़ौम बनाऊंगा, लेकिन मेरा 'अहद इस्हाक़ के साथ होगा।”

## शब्दकोश:

- Strong's: H3458, H3459

# इस्राईल की बादशाही

## सच्चाई

क्या हुआ था कि इस्राईल की बादशाही का उत्तरी हिस्सा इस्राईल के हिस्सा बने इस्राईल के बारह क़बीलों ने सुलैनाम के मर जाने के बा'द इस्राईल को दो सलतनतों में बाँट दिया|

- उत्तर की इस्राईल की बादशाही में दस क़बीले थे, और दख्खिन में यहूदा की बादशाही में दो क़बीले थे |
- इस्राईल की बादशाही का दारुल-उल-हुकूमत शहर सामरिया था| यह यहूदाह के दारुल-उल-हुकूमत शहर यरुशलीम से लगभग 50 किलो मीटर दूर था|
- इस्राईली बादशाही के सभी बादशाह बुरे थे| उन्होंने लोगों को झूठे मा'बूदों की ख़िदमत करने के लिए हौसला दिया|
- ख़ुदा ने अश्शूरियों को इस्राईल की सल्तनत पर हमला करने को भेजा| बहुत से इस्राईली क़ब्ज़े में लिए गए और अश्शूर में रहने के लिए ले जाए गए|
- इस्राईलियों ने ग़ैरमुल्क के लोगों इस्राईल के बचे हुए लोगों के साथ रहने के लिए लाए| ये ग़ैरमुल्की लोगो ने इस्राईलियों के साथ शादी की, और उनकी नसल सामरी बन गई|

(यह भी देखें: अस्सीरिया, इस्राईल, यहूदाह, यरुशलीम, बादशाही, सामरिया)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 तवारीख़ 35:18-19
- यरमियाह 05:10-13
- यरमियाह 09:25-26

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें :

- ***18:08:***इस्राईल की सल्तनत के दस क़बीलों ने रहूबियाम के ख़िलाफ़ बग़ावत की था, यरुब'आम नाम का एक शख़्स मुक़र्रर किया गया था| उन्होंने मुल्क के उत्तरी हिस्से में अपनी सल्तनत क़ायम की और उन्हें इस्राईल की सल्तनत कहा जाता था|
- **18:10** यहूदाह और इस्राईल की सल्तनत दोनों दुश्मन हो गए और अक्सर एक दुसरे के साथ लड़े|
- **18:11** नई सल्तनत**इस्राईल**के सब बादशाह बुरे थे|
- **20:01 इस्राईल** की सल्तनत और यहूदाह दोनों ने ख़ुदा के ख़िलाफ़ बहुत से गुनाह किये|
- **20:02 _इस्राईल** की बादशाही अश्शूरी हुकूमत जो बहुत ताक़तवर और बेरहम मुल्क था उसके ज़रिए' तबाह कर दी गई अश्शूरियों ने इस्राईल की बादशाही में बहुत से लोग मारे, सब क़ीमती सामान ले लिया, और मुल्क के ज़्यादतर हिस्से को जला दिया|
- **20:04** तब अश्शूरी ग़ैरमुल्की लोगों को उस सरज़मीन पर रहने के लिए लाये जहाँ पहले **इस्राईल की बादशाही**हुआ करती थी| ग़ैरमुल्की लोगों ने तबाह शहर को दुबारा ता'मीर किया और जो इस्राईली वहाँ रह गए थे उनसे शादी की| ग़ैरमुल्की लोगों से शादी करने वाले इस्राईलियों की नसलों को सामरिया कहा जाता था|

## शब्दकोश:

- Strong's: H3478, H4410, H4467, H4468

# इस्राईल, इस्राईली, इस्राईलियों, या'क़ूब

## सच्चाई:

या'क़ूब इस्हाक़ और रिबक़ा के जुड़वा लड़कों में छोटा था।

- या'क़ूब का मतलब है, “वह एड़ी पकड़ता है” जिसका मतलब है, “वह धोकबाज़ है।” पैदाइश के वक़्त या'क़ूब अपने जुड़वा भाई ऐसौ की एड़ी पकड़े हुए था।
- कई साल बा'द ख़ुदावन्द ने या'क़ूब का नाम बदलकर इस्राईल रखा जिसका मतलब है, “वह ख़ुदावन्द के साथ मशक़्क़त करता है।”
- या'क़ूब चालाक और धोकेबाज़ था। उसने अपने बड़े भाई ऐसौ से उसके पहलौठे की बरकतें और इख़्तियार हासिल करने का मन्सूबा तलाश कर लिया था।
- ऐसौ इस पर बहुत ग़ुस्सा हुआ और उसको क़त्ल करने का मन्सूबा बनाया, लिहाज़ा या'क़ूब अपने घर से भाग गया। सालों बा'द या'क़ूब अपनी बीवियों और औलादों के साथ कन'आन लौटा, ऐसौ भी वहीं रहता था। दोनों के ख़ानदान अमन सुकून से रहने लगे।
- या'क़ूब के बारह बेटे थे। उनकी औलादें इस्राईल के बारह क़बीले हुए।
- मत्ती लिखने वाले की ख़ुशख़बरी में जो नसब नामा दिया गया है उसमें एक और या'क़ूब का बयान किया गया है, वह यूसुफ़ का बाप था।

(तर्जुमा की सलाह नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: कन'आन, धोका करना, ऐसौ, इस्हाक़, इस्राईल, रिबक़ा, इस्राईल के बारह क़बीले)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 07:11-13
- रसूलों के 'आमाल 07:44-46
- पैदाइश 25:24-26
- पैदाइश 29:1-3
- पैदाइश 32:1-2
- यूहन्ना 04:4-5
- मत्ती 08:11-13
- मत्ती 22:31-33

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **07:01**फिर वह लड़के बढ़ने लगे, रिबक़ा **या'क़ूब** से मुहब्बत रखती थी, लेकिन इस्हाक़ ऐसौ से मुहब्बत रखता था। **या'क़ूब** सीधा आदमी था और ख़ेमों में रहा करता था, लेकिन ऐसौ तो जंगली होकर चतुर शिकार खेलनेवाला हो गया।
- **07:07** जब **या'क़ूब** वहाँ था ,उसी दौरान या'क़ूब ने चार बीवियों से शादी की और उसके बारह बेटे और एक बेटी पैदा हुई। ख़ुदा ने उसे बहुत मालदार बनाया।
- **07:08** बीस साल तक अपने घर से, जो कन'आन में है, दूर रहने के बा'द **या'क़ूब** अपने ख़ानदान, ख़ादिमों, और अपने सारे जानवरों के साथ वापस आ गया।
- **07:10** ख़ुदा ने इब्राहीम की नसबनामे के बारे में जो 'अहद उससे बाँधा था, वह इब्राहीम से इस्हाक़ और इस्हाक़ से **या'क़ूब** को दी।
- **08:01**कई साल बा'द, जब **या'क़ूब** ‘उम्र दराज़ हो गया, तो उसने अपने अज़ीज़ बेटे यूसुफ़ को भेजा कि वह जाकर अपने भाइयो को देखे जो भेड़ बकरियों के झुंड की देखभाल कर रहे थे।

## शब्दकोश:

- Strong's: H3290, G2384

# इस्हाक़

## सच्चाई:

इस्हाक़ इब्राहीम और सारा का पहलौठा बेटा था। अगर्चे वह ‘उम्र दराज़ था, फिर भी ख़ुदावन्द ने उन्हें बेटा देने का वा'दा किया था ।

- “इस्हाक़” का मतलब है, “वह हँसता है” ख़ुदावन्द ने इब्राहीम से कहा कि सारा एक बेटे को पैदा करेगी तब इब्राहीम हंस पड़ा था क्यूँकि वह दोनों बहुत 'उम्र दराज़ थे। उस वक़्त यह ख़ुशख़बरी सुनकर सारा भी हँस दी थी।
- लेकिन ख़ुदावन्द ने अपन वा'दा पूरा किया और इब्राहीम और सारा को 'उम्र दराज़ी में बेटा हासिल हुआ ।
- ख़ुदावन्द ने इब्राहीम से कहा कि उसने इब्राहीम के साथ जो 'अहद बाँधा है वह इस्हाक़ और उसकी नसल के साथ भी बंधी रहेगी।
- जब इस्हाक़ लड़कपन में पहुंचा तब ख़ुदावन्द ने इब्राहीम के ईमान को परखने के लिए उससे कहा कि वह उसके लिए इस्हाक़ को क़ुर्बान कर दे।
- इस्हाक़ के बेटे या'क़ूब के बारह बेटे थे जो आगे चलकर इस्राईल के बारह क़बीले हुए।

(तर्जुमा की सलाह नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: इब्राहीम , नसल, सदाकालीन, मुकम्मल, या'क़ूब, सारा, इस्राईल के बारह क़बीले)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- गलातियों 04:28-29
- पैदाइश 25:9-11
- पैदाइश 25:19-20
- पैदाइश 26:1
- पैदाइश 26:6-8
- पैदाइश 28:1-2
- पैदाइश 31:17-18
- मत्ती 08:11-13
- मत्ती 22:31-33

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **05:04** “तेरी बीवी सारै के तुझ से एक बेटा होगा। और वह वा'दे का बेटा होगा। और तू उसका नाम इस्हाक़ रखना।”
- **05:06** जब इस्हाक़ लड़कपन ही में था , ख़ुदावन्द ने इब्राहीम से यह कहकर उसकी आज़माइश ली, “अपने पहलौठे बेटे इस्हाक़ को सोख़्तनी क़ुर्बानी करके पेश कर।”
- **05:09** लिहाज़ा इब्राहीम ने जाके उस मेढ़े को लिया और अपने बेटे इस्हाक़ की जगह पर उसको सोख़्तनी क़ुर्बानी करके पेश किया |
- **06:01** जब इब्राहीम 'उम्र दराज़ हो गया था, तो उसका बेटा **इस्हाक़** जवानी की ओर बढ़ता जा रहा था, इब्राहीम ने अपने एक ग़ुलाम से कहा, कि तू मेरे मुल्क में मेरे ही ख़ानदानियों के पास जाकर मेरे बेटे **इस्हाक़** के लिये एक बीवी ले आएगा।
- **06:05** **इस्हाक़** ने ख़ुदावन्द से दु'आ की, और ख़ुदावन्द ने उसकी इल्तिजा सुनी इस तरह रिबक़ा जुड़वाँ बेटों के साथ हाम्ला हुई।
- **07:10** **इस्हाक़** की मौत हो गयी और उसके बेटे ऐसौ और या'क़ूब ने उसको मिट्टी दी। ख़ुदावन्द ने इब्राहीम की नस्लों के बारे में जो 'अहद उससे बाँधा था, वह इब्राहीम से **इस्हाक़** और इस्हाक़ से या'क़ूब को दिया ।

## शब्दकोश:

- Strong's: H3327, H3446, G2464

# इफ़रात, इफ़रात, इफ्राती, इफ्राती

## सच्चाई:

इफ़रात एक शहर था जो इस्राईल के शिमाली हिस्से में था। इफ़रात का नाम आगे चलकर “बैतलहम” या “इफ़रात - बैतलहम” पड़ा।

- इफ़रात कालिब के एक बेटे का नाम था। शायद उसी के नाम पर इस शहर का नाम पड़ा।
- उस शहर के रहने वाले को इफ्राती कहते थे।
- बो'आज़, दाऊद का परदादा था, एक इफ्राती थे।

(तर्जुमा की सलाह :नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: बैतलहम, बो'आज़, कालेब, दाऊद, इस्राईल)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

## शब्दकोश:

- Strong's: H672, H673

# इफ़िसुस, इफ़िसुस के बाशिंदे, इफ़िस्स्यों

## सच्चाई:

इफ़िसुस मग़रिबि किनारे पर एक पुराना यूनानी शहर था जो आज के वक़्त में तुर्की का मुल्क है।

- इब्तिदाई ईसाइयों के वक़्त में, इफिसुस एशिया की दारुल हुकूमत थी, जो उस वक़्त एक छोटा रोमन सूबा था। *
- इसके मुक़ाम के ज़रिए, यह शहर तिजारत और सफ़र का एक ख़ास मरकज़ था। *
- वहाँ अरतिमिस(डायना) का एक मशहूर हैकल था।
- पौलुस इफ़िसुस में दो साल से ज़्यादा रहा और काम भी किया और वहाँ के बे ईमानों की हिदायत के लिए तीमुथियुस को मुक़र्रर कर दिया।
- नये 'अहद नामें में इफ़िसुस का ख़त इन ईमानदारों को लिखा पौलुस का ख़त है।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: आसिया, पौलुस, तीमुथियुस)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 15:31-32
- 1 तीमुथियुस 01:3-4
- 2 तीमुथियुस 04:11-13
- रसूलों के 'आमाल 19:1-2
- इफिसियों 01:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: G2179, G2180, G2181

# इफ़्ताह

## सच्चाई:

इफ़्ताह जिल'आद का एक ज़बरदस्त सूरमा था, वह इस्राईल का मुंसिफ़ था।

- 'इब्रानियों 11:32 में इफ़्ताह की बड़ाई की गई है कि वह एक बहुत ही ख़ास रहनुमा था जिसमें अपने लोगों को दुश्मनों से हिफ़ाज़त हासिल की थी।
- उसने अम्मोनियों को शिकस्त करने के लिए इस्राईलियों की रहनुमाई की थी और इफ़्राईमियों को भी हराया था।
- जैसा कि, इफ़्ताह ने बेवक़ूफ़ी में ख़ुदा से क़सम खाई जिसके नीजे में उसे अपनी बेटी की क़ुर्बानी पेश करनी पड़ी थी।

(तर्जुमा की सलाह नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: अम्मोन, आज़ादी दिलाना, इफ़्राईम, मुंसिफ़, मिन्नत)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 'इब्रानियों 11:32-34
- क़ुज़ात 11:1-3
- क़ुज़ात 11:34-35
- क़ुज़ात 12:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: H3316

# इफ़्राईम , इफ़्राईमी, इफ्राईमियों

## सच्चाई:

इफ्राईम यूसुफ़ का दूसरा बेटा था। उसकी औलाद इस्राईल के बारह क़बीलों में से एक हुए।

- इफ्राईम का क़बीला इस्राईल के शिमाली हिस्से में वाक़े' दस क़बीलों में से एक था।
- कभी-कभी इफ्राईम का नाम किताब-ए-मुक़द्दस में इस्ते'माल किया जाता है ताकि इस्राईल की पूरी शिमाली सल्तनत का हवाला दे सके । * (देखें:हमअहंगी)
- इफ्राईमी वाज़ह तौर पर एक पहाड़ या पहाड़ी 'इलाक़ा था, जो "इफ्राईम के पहाड़ी मुल्क " या "इफ्राईम के पहाड़ों" के हवाले से है '।

(तर्जुमा की सलाह : नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: इस्राईल का मुल्क , इस्राईल के बारह क़बीले)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 06:66-69
- 2 तवारीख़ 13:4-5
- हिज़क़ीएल 37:15-17
- पैदाईश 41:50-52
- पैदाईश 48:1-2
- यूहन्ना 11:54-55

## शब्दकोश:

- Strong's: H669, H673, G2187

# ईजेबेल

## सच्चाई:

ईजेबेल, इस्राईल के बादशाह आहब की बहुत बुरी रानी थी।

- ईजेबेल ने आहब और इस्राईल के लोगों को बुत परस्ती के लिए मजबूर किया था।
- उसने ख़ुदा के नबियों में से कई एक को क़त्ल करवाया था।
- उसने एक बेक़ुसूर आदमी नाबात को क़त्ल करवाया था कि आहब उसकी अँगूर की बाग़ को लूट पाए।
- यहाँ तक कि वह अपने बुरे कामों के बदले मारी गई। एलियाह ने उसकी मौत की नबूव्वत की थी और ठीक वैसे ही उसको क़त्ल किया गया था ।

(तर्जुमा की सलाह : नामों का तर्जुमा)

(यह भी देखें: आहब, एलियाह, झूठे मा’बूद )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 16:31-33
- 1 सलातीन 19:1-3
- 2 सलातीन 09:7-8
- 2 सलातीन 09:30-32
- मुक़ाश्फ़ा 02:20-21

## शब्दकोश:

- Strong's: H348, G2403

# उज़्ज़ियाह , अजरियाह

## सच्चाई:

उज़्ज़ियाह 16 साल की 'उम्र में यहूदा का बादशाह बना था और यरूशलीम में 52 साल हुकूमत की जो एक आम और ज़्यादा वक़्त तक बादशाह था। उज़्ज़ियाह को अजरियाह नाम से भी जाना जाता था।

- उज़्ज़ियाह बादशाह अपनी फ़ौज का इन्तिज़ाम और महारत के लिए जाना जाता था। अपने शहर की हिफ़ाज़त के लिए गुम्बद बनवाए थे, उसने जंग के हथियारों को ख़ास तौर से बनाया था जिनसे वह तीर चला सकता था और बड़े-बड़े पत्थर फेंक सकता था।
- वह जब तक ख़ुदा की ख़िदमत में रहा मज़बूत होता गया। अगर्चे अपने बादशाहत के वक़्त के आख़िरी वक़्त में उसे घमण्ड हो गया था और हैकल में ख़ुशबू जलाकर ख़ुदा के हुक्म की ना फ़रमानी की क्यूँकि ख़ुशबू जलाना सिर्फ़ काहिनों का काम था।
- इस गुनाह की वजह से उज़्ज़ियाह को कोढ़ हो गया था और आख़िर तक सबसे अलग रहना पड़ा।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें:यहूदा, बादशाह , कोढ़, हुकूमत करना, गुम्बद)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 सलातीन 14:20-22
- आमोस 01:1-2
- होसे'अ 01:1-2
- यसा'याह 06:1-2
- मत्ती 01:7-8

## शब्दकोश:

- Strong's: H5814, H5818, H5838, H5839

# ऊर

## सच्चाई:

ऊर फ़रात नदी के पास, पुराना क़सदी सूबा का एक ख़ास शहर था, जो मसोपतामिया का एक हिस्सा था। यह जगह आज के इराक़ में क़ायम थी।

- इब्राहीम ऊर शहर का रहने वाला था, वहीं से ख़ुदा ने उसे बुला लिया था कि उसे कन'आन ले जाएं।
- लूत का बाप, इब्राहीम का भाई हारान ऊर में ही मर गया था। लूत का इब्राहीम के साथ ऊर छोड़ने की शायद यह भी एक वजह थी ।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: इब्राहीम , कन'आन, क़सदी, फ़रात नदी, हारान, लूत, मसोपतामिया)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 11:27-28
- पैदाइश 11:31-32

## शब्दकोश:

- Strong's: H218

# एलिय्याह

## सच्चाई:

एलियाह यहोवा का सबसे ज़्यादा ख़ास नबी था। एलियाह ने इस्राईल और यहूदाह के कई बादशाहों के वक़्त में नबूव्वत की थी, इनमें अहाब बादशाह भी था।

- ख़ुदा ने एलियाह की मा'रिफ़त से कई हैरत अंगेज़ काम किए जिनमें एक मुर्दा बच्चे को ज़िन्दा करना भी था।
- एलियाह ने बादशाह अहाब को बा'ल की बुत परस्ती के लिए डांटा था।
- उसने बा'ल के पुजारियों को शर्त रखी थी कि पहचान कर देखें कि यहोवा ही सच्चा ख़ुदा है।
- वक़्त पूरा हो जाने पर ख़ुदा ने एलियाह को मु'जिज़ह शक्ल से आसमान में उठा लिया था।
- सैंकड़ों साल बा'द में एलियाह मूसा के साथ 'ईसा से पहाड़ पर क़ुर्बानी करने आया था और उन्होनें यरूशलीम में 'ईसा की आनेवाली परेशानी और मौत के बारे में बात चीत की थी।

(तर्जुमा की सलाह : नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: हैरत अंगेज़, नबी , यहोवा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 17:1
- 2 सलातीन 01:3-4
- या'क़ूब 05:16-18
- यूहन्ना 01:19-21
- यूहन्ना 01:24-25
- मरक़ुस 09:4-6

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों कि मिसाल:

- **19:02** _एलियाह _ नबी था, जब अहाब इस्राईली मुल्क का बादशाह था।
- **19:02 एलिय्याह** ने अहाब से कहा, “इन सालों में मेरे बिना कहे, न तो पानी बरसेगा, और न शबनम पड़ेगी।”
- **19:03** ख़ुदावन्द ने _एलियाह _ से कहा कि वह जंगल में जाकर छिप जाए, क्योंकि अहाब उसे मारने की ताक में है। और सुबह और शाम को कव्वे उसके पास रोटी और गोश्त लाया करते थे।
- **19:04** लेकिन तब उन्होंने एलियाह का ख़याल रखा, और ख़ुदावन्द ने उनके घड़े का मैदा ख़त्म न होने दिया, और न उनकी **कुप्पी** का तेल घटने दिया।
- **19:05**साढ़े तीन साल के बा'द, ख़ुदा का यह कलाम _एलियाह _ के पास पहुँचा, “जाकर अपने आप को अहाब को दिखा, और मैं ज़मीन पर पानी बरसा दूँगा।
- **19:07**और _एलियाह _ ने बा'ल के नबियों से कहा, “पहले तुम एक बछड़ा पसन्द कर के तैयार कर लो, क्योंकि तुम तो बहुत हो; तब अपने मा'बूद से दू'आ करना, लेकिन आग न लगाना।”
- **19:12** तब एलियाह ने कहा, “बा'ल के नबियों को पकड़ लो, उनमें से एक भी छूटने ने न पाए;
- **36:03** तब मूसा और _एलियाह _ नबी दिखाई दिए। इससे पहले यह दोनों आदमी कई सो साल पहले ज़मीन पर ज़िन्दा थे। वह 'ईसा से उसकी मौत के बारे में बात कर रहे थे, जो यरूशलीम में होने वाली थी।

## शब्दकोश:

- Strong's: H452, G2243

# ओम्री

## सच्चाई:

ओम्री एक फ़ौज का सरदार था जो इस्राईल का छठवां बादशाह हुआ था।

- बादशाह ओम्री ने तिर्सा नगर में 12 साल बादशाही की थी।
- इस्राईल के सब बादशाहों के जैसे ओम्री भी एक बुरा बादशाह था, उसने इस्राईल की क़ौम को और भी ज़्यादा बुतपरस्ती में गिराया था।
- ओम्री बादशाह आहाब का बाप था।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: अहाब, इस्राईल, यरुब'आम, तिर्सा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 तवारीख़ 22:1-3

## शब्दकोश:

- Strong's: H6018

# औरय्याह

## सच्चाई:

औरय्याह एक रास्तबाज़ आदमी था और दाऊद के बेहतर फ़ौजियों में से एक था। उसे अक्सर “हित्ती औरय्याह” से हवाला दिया जाता था।

- औरय्याह की बीवी बहुत ख़ूबसूरत थी, उसका नाम बतशबा था।
- दाऊद ने उसके साथ हरामकारी की और वह दाऊद से हामला हो गई थी।
- दाऊद ने अपना गुनाह छिपाने के लिए औरय्याह को जंग में आगे भेजकर मरवा दिया। फिर दाऊद ने बतशबा से शादी की ।
- औरय्याह नाम का एक और आदमी था जो बादशाह आख़ज़ के वक़्त काहिन था।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: आख़ज़, बतशबा, दाऊद, हित्ती)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 15:4-6
- 2 शमूएल 11:2-3
- 2 शमूएल 11:26-27
- नहमियाह 03:3-5

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **17:12** बतशबा का शौहर , जिसका नाम **औरय्याह** था, वह दाऊद का एक बहादुर फ़ौजी था | दाऊद ने **औरय्याह** को जंग से वापस बुला लिया और उससे कहा अपनी बीवी के पास जा | लेकिन **औरय्याह** अपने घर वापस न गया क्यूँकि बाक़ी फ़ौजी जंग लड़ रहे थे | तब दाऊद ने **औरय्याह** को वापस जंग में भेज दिया और योआब से कहा ‘सब से तेज़ जंग के सामने औरय्याह को रखना, तब उसे छोड़कर लौट आओ, कि वह घायल होकर मर जाए |
- **17:13**औरय्याह__ के मरने के बा'द, दाऊद ने बतशबा से शादी करली |

## शब्दकोश:

- Strong's: H223, G3774

# कना’न, कना’नी ,कना’नियों

## सच्चाई:

कना’न हाम का बेटा था और हाम नूह का बेटा था | कना’नी लोग कना’न के रहने वाले थे

- “कना’न और कना’न मुल्क “वह ‘इलाक़ा था जो यरदन नदी और समन्दर से दूर के बीच का हिस्सा था | दाख़िन में वह मिस्र की हद तक था और उत्तर में सीरिया की हद तक |
- इस मुल्क के रहने वाले कना’नी और ग़ैर क़ौमें थीं |
- ख़ुदा ने इब्राहीम से वा’दा किया था कि वह कना’न मुल्क उसे और उसकी नसल ,इस्राईलियों को देगा |

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: हाम, वा’दे का मुल्क )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के आ’माल 13:19-20
- ख़ुरूज 3:7-8
- पैदाईश 9:18-19
- पैदाईश 10:19-20
- पैदाईश 13:5-7
- पैदाईश 47:1-2

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसाल:

- *4:5*इस तरह (अब्राम) अपनी बीवी सारै,और जो माल उन्होंने इकठ्ठा किया था ,और जो जानदार उन्होंने हारान में पाए थे ,सब को लेकर “कना’न मुल्क में जो ख़ुदावन्द ने उसे दिखाया था जाने को निकल चला ;
- *04:06*जब अब्राम _कना’न _मुल्क पहुँचा तब ख़ुदा ने उससे कहा कि ,अपने चारों ओर देख क्यूँकि जितनी ज़मीन तुझे दिखाई देती है ,उस सब को मै तुझे और तेरी नसल को दूँगा |
- _ 04:09”मै _कना’न मुल्क तेरी नसल को दूँगा |”
- *05:03*मै तुझ को और तेरे बा’द तेरी नसल को भी ,यह सारा कना’न मुल्क दूँगा वह उनकी अपनी ज़मीन रहेगी ,और मै उनका ख़ुदा रहूँगा |”
- *07:08*बीस साल तक अपने घर से ,जो कना’नमें है ,दूर रहने के बा’द या’क़ूब अपने घराने , ख़ादिमों ,और अपने सारे जानवरों समेत वापस आ गया |

## शब्दकोश:

- Strong's: H3667, H3669, G2581, G5478

# करेतियों

## सच्चाई:

“करेतियों” एक क़ौम थी जो मुमकिन है पलिश्तियों में से थी | कुछ तर्जुमो में इस नाम को “करेतियों की शक्ल में लिखते हैं |

- ”करेतियों और पलेतियों” बादशाह दाऊद की फ़ौज में सिपाहियों के ख़ास झुण्ड थे जो उसके मुहाफ़िज़ की शक्ल में उसके वफ़ादार थे |
- यहोयादा का बेटा बनायाह, दाऊद के इन्तिज़ामिया दल का एक फ़र्द ,करेतियों और पलेतियों का रहनुमा था |
- करेतियों दाऊद के साथ थे जब वह अबशालोम के बग़ावत करने पर यरूशलीम छोड़ कर गया था |

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा

(यह भी देखें: अबशालोम, बनायाह, दाऊद, पलिश्ती)

## किताब-ए-मुकद्दस के बारे में:

- सफ़नियाह 02:4-5

## शब्दकोश:

- Strong's: H3774

# करेते , करेते के बाशिन्दे ,करेते के बाशिन्दों

## सच्चाई:

करेते यूनान के दख्खिनी हिस्से पर एक जज़ीरह था "करेते के बाशिन्दे " वह हैं जो करेते जज़ीरह पर रहते हैं।

- अपने बशारती सफ़र में पौलुस रसूल करेते के सफ़र पर गया था।
- पौलुस ने अपने हमख़िदमत तीतुस को करेते पर छोड़ दिया था कि वहां कलीसिया के रहनुमाओं को मुक़र्रर करे।

(तर्जुमे से मुता’ल्लिक सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- ‘आमाल 02:8-11
- रसूलों के 'आमाल 27:7-8
- आमोस 09:7-8
- तीतुस 01:12-13

## शब्दकोश:

- Strong's: G2912, G2914

# कर्मिल ,कर्मिल पहाड़

## सच्चाई:

“कर्मिल पहाड़” समन्दर से दूर के किनारे पर वाक़े’पहाड़ियों में से -शारोंन के मैदान के नज़दीक उत्तर में | उसकी सबसे ऊँची चोटी 546 मीटर ऊँची है |

- कर्मिल नाम का एक शहर भी था जो नमक के समन्दर के दाख्खिन में यहूदाह की बादशाहत में था |
- नाबाल एक मालदार किसान था ,उसकी बीवी का नाम अबी गैल था |वह कर्मिल शहर के नज़दीक रहते थे |दाऊद और उसके साथी नाबाल के चरवाहों की हिफ़ाज़त करते थे |
- कर्मिल पहाड़ पर एलियाह ने बा’ल पुजारियों के साथ बहस करके साबित किया था कि केवल यहोवा ही सच्चा ख़ुदा है |
- यह वाज़ेह करने के लिए कि कर्मिल एक ही पहाड़ नहीं था ,”कर्मिल पहाड़”का तर्जुमा “कर्मिल पहाड़ियों में से के एक पहाड़ पर” या “कर्मिल पहाड़ियों में से |

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: बा’ल, एलियाह ,यहूदाह ,नमक का समन्दर)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 18:18-19
- 1समूएल 15:12-13
- यरमियाह 46:18-19
- मीकाह 07:14-15

## शब्दकोश:

- Strong's: H3760, H3761, H3762

# कसदी ,कसदी,कसदियों

## सच्चाई:

कसदी मेसोपोटामिया या बाबुल के दाख्खिन का ज़मीनी हिस्सा था | इस ‘इलाक़े के रहने वाले कसदी कहलाते थे |

- ऊर शहर जहाँ इब्राहीम रहता था,वह कसदियों का ही मुल्क था | इसे हमेशा “कसदियों के ऊर” कहा जाता है |
- नबूकदनज़र बहुत से कसदियों में से एक था जो बाबुल के बादशाह हुए थे
- बहुत सालों बा’द तक़रीबन 600ई.पू.में कसदी मुल्क “बाबुल” कहलाया |
- दानीएल की किताब में “कसदी” लफ़्ज़ एक ख़ास इन्सानी दर्जे का पस मन्ज़र देता है जो ऊँची ता’लीम पाए हुए इन्सान थे और सितारों का मुता’आला करते थे |

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: इब्राहीम, बाबुल, शिनार, ऊर)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के आमाल 07:4-5
- हिज़क़ीएल 01:1-3
- पैदाइश 11:27-28
- पैदाइश 11:31-32
- पैदाइश 15:6-8
- यसा’याह 13:19-20

## शब्दकोश:

- Strong's: H3679, H3778, H3779, G5466

# क़ाना

## ता’रीफ़:

क़ाना-ए-गलील ‘इलाक़े में एक गाँव या शहर था जो नासरत से तक़रीबन नौ मील उत्तर में बसा हुआ था |

- क़ाना शहर बारहों में से एक नतनएल की पैदाइश की जगह थी |
- ‘ईसा क़ाना शहर में एक शादी की महफ़िल में गया था जहाँ उसने अपना पहला मोजिज़ा ,पानी को मय बनाना ,किया था |
- कुछ वक़्त के बा’द ‘ईसा क़ाना में दुबारा आया था जहाँ उसकी मुलाक़ात कफ़रनहूम के एक हाकिम से हुई थी जिसने अपने बेटे की शिफ़ा के लिए उससे मिन्नत की थी |

(यह भी देखें: कफ़रनहूम, गलील, बारहों)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- यूहन्ना 2:1-2
- यूहन्ना 4:46-47

## शब्दकोश:

- Strong's: G2580

# क़ैसर

## सच्चाई:

“क़ैसर’’ रोमी बादशाहत के बादशाहों के ‘ओहदे का नाम था | किताब-ए-मुक़द्दस में, यह नाम तीन रोमी बादशाहों के बारे में आया है |

- पहला ,क़ैसर ‘’औगुस्तुस क़ैसर ‘’था, वह ‘ईसा की पैदाइश के वक़्त तख़्त पर था |
- तक़रीबन तीस साल बा’द जब यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला ‘ऐलान कर रहा था तब रोमी बादशाहत का राजा तिबिरियुस क़ैसर था |

पौलुस ने क़ैसर की मिन्नत की थी तब क़ैसर नीरो तख़्त पर था | जब ‘ईसा ने लोगों से कहा था कि जो क़ैसर का है वह क़ैसर को दो और जो ख़ुदा का है वह ख़ुदा को दो तब क़ैसर तिबिरियुस ही तख़्त पर था | क़ैसर’’लफ़्ज़ का इस्तेमा’ल जब ओहदे की शक़्ल में किया गया है तब इसका तर्जुमा राजा या ‘’रोमी बादशाह ‘’ किया जा सकता है जब ये ओहदा नाम के साथ जोड़ा जाए जैसे क़ैसर ‘’औगुस्तुस’’ या ‘’क़ैसर तिबिरियुस ‘’तब इसकी तशरीह मादरी ज़ुबान में बिलकुल वैसे ही की जाये |

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: राजा, पौलुस , रोम )

|## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में: ##

- रसूलों के 'आमाल 25:6-8
- लूक़ा 02:1-3
- लूक़ा 20:23-24
- लूका 23:1-2
- मरकुस 12:13-15
- मत्ती 22:15-17

*फिलिप्पियों 04: 21-23

## शब्दकोश:

- Strong's: G2541

# काइफ़ा

## सच्चाई:

काइफ़ा ‘ईसा और यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले के वक़्त में इस्राईल का सरदार काहिन था |

- ‘ईसा की मज़म्मत और सज़ा में काइफ़ा ने अहम किरदार निभाया था |
- सरदार काहिन हन्ना और काइफ़ा पतरस और यूहन्ना की मज़म्मत में मौजूद थे जब उन्हें एक लंगड़े आदमी को अच्छा करने के लिए बन्दी बनाया गया था |
- काइफ़ा ही था जिसने कहा था पूरी दुनिया की तबाही के बदले उसकी जगह एक इन्सान का मरना बेहतर है | ख़ुदा ने उससे यह नबुव्वत करवाई थी कि ‘ईसा अपनी क़ौम की नजात के वास्ते जान देगा |

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: हन्ना, सरदार काहिन)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- आमल 4:5-7
- यूहन्ना 18:12-14
- लूका 3:1-2
- मत्ती 26:3-5
- मत्ती 26:57-58

## शब्दकोश:

- Strong's: G2533

# कालिब

## सच्चाई:

कालिब उन बारह इस्राईली राज़दारों में से एक था जिन्हें मूसा ने कना'न की मालूमात लेने के लिए भेजा था |

- उसने और यशू'अ ने इस्राईलियों को हिम्मत दिलाई कि वह ख़ुदा पर भरोसा रखें वह उन्हें कना'न पर फ़तह दिलाएगा |
- यशू'अ और कालिब उस नस्ल के दो ही लोग थे जिन्हें वा'दे के मुल्क कना'न में दाख़िल होने की इजाज़त दी गयी थी |
- कालिब ने मिन्नत किया था कि उसे और उसके घराने को हेब्रोन दिया जाए उसे यक़ीन था कि ख़ुदा उसे वहाँ के लोगों को हराने में उसकी मदद करेगा |

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: हेब्रोन ,यशू'अ)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 4:13-16
- यशू'अ 14:6-7
- कुज़ात 1:11-13
- गिनती 32:10-12

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसाल:

- *14-4*जब इस्राईली कना'न की हद में पहुँचे तब मूसा ने बारह आदमियों को चुना इस्राईल के हर क़बीलेमें से उसने उन आदमियों को हुक्म दिया की जाओ और ज़मीन का पता लगाओ कि वह कैसी दिखती है |
- *14:06*जल्द ही कालिबऔर यशू'अ और दो जासूस कहने लगे हाँ यह सही है कि कना'न के लोग ताक़तवर हैं लेकिन हम बिला शुबह उन्हें हरा देंगे ! ख़ुदा हमारे लिए जंग करेगा |'"
- *14:8*उनमें से कालिब और यशू'अ को छोड़ कर जितने बीस साल के या उससे ज़्यादा 'उम्र के जितने गिने गये थे वह मर जायेंगे और कभी वा'दा के मुल्क में दाख़िल नहीं होंगे |

ताकि वह मुल्क में सुकून से जी सकें |

## शब्दकोश:

- Strong's: H3612, H3614

# किलिकिया

## सच्चाई:

किलिकिया एक छोटा रोमी सूबा था जो आज के तुर्किस्तान में दाख़िन पूर्वी इलाक़े'में था। वह एजीयन समन्दर के सिरे पर था

- पौलुस रसूल किलिकिया के तरसुस शहर का बाशिन्दा था।
- दमिश्क के रास्ते पर 'ईसा से आमना-सामना करने के बा'द पौलुस ने कई साल किलिकिया में बिताए थे।
- किलिकिया के कुछ यहूदियों ने स्तिफ़नुस का सामना किया था और लोगों को उसे संगसार करने के लिए भड़काया था।

(तर्जुमे की सलाहनामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: पौलुस, स्तिफ़नुस, तसुस)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के आमाल 06:8-9
- रसूलों के आमाल 15:39-41
- रसूलों के आमाल 27:3-6
- गलातियों 01:21-24

## शब्दकोश:

- Strong's: G2791

# कुरनेलियुस

## सच्चाई:

कुरनेलियुस, एक ग़ैर क़ौमी आदमी था, वह रोमी फ़ौज में एक हाकिम था।

- वह ख़ुदा से रोज़ दुआ करता था और गरीबो को हलीमी से खैरात देता था।
- पतरस रसूल से बशारत सुनकर कुरनेलियुस और उसका घराना 'ईसा का ईमानदार हो गया।
- कुरनेलियुस और उसका घराना पहले ग़ैर यहूदी थे, जिन्होंने 'ईसा पर यक़ीन किया था।
- इससे 'ईसा के शागिर्दों को को समझ में आया कि 'ईसा सबको नजात देने आया था, जिनमें ग़ैर क़ौमें भी थी।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: रसूल, ईमान, ग़ैर क़ौम. ख़ुशख़बरी, यूनानी, सूबेदार)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 10:1-2
- रसूलों के 'आमल 10:7-8
- रसूलों के 'आमल 10:17-18
- रसूलों के 'आमल 10:22-23
- रसूलों के 'आमल. 10:24
- रसूलों के 'आमल 10:25-26
- रसूलों के 'आमल 10:30-33

## शब्दकोश:

- Strong's: G2883

# कुरिन्थुस, कुरिन्थुस के लोग

## सच्चाई:

कुरिन्थुस शहर यूनान मुल्क का एक शहर था, ऐथेन्स से लगभग 50 मील पश्चिम में। कुरिन्थुस के लोग कुरिन्थ शहर के बाशिन्दे थे।

- कुरिन्थ शहर शुरू' की कलीसियाओं में से एक की जगह थी ।
- नये 'अहद नामे में 1कुरिन्थियों और 2कुरिन्थियों पौलुस के ज़रिये' कुरिन्थ की कलीसिया को लिखे ख़त थे।
- पहली बशारती सफ़र पौलुस लगभग 18 महीने कुरिन्थ शहर में ठहरा था।
- कुरिन्थ शहर में पौलुस की मुलाक़ात दो ईमानदारों , अक्विला और प्रिस्किल्ला से हुई थी।
- कुरिन्थ की कलीसिया से मुता'लिक और शुरू'आती कलीसियाई रहनुमे थे तीमुथियुस, तीतुस, अपुल्लोस और सीलास।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: अपुल्लोस, तीमूथियूस, तीतुस)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 01:1-3
- 2 कुरिन्थियों 01:23-24
- 2 तीमुथियुस 04:19-22
- रसूलों के 'आमाल 18:1-3

## शब्दकोश:

- Strong's: G2881, G2882

# कुरेनी

## सच्चाई:

कुरेनी एक यूनानी शहर था, समन्दर से दूर के उत्तरी किनारे पर अफ़्रीका में क्रेते टापू क़ौम के सीधे दाख़िन में।

- नये ‘अहद नामे के ज़माने में ईमानदार और यहूदी दोनों ही वहां रहते थे।
- कलाम में कुरेन शहर यक़ीनन ‘ईसा का सलीब उठाने वाले शम’ऊन की रहने की जगह होने की वजह जाना जाता है।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: क्रेते)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 11:19-21
- मत्ती 27:32-34

## शब्दकोश:

- Strong's: G2956, G2957

# कुलुस्से, कुलुस्सियों

## सच्चाई:

नये 'अहद नामें के ज़माने में कुलुस्से रोमी सूबे फ्रूगिया का एक शहर था। आज यह जगह दाख्खिनी पच्छिमी तुर्किस्तान है। कुलुस्से के लोग कुलुस्से के रहने वाले थे।

- समन्दर से दूर खुश्की से 100 मील अन्दर कुलुस्से इफ़िसुस और फ़रात नदी के बीच एक ख़ास तिजारत का रास्ता था।
- रोम के क़ैदख़ाने में पौलुस ने कुलुस्से के ईमानदारों को ख़त लिखकर झूठी ता'लीमों को सही किया था।
- ख़त लिखते वक़्त पौलुस ने कुलुस्से की कलीसिया से मुलाक़ात नहीं की थी। उसने अपने दोस्त इपफ्रास से उस कलीसिया के बारे में सुना था।
- मुमकिन है एक मसीही ऐलान करता था जिसने कुलुस्से में कलीसिया इकठ्ठा की थी।
- फ़िलेमोन को लिखा ख़त कुलुस्से में ही ख़ादिमों के एक मालिक को लिखा गया था।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: इफ़िसुस, पौलुस)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- कुलुस्सियों 01: 1-3

## शब्दकोश:

- Strong's: G2857, G2858

# कूश

## सच्चाई:

कूश नहू के बेटे , हाम का बड़ा बेटा था। वह निम्रोद का पूर्वज था। उसके दो भाइयों के नाम मिस्र और कना'न थे।

- पुराने 'अहद नामे के ज़माने में इस्राईल के दाख्खिन में एक बड़ा 'इलाक़ा का नाम कूश था। मुमकिन है कि उस जगह का नाम हाम के बेटे कुश के नाम पर पड़ा था।
- कूश का पुराना 'इलाक़ा अलग-अलग वक़्तों में आज के सूडान, मिस्र, इथोपिया और मुमकिन है सऊदी अरब का मुल्क थे।
- एक और आदमी का नाम कूश हुआ है जिसका बयान ज़ुबूर में किया गया है। वह एक बिन्यामीनी था।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: अरब, \कना'न]कना'न, कना'नी ,कना'नियों, मिस्र, इथोपिया)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 01:8-10
- हिज़क़ीएल 29:8-10
- पैदाइश 02:13-14
- पैदाइश 10:6-7
- यरमियाह 13:22-24

## शब्दकोश:

- Strong's: H3568, H3569, H3570

# कूश, कूशी

## ता'अर्रुफ़:

कूश अफ़्रीक़ा का एक मुल्क है जो मिस्र के जुनूब में है जिसके जुनूब में नील नदी और पूरब में लाल समन्दर है। कूश का रहने वाला “कूशी” कहलाता है।

- पुराना कूश मिस्र के जुनूब में था और उसकी सरहदों में आज के कई अफ़्रीक़ी मुल्कों को जैसे सूडान, मौजूदह कूश, सोमालिया, केन्या, यूगांडा, मरकज़ी अफ़्रीक़ा जमूहरिया और चाड।
- किताब-ए-मुक़द्दस में कूश को “कूश” मुल्क या “नूबिया” भी कहा गया है।
- इथोपिया (कूश) और मिस्र मुल्कों का ज़िक्र किताब-ए-मुक़द्दस में हमेशा एक साथ किया गया है, शायद इसलिए कि वह पड़ोसी मुल्क थे और उनके बुज़ूर्ग एक ही थे।
- ख़ुदावन्द ने ‘ऐलान करने वाले फ़िलिप्पुस को रेगिस्तान में भेजा कि वह इथोपिया के खोजे को 'ईसा की ख़ुश ख़बरी सुनाएं ।

(तर्जुमा की सलाह : नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: कूश, मिस्र, खोजा, फ़िलिप्पूस)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल . 08:26-28
- रसूलों के 'आमाल 08:29-31
- रसूलों के 'आमाल 08:32-33
- रसूलों के 'आमाल 08:36-38
- यसा’याह 18:1-2
- नहूम 03:8-9
- सफनियाह 03:9-11

## शब्दकोश:

- Strong's: H3568, H3569, H3571, G128

# कोरह, कोरे, कोरह के रहने वाले लोग

## ता’अर्रुफ़:

कोरह नाम पुराने ‘अहदनामे में तीन आदमियों का था|

- ‘ऐसौ के बेटों में से एक का नाम कोरह था| वह अपने क़बीले का रहनुमा बना|
- कोरह लावी की नसल भी थे और इस तरह तम्बू में एक काहिन के तौर पर ख़िदमत की। उसे मूसा और हारून से जलन हो गया और आदमियों की एक जमा’अत को उनके खिलाफ बग़ावत करने की रहनुमाई की|
- कोरह नाम का तीसरा आदमी यहूदाह की नसल के तौर पर फ़हरिस्त में दर्ज है।

(यह भी देखें: हारून, इख़्तियार, कालिब, नसल, ‘ऐसौ, यहूदाह, काहिन)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 01:34-37
- गिनती 16:1-3
- **22:02**फ़रिश्ते ने ज़करियाह से कहा, “तेरी बीवी इलीशबा तेरे लिए एक बेटा पैदा करेगी । और तू उसका नाम **यूहन्ना** रखना। वह पाक रूह से मा'मूर होगा, और लोगों का मन मसीह की तरफ़ फेरेगा।
- **22:07**तब इलीशबा के पैदाइश का वक़्त पूरा हुआ, और उसने बेटे को जन्म दिया, ज़करियाह और इलीशबा ने उस बेटे का नाम **यूहन्ना** रखा, जैसा कि फ़रिश्ते ने उनसे कहा था।
- **24:01** **यूहन्ना**, जो ज़करियाह और इलीशबा का बेटाथा, वह बड़ा होकर एक नबी बन गया। वह जंगल में रहता था, और ऊँट की खाल का लिबास पहने हुए था और अपनी कमर में चमड़े का पटका बाँधे रहता था और टिड्डियाँ और शहद खाया करता था।
- **24:02** बहुत से आस पास के लोग **यूहन्ना** को सुनने के लिए बाहर निकल आए। यूहन्ना ने उनसे कहा, “तौबा क्यूँकि आसमान की बादशाही क़रीब आ गई है !”
- **24:06** अगले दिन, 'ईसा **यूहन्ना** के पास उससे बपतिस्मा लेने को आया। जब **यूहन्ना** ने उसे देखा, तो कहा, “देख ! यह ख़ुदाका मेम्ना है, जो दुनिया के गुनाहों को दूर ले जाएगा।”

## शब्दकोश:

- Strong's: G910 G2491

# यूहन्ना (रसूल)

## सच्चाई:

यूहन्ना 'ईसा के बारह शागिर्दों में से एक था और 'ईसा का ख़ास दोस्त था।

- यूहन्ना और उसका भाई या'क़ूब एक मछुवारे जब्दी के बेटे थे।
- उसने 'ईसा की ज़िन्दगी के बारे में लिखा था तो उसमें ख़ुद को “वह शागिर्द जिससे 'ईसा मुहब्बत करता था” लिखा। इससे ज़ाहिर होता है कि यूहन्ना 'ईसा का ख़ास दोस्त था।
- रसूल यूहन्ना ने पांच नए 'अहद नामे की किताबें लिखीं:यूहन्ना की इन्जील, 'ईसा मसीह का मुक़ाश्फ़ा, और ईमानदारों को लिखे तीन ख़त।
- तवज्जोह दें कि रसूल यूहन्ना, यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले से अलग है।

(तर्जुमा की सलाह नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: रसूल, ज़ाहिर करना, या'क़ूब (जब्दी का बेटा), यूहन्ना (बपतिस्मा देनेवाला), जब्दी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- गलातियों 02:9-10
- यूहन्ना 01:19-21
- मरकुस 03:17-19
- मत्ती 04:21-22
- मुक़ाश्फ़ा 01:1-3

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **36:01** एक दिन 'ईसा ने अपने तीन शागिर्द, पतरस, या'क़ूब और **यूहन्ना** को अपने साथ लिया। ('ईसा का शागिर्द **यूहन्ना** वह यूहन्ना नहीं था, जिसने 'ईसा को बपतिस्मा दिया था।) और उन्हें तन्हाई में दु'आ करने के लिए ऊँचे पहाड़ पर ले गया।\
- **44:01** एक दिन पतरस और **यूहन्ना** दु'आ करने के लिये हैकल में जा रहे थे। तब उन्होंने एक लंगड़े भिखारी को देखा जो पैसों के लिए भीख माँग रहा था।\
- **44:06** पतरस और **यूहन्ना** लोगों से जो कह रहे थे, उससे हैकल के सरदार उनसे बहुत परेशान थे। तो उन्होंने उन्हें पकड़कर क़ैदखाने में डाल दिया।
- **44:07** दूसरे दिन ऐसा हुआ कि यहूदी काहिन पतरस और **यूहन्ना** को लेकर सरदार काहिन के पास गए। उन्होंने पतरस और **यूहन्ना** से पूछा कि, “तुम ने यह काम किस ताक़त से और किस नाम से किया है ?”\
- **44:09** जब उन्होंने पतरस और **यूहन्ना** का हौसला देखा, और यह जाना कि यह अनपढ़ और आम आदमी है , तो हैरानी किया। फिर उनको पहचाना कि यह 'ईसा के साथ रहे है। तब उन्होंने पतरस और **यूहन्ना** को धमकाकर छोड़ दिया।

## शब्दकोश:

- Strong's: G2491

# यूहन्ना मरकुस

## सच्चाई:

यूहन्ना मरकुस जो “मरकुस” के नाम से भी जाना जाता है, पौलुस के साथ उसके 'एलान के सफ़र में गया था। मुम्किन है कि मरकुस की इन्जील का मुसन्निफ़ वही था।

- यूहन्ना मरकुस अपने भाई बरनबास और पौलुस के साथ पहले बशारती सफ़र में गया था।
- जब पतरस को यरूशलीम के क़ैदखाने में डाला गया था तब वहाँ यूहन्ना मरकुस की माँ के घर में जमा' होकर उसके लिए दु'आ कर रहे थे।
- मरकुस हक़ीक़त में रसूल नहीं था लेकिन पौलुस और पतरस की ता'लीमों में रहकर उनके साथ बशारती काम करता था।

(तर्जुमा की सलाह नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: बरनबास, पौलुस)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 तीमुतुस 04:11-13
- रसूलों के 'आमाल 12:24-25
- रसूलों के 'आमाल 13:4-5
- \रसूलों के 'आमाल 13:13-15](rc://ur-deva/tn/help/act/13/13)
- रसूलों के 'आमाल 15:36-38
- रसूलों के 'आमाल 15:39-41
- कुलुस्सियों 04:10-11

## शब्दकोश:

- Strong's: G2491, G3138

# यज़र'एल, यज़र'एली

## ता’अरुफ़:

यज़र'एल इस्कार क़बीले में एक बहुत ख़ास शहर था जो मुर्दा समन्दर के दक्खिन पूरब में क़ायम था।

- यज़र'एल मगिद्दो के मैदान के पश्चिमी 'इलाक़े में से एक था जिसे यज़र'एल की घाटी भी कहते थे।
- यज़र'एल शहर में अपने इस्राईली बादशाहों के महल थे।
- नाबात की अँगूर की बाग़ कभी यज़र'एल में बादशाह आहब के महल के क़रीब थी। नबी एलियाह ने आहब के ख़िलाफ़ वहीं नबूव्वत की थी।
- आहब की बुरी रानी ईज़ेबेल भी वहीं मारी गयी थी।
- इस शहर में कई एक बहुत ख़ास हादसे हुए थे जिनमें जंग भी थे।

(यह भी देखें: आहब, एलियाह, इस्कार, ईजेबेल, महल, नमक का तालाब)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 04:11-14
- 1 शमूएल 25:43-44
- 2 सलातीन 08:28-29
- 2 शमूएल 02:1-3
- क़ुज़ात 06:33

## शब्दकोश:

- Strong's: H3157, H3158, H3159

# रब्बा

## ता’अर्रुफ़:

रब्बा अम्मोनियों का एक बहुत ज़्यादा ख़ास था।

- अम्मोनियों के साथ जंग करते वक़्त इस्राईली ज़्यादातर रब्बा शहर पर आक्रमण करते थे।
- इस्राएल के बादशाह दाऊद ने अपनी आख़िरी जंग में रब्बा शहर को जीत लिया था।
- आज का अम्मान जॉर्डन वहाँ क़ायम है जहाँ पुराना रब्बा शहर हुआ करता था।

(यह भी देखें: अम्मोन, दाऊद)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 इतिहास 20:1
- 2 शमूएल 12:26-28
- इस्तिस्ना 03:11
- हिज़कीएल 25:3-5
- यरमियाह 49:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: H7237

# रहूबियाम

## सच्चाई:

रहूबियाम सुलैमान के बेटों में से एक था और सुलैमान के मरने के बा'द इस्राईल का बादशाह बना था।

- बादशाही वक़्त के शुरू' में रहूबियाम क़ौम के साथ शख़्त था लिहाज़ा इस्राईल के दस क़बीलों ने बग़ावत करके उत्तरी बादशाही इस्राईल बना लिया था।
- रहूबियाम दक्षिणी इस्राईल यहूदाह का बादशाह बना रहा, जिसमें केवल दो क़बीला शामिल थे, यहूदाह और बिन्यामीन।
- रहूबियाम एक बुरा बादशाह था, उसने यहोवा को छोड़ कर झूठे मा'बूदों की 'इबादत करता था।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: इस्राईल बादशाही, यहूदाह, सुलैमान)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 03:10-12
- 1 सलातीन 11:41-43
- 1 सलातीन 14:21-22
- मत्ती 01:7-8

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- 18:05__ सुलैमान की मौत के बा'द उसका बेटा **रहूबियाम** उसके जगह पर बादशाह हुआ | **रहूबियाम** एक बेवक़ूफ़ इन्सान था |
- 18:06_ _रहूबियाम ने उन्हें बेवक़ूफ़ी के साथ जवाब देते हुए कहा, "मेरे बाप ने तुम पर जो भारी जूआ रखा था उसे मैं और भी भारी करूँगा; और मैं तुम्हें और भी शख़्ती से सज़ा दूँगा |"
- **18:07** दस इस्राईली क़बीले रहूबियाम के ख़िलाफ़ हो गए सिर्फ़ दो क़बीला उसके लिए वफ़ादार रहे |

## शब्दकोश:

- Strong's: H7346, G4497

# रामाह

## सच्चाई:

रामाह यरूशलीम से आठ कि.मी. दूर एक पुराना इस्राईली शहर था। यह शहर बिन्यामीन क़बीले के सूबे में था जहाँ वे रहते थे।

- रामाह में राख़िल की मौत हुई थी जब उसने बिन्यामीन को पैदा किया था।
- बाबुल की फ़ौज इस्राईलियों को बन्दी बना कर ले जा रही थी तब वे बाबुल पहुंचने से पहले रामाह लाए गए थे।
- शमूएल के वालिदैन का घर भी रामाह में था।

(तर्जुमे की सलाह : नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: बिन्यामीन, इस्राईल के बारह क़बीले)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 27:25-27
- 1 शमूएल 02:11
- 2 तवारीख़ 16:1
- यरमियाह 31:15
- यशू’अ 18:25-28
- मत्ती 02:17-18

## शब्दकोश:

- Strong's: H7414, G4471

# रामोत

## सच्चाई:

रामोत यरदन नदी के क़रीब ज़िल’आद के पहाड़ों में एक महत्वपूर्ण शहर था। उसे रामोत ज़िल’आद भी कहते थे।

- रामोत इस्राईली क़बीला गाद के ‘इलाक़े में था और वह शहर-ए-पनाह था।
- इस्राईल के बादशाह आहाब और यहूदाह के बादशाह यहूसफ़त ने रामोत में अराम से जंग की थी। उस जंग में आहाब मारा गया था।
- कुछ वक़्त बाद बादशाह अहज़ियाह और बादशाह यूराम ने अराम के बादशाह से वह शहर दुबारा हासिल करने की कोशिश की थी।
- रामोत ज़िल’आद शहर ही में येहू को इस्राईल का बादशाह होने के लिए मसह किया गया था।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा)

(यह भी देखें: अहाब, अहज़ियाह, अराम, गाद, यहूसफ़त, येहू, यूराम , यरदन नदी, यहूदाह, पनाह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 06:71-73
- 1 सलातीन 22:3-4
- 2 तवारीख़ 18:1-3
- 2 सलातीन 08:28-29

## शब्दकोश:

- Strong's: H7216, H7418, H7433

# राहब

## सच्चाई:

राहब यरीहू की रहने वाली ‘औरत थी जब इस्राईल ने यरीहू पर हमला किया था। वह एक तवायफ़ थी।

- हमला करने से पहले इस्राईल के दो जासूस यरीहू में गए थे, उन्हें बचाने के लिए राहब ने उन्हें छिपा लिया था। फिरसे छावनी पहुंचने में उसने उनकी मदद की थी।
- राहब यहोवा की ईमानदार हो गई थी।
- राहब और उसका ख़ानदान यरीहू तबाही के वक़्त छोड़ दिया गया था और वे हमेशा इस्राईलियों के साथ रहने आए।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: इस्राईल, यरीहू, तवायफ़)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- इब्रानियों 11:29-31
- या’क़ूब 02:25-26
- यहोशू 02:20-21
- यहोशू 06:17-19
- मत्ती 01:4-6

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **15:01** उस शहर में **राहब** नाम की एक तवायफ़ रहती थी, उसने उन दोनों जासूसों को छिपा रखा और उन्हें भगाने में भी मदद की| उसने ऐसा इसलिए किया क्यूँकि वह ख़ुदा पर ईमान ले आई थी| उन्होंने क़सम खाई कि इस्राईली जब यरीहू को तबाह करेंगे तब **राहब** और उसके ख़ानदान की वे हिफ़ाज़त करेंगे।
- **15:05**तब इस्राईलियों ने ख़ुदा के हुक्म के मुताबिक़, जो कुछ उस शहर में था सब कुछ तबाह कर दिया। उन्होंने सिर्फ़ **राहब** और उसके ख़ानदान को छोड़ा, क्योंकि वे इस्राईलियों का ही भाग बन गए थे।

## शब्दकोश:

- Strong's: H7343, G4460

# राख़िल

## सच्चाई:

राख़िल या’क़ूब की बीवियों में से एक थी। राख़िल और लियाह या’क़ूब के मामा लाबान की बेटियाँ थी।

- राख़िल यूसुफ़ और बिन्यामीन की माता थी, ये दोनों इस्राईल के दो क़बीले हुए।
- सालों तक राख़िल को औलाद हासिल नहीं हुई थी। तब ख़ुदा ने उसे क़ाबिल बनाया और उसने यूसुफ़ को जन्म दिया।
- सालों बा’द जब राख़िल ने बिन्यामीन को पैदा किया तब उसकी मौत हो गई और या’क़ूब ने उसे बैतलहम के पास दफन किया।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: बैतलहम, या’क़ूब, लाबन, लियाह, [यूसुफ़ , इस्राईल के बारह क़बीले)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 29:4-6
- पैदाइश 29:19-20
- पैदाइश 29:28-30
- पैदाइश 31:4-6
- पैदाइश 33:1-3
- मत्ती 02:17-18

## शब्दकोश:

- Strong's: H7354, G4478

# रिब्क़ा

## सच्चाई:

रिब्क़ा इब्राहीम के भाई नहूर की पोती थी।

- ख़ुदा ने रिब्क़ा को इब्राहीम के बेटे इस्हाक़ की बीवी होने के लिए चुन लिया था।
- रिब्क़ा अपना मुल्क अरम्नहरैम को छोड़ कर इब्राहीम के ख़ादिम के साथ इब्राहीम के रहने के मक़ाम को नेगेब चली गई।
- लम्बे वक़्त तक रिब्क़ा को सन्तान हासिल नहीं हुई लेकिन ख़ुदा ने आख़िरकार उसे जुड़वा बच्चे दिए 'ऐसौ और या'क़ूब।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: इब्राहीम , अराम, 'ऐसौ, इस्हाक़, या'क़ूब, नहूर, नेगेब)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 24:15-16
- पैदाइश 24:45-46
- पैदाइश 24:56-58
- पैदाइश 24:63-65
- पैदाइश 25:27-28
- पैदाइश 26:6-8

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **06:02** एक लम्बा सफ़र के बा'द, जब वह ग़ुलाम उस शहर में गया जहाँ इब्राहीम के रिश्तेदार रहते थे, तब ख़ुदा ने ग़ुलाम के सामने **रिब्क़ा** को भेजा। वह इब्राहीम के भाई की पोती थी।
- **06:06** ख़ुदा ने **रिब्क़ा** से कहा, "तेरे हमल में दो क़ौमें हैं, "
- **07:01** फिर वे लड़के बढ़ने लगे, **रिब्क़ा** या'क़ूब से मुहब्बत रखती थी, लेकिन इस्हाक़ 'ऐसौ से मुहब्बत रखता था।
- **07:03** इस्हाक़ बहुत बूढ़ा हो गया था, वह अपनी बरकत 'ऐसौ को देना चाहता था। । पर इससे पहले वह ऐसा करता, रिब्क़ा ने या'क़ूब को 'ऐसौ की जगह पर इस्हाक़ के पास भेज दिया|
- **07:06** जब **रिब्क़ा** को 'ऐसौ के मन्सूबे का पता चला। तो उसने या'क़ूब को अपने रिश्तेदारों के पास भेज दिया।

## शब्दकोश:

- Strong's: H7259

# रिम्मोन

## सच्चाई:

रिम्मोन किताब-ए-मुक़द्दस में एक आदमी का और कई मक़ामों का नाम था। एक झूठे मा'बूद का भी यही नाम था।

- रिम्मोन शहर एक आदमी बिन्यामीनी था जो जबूलून कीरोत शहर का बाशिन्दा था। इस आदमीं ने यूनातान के अपाहिज़ बेटे इशबोशत को क़त्ल किया था।
- रिम्मोन यहूदाह के दख्खिनी हिस्से में बिन्यामीन के 'इलाक़े में एक शहर था।
- रिम्मोन की चट्टान" एक हिफ़ाज़त का मक़ाम था जहाँ बिन्यामीनी जंग में मारे जाने से बचकर छिपे थे।
- यहूदाह के जंगल में "रिम्मोन परेज" एक अनजान मक़ाम था।
- सीरिया की फ़ौज का सरदार नामान ने रिम्मोन मा'बूद का ज़िक्र किया है जहाँ सीरिया के बादशाह 'इबादत करते थे।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा)

बिन्यामीन, यहूदिया, नामान, सीरिया, जबूलून)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 सलातीन 05:17-19
- 2 शमूएल 04:5-7
- क़ुज़ात 20:45-46
- [क़ुज़ात 21:13-15](rc://ur-deva/tn/help/jdg/21/13)

## शब्दकोश:

- Strong's: H7417

# रूत

## सच्चाई:

रूत एक मोआबी ‘औरत थी, जो इस्राईल में क़ुज़ात के ज़माने में थी। उसने एक इस्राईली से विवाह मोआब में किया था, जब वह अकाल की वजह से अपने ख़ानदान के साथ वहां चले गए थे जब मुन्सिफ़ इस्राईल में थे।

- रूत के शौहर की मौत हो गई, कुछ वक़्त बा’द उसकी सास, नाओमी अपने पुराने मक़ाम बैतलहम लौट रही थी तो उसने भी अपनी सास के साथ जाने का फ़ैसला लिया।
- रूत नाओमी की वफ़ादार रही और उसके लिए खाने का इंतज़ाम करती रही।
- वह इस्राईल के इकलौते सच्चे ख़ुदा की ख़िदमत में सुपुर्द हो गई थी।
- रूत की शादीएक इस्राईली आदमी बोअज़ के साथ हो गई थी, उसका बेटा ‘ईसा के बुज़ुर्ग बादशाह दाऊद का दादा था। क्योंकि बादशाह दाऊद ‘ईसा मसीह का बुज़ुर्ग था इसलिए रूत भी थी।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: बैतलहम, बो’अज़, दाऊद, मुन्सिफ़)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- मत्ती 01:4-6
- रूत 01:3-5
- रूत 03:8-9
- रूत 04:5-6

## शब्दकोश:

- Strong's: H7327, G4503

# रूबिन

## सच्चाई:

रूबिन या'क़ूब का पहिलौठा था। उसकी माता का नाम लिआ था।

- यूसुफ़ के भाई जब उसकी हत्या करना चाहते थे तब रूबिन ने उसे गड्ढे में डलवा कर उसकी जान बचाई थी।
- रूबिन बा'द में यूसुफ़ को गड्ढे से निकालने आया, लेकिन उसके दीगर भाइयों ने उसे वहां से जानेवाले ताज़िरों के हाथ दास होने के लिए बेच दिया था।
- रूबिन की नसल इस्राईल के बारह क़बीलों में से एक बने थे।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: या'क़ूब, यूसुफ़ (पुराना 'अहदनामा), लियाह, इस्राईल के बारह क़बीले)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 29:31-32
- पैदाइश 35:21-22
- पैदाइश 42:21-22
- पैदाइश 42:37-38

## शब्दकोश:

- Strong's: H7205, H7206, G4502

# रोम, रोमी

## सच्चाई:

नये ‘अहदनामे के ज़माने में रोम शहर रोमी हुकूमत की दार-उल-हुकूमत था। आज वह इटली मुल्क की दार-उल-हुकूमत है।

- रोम हुकूमत रोम के-समन्दर के पूरे ‘इलाक़े, इस्राईल पर भी बादशाही कर रहा था।
- “रोमी” लफ़्ज़ उन सब ‘इलाक़ों के बारे में है जिन पर रोमी सरकार की हुकूमत थी जिनमें रोमी बाशिन्दे और रोमी मुलाज़िम भी थे।
- रसूल पौलुस को बन्दी बनाकर रोम ले जाया गया था क्योंकि वह ‘ईसा का ख़ुशख़बरी सुनाता था।
- नए ‘अहदनामे की किताब "रोमियों का ख़त" पौलुस के ज़रिए’ रोम के मसीही ईमानदारों को लिखा ख़त है।

(यह भी देखें: ख़ुश ख़बरी, समन्दर, पिलातुस, पौलुस)

## किताब-ए-मुक़द्दस के के बारे में:

- 2 तीमुथियुस 01:15-18
- रसूलों के ‘आमाल 22:25-26
- रसूलों के ‘आमाल 28:13-15
- युहन्ना 11:47-48

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **23:04** जब मरियम के जनने के दिन पूरे हुए, **रोमन** हुकूमत ने कहा कि सब लोग नाम लिखवाने के लिए अपने अपने शहर को जाए |
- **32:06** तब ‘ईसा ने उस बदरूह से पूछा “तेरा क्या नाम है?” उसने उसे कहा “मेरा नाम लश्कर है: क्योंकि हम बहुत है |” (लश्कर फ़ौजियों की जमा’अत होती है |)
- **39:09** अगली सुबह यहूदी नेताओ ने ‘ईसा को एक **रोमन** हाकिम पिलातुस के पास इस उम्मीद से ले गए की वह ‘ईसा को मार डालेगा।
- **39:12** **रोमन** सैनिकों ने ‘ईसा को कोड़े मारे, और शाही चोगा पहनाकर काँटों का ताज उसके सिर पर रखा | तब उन्होंने यह कहकर ‘ईसा का मज़ाक उड़ाया “यहूदियों का बादशाह” देखो |

## शब्दकोश:

- Strong's: G4514, G4516

# लमक

## सच्चाई:

लमक नाम के दो आदमी पुराने 'अहदनामे में हैं।

- पहला लमक क़ाइन की नसल से था। उसने अपनी बीवियों से बड़े घमण्ड से कहा कि उसने नुक़सान करने वाले एक आदमी का क़त्ल कर दिया है।
- दूसरा लमक सेत की नसल से था। वह नूह का बाप था।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: क़ाइन, नूह, सेत)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 04:18-19
- पैदाइश 04:23-24
- पैदाइश 05:25-27
- पैदाइश 05:28-29
- पैदाइश 05:30-31
- लूक़ा 03:36-38

## शब्दकोश:

- Strong's: H3929, G2984

# लाबन

## सच्चाई:

पुराने ‘अहदनामे में लाबन या’क़ूब का मामा और ससुर दोनों था।

- या’क़ूब फ़द्दान अराम में लाबन के घर में रहा था और उसकी बेटियों से शादी करने की शर्त में उसकी भेड़ बकरियों को संभालता था।
- या’क़ूब लाबन की बेटी राख़िल से शादी करना चाहता था।
- लाबान ने धोखे से अपनी बड़ी बेटी राख़िल की बहन लियाह से उसकी शादी कर दी|

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: या’क़ूब, नाहूर, लियाह, राख़िल)

## क़िताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 24:28-30
- पैदाइश 24:50-51
- पैदाइश 27:43-45
- पैदाइश 28:1-2
- पैदाइश 29:4-6
- पैदाइश 29:13-14
- पैदाइश 30:25-26
- पैदाइश 46:16-18

## शब्दकोश:

- Strong's: H3837

# लावी, लावी, लावियों, लावी

## ता’अर्रुफ़:

लावी या’क़ूब या इस्राईल के बारह बेटों में से एक था। लफ़्ज़“लावी” का मतलब इस्राईल के एक से फ़र्द है, जो लावी क़बीले जिसका बुज़ुर्ग लावी था।

- लावी हैकल की देखभाल के ज़िम्मेदार थे, वे मज़हबी रवायतों को भी करते थे जिसमें क़ुर्बानी पेश करना और दु’आ करना भी था।
- सब यहूदी काहिन लावी थे, लावी की नसल और लावी क़बीले के फ़र्द| (ताहम सब लावी काहिन नहीं थे।)
- लावी काहिन हैकल में ख़ुदा की ख़िदमत के लिए अलग किए गए थे और मसह किए हुए लोग थे।
- लावी नाम के दो आदमी ‘ईसा के बुज़ुर्गों में थे जिनके नाम लूक़ा की ख़ुशख़बरी में दिए गए नसबनामे में हैं।
- ‘ईसा का शागिर्द मत्ती भी लावी था।

(यह भी देखें: मत्ती, काहिन, क़ुर्बानी, हैकल, इस्राईल के बारह क़बीले)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 02:1-2
- 1 सलातीन 08:3-5
- रसूलों के ‘आमाल 04:36-37
- पैदाइश 29:33-34
- युहन्ना 01:19-21
- लूक़ा 10:31-32

## शब्दकोश:

- Strong's: H3878, H3879, H3881, G3017, G3018, G3019, G3020

# लाज़र

## सच्चाई:

लाज़र और उसकी बहनें, मार्था और मरियम ‘ईसा के ख़ास साथी थे। ‘ईसा उनके बैतनिय्याह के घर में अक्सर ठहरा करता था।

- लाज़र इसलिए जाना जाता है कि ‘ईसा ने उसे मरने के बा’द फिर ज़िन्दा किया था, वह कई दिन कब्र में रहा था।
- यहूदी रहनुमा ‘ईसा के इस मो’जिज़े से नाराज़ थे बल्कि हसद करते थे, लिहाज़ा वे ‘ईसा और लाज़र दोनों ही को क़त्ल करने का मौक़ा ढूँढ रहे थे।
- ‘ईसा ने एक मिसाल भी सुनायी थी जिसमें एक गरीब इन्सान था और एक दौलतमन्द इन्सान था, उस गरीब इन्सान का नाम भी “लाज़र” था।

( तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: भिखारी, यहूदी रहनुमा, मार्था, मरियम, परवरिश

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- यूहन्ना 11:10-11
- यूहन्ना 12:1-3
- लूक़ा 16:19-21

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **37:01** एक दिन, ‘ईसा को पैग़ाम मिला कि **लाज़र** बहुत बीमार है। **लाज़र** और उसकी दो बहिन, मार्था और मरियम, ‘ईसा के बहुत अज़ीज़ थे।
- **37:02** ‘ईसा ने कहा, “हमारा दोस्त **लाज़र** सो गया है, लेकिन मैं उसे जगाने जाता हूँ।”
- **37:03** ‘ईसा के शागिर्दों ने जवाब दिया, “ऐ ख़ुदावन्द, अगर वह सो गया है, तो ठीक हो जाएगा।” तब ‘ईसा ने उनसे साफ़-साफ़ कह दिया, “ लाज़र मर गया है”
- **37:04**जब ‘ईसा **लाज़र** के रहने के शहर पहुँचा, तो लाजर को क़ब्र में रखे चार दिन हो चुके थे।
- **37:06** ‘ईसा ने उनसे पूछा “तुमने **लाज़र** को कहाँ रखा है?”
- **37:09** यह कहकर उसने बड़े लफ़्ज़ से पुकारा, “ऐ लाज़र निकल आ।”
- **37:10** **लाज़र** बाहर निकल आया। वह अभी भी कपड़ो में लिपटा हुआ था।
- **37:11**लेकिन यहूदियों के मज़हबी रहनुमा ‘ईसा से हसद रखते थे, इसलिये उन्होंने आपस में मिलकर मन्सूबा बनाना चाहा कि कैसे वह ‘ईसा और **लाज़र** को मरवा सके।

## शब्दकोश:

- Strong's: G2976

# लियाह

## सच्चाई:

लियाह या'क़ूब की बीवियों में से एक थी। वह या'क़ूब के दस बेटों की माँ थी जिनकी नसल इस्राईल के बारह क़बीलों में से थे।

- लियाह का बाप लाबन था जो या'क़ूब की माँ रिब्क़ा का भाई था।

या'क़ूब लियाह से उतनी मुहब्बत नहीं करता था जितनी वह राख़िल से मुहब्बत करता था। लेकिन ख़ुदा ने लियाह को ज़्यादा औलाद देकर बाबरकत किया था। लियाह के बेटों में से एक यहूदाह, बादशाह दाऊद और 'ईसा का बुज़ुर्ग था।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: या'क़ूब, यहूदाह, लाबन, राख़िल, रिब्क़ा, इस्राईल के बारह क़बीले)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 29:15-18
- पैदाइश 29:28-30
- पैदाइश 31:4-6
- रूत 04:11-12

## शब्दकोश:

- Strong's: H3812

# लिवयातान

## सच्चाई:

लफ़्ज़ “लिवयातान” एक बहुत बड़े नामौजूद जानदार के बारे में है, जिसका ज़िक्र पुराने ‘अहदनामे की अय्यूब की किताब, ज़ुबूर और यसा’याह में है।

- लिवयातान का ज़िक्र एक बड़े साँप जैसे जानदार के तौर पर किया गया है जो बहुत ज़्यादा ताक़तवर और ख़ौफ़नाक है और अपने चारों ओर के पानी को उबाल देता है। इसका ज़िक्र डायनेसोर के जैसा है।
- यसा’याह नबी लिवयातान को “रेंगनेवाला साँप” कहता है।
- अय्यूब लिवयातान का ज़िक्र देखते हुए करता है जिसका मतलब है कि यह जानवर उसके वक़्त में ज़िन्दा था।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा

(यह भी देखें: यसा’याह, अय्यूब, साँप)

## किताब मुक़द्दस के बारे में:

- अय्यूब 03:8-10
- ज़ुबूर 104:25-26

## शब्दकोश:

- Strong's: H3882

# लुबनान

## सच्चाई:

लुबनान एक बहुत ख़ूबसूरत पहाड़ी मुल्क है जो इस्राईल के उत्तर में रोम के समन्दर के किनारे पर है। किताब-ए-मुक़द्दस के ज़माने में यह मक़ाम सनोवर के देवदारू और सरू के पेड़ों से घिरा हुआ था।

- सुलैमान ने लुबनान में मज़दूर भेजे थे कि ख़ुदा के हैकल के ता'मीर के लिए पेड़ काट कर लाएं।
- पुराने लुबनान में फ़ीनीके के बाशिन्दे रहते थे जो पानी के जहाज बनाने में माहिर कारीगर थे, ये जहाज समन्दर में तिजारत के लिए काम में लिए जाते थे।
- सूर और सैदा शहर लुबनान ही में थे। इन्हीं शहरों में बेशक़ीमत बैंजनी रंग सबसे पहले काम में लिया गया था।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: देवदार, सनोबर, सनोबर, फ़ीनीके)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 04:32-34
- 2 तवारीख़ 02:8-10
- इस्तिस्ना01:7-8
- ज़ुबूर 029:3-5
- ज़करियाह 10:8-10

## शब्दकोश:

- Strong's: H3844

# लुस्त्रा

## सच्चाई:

लुस्त्रा पुराने एशिया माइनर में एक शहर था जहां पौलुस ने अपने ‘ऐलान के सफ़र के दौरान दौरा किया था। वह लुकाउनिया ‘इलाक़े में था जो आज के तुर्किस्तान का हिस्सा है।

- पौलुस और उसके साथी इकुनियुम में यहूदियों की धमकी की वजह से दिरबे और लुस्त्रा चले गए थे।
- लुस्त्रा में पौलुस की मुलाक़ात तीमुथियुस से हुई थी, तीमुथियुस पौलुस का साथी ‘ऐलान करने वाला और कलीसिया का मुन्तजिम हुआ।
- लुस्त्रा में एक लंगड़े इन्सान को शिफ़ा देने की वजह से वहां के लोगों ने पौलुस और बरनबास की ‘इबादत करने का इंतज़ाम किया वे उन्हें मा’बूद समझने लगे थे लेकिन पौलुस ने उन्हें झिड़क कर ऐसा बुरा काम करने से रोका।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें:ख़ुशख़बरी देने वाला, इकुनियुम, तीमुथियुस)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 तीमुथियुस 03:10-13
- रसूलों के ‘आमाल 14:5-7
- रसूलों के ‘आमाल 14:8-10
- रसूलों के ‘आमाल 14:21-22

## शब्दकोश:

- Strong's: G3082

# लूत

## सच्चाई:

लूत इब्राहीम का भतीजा था।

- वह इब्राहीम के भाई हारान का बेटा था।
- लूत इब्राहीम के साथ कना’न आया था और सदोम शहर में बस गया।
- लूत मोआबियों और अम्मोनियों का बुनियादी इन्सान था।
- जब दुश्मनों ने सदोम पर हमला करके वहां के बाशिन्दों में लूत को भी क़ैदी बना लिया था तब इब्राहीम अपने सैंकड़ों आदमियों को लेकर गया और उन सब को और पूरी लूट को छुड़ा लाया था।
- सदोम के बाशिन्दे बुराई की हद पार कर गए थे इसलिए ख़ुदा ने उस शहर को तबाह कर दिया। लेकिन उन्होंने लूत और उसके ख़ानदान को पहली बाहर निकाला कि वे बच जाएं।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: इब्राहीम , अम्मोन, हारान, मोआब, सदोम)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 पतरस 02:7-9
- पैदाइश 11:27-28
- पैदाइश 12:4-5

## शब्दकोश:

- Strong's: H3876, G3091

# लूक़ा

## सच्चाई:

लूक़ा नये ‘अहदनामे की दो किताबों का मुसन्निफ़ था: लूक़ा की इंजील और रसूलों के ‘आमाल की किताब|

- कुलुस्से की कलीसिया को लिखे ख़त में पौलुस लूक़ा को हकीम कहता है। पौलुस अपने दो और ख़तों में भी लूक़ा का नाम लेता है।
- ऐसा माना जाता है कि मसीह का शागिर्द बनने से पहले लूक़ा एक यूनानी और ग़ैरक़ौमी इन्सान था। अपनी ख़ुशख़बरी में, लूक़ा बहुत सी ऐसी बातों का ज़िक्र करता है जिसके ज़रिए’ ’ईसा की मुहब्बत सबके लिए, यहूदी और ग़ैरक़ौम दोनों के लिए ज़ाहिर होती है।
- लूक़ा पौलुस के साथ दो बशारती सफ़रों में गया था और उसके कामों में उसकी मदद की थी।
- कुछ शुरू’आती कलीसियाओं में, यह कहा जाता है कि लूक़ा की पैदाइश सीरिया में अन्तोक शहर में हुई|

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: अन्तोक, पौलुस, सीरिया)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 तीमुथियुस 04:11-13
- कुलुस्सियो 04:12-14
- फ़िलेमोन 01:23-25

## शब्दकोश:

# वश्ती

## सच्चाई:

पुराने 'अहद नामे में आस्तर की किताब में वश्ती बादशाह अख़्सूयरस की रानी थी।

- वश्ती ने अख़्सूयरस की दावत में हाज़िर होने के हुक्म को टाल दिया था इसलिए बादशाह अपने मेहमानों को जो शराब के नशे में थे रानी वश्ती की ख़ूबसूरती दिखाना चाहता था, लेकिन रानी वश्ती ने आने से इन्कार कर दिया था, इस वजह से बादशाह ने उसे छोड़ दिया था।
- अब नई रानी के लिए 'औरतों का चुनाव किया गया और आखीर में आस्तर रानी बनी।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का अनुवाद

(यह भी देखें: अख़्सूयरस, आस्तर, फारस)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- आस्तर 01:9-11
- आस्तर 02:1-2
- आस्तर 02:17-18

## शब्दकोश:

- Strong's: H2060

# शमा'ऊन

## सच्चाई:

पुराने 'अहद नामे में शमा'ऊन नाम के कई आदमी थे।

- पुराने 'अहद नामे में या'क़ूब (इस्राईल) के दूसरे बेटे का नाम शमा'ऊन था । उसकी माँ का नाम लीआ: था। उसकी औलाद इस्राईल के बारह क़बीलों में से एक थी ।
- शमा'ऊन के क़बीले ने वा'दे के मुल्क कन'आन में दूर क़ायम दक्खिनी 'इलाक़े पर क़ब्ज़ा कर लिया था, उस 'इलाक़े का एक हिस्सा यहूदा की मीरास में था।
- जब यूसुफ़ और मरियम 'ईसा को यरूशलीम की हैकल में सुपुर्द करने लाए थे तब शमा'ऊन नाम का एक उम्र दराज़ आदमी ने मसीह के दीदार पाने के लिए यहोवा की ता'रीफ़ की थी।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: कन'आन, मसीह, सुपुर्द करना, या’क़ूब, यहूदा, हैकल)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 29:33-34
- पैदाइश 34:24-26
- पैदाइश 42: 35-36
- पैदाइश 43:21-23
- लूक़ा 02:25-26

## शब्दकोश:

- Strong's: H8095, H8099, G4826

# शमा'ऊन जेलोतेस

## सच्चाई:

शमा'ऊन जेलोतेस 'ईसा के बारह शागिर्दों में से एक था।

- इस शमा'ऊन का नाम 'ईसा के शागिर्दों में तीन बार आया है लेकिन इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।
- यह शमा'ऊन भी 'ईसा के आसमान पर उठाए जाने के बा'द ग्यारह शागिर्दों में था जब वह यरूशलीम में दु'आ कर रहे थे ।
- जेलोतेस का मतलब यह हो सकता है कि वह उस मज़हबी "जेलोतेस" क़ौम का था जो मूसा की शरी'अत को 'अमल में और रोम मुख़ालिफ़ के साथ सख़्त मिजाज़ थे।
- या "जेलोतेस" का मतलब सिर्फ़ "जोशीला" हो सकता है जो शायद उसके मज़हबी जोश की वजह हो।

(तर्जुमा की सलाह : नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: रसूल, शागिर्द, बारहों)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 01:12-14
- लूक़ा 06:14-16
- मरकुस 03:17-19

## शब्दकोश:

- Strong's: G2208, G2581, G4613

# शमूएल

## सच्चाई:

शमूएल एक नबी था और इस्राईल का आख़िरी मुंसिफ़ था। उसने शाऊल और उसके बा'द दाऊद दोनों को इस्राईल का बादशाह होने के लिए मुबारक किया था।

- शमूएल रामा शहर में एल्क़ाना और हन्ना से पैदा हुआ था।
- हन्ना बांझ थी, उसने ख़ुदावन्द से रो-रोकर दु'आ की कि उसे बेटा दे। उसकी दु'आ सुन कर ख़ुदावन्द ने उसे शमूएल दिया।
- हन्ना ने वा'दा किया था कि, अगर ख़ुदावन्द उसे बेटा देगा तो वह उसे यहोवा की ख़िदमत में सुपुर्द कर देगी।
- जब शमूएल लड़का ही था, तब हन्ना ने उस काहिन एली के पास दे दिया और ख़ुदावन्द से की गई अपनी क़सम पूरी की।
- ख़ुदावन्द ने शमूएल को अपना एक अज़ीम नबी बनाया।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: हन्ना, क़ुज़ाती , नबी , यहोवा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 शमूएल 01:19-20
- 1 शमूएल 09:23-24
- 1 शमूएल 12:16-18
- रसूलों के 'आमाल 03:24-26
- रसूलों के 'आमाल 13:19-20
- 'इब्रानियों 11:32-34

## शब्दकोश:

- Strong's: H8050, G4545

# शाऊल (पुराना ‘अहद नामा )

## सच्चाई:

शाऊल एक इस्राईली था जिसे ख़ुदा ने चुनकर इस्राईल का पहला बादशाह बनाया था।

- शाऊल बहुत लम्बा और ख़ूबसूरत था, और एक ताक़तवर जंगबाज़ भी था। वह ऐसा आदमी था जिसे इस्राईली चाहते थे कि वह उनका बादशाह हो।
- या'नी वह शुरू' में ख़ुदावन्द का ख़ादिम था लेकिन बा'द में वह मग़रूर होकर ख़ुदावन्द के हुक्मों की नाफ़रमानी करने लगा था। इसलिए, ख़ुदावन्द ने दाऊद को शाऊल की जगह में बादशाह होने के लिए मुक़र्रर किया और शाऊल को जंग में मरने दिया।
- नये 'अहद नामे में, भी शाऊल नाम का एक यहूदी था जो बा'द में पौलुस कहलाया और 'ईसा का रसूल हुआ।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: बादशाह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 10:1-3
- 1 शमूएल 09:1-2
- 2 शमूएल 01:1-2
- रसूलों के 'आमाल 13:21-22
- ज़बूर 018:1

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसाल:

- **17:01 शाऊल** इस्राईल का पहला बादशाह था | वह लम्बा और ख़ूबसूरत था, जैसा कि लोग चाहते थे | शाऊल ने पहले कुछ सालों तक इस्राईल पर अच्छी हुकूमत की | लेकिन बा'द में वह एक बुरा आदमी बन गया और उसने ख़ुदावन्द के हुक्मों की नाफ़रमानी की, और ख़ुदावन्द ने उसकी जगह पर एक दूसरा बादशाह चुना |
- **17:04 शाऊल** यह देख कि लोग दाऊद को मुहब्बत करते है उससे जलने लगा | **शाऊल** ने दाऊद को मारने का कई बार इरादा किया, इस वजह से दाऊद **शाऊल** से छिप रहा था |
- **17:05** आख़िरकार **शाऊल** जंग में मारा गया, और दाऊद इस्राईल का बादशाह बन गया |

## शब्दकोश:

- Strong's: H7586, G4549

# शारोन, शारोन का मैदान

## सच्चाई:

शारोन पहाड़ कर्मेल के दक्खिन में दरमियानी समन्दर के किनारे एक बराबर पैदावार देने वाला ज़मीन हिस्सा था। इसे “शारोना का मैदान” भी कहते हैं

- कलाम में बयान कई शहर यहाँ क़ायम थे, याफ़ा, लुद्दा और कैसरिया।
- इसका तर्जुमा “शारोन का मैदान” या “शारोन नाम का ज़मीन का हिस्सा” किया जा सकता है।
- शारोन के रहने वालों को शारोनी कहते थे।

(तर्जुमा की सलाह : नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: कैसरिया, कर्मेल, याफ़ा, समन्दर)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 05:16-17
- रसूलों के 'आमाल 09:33-35
- यसायाह 33:9

## शब्दकोश:

- Strong's: H8289, H8290

# शीबा

## सच्चाई:

पुराने ज़माने में शीबा एक पुराना तहज़ीबी 'इलाक़ा था जो दक्खिन 'अरब में था।

- शीबा मुल्क या जगह आज के यमन या इथोपिया मुल्क के क़रीब था।

वहाँ के रहने वाले शायद हाम की औलाद थे।

- शीबा की मलिका सुलैमान की हिकमत और 'अज़मत का ज़िक्र सुनकर उससे मुलाक़ात करने आई थी।
- पुराने 'अहद नामे के नसब नामें में “शीबा” नाम के कई आदमी थे। शायद है कि उस जगह का नाम शीबा इनमें से किसी एक आदमी के नाम पर पड़ा था।
- बर्शेब शहर का नाम छोटा करके एक बार पुराने 'अहद नामे में शीबा कहा गया है।

(तर्जुमा की सलाह : नामों का तर्जुमा )

(यह भी देखें: 'अरब, बर्शेबा, इथोपिया, सुलैमान)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 01:8-10
- 1 सलातीन 10:1-2
- यसायाह 60:6-7
- ज़बूर 072:8-10

## शब्दकोश:

- Strong's: H5434, H7614

# शेकेम

## सच्चाई:

शेकेम कन'आन में एक शहर था जो यरूशलीम के उत्तर में 40 मील दूर क़ायम था। शेकेम पुराने 'अहद नामे में एक आदमी का भी नाम था।

- शेकेम वह जगह थी जहाँ या'क़ूब लौटने के बा'द अपने भाई ऐसौ से सुलह करके बस गया था।
- या'क़ूब ने शेकेम के हिव्वी हमूर के बेटों से ज़मीन ख़रीदी थी यह ज़मीन का हिस्सा बा'द में उनका ख़ानदानी क़ब्रिस्तान हो गया था, वहीं या'क़ूब के बेटों ने उसे दफ़न किया था।
- हमूर के बेटे शेकेम ने या'क़ूब की बेटी दीना के साथ ज़िनाकारी की थी जिसका नतीजा यह हुआ कि या'क़ूब के बेटों ने शेकेम शहर के सब आदमियों को मार डाला था।

(तर्जुमा की सलाह : हामोर

(यह भी देखें: कन'आन, ऐसौ, हामोर, हिव्वी, या'क़ूब)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 07:14-16
- पैदाइश 12: 6-7
- पैदाइश 33: 18-20
- पैदाइश 37: 12-14

## शब्दकोश:

- Strong's: H7928, H7930

# शेत

## सच्चाई:

पैदाइश की किताब में, शेत आदम और हव्वा का तीसरा बेटा था।

- हव्वा ने कहा कि उसके बेटे हाबिल की जगह में उसे शेत दिया गया, हाबिल को उसके भाई काइन ने क़त्ल कर दिया था ।
- नूह शेत की नसलों में से था, लिहाज़ा सैलाब के बा'द सब शेत ही की औलाद हैं।
- शेत और उसका ख़ानदान सबसे पहले इन्सान थे जिन्होंने “ख़ुदा का नाम पुकारा था।"

(तर्जुमा की सलाह : नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: हाबिल, काइन, पुकारना, नसल, बाप दादा, सैलाब, नूह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 01:1-4
- लूक़ा 03:36-38
- गिनती 24:17

## शब्दकोश:

- Strong's: H8352, G4589

# शेम

## सचचाई:

शेम नूह के तीन बेटों में से एक था, पैदाइश की किताब में बयान है कि सारी दुनिया में सैलाब के वक़्त वह नूह के साथ उसके जहाज में था।

- शेम इब्राहीम और उसकी “औलादों” का बुज़ुर्ग था।
- शेम की औलाद “सामी” कहलाए जो 'इब्रानी और 'अरबी ज़बान जैसी सामी ज़बाने बोलते थे।
- कलाम बताता है कि शेम तक़रीबन 600 साल ज़िन्दा रहा।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: इब्राहीम, अरेबिया, बड़ा जहाज, सैलाब, नूह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 05:32
- पैदाइश 06:9-10
- पैदाइश 07: 13-14
- पैदाइश 10:1
- पैदाइश 10:30-31
- पैदाइश 11: 10-11
- लूक़ा 03:36-38

## शब्दकोश:

- Strong's: H8035, G4590

# सदूम

## ता’अर्रुफ़:

सदूम कन'आन के दक्खिनी हिस्से में एक शहर था, जहाँ इब्राहीम के भतीजे लूत अपने ख़ानदान के साथ रहने गया था।

- सदूम के इर्द गिर्द के 'इलाक़े की ज़मीन बहुत अच्छी तरह से उपजाऊ थी , यही वजह थी कि लूत ने वह जगह अपने रहने के लिए चुना था।
- इस जगह के मक़ाम मा'लूम नहीं, क्यूँकि वह पूरा ‘इलाक़ा, सदूम, अमूरा और आसपास का 'इलाक़ा वहाँ के रहने वालों के बुरे कामों की सज़ा के तौर पर ख़ुदा ने पूरे तरीक़े से तबाह कर दिया था।
- वहाँ के लोगों का सबसे बड़ा गुनाह लवातत परस्त थे ।

(यह भी देखें: कन'आन, अमूरा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 10: 19-20
- पैदाइश 13: 12-13
- मत्ती. 10:14-15
- मत्ती 11:23-24

## शब्दकोश:

- Strong's: H5467, G4670

# सदोक़

## सच्चाई:

सदोक़ दाऊद बादशाह की बादशाहत के वक़्त में इस्राईल का एक खास सरदार काहिन था।

- जब अबशालोम ने राजा दाऊद के ख़िलाफ़ बग़ावत किया, तब सदोक़ दाऊद की हिमायत करता था और उसने 'अहद के सन्दूक़ को यरूशलीम से वापस लाने में मदद की।
- सालों बा'द उसने दाऊद के बेटे सुलैमान को बादशाहत के लिए मसह करने में मदद किया था।
- सदोक़ नाम के दो आदमियों ने नहमियाह के वक़्त यरूशलीम की शहरपनाह का फिर से ता'मीर करने में मदद की थी।
- योताम बादशाह के दादा का नाम भी सदोक़ था।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: 'अहद का सन्दूक, दाऊद, योताम, नहमियाह, बादशाहत करना, सुलैमान)

## किताब-ए-मुकद्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 24:1-3
- 1 सलातीन 01:26-27
- 2 समूएल 15:24-26
- मत्ती 01:12-14

## शब्दकोश:

- Strong's: H6659, G4524

# सन्हेरीब

## सच्चाई:

सन्हेरीब असूरों का एक ताक़तवर बादशाह था जिसने नीनवे को एक अमीर और ख़ास शहर बना दिया था।

- सन्हेरीब बाबुल और यहूदा मुल्क से जंग करने के लिए जाना गया है।
- वह एक ज़बरदस्त बादशाह था और यहोवा का ख़ैर मक़दम करता था।
- सन्हेरीब ने हिज़किय्याह बादशाह के वक़्त में यरूशलीम पर हमला किया था।
- यहोवा ने सन्हेरीब की फ़ौज को तबाह कर दिया था।
- पुराने 'अहद नामा में बादशाहों और तवारीख़ की किताबों में सन्हेरीब की बादशाही के हादसे दर्ज हैं।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: असूर, बाबुल , हिज़किय्याह, यहूदा, मज़ाक करना, [नीनवे[

## किताब-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 तवारीख़ 32:1
- 2 तवारीख़ 32:16-17
- 2 सलातीन 18:13-15

## शब्दकोश:

# समन्दर, बड़ा समन्दर, पश्चिम के समन्दर, भूमध्य समन्दर

## सच्चाई:

कलाम में “बड़ा समन्दर” या “पश्चिमी समन्दर” आज के भूमध्य समन्दर के बारे में है। यह कलाम के वक़्त के लोगों के लिए सबसे बड़ा समन्दर था।

- यह इस बड़े समन्दर (भूमध्य समन्दर) के चारों तरफ़ थे: इस्राईल(पूरब में), यूरोप (उत्तर और पश्चिम में) और अफ़्रीक़ा (दक्खिन में)।
- पुराने वक़्त में यह समन्दर बहुत ही ख़ास था क्यूँकि इसमें कारोबार और पानी से सफ़र किया जाता था क्यूँकि इसके किनारे पर कई मुल्क थे। इस समन्दर के किनारे पर मौजूद शहर और वहाँ के लोग बहुत कामयाब थे क्यूँकि दूसरे मुल्कों से जहाज़ के ज़रिए' सामान लाना आसान था।
- यह बड़े समन्दर इस्राईल के पश्चिम में था इसलिए इसे “पश्चिमी समन्दर” भी कहा गया है।

(तर्जुमा की सलाह नामों का तर्जुमा)

(यह भी देखें: इस्राईल, लोगों का झुण्ड, कामयाब)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- हिज़्क़ीएल 47:15-17
- हिज़्क़ीएल 47:18-20
- यशू'अ 15:3-4
- गिनती 13:27-29

## शब्दकोश:

- Strong's: H314, H1419, H3220

# समसून

## सच्चाई:

समसून इस्राईली मुंसिफ़ों में से एक था, और इस्राईल का छुड़ाने वाला था। वह दान के क़बीले का था।

- ख़ुदावन्द ने उसे ज़बरदस्त ताक़त दी थी जिससे उसने इस्राईल के दुश्मन फ़िलिस्तियों से लड़ने में काम में ली।
- समसून क़सम में मजबूत था कि वह न तो शराब नोशी करेगा, न ही किसी तरह का खमीरी पीने वाली चीज़ पीएगा। जब तक वह अपनी क़सम पर क़ायम रहा, ख़ुदावन्द उसे ताक़त देता रहा।
- उसने अपनी ताक़त का राज़ जाहिर करके बाल कटवा लिए और फ़िलिस्तियों ने उसे क़ैदी बना लिया।
- जब समसून क़ैदखाने में था, ख़ुदावन्द ने उसे ताक़त दी और कई फ़िलिस्तियों के साथ उनके दागोन मा'बूद की हैकल को ख़त्म करवाया।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: नजात दिलाना, फ़िलिस्ती , इस्राईल के बारह क़बीले )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 'इब्रानियों 11:32-34
- क़ुज़ात 13:24-25
- क़ुज़ात 16:1-2
- क़ुज़ात 16:30-31

## शब्दकोश:

- Strong's: H8123, G4546

# साइप्रस

## सच्चाई:

साइप्रस समन्दर के किनारे का मुल्की हिस्सा है है जो आज के तुर्किस्तान से 64 किलोमीटर दाख़िन में था।

- बरनबास साइप्रस का बाशिन्दा था, और मूमकिन है कि यूहन्ना मरकुस भी वहीं रहा होगा क्योंकि दोनों रिश्ते में भाई थे।
- पौलुस और बरनबास ने अपनी पहले मुनादी सफ़र के शुरू' में साइप्रस में ख़ुशख़बरी सुनाया था। उस सफ़र में यूहन्ना मरकुस उनकी ख़िदमत में था।
- बाद में बरनबास और यूहन्ना मरकुस ने साइप्रस का दुबारा दौरा किया था।
- पुराने 'अहद नामे में साइप्रस सरू के पेड़ों की बहुतायत के लिए मशहूर था।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: बरनबास, यूहन्ना, मरकुस, समन्दर

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 04:36-37
- रसूलों के 'आमाल 13:4-5
- रसूलों के 'आमाल 15:39-41
- रसूलों के 'आमाल 27:3-6
- हिज़क़ीएल 27:6-7
- यसायाह 23:10-12

## शब्दकोश:

- Strong's: G2953, G2954

# सामरिया, सामरी

## सच्चाई:

सामरिया उत्तरी मुल्क इस्राईल में एक शहर और उसके आसपास के 'इलाक़ों का नाम था। यह मक़ाम पश्चिम में शारोन के मैदान और पूरब में यरदन नदी के दरमियान था।

- पुराने 'अहद नामे के ज़माने में, सामरिया उत्तरी मुल्क इस्राईल की सल्तनत थी। उस वक़्त के बा'द में इसके आसपास का 'इलाक़ा भी सामरिया कहलाने लगा था।
- जब असूरों ने उत्तरी मुल्क इस्राईल को फ़तह कर लिया था और ज़्यादातर इस्राईलियों को वहाँ से बाज़ू के ज़ोर से ले जाकर असूर मुल्क के अलग अलग शहरों में बसा दिया था।
- असूर कई परदेशियों को वहाँ इस्राईलियों के मक़ाम में बसा कर चले गए थे।
- जो इस्राईली वहाँ रह गए थे उन्होंने उन परदेशियों से शादी कर ली थी और इस तरह उनकी औलाद सामरी कहलाए।
- यहूदी सामरियों से नफ़रत करते थे क्यूँकि वह आधे यहूदी थे और क्यूँकि उनके बाप दादा बुत परस्त थे।
- नये 'अहद नामे के ज़माने में, सामरिया 'इलाक़ा उत्तर में गलील इलाक़ा ओर दक्खिन में यहूदिया की सरहदों से घिरा हुआ था।

(यह भी देखें: असूर, गलील, यहूदिया, शारोन, इस्राईल का मुल्क )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलो के आमाल 08:1-3
- रसूलो के आमाल 08:4-5
- यूहन्ना 04:4-5
- लूक़ा 09:51-53
- लूक़ा 10:33-35

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसाल :

- **20:04**तब असूरियों ने ग़ैर क़ौमों को उस ज़मीन पर रहने को कहा जहाँ पर इस्राईली मुल्क था| ग़ैर क़ौमों ने उस बर्बाद शहर को दोबारा तैयार किया, और वहाँ बाक़ी बचे इस्राईलियों से शादी की | इस्राईलियों की वह औलादें जिन्होंने ग़ैर क़ौमों से शादी की थी वह **सामारी** कहलाए|
- **27:08**"अगला आदमी जो वहाँ से जा रहा था वह एक **सामरी** था| (**सामरी** यहूदियों की औलाद थे , जिन्होंने ग़ैर मुल्क के लोगों से शादी करी थी | **सामरी** और यहूदियों को एक दूसरे से नफ़रत थी।)"
- **27:09**"**सामरी** आदमी ने उस घायल आदमी को अपने गधे पर लाद लिया और उसे सड़क के पार एक सराय में ले गया जहाँ उसकी देख-भाल की|"
- **45:07** वह (फिलिप्पुस)**सामरिया** शहर में गया और वहा लोगों को 'ईसा के बारे में बताया और बहुत से लोग बचाए गए|

## शब्दकोश:

- Strong's: H8111, H8115, H8118, G4540, G4541, G4542

# सारा, सारय

## सच्चाई:

- सारा इब्राहीम की बीवी थी।
- उसका लफ़्ज़ी नाम "सारै" था लेकिन ख़ुदावन्द ने उसका नाम बदलकर "सारा" रखा।
- सारा ने ख़ुदावन्द के वा'दे के मुताबिक़ बेटे को पैदा किया।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: इब्राहीम , इस्हाक़)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 11:29-30
- पैदाइश 11:31-32
- पैदाइश 17:15-16
- पैदाइश 25:9-11

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **05:01** तो अब्राम की बीवी **सारय**, ने उससे कहा, "देख ख़ुदावन्द ने मेरे रहम को बन्द कर रखा है, इसलिए मैं तुझ से मिन्नत करती हूँ कि तू मेरी लौंडी हाजिरा के पास जा | तू उससे शादी भी करना ताकि, उसके ज़रिए' मेरी गोद भर सके |
- **05:04** "तुम्हारी बीवी, **सारय**को एक बेटा होगा--वह वा'दे का बेटा होगा।"
- **05:04**" ख़ुदावन्द ने **सारय**का नाम बदलकर **सारा** रखा, जिसका मतलब है, "शहज़ादी
- **05:05**"तक़रीबन एक साल बा'द, जब इब्राहीम सौ साल का था और **सारा** नब्बे साल की थी, **सारा**ने इब्राहीम के बेटे को पैदा किया| उन्होंने उसका नाम इस्हाक़ रखा, जैसा कि ख़ुदावन्द ने कहा था|

## शब्दकोश:

- Strong's: H8283, H8297, G4564

# सिदक़ियाह

## सच्चाई:

सिदक़ियाह यहूदा का आख़री बादशाह था (597-587 ई.पू.)। पुराने 'अहद नामे में सिदक़ियाह नाम के और भी शख्स हुए हैं।

- बादशाह नबूकदनज़र ने यहूदा के बादशाह सिदक़ियाह को बादशाह यहूयक़ीम को पकड़ कर बाबुल को ले जाने के बा'द बनाया था। बा'द में सिदक़ियाह ने बग़ावत किया और नबूकदनज़र ने उसे पकड़ा और पुरे यरूशलीम को बर्बाद कर दिया।
- सिदक़ियाह, कना'ना का बेटा , इस्राईल के बादशाह अहाब के वक़्त एक झूठा नबी था।
- सिदक़ियाह नाम का एक आदमी नहमियाह के वक़्त ख़ुदावन्द के साथ एक सुलह नामे पर दस्तखत किए थे।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तेर्जुमा कैसे करें )

(यह भी देखें :अहाब, बाबुल, हिज़क़ीएल, इस्राएल कामुल्क , यहूयक़ीम, यरमियाह, यूसियाह, यहूदा, नबूकदनेस्सर, नहमियाह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 03:15-16
- यरमियाह 37:1-2
- यरमियाह 39:1-3

## शब्दकोश:

- Strong's: H6667

# सिन'आर

## सच्चाई:

“सिन'आर” या'नी दो नदियों का मुल्क , यह जगह दक्खिनी मिसोपतामिया में थी ।

बा'द में सिन'आर का नाम क़सदी तदोपरान्त बाबुल हुआ। बाबुल में रहनेवाले पुराने लोगों ने एक ऊंचा मीनार बनाने की कोशिशकी थी कि अपने को बड़ा बनाएं। नस्लों बा'द यहूदी बुज़ुर्ग इब्राहीम इसी 'इलाक़े के ऊर शहर में रहता था, उस वक़्त इस जगह का नाम “क़सदी” था।

(तर्जुमा की सलाह : नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: इब्राहीम , बाबुल, बाबुल, क़सदी, मसोपतामिया, पित्र, ऊर)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 10:8-10
- पैदाइश 14: 1-2
- पैदाइश 14:7-9
- यसा'याह 11:10-11
- ज़करियाह 05:10-11

## शब्दकोश:

- Strong's: H8152

# सिन’आर

## सच्चाई:

ख़ुदा ने सदोम और अमोरा को हलाक किया तो लूत एक छोटे शहर सिन’आर में जा बसा था।

- इस शहर का नाम “बेला” था लेकिन जब लूत ने ख़ुदा से उस शहर को बचाए रखने की मिन्नत की थी तब उसका नाम सिन’आर पड़ा था।
- माना जाता है कि सिन’आर शहर यरदन नदी के मैदानी ‘इलाक़े में था या मौत का -सागर के पच्छिमी सिरे पर था।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: लूत, सदोम, अमोरा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- इस्तिसिना 34:1-3
- पैदाइश 13:10-11
- पैदाइश 14:1-2
- पैदाइश 19:21-22
- पैदाइश 19:23-25

## शब्दकोश:

- Strong's: H6820

# सिम'ई

## ता’अरुफ़:

पुराने अहद नामे में सिम'ई नाम के कई आदमी हुए हैं ।

- गेरा का बेटा सिम'ई एक बिन्यामीनी था जिसने दाऊद को ला'नत दिया और उस पर पत्थर फेंके थे जब वह अपने बेटे अबीसलोम से बच कर यरूशलीम से भाग रहा था।
- पुराने 'अहद नामे में सिम'ई नाम के कई लावी काहिन भी हुए हैं।

(यह भी देखें: अबीसलोम, बिन्यामीन, लावी, काहिन)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 06:16-18
- 1 सलातीन 01:7-8
- 2 शमूएल 16:13-14
- ज़करियाह 12:12-14

## शब्दकोश:

- Strong's: H8096, H8097

# सीनै, सीनै पहाड़

## सच्चाई:

सीनै पहाड़ शायद एक पहाड़ था जो आज के सीनै प्रायद्वीप के दक्खिन में है। यह "होरेब पहाड़" की शक्ल में भी जाना जाता था।

- सीनै पहाड़ एक बहुत बड़ा चट्टानी रेगिस्तान का हिस्सा है।
- मिस्र से निकल कर वा'दे के मुल्क के सफ़र के वक़्त इस्राईली सीनै पहाड़ के क़रीब पहुँचे थे।
- ख़ुदा ने सीनै पहाड़ पर ही मूसा को दस हुक्म दिए थे ।

(यह भी देखें: रेगिस्तान, मिस्र, होरेब, वा'दे का मुल्क, दस हुक्म)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 07:29-30
- ख़ुरूज 16:1-3
- गलातियों 04:24-25
- अह्बार 27:34
- गिनती 01:17-19

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- 13:01__ के बा'द ख़ुदा लाल समन्दर के ज़रिए' से इस्राईलियों की रहनुमाई की , वह उन्हें **सीनै** नाम के पहाड़ पर जंगल में ले गया।
- **13:03** तीसरे दिन तक, वह अपने आप को रूहानी शक्ल से तैयार करें ,जब ख़ुदा **सीनै पहाड़** पर आया तो बादल गरजने और बिजली चमकने लगी और पहाड़ पर काले बादल छा गए फिर नरसिंगे की बड़ी ज़ोर से आवाज़ आई |
- **13:11** कई दिनों तक मूसा **सीनै पहाड़** के ऊपर ख़ुदा से बात करता रहा |
- **15:13** तब यसू'अ ने इस्राईलियों को वह 'अहद याद दिलाया जो उन्होंने ख़ुदा के साथ _सीनै पहाड़ _ पर बाँधा था, कि वह उस पर 'अमल करेंगे।

## शब्दकोश:

- Strong's: H2022, H5514, G3735, G4614

# सीरिया

## सच्चाई:

सीरिया इस्राईल के उत्तर पूरब में है। नए 'अहद नामे के वक़्त, यह रोमन सल्तनत की हुकमरान के तहत एक सूबा था।

- पुराने 'अहद नामे के वक़्त मैं सीरियाई सैन्य इस्राईलियों के मज़बूत दुश्मन थे।
- नामान सीरिया की फ़ौज का सिपेसालार था जिसे एलीशा ने कोढ़ से आज़ाद किया था।
- सीरिया के कई रहने वाले आराम की औलाद थे, जो नूह के बेटे शेम की औलाद था।
- दमिश्क़, सीरिया की सल्तनत का नाम है जिसका ज़िक्र कई बार कलाम में बयान हुआ है।
- शाऊल दमिश्क़ शहर में ईमानदारों को सताने के मन्सूबे से गया था लेकिन 'ईसा ने उसे रोक दिया था।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: आराम, सिपेसालार, दमिश्क़, औलाद, एलीशा, कोढ़ , ना'मान, सताना, नबी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 15:22-23
- रसूलों के 'आमाल 15:39-41
- रसूलों के 'आमाल 20:1-3
- गलातियों 01:21-24
- मत्ती. 04:23-25

## शब्दकोश:

- Strong's: H130, H726, H758, H761, H762, H804, H1834, H4601, H7421, G4947, G4948

# सीलास, सिल्वानुस

## सच्चाई:

सीलास यरूशलीम के मसीही ईमानदारों का रहनुमा था।

- यरूशलीम की कलीसिया के बुजुर्गों ने सीलास को पौलुस और बरनबास के साथ जाने के लिए मुक़र्रर किया कि अन्ताकिया के लिए ख़त ले जाए।
- आगे चलकर सिलास पौलुस के साथ और शहरों में भी 'ईसा की ख़ुशख़बरी करने के लिए गया था।
- पौलुस और सीलास फ़िलिप्पी के क़ैदखाने में एक साथ थे। वहाँ वह ख़ुदा की 'इबादत कर रहे थे और ख़ुदावन्द ने उन्हें वहाँ से आज़ादी दिलाई। उनकी इस गवाही के नतीजे उस क़ैदखाने का जेलर मसीही ईमानदार हो गया।

(तर्जुमा की सलाह : नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: अन्ताकिया, बरनबास, यरूशलीम, पौलुस, फिलिप्पुस, क़ैदखाना, गवाही)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 पतरस 05:12-14
- 1 थिस्सलुनीकियों 01:1
- 2 थिस्सलुनीकियों 01:1-2
- रसूलों के 'आमाल 15:22-23

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसाल:

- **47: 1** एक दिन, पौलुस और उसका दोस्त __ सिलास फ़िलिप्पी के शहर में 'ईसा के बारे में ख़ुशख़बरी देने के लिए गए।
- **47:02** वह (लुदिया ) ने पौलुस और __ सिलास को अपने घर में रहने के लिए बुलाया , इसलिए वह उसके और उसके ख़ानदान के साथ रहे।
- **47:03** पौलुस और _ सिलास_ अक्सर दु'आ की जगह पर लोगों के साथ मिलते थे ।
- **47:07** इसलिए ग़ुलाम लड़की के मालिकों ने पौलुस और __ सिलास को रोमन हाकिमों के पास ले गए, जिन्होंने उन्हें मारा और उन्हें जेल में फेंक दिया।
- **47:08** उन्होंने पौलुस और __ सिलास को जेल के सबसे महफ़ूज़ हिस्से में रखा और यहां तक कि उनके पैरों को भी बाँध दिया।
- **47:11** जेलर कांपते हुए' पौलुस और __ सिलास के पास आया और पूछा, "बचने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?"
- **47:13** अगले दिन शहर के रहनुमाओं ने पौलुस और _ सिलास को जेल से रिहा कर दिया और उन्हें फ़िलिप्पी छोड़ने के लिए कहा। पौलुस और _ सिलास ने लुदिया और कुछ और दोस्तों सें मिले और फिर शहर छोड़ दिया।

## शब्दकोश:

- Strong's: G4609, G4610

# सुलैमान

## सच्चाई:

सुलैमान दाऊद के बेटों में से एक था। उसकी माँ नाम बतशबा था ।

- जब सुलैमान तख़्त सल्तनत पर बैठा तब ख़ुदा ने उससे कहा था कि वह जो चाहे उससे मांग ले। तब सुलैमान ने अपने लोगों पर मुनासिब हुकूमत करने के लिए हिकमत 'अमली तलब की । ख़ुदा सुलैमान की इस इल्तिजा से ख़ुश हुआ और उसे हिकमत और माल दोनों दिया।

सुलैमान यरूशलीम के शानदार हैकल को बनाने के लिए भी मशहूर है।

- सुलैमान ने शुरू'आती सालों में तो बड़ी हिकमत-ए-'अमली से बादशाहत की लेकिन बा'द में उसने ग़ैर क़ौमों की 'औरतों से शादी करके बुत परस्ती शुरू' कर दी थी।
- सुलैमान की इस दग़ाबाज़ी की वजह से ख़ुदा ने उसकी मौत के बा'द इस्राईल को दो मुल्कों में बाँट दिया, एक इस्राईल और दूसरा यहूदा। यह दोनों मुल्क हमेशा लड़ते रहते थे।

(तर्जुमा की सलाह :नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: बतशबा, दाऊद, इस्राईल, यहूदा, इस्राईल का मुल्क , हैकल)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के ‘आमाल . 07:47-50
- लूक़ा 12:27-28
- मत्ती. 01:7-8
- मत्ती. 06:27-29
- मत्ती 12:42

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **17:14** उसके बा'द, दाऊद से बतशबा को एक और बेटा पैदा हुआ उसका नाम उन्होंने **सुलैमान** रखा।
- **18:01** कई सालों बा'द, जब दाऊद की मौत हो गई, तब उसके बेटे **सुलैमान** ने इस्राईल पर हुकूमत करना शुरू' किया | ख़ुदा ने **सुलैमान** से बात की और उससे कहा, “जो कुछ तू चाहे कि मैं तुझे दूँ, वह माँग | ” जब **सुलैमान** ने हिकमत माँगी, ख़ुदा उससे ख़ुश हुआ और उसे दुनिया का सबसे दानिशवर आदमी बना दिया | ख़ुदा ने उसे बहुत मालदार सख्स बनाया |
- **18:02** यरुशलीम में, **सुलैमान** ने अपने बाप के मन्सूबे के मुताबिक़ एक हैकल बनाने का फ़ैसला किया और उसके लिए समान जमा' किया |
- **18:03** लेकिन **सुलैमान** कई मुल्कों की 'औरतों से मुहब्बत करता था |. लिहाज़ा जब **सुलैमान** बूढ़ा हुआ तब उसकी 'औरतों ने उसका मन ग़ैर मा'बूदों की तरफ़ बहका दिया |
- **18:04** तब ख़ुदा ने **सुलैमान** पर ग़ुस्सा किया, और **उसकी** नारास्ती की वजह से उसे सज़ा दिया, और 'अहद बाँधा कि **सुलैमान** की मौत के बा'द वह इस्राईल के मुल्क को दो हिस्सों में बाँट देंगा।

## शब्दकोश:

- Strong's: H8010, G4672

# सुक़्क़ात

## ता'अर्रुफ़:

सुक़्क़ात पुराने 'अहद नामे में दो शहरों का नाम था। सुक़्क़ात लफ़्ज़ का मतलब है “पनाह गाह ”

- पहला सुक़्क़ात शहर यरदन नदी के पूरब में था।
- या'क़ूब अपने ख़ानदान और जानवरों के साथ सुक़्क़ात में रूका जहाँ उसने अपने लिए झोपड़ियाँ बनाई थीं ।
- सैंकड़ों साल बा'द गिदोन और उसके जवान मर्द मिद्यानियों का पीछा करते हुए थककर सुक़्क़ात में रूके थे लेकिन वहाँ के रहनेवालों ने उन्हें खाना देने से इन्कार कर दिया था।
- दूसरा सुक़्क़ात मिस्र की उत्तरी सरहद पर था जहाँ इस्राईली लाल समन्दर पार करने के बा'द रुके थे, जब वह मिस्र से जा रहे थे।

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 07:46-47
- ख़ुरूज 12:37-40
- यसू'अ 13:27-28
- क़ुज़ात 08:4-5

## शब्दकोश:

- Strong's: H5523, H5524

# सूर, सूर के लोग

## सच्चाई:

सूर शहर कना’न का एक पुराना शहर था समन्दर से दूर के किनारे पर जो आज लबानोन का एक हिस्सा है। इस शहर के लोगों को "सूर के लोग" कहा जाता था।

- इस शहर का एक हिस्सा टापू पर समन्दर में मौजूद था जो करीब एक किलोमीटर ज़मीन से दूर था
- उसकी जुगराफिय हालत और क़ीमती क़ुदरती सामानों की वजह जैसे की देवदार पेड़ , सोर का तिजारती काम तरक़्क़ी पर था और वह एक मालदार शहर था।
- सूर के बादशाह हीराम ने बादशाह दाऊद के लिए महल बनाने में देवदार के पेड़ों की लकड़ी और माहिर मज़दूरों को भेजा था।
- सालों बा’द, हीराम ने भी हैकल बनाने में मदद करने के लिए बादशाह सुलेमान को लकड़ी और माहिर मज़दूरों को भेजा। सुलैमान ने उन्हें बड़ी ता’दाद में गेहूं और जैतून का तेल दिया।
- सूर का नाम हमेशा ही नज़दीकी सैदा शहर के साथ आता है। यह कना’न के ‘इलाक़े के सबसे ख़ास शहर थे, जिन्हें फीनीके कहा जाता था।

(तर्जुमे की सलाह नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें :कना’न, देवदारू , इस्राईल, झील, फ़ीनीके, सैदा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल . 12:20-21
- मरकुस 03:7-8
- मत्ती 11:20-22
- मत्ती 15:21-23

## शब्दकोश:

- Strong's: H6865, H6876, G5183, G5184

# सैदा, सैदानियों

## सच्चाई:

सैदा कन'आन का पहलौठ बेटा था। सैदा नाम का कन'आन में एक शहर भी था, शायद कन'आन के बेटे के नाम पर।

- सैदा शहर इस्राईल के उत्तर-पश्चिम में दरमियानी समन्दर के किनारे पर बसा था जो आज के लबनान मुल्क का एक हिस्सा है।
- “सैदानियों” फ़िनीके की क़ौम के लोग थे जो पुराने सैदा और उसके आसपास के 'इलाक़ों में रहते थे।
- बाबुल में सैदा, सूर के क़रीबी रिश्ते को बताया गया है यह दोनों शहर अपने ग़ैर इख़लाक़ी सुलूक के लिए मशहूर थे।

(तर्जुमा की सलाह नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: कन'आन, नूह, फ़िनीके, समन्दर, सूर)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 12:20-21
- रसूलों के 'आमाल 27:3-6
- पैदाइश 10: 15-18
- पैदाइश 10: 19-20
- मरकुस 03:7-8
- मत्ती 11:20-22
- मत्ती 15:21-23

## शब्दकोश:

- Strong's: H6721, H6722, G4605, G4606

# सैला

## सच्चाई:

सैला शहरपनाह का एक कन'आनी शहर था जिसे इस्राईल ने यसू'अ की रहनुमाई में फ़तह कर लिया था।

सैला शहर यरदन नदी के पश्चिम में और बेतेल के उत्तर-पूरब में था। इस्राईल में यसू'अ की रहनुमाई के वक़्त सैला शहर इस्राईलियों के लिए मिलने की जगह थी। इस्राईल के 12 क़बीले सैला में मौजूद होकर यसू'अ का ऐलान सुनते थे कि कन'आन का कौन सा हिस्सा किस क़बीले को दिया गया है। यरूशलीम की हैकल ता'मीर होने से पहले इस्राईली सैला में ख़ुदा के लिए क़ुर्बानी पेश करने आते थे। जवान शमूएल को उसकी माँ ने सैला में रखा था कि काहिन 'एली से यहोवा की ख़िदमत करना सीखे।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: बेतेल, सुपुर्द करना, हन्ना, यरूशलीम, यरदन नदी, काहिन, क़ुर्बानी, शमूएल, हैकल )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 02:26-27
- 1 शमूएल 01:9-10
- यसू'अ 18:1-2
- क़ुज़ात 18:30-31

## शब्दकोश:

- Strong's: H7886, H7887

# स्तिफ़नुस

## सच्चाई:

स्तिफ़नुस पहला शहीद मसीही या'नी मसीह में ईमान की वजह से क़त्ल किया गया। उसकी ज़िन्दगी और मौत की सच्चाई रसूलों के 'आमाल की किताब में हैं।

- स्तिफ़नुस को शुरू'आती कलीसिया ने यरूशलीम में बेवाओं और कई ज़रूरतमन्द ईमानदारों के लिए खाना फ़राहम की ख़िदमत के लिए एक ख़ादिम चुना था।
- कुछ यहूदियों ने उस पर झूठा इल्ज़ाम लगाया था कि वह ख़ुदावन्द और मूसा की शरी'अत के ख़िलाफ़ बोलता है।
- स्तिफ़नुस ने मसीह 'ईसा के बारे में बेख़ौफ़ होकर सच्चाई का ज़िक्र किया और इस्राईल के साथ शुरू' से लेकर ख़ुदावन्द के किरदार का बयान किया था।
- उसकी बातें सुनकर यहूदी रहनुमा आग बबूला हो गए और उसे शहर के बाहर ले जाकर पथराव कर के मार डाला।
- उसकी मौत का गवाह तर्शिश का शाऊल भी था जो बा'द में रसूल पौलुस हुआ।
- स्तिफ़नुस ने मरने से पहले जो आख़िरी दु'आ की वह यादगार है, “ऐ ख़ुदा उनसे इस गुनाह का हिसाब मत लेना” इससे लोगों के लिए उसका प्यार ज़ाहिर होता है।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: मुक़र्रर, सदाक़त , यरूशलीम, पौलुस, पत्थर, सच्ची)

## किताब-ए-मुक़द्दस क्र बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 06:5-6
- रसूलों के 'आमाल 06:8-9
- रसूलों के 'आमाल 06:10-11
- रसूलों के 'आमाल 06:12-15
- रसूलों के 'आमाल 07:59-60
- रसूलों के 'आमाल 11:19-21
- रसूलों के 'आमाल 22:19-21

## शब्दकोश:

- Strong's: G4736

# सफ़नियाह

## सच्चाई:

सफ़नियाह नबी , खोरस का बेटा , यरूशलीम का रहने वाला था और यहूदा के मुल्क यूसियाह के बादशाहत के ज़माने में उसने नबुव्वत की थी। उसकी ख़िदमत का ज़माना यरमियाह के वक़्त का है।

- उसने लोगों को बुतों की ‘इबादत के लिए झिड़का था। उनकी नबुव्वतें पुराने ‘अहद नामे में सफ़नियाह की किताब में लिखी गई है।
- पुराने ‘अहद नामे में सफ़नियाह नाम के कई शख़्स भी हुए हैं जिनमें से ज्यादातर काहिन थे।।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा )

(यह भी देखें: यरमियाह , यूसियाह , काहिन)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 सलातीन 25:18-19
- यरमियाह 52:24-25
- ज़करियाह 06:9-11
- सफ़नियाह 01:1-3

## शब्दकोश:

- Strong's: H6846

# हज्जै

## सच्चाई:

यहूदियों ने बाबुल में गुलाम होने से घर लौटने के बा'द हज्जै यहूदाह के एक नबी थे।

- उस वक़्त के दौरान जब हज्जै नबूव्वत कर रहा था, तब बादशाह उज्जिया यहूदाह पर हुकूमत कर रहा था।
- इस वक़्त के दौरान नबी ज़करियाह भी नबूव्वत कर रहा था।
- हज्जै और ज़करियाह ने यहूदियों को हैकल को फिर से ता'मीर करने के लिए हौसला दिया, जिसे बाबुलियों ने बादशाह नबूकदनजर के ताबे' बर्बाद कर दिया था।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा

(यह भी देखें: बाबुल, यहूदाह, नबूकदनजर, उज्जियाह, [ज़करियाह )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 'अज़्रा 05:1-2
- 'अज़्रा 06:13-15

## शब्दकोश:

- Strong's: H2292

# हननियाह

## सच्चाई:

पुराने ‘अहदनामे में बहुत से नेक आदमियों के नाम हननियाह थे।

- एक हननियाह बाबुल में एक इस्राईली बंधुआ था। जिसका नाम बादशाह ने शद्रक रखा था।
- उसके बहुत अच्छे किरदार और काबिलियत की वजह से उसे बादशाही ख़ादिम का ‘उहदा दिया गया था।
- एक बार हननियाह (शद्रक) और दो और इस्राईली आदमियों को आग की भट्ठी में डाल दिया गया था क्योंकि उन्होंने बाबुल के बादशाह की ‘इबादत नहीं की थी। ख़ुदा ने उन्हें नुक़सान से बचाकर अपनी क़ुव्वत ज़ाहिर की थी|
- एक और हननियाह का नाम बादशाह सुलेमान के नसबनामे में है।
- एक और हननियाह यरमियाह के वक़्त झूठा नबी था।
- हननियाह नाम का एक काहिन भी था जिसने नहमियाह के वक़्त ख़ुशी मनाने में रहनुमाई की थी।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा)

(यह भी देखें: अज़रियाह, बाबुल, दानिएल, झूठा नबी, यरमियाह, मीशाईल)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- दानिएल 01:6-7
- दानिएल 02:17-18
- यरमियाह 28:1-2
- यरमियाह 28:5-7
- यरमियाह 28:15-17

## शब्दकोश:

- Strong's: H2608

# हनूक

## सच्चाई:

हनूक नाम के दो आदमी पुराने 'अहद नामें में हुए हैं।

- हनूक नाम का एक शख़्स शेत से था। वह नूह का परदादा था।
- यह हनूक ख़ुदावन्द के साथ क़रीबी ता'ल्लुक़ात रखता था, 365 साल की 'उम्र में वह ख़ुदा के ज़रिए आसामन में उठा लिया गया था।
- दूसरा हनूक कैन का बेटा था।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: कैन, शेत)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 01:1-4
- पैदाईश 05:18-20
- पैदाईश 05:21-24
- यहूदाह 01:14-16
- लूक़ा 03:36-38

## शब्दकोश:

- Strong's: H2585, G1802

# हन्ना

## सच्च्याई:

हन्ना नबी शमूएल की माँ थी। वह एल्क़ाना की दो बीवियों में से एक थी।

- हन्ना बाँझ थी यह उसके लिए दु:ख की बात थी।
- हैकल में हन्ना ने दिल से दु'आ की कि उसे बेटा मिले जिसे वह ख़ुदा को ही नज़्र कर देगी।
- ख़ुदा ने उसे बेटा दिया और जब वह लड़का बड़ा हो गया तब हन्ना ने उसे हैकल में ख़िदमत के लिए दे दिया।
- ख़ुदा ने हन्ना को इसके बा'द और भी औलाद दी।

(तर्जुमे की सलाह के सुझाव: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: हामिला होना, शमूएल)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 शमूएल 01:1-2
- 1 शमूएल 02:1

## शब्दकोश:

- Strong's: H2584

# हब्रून

## सच्चाई:

हब्रून यरूशलीम के दख्खिन में तक़रीबन 20 मील दूर ऊंचे चट्टानी पहाड़ों में बसा था।

- यह शहर इब्राहीम के ज़माने में ‘ईसा से 2000 साल पहले बना था। पुराने ‘अहदनामे के तवारीख़ी बयान में इस शहर का नाम कई बार आता है।
- हब्रून ने बादशाह दाऊद की ज़िन्दगी में ख़ास किरदार निभाया था। उसके कई बेटे, अबीशलोम की भी पैदाइश वहाँ हुई थी।
- तक़रीबन सन् 70 में रोमी फ़ौज ने इस शहर को तबाह कर दिया था।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: अबीसलोम)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 शमूएल 02:10-11
- पैदाइश 13:16-18
- पैदाइश 23:1-2
- पैदाइश 35:26-27
- पैदाइश 37:12-14
- कुजात 01:8-10
- गिनती 13:21-22

## शब्दकोश:

- Strong's: H2275, H2276, H5683

# हबक़्क़ूक़

## सच्चाई:

हबक़्क़ूक़ पुराने 'अहद नामे के वक़्त में एक नबी था, जो यहूदाह के बादशाह यहुयाक़ीम के वक़्त के क़रीब रहता था। नबी यरमियाह भी इस वक़्त ज़िन्दा था।

- इस नबी ने हबक़्क़ूक़ नाम की किताब लिखी थी लगभग 600 साल 'ईसा से पहले जब बाबुल की फ़ौज ने यहूदाह की अवाम में से कई लोगों को क़ैदी बनाया और ले गया।
- यहोवा ने हबक़्क़ूक़ को नबुव्वत की थी कि कैसे कसदी (बाबुल) आकर यहूदाह को जीत लेंगे।
- हबक्कूक का एक सबसे ज़्यादा मशहूर बयानात में से एक है, "रास्तबाज़ शख़्स इसके ईमान के मुताबिक़ रहेंगे|

(तर्जुमे की सलाह : नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: बाबुल, यहुयाक़ीम, यरमियाह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- हबक़्क़ूक़ 01:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: H2265

# हमोर #

## सच्चाई:

हमोर एक कना'नी शख़्स था जो सिक्म में रहता था, जब या'क़ूब और उसका ख़ानदान सुक़्क़ात के क़रीब रहते थे| वह एक हिव्वी था|

- या'क़ूब ने हमोर के बेटों में से एक ख़ानदानी क़ब्रिस्तान ख़रीदा था|
- जब वे वहाँ हमोर के बेटे सिक्म ने या'क़ूब की बेटी दीना से ज़िना किया था|
- दीना के भाइयों ने हमोर के ख़ानदान से बदला लिया और सिक्म शहर के सभी लोगों को मार डाला|
- (तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

( यह भी देखें: कना'न, हिव्वी, या'क़ूब, सिक्म, सुक्कात)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 07:14-16
- पैदाइश 34:1-3
- पैदाइश 34:20-21
- यशू'अ 24:32-33
- क़ुज़ात 09:28-29

## शब्दकोश:

- Strong's: H2544

# हर्मोन पहाड़

## सच्चाई:

हर्मोन पहाड़ इस्राईल के सबसे ऊंचे पहाड़ का नाम है जो लबनान की पहाड़ क़िस्सा के दक्खिनी किनारे पर है।

यह पहाड़ गलील समन्दर के उत्तर में, इस्राईल और सीरिया के दरमियान उत्तरी सरहद पर है। ग़ैर क़ौमों के ज़रिए' हेर्मोन पहाड़ को " पहाड़ सिर्योन" और " पहाड़ सनीर" भी कहा गया है।

- हेर्मोन पहाड़ की तीन ख़ास चोटियाँ हैं। सबसे ऊंची चोटी 2,800 मीटर ऊँची है।

(तर्जुमा की सलाह नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: इस्राईल, गलील समन्दर, सीरिया)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 05:23-24
- हिज़्क़ीएल 27:4-5
- यशू'अ 11:16-17
- ज़बूर 042:5-6
- ग़ज़.व.ग़ज़ालात 04:8

## शब्दकोश:

- Strong's: H2022, H2768, H2769, H8149

# हव्वा

## सच्चाई:

यह नाम सबसे पहली 'औरत का था। उसके नाम का मतलब है, “ज़िन्दगी” या “जी रहा” है।

- ख़ुदा ने आदम के जिस्म से एक पसली निकाल कर हव्वा को बनाया था।
- हव्वा को आदम की “मददगार” होने के लिए बनाया गया था। वह ख़ुदा के फ़राहम कामों में आदम के साथ काम करती थी।
- इब्लीस ने शांप की शक्ल बना करके हव्वा को ललचाया था और ख़ुदावन्द के मना’ फल को खा के गुनाह करनेवाली इन्सानों में पहली थी।

(तर्जुमा की सलाह : नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: आदम, ज़िन्दगी, इब्लीस)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तीमुथियुस 02:13-15
- 2 कुरिन्थियों 11:3-4
- पैदाईश 03:20-21
- पैदाईश 04:1-2

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- **01:13** तब ख़ुदावन्द ने आदम की पसलियों में से एक से 'औरत को बनाया और उसे आदम के पास लाए।
- **02:02**लेकिन बाग़ में एक चालाक साँप था। उसने 'औरत से पूछा, “क्या ख़ुदा ने हक़ीक़त में यह कहा है कि बाग़ के किसी भी पेड़ से फल न खाना?”
- **02:11** इन्सान ने अपनी बीवी का नाम हव्वा रखा, जिसका मतलब होता है दुनिया पैदा करने वाली क्योंकि वह हर इन्सान के क़ौम की माँ कहलाएगी।
- **21:01** ख़ुदावन्द ने यह वा'दा किया कि **हव्वा** कि नस्ल में एक शख्स पैदा होगा जो साँप के सिर को कुचल डालेगा।
- **48:02**इब्लीश ने **हव्वा** को धोखा देने के लिए बाग़ में साँप के ज़रिए से बात की।
- **49:08** जब आदम और **हव्वा** ने गुमाह किया तो इसने उनकी सारी औलादों को मुता'स्सिर किया।
- **50:16** क्यूँकि आदम और **हव्वा** ने ख़ुदावन्द के हुक्म का ना फ़रमानी की और इस दुनिया में गुनाह को लाए, इसलिये ख़ुदा ने इस पर ला'न्त की और इसे बर्बाद करने का फ़ैसला किया।

## शब्दकोश:

- Strong's: H2332, G2096

# हाजिरा

## सच्चाई:

हाजिरा एक मिस्री 'औरत थी जो सारय की अपनी लौंडी थी।

- जब सारय बच्चे पैदा करने के लायक़ न थी, तब उसने हाजिरा इब्राहीम को दी कि उससे औलाद पैदा कर।
- हाजिरा हामिला हुई उससे इब्राहीम का बेटा इश्माईल को पैदा हुआ|
- जब वह रेगिस्तान में दुखी थी तब ख़ुदा ने उसकी ख़बर ली और उसकी नसल को बरकत देने का वा'दा किया।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: इब्राहीम, नसल, इस्माईल, सारय, ग़ुलाम)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- गलातियों 04:24-25
- पैदाइश 16:1-4
- पैदाइश 21:8-9
- पैदाइश 25:12

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **05:01** तब अब्राम की बीवी सारय ने उससे कहा, "देख ख़ुदा ने मेरी सुनी मुझे बच्चे की इजाज़त नहीं दी है, और मैं बहुत बूढ़ी हूँ, यहाँ मेरी लौंडी **हाजिरा** है। तू उससे शादी भी करना ताकि उसके ज़रिए' मेरे लिए औलाद पैदा कर सके।
- **05:02 हाजिरा** को एक बेटा हुआ, अब्राम ने उसका नाम इश्माएल रखा।

## शब्दकोश:

- Strong's: H1904

# हाबिल

## सच्चाई:

हाबिल आदम और हव्वा का दूसरा बेटा था | काइन का छोटा भाई था |

- हाबिल एक चरवाहा था |
- हाबिल ने अपने जानवरों में से एक की क़ुर्बानी ख़ुदावन्द को पेश की थी |
- ख़ुदावन्द हाबिल और उसकी क़ुर्बानी से ख़ुश हुआ था |
- आदम और हव्वा के पहलौठे काइन ने हाबिल को क़त्ल कर दिया था |

(तर्जुमा का तरीक़ा --नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: काइन क़ुर्बानी चरवाहा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में

- पैदाइश 04:1-2
- पैदाइश 04:8-9
- इब्रानियों 12:22-24
- लूक़ा 11:49-51
- मत्ती 23:34-36

## शब्दकोश:

- Strong's: H01893, G6

# हाम

## सच्चाई:

हाम नूह के तीन बेटों में से दूसरा था।

- पूरी दुनिया को ढंकने वाली दुनिया भर में बाढ़ के दौरान, हाम और उसके भाई नूह के साथ किश्ती में अपनी बीवियों के साथ थे।
- बाढ़ के बा'द, एक मौक़ा था जहां हाम अपने बाप, नूह के लिए बहुत शर्मनाक था। नतीजन, नूह ने हाम के बेटे कना'न और उसकी सभी नसलों को बद्दु'आ दी, जो आख़िरकार कना'नियों के नाम से जाने जाते थे।

(तर्जुमे की सलाह: \ नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: किश्ती, कना'न, शर्मनाक, नूह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 05:32
- पैदाइश 06:9-10
- पैदाइश 07:13-14
- पैदाइश 10:1
- पैदाइश 10:19-20

## शब्दकोश:

- Strong's: H2526

# हामात, हमाती, लीबो हामात

## सच्चाई:

हामात उत्तरी सीरिया में कना'न के उत्तर में एक ख़ास शहर था। हमाती नहू के बेटे, कना'न की नसल सेथे।

- "लीबो हमात" मुमकिन है हमात शहर के क़रीब एक पहाड़ी दर्रे का नाम था।
- कुछ मुख़्तलिफ़ मज़मूनों में लीबो हमात का तर्जुमा "हामात का दाख़िला" किया गया है।
- बादशाह दाऊद ने हमात के बादशाह तू के बैरियों को हराया था जिसके नतीज़े में वे अच्छे दोस्त बन गए थे।
- हामात सुलैमान के ज़खीरे के शहरों में से एक था जहां उसने सामान रखा था।
- हामात शहर वह मक़ाम था जहां नबूकदनज़र ने बादशाह सिदक़ियाह को क़त्ल किया था और वहीं यहूआहाज मिस्र के फ़िर'औन के ज़रिए' क़ैदी बनाया गया था।
- "हामात" का तर्जुमा "हामात के बाशिन्दे" भी किया जा सकता है।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा)

(यह भी देखें: बाबुल, कना'न, नबूकदनज़र, सीरिया, सिदक़ियाह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 18:3-4
- 2 शमूएल 08:9-10
- आमोस 06:1-2
- हिज़क़ीएल 47:15-17

## शब्दकोश:

- Strong's: H2574, H2577

# हारान

## सच्चाई:

हारान इब्राहीम का छोटा भाई और लूत का बाप था।

- हारान एक शहर का भी नाम है जहाँ इब्राहीम 'ऊर से रवाना होने के बा'द कना'न जाते वक़्त ठहरा था।
- क़ालिब के बेटे का नाम भी हारान था।
- किताब-ए-मुक़द्दस में हारान नाम का तीसरा आदमी लावी की नसल से था।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: इब्राहीम , क़ालिब, कना'न, लावी, लूत, तोरह, 'ऊर)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 सलातीन 19:12-13
- रसूलों के 'आमाल 07:1-3
- पैदाइश 11:31-32
- पैदाइश 27:43-45
- पैदाइश 28:10-11
- पैदाइश 29:4-6

## शब्दकोश:

- Strong's: H2039

# हारून

## सच्चाई:

हारुन मूसा का बड़ा भाई था ख़ुदावन्द ने हारून को इस्राईल का पहला सरदार काहिन होने के लिए चुना था|

- हारून ने मूसा की मदद की थी जब वह फ़िर'औन से इस्राईलियों के वहाँ से जाने की इजाज़त माँग रहा था|
- जंगल में सफ़र करते वक़्त हारून से गुनाह हो गया था और उसने इस्राईलियों की 'इबादत के लिए एक मूर्ति बनाई थी
- ख़ुदावन्द ने हारून और उसकी औलादों को काहिन इस्राईल के काहिन के लिए मुक़र्रर कर दिया था

(तर्जुमा की सलाह - नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: काहिन, मूसा, इस्राईल)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1तवारीख़, 23;12-14
- रसूलों के आमाल 7;38-40
- ख़ुरूज 28;1-3
- लूक़ा 1;5-7
- गिनती 16;44-46

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसाल:

- **_9;15**ख़ुदावन्द ने मूसा और हारून को ख़बरदार किया था कि फ़िर'औन सख्त आदमी है
- **10:05**फ़िर'औन ने मूसा और **हारून** को बुलवाकर कहा कि अगर वह इस क़त्ल-ओ-ग़ारत को ख़त्म कर दे, तो फ़िर'औन मिस्र से इस्राएलियों को आज़ाद कर दें
- **13:09**ख़ुदावन्द ने मूसा के भाई हारून और हारून की नसल को काहिन 'उहदे के लिए चुना
- **13:11**लोग हारून के पास सोना ले आए और बोले कि हमारे लिए मा'बूद बना
- **14:07** ह लोग मूसा और हारून से ग़ुस्सा होकर कहने लगे , कि तुम हमें इतनी खौफ़नाक जगह क्यों लेकर आए ?

## शब्दकोश:

- Strong's: H175, G2

# हित्ती, हित्तियों

## ता’अर्रुफ़:

हित्ती कना’न के बेटे हाम की से नसल थे। वे एक बड़ी हुकूमत बने जो आज के तुर्किस्तान और उत्तरी फ़िलिस्तीन ‘इलाक़ों में थे

- इब्राहीम ने हित्ती एफ्रोन से ज़मीन ख़रीदी थी कि अपनी बीवी सारा को वहां दफन करे। इब्राहीम और उसकी कई नसलें भी उस कब्र में दफ़न किए गए थे।
- ‘ऐसौ ने दो हित्ती ‘औरतों से शादी की थी जिसकी वजह से उसके वालिदैन दु:खी थे।
- दाऊद का भी एक फ़ौजी हित्ती था जिसका नाम ‘ऊरिय्याह था।
- सुलैमान की ग़ैरमुल्की रानियों में भी हित्ती ‘औरतें थीं| इन ‘औरतों बेदीन औरतों ने सुलैमान का दिल ख़ुदा से मोड़ दिया था जिसकी की वजह से ख़ुदा ने उन्हें दूर कर दिया|
- हित्ती ज़्यादातर इस्राईल के लिए जिस्मानी और रूहानी ख़तरे बने हुए थे।

(यह भी देखें: नसल, ‘ऐसौ, बेदीन, हाम, क़ादिर, सुलेमान, उरियाह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 09:20-21
- ख़ुरूज 03:7-8
- पैदाइश 23:10-11
- पैदाइश 25:9-11
- यशू’अ 01: 4-5
- नहमियाह 09:7-8
- गिनती 13:27-29

## शब्दकोश:

- Strong's: H2850

# हिलक़ियाह

## सच्चाई:

बादशाह यूशियाह की बादशाही के वक़्त में हिलक़ियाह सरदार काहिन था।

- जब हैकल को दुबारा ता’मीर किया जा रहा था, तब हिलक़ियाह सरदार काहिन ने कवानीन और हुक्मों की किताब पायी और उसे बादशाह यूशियाह के पास लाया|

लिहाज़ा उसने यहूदाह के बादशाह की क़ौम को यहोवा की ‘इबादत और उसकी शरी’अत के ‘अमल करने के लिए इसरार किया।

- हिलक़ियाह नाम का एक और आदमी था, वह इलयाक़ीम का बेटा था जो हिज़क़ियाह बादशाह के महल में ख़िदमत करता था।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: इलयाक़ीम, हिज़क़ियाह , सरदार काहिन, यूशियाह, यहूदाह, शरी’अत, ‘इबादत, यहोवा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 सलातीन 18:16-18

## शब्दकोश:

- Strong's: H2518

# हिव्वी, हिव्वियों

## सच्चाई:

हिव्वी कना’न में बसने वाली सात ख़ास क़ौमों में से एक थी।

- इन सब क़ौमों में हिव्वी भी कना’न की नसल से थे, जो नूह का पोता था।
- हिव्वी सिक्म ने या’क़ूब की बेटी दीना के साथ ज़िना किया था नतीज़न उसके भाइयों ने लगभग सब हिव्वियों को मार डाला था।
- जब कना’न के जीत पर यशू’अ इस्राईलियों की अगुआई कर रहा था, तब हिव्वियों ने उनको हराने के बजाय धोखे से इस्राईल के साथ ‘अहद बाँध लिया था|

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा)

(यह भी देखें: कना’न, हाम, नूह, शेकेम)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 तवारीख़ 08:7-8
- ख़ुरूज 03:7-8
- पैदाइश 34:1-3
- यशू’अ 09:1-2
- क़ुज़ात 03:1-3

## शब्दकोश:

- Strong's: H2340

# हिज़क़ियाह

## ता’अर्रुफ़:

हिज़क़ियाह यहूदाह सल्तनत का तेरहवां बादशाह था। वह ख़ुदा को माननेवाला और ख़ुदा का फ़रमाबरदार था।

- अपने बाप आहाज के बर’अक्स, हिज़क़ियाह नेक बादशाह था, उसने यहूदाह की बादशाही में से बुतपरस्ती की सारी जगहों को बर्बाद कर दिया था।
- हिज़क़ियाह बहुत बीमारी में मुब्तिला हो गया था और मरने पर था, उसने ख़ुदा से मिन्नत की कि उसे ज़िन्दगी बख़्स दे। ख़ुदा ने उसकी ज़िन्दगी बख़्स दी और उसकी ‘उम्र को पन्द्रह साल बढ़ा दिया।
- हिज़क़ियाह के लिए अपने ‘अहद को सच साबित करने के लिए ख़ुदा ने यह मो’जिज़ा किया और वक़्त को पीछे कर दिया।
- अपनी क़ौम को अश्शूरी बादशाह सन्हेरीब से बचाने के लिए हिज़क़ियाह ने ख़ुदा से दु’आ की थी और ख़ुदा ने उसकी दु’आ सुनी।

(यह भी देखें: आहाज, अश्शूरी, झूठे मा’बूद, यहूदाह, सेन्हेरिब)

## किताबए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 03:13-14
- 2 सलातीन 16:19-20
- होशे’अ 01:1-2
- मत्ती 01:9-11
- अम्साल 25:1-3

## शब्दकोश:

- Strong's: H2396, H3169, G1478

# हिज़क़ीएल

## सच्चाई:

हिज़क़ीएल ख़ुदा का नबी था जिसे क़ैदी बनाकर बाबुल ले जाया गया था।

- हिज़क़ीएल यहूदाह में एक काहिन था जिसे दूसरे यहूदियों के साथ बाबुल की फ़ौज ने क़ैदी बनाया था।
- 20 साल से ज़्यादा वह अपनी बीवी के साथ बाबुल में एक नदी के किनारे रहा, यहूदी उसके पास ख़ुदावन्द का पैग़ाम सुनने आते थे।
- दूसरी बातों के साथ हिज़क़ीएल ने यरूशलीम और हैकल की तबाही और दुबारह बनाने की नबुव्वत की थी।
- उसने मसीह के मुस्तक़बिल की बादशाही की भी नबूव्वत की थी।

(तर्जुमा की सलाह :नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें:बाबुल, मसीह, जलावतनी , नबी )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- हिज़क़ीएल 01:1-3
- हिज़क़ीएल 24:22-24

## शब्दकोश:

- Strong's: H3168

# हेरोदियास

## सच्चाई:

हेरोदियास यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले के वक़्त में यहूदिया के हेरोदेस अन्तिपास की बीवी थी।

- हेरोदियास हक़ीक़त में अन्तिपास के भाई फ़िलिप की बीवी थी लेकिन नाजायज़ शादी करके वह हेरोदेस अन्तिपास के साथ आ गई थी।
- यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला हेरोदेस और हेरोदियास को उनके नाजायज़ शादी के लिए झिड़कता था। इस वजह हेरोदेस ने यूहन्ना को क़ैदी बना लिया था और बा'द में उसका सिर कटवा दिया।

## तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: हेरोदेस अन्तिपास, यूहन्ना (बपतिस्मा देनेवाला))

## किताब-इ-मुक़द्दस के बारे में:

- लूक़ा 03:18-20
- मरकुस 06:16-17
- मरकुस 06:21-22
- मत्ती 14:3-5

## शब्दकोश:

- Strong's: G2266

# हेरोदेस अन्तिपास

## सच्चाई:

‘ईसा की ज़िन्दगी के दौरान, हेरोदेस अन्तिपास जो रोमी हाकिम के कुछ हिस्सों पर जिसमें गलील सूबा शामिल था हुकूमत की

उसके बाप की तरह उसे भी “हेरोदेस का बादशाह” कहा गया है जबकि वह बादशाह नहीं था।

- हेरोदेस अन्तिपास रोमी हुकूमत के एक चौथाई हिस्सों में हुकूमत की और “चौथाई मुल्क का बादशाह” भी कहा गया है।
- अन्तिपास वह “हेरोदेस” था जिसने यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले का सिर काटने का हुक्म दिया था।
- यही हेरोदेस ने मस्लूब करने से पहले ‘ईसा से सवाल किए थे।
- और हेरोदेस नए ‘अहदनामे में अन्तिपास के बेटे (अग्रिप्पा) और पोते(अग्रिप्पा 2) थे जिन्होंने रसूलों के वक़्त में हुकूमत की थी।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: सलीब पर चढ़ाना, हेरोदेस बड़ा, यूहन्ना (बपतिस्मा देनेवाला), बादशाह, रोम)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- लूक़ा 03:1-2
- लूक़ा 03:18-20
- लूक़ा 09:7-9
- लूक़ा 13:31-33
- लूक़ा 23:8-10
- मरकुस 06:18-20
- मत्ती 14:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: G2264, G2265, G2267

# हेरोदेस बड़ा

## सच्चाई:

हेरोदेस बड़ा यहूदिया का हाकिम था जब 'ईसा की पैदाइश हुई। वह कई ईदोमी हाकिमों में पहला हेरोदेस था, जो रोमी हुकूमत के कुछ हिस्सों पर हुकूमत किया था।

- उसके बुज़ुर्ग यहूदी में बदले थे और वह एक यहूदी की शक्ल में पले बड़े थे।
- औगुस्तुस क़ैसर ने उसे बादशाह हेरोदेस नाम दिया था जबकि वह बादशाह नहीं था। * उसने यहूदिया में यहूदियों पर 33 साल तक हुकूमत की।
- हेरोदेस बड़ा शानदार 'इमारतों की ता'मीर के लिए जाना जाता था जिसमें यरूशलीम के यहूदियों के हैकल को दुबारा ता'मीर करना भी था।
- यह हेरोदेस एक बेरहम इन्सान था और उसने बहुज्त से क़त्ल किए थे। जब उसने सुना कि यहूदियों के बादशाह की पैदाइश हुई है तब उसके बैतलहम के सब बच्चों को मरवा दिया था।
- उसके बेटे हेरोदेस अन्तिपास और हेरोदेस फिलिप और उसका पोता हेरोदेश अग्रिप्पा आगे चलकर यहूदिया के हाकिम बने। उसका परपोता हेरोदेश अग्रिप्पा दूसरा ("बादशाह अग्रिप्पा" कहलाया) ने भी पूरे यहूदिया पर हुकूमत की

(देखें: नाम का कैसे तर्जुमा करें)

(यह भी देखें: हेरोदेस अन्तिपास, यहूदिया, बादशाह, हैकल

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- मत्ती 02:1-3
- मत्ती 02:11-12
- मत्ती 02:16
- मत्ती 02:19-21
- मत्ती 02:22-23

## शब्दकोश:

- Strong's: G2264

# होरिब

## ता’अर्रुफ़:

होरिब की पहाड़ी सिनाई की पहाड़ी के लिए दूसरा नाम है, जहाँ ख़ुदा ने दस हुक्मों के साथ मूसा को पत्थर की तख़्ती दी थीं|

- होरिब की पहाड़ी को “ख़ुदा की पहाड़” कहा जाता है
- होरिब वह मक़ाम है जहाँ मूसा ने जलती हुई झाड़ी को देखा जब वह भेड़ का पीछा कर रहा था|
- होरिब की पहाड़ी वह मक़ाम है जहाँ ख़ुदा ने उनपर लिखे गए उसके हुक्मों के साथ पत्थर की तख़्तियाँ देकर इस्राईलियों पर अपना ‘अहद बाँधा था|
- यह वह जगह भी थी जहाँ ख़ुदा ने बा’द में मूसा को इस्राईलियों के लिए पानी मुहैया करने के लिए चट्टान पर मारने के लिए कहा क्यूँकि वह रेगिस्तान में घूम रहे थे|
- इस पहाड़ का सही मक़ाम का पता नहीं है, लेकिन शायद यह “सिनाई पहाड़ी” के दख्खिनी हिस्से में हो सकता है|
- यह मुम्किन है की “होरिब” पहाड़ का हक़ीक़ी नाम था और “सिनाई की पहाड़ी” का मतलब सिर्फ़ “सिनाई का पहाड़” है, इस हक़ीक़त का ज़िक्र करते हुए कि होरिब की पहाड़ी सिनाई के रेगिस्तान में क़ायम थी|

(यह भी देखें: ‘अहद, इस्राईल, मूसा, सिनाई, दस हुक्म)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 08:9-11
- 2 तवारीख़ 05:9-10
- इस्तिस्ना 01:1-2
- ख़ुरूज 03:1-3
- ज़ुबूर 106:19-21

## शब्दकोश:

- Strong's: H2722

# होशे’अ

## सच्चाई:

होशे’अ इस्राईल के एक बादशाह का नाम था, बल्कि पुराने ‘अहदनामे में बहुत से आदमियों इस नाम के हुए हैं।

- एला का बेटा होशे’अ ने इस्राईल पर नौ साल बादशाही की थी, उस वक़्त यहूदाह में आहाज के बा’द हिज़क़ियाह का बादशाह था।
- नून के बेटे यशू’अ का पुराना नाम होशे’अ था। मूसा ने उसका नाम बदलकर यशू’अ रखा था जब वह उसे और उसके साथ ग्यारह लोगों को कना’न का राज़ लेने भेज रहा था।
- मूसा के मरने के बा’द यशू’अ इस्राईलियों को लेकर कना’न पर इख़्तियार करने आया था।
- एक और आदमी का नाम होशे’अ जो अज्जियाह का बेटा था, वह एप्रैमियों का रहनुमा था।

## तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा)

(यह भी देखें: अहाज, कना’न, एप्रैम, हिज़क़ियाह, यशू’अ, मूसा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 27:19-22
- 2 सलातीन 15:29-31
- 2 सलातीन 17:1-3
- 2 सलातीन 18:1-3
- 2 सलातीन 18:9-10

## शब्दकोश:

- Strong's: H1954

# क़ाइन

## सच्चाई:

क़ाइन और उसका छोटा भाई हाबिल आदम और हव्वा के पहले बेटे थे जिनका बयान किताब-ए-मुक़द्दस में किया गया है |

- क़ाइन एक किसान था और हाबिल एक चरवाहा था |
- क़ाइन ने ग़ुस्से में आकर अपने भाई का क़त्ल कर दिया था उसके ग़ुस्सा होने की वजह थी कि ख़ुदा ने हाबिल का हदिया क़ुबूल किया और क़ाइन का हदिया क़ुबूल नहीं किया था |
- सज़ा के तौर पर ख़ुदा ने उसे अदन से बाहर निकाल दिया और उसे बद्दुआ दिया कि ज़मीन उसके लिए फ़सल पैदा नहीं करेगी |
- ख़ुदा ने क़ाइन के माथे पर एक निशान ठहरा दिया था कि उसकी मदद करेगा अगर किसी ने उसकी जान लेने की कोशिश की |

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: आदम, क़ुर्बानी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1यूहन्ना 03:11-12
- पैदाइश 4:1-2
- पैदाइश 4:8-9
- पैदाइश 4:13-15
- इब्रानियों 11:4
- याक़ूब 1:9-11

## शब्दकोश:

- Strong's: H7014, G2535

# क़ादिस

## सच्चाई:

क़ादिस एक कना'नी शहर था, जिसे कना'न के मुल्क में दाख़िल होने पर इस्राईलियों ने ले लिया था|

- यह शहर इस्राईल के उत्तरी हिस्से में, नफ़ताली के क़बीले को दी गई ज़मीन के हिस्से में क़ायम था|
- क़ादिस उन शहरों में से एक था जहाँ लावी काहिन रह सकते थे, क्यूँकि उनके पास अपनी कोई ज़मीन नहीं थी|
- इसे शहर-ए-पनाह के तौर भी अलग किया जा सकता है|

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा

(यह भी देखें: कना'न, हब्रून, लावी, नफ़ताली, काहिन, पनाह, सिक्म, इस्राईल के बारह क़बीले)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 06:71-73
- यशू'अ 19:35-37
- क़ुज़ात 04:10

## शब्दकोश:

# क़ादिस, क़ादिस-बरनी, मरीबूत क़ादिस

## सच्चाई:

नाम क़ादिस, क़ादिस-बरनी और मरीबूत क़ादिस नाम इस्राईल की तारीख़ में एक ख़ास शहर का ज़िक्र करते हैं जो अदोम के इलाक़े में इस्राईल के दख्खिनी हिस्से में क़ायम था।

- क़ादिस शहर एक ओएसिस था, एक जगह जहां ज़िन नामक रेगिस्तान के बीच में पानी और ज़रख़ेज़ मिट्टी थी।
- मूसा ने क़ादिस बरनी से कना'न मुल्क में बारह जासूस भेजे।
- जंगल में भटकने के दौरान इस्राईल ने क़ादिस में भी डेरा डाला।
- क़ादिस बरनी जहां मरियम की मौत हो गई थी।
- यह मरीबूत क़ादिस में था जहां मूसा ने ख़ुदा की नाफ़रमानी की और इस्राईलियों के लिए पानी पाने के लिए एक चट्टान पर मारा, जैसा कि ख़ुदा ने उसे करने के लिए कहा था।
- नाम "क़ादिस" इब्रानी लफ़्ज़ "पाक" या "अलग हिस्सा" से आता है।

(तर्जुमा की सलाह: \ नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: \ रेगिस्तान, [आदम]अदोम, अदोमी , अदोमियों, 'इदूमिया, \ पाक)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- \ हिज़क़ीएल 48:27-29
- पैदाइश 14:7-9
- पैदाइश 16:13-14
- पैदाइश 20:1-3
- यशू'अ 10:40-41
- गिनती 20:1

## शब्दकोश:

- Strong's: H4809, H6946, H6947

# क़िद्रोन की वादी

## सच्चाई:

क़िद्रोन की वादी यरुशलीम के शहर के बाहर, उसकी पश्चिम दीवार और ज़ैतून के पहाड़ के दरमियान एक गहरी वादी है|

- वादी 1000 मीटर गहरी और ३२ किलो मीटर लम्बी है|

जब बादशाह दाऊद अपने बेटे अबीसलोम से भाग गया क़िद्रोन वादी के पास चला गया ताकि वह ज़ैतून पहाड़ पर चढ़ सके|

- यहूदाह के बादशाह यूशियाह और 'आसा ने हुक्म दिया कि झूठे मा'बूदों के 'आला मक़ामों और क़ुर्बानगाहों को तोड़ दें और जलाएं और राख को क़िद्रोन वादी में फेंक दिया जाए|

बादशाह हिज़क़ियाह की हुकूमत के दौरान, क़िद्रोन की वादी जहाँ फ़कीहों ने हर चीज़ फेंक दी थी कि उन्हें हैकल से हटा दिया गया था| इस वादी में अत्तलियाह बुरी मलिका को हलाक कर दिया गया था, क्यूँकि उसने जो बुरे काम किये थे उसकी वजह से|

( तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: अबीसलोम, 'आसा, अत्तलियाह, दाऊद, झूठे मा'बूद, हिज़क़ीएल, ऊँचे मक़ाम, यूशियाह, यहूदाह, ज़ैतून का पहाड़)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- युहन्ना 18:1-3

## शब्दकोश:

- Strong's: H5674, H6939, G2748, G5493

# क़ीदार

## सच्चाई:

क़ीदार इश्माईल का दूसरा बेटा था। यह भी एक ख़ास शहर था, जिसे शायद इसी शख़्स के नाम पर रखा गया था|

- क़ीदार शहर फ़िलिस्तीन की दख्खिनी सरहद के पास अरब के उत्तरी हिस्से में क़ायम था| किताब-ए-मुक़द्दस के ज़माने में, अपनी बड़ाई और शान के लिए जाना जाता था|
- क़ीदार की नसलों की एक बड़ी जमा'अत तैयार हुई जिसे "क़ीदार" कहा जाता है|
- जुमले "क़ीदार के अँधेरे तम्बू" का मतलब है काली बकरी के बाल के तम्बू जिसमे क़ीदार के लोग रहते हैं|
- इन लोगों ने भेड़ बकरियां पालते थे| वे ऊंट को भी सामान लाने ले जाने में इस्ते'माल करते थे।
- किताब-ए-मुक़द्दस में "क़ीदार की शान" उस शहर और वहां के लोगों के बड़प्पन के बारे में है।

(तर्जुमे की सलाहनामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: अरब, बकरी, इश्माईल, क़ुर्बानी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में

- ग़ज़ल-उल-ग़ज़लात 01:5-6

## शब्दकोश:

- Strong's: H6938

# क़ैसरिया,क़ैसरिया फ़िलिप्पी

## सच्चाई:

क़ैसरिया समन्दर के बीच के किनारे पर एक ख़ास शहर था कर्मेल पहाड़ से 39 किमी.दख्खिन की तरफ़ क़ैसरिया फ़िलिप्पी इस्राईल के उत्तर पूर्वी 'इलाक़े में हेर्मोन पहाड़ के नज़दीक एक शहर था |

- इन शहरों का नाम रोमी बादशाह क़ैसर के नाम पर पड़ा था |
- साहिली क़ैसरिया रोमी 'इलाक़ा यहूदिया की दारुल हुकूमत बन गया था यह 'ईसा की पैदाइश का वक़्त था |
- पौलुस रसूल ने ग़ैर क़ौमों में सब से पहले क़ैसरिया में ही 'ऐलान किया था |
- पौलुस तरसुस के लिए क़ैसरिया से ही रवाना हुआ था और अपने दो बशारती सफ़र में वह क़ैसरिया हो कर गया था |
- 'ईसा और उसके शागिर्दों ने क़ैसरिया फ़िलिप्पी के इलाक़ों में सीरिया का दौरा किया था | इन दोनों शहरों का नाम हेरोदेस फ़िलिप्प के नाम पर पड़ा था |

(तरजुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: क़ैसर , ग़ैर क़ौम , समन्दर, कर्मेल, पहाड़ हेर्मोन, रोम, तरसुस)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 09:28-30
- रसूलों के 'आमाल 10:1-2
- रसूलों के 'आमाल 25:1-3
- रसूलों के 'आमाल 25:13-16
- मरकुस 08:27-28
- मत्ती 16:13-16

## शब्दकोश:

- Strong's: G2542, G5376

# ख़ुदा के लोग

## सच्चाई:

“ख़ुदा के लोग” यहोवा के नबी के बारे में कहने का एक इज़हार का तरीक़ा है। यह जुमला यहोवा के फ़रिश्ते के बारे में भी बताता है।

- नबी के बारे में इसका तर्जुमा हो सकता है, “ख़ुदा के अपने लोग” या “ख़ुदा का चुना हुआ शख़्स” या “ख़ुदा के ख़ादिम लोग ”
- ख़ुदा के बारे में इसका तर्जुमा हो सकता है, “ख़ुदा का रसूल” या “तेरा फ़रिश्ता” या “ख़ुदा की तरफ़ से इन्सानी शक्ल में आसमानी आदमी”

(यह भी देखें:फ़रिश्ता, ‘इज़्ज़त, नबी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 23:12-14
- 1 सलातीन 12:22-24
- 1 शमूएल 09:9-11

## शब्दकोश:

- Strong's: H376, H430, G444, G2316

# ग़लील समन्दर, किन्नेरेत की समन्दर, गन्नेसरत की झील, तिबिरियुस की झील

## ता'अर्रुफ़:

"ग़लील समन्दर" पूरबी इस्राईल में एक झील का नाम है। पुराने 'अहद नामे में इस झील को “किन्नेरेत की झील” कहते थे

- इस झील के पानी का बहाव दक्खिन की ओर यरदन नदी में होकर मुर्दा समन्दर में जाता था।
- कफ़रनहूम, बेतसैदा, गन्नेसरत और तिबरियास कुछ शहर हैं जो नए 'अहद नामे के ज़माने में ग़लील समन्दर के आस पास में क़ायम थे।
- ‘ईसा की ज़िन्दगी के कई हादसे ग़लील समन्दर पर या उसके क़रीब हुए ।
- ग़लील समन्दर को "तिबरियास समन्दर और गन्नेसरत की झील भी कहते हैं।"
- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा इस तरह भी किया जा सकता है, "ग़लील 'इलाक़े की झील" या "ग़लील झील" या "तिबरियास (गन्नेसरत) के क़रीब झील"

(तर्जुमा की सलाह : नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: कफरनहूम, ग़लील, यरदन नदी, नमकीन तालाब )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- यूहन्ना 06:1-3
- लूक़ा 05:1-3
- मरकुस 01:16-18
- मत्ती 04:12-13
- मत्ती 04:18-20
- मत्ती 08:18-20
- मत्ती 13:1-2
- मत्ती 15:29-31

## शब्दकोश:

- Strong's: H3220, H3672, G1056, G1082, G2281, G3041, G5085

# ग़ाज़ा

## सच्चाई:

कलाम के वक़्त में ग़ाज़ा एक कामयाब पलिश्ती शहर था, भूमध्य-समन्दर के किनारे पर, अश्दूद से तक़रीबन 38 किलोमीटर दक्खिन में। यह शहर पलिश्तियों के पांच ख़ास शहरोंमें से एक था।

- उस मक़ाम की वजह से ग़ाज़ा एक ख़ास बन्दरगाह था, जहाँ कई क़ोमों और मुल्कों के दरमियान कारोबार किया जाता था।
- आज भी ग़ाज़ा शहर ग़ाज़ा पट्टी का एक बहुत ही ख़ास बन्दरगाह है वह भूमध्य समन्दर के किनारे पर और उत्तर और पूरब में इस्राईल की सरहद और दक्खिन में मिस्र से घिरा हुआ है।
- पलिश्ती शिमशोन को ग़ुलाम बनाने के बा'द ग़ाज़ा ले गए थे।
- ख़ुशख़बरी देने वाला फ़िलिप्पुस ग़ाज़ा जाने वाले रेगिस्तानी रास्ते पर चल रहा था जब उसकी मुलाक़ात कूश के खोजे से हुई थी।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: अश्दूद, फ़िलिप्पुस, पलिश्ती, कूश, गत)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 04:24-25
- रसूलों के 'आमाल 08:26-28
- पैदाइश 10:19-20
- यहोशू 10:40-41
- क़ुज़ात06:3-4

## शब्दकोश:

- Strong's: H5804, H5841, G1048

# ज़करियाह (नया’अहद नामा )

## सच्चाई:

ज़करियाह एक यहूदी काहिन था जो यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले का बाप हुआ।

- ज़करियाह ख़ुदा से मुहब्बत करता था और उसके हुक्म मानता था।
- ज़करियाह और उसकी बीवी इलीशिबा सालों ‘औलाद पाने की दुआ’ की थी लेकिन उन्हें बेटा नहीं हुआ । जब वे ‘बुज़ुर्ग हो गए तब ख़ुदा ने उनकी दुआ’ सुनकर उन्हें बेटा दिया।
- ज़करियाह ने नबूव्वत की थी कि उसका बेटा यूहन्ना एक नबी होगा जो मसीह के लिए रास्ता तैयार करेगा।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: मसीह, इलीशिबा, नबी )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- लूका 01:5-7
- लूका 01:21-23
- लूका 01:39-41
- लूका 03:1-2

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों सेमिसाल:

- **22:01** अचानक एक फ़रिश्ता _ ज़करियाह _ नामके बूढ़े काहिन के पास ख़ुदा का पैग़ाम लेकर आया। _ ज़करियाह _ और उसकी बीवी इलीशिबा वे दोनों ख़ुदा के सामने रास्तबाज़ थे, और ख़ुदा के सारे हुक्मों और शरी’अत पर बेऐब चलने वाले थे।
- **22:02** फ़रिश्ते ने ज़करियाह से कहा, “तेरी बीवी इलीशिबा तेरे लिए एक बेटा पैदा करेगी और तू उसका नाम यूहन्ना रखना।”
- **22:03** फ़ौरन ही, _ ज़करियाह _ गूंगा हो गया।
- **22:07** तब ख़ुदा ने _ ज़करियाह _ को इजाज़त दी और वह फिर से बोलने लगा।

## शब्दकोश:

- Strong's: G2197

# ज़करियाह(पुराना’अहद नामा )

## सच्चाई:

ज़करियाह फारसी दारा पहले सलातीन के ज़माने में नबूव्वत करने वाला नबी था। पुराने ‘अहद नामे में ज़करियाह नाम की किताब में उसकी नबुव्वतें हैं जिसने लौटने वाले ग़ुलामों को हैकल को फिर से ता’मीर के लिए गुज़ारिश किया।

उसके ख़िदमत का ज़माना एज्रा, नहमियाह , जरूब्बाबुल और नबी हज्जी के वक़्त का है। ‘ईसा के ज़रिए उसका बयान आख़री नबियों की शक्ल में हुआ था जिसका पुराने ‘अहद नामे के वक़्त के दौरान उस का क़त्ल हुआ था

- ज़करियाह नाम का एक और आदमी था जो बादशाह दाऊद के वक़्त हैकल का ख़ास निगहबान था।
- बादशाह यहोशापात के बेटों में से एक का नाम ज़करियाह था जिसका क़त्ल उसी के भाई यहोराम ने किया था
- ज़करियाह नाम का एक काहिन था जिसने लोगो को बुत की इबादत के लिए फटकारा था और लोगों ने उसे संगसार कर दिया था।
- राजा ज़करियाह यारोबाम का बेटा था और उसका क़त्ल किए जाने के पहले उसने इस्राईल पर केवल छः महीने ही हुकूमत किया।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा

(यह भी देखें: दारा, एज्रा, यहोशापात, यारोबाम, नहमियाह , जरूब्बाबुल)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- एज्रा 05:1-2
- मत्ती 23:34-36
- ज़करियाह 01:1-3

## शब्दकोश:

- Strong's: H2148

# ज़बदी

## सच्चाई:

ज़बदी ग़लील से एक मछुआरा था जो अपने बेटों, या’क़ूब और यूहन्ना, जो ‘ईसा के शागिर्द थे, की वजह से जाना जाता है। वे अक्सर नए ‘अहद नामे में "ज़बदी के बेटे " की शक्ल में पहचाने जाते हैं।

- ज़बदी के बेटे भी मछुआरे थे और उनके साथ मछली पकड़ने का काम किया करते थे।
- या’क़ूब और यूहन्ना ने अपने बाप ज़बदी के साथ मछली पकड़ने का काम छोड़ दिया और ‘ईसा के पीछे हो लिए।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यहभी देखें: शागिर्द , मछुवारे, या’क़ूब (ज़बदी काबेटा ), यूहन्ना (रसूल))

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- यूहन्ना 21:1-3
- लूका 05:8-11
- मरकुस 01:19-20
- मत्ती 04:21-22
- मत्ती 20:20-21
- मत्ती 26:36-38

## शब्दकोश:

- Strong's: G2199

# ज़बूलून

## सच्चाई:

ज़बूलून याक़ूब और लिआह का आख़री बेटा था और इस्राईल के बारह क़बीलों में से एक क़बीले का नाम था।

- ज़बूलून के क़बीले को नमक के समन्दर के पच्छिम में ज़मीन दी गई थी।
- कभी-कभी इस क़बीले के रहने वालों को भी "ज़बूलून" कह कर पुकारा जाता था।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें )

(यह भी देखें: या'क़ूब, लिआह, नमक का समन्दर , इस्राईल के बारह क़बीले )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे मे:

- ख़ुरूज 01:1-5
- पैदाइश 30:19-21
- यसायाह 09:1-2
- कुज़ात 04:10
- मत्ती 04:12-13
- मत्ती 04:14-16

## शब्दकोश:

- Strong's: H2074, H2075, G2194

# ज़ैतून के पहाड़

## ता’अर्रुफ़:

ज़ैतून के पहाड़ यरूशलीम के पूरब में एक पहाड़ या बड़ा पहाड़ है। उसकी ऊंचाई 787 मीटर है।

- पुराने 'अहद नामे में इस पहाड़ को कभी-कभी “यरूशलीम के पूरब का पहाड़” कहा गया है।
- नये 'अहद नामे में कई मोक़ो' पर बयान है जब 'ईसा अपने शागिर्दों के साथ ज़ैतून पहाड़ पर दु'आ करने और आराम करने गया था।
- ‘ईसा को गतसिमनी की बाग़ में क़ैदी बनाया गया था, यह भी ज़ैतून के पहाड़ पर है।
- इसका तर्जुमा “ज़ैतून के पहाड़” या “ज़ैतून के पेड़ का पहाड़” किया जा सकता है।

(यह भी देखें: नामों का तर्जुमा)

(यह भी देखें: गतसिमनी, ज़ैतून)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- लूक़ा 19:29-31
- लूक़ा 19:37-38
- मरकुस 13:3-4
- मत्ती 21:1-3
- मत्ती 24:3-5
- मत्ती 26:30-32

## शब्दकोश:

- Strong's: H2022, H2132, G3735, G1636

# फ़गूर, फ़गूरपहाड़ , बा’ल फ़गूर

## ता’अर्रुफ़:

" फ़गूर " और " फ़गूर पहाड़ " लफ़्ज़ का बयान मोआब ‘इलाक़े के नमक के समन्दर के उत्तरी-पूरब में मौजूद पहाड़ से है।

- नाम "बेत फ़गूर " एक शहर का नाम था, शायद उस पहाड़ पर या उसके नजदीक मौजूद था। यह वह जगह है जहां ख़ुदा ने मूसा को वा’दे का मुल्क दिखाया जिसके बा’द उसकी मौत हो गई।
- "बा’ल फ़गूर " मोआबियों का एक झूठा मा’बूद था जिसकी वे फ़गूर पहाड़ पर इबादत करते थे। इस्राइलियों ने भी इस बुत की इबादत करना शुरू’ कर दिया और ख़ुदा ने उन्हें इसके लिए सजा दी।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: बा’ल, झूठे मा’बूद, मोआब, नमक का समंदर , इबादत)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- गिनती 23:28-30
- गिनती 31:16-17
- ज़ुबूर 106:28-29

## शब्दकोश:

- Strong's: H1047, H1187, H6465

# फ़द्दानअराम

## सच्चाई:

फ़द्दानअराम वह ‘इलाक़ा था जहां इब्राहीम कना’न आने से पहले रहा करता था। इसका मतलब है, “अराम के मैदान।”

- जब इब्राहीम ने फ़द्दान अराम के हारान शहर से कना’न के लिए कूच किया था तब उसका ज़्यादा क़बीला हारान में ही रह गया था।
- सालों बाद इब्राहीम का ख़ादिम फ़द्दान अराम गया कि इसहाक़ के लिए बीवी ले आए और वहां इब्राहीम के क़बीलों में बतूएल की पोती रिबक़ा को चुना।
- इसहाक़ और रिबक़ा का बेटा याक़ूब भी फ़द्दान अराम गया था और वहां रिबक़ा के भाई लाबान के दोनों बेटियों से शादी किया।
- अराम फ़द्दान अराम और अराम नहरेम सब एक ही ‘इलाक़े के अलग अलग हिस्से थे जो आज के सीरिया में हैं।

(तर्जुमे की सलाह नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: इब्राहीम , अराम, बेतूएल, कना’न, हारान, याक़ूब, लाबान, रिबक़ा, सीरिया)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 28:1-2
- पैदाइश 35:9-10
- पैदाइश 46:12-15

## शब्दकोश:

- Strong's: H6307

# फ़ारान

## सच्चाई:

फ़ारान मिस्र के पूरब में और कना'न के दाख़िन में रेगिस्तानी या वीरान सूबा था। पहाड़ी फ़ारान का बयान भी किया गया है जो मुमकिन है सीनै पहाड़ था।

- बांदी हाजिरा और उसका बेटा इस्माईल , सारा और इब्राहीम के ज़रिए' निकाले जाने के बाद फ़ारान के वीरान जंगलों में रहे थे।
- मूसा इस्राईलियों को मिस्र से निकाल कर ला रहा था तब उन्होंने फ़ारान का जंगल पार किया था।
- फ़ारान के जंगल में का मुल्क बर्ने से मूसा ने 12 आदमियों को कना'न में भेजा था कि वहां का राज़ लेकर उसे बताएं।
- सीन का जंगल फ़ारान के उत्तर में था और सीन का जंगल फ़ारान के दाख़िन में था।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें )

(यह भी देखें : कना'न, वीरान, मिस्र, कामुल्क , सीने

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 11:18-19
- 1 समू'एल 25:1
- पैदाइश 21:19-21
- गिनती 10:11-13
- गिनती 13:3-4

## शब्दकोश:

- Strong's: H364, H6290

# फ़िरिज़्ज़ी

## सच्चाई:

फ़िरिज़्ज़ी कना’न की तमाम क़ौमों में से एक थी। इस कौम के बारे में ज़्यादा मा’लूमात नहीं है कि उनके बाप दादा कौन थे और वे कना’न के किस हिस्से में रहते थे।

- फ़िरिज़्ज़ी की चर्चा पुराने ‘अहद नामे की किताब यशु’अ में की गई है, वहां लिखा है कि फ़िरिज़्ज़ीयों ने इस्राईलियों से शादी किया और उन्हें बुत की इबादत के लिए मायल किया।
- ध्यान दें कि फ़रेज की नस्ल जिसे फ़िरिज़्ज़ी कहा गया है वह फ़िरिज़्ज़ी क़ौम से अलग है। यहां ज़रूरी है कि दोनों के जवाबो में फ़र्क रखें कि यह राज़ ज़ाहिर हो।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: कना’न , झूठे मा’बूद)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 09:20-21
- 2 तवारीख़ 08:7-8
- ख़ुरूज 03:16-18
- पैदाइश 13:5-7
- यशू’अ 03:9-11

## शब्दकोश:

- Strong's: H6522

# फ़िलिप्पुस ,रसूल

## सच्चाई:

फ़िलिप्पुस ‘ईसा के बारह शागिर्दों में से एक था। वह बेतसैदा शहर का था।

- फ़िलिप्पुस नतनएल को ‘ईसा के पास लाया था।
- ‘ईसा ने फ़िलिप्पुस से कहा था कि वह 5000 आदमियों के लोगों के लिए खाने का इन्तिज़ाम करे।
- आख़िरी फसह के खाने में ‘ईसा ने अपने शागिर्दों के साथ ख़ुदा बाप के बारे में गुफ्तुगू की थी। फ़िलिप्पुस ने ‘ईसा से मिन्नत की थी कि वह उन्हें ख़ुदा बाप का दीदार कराए।
- कुछ ज़बानों में इस फ़िलिप्पुस का नाम ‘ऐलान करने वाला फ़िलिप्पुस के नाम की हरफ़ों से अलग लिखना सही समझा गया है जिससे कि देनों नामों में उलझन पैदा न हो।

(तर्जुमे की सलाह नामों का तर्जुमा कैसे करें

यह भी देखें : फिलिप्पी

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के आमाल 01:12-14
- यूहन्ना 01:43-45
- यूहन्ना 06:4-6
- लूका 06:14-16
- मरकुस 03:17-19

## शब्दकोश:

- Strong's: G5376

# फ़िलिस्तियों

## सच्चाई:

फ़िलिस्ती एक क़ौम थी जो समन्दर से दूर के किनारे पर फ़िलिस्तीन मुल्क में रहा करती थी। इस नाम का मतलब है, “समन्द्री लोग”

- फ़िलिस्तियों के पांच ख़ास शहर थे: अश्दोद, अश्कलोन, एक्रोन, गत और गाज़ा।
- अश्दोद शहर फ़िलिस्तीन के उत्तर में था और गाज़ा शहर दाख्खिन में था।
- फ़िलिस्तियों को इस्राईल के साथ सालो जंग करने की वजह से अच्छा जाना गया था।
- शिमसोन, एक इन्साफ़ पसन्द फ़िलिस्तियों से जंग करने के लिए मशहूर था, वह ख़ुदा की क़ुदरती ताक़त का इस्तेमाल करता था।
- बादशाह दाऊद ने भी फ़िलिस्तियों के साथ कई जंग कीं थीं, उसने अपनी जवानी में फ़िलिस्तियों के दानव गोलियत को हराया था।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: अश्दोद, अश्कलोंन, एक्रोन, गत, गाज़ा, गोलियत नमक का समन्दर

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 18:9-11
- 1 समूएल 13:3-4
- 2 तवारीख़ 09:25-26
- पैदाइश 10:11-14
- ज़ुबूर 056:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: H6429, H6430

# फ़िलिस्तीन

## ता’अर्रुफ़:

फ़िलिस्तीन कना’न में एक बड़े ‘इलाक़े’ का नाम था और समन्दर से दूर के किनारे पर बसा हुआ था।

- यह एक उपजाऊ किनारे का मैदान था जो उत्तर में याफ़ा और दाख़िन में गाज़ा तक फैला हुआ था। यह 64 किमी. लम्बा और 16 किमी. चौड़ा सूबा था।
- फ़िलिस्तीन मुल्क फ़िलिस्तियों की रहने की जगह थी, यह एक ताक़तवर क़ौम थी जो हमेशा ही इस्राईल के दुश्मन रहे थे।

(यह भी देखें: फ़िलिस्तीन, गाज़ा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 10:9-10
- योएल 03:4-6
- ज़ुबूर 060:8-9

## शब्दकोश:

- Strong's: H776 H6429 H06430

# फ़ीनहास

## सच्चाई:

पुराने ‘अहद नामे में फ़ीनहास नाम के दो शख़्स हुए हैं।

- हारून के पोतों में से एक का नाम फ़ीनहास था, वह काहिन था जिसने इस्राईल में झूठे मा’बूदों की इबादत की बहुत ख़िलाफ़त किया था।
- इस्राईली आदमियों ने मिदयानी ‘औरतों से शादी करके उनके मा’बूदों की इबादत की तो ख़ुदा का कहर उन पर भड़का तब फ़ीनहास ही ने उन्हें बचाया था।
- बहुत से मौक़ों’ पर फ़ीनहास इस्राईलियों के साथ हमला वर मिदयानियों का ख़ात्मा करने गया था।
- पुराने ‘अहद नामे में फ़ीनहास नाम का दूसरा आदमी ‘एली का बुरा लड़का था, वह शमूएल के ज़माने में इस्राईल के लिए काहिन की ख़िदमत कर रहा था।
- फ़ीनहास और उसका भाई होफ़्नी दोनों फ़िलिस्तियों के साथ जंग में मारे गए थे और ‘अहद का सन्दूक़ फ़िलिस्ती चुरा कर ले गए थे।

(तर्जुमे की सलाह: [नामों का तर्जुमा )

(यह भी देखें: ‘अहद का सन्दूक, यरदन नदी, मिदयान; फ़िलिस्तियों, समू’एल

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 समूएल 04:3-4
- एज़्रा 08:1-3
- यशू’अ 22:13-14
- गिनती 25:6-7

## शब्दकोश:

- Strong's: H6372

# फ़ोतीफ़र

## सच्चाई

फ़ोतीफ़र मिस्र के फ़िर'औन का एक ख़ास हाकिम था, उस वक़्त यूसुफ़ कुछ इसमाईलियों को बेचा गया था।

- फ़ोतीफ़र ने यूसुफ़ को इसमाईल की नसल के तिजारती लोगों से ख़रीद कर अपने घर का निगहबान बनाया था।
- यूसुफ़ पर ग़लत काम का इल्ज़ाम लगाया गया तो उसने यूसुफ़ को क़ैदख़ाने में डलवा दिया।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: मिस्र, यूसुफ़(पुराने 'अहद नामे),फ़िर'औन)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 37:34-36
- पैदाइश 39:1-2
- पैदाइश 39:13-15

## शब्दकोश:

- Strong's: H6318

# ‘अबदियाह

## सच्चाई:

‘अबदियाह पुराने ‘अहदनामे का एक नबी था, जिसने अदोमियों (‘ऐसौ क़ौम) के ख़िलाफ़ नबूव्वत की थी। पुराने नियम में ‘अबदियाह नाम के कई और आदमी हुए हैं।

- ‘अबदियाह की किताब पुराने ‘अहदनामे की सबसे छोटी किताब है और उसमें उसे दिए गए ख़ुदा के मुकाशिफ़े की नबूव्वत बताई गई हैं।
- ‘अबदियाह के रहने और नबूव्वत की ख़िदमत का वक़्त पता नहीं है। हो सकता है कि वह वक़्त यहूदाह के बादशाहों यहूराम, अहजिय्याह, यूआश और अतलियाह की बादशाही के वक़्त का है। दानिएल, हिज़क़ीएल और यरमियाह भी इसी ज़माने में कभी नबूव्वत कर रहे होंगे।
- यह भी हो सकता है कि ‘अबदियाह उस वक़्त के बा’द के वक़्त का था, सिदक़ियाह की बादशाही या बाबुल की ग़ुलामी के वक़्त का।
- ‘अबदियाह नाम के और आदमी वह शाऊल की नसल को मिलकर, गादवासी जो दाऊद का ख़ादिम हो गया था, बादशाह आहाब के महल का कारिन्दा, बादशाह यहूसफ़त का एक मुलाज़िम, बादाशाह यूशीयाह के वक़्त हैकल की मरम्मत के काम में मददगार एक आदमी और नहमियाह के वक़्त में एक लावी आदमी जो दरबान था।
- यह हो सकता है कि ‘अबदियाह की किताब का मुसन्निफ़ इन आदमियों में से एक हो।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा)

( यह भी देखें: अहाब, बाबुल, दाऊद, अदोम, ‘ऐसौ, हिज़क़ीएल, दानिएल, गाद, यहूसफ़त, यूशियाह, लावी, शाऊल (पुराना ‘अहदनामा), सिदक़िय्याह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 03:19-21
- 1तवारीख़ 08: 38-40
- ‘अज़्रा 08:8-11
- ‘अबदियाह 01:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: H5662

# ‘अज़्रा

## सच्चाई:

एक यहूदी काहिन था और यहूदाह के क़ानून में माहिर था, उसने बाबुल से यरूशलीम लौटने वाले इस्राईलियों की ता'रीख़ लिखी थी । इस्राएल 70 साल बाबुल की जलावतन में था।

- ‘अज़्रा ने यह ता'रीख़ किताब-ए-मुक़द्दस के ‘अज़्रा नाम की किताब में लिखा है। नहमियाह नाम की किताब भी उसी ने लिखी होगी क्योंकि अस्ल में ये दोनों किताबें एक ही थी।
- यरूशलीम लौटकर उसने शरी’अत को दुबारह लागू किया था, क्योंकि उन्होंने सब्त के क़ावानीन पर 'अमल करना छोड़ दिया था और ग़ैर क़ौम 'औरतों से जो बुत परस्त थी, शादी कर लिया था।
- ‘अज़्रा ने हैकल को दुबारह बनाने में भी मदद की थी जिसे बाबुल की फ़ौज ने यरूशलीम पर क़ब्जा करते वक़्त तबाह कर दिया था।
- पुराने 'अहद नामें में ‘अज़्रा नाम के दो आदमी हुए हैं।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: बाबुल, जलावतनी, यरूशलीम, क़ानून, नहमियाह, हैकल )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- ‘अज़्रा 07:6-7
- नहमियाह 08:1-3
- नहमियाह 12:1-3

## शब्दकोश:

- Strong's: H250, H5830, H5831, H5834

# translationWords

## Other

# 'उक़ाब, 'उक़ाबों

## ता'अरुफ़:

'उक़ाब एक ताक़तवर परिन्दा होता है जो मछली, चूहा, साँप और मुर्गी के बच्चे खाता है।

- किताब-ए-मुक़द्दस में फ़ौज की रफ़्तार और ताक़त के मुक़ाबले 'उक़ाब के झपटने की फुर्ती से की गई है।
- यसायाह कहता है कि ख़ुदावन्द का डर माननेवाले 'उक़ाब के बराबर हवा से बातें करेंगे। यह एक ‘अलामती ज़बान है जिसका इस्ते’माल ज़ाहिर करने के लिए है ख़ुदा में यक़ीन करने और उसके हुक्मों को मानने से आज़ादी और ताक़त हासिल होती है।
- दानीएल की किताब में बादशाह नबूकदनज़्ज़र के बालों की लम्बाई की बराबरी 'उक़ाब के परों से की गई है, 'उक़ाब का पर 50 सेन्टी मीटर से भी लम्बा होता है।

(यह भी देखें: दानीएल, आज़ादी, नबूकदनज़्ज़र, ताक़त)

(यह भी देखें: \ ना मा'लूम लफ़्ज़ों का तर्जुमा कैसे करें)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 शमूएल 01:23-24
- दानीएल 07:4-5
- यरमियाह 04:13-15
- अह्बार 11:13-16
- रसूलों के 'आमल 04:7-8

## शब्दकोश:

- Strong's: H5403, H5404, H7360, G105

# 'ऐब, 'ऐबों, बे'ऐब

## सच्चाई:

“'ऐब” ये है जानवर या आदमी में जिस्मानी बुराई । इसका मतलब इंसानों में रूहानी कमज़ोरी और ग़लती से भी है।

- कुछ कुर्बानियाँ, ख़ुदा ने इस्राईलियों को बे'ऐब जिसमें कोई कमी न हो ऐसे जानवर की क़ुर्बानी पेश करने के लिए हुक्म दिया हैं|
- यह एक बात की तस्वीर है कि कैसे मसीह 'ईसा ख़ुद एक बेगुनाह कामिल क़ुर्बानी था |
- मसीह के ईमानदार 'ईसा के ख़ून के ज़रिए गुनाहों से पाक किए गए हैं, और बेगुनाह या बे'ऐब समझे गए हैं|
- इस लफ्ज़ के तर्जुमें के और भी तरीक़े हैं , “'ऐब” या “कमी” या “गुनाह ” मज़मून पर मुनहस्सिर।

(यह भी देखें: ईमानदार, पाक , क़ुर्बानी, गुनाह )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में :

- 1 पतरस 01:18-19
- 2 पतरस 02:12-14
- इस्तिस्ना 15:19-21
- गिनती 06:13-15
- गज़ल-उल-गज़लात 04:6-7

## शब्दकोश:

- Strong's: H3971, H8400, H8549, G3470

# , भेड़-बकरियाँ, झुण्ड, काफ़िला, झुण्ड, गाय-बैलों

## ता’अर्रुफ़:

किताब-ए-मुक़द्दस में “झुण्ड” लफ़्ज़ भेड़ या बकरियों के जमा’ के लिए काम में लिया गया है और कभी-कभी यह लफ़्ज़ मवेशियों, बैलों और सूअरों के लिये भी काम में लिया गया है।

- मुख़्तलिफ़ ज़बानों में जानवरों और परिंदों के नाम मुख़्तलिफ़ शक्लों में ज़ाहिर किये जाते है।
- मिसाल के तौर पर अंग्रेजी में “हर्ड” लफ़्ज़ भेड़ों और बकरियों के लिए भी काम में लिए जाते हैं। लेकिन किताब-ए-मुक़द्दस में नहीं।
- अंग्रेजी में “फ्लॉक” लफ़्ज़ी परिंदों के लिए भी काम में लिया जाता है लेकिन सूअरों, बैल और मवेशियों के लिए नहीं।
- अपनी ज़बान में मुख़्तलिफ़ जानवरों के झुण्ड के लिए काम में लिए गए अलफ़ाज़ का ख़ुलासा करें।
- जिन आयात में “झुण्ड और ग़ोल” का हवाला है वहाँ सही होगा कि उनके आगे “भेड़ों का” या “मवेशियों का”, मिसाल के तौर पर अगर उस ज़बान में जानवरों के झुण्ड के लिए अलग-अलग लफ़्ज़ न हों।

(यह भी देखें: बकरी, बैल, सुअर, भेड़,)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 10:28-29
- 2 तवारीख़ 17:10-11
- इस्तिस्ना 14:22-23
- लूक़ा 02:8-9
- मत्ती 08:30-32
- मत्ती 26:30-32

## शब्दकोश:

- Strong's: H951, H1241, H2835, H4029, H4735, H4830, H5349, H5739, H6251, H6629, H7399, H7462, G34, G4167, G4168

# , क़ैदख़ाना, क़ैदी, क़ैदख़ाना, क़ैद में, क़ैद में, क़ैदी बनाना, क़ैदी बनना, क़ैदी बनना

## ता'अर्रुफ़:

"क़ैदख़ाना" वह जगह है जहाँ मुजरिमों को उनके जुर्म की सज़ा देने के लिए रखा जाता है। "क़ैदी " वह आदमी है जो क़ैदख़ाना में रखा गया है।

- मुजरिम को 'अदालत के वक़्त तक क़ैदख़ाना में रखा जाता है।
- "क़ैदी बनाया" या'नी "क़ैदख़ाना में रखा" या "ग़ुलाम में रखा"।
- अनेक नबियों और ख़ुदा के ख़ादिमों बेगुनाह क़ैदख़ाने में डाले गए थे।

## तर्जुमे की सलाह:

- "क़ैदख़ाना" का दूसरा लफ़्ज़"जेल खाना" है।
- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा "कालकोठरी" भी किया जा सकता है, जब जेल खाना किसी मकान या राजमहल के तहख़ाने में हो।
- "क़ैदी " का बयान उन लोगों से भी हो सकता है जिन्हें उनके दुश्मन क़ैदी बनाकर उनकी मर्ज़ी के ख़िलाफ़ किसी जगह में रखते हैं। इसका तर्जुमा "ग़ुलाम " भी किया जा सकता है।
- "क़ैदी बनाने" के तर्जुमें हो सकते हैं, "क़ैदी बनाकर रखना" या "ग़ुलामी में रखना" या "क़ैद कर लेना"

(यह भी देखें:ग़ुलामी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के आमाल 25:4-5
- इफिसियों 04:1-3
- लूका 12:57-59
- लूका 22:33-34
- मरकुस 06:16-17
- मत्ती 05:25-26
- मत्ती 14:3-5
- मत्ती 25:34-36

## शब्दकोश:

- Strong's: H612, H613, H615, H616, H631, H1004, H1540, H3608, H3628, H3947, H4115, H4307, H4455, H4525, H4929, H5470, H6115, H6495, H7617, H7622, H7628, G1198, G1199, G1200, G1201, G1202, G1210, G2252, G3612, G4788, G4869, G5084, G5438, G5439

# अँगूर का रस ,अँगूर का रस

## ता'अर्रुफ़:

“अँगूर का रस ” मय के बारे में काम में लिया गया लफ़्ज़ है जिसमैं में शराब है।

मय अनाज या फलों से बनाई जाती है जिसको सड़ा कर तैयार किया जाता है।

- "अँगूर के रस" की तरह में, अँगूर का रस, खजूर की शराब शराब , बीयर और सेब का रस शामिल हैं। कलाम में, अँगूर का रस सबसे ज़्यादा बार बयान किया जाने वाला अँगूर का रस था।
- काहिन या नासिरी लोगों को किसी भी तरह का ख़मीर किया गया पीने के लिए इजाज़त नहीं थी ।
- इस लफ़्ज़ को "जोश पैदा करने वाला " या "शराब पीने " की शक्ल में भी तर्जुमा किया जा सकता है।

(यह भी देखें: अंगूर, नासिरी , मन्नत , अँगूर का रस )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- यसा'याह 05:11-12
- अह्बार 10:8-11
- लूक़ा 01:14-15
- गिनती 06:1-4

## शब्दकोश:

- Strong's: H5435, H7941, G4608

# अँगूर, अँगूर, अँगूर की बेल

## ता’अर्रुफ़:

अँगूर (दाख) एक छोटा चिकना गोल फल होता है जो अँगूर की बेल में गुच्छों में उगता है। अँगूर का रस शराब बनाने के काम में आता है।

- अँगूर अलग अलग रंग के होते हैं, जैसे हरे, काले और लाल।
- हरएक अंगूर का क़द एक से तीन सेंटी मीटर का होता है।
- अँगूर के बगीचों को अँगूर का बाग़ कहते हैं। अँगूर के बाग़ में अँगूर की बेल की लम्बी कतारें होती हैं।
- कलाम के वक़्त में अँगूर एक बहुत ही ख़ास खाने की चीज़ थी और अँगूर की बाग़ माल की 'अलामत थी ।
- अँगूर को सड़ने से बचाने के लिए उन्हें सुखा लिया जाता है। * सूखे अँगूर किशमिश कहलाते है जिन्हें केक बनाने में काम में लिया जाता है।
- ‘ईसा ने अपने शागिर्दों को ख़ुदा की बादशाही की ता'लीम देने के लिए अँगूर के बाग़ की मिसाल दी थी ।

(यह भी देखें: अँगूर , अँगूर का बाग़, शराब )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- इस्तिसना 23:24-25
- होशे 09:10
- अय्यूब 15:31-33
- लूक़ा 06:43-44
- मत्ती 07:15-17
- मत्ती 21:33-34

## शब्दकोश:

- Strong's: H811, H891, H1154, H1155, H1210, H2490, H3196, H5563, H5955, H6025, H6528, G288, G4718

# अंजीर, अंजीरों

## ता’अरुफ़ :

“अंजीर” एक छोटा मीठा फल होता है जो पेड़ में उगता है। पक जाने पर इस फल के मुख्तलिफ़ रंग होते हैं, भूरा, पीला या बैंगनी।

- अंजीर का पेड़ छः मीटर तक लम्बा हो जाता है और इसके चौड़े पत्तों कि वजह से पेड़ के नीचे बहुत छाया होती है । इसके फल की लम्बाई 3-5 से.मी. होती है।
- आदम और हव्वा ने गुनाह करने के बा’द अंजीर के पत्तों से अपने कपड़े बनाए थे।
- अंजीर का फल खाया जाता है, पकाया जाता है या सुखा कर भी रखा जाता है। लोग उन्हें टुकड़े करके उनकी टिक्कियाँ बनाकर सुखा लेते हैं कि बा’द में खाने के काम आए।
- किताब-ए-मुक़द्दस के ज़माने में अंजीर खाने के लिए बेचकर पैसा कमाने के लिए ख़ास थे।
- फलदार अंजीर के पेड़ की बात किताब-ए-मुक़द्दस में बार-बार की गई है। जिसका हवाला शरी’अत से है।
- ‘ईसा ने भी कई बार अंजीर के दरख्त की मिसालें देकर रूहानी सच्चाई की तशरीह की थी।

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- हबक़्क़ूक़ 03:17
- या’क़ूब 03:11-12
- लूक़ा 13:6-7
- मरकुस 11:13-14
- मत्ती 07:15-17
- मत्ती 21:18-19

## शब्दकोश:

- Strong's: H1061, H1690, H6291, H8384, G3653, G4808, G4810

# अक़्लमन्द, अक़्लमन्दी, अक़्लमन्दी से

## सच्चाई:

“अक़्लमन्द” (होशियार) वह इन्सान जो अपने कामों के बारे में होशियारी से सोचता है और समझदारी के फ़ैसले लेता है।

- “अक़्लमन्दी” हमेशा उस हिम्मत के बारे में होती है जिसके ज़रिए’’अमली , दुनयावी बातों के फ़ैसले लिए जाते हैं, जैसे पैसे या दौलत का इन्तिज़ाम करना।
- अगर चे “अक़्लमन्दी” और “अक़्ल” मतलब में एक से हैं, अक़्ल ज़्यादा आम और रूहानी या अच्छी बातों पर मुनहसिर होती है।
- मज़मून के मुताबिक़ " अक़्लमन्द का तर्जुमा हो सकता है: "होशियार " या "चालाक " या समझदार।"

(यह भी देखें: चालाक , रूह, अक़्लमन्द)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- अमसाल 08:4-5
- अमसाल 12:23-24
- अमसाल 27:11-12

## शब्दकोश:

- Strong's: H995, H5843, H6175, H6191, H6195, H7080, H7919, H7922, G4908, G5428

# अधिकार में लेना, मोल लिया, कब्ज़ा था, अधिकार में रखना, अधिकार, सम्पति, निकाल देना

## सच्चाई:

“अधिकार में लेना” (वारिस होना) और “सम्पत्ति” प्रायः किसी वस्तु के स्वामीत्व को दर्शाते हैं। इनका अर्थ किसी वस्तु पर अधिकार करना था ज़मीन पर अधिकार करना भी होता है।

- यूसुफ़ के भाइयों ने उसे चाँदी के बीस शेकेल (सिक्कों) में ग़ुलाम होने के लिए बेचा था।
- ‘ईसा के पकड़वाने के लिए यहूदा को चाँदी के 30 सिक्के दिए गए थे।

(यह भी देखें: मुलाक़ात का ख़ेमा, हैकल)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 18:9-11
- 1 शमूएल 02:36
- 2 सलातीन 25:13-15
- रसूलों के 'अमाल 03:4-6
- मत्ती. 26:14-16

## शब्दकोश:

- Strong's: H3701, H3702, H7192, G693, G694, G695, G696, G1406

# चालाक , चालाकी

## ता’अर्रुफ़:

लफ़्ज़ "चालाक" एक ऐसे आदमी का बयान करता है जो अक़्लमंद और चालाक है, खासकर सुलूक के मु'आमिलात में।

- इस लफ़्ज़ का मतलब हमेशा मनफ़ी होता है क्यूँकि इसमें ख़ुद गर्ज़ी छिपी होती है।
- चतुर आदमी औरों के बदले ख़ुद का फ़ायदा खोजता है।
- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा “चालाक” या “चतुर” या “होशियार ” या “चालाकी ” हो सकता है जुमलों के मूताबिक़ ।

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

## शब्दकोश:

- Strong's: H2450, H6175, G5429

# चिट्ठी, ख़त, ख़ुतूत

ता’अर्रुफ़: ####

ख़त किसी को या किसी क़बीले को भेजा गया तहरीरी पैग़ाम है जो लिखने वाले से बहुत दूर है। एक चिट्ठी एक ख़ास क़िस्म का ख़त होता है जो ज़्यादा ज़ाहिरी अंदाज़ में लिखा होता है जिसका मक़सद ख़ास करके त’लीम देना होता है।

- नये ‘अहदनामे के ज़माने में जानवर की जिल्द से बने चमड़े के थे या पेड़ों की खाल से बने कागज़ों पर लिखे जाते थे।
- नये ‘अहदनामे के ख़त जिन्हें पौलुस, यूसुफ़, या’क़ूब और यहूदाह और पतरस ने लिखे वे हिदायत थे जो पूरी रोमी बादशाही के मुख़्तलिफ़ मक़ामों में ईमानदारों को हौसला देने का पैग़ाम देना और ता’रीफ़ देने के मक़सद से लिखे गए थे।
- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा “तहरीरी पैग़ाम” या “लिखे हुए लफ़्ज़” या “तहरीर” हो सकता है।

(यह भी देखें: हौसला अफ़ज़ाई, हिदायत, ता’लीम)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 थिस्सलुनीकियों 05:25-28
- 2 थिस्सलुनीकियों 02:13-15
- रसूलों के ‘आमाल 09:1-2
- रसूलों के ‘आमाल 28:21-22

## शब्दकोश:

- Strong's: H104, H107, H3791, H4385, H5406, H5407, H5612, H6600, G1121, G1989, G1992

# चीता, चीतों

## सच्चाई:

चीता, बिल्ली जैसा एक बड़ा जानवर है जिसका रंग भूरा होता है और उस पर काले धब्बे होते हैं।

- चीता और जानवरों को मार कर खाता है।
- किताब-ए-मुक़द्दस में अचानक के वाक़े’आत की मिसाल चीते से दी जाती है क्योंकि चीता अपने शिकार पर अचानक हमला करता है।
- नबी दानिएल और रसूल युहन्ना ने मिकाशिफ़े में चीते जैसा एक जानवर देखा था।

(यह भी देखें: नामा’लूम का तर्जुमा किसे करें

( तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: वहशी जानवर, दानिएल, शिकार, ख़्वाब)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- दानिएल 07:6-7
- होशे’अ 13:7-8
- मुकाशिफ़ा 13:1-2
- ग़ज़ल-उल-ग़ज़लात 04:8

## शब्दकोश:

- Strong's: H5245, H5246

# चोगा, लिबास, मुलब्बस

## ता'अर्रुफ़:

चोगा लम्बी बांह का बाहरी लिबास था जिसे 'औरत और मर्द दोनों पहनते थे। यह दिखने में कोट के जैसा होता है।

- लिबास सामने खुलते हैं और एक कमरबंद या बेल्ट के साथ बाँधा जाता है।
- उनकी लम्बाई बड़ी या छोटी होती है।
- बैंगनी रंग का लिबास बादशाह पहनते थे जो तख़्त, शान और 'इज़्ज़त की 'अलामत था।

(यह भी देखें: शाही, चोगा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के के बारे में:

- निर्गमन 28:4-5
- पैदाइश 49:11-12
- लूक़ा 15:22-24
- लूक़ा 20:45-47
- मत्ती. 27:27-29

## शब्दकोश:

- Strong's: H145, H155, H899, H1545, H2436, H2684, H3671, H3801, H3830, H3847, H4060, H4254, H4598, H5497, H5622, H6614, H7640, H7757, H7897, H8071, G1746, G2066, G2067, G2440, G4749, G4016, G5511

# चोर, चोर, लूटने, लूटने, लूटने, डाकू, लुटेरे, डकैती, लूट

## सच्चाई:

“चोर” या “लुटेरा” वह इन्सान है जो आदमियों का पैसा या सामान चुराता है। "चोर" का जमा’ है "चोरों।" लफ़्ज़ "डाकू" अक्सर एक चोर को ज़ाहिर करता है जो जिस्मानी तौर से उन लोगों को नुक़सान पहुँचाता या धमकाता है जिससे वह चोरी करता हैं।

- ‘ईसा ने एक सामरी की तमसील सुनाया, जिसने एक यहूदी शख़्स का ख़्याल रखा जिस पर लुटेरों ने हमला किया था। लुटेरों ने यहूदी आदमी को पीटा और उसके पैसे और कपड़े चोरी करने से पहले उसे घायल कर दिया था।
- चोर और लुटेरों दोनों चोरी करने अचानक ही आते है, जब लोग इसकी उम्मीद नहीं करते। वे अक्सर अँधेरे में काम करते हैं कि छिपे रहें।
- नये ‘अहद नामे में शैतान को तमसीली शक्ल में एक चोर कहा गया है जो चोरी करने, क़त्ल करने और हलाक करने आता है। इसका मतलब है कि शैतान का मंसूबा है कि ख़ुदा के लोगों को बहका कर उसका हुक्म मानने से रोके। अगर शैतान ऐसा करने में क़ामयाब हुआ तो लोगों से अच्छी चीजें चोरी कर लेगा जो ख़ुदा ने उनके लिए मंसूबा बनाया है।
- ‘ईसा ने अपने फिर से आने की बराबरी चोर से किया जो अचानक लोगों से चोरी करने आता है। जैसे चोर ऐसे वक़्त में आता है जब इन्सान उसके इन्तिज़ार में नहीं रहता है वैसे ही ‘ईसा भी अचानक ही आ जाएगा जब इन्सान उसके वापस आने के लिए तैयार न हो।

(यह भी देखें: बरकत , जुर्म , सलीब पर चढ़ाई, अँधेरा , बर्बाद करने वाला , क़ुदरत , सामरिया, शैतान)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 पतरस 03:10
- लूका 12:33-34
- मरकुस 14:47-50
- अमसाल 06:30-31
- मुक़ाश्फ़ा 03:3-4

## शब्दकोश:

- Strong's: H1214, H1215, H1416, H1589, H1590, H1980, H6530, H6782, H7703, G727, G1888, G2417, G2812, G3027

# चौकस, ताकता, देखा, देख रहा था, चौकीदार , पहरुओं, होशियार रहो

## ता’अरुफ़:

“चौकस” किसी चीज़ को ध्यान से देखना या किसी चीज़ पर नज़दीकी से और बहुत होशियारी से ध्यान देना। इसके बहुत से लफ़्ज़ी मतलब भी हैं। एक "चौकीदार" ऐसा कोई था जिसका काम ध्यान से शहर को चारों तरफ से देखना कि किसी भी खतरे या धमकी से शहर के लोगों की हिफ़ाज़त करे।

- अपनी ज़िन्दगी और खरी ता’लीम की “चौकसी” करने का हुक्म का मतलब है अक़्लमंदी से ज़िन्दगी जीना और झूठी ता’लीमों पर यक़ीन नहीं करना।
- “होशियार रहो” या’नी मुसीबत से बचने और नुक़सानदेह असर के लिए चौकस रहने की हिदायत दी|

“जागते रहो” या “चौकस रहो” का मतलब है हमेशा होशियार रहना और होशियार रहना कि गुनाह में और बुराई में न पड़ें। इसका मतलब “तैयार रहना” भी है।

- “पहरा देना” या “चौकसी करना” या’नी किसी जानदार या किसी चीज़ की हिफ़ाज़त करना, निगाह रखना या निगहबानी करना।
- तर्जुमे की और शक्ल “ध्यान देना” या “मेहनती होना” या “बहुत जयादा होशियार रहना” या “चौकस रहना”।
- "चौकीदार " के लिए और लफ़्ज़"पहरेदार" या "निगहबान " हैं।

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 थिस्सलुनीकियों 05:4-7
- इब्रानियों 13:15-17
- यरमियाह 31:4-6
- मरकुस 08:14-15
- मरकुस 13:33-34
- मत्ती 25:10-13

## शब्दकोश:

- Strong's: H821, H2370, H4929, H4931, H5027, H5341, H5894, H6486, H6822, H6836, H6974, H7462, H7789, H7919, H8104, H8108, H8245, G69, G70, G991, G1127, G1492, G2334, G2892, G3525, G3708, G3906, G4337, G4648, G5083, G5438

# चौखट

## ता'रीफ़:

"चौखट" दरवाज़े के ऊपर का सीधा खड़ा भाग है, जो दरवाज़े को मज़बूती देता है।

- इससे पहले जब ख़ुदा इस्राईलियों को मिस्र से निकालने वाला था तब उसने उन्हें हिदायत दी कि वे एक मेम्ने को ज़बह करके उसका ख़ून चौखट पर लगाएं।
- पुराने 'अहदनामे में, एक ग़ुलाम जो अपने मालिक की ख़िदमत करना चाहता था उसकी बाक़ी ज़िन्दगी में उसका कान उसके मालिक के दरवाज़े की चौखट में कील से छेद दिया जाता था|
- इसका तर्जुमा इस तरह भी किया जा सकता है, "दरवाज़े के दोनों पहलुओं की लकड़ी का खंभा" या "दरवाज़े की लकड़ी की चौखट" या "दरवाज़े के पहलुओं की लकड़ी की शहतीर"।

(यह भी देखें: मिस्र, फ़सह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 06:31-32
- इस्तिसना 11:20-21
- ख़ुरूज 12:5-8
- यसा'याह 57:7-8

## शब्दकोश:

- Strong's: H352, H4201

# छेदना, बेधाता, बेधा, भेदता हुआ

## ता’अर्रुफ़

“छेदना” लफ़्ज़ किसी नुकीले धारवाला हथियार घोंपना। इसका तम्सीली इस्तेमाल किसी को गहरा दिमाग़ी चोट पहुंचाने के लिए भी किया जाता है।

- जब ‘ईसा सलीब पर लटका हुआ था तब एक सिपाही ने उसकी पसलियों पर छेदा था।
- कलाम के ज़माने में जब ग़ुलाम को आज़ाद कर दिया जाता था तब वह अपने मालिक की ख़िदमत करने का अपनी मर्ज़ी से फ़ैसला लेता था तब उसका कान छेदा जाता था जो उसकी मर्ज़ी की ख़िदमत का निशान था।
- शम’ऊन ने जब मरियम से कहा था कि एक तलवार उसका कलेजा छेदेगी तो वह तम्सीली शक्ल में कह रहा था कि बेटा , ‘ईसा के साथ होने वाले बर्ताव की वजह उसे गहरा दुःख होगा।

(यह भी देखें: सलीब, ‘ईसा, ख़ादिम, शम’ऊन

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- अय्यूब 16:13-14
- अय्यूब 20:23-25
- यूहन्ना 19:36-37
- ज़ुबूर 022:16-17

## शब्दकोश:

- Strong's: H935, H1856, H2342, H2490, H2491, H2944, H3738, H4272, H5181, H5344, H5365, H6398, G1330, G1338, G1574, G2660, G3572, G4044, G4138

# छोटा, हलीमी, हिल्म

## ता’अरुफ़:

हलीम और हलीमी का हवाला गरीब या छोटी हालत से है। छोटा होने का मतलब “हलीम” होने से भी है।

- ‘ईसा इन्सानी शक्ल में होने और इन्सानों की ख़िदमत करने तक हलीम बना था।
- उसकी पैदाइश ग़रीबी की हालत में हुई थी क्योंकि वह शाही महल की बजाय गौशाला में हुई थी
- हलीम रवैया घमण्ड का उल्टा है।
- “हलीमी” के तर्जुमें के तरीक़े है “हलीम” या “ग़रीब हालत” या “बे-अहमियत”।
- “ग़रीबी की हालत” का तर्जुमा “हलीमी” या “बहुत कम अहमियत” भी हो सकता है।

(यह भी देखें: हलीम, घमण्डी)

##:किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में ##

- रसूलों के ‘आमाल 20:17-21
- हिज़क़ीएल17:13-14
- लूक़ा 01:48-49
- रोमियो 12:14-16

## शब्दकोश:

- Strong's: H6041, H6819, H8217, G5011, G5012, G5014

# छोड़ना, छोड़ देना, छोड़ा हुआ, छोड़ना, ख़ारिज

## ता'अर्रुफ़:

"इन्कार करना" का मतलब किसी आदमी या चीज़ को क़ुबूल करने से इन्कार करना।

- "इन्कार" लफ़्ज़ का मतलब यह भी हो सकता है, कि किसी बात में ईमान नहीं करना।
- ख़ुदा को छोड़ने का मतलब है उसके हुक्म मानने से इन्कार करना।
- इस्राईलियों ने मूसा की रहनुमाई को क़ुबूल नहीं किया, इसका मतलब है कि वे उसके इख़्तियार की मुख़ालिफ़त कर रहे थे। वे उसके हुक्म मानना नहीं चाहते थे।
- इस्राईलियों के ज़रिए' बुतपरस्ती करने का मतलब था कि वे ख़ुदा को छोड़ रहे है।
- इस लफ़्ज़ का मूल मतलब है, "धक्का देना"। दीगर ज़बानों में ऐसा ही इज़हार हो सकता है जिसका मतलब किसी चीज़ या इन्सान में ईमान करने का छोड़ देना या इन्कार करना।

## तर्जुमे की सलाह

- मज़मून पर मुनहस्सिर "छोड़ना" का तर्जुमा हो सकता है, "क़ुबूल नहीं करना" या "मदद करना रोक देना" "हुक्म मानने से इन्कार करना" या "हुक्म मानना छोड़ देना"।
- इज़हार में " मिस्रियों ने जिस पत्थर को छोड़ दिया था" या "तर्क कर दिया" या'नी "काम में नहीं लिया" या "क़ुबूल नहीं किया" या "फेंक दिया" या "निकम्मा जानकर काम में नहीं लिया"।
- मज़मून में लोग, जो ख़ुदा के हुक्मों को छोड़ते हैं का तर्जुम "हुक्म मानने से इन्कार करना" या "हठ करके क़ुबूल न करना" की शक्ल में तर्जुमा हो सकता है।

(यह भी देखें: हुक्म, नाफ़रमानी, 'अमल, ज़िद्दी

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- गलातियों 04:12-14
- होशे'अ 04:6-7
- यसा'याह 41:8-9
- युहन्ना 12:48-50
- मरकुस 07:8-10

## शब्दकोश:

- Strong's: H947, H959, H2186, H2310, H3988, H5006, H5034, H5186, H5203, H5307, H5541, H5800, G96, G114, G483, G550, G579, G580, G593, G683, G720, G1609, G3868

# छड़ी , छड़ी

## ता'अर्रुफ़:

छड़ी एक लम्बी लकड़ी होती थी जिसका इस्ते'माल चलने में सहारा लेने के लिए किया जाता था।

या'क़ूब अपनी 'उम्र दराज़ी में चलने के लिए छड़ी का सहारा लेता था। ख़ुदावन्द ने अपनी कुव्वत ज़ाहिर करने के लिए मूसा की छड़ी को सांप बना दिया था। चरवाहे भी छड़ी का इस्ते'माल करके भेड़ों को चलाते थे या वह गिर जाएं या भटक जाएं तो उनका बचाव करते थे। छड़ी के सिरे पर एक कांटा होता था लेकिन वह चरवाहे की लाठी से अलग होती थी क्यूँकि चरवाहे की लाठी सीधी होती थी और भेड़ों पर हमला करने वाले जंगली जानवरों को मारने के लिए काम में ली जाती थी।

(यह भी देखें: फ़िर'औन , क़ूव्वत , भेड़, चरवाहे)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- ख़ुरूज 04:1-3
- ख़ुरूज 07:8-10
- लूक़ा 09:3-4
- मरकुस 06:7-9
- मत्ती. 10:8-10
- मत्ती. 27:27-29

## शब्दकोश:

- Strong's: H4132, H4294, H4731, H4938, H6086, H6418, H7626, G2563, G3586, G4464

# जलावतन, जलावतनों, जलावतन किया

## ता'अरुफ़:

“जलावतन” लफ्ज़ का मतलब है कि इन्सानों को वतन से बाहर कहीं दूर बसाया जाना।

- इन्सान सज़ा के लिए या सियासी वजहों से अपने मुल्क से बाहर किया जाता है।
- शिकस्त पाए मुल्क की क़ौम को, फतह मुल्क जलावतनी के तौर अपने मुल्क को ले जाता ताकि वह उनके लिए काम करें|।
- " किताब-ए-मुक़द्दस "की ता'रीख़ की मुद्दत है जब यहुदाह के बहुत से यहूदी शहरी अपने घरों से निकल कर बाबुल में रहने के लिए मजबूर थे | यह 70 साल तक चली।
- “जलावतनी ” लफ्ज़ उन लोगों के ता'ल्लुक़ में है जिन्हें वतन से दूर रास्ते में रखा जाता है।

## तर्जुमा की सलाह:

- “जलावतनी में ले जाने” का तर्जुमा एक ऐसे लफ्ज़ या ऐसे जुमले के ज़रिए’ किया जा सकता है जिसका मतलब “दूर करना” या “निकालना” या “मुल्क से निकाल देना”।
- “जलावतनी " का वक़्त ” लफ्ज़ का तर्जुमा ऐसे लफ्ज़ या ऐसे जुमले के ज़रिए किया जा सकता है जिसका मतलब , “भेजे गए वक़्त ” या “जलावतन का वक़्त ” या “मजबूर ग़ैर मौजूदगी का वक़्त ” या “बर्तन”।
- “जलावतनी ” के तर्जुमें की तरीक़े हो सकते है, “बे घर लोग” या “वह लोग जिन्हें मुल्क से निकाल दिया गया है” या “बाबुल में बे घर लोग”

(यह भी देखें: बाबुल, यहूदाह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 सलातीन 24:13-14
- दानीएल 02:25-26
- हिज़क़ीएल 01:1-3
- यशायाह 20:3-4
- यरमियाह29:1-3

## शब्दकोश:

- Strong's: H1123, H1473, H1540, H1541, H1546, H1547, H3212, H3318, H5080, H6808, H7617, H7622, H8689, G3927

# जादू, जादू टोना, जादूगर, जादूगरों

## ता’अर्रुफ़:

“जादू” लफ़्ज़ एक ऐसी ताक़त का काम है जो ख़ुदा से नहीं आती है। “जादूगर” वह शक़्स है जो जादू करता है।

- मिस्र मुल्क में ख़ुदा ने मूसा के ज़रिए' से जब अजीब काम किए थे तब मिस्र के बादशाह फ़िर'औन के जादूगरों ने भी वैसे ही कुछ जादू किए लेकिन वह ख़ुदा की ताक़त से नहीं थे।
- जादू में मंत्रों का बोलना और जादू-टोना होता है ताकि रूहानी हादसा घटे।
- ख़ुदा ने अपने लोगों को ऐसा जादू-टोना करना मना' किया था।
- जादू-टोना करने वाला एक तरह का जादूगर है जो अक्सर जादू के ज़रिए' दूसरों को नुक़सान पहुचाता है।

(यह भी देखें: जादूगरी, मिस्र, फ़िर'औन, ताक़त, टोना)

## किताब-ए-मुक़द्दस:

- पैदाइश 41:7-8
- पैदाइश 41:22-24
- पैदाइश 44:3-5
- पैदाइश 44:14-15

## शब्दकोश:

- Strong's: H2748, H2749, H3049, G3097

# जादूगर, जादूगर, जादूगर, जादूगर, जादूगर, जादू टोना

## ता'अर्रुफ़:

“जादू-टोना” या “भूत-सिद्धी” का बयान जादू से है जिसमें बदरूह की मदद से ताक़तवर काम किए जाते हैं। एक "जादूगर" ऐसा कोई है जो इन ताक़तवर , जादुई चीज़ों को करता है।

- जादू-टोना और भूत-सिद्धी के ज़रिए' अच्छे और बुरे दोनों काम किए जा सकते हैं जैसे बीमारी से छुटकारा या किसी का नुक़सान । जादू टोना किसी भी तरह का हो ग़लत ही है क्यूँकि इसमें बदरूहों का काम होता है।
- कलाम में जादू टोना को दूसरे किसी भी तरह के बड़े गुनाह जैसा माना गया है(जैसे हरामकारी, बुत परस्ती, और बच्चों की क़ुर्बानी ) ।
- "जादू-टोना" और "भूत-सिद्धी" का तर्जुमा “बदरूह की ताक़त” या “सम्मोहन करना” किया जा सकता है।
- "जादू" का मुमकिन तर्जुमा होगा "जादू करनेवाले" या "सम्मोहन करनेवाले" या "बदरूह की ताक़त से अजीब काम दिखानेवाले"।
- तवज्जह दें कि "जादूगर" का मतलब "नबूव्वत " से अलग है, जो कि रूहानी दुनिया से ता'अल्लुक़ करने की कोशिश करता है।

(यह भी देखें: ज़िना, बदरूह, मुस्तक़बिल की बातें , बुत, जादू, क़ुर्बानी , ‘इबादत)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 08:9-11
- निर्गमन 07:11-13
- गलातियों 05:19-21
- मुक़ाश्फ़ा 09:20-21

## शब्दकोश:

- Strong's: H3784, H3785, H3786, H6049, G3095, G3096, G3097, G5331, G5332, G5333

# जानदार , जानदारों

## ता’अरुफ़:

“जानदार ” का मतलब है ख़ुदा के ज़रिये’बनाये सब मख़लूक़ चाहे इन्सान हो या जानवर |

- हिज़क़ीएल नबी ने ख़ुदा के जलाल के रोया में "ज़िन्दा मख़लूक़ों" का बयान किया है। वह उन्हें पहचानता नहीं था इसलिए उसने उन्हें यह नाम दिया।
- ध्यान दें कि मख़लूक़ का मतलब यहां अलग है क्योंकि ख़ुदा ने सब कुछ बनाया है जानदार और बेजान चीज़े (जैसे ज़मीन , पानी , सितारे)। “जानदार ” लफ़्ज़ का मतलब है केवल जानदार चीज़ें |

## तर्जुमे की सलाह:

- मज़मून के मुताबिक़ “जानदार” “मख़लूक़” या “ज़िन्दा मख़लूक़” या बना जानदार “भी किया जा सकता है |

इस लफ़्ज़ का जमा’ “जानदारों” का तर्जुमा “सभी ज़िन्दा मख़लूक़" या “इन्सान और जानवर ” या "जानवर " या “इन्सान ”|

(यह भी देखें: पैदा करना)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- दानीएल 04:10-12
- हिज़क़ीएल 01:7-9
- यशू’अ 10:28
- अह्बार 11:46-47
- मुकाशिफ़ा 19:3-4

## शब्दकोश:

- Strong's: H255, H1320, H1321, H1870, H2119, H2416, H4639, H5315, H5971, H7430, H8318, G2226, G2937, G2938

# जानना, जानता है, जानता था, जानना, ‘इल्म, ‘इल्म होना, पता करना, पता करता है, पता किया, अनजान, पहले से जानना, पहले से ‘इल्म

## ता’अरुफ़:

“जानना” का मतलब किसी बात को समझना या किसी चीज़ का आगाह होना। "पता करना" एक इज़हार है जिसका मतलब है जानकारी देना।

- “’इल्म” लफ़्ज़ उनके बारे में है जो इन्सान जानकारी रखते हैं। इसका मतलब जिस्मानी और रूहानी दुनिया, दोनों की जानकारी हो सकता है।

ख़ुदा के “बारे में जानना” या’नी उसके बारे में चीज़ों को समझना जो उसने हम पर ज़ाहिर किया है।

- ख़ुदा को “जानना” का मतलब है उसके साथ रिश्ता क़ायम करना। यह इन्सानों को जानने के लिए भी काम में लिया जाता है।
- ख़ुदा की मर्ज़ी जानना का मतलब है उसके हुक्मों के लिए होशियार रहना या इन्सान से जो चाहता है उसे समझना।
- “शरी’अत को जानना” का मतलब है ख़ुदा के हुक्मों के लिए होशियार रहना या ख़ुदा ने मूसा को शरी’अत में जो हिदायत दी हैं उन्हें समझना।
- कभी-कभी “’इल्म” “’अक़्ल” के मुवाफ़िक़ लफ़्ज़ के तौर पर काम में लिया जाता है जिसमें ख़ुदा को ख़ुश करनेवाली ज़िन्दगी शामिल है।
- “ख़ुदा का ‘इल्म” को कभी-कभी “यहोवा का डर” का मुवाफ़िक़ लफ़्ज़ के तौर पर काम में लिया जाता है।

## तर्जुमे की सलाह

- मज़मून पर मुनहस्सिर “जानना” के तर्जुमे हो सकते हैं, “समझना” या “जानकार होना” या “होशियार होना” या “जानकार होना” या “के बारे में” में होना।
- कुछ ज़बानों के पास दो अलग-अलग लफ़्ज़ हैं "जानना," एक चीज़ जानने के लिए और दूसरा एक इन्सान को जानने के लिए और उसके साथ रिश्ता होने के लिए।
- लफ़्ज़ “ज़ाहिर करना” का तर्जुमा “इन्सानों को जानने के क़ाबिल बनाना” या “ज़ाहिर करना” या “बारे में बताना” या “ज़िक्र करना” हो सकता है।

“किसी के बारे में बताना” का तर्जुमा “होशियार होना” या “जानकार होना हो सकता है।” “जानना कैसे” का मतलब कुछ करने का तरीक़ा या ढंग समझना। इसका तर्जुमा हो सकता है, “क़ाबिल होना” या “करने में हुनरमन्द होना”।

- “’इल्म” लफ़्ज़ का तर्जुमा “जो पता है” या “अक़्ल” या “समझ” मज़मून पर मुनहस्सिर हो सकता है।

(यह भी देखें: शरी’अत, ज़ाहिर, समझना, अक़्लमन्द)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 02:12-13
- 1 शमूएल 17:46-47
- 2 कुरिन्थियों 02:14-15
- 2 पतरस 01:3-4
- इस्तिस्ना 04:39-40
- पैदाइश 19:4-5
- लूक़ा 01:76-77

## शब्दकोश:

- Strong's: H1843, H1844, H1847, H1875, H3045, H3046, H4093, H4486, H5046, H5234, H5475, H5869, G50, G56, G1097, G1107, G1108, G1231, G1492, G1921, G1922, G1987, G2467, G2589, G3877, G4267, G4894

# जानवर

## सच्चाई:

“जानवर” उन जानवरों को कहते हैं जो खाना और दीगर ज़रूरी सामान पैदा करते हैं। कुछ जानवरों को काम के लिए पाला जाता है

- जानवर में भेड़, मवेशी, बकरियां, घोड़े और गधे आते हैं।
- किताब-ए-मुक़द्दस के ज़माने में दौलत का एक हिस्से में जानवर भी गिना जाता था।
- जानवर से ऊन, दूध, पनीर, घरेलू चीज़ें और कपड़ों का कच्चा माल पैदा होता था।
- इसका तर्जुमा, “पालतू जानवर” भी किया जा सकता है।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: गाय, गदहे, बकरा, घोड़ा, भेड़)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 सलातीन 03:15-17
- पैदाइश 30:29-30
- यशू’अ 01:14-15
- नहमियाह 09:36-37
- गिनती 03:40-41

## शब्दकोश:

- Strong's: H929, H4399, H4735

# जानवर, जानवरों

## सच्चाई:

किताब-ए- मुक़द्दस में “जानवर ” लफ्ज़ “जानवर” को कहने के लिए दूसरा लफ्ज़ है।

- जंगली जानवर जंगल या खेतों में आज़ाद घूमता है, वह तरबियत वाला नहीं होता कि घरेलू जानवर कहलाए।
- घरेलु जानवर इंसानों के साथ रहता है और खाना या काम करवाने के लिए इस्ते'माल में आता है जैसे हल चलाना वग़ैरा। अक्सर 'आम तौर पर ज़ाहिर करने के लिए इस्ते'माल में आता है |
- पुराने 'अहदनामें में दानिएल की किताब और नये 'अहद नामें में मुक़ाशिफा की किताब में ख़्वाब के बारे में बताया गया है जिनमें बुराई की ताक़त और ख़ुदावन्द के ख़िलाफ़ बुरी ताक़त और इख्तियार को दिखाता है उसको जानवर कहा गया है। देखें , मिसाल
- इनमें कुछ जानवरों को 'अजीब दिखाया गया है जैसे कई सिर और कई सींग। उनके पास ताक़त और इख्तियार हैं जो दिखाता हैं कि वह मुल्क, क़ौमों या सियासी ताक़तों की अलामत हैं।
- इस लफ्ज़ का तर्जुमा हो सकता है, “जानदार ” या “बनाई हुई चीज़ें ” या “जानवर ” या जंगली जानवर मज़मून पर मून ह्स्सिर

(यह भी देखें : इख्तियार, दानिएल, ज़िन्दगी, क़ौम, ताक़त, ज़ाहिर, इबलीश ,

## किताब-ए-मुकद्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 15:31-32
- 1 शमूएल 17:44-45
- 2 तवारीख़ 25:18-19
- यरमियाह16:1-4
- अह्बार 07:21
- ज़बूर 049:12-13

## शब्दकोश:

- Strong's: H338, H929, H1165, H2123, H2416, H2423, H2874, H3753, H4806, H7409, G2226, G2341, G2342, G2934, G4968, G5074

# जायज़, जायज़, शरी’अत के तौर पर, जायज़ नहीं, ग़ैर-क़ानूनी, ग़लत

## ता’अर्रुफ़:

“जायज़” मतलब शरी’अत या और ज़रूरतों के मुताबिक़ इजाज़त हासिल इसका उल्टा “शरी’अत के मुख़ालिफ़” या’नी “ग़लत”।

- किताब-ए-मुक़द्दस में, अगर किसी बात को “जायज़” कहा गया है तो इसका मतलब है कि वह ख़ुदा की शरी’अत में इजाज़त हासिल है, या मूसा की शरी’अत या यहूदी रवायतों के मुताबिक़। जो “शरी’अत के ख़िलाफ़”, “जिसकी इजाज़त नहीं दी गई थी” उन कानूनों के मुताबिक़
- “शरी’अत के मुताबिक़” करने का मतलब है, “जायज़” तौर पर करना या “सही” करना।
- यहूदी कवानीन में जो बहुत बातें जायज़ या नाजायज़ मानी जाती थीं लेकिन ख़ुदा की शरी’अत जो दूसरों से मुहब्बत करने के बारे में थी उससे दुरुस्त नहीं थी।
- मज़मून पर मुनहस्सिर तर्जुमा “जायज़” हो सकते हैं “इजाज़त हासिल” या “ख़ुदा की शरी’अत के मुताबिक़” या “अपने क़वानीन के ‘अमल में” या “जायज़” या “दुरुस्त”
- “क्या यह जायज़ है” का तर्जुमा “क्या हमारी शरी’अत इजाज़त देती है?” या “क्या यह शरी’अत के मुताबिक़ है”

लफ़्ज़ “जायज़ नहीं” और नाजायज़” कानून तोड़ने वालों के लिए कामा में लिए जाते हैं|

- नए ‘अहदनामे में, लफ़्ज़ “नाजायज़” सिर्फ़ क़ानून तोड़ने वालों के लिए ही इस्ते’माल नहीं होता बल्कि उनके लिए भी है जो यहूदी इंसानों के बनाए हुए क़ानून को भी तोड़ता है

सालों बा’द, यहूदियों ने उन क़वानीन को भी शामिल किया जो ख़ुदा ने उनको दिए थे| यहूदी रहनुमा उसे “ग़ैरकानूनी” जो उनके बनाये हुए क़वानीन के मुताबिक़ नहीं होता| जब ‘ईसा और उसके शागिर्द जब सबत के दिन पर अनाज खा रहे थे, तब फ़रीसियों ने उन पर इलज़ाम लगाया थे “ग़ैर क़ानूनी” क्यूँकि उस दिन यहूदी काम करने के बारे में, यहूदी क़ानून तोड़ रहा था| जब पतरस ने कहा कि नापाक खाना खाने से उसके लिए ग़ैर क़ानूनी था, तो उसका मतलब था कि अगर उसने उन खाने की चीज़ों को खा लिया तो वह उन क़वानीन को तोड़ देगा जो ख़ुदा ने इसराईलियों को कुछ खाने के बारे में नहीं दिया था|

लफ़्ज़ “नाजायज़” उस आदमी के बारे में बताता है जो कानून और शरी’अत को नहीं मानता| जब एक मुल्क या जमा’अत “ग़ैर क़ानूनी” की हालत में है, तो बड़ी नाफ़रमानी, बग़ावत या ग़ैर-इख़लाक़ी है|

एक ग़ैरक़ानूनी आदमी बाग़ी और ख़ुदा की शरी’अत की नाफ़रमानी करने होता है| रसूल पौलुस ने लिखा था कि आख़िरी दिनों में “बुराई का आदमी” या “बुरा” होगा, जो शैतान के ज़रिए’ बुरी चीज़ों को करने के लिए मुतास्सिर

## तर्जुमे की सलाह:

- इस लफ़्ज़ “ग़ैरक़ानूनी” का तर्जुमे किसी लफ़्ज़ या इज़हार का इस्ते’माल करके किया जाना चाहिए जिसका मतलब है “जायज़ नहीं” या “क़ानून तोड़ने वाला”|
- “ग़ैरक़ानूनी” के तर्जुमे के और तरीक़े हो सकते हैं, जैसे “इजाज़त नहीं दी जा सकती” या “ख़ुदा की शरी’अत के मुताबिक़” या “हमारे क़ानूनों के मुताबिक़”
- इज़हार “शरी’अत के ख़िलाफ़” और “नाफ़रमान” का मतलब एक ही है|
- “कानून न मानने वाला” लफ़्ज़ का तर्जुमा “बाग़ी” या “नाफ़रमान” या “क़ानून के ख़िलाफ़” भी किया जा सकता है|
- “क़ानून तोड़ना” लफ़्ज़ का तर्जुमा “किसी भी तरह के क़ानून का ‘अमल नहीं करना” या “बग़ावत (ख़ुदा के क़वानीन के ख़िलाफ़) के तौर पर किया जा सकता है|
- जमला “बुराई का आदमी” का तर्जुमा “आदमी जो किसी भी क़ानून का ‘अमल नहीं करता” या “वह इन्सान जो ख़ुदा के क़वानीन के ख़िलाफ़ बग़ावत करता है” के तौर पर भी किया जा सकता है|
- अगर मुमकिन हो तो इस लफ़्ज़ में “क़ानून” का तसव्वुर को रखना ज़रूरी है|
- ध्यान दें कि “ग़ैर-क़ानूनी” लफ़्ज़ का मतलब इस लफ़्ज़ से अलग है|

(यह भी देखें: कानून, शरी’अत, मूसा, सबत)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- मत्ती 07:21-23
- मत्ती 12:1-2
- मत्ती 12:3-4

- मत्ती 12:9-10
- मरकुस 03:3-4
- लुक़ा 06:1-2
- रसूलों के ‘आमाल 02:22-24
- रसूलों के ‘आमाल 10:27-29
- रसूलों के ‘आमाल 22:25-26
- 2 थिस्सलुनिकियो 02:3-4
- तीतुस 02:14
- 1 युहन्ना 03:4-6

## शब्दकोश:

- Strong's: H4941, H6530, H6662, H7386, H7990, G111, G113, G266, G458, G459, G1832, G3545

# जाल , फंदे, फंसाना, फंसाना, फँसना, फंसाना, जाल, जालें, फंस गए

## ता'अर्रुफ़:

"जाल" और "फंदा" यह ऐसी चीजें होती थे जिनसे जानवर परिन्दे पकड़े जाते थे। जाल में फँसाने के लिए "फंसे" या "जाल" करना" है, और "जाल" या "फंसाने" के लिए एक जाल से पकड़ना है । कलाम में इन लफ़्ज़ों को जुमले की शक्ल में भी काम में लिया गया है कि गुनाह और आज़माइश छिपे हुए फंदे हैं। जिनमें फंसकर इन्सान नुक़सान उठाता है।

- “जाल” रस्सी या तार का एक कुंडलाकार फंदा होता है जिसमें जानवर का पैर पड़ जाए तो वह उसमें उलझ जाता है।
- “जाल ” धातु या लकड़ी का बना होता है जिसके दो हिस्से होते हैं जो जानवर का पैर पड़ने पर बन्द हो जाते हैं और जानवर भाग नहीं पाता है। कभी-कभी ज़मीन में खोदे हुए गड्ढा में जाल होता है जिसमें जानवर गिर जाता है।
- जाल या फंदा छिपाकर रखा जाता है कि जानवर उसे देख न पाए।
- “जाल बिछाना” या'नी किसी को फंसाने के लिए जाल लगाना।
- “जाल में फंसना” या'नी किसी गहरे गड्ढे में गिरना जो पहले से जानवर को फंसाने के लिए खोदा गया है।
- एक शख़्स जो गुनाह करना शुरू' कर देता है और रोक नहीं सकता, उसे "गुनाह से फंसे" की शक्ल में बयान किया जा सकता है, जिस तरह एक जानवर को फँसाने के लिए किया जा सकता है और बच नहीं सकता।
- जिस तरह कि जानवर फंदे में फंसकर मिसीबत में पड़ जाता है और नुक़सान उठाता है उसी तरह इन्सान गुनाह में फंस कर नुक़सान उठाता है और उसे आज़ादी की ज़रूरत होती है।

(यह भी देखें: आज़ाद , , शिकार, शैतान, आज़माइश में डालना)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- वा'इज़ 07:26
- लूक़ा 21:34-35
- मरकुस 12:13-15
- ज़बूर 018:4-5

## शब्दकोश:

- Strong's: H2256, H3353, H3369, H3920, H3921, H4170, H4204, H4434, H4685, H4686, H4889, H5367, H5914, H6315, H6341, H6351, H6354, H6679, H6983, H7639, H7845, H8610, G64, G1029, G2339, G2340, G3802, G3803, G3985, G4625

# जूआ, जूए, जूए में

## ता’अर्रुफ़:

जूआ लकड़ी या लोहे का होता है जिसमें दो या ज़्यादा जानवर जोते जाते हैं कि हल चलाएं या गाड़ी खीचें। इसके कई 'अलामती मतलब हैं।

- लफ़्ज़ "जूआ" का इस्ते'माल अलामती शक्ल से किया जाता है, जो कि एक साथ काम करने के मक़सद से लोगों को शामिल करना, जैसे कि 'ईसा की ख़िदमत करने के लिए।
- पौलुस ने किसी ऐसे शख़्स को बयान करने के लिए "जुआ " लफ़्ज़ का इस्ते'माल किया जो मसीह की ख़िदमत कर रहा था। इसका तर्जुमा “साथी काम करने वाला” या “साथी ख़ादिम” या “जोड़ना” भी हो सकता है।
- लफ़्ज़ "जूआ" का इस्ते'माल अक्सर एक भारी बोझ का बयान करने के लिए किया जाता है, जिसे किसी को ले जाना पड़ता है, जैसे ग़ुलामी या परेशानी के ज़रिए' दमन करते वक़्त।
- जुमले के तौर पर इसका तर्जुमा ज्यों का त्यों ही हो और 'अलामती ज़बान में खेती के लिए जो जूआ काम में आता है वही लफ़्ज़ काम में लिया जाए।

इस लफ़्ज़ के 'अलामती इस्ते'मालों का तर्जुमा हो सकता है, जुमले का तौर पर “ज़ूल्म का बोझ” या “भारी बोझ” या “बंधन”।

(यह भी देखें: बांधना, बोझ, ज़ूल्म करना, सताना, ख़ादिम)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 15:10-11
- गलातियों 05:1-2
- पैदाइश 27:39-40
- यसा'याह 09:4-5
- यरमियाह 27:1-4
- मत्ती 11:28-30
- फ़िलिप्पियों 04:1-3

## शब्दकोश:

- Strong's: H3627, H4132, H4133, H5674, H5923, H6776, G2086, G2201, G2218, G4805

# जूता, जूतियाँ

## ता'अर्रुफ़:

"जूते" असल में बराबर तले की जूते होते थे जिसे पांवों और टखने पर चमड़े की पट्टी से बांधी जाती थी। 'औरत-मर्द दोनों ही इन जूतों को पहनते थे।

- कभी-कभी जूते किसी क़ानूनी फ़ैसले को साबित करने के लिए भी काम में लिया जाता था जैसे कोई अपने माल को बेचता हो तो वह अपने जूते उतार कर ख़रीददार को दे देगा।एक आदमी एक जूता ले जाएगा और दूसरे को दे देगा।
- अपने जूते उतारना सामने वाले के लिए 'इज़्ज़त और एहतराम का निशान था, ख़ास करके ख़ुदा की मौजूदगी में।
- यूहन्ना ने कहा था कि वह 'ईसा की जूतियों (जूतों)के फ़ीता खोलने के लायक़ भी नहीं है, ऐसा काम 'आम तौर पर नीचे तबक़े के या ग़ुलाम का होता था।

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 07:33-34
- इस्तिसना 25:9-10
- यूहन्ना. 01:26-28
- यसू'अ 05:14-15
- मरकुस 06:7-9

## शब्दकोश:

- Strong's: H5274, H5275, H8288, G4547, G5266

# जौ

## ता'अर्रुफ़:

"जौ" एक तरह, का अनाज होता है जिससे वह रोटी बनाते थे |

- जौ का पेड़ लम्बा होता है जिसके उपरी हिस्से पर आनाज की बाली होती है|
- जौ गर्म मौसम में फलती है और इसकी कटनी बसन्त मौसम या गर्म मौसम में होती है
- जौ को भूसे से अलग करने के लिए जौ दांवा जाता है |
- जौ को पीसकर आटा बनाते हैं तब पानी या तेल में गूंध कर रोटी बनाई जाती है |
- अगर जो मुनासिब ज़बान में जानी नहीं जाती है तो इसका तर्जुमा "जौ कहलाने वाला अनाज ' या "जौके दाने " किया जा सकता है |

(यह भी देखें: नावाकिफ़ लफ्ज़ों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: अनाज, [दांवना, गेंहूँ )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़11:12-14
- अय्यूब 31:38-40
- क़ुज़ात 07:13-14
- गिनती 05:15
- मुकाशिफ़ा 06:5-6

## शब्दकोश:

- Strong's: H8184, G2915, G2916

# जज़िया ,जज़िये ,महसूल ,महसूल ,महसूल लेना ,महसूल लेने वाले ,महसूल इकठ्ठा करना ,महसूल इकठ्ठा करने वाले

## ता'अर्रुफ़:

"जज़िया" और "खिराज " या'नी हुकूमत के मुता'अल्लिक सरकार को पैसा या सामान देना। * खिराज की क़ीमत तय किसी चीज़ की क़ीमत या इन्सान की जायदाद की क़ीमत पर किया जाता है।

- महसूल के तौर पर अदा करने वाली रक़म आम तौर पर किसी चीज़ की कीमत पर मुनहसिर होती है या उस इंसान की जायदाद की क़ीमत कितनी है |
- 'ईसा और रसूलों के वक़्त रोमन हुकूमत रोमियों की सल्तनत में रहने वाले सब से महसूल की ज़रूरत होती है जिसमे यहूदी भी शामिल हैं |
- जब खिराज नहीं चुकाया तब सरकार हुकूमत के ज़रिए' किसी इन्सान या तिजारती काम के ख़िलाफ़ तहक़ीक़ कर सकती है कि देने वाली रक़म की वसूली की जाए।
- यूसुफ़ और मरियम, सफ़र करके बैतलहम को गए ताकि मरदुम शुमारी में गिने जाए,जो कर देने के लिए रोमी सल्तनत में रहनेवाले हर इन्सान के लिए बनाया गया था।
- बयान के मुताबिक़ "कर" लफ़्ज़ का तर्जुमा "ज़रूरी अदाइगी " या "सरकारी माल " या "हैकल का माल "की शक्ल में भी किया जा सकता है।
- "करों का अदाएगी " करने का तर्जुमा "सरकार को पैसा" या "सरकार के लिए माल लेना " या "ज़रूरी अदाएगी करना" की शक्ल में भी किया जा सकता है। "करों को इकठ्ठा करने" का तर्जुमा "सरकार के लिए माल लेने के लिए किया जा सकता है"
- "चुंगी लेने वाला" सरकारी नौकर है जो इन्सानों से ज़रूरी माल – इकठ्ठा करता है।
- जो लोग रोमन हुकूमत के लिए टेक्स जमा' करते हैं वह लोगों से अक्सर ज़्यादा पैसे मांगते हैं जो हुकूमत की ज़रूरत होती है | महसूल के अजज़ा' अपने लिए ज़्यादा रक़म रखेगी |

क्यूँकि महसूल लेने वाले ने इस तरह लोगों को धोका दिया है |यहूदियों ने उन्हें गुनाहगारों को बेहद बदतरीन बताया है |

- यहूदी ने यहूदियों के महसूल वालों को भी अपने लोगों को गुस्सा करार दिया है क्यूँकि उन्होंने रोमन हुकूमत के लिए जो यहूदियों पर ज़ुल्म कर रहा था |
- यह 'अहद नामा "महसूल जमा' करने वाले और गुनाहगार ,नये 'अहद नामे में एक आम इज़हार था ,कि ये ज़ाहिर करता है यहूदियों ने कितने महसूल जमा' करने वालों को मुक़र्रर किया था |

(यह भी देखें: यहूदी, रोम, गुनाह )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- लूका 20:21-22
- मरकुस 02:13-14
- मत्ती 09:7-9
- गिनती 31:28-29
- रोमियो 13:6-7
- लूका 03:12-13
- लूका 05:27-28
- मत्ती 05:46-48
- मत्ती 09:10-11
- मत्ती 11:18-19
- मत्ती 17:26-27
- मत्ती 18:17

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसाल:

34:06 उस ने कहा "दो मर्द हैकल में दुआ करने के लिए गए थे उन में से एक महसूल लेने वाला था और दूसरा मज़हबी रहनुमा था | 34:07 "मज़हबी रहनुमा ने इस तरह दुआ की "शुक्र ,है ख़ुदा का कि मई दूसरे मर्दों जैसा गद्दार नहीं हूँ जैसे चोर ,ज़ालिम इन्सान, ज़िनाकार, या उस महसूल लेने वाले की तरह | 34:09 "लेकिन महसूल वाला मज़हबी रहनुमा से बहुत दूर खड़ा था "उसने आसमान तक नहीं देखा | इसके बजाय ,उसने अपनी सीने पर बैठाया और दुआ की ,ख़ुदा

मेरे लिए मेहरबान रहें क्यूँकि मै गुनाहगार हूँ | 34:10 फिर ‘ईसा ने कहा “मै तुमसे सच कहता हूँ ,ख़ुदा ने महसूल लेने वाले की दुआ सुनी और उसे रास्तबाज़ ठहराया | 35:01 एक दिन ‘ईसा कई महसूल लेने वालों और गुनाहगारों को ता’लीम दे रहा था जो उसे सुनने के लिए इकठ्ठे हुए थे

## शब्दकोश:

- Tax Collector: Strong's: H5065, H5674, G5057, G5058

# झाड़ना, , झाड़ा-सफ़ाई , झाड़ू

## सच्चाई:

"झाड़ना" को आम तौर पर झाड़ू या ब्रश के साथ चौड़ा, धीरे धीरे कर के गंदगी को दूर करना होता है । "झाड़ना" का माज़ी झाड़ा है। इन लफ़्ज़ों का इस्ते'माल तमसीली भी है।

- “झाड़ना” का 'अलामती मतलब है फ़ौज के ज़रिए' ,तेज़ फ़ैसला कुन, वासी' पैमाने पर कदम उठाना कहलाता है।
- मिसाल के तौर पर , यसा'याह ने नबूव्वत की थी कि असूरों की फ़ौज यहूदा मुल्क का सफाया कर देगी। इसका मतलब है कि वह यहूदा के मुल्क को हलाक करके लोगों को क़ैदी बनाकर ले जायेंगे।
- लफ़्ज़ "झाड़ना" का इस्ते'माल उस तरीक़े का बयान करने के लिए भी किया जा सकता है जिसमें तेज़ी से बहने वाले पानी चीज़ों को धक्का दे और उन्हें दूर कर दें।
- जब एक शख़्स के लिए मुश्किल चीज़ें भारी हो रही हैं, तो यह कहा जा सकता है कि वह "उसे ख़त्म" कर रहे हैं।

(यह भी देखें: असूर, यसा'याह, यहूदा, नबी )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 16:3-4
- दानिएल 11:40-41
- पैदाइश 18:24-26
- अम्साल 21:7-8
- ज़बूर 090:5-6

## शब्दकोश:

- Strong's: H622, H857, H1640, H2498, H2894, H3261, H5500, H5502, H5595, H7857, H8804, G4216, G4563, G4951

# झिलम, झिलमें, सीनाबन्द

## ता'अर्रुफ़:

लफ़्ज़ "सीनाबन्द" का मतलब कपड़े के एक खास टुकड़े को दिखाता है जो इस्राईली सरदार काहिन अपनी छाती के सामने के हिस्से पर पहनते थे। लफ़्ज़ "सीनाबन्द" का मतलब कपड़े के एक ख़ास टुकड़े को दिखाता है जो इस्राईली सरदार काहिन अपनी छाती के सामने के हिस्से पर पहनते थे।

- सिपाहियों की तरफ़ से पहने जाने वाली "झिलम" लकड़ी, धातु या जानवर के चमड़े की होती थी। उनको पहनने का मक़सद था कि फौजी का सीना भाले, तीर और तलवार से महफ़ूज़ रहे।
- इस्राईली सरदार काहिन के कपडे की "झिलम" कपड़े की होती थी जिससे क़ीमती पत्थर जड़े होते थे। काहिन हैकल में ख़ुदा की ख़िदमत करते वक़्त इसे पहनता था।
- लफ़्ज़ "झिलम" का तर्जुमा करने के और तरीक़ों में "धातु सीनाबन्द छाती कवर" या "छाती की हिफ़ाज़त करने के लिए कवर टुकड़ा" शामिल हो सकते हैं।
- लफ़्ज़ "चपरास" का एक लफ़्ज़ के साथ तर्जुमा किया जा सकता है जिसका मतलब है "कहानत का लिबास, जिससे सीना ढका होता है।" या "सरदार काहिन लिबास के टुकड़े" या "सरदारों के कपड़ों के सामने का टुकड़ा"।

(यह भी देखें: हथियार, सरदार -काहिन, छेदना, काहिन, हैकल , जंग)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 थिस्सलुनीकियों 05:8-11
- ख़ुरूज 39:14-16
- यसा'याह 59:17-18
- मुकाशिफ़ा 09:7-9

## शब्दकोश:

- Strong's: H2833 , H8302, G2382

# झिड़कना, घुड़कने, डांटा

## ता’अर्रुफ़:

झिड़कना या’नी शख़्त अलफ़ाज़ के इस्ते’माल के ज़रिए’ किसी का सुधार करना कि वह गुनाहों से फिर जाए। इस तरह के सुधार झिड़कना है।

नये ‘अहदनामे में ईमानदारों को हुक्म दी गई है कि वे साथ के ईमानदारों को ख़ुदा की हुक्मों का ‘अमल न करने पर डाँटे। अम्साल में वालिदैन को हिदायत है कि वे अपनी औलाद की ताड़ना करें।

- झिड़की ख़ास करके गलती करनेवाले को गुनाह करने से रोकने के लिए की जाती थी।
- इसका तर्जुमा “शख़्ती से सुधार करना” या “मशविरा करना” की शक्ल में हो सकता है।

जुमला “एक झिड़की” का तर्जुमा, शख़्त सुधार” या “शख़्त तनक़ीद” के तौर पर हो सकता है। “बिना झिड़के” इस जुमले का तर्जुमा “बिना समझाए” या “तनक़ीद किए बिना” की शक्ल में हो सकता है।

(यह भी देखें: आगाह कराना, नाफ़रमानी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- मरकुस 01:23-26
- मरकुस 16:14-16
- मत्ती 08:26-27
- मत्ती 17:17-18

## शब्दकोश:

- Strong's: H1605, H1606, H2778, H2781, H3198, H4045, H4148, H8156, H8433, G298, G299, G1649, G1651, G1969, G2008, G3679

# झूठा नबी, झूठे नबियों

## ता’अर्रुफ़:

एक झूठा नबी वह इन्सान होता है जो ग़लत तरीक़े से दा’वा करता है कि उसका पैग़ाम ख़ुदा से आता है।

- झूठे नबियों की नबूव्व्तें ज़्यादातर पूरी नहीं होती थी। लिहाज़ा, वे सच में नहीं आते थे।
- झूठे नबी ऐसे पैग़ाम सिखाते हैं जो किताब-ए-मुक़द्दस कहती हैं कि थोड़े तौर से या पूरी तरह से रद्द करते हैं।
- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा "ऐसे इन्सान की शक्ल में भी किया जा सकता है जो झूठे तौर पर ख़ुदा के तर्जुमान होने का दा’वा करते हैं" या "कोई ऐसा इन्सान जो ख़ुदा के अलफ़ाज़ को बोलने का झूठा दा’वा करता है।"
- नया ‘अहदनामा सिखाता है कि आख़िर में कई झूठे नबी होंगे जो लोगों को यह सोचने के लिए धोखा देने की कोशिश करेंगे कि वे ख़ुदा की तरफ़ से आए हैं।

(यह भी देखें: पूरा, नबी, सच्चा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 युहन्ना 04:1-3
- 2 पतरस 02:1-3
- रसूलों के ‘आमाल 13:6-8
- लूक़ा 06:26
- मत्ती 07:15-17
- मत्ती 24:23-25

## शब्दकोश:

- Strong's: G5578

# टाट

## ता'अर्रुफ़:

टाट बकरी के या ऊँट के बालों से बना एक चुभनेवाला सख्त लिबास होता था।

- जो लोग इससे बने हुए कपड़े पहनते थे उनको आराम नहीं होता था । * टाट मातम, ग़म या ‘आजिज़ी तौबा दिखाने के लिए पहना गया था ।
- "टाट और राख" एक तरह के जुमले थे जो नौहा और तौबा के लिए एक तरह के जुमलें है ।

## तर्जुमा की सलाह:

- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा इस तरह से भी किया जा सकता है जैसे "जानवरों के बालों से बना मोटा लिबास" या "बकरी के बालों से बना लिबास" या "मोटा चुभने वाला लिबास ।"
- इस तरह से भी इस लफ़्ज़ का तर्जुमा हो सकता है "सख्त,खुरखुरा ग़म के कपड़ों।"
- "टाट ओढ़कर राख में बैठना" का तर्जुमा ऐसे भी हो सकता है जैसे "चुभने वाला लिबास पहनकर राख में बैठने के ज़रिए' मुसीबत और हलीमी ज़ाहिर करना।"

(यह भी देखें: नए लफ़्ज़ों का तर्जुमा कैसे करे)

(यह भी देखें: राख, ऊंट, बकरी, आजिज़ी, ग़म, तौबा, निशान )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 शमूएल 03:31-32
- पैदाइश 37:34-36
- योएल 01:8-10
- योनाह 03:4-5
- लूक़ा 10:13-15
- मत्ती 11:20-22

## शब्दकोश:

- Strong's: H8242, G4526

# टिड्डी, टिड्डियाँ

## सच्चाई:

“टिड्डी” एक क़िस्म का उड़नेवाला टिड्डा जैसा बड़ा कीड़ा होता है जो कभी कभी उड़ते है अपनी तरह की और टिड्डियों के साथ एक बहुत ही नुक़सानदायक झुंड बनकर जो सभी फ़सलों खा जाते है।

- टिड्डियां या ‘आम टिड्डे बड़े और सीधे पर काले लम्बे पैरों वाले कीट होते है। इनके जुड़े हुए पिछले पैरों की वजह से ये बहुत दूर तक कूद सकते हैं।
- पुराने नियम में टिड्डियों के झुण्ड ‘अलामती तौर से तबाही के निशानी होते थे जो इस्राईल की नाफ़रमानी का मुस्तक़बिल का नतीजा था।
- ख़ुदा ने मिस्रियों पर जो दस आफ़तें भेजी थी उनमें टिड्डियां भी एक आफ़त थी।
- नये ‘अहदनामे में युहन्ना का ख़ास खाना जंगल की टिड्डियां था।

(तर्जुमे की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: क़ैदी, मिस्र, इस्राईल, यूहन्ना (बपतिस्मा देनेवाला), बीमारी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 तवारीख़ 06:28-31
- इस्तिस्ना28:38-39
- ख़ुरूज 10:3-4
- मरकुस 01:4-6
- अम्साल 30:27-28

## शब्दकोश:

- Strong's: H697, H1357, H1462, H1501, H2284, H3218, H5556, H6767, G200

# टेढ़ी, गुमराही , बिगड़ा , बे इन्साफ़ी , उलट फेर, बिगाड़ने, टेढ़ी-मेढ़ी, उलट-पुलट कर दिया, बहकाते

## ता’अरूफ़:

“टेढ़ी” लफ़्ज़ एक ऐसे इन्सान वाज़े’ करते हैं जो सही तौर से बेकार या बिगड़े तरीके के हैं। “गुमराही ” या’नी “बिगड़ा तरीका ”। किसी चीज़ को “टेढ़ा” करना या’नी उसे सही या अच्छी हालत से बुरी हालत में कर देना।

- कोई आदमी या चीज़ टेढ़ी है तो वह सही और अच्छे से ख़िलाफ़ हो गया या गई है।
- किताब-ए-मुक़द्दस में इस्राईली ख़ुदा के हुक्मों को न मानने की वजह से टेढ़ा बर्ताव करते थे। वे हमेशा झूठे मा’बूदों की इबादत करके ऐसा करते थे।
- ख़ुदा के मन को या उसके बरअक्स सही बर्ताव के ख़िलाफ़ हर एक काम टेढ़ा माना जाता था।
- “टेढ़े” के तर्जुमा की और शक्ल है, “एख़लाक़ मेंबिगाड़ ” या “बुरे एखलाक़ ” या “ख़ुदा के सीधे हिस्से से बेराह होना”, यह सब मज़मून पर मुनहसिर होना है।
- “टेढ़ी ज़बान ” का तर्जुमा हो सकता है, “बुरी ज़बान बोलना” या “फ़रेब की बातें करना” या “बे एखलाक़ी ज़बान काम में लेना”।
- “टेढ़े लोग” का तर्जुमा हो सकता है, “बुरे लोग” या “बे एखलाक़ आदमी ” या “लगातार ख़ुदा के हुक्मों को तोड़ने वाले लोग”।
- “टेढ़ी चाल चलना” का तर्जुमा हो सकता है, बुरा बर्ताव करना” या “ख़ुदा के हुक्मों के ख़िलाफ़ चलना” या “ख़ुदा की ता’लीम के ख़िलाफ़ ज़िन्दगी जीना”।
- “टेढ़ी” लफ़्ज़ का तर्जुमा हो सकता है, “बर्बाद होना” या “बुराई में बदल जाना”।

(यह भी देखें: बेकार, धोका देना, नाफ़रमानी, बुरा, फिरना)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 08:46-47
- 1 शमूएल 20:30-31
- अय्यूब 33:27-28
- लूका 23:1-2
- ज़ुबूर 101:4-6

## शब्दकोश:

- Strong's: H1942, H2015, H3399, H3868, H3891, H4297, H5186, H5557, H5558, H5753, H5766, H5773, H5791, H5999, H6140, H6141, H8138, H8397, H8419, G654, G1294, G3344, G3859

# टोकरियाँ, टोकरियाँ ,टोकरीभर

## ता'अर्रुफ़:

“टोकरी” सरकंड़ों से बना एक बर्तन होता है।

- किताब-ए- मुक़द्दस के ज़माने में टोकरियां 'आम तौर पर पौधों के मज़बूत हिस्सों से बनती थी जैसे पेड़ की शाख़ाओं के छिलके या सरकंडे।
- टोकरी में पानी रोकना राल लगाने से वह पानी पर तैरती थी।
- जब मूसा एक बच्चा था तब उसकी माँ ने एक राल वाली टोकरी बनाकर उसमें मूसा को रखा और नील नदी के बीच में रख दिया वह नील नदी में तैरने लगी।
- इस कहानी में जिस लफ्ज़ का तर्जुमा “टोकरी” किया गया है उसी लफ्ज़ का तर्जुमा “नाव” भी किया गया है जिसको नूह ने बनाया था। इन दोनों मज़मून में इन लफ़्ज़ों का सही तर्जुमा “तैरने वाला बर्तन ” किया जा सकता है।

(यह भी देखें: नाव, मूसा, नील नदी, नूह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 कुरिन्थियों 11:32-33
- रसूलों के 'आमाल . 09:23-25
- आमोस 08:1-3
- यूहन्ना 06:13-15
- कुज़ात 06:19-20
- मत्ती 14:19-21

## शब्दकोश:

- Strong's: H374, H1731, H1736, H2935, H3619, H5536, H7991, G2894, G3426, G4553, G4711

# ठोकर, ठोकर की वजह , ठोकर की वजह होना , ठोकर का पत्थर

## ता'अर्रुफ़:

“ठोकर की वजह ” या “ठोकर का पत्थर” कोई चीज़ जिससे किसी का पैर टकराए और वह गिर जाए।

- अलामती शक्ल में “ठोकर की वजह ” “वह कोई भी बात है जिसकी वजह से इन्सान की इख़लाक़ी या रूहानियत में रुकावट जाए।
- ‘अलामती शक्ल में “ठोकर की वजह ” या “ठोकर का पत्थर” ऐसी कोई भी बात है जो इन्सान को 'ईसा में ईमान करने से रोकती है या इन्सान को रूहानियत में तरक्की नहीं करने देती है।
- गुनाह हमेशा किसी के लिए या दूसरे के लिए ठोकर की वजह है।
- कभी-कभी ख़ुदा उससे बग़ावत करने वाले के रास्ते में ठोकर की वजह पैदा कर देता है।

## तर्जुमा की सलाह:

- अगर एक ज़बान में फंदे को खुला रखनेवाली चीज़ का कोई लफ़्ज़ है तो वह लफ़्ज़ तर्जुमा में लिया जा सकता है।
- इसका तर्जुमा हो सकता है, “ठोकर लगने का पत्थर” या “शक पैदा करनेवाली रुकावट” या “ईमान में रुकावट” या “किसी से गुनाह कराने वाली बात”।

(यह भी देखें: ठोकर खाना, गुनाह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 01:22-23
- गलातियों 05:11-12
- मत्ती. 05:29-30
- मत्ती. 16:21-23
- रोमियो 09:32-33

## शब्दकोश:

- Strong's: H4383, G3037, G4349, G4625

# ठोकर, ठोकर खाए, ठोकर खाया, ठोकर खाता

## सच्चाई:

"ठोकर" खाना मतलब चलते या दौड़ते वक़्त पैर टकराने की वजह तक़रीबन गिर जाना। इसमें किसी चीज़ से पैर के लगन की वजह से गिरना होता है।

- ‘अलामती शक्ल में "उसके लिए ठोकर खाना" का मतलब उसके लिए गुनाह " या "के लिए "धोकेबाज़" हो सकता है ।
- यह लफ़्ज़ भी एक लड़ाई के लड़ते वक़्त की कमज़ोरी दिखा रहा है या उन्हें परेशान या सज़ावार किया जा रहा है को ज़ाहिर करता है ।

## तर्जुमा की सलाह:

- उन बारों में जहाँ "ठोकर" लफ़्ज़ का मतलब जिस्मानी शक्ल से किसी चीज़ के सफ़र पर होता है, इसका तर्जुमा एक लफ़्ज़ के साथ किया जाना चाहिए जिसका मतलब है "तक़रीबन गिरना" या "सफ़र करना।"
- इस बारे में यह सही मा'ने रखता है कि अगर इस बारे में सही मतलब का बयां किया जाता है, तो यह लफ़्ज़ी मतलब भी एक 'अलामत के बारे में इस्ते'माल किया जा सकता है।
- जुमलों के इस्ते'माल के लिए जहाँ 'अलामती ज़बान में लफ़्ज़ी मतलब नहीं होगा, जैसे बयान के मुताबिक़ "ठोकर" का तर्जुमा किया जा सकता है, "गुनाह" या "लड़खड़ाना" या "ईमान में रुकावट" या "कमजोर होना"।
- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा करने का एक दूसरा तरीक़ा हो सकता है, "गुनाह करने से ठोकर" या "ईमान न करने से ठोकर"।
- जुमला "ठोकर करने के लिए बनाया" का तर्जुमा "कमजोर होने की वजह " या "लड़खड़ाना " के वजह किया जा सकता है।

(यह भी देखें: ईमान , औलाद, गुनाह, रुकावट)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 पतरस 02:7-8
- होशे 04:4-5
- यसा'याह 31:3
- मत्ती 11:4-6
- मत्ती 18:7-8

## शब्दकोश:

- Strong's: H1762, H3782, H4383, H4384, H5062, H5063, H5307, H6328, H6761, H8058, G679, G4348, G4350, G4417, G4624, G4625

# ढाल, ढालें, बचाया

## ता’अर्रुफ़:

ढाल, फ़ौज के जरिए' हाथ में पकड़ने का औज़ार जिससे वह दुश्मन के वार से बचता है। “किसी की ढाल होना” या'नी उसे नुक़सान से बचाना।

- ढाल, दिखने में गोल या अन्डे के जैसी होती थी और चमड़े, लकड़ी या धातु की बनी होती थी और तलवार का वार और तीर वग़ैरह को रोकने के लिए बहुत सख़्त होती थी।
- इस लफ़्ज़ को 'अलामती शक्ल में इस्ते'माल करते हुए, कलाम ख़ुदावन्द को उसके लोगों का हिफ़ाज़ती कवच कहा गया है। (देखें: ) मिसाल
- पौलुस “ईमान की ढाल” जुमले का इस्ते'माल करता है, यह एक वाक़ि'आ है जिसका मतलब है, ‘ईसा में ईमान करना और ख़ुदा का हुक्म मानकर उस ईमान की ज़िन्दगी गुज़ारना, ईमानदारों को शैतान के हमले से बचाता था।

(यह भी देखें: ईमान, फ़रमाबरदारी, शैतान, रूह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 14:25-26
- 2 तवारीख़ 23:8-9
- 2 शमूएल 22:36-37
- इस्तिसना 33:29
- ज़बूर 018:35-36

## शब्दकोश:

- Strong's: H2653, H3591, H4043, H5437, H5526, H6793, H7982, G2375

# ढालना, साँचा, ढालकर, बना रहा था, बनानेवाला, सड़ना

## ता’अर्रुफ़:

ढालना लकड़ी, मिट्टी या धातु का खोखला औज़ार होता है जिसमें बुत या दूसरी चीज़ें बनाने के लिए सोना,चाँदी या दूसरी धातुएं या प्लास्टिक को पिघला कर डाला जाता है।

- ज़ेवरात, बर्तन या दूसरी चीज़ें सांचों में डाल कर बनाई जाती थी।
- कलाम में सांचा ख़ास तौर से बुत बनाने के बारे में काम में लिया गया है।
- धातुओं को तेज़ गरमी से पिघलाया जाता है कि वह सांचे में उण्डेली जाएं।
- ढालने का मतलब है सांचे के ज़रिए' या हाथों के ज़रिए' किसी चीज़ को शक्ल देना।

## तर्जुमा की सलाह:

- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा, “शक्ल देना” या “शक्ल देना” या “बनाना” हो सकता है।
- “ढालना” लफ़्ज़ का तर्जुमा हो सकता है, “ शक्ल देना” या “बनाना”।
- “सांचा” लफ़्ज़ का तर्जुमा हो सकता है, “ शक्ल बनाने का बर्तन” या “तराशी हुई चीज़”

(यह भी देखें: झूठे मा’बूद , सोना, झूठे मा’बूद , चाँदी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- ख़ुरूज 32:3-4

## शब्दकोश:

- Strong's: H4541, H4165, G4110, G4111

# ढूँढ़े, ढूँढ़ते हैं, खोजना, मांगा

## ता'अर्रुफ़:

"ढूँढ़े" या'नी किसी चीज़ या आदमी की तलाश करना। माज़ी में क्या काम है " ढूंढा गया" इसका मतलब यह भी है, किसी काम को करने की "पूरी कोशिश करना" या "मेहनत करना।"

- "खोज करना" या "इन्तिज़ार करना" या'नी किसी ख़ास काम को करने के मौक़े' को "वक़्त निकालने की कोशिश" कहते है।
- "यहोवा की खोज करना" या'नी "यहोवा को जानने और उसके हुक्म मानने में वक़्त और तवानाई लगाना।"
- "हिफ़ाज़त खोजना" या'नी "किसी आदमी या जगह को ढूंढने की कोशिश करना कि परेशानी से बचाए।"
- "इन्साफ़ खोजना" या'नी "लोगों के साथ इन्साफ़ और ख़ुद गर्ज़ी के सुलूक की कोशिश करना।"
- "सच्चाई की खोज करना" या'नी "सच्चाई क्या है जानने की कोशिश करना।"
- "फ़ज़ल की खोज करना" या'नी "अच्छा बर्तन बनने की कोशिश" या "ऐसे काम करना कि किसी से मदद मिले।"

(यह भी देखें: मुन्सिफ़, सच)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 10:13-14
- रसूलों के 'आमाल 17:26-27
- 'इब्रानियों 11:5-6
- लूक़ा 11:9-10
- ज़बूर 027:7-8

## शब्दकोश:

- Strong's: H579, H1156, H1239, H1243, H1245, H1556, H1875, H2470, H2603, H2658, H2664, H2713, H3289, H7125, H7592, H7836, H8446, G327, G1567, G1934, G2052, G2212

# तबाह करना, तबाह करना, बर्बाद

## ता’अर्रुफ़:

“तबाह करना” या’नी लूटना, तबाह करना, या निकम्मा कर देना। लफ़्ज़ “खण्डहर” या “खण्डहरों” तबाह किए गए मलबे या तबाह किए गए अवशेष।

नबी ज़ेपनियाह ने ख़ुदा के ग़ज़ब के दिन को “तबाही का दिन” कहा था, जब दुनिया का इंसाफ़ किया जाएगा और सज़ा दी जाएगी। अम्साल की किताब में लिखा है कि बेदीनों के फल के लिए तबाही और बर्बादी है। मज़मून पर मुनहस्सिर, “तबाह करना” का तर्जुमा “बर्बाद करना” या “नाबूद कर देना” या “निकम्मा कर देना” या “तोड़ देना” किया जा सकता है। लफ़्ज़ “तबाह” या “तबाही” का तर्जुमा “मलबा” या “तबाह ‘इमारते” या “तबाह किया गया शहर” या “तबाही” या “तोड़फोड़” या “बर्बादे” हो सकता है मज़मून पर मुनहस्सिर।

## किताब-ए-मुक़द्दस के के बारे में:

- 2 तवारीख़ 12:7-8
- 2 सलातीन 19:25-26
- रसूलों के ‘आमाल 15:15-18
- यसा’याह 23:13-14

## शब्दकोश:

- Strong's: H6, H1197, H1530, H1820, H1942, H2034, H2040, H2717, H2719, H2720, H2723, H2930, H3510, H3765, H3782, H3832, H4072, H4288, H4383, H4384, H4654, H4658, H4876, H4889, H5221, H5557, H5754, H5856, H6365, H7451, H7489, H7582, H7591, H7612, H7701, H7703, H7843, H8047, H8074, H8077, H8414, H8510, G2679, G2692, G3639, G4485

# तबाह होना, तबाह हुआ, तबाह करना, तबाही, तबाहियाँ

## ता'अर्रुफ़:

लफ़्ज़ "तबाह कर दिया" या "तबाही" किसी जायदाद या ज़मीन के बर्बाद या तबाह होने बारे में बताता है| अक्सर इसमें उस मुल्क के बाशिंदों को तबाह कर देना और बन्दी बनाना भी शामिल है।

- इसका हवाला बहुत शदीद और पूरी तरह से बर्बादी से है।
- मिसाल के तौर पर, सदोम शहर के बाशिंदों के गुनाह की सज़ा में ख़ुदा ने उस शहर को तबाह कर दिया था।
- लफ़्ज़ "तबाही" के मतलब में सज़ा या तबाही के ज़रिए' अज़ीम जज़्बाती ग़म से भी शामिल हो सकता है।

## तर्जुमे की सलाह के:

- "उजड़ना" का तर्जुमा "पूरी तरह से तबाह" या "पूरी तरह से बर्बाद" के तौर पर किया सकता है।
- मज़मून पर मुनह्सिर, "उजाड़" का तर्जुमा "पूरी तरह से तबाह " या "पूरा तबाह होना" या "बहुत ज़्यादा ग़म होना" या "मुसीबत होना" हो सकता है।

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- दानी'एल 08:24-25
- यरमियाह 04:13-15
- गिनती 21:29-30
- सफ़नियाह 01:12-13

## शब्दकोश:

- Strong's: H1110, H1238, H2721, H1826, H3615, H3772, H7701, H7703, H7722, H7843, H8074, H8077

# तरह, क़िस्में, हलीम, हलीमी

## ता'अर्रुफ़:

"हलीम" और "क़िस्म" लफ़्ज़ उन चीज़ों की मजमू'आ या दर्जाबन्दी के बारे में बताते हैं जो ख़ुसूसियात से मुंसलिक होते हैं"| हैं।

- किताब-ए-मुक़द्दस में, इस लफ़्ज़ का ख़ास तौर पर ख़ास क़िस्म के पेड़ और जानवरों के बारे में बताता है जिन्हें ख़ुदा ने बनाया जब उसने दुनिया की तख़लीक की|
- अक्सर "क़िस्म" में भी मुख़्तलिफ़ क़िस्में होती हैं| मिसाल के तौर पर, घोड़े, ज़ेबरा, और गधे वग़ैरह सब एक ही "क़िस्म" के लेकिन उनकी नसलें मुख़तलिफ़ हैं|
- एक ख़ास बात जिसमें "क़िस्म" को अलग अलग जमा'अत के तौर पर अलग करती है कि उस जमा'अत के अफ़राद उन की "नस्ल" में से ज़्यादातर दुबारा पेश कर सकते हैं| मुख़्तलिफ़ क़िस्म के लोग एक दूसरे के साथ ऐसा नहीं कर सकते

## तर्जुमें की सलाह

- इस लफ़्ज़ के तर्जुमा करने के तरीक़े में "तरह" या "दर्जा" या "क़ौम" या "जानवर(पौंधा) के नसल" या "क़िस्म"

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 01:20-21
- पैदाइश 01:24-25
- मरकुस 09:28-29
- मत्ती 13:47-48

## शब्दकोश:

- Strong's: H2178, H3978, H4327, G1085, G5449

# तरीक़ा , तरीक़े

## ता'अर्रुफ़:

तरीक़ा, ख़ास तौर से लिखा क़ानून हैं जो लोगों की ज़िन्दगी के लिए रास्ता तय करता है।

- लफ़्ज़ "क़ानून" "फ़रमान " और "हुक्म" और "क़ानून" और "डिक्री" के तरह है। इन सभी शर्तों में उन हुक्मों और ज़रूरतें शामिल हैं जिनमें ख़ुदावन्द अपने लोगों या हाकिमों को उनके लोगों को देता है।
- दाऊद बादशाह कहता था कि वह यहोवा के तरीक़ों से ख़ुश रहता था।
- “तरीक़ा” का तर्जुमा “ख़ास हुक्म ” या “ख़ुसूसी फ़रमान ” की शक्ल मैं किया जा सकता है।

(यह भी देखें: हुक्म , हुक्म, क़ानून, फ़रमान , यहोवा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 11:11-13
- इस्तिसना 06:20-23
- हिज़्क़ीएल 33:14-16
- गिनती 19:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: H2706, H2708, H6490, H7010

# तलवार, तलवारें, तलवार रखनेवाले

## ता'अरुफ़:

एक तलवार सपाट ब्लेड, धातु का एक हथियार होता है जो काटने या छेदने के लिए इस्ते'माल किया जाता है। इसमें एक बहुत तेज काटने वाले किनारे के साथ एक लम्बा धार ब्लेड और एक कुंदा होता है ।

पुराने ज़माने में तलवार के ब्लेड की लंबाई तक़रीबन 60 से 91 सेंटीमीटर थी। कुछ तलवारों में दोनों तरफ़ धार लगी होती है जिन्हें दोधारी तलवार कहते हैं।

- 'ईसा के शागिर्द भी ख़ुद की हिफ़ाज़त के लिए तलवारें रखते थे । पतरस अपनी तलवार चलाकर सरदार काहिन के ख़ादिम का कान काट दिया था

यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला और या'क़ूब रसूल दोनों का सिर तलवार से काटा गया था।

## तर्जुमा की सलाह:

एक तलवार ख़ुदा के लफ़्ज़ के लिए एक इस्ति'यार की शक्ल में इस्ते'माल किया जाता है । कलाम में ख़ुदा की ता'लीमों ने लोगों के अंदरूनी ख़्यालों को रोशन किया और उन्हें अपने गुनाहों के मुजरिम ठहराया। इसी तरह एक तलवार गहराई से काटती है, दर्द पैदा करती है। (देखें: इस्ति'यार

- इस 'अलामती इस्ते'माल का तर्जुमा करने का एक तरीक़ा हो सकता है, "ख़ुदा का कलाम तलवार जैसा है जो गहरा वार करके गुनाह को ज़ाहिर करता है"।
- इस आयत का एक दूसरा 'अलामती इस्ते'माल ज़बूर में हुआ है, जहां किसी शख़्स की ज़बान या 'एलान की बराबरी तलवार से होती है, जो लोगों को घायल कर सकती है। इसका तर्जुमा किया जा सकता है "जीभ एक तलवार की तरह है जो किसी को बुरी तरह से घायल कर सकती है।"
- अगर आपके माहोल में तलवारें नहीं जानी जाती हैं, तो इस लफ़्ज़ का तर्जुमा एक लंबे मोहरे हथियार के नाम से किया जा सकता है जिसका इस्ते'माल काटने या छेदने के लिए किया जाता है।

तलवार का तर्जुमा "धारवाला हथियार" या "लम्बी छुरी" भी किया जा सकता है। कुछ तर्जुमों में तलवार की तस्वीर देना भी मुनासिब हो सकता है।

(यह भी देखें:नए लफ़्ज़ों का तर्जुमा कैसे करे)

(यह भी देखें: या'क़ूब ('ईसा का भाई), युहन्ना (बपतिस्मा देनेबाला), जीभ, ख़ुदा का कलाम )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 12:1-2
- पैदाइश 27:39-40
- पैदाइश 34:24-26
- लूक़ा 02:33-35
- लूक़ा 21:23-24
- मत्ती 10:34-36
- मत्ती. 26:55-56
- मुक़ाश्फ़ा 01:14-16

## शब्दकोश:

- Strong's: H19, H1300, H2719, H4380, H6609, H7524, H7973, G3162, G4501

# तलाक़

## ता’अरुफ़:

तलाक़ देना शादी तोड़ने का कानूनी ‘अमल है। लफ़्ज़ "तलाक़" का मतलब है कि शादी का ख़ात्मा करने के लिए शौहर बीवी को रस्मी और कानूनी तौर से छोड़ देना।

- “तलाक” का लफ़्ज़ी मतलब हैः "अलग कर देना" या "रस्मी तौर से अलग होना।" और ज़बानों में तलाक़ के लिए इसी तरह का कोई लफ़्ज़ हो सकता है।
- "तलाक़ का फ़रमान" का तर्जुमा हो सकता है: " शादी तोड़ने के दस्तावेज़।"

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 08:8-11
- अहबार 21:7-9
- लूक़ा 16:18
- मरकुस 10:1-4
- मत्ती 05:31-32
- मत्ती 19:3-4

## शब्दकोश:

- Strong's: H1644, H3748, H5493, H7971, G630, G647, G863

# तवारीख़

## ता'अर्रुफ़:

"तवारीख़" या वक़्त के किसी ज़माने की लिखी हुई वारदात की तहरीर।

- पुराने 'अहद नामे की दो किताबें, "पहली तवारीख़" और "दूसरी तवारीख़" कहलाती हैं।
- "तवारीख़" की इन किताबों में इस्राईल की तवारीख़ का एक हिस्सा ज़ाहिर करता है जिनका शुरू' आदम से लेकर हर एक नसल के लोगों की फ़हरिस्त से है।
- "पहली तवारीख़"इस किताब में बादशाह साऊल की ज़िन्दगी का ख़ात्मा और बादशाह दाऊद की सल्तनत तहरीर है |
- "दूसरी तवारीख़" बादशाह सुलेमान और ग़ैर बादशाहों की बादशाहत का बयान है ,हैकल ता'मीर और उत्तरी सलतनत इस्राईल और दाख़िन की सलतनत यहूदा का बटवारा भी |
- दूसरी तवारीख़ की किताब के आख़ीर में बाबुल की ग़ुलामी के शुरू' होने की गुफ्तुगू की गयी है |

(यह भी देखें: बाबुल, दाऊद, ग़ुलामी, इस्राईल की सलतनत, यहूदा; सुलेमान)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 27:23-24
- 2 तवारीख़ 33:18-20
- आस्तर 10:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: H1697

# तशरीह करना, बयान करना, तफ़सीर दिया, तशरीह, मतलब बताना, तशरीहात , तर्जुमा करने वाला

## सच्चाई:

“ तशरीह करना” और “मतलब बताना” का मतलब है किसी अधूरी बात का मतलब समझाना।

- कलाम में इन लफ़्ज़ों के बारे ख़्वाब और रोया के मतलब बताने से है।
- बाबुल के बादशाह ने ख़्वाब देखा और वह परेशान हो गया तब ख़ुदावन्द ने दानिएल की मदद की कि वह उसका ख़्वाब बताए और उसका मतलब समझाए।
- ख़वाब का “मतलब” बताना या'नी उस का तर्जुमा समझाना।
- पुराने 'अहद नामे में ख़ुदा कभी-कभी ख़वाबों के ज़रिए' लोगों को मुस्तक़बिल की बातें बताता था। लिहाज़ा उन तर्जुमों का मतलब नबूव्वत होता था।

“मतलब बताना” दूसरी बातों की तशरीह समझाना भी होता है, जैसे कि यह मा'लूम करना कि मौसम कितना ठंडा या गर्म है, कैसी हवा है, और आसमान कैसा दिखता है।

- “मतलब बताना” का तर्जुमा “मतलब की वज़ाहत ” या “ख़ुलासा करना” या “मतलब समझाना” भी हो सकता है।
- “मतलब बताना” का तर्जुमा “तफ़सीर” या “मतलब का ख़ुलासा ” भी हो सकता है।

(यह भी देखें: बाबुल, दानिएल, ख़्वाब, नबी , मक़सद)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 12:9-11
- दानिएल 04:4-6
- पैदाइश 40:4-5
- क़ुज़ात 07:15-16
- लूका 12:54-56

## शब्दकोश:

- Strong's: H995, H3887, H6591, H6622, H6623, H7667, H7760, H7922, G1252, G1328, G1329, G1381, G1955, G2058, G3177, G4793

# तसल्ली, तसल्ली, तसल्ली दी, तसल्ली देने वाला, तसल्ली देनेवाला, तसल्ली देनेवाले, तसल्ली नहीं मिली

## ता'रीफ़:

“तसल्ली” और “तसल्ली देनेवाला” का बयान उस इन्सान से है जो जिस्मानी या जज़्बाती दर्द में मुब्तिला की मदद का बयान करने के लिए काम में लिया गया है।

- तसल्ली देने वाले को तसल्ली देने वाला कहते हैं
- पुराने ‘अहद नामे में “तसल्ली देना” ख़ुदा की क़ौम के लिए उसकी महरबानी और उसके प्यार और दुखों में उनकी मदद का बयान करने के लिए काम में लिया गया है।
- नये ‘अहद नामे में कहा गया है कि ख़ुदा अपनी पाक रूह के ज़रिये अपने लोगों को तसल्ली ‘अता करेगा। जिन्हें तसल्ली मिलती है वे बदले में दुःख उठानेवालों को तसल्ली देंगे।
- “इस्राईल का तसल्ली देने वाला ” मसीह के बारे में है जो अपने लोगों को नजात देगा।
- ’ईसा ने पाक रूह को मददगार कहा जो ‘ईसा पर ईमान रखने वालों की मदद करेगा |

## तर्जुमे की सलाह:

मज़मून के मुताबिक़ “तसल्ली देना “ का तर्जुमा हो सकता है “दुखों को हटाने वाला “या “(किसी को)दुःख से उबरने में मदद “ या “हौसला देते हैं” या तसल्ली “

- ”हमारी तसल्ली “इस जुमले का तर्जुमा हो सकता है ,”हमारा हौसला’या हमारी (किसी के)हमदर्दी “या “दुखी होने के वक़्त हमारी मदद”|
- लफ़्ज़"तसल्ली देनेवाला" का तर्जुमा"कोई इन्सान तसल्ली देता है" या "कोई इन्सान जो दर्द को कम करने में मदद करता है" या "कोई इन्सान जो हौसला देता है"।
- जब पाक रूह को "तसल्ली देनेवाला" कहा गया तो इसका तर्जुमा "तसल्ली देना वाला " या "मददगार " या "जो मदद और रास्ता दिखाता है।"
- जुमला "इस्राईल की तसल्ली" का तर्जुमा "मसीहा जो इस्राईल को तसल्ली ‘अता करता है" की शक्ल में किया जा सकता है।
- एक दिल पसन्दकलाम की तरह, "उनके पास कोई तसल्ली देनेवाला नहीं" का भी तर्जुमा किया जा सकता है, "कोई भी उन्हें तसल्ली नहीं देता" या "उन्हें हौसला देने या उनकी मदद करने के लिए कोई नहीं है।"

(यह भी देखें: हौसला देना , पाक रूह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 थिस्सलुनीकियों 05:8-11
- 2 कुरिन्थियों 01:3-4
- 2 समूएल 10:1-3
- रसूलों के आमाल 20:11-12

## शब्दकोश:

- Strong's: H2505, H5150, H5162, H5165, H5564, H8575, G302, G2174, G3870, G3874, G3875, G3888, G3890, G3931

# तस्वीर, तस्वीरों , खुली तस्वीर, खोदी हुई तस्वीर, धातु की तस्वीर , सूरत, तस्वीर बनाने वाला ,खुली हुई शक्ल, खुदी हुई शक्ल , धात की शक्ल ,

## ता’अर्रुफ़:

यह सब लफ़्ज़ झूठे मा'बूदों की 'इबादत में बुतों के बारे में हैं। बुत परस्ती के रिश्ते में बुत का मतलब था, तराशे हुए बुत।

- “ख़ुदी हुई तस्वीर” या “खुदे हुए बुत” लकड़ी से बनाया हुआ जानवर, इन्सान या किसी चीज़ की तरह नज़र आती हो।
- “धातु की खुदी हुई मूरत” धातु को पिघला कर सांचे में डालकर किसी चीज़, जानवर या इन्सान की शक्ल देना।
- यह लकड़ी के या धातु की तरह झूठे मा'बूदों की 'इबादत के काम में लिए जाते थे।
- किसी बुत के लिए “बुत” लफ़्ज़ का मतलब है लकड़ी या धातु के बुत ।

## तर्जुमा के लिए सलाह:

- बुत के बारे में “बुत ” का तर्जुमा “सूरत ” या “ख़ुदे हुए बुत ” या “ख़ुदी मज़हबी चीज़ ” किया जा सकता है।
- कुछ ज़बानों में इस लफ़्ज़ के साथ मनफ़ी लफ़्ज़ काम में लेना ज़्यादा बेहतर होगा जैसे “ख़ुदी हुई सूरत” या “ढले हुए बुत” चाहे कहीं-कहीं सिर्फ़ “बुत” या “लाठ” लफ़्ज़ हो जो असल ज़बान के हैं।
- वाज़ेह करें कि यह लफ़्ज़ ख़ुदा की सूरत से अलग हो।

(यह भी देखें: झूठे मा’बूद, ख़ुदावन्द, बुत, ख़ुदावन्द की सूरत )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 14:9-10
- रसूलों के ;आमाल 07:43
- यसा'याह 21:8-9
- मत्ती 22:20-22
- रोमियो 01:22-23

## शब्दकोश:

- Strong's: H457, H1544, H2553, H4541, H4676, H4853, H4906, H5257, H5262, H5566, H6091, H6456, H6459, H6754, H6755, H6816, H8403, H8544, H8655, G1504, G5179, G5481

# तहम्मुल , तहम्मूल से, सब्र करना , बर्दाश्त

## ता'अरुफ़:

"तहम्मुल " और "सब्र " लफ़्ज़ कठिन हालातों में मज़बूत खड़े रहने के बारे में है। "सब्र करना " में अक्सर इन्तिज़ार करना होता है।

- किसी के साथ तहम्मुल होने का मतलब है उससे मुहब्बत करना और उसकी गलतियों को मु'आफ़ कर देना।
- किताब-ए-मुक़द्दस में ख़ुदा के लोगों को ता'लीम दी गई है कि वे परेशानियों में सब्र करें और एक दूसरे की बर्दाश्त हो।
- अपनी रहमत की वजह से खुदा इन्सानों के साथ तहम्मुल वाला है जबकि वे सज़ा के लायक़ गुनहगार हैं।

(यह भी देखें: बर्दाश्त करना, मुआ'फ़ी , सब्र)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 पतरस 03:18-20
- 2 पतरस 03:8-9
- इब्रानियों 06:11-12
- मत्ती 18:28-29
- ज़ुबूर 037:7
- मुक़ाशिफा 02:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: H750, H753, H2342, H3811, H6960, H7114, G420, G463, G1933, G3114, G3115, G3116, G5278, G5281

# ताज , ताज, ताज पहनाना, ताज रखा

## ता’अर्रुफ़:

ताज बादशाह रानी के सिर पर पहना जानेवाला ज़ेवर हैं। “ताज पहनाना” का मतलब किसी के सिर पर ताज रखना ; जिसका ‘अलामती मतलब है “इज़्ज़त करना।”

- ताज सोने या चांदी के बने होते थे और उनमे क़ीमती पत्थर मरकत और माणिक जड़े होते थे।
- ताज बादशाह की ताक़त और माल -दौलत का निशान था।
- इसके बरख़िलाफ़ सिपाहियों ने ‘ईसा के सिर पर कांटों का ताज रखा था तो वह उसका मज़ाक़ उड़ाने और उसे दुःख देने के लिए था।
- पुराने ज़माने में जीतने वाले खिलाड़ियों को जैतून के पेड़ की टहनियों का ताज पहनाया जाता था। पौलुस रसूल तीमुथियुस को लिखे दूसरे ख़त में इस ताज की गुफ़्तुगू करता है।
- तम्सीली शक्ल में “ताज पहनाने” का मतलब है इज़्ज़त करना। हम ख़ुदा का हुक्म मानकर और ग़ैरों में उसकी ता’रीफ़ बयान करके उसकी इज़्ज़त करते हैं। यह ऐसा है जैसे उसके सिर पर ताज रखना और उसे बादशाह क़ुबूल करना।
- पौलुस ईमानदारों को अपनी “ख़ुशी और ताज ” कहता है। इस कलाम में “ताज ” का मतलब ‘अलामती है जिसका मतलब है कि पौलुस बहुत बरकत से मा’मूर और क़ाबिल-ए-इज़्ज़त है क्योंकि ईमानदार ख़ुदा की ख़िदमत में यकीन के लायक़ रहे हैं।
- तम्सीली शक्ल में इस्ते’माल करने पर ताज का तर्जुमा “इना’म ” या “इज़्ज़त ” या “बदला ” किया जा सकता है।
- “ताज पहनाने” को जब तम्सीली शक्ल में काम में लिया जाए तो इसका तर्जुमा “इज़्ज़त देना” या “आरास्ता करना” हो सकता है।
- किसी को ताज पहनाने का तर्जुमा हो सकता है, “उसके सिर पर ताज रखा गया”।
- “जलाल और इज़्ज़त का ताज ” का तर्जुमा “उसे ता’ज और इज़्ज़त दिया गया” या “उसे जलाली या क़ाबिल-ए-इज़्ज़त किया गया” या “वह जलाल और इज़्ज़त के साथ मा’मूर था”।

(यह भी देखें: जलाल, बादशाह, जैतून)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- यूहन्ना 19:1-3
- नोहा 05:15-16
- मत्ती 27:27-29
- फिलिप्पियों 04:1-3
- जुबूर 021:3-4
- मुकाशिफ़ा 03:9-11

## शब्दकोश:

- Strong's: H2213, H3803, H3804, H4502, H5145, H5849, H5850, H6936, G1238, G4735, G4737

# ताबे' होना, ताबे' रहना, ताबे' हुआ, ताबे' रहना, ताबे'दार ,ताबे'दारी में

## ता'अर्रुफ़:

“ताबे' होना” का 'आम मतलब है अपनी मर्ज़ी से किसी के या हुकूमत के ताबे' होना।

- कलाम में 'ईसा के ईमानदारों को कहा गया है कि वह अपनी ज़िन्दगी में ख़ुदा और दूसरे हाकिमों के ताबे रहो ।
- “एक दूसरे के ताबे' रहो” या'नी हलीमी से एक दूसरे को क़ुबूल करें और अपने जैसे दूसरों की ज़रूरतों पर ज़्यादा तवज्जह दें।
- “ताबे'दारी में रहो” या'नी ख़ुद को किसी के ताबे' रखो।

## तर्जुमा की सलाह:

- “ताबे' रहो” का तर्जुमा “इख्तियार के नीचे हो जाओ” या “रहनुमाई की पैरवी करो” या “हलीमी से 'इज़्ज़त करो और बड़ाई करो”।
- “ताबे'दारी” का तर्जुमा “हुक्मों पर 'अमल” या “ इख्तियार को क़ुबूल करना” हो सकता है।
- “ताबे'दारी में रहो” का तर्जुमा “करो” फरमा बरदार या “किसी के मातहत रहो”।
- “ताबे'दारी में रहो” का तर्जुमा “हलीमी से इख्तियार को क़ुबूल करो”

(यह भी देखें: मज़मून )

## किताब -ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 14:34-36
- 1 पतरस 03:1-2
- 'इब्रानियों 13:15-17
- लूक़ा 10:17-20

## शब्दकोश:

- Strong's: H3584, H7511, G5226, G5293

# तारीकी

## ता’अर्रुफ़

तारीकी का लफ़्ज़ी मतलब है रोशनी की ग़ैरमौजूदगी| इस लफ़्ज़ के ’अलामती मतलब भी हैं:

- इस्ता’रा की शक्ल में “तारीकी” का मतलब “नापाकी”, या “बुराई”, या “रूहानी अँधापन” है |
- यह गुनाह और इख़लाक़ी फ़सादात के हवाले से है|
- “तारीकी का बादशाह” इस जुमले का मतलब है सब कुछ जो बुरा है और शैतान के ताबे’ है|
- तारीकी मौत की शक्ल भी है| (देखें: इस्ता’रा
- जिन इंसानों को ख़ुदा का ‘इल्म नहीं उन्हें उनके लिए कहा जाता है कि वे “तारीकी में रह रहे हैं” या’नी रास्तबाज़ी को समझते नहीं और न ही उसका सुलूक करते हैं|
- ख़ुदा नूर(रास्तबाज़ी) है और तारीकी (बुराई)उस पर नहीं छा सकती है|
- ख़ुदा को छोड़ने वालों को सज़ा की जगह को कभी-कभी “बाहरी तारीकी” कहा जाता है|

## तर्जुमे की सलाह

- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा जैसा का तैसा करना ठीक है, मक़सदी ज़बान में इसका मुतरज्जिम लफ़्ज़ जिसका ता’अल्लुक रोशनी की ग़ैरमौजूदगी से है | यह किसी कमरे की तारीकी का भी लफ़्ज़ हो सकता है जहाँ रोशनी नहीं या वक़्त का वह पहर जब रोशनी नहीं होती|
- ‘अलामती इस्ते’माल में भी रोशनी के मुख्तलिफ़ लफ़्ज़ का मतलब ज़ाहिर होना है, भलाई और सच्चाई के मुख़ालिफ़ बुराई और धोके का ज़िक्र करना|
- मज़मून पर मुनहस्सिर इसका तर्जुमा हो सकता है, “रात की तारीकी” (जैसा कि “दिन की रोशनी” की मुख़ालिफ़त की गयी थी) या “कुछ भी नहीं देखना, रात की तरह” या “बुराई, तारीक जगह जैसा|

(यह भी देखें: फ़साद, इख़्तियार, बादशाही, नूर, नजात देना, रास्तबाज़

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 युहन्ना 01:5-7
- 1 युहन्ना 02:7-8
- 1 थिस्लुनीकियो 05:4-7
- 2 समूएल 22:10-12
- कुलस्सियो 01:13-14
- यसा’याह 05:29-30
- यरमियाह 13:15-17
- यशू’अ 24:7
- मत्ती 08:11-13

## शब्दकोश:

- Strong's: H652, H653, H2816, H2821, H2822, H2825, H3990, H3991, H4285, H5890, H6205, G2217, G4652, G4653, G4655, G4656

# ताक़त, ताक़तवर करना, मज़बूत किया, मज़बूत, मज़बूत करना

## सच्चाई:

“ताक़त” या'नी जिस्मानी, जज़्बाती या रूहानी ताक़त। “ मज़बूत करना” (क़ायम होना, मज़बूत होना) या'नी किसी को ज़्यादा ताक़तवर बनाना।

- “ताक़त” का मतलब यह भी है कि किसी तरह की मुख़ालिफ़ ताक़त का सामना करना।
- आज़माइश में नहीं गिरनेवाले में “मर्ज़ी की ताक़त ” होती है।
- ज़बूर का मुंसिफ़ यहोवा को अपनी “ताक़त” कहता है या'नी ख़ुदा उसे ताक़तवर होने में मदद करता है।
- दीवार या हैकल जैसी 'इमारत को मज़बूत किया जाए तो इसका मतलब है कि उसको दोबारा तैयार किया जा रहा है उसमें पत्थर और ईंटों को जोड़कर उसे ज़्यादा मज़बूत किया जा रहा है कि वह हमले का सामना कर पाए।

## तर्जुमा की सलाह:

- “ मज़बूत करना” का 'आम तर्जुमा हो सकता है, “ मज़बूत करना” या “ज़्यादा ताक़तवर बनाना”।
- रूहानी मतलब में “अपने भाइयों को मज़बूत कर” का तर्जुमा होगा, “अपने भाइयों की हौसला अफ़ज़ाई कर” या “अपने भाइयों को सब्र करने में मदद हासिल कर”।
- लिखी हुई मिसालें इन लफ़्ज़ों का मतलब दिखाते हैं, और इसलिए उनका तर्जुमा कैसे किया जा सकता, जब उन्हें लंबे वक़्त तक तजुर्बे में शामिल किया जाता है।
- “पटके की ताक़त ” या'नी “पूरी ताक़त देना जैसे पटका कमर को घेरे रहता है”।
- “सुकून और ईमान तेरी ताक़त होगी” या'नी “पुर सुकून भरोसा और ख़ुदा में ईमान तुझे रूहानी ताक़त हासिल करेगा”।
- "अपनी ताक़त का तजुर्बा करेगा" का मतलब "फिर से मजबूत हो जाएंगे”।
- "मेरी ताक़त और मेरी 'अक़्ल से मैंने काम किया" इसका मतलब है "मैंने यह सब किया है क्यूँकि मैं बहुत ताक़तवर और 'अक़्लमन्द हूं।"
- "दीवार को मजबूत करें" का मतलब है "दीवार को मज़बूत करना" या "दीवार को फिर से बनाना"।
- “मैं तुझे मज़बूत करूंगा” या'नी “मैं तुझे ताक़तवर बनाऊंगा”।
- “नजात और ताक़त यहोवा से है, या'नी “सिर्फ़ यहोवा हमारी नजात करता है और हमें ताक़त देता है”।
- “ ताक़त की चट्टान” या'नी “वह ईमान के लायक़ है जो तुझे ताक़त देता है”
- “उसकी दहिने हाथ की नजात की ताक़त से” या'नी “वह तुझे मुसीबतों से ताक़त के ज़ोर उबारता है जैसे कोई तुझे ताक़तवर हाथ से पकड़े रहे”।
- “छोटी ताक़त” या'नी “कमज़ोर” या “ज़यादा मज़बूत नहीं”।
- “अपनी पूरी ताक़त से” या'नी “अपने पूरी कोशिश से” या “मज़बूती से मुकम्मल तौर से ”

(यह भी देखें: ईमान, मज़बूत रहना, दाहिना हाथ, नजात)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 सलातीन 18:19-21
- 2 पतरस 02:10-11
- लूक़ा 10:25-28
- ज़बूर 021:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: H193, H202, H353, H360, H386, H410, H553, H556, H905, H1082, H1369, H1396, H1679, H2220, H2388, H2391, H2392, H2393, H2428, H2633, H3027, H3028, H3559, H3581, H3811, H3955, H4206, H4581, H5326, H5331, H5332, H5582, H5797, H5807, H5810, H5934, H5975, H6106, H6109, H6697, H6965, H7292, H7293, H7296, H7307, H8003, H8443, H8510, H8632, H8633, G461, G772, G950, G1411, G1412, G1743, G1765, G1840, G1849, G1991, G2479, G2480, G2901, G2904, G3619, G3756, G4599, G4732, G4733, G4741

# ताक़त, ताक़तवर, बहुत ताक़तवर, ताक़त से

## ता'अरुफ़:

"क़ादिर-ए-मुतलक़" और "ताक़त" के बारे में बड़ी क़ूव्वत या ताक़त से है।

- "ताक़तवर" हमेशा "मज़बूती" के लिए दूसरा लफ़्ज़ है। ख़ुदावन्द के बारे में बात करते वक़्त इस लफ़्ज़ का मतलब "क़ूव्वत" हो सकता है।
- "ताक़तवर आदमी" के बारे में हिम्मत और जंग में माहिर आदमियों के लिए किया गया है। दाऊद के ईमानदार साथी जो उसकी हिफ़ाज़त और देखरेख करते थे उन्हें कई बार "ताक़तवर आदमी" कहा गया है।
- ख़ुदावन्द को भी "क़ादिर-ए-मुतलक़" कहा गया है।
- " क़ुदरत वाले काम" हमेशा ख़ुदावन्द के मो'जिज़ों, ख़ास करके अजीब कामों को कहा गया है
- यह लफ़्ज़ "क़ादिर-ए-मुतलक़" ख़ुदा के नारे में है जो ख़ुदावन्द के लिएआम बयान है जिसका मतलब है कि उसके पास पूरी क़ूव्वत है।

## तर्जुमा के लिए सलाह:

- बयान के मुताबिक़ "ताक़तवर" लफ़्ज़ का तर्जुमा हो सकता है, "ताक़तवर" या "" या हैरत अंगेज़"बहुत मज़बूत "
- "उसकी ताक़त" का तर्जुमा हो सकता है, "उसकी क़ूव्वत" या "उसकी ताक़त"।
- रसूलों के 'आमाल 7 में मूसा को "कलाम और अमल दोनों में ताक़तवर" कहा गया है। इसका तर्जुमा हो सकता है, "मूसा ख़ुदावन्द के ताक़तवर कलाम बोलता था और अजीब काम करता था।" या "मूसा ख़ुदावन्द के कलाम की ताक़त के साथ कलाम करता था और अजीब के काम करता था।"
- बयान के मुताबिक़ , "ताक़तवर काम" का तर्जुमा हो सकता है, "ख़ुदावन्द के ज़रिए' काम " या "मो'जिज़ा" या "ख़ुदावन्द ताक़त के साथ काम करता है।"
- "ताक़त" का तर्जुमा "क़ूव्वत" या "बहुत मज़बूत " हो सकता है।
- इस लफ़्ज़ का अंग्रेजी में इमकान केलिए इस्ते'माल किया जाता है जैसे बारिश हो सकती है।

(यह भी देखें:[क़ादिर-ए-मुतलक़, मो'जिज़ा, क़ूव्वत, बल

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के ;आमाल . 07:22-25
- पैदाइश 06:4
- मरकुस 09:38-39
- मत्ती 11:23-24

## शब्दकोश:

- Strong's: H46, H47, H117, H193, H202, H352, H386, H410, H430, H533, H650, H1219, H1368, H1369, H1370, H1396, H1397, H1401, H1419, H2220, H2389, H2394, H2428, H3201, H3524, H3581, H3966, H4101, H5794, H5797, H5807, H5868, H6099, H6105, H6108, H6184, H6697, H6743, H7227, H7580, H7989, H8623, H8624, H8632, G972, G1411, G1413, G1414, G1415, G1498, G1752, G1754, G2159, G2478, G2479, G2900, G2904, G3168, G3173, G5082

# ता’मीर करना, ता’मीर की, ता’मीर करने वाला, बुनियाद, बुनियादें

## ता’अरुफ़:

फ़े’अल लफ़्ज़ “ता’मीर करना” का मतलब ता’मीर, बनाना या उसके लिए बुनियाद रखना। जुमले “पर क़ायम” का मतलब है हिमायत की या उसकी बुनियाद पर। “बुनियाद” वह नींव है जिस पर ता’मीर किया जाता है।

- घर या ‘इमारत की नींव मज़बूत होनी चाहिए, वह पूरी ता’मीर को संभालने के लिए मुनहस्सिर करने के लायक़ होनी चाहिए।
- “बुनियाद” का हवाला किसी बात को शुरू’ से भी हो सकता है या वह वक़्त जब किसी चीज़ को ता’मीर किया गया था।
- ‘अलमाती मतलब में, मसीह के ईमानदारों का मुक़ाबला एक ऐसी ‘इमारत से किया गया है जिसकी नींव रसूलों और नबियों की ता’लीम पर पड़ी है जिस ‘इमारत के कोने का पत्थर मसीह ख़ुद है।
- “नींव का पत्थर” नींव में रखा गया पत्थर होता है। इन पत्थरों को आज़मा कर देखा जाता था कि वे पूरी ‘इमारत को संभालने के लिए मज़बूत हैं या नहीं।

## तर्जुमे की सलाह:

- जुमला “दुनियाँ की तख़लीक से पहले” का तर्जुमा किया जा सकता है, “क़ायनात की तख़लीक से पहले”, या “क़ायनात के ज़ाहिर होने के वक़्त से पहले” या “पूरी क़ायनात के बनने से पहले”।
- लफ़्ज़ “बुनियाद... मज़बूत करके रखी” का तर्जुमा हो सकता है, “हिफ़ाज़ती बनाया” या “मज़बूती से बुनियाद रखना”।
- मज़मून पर मुनहस्सिर “नींव” का तर्जुमा “मज़बूत नींव” या “ठोस बुनियाद” या “शुरू’” या “तख़लीक”।

(यह भी देखें: कोने का पत्थर, बनाना)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 06:37-38
- 2 तवारीख़ 03:1-3
- हिज़क़ीएल 13:13-14
- लूक़ा 14:28-30
- मत्ती 13:34-35
- मत्ती 25:34-36

## शब्दकोश:

- Strong's: H134, H787, H803, H808, H2713, H3245, H3247, H3248, H4143, H4144, H4146, H4328, H4349, H4527, H6884, H8356, G2310, G2311, G2602

# तीरंदाज़, तीरंदाज़ों

## ता’अरुफ़:

“तीरंदाज़” धनुष और तीर को हथियार की तरह काम में लेने में माहिर आदमी ।

- कलाम में तीरंदाज़ एक सिपाही है जो फ़ौज में धनुष और तीर का इस्तेमाल करता है।
- तीरंदाज़ अश्शूरों की फ़ौज का सबसे ख़ास हिस्सा थे।
- कुछ ज़बानों में इसके लिए अपना लफ़्ज़ होगा जैसे “तीरंदाज़”

(यह भी देखें: अश्शूर)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 शमूएल 31:1-3
- 2 तवारीख़ 35:23-24
- पैदाइश 21:19-21
- यशायाह 21:16-17
- अय्यूब 16:13-14
- अम्साल 26:9-10

## शब्दकोश:

- Strong's: H1167, H1869, H2671, H2686, H3384, H7198, H7199, H7228

# तुरही, तुरहियां, तुरही फूँकनेवालों

## ता'अर्रुफ़:

"तुरही" मौसीक़ी के लिए या लोगों को 'ऐलान या मजलिस के लिए इकठ्ठा करने के लिए बजाने वाला था।

- तुरही आमतौर पर धातु, शंख या जानवर के सींग से बनाई जाती थी।
- तुरही जुंग के लिए या इस्राईल की मजलिसे आम के लिए फूंकी जाती थी।
- मुकाश्फ़ा की किताब में आख़ीर वक़्त के मन्ज़र का बयान किया गया है जब फ़रिश्ते तुरही फूंकेंगे जो ज़मीन को खुदा के ग़ज़ब को उण्डेले जाने का इशारा होगा।

(यह भी देखें: फ़रिश्ता , मजलिस , ज़मीन , सींग, इस्राईल, ग़ज़ब)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 13:7-8
- 2 सलातीन 09:11-13
- ख़ुरूज 19:12-13
- इब्रानियों 12:18-21
- मत्ती 06:1-2
- मत्ती 24:30-31

## शब्दकोश:

- Strong's: H2689, H2690, H3104, H7782, H8619, H8643, G4536, G4537, G4538

# तूमार , तूमारों

## ताअर्रुफ़:

पुराने ज़माने में, एक किताब तूमार या चमड़े की बनी एक छोटी चादर होती थी जिस पर लिखकर उसे लपेट लिया जाता था।

- लिखकर या पढ़ कर उसे फिर दोनों सिरों पर लगे डंडों पर लपेट दिया जाता था।
- क़ानूनी कागज़ात ओर मज़हबी-सहीफ़ों के लिए किताब काम में ली जाती थी।
- क़ासिद के हाथ लाई गई उन किताब पर मोम की मुहर लगी होती थी। जब किताब (दस्तावेज़ों) हासिल होने पर मोम अभी भी मौजूद था, तो हासिल करने वाले को पता था कि किताब को पढ़ने के लिए किसी ने भी इसे खोला नहीं था या उस पर लिखने के बा'द से इसे सील कर दिया गया था।
- 'इब्रानी मज़हब की मुक़द्दस किताब (दस्तावेज़ों) इबादतख़ानों में पढ़े जाते थे।

(यह भी देखें: मुहर, ‘इबादतख़ाना, ख़ुदा का कलाम)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- यरमियाह 29:1-3
- लूक़ा 04:16-17
- गिनती 21:14-15
- मुक़ाश्फा 05:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: H4039, H4040, H5612, G974, G975

# तेल

## ता’अरुफ़:

तेल एक मोटा, पानी जैसी चीज़ है जो पेड़ों से निकाला जाता है। किताब-ए-मुक़द्दस के ज़माने में ज़ैतून का तेल ज़्यादातर काम में लिया जाता था।

- ज़ैतून का तेल पकाने, मसह करने, क़ुर्बानी चढ़ाने, चराग़ जलाने और दवाइयाँ के बनाने में काम में लिया जाता था।
- पुराने ज़माने में ज़ैतून का तेल बेशक़ीमत था और तेल का जमा’ करना दौलत का पैमाना माना जाता था।
- यक़ीनी बनाएँ कि इस लफ़्ज़ का तर्जुमा पकाने के तेल का मतलब ज़ाहिर करे न कि, गाड़ियों में डालने वाले तेल का। कुछ ज़बानों में इन अलग-अलग तेलों के लिए अलग अलग लफ़्ज़ है।

(यह भी देखें: ज़ैतून, क़ुर्बानी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 शमूएल 01:21-22
- ख़ुरूज 29:1-2
- अहबार 05:11
- अहबार 08:1-3
- मरक़ुस 06:12-13
- मत्ती 25:7-9

## शब्दकोश:

- Strong's: H1880, H2091, H3323, H4887, H6671, H7246, H8081, G1637, G3464

# तख़्त, तख़्तों, तख़्त नशीन होना

## ता’अर्रुफ़:

एक तख़्त एक ख़ास शक्ल से बनाई गई कुर्सी है जहाँ एक हाकिम बैठता है जब वह अहम मामलों का फ़ैसला करता है और अपने लोगों की फ़रियाद को सुनता है।

- तख़्त हाकिम का इख़्तियार और ताक़त का निशान है।
- “तख़्त ” लफ़्ज़ का तमसीली इस्ते’माल बादशाह या उसकी सल्तनत या उसकी कुदरत के लिए भी किया जाता है। (देखें: ‘इल्म बयान की एक सिफ़त )
- किताब-ए-मुक़द्दस में ख़ुदा को बादशाह की शक्ल में तख़्त पर बैठे हुए कहा गया है। ‘ईसा को ख़ुदा बाप के दाहिनी ओर तख़्त पर बैठा हुआ बयान किया गया था।
- ‘ईसा ने कहा कि आसमान ख़ुदा का अर्श है। इसका तर्जुमा , "जहां ख़ुदा बादशाह की शक्ल में सल्तनत करता है" किया जा सकता है।

(यह भी देखें इख़्तियार, ताक़त , बादशाह , बादशाहत करना)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- कुलुस्सियों 01:15-17
- पैदाइश 41:39-41
- लूका 01:30-33
- लूका 22:28-30
- मत्ती 05:33-35
- मत्ती 19:28
- मुक़ाशिफ़ा 01:4-6

## शब्दकोश:

- Strong's: H3427, H3676, H3678, H3764, H7675, G968, G2362

# दरख़्त , पेड़ , लगाए गए, पेड़ लगाना, बनाना , दोबारा बनाना , एक जगह से दूसरी जगह लगाना , बोना, बोया बोया, बोया, बुवाई

## ता'अरुफ़:

एक "पेड़" आम तौर पर कुछ ऐसा होता है जो बढ़ता है और जमीन से जुड़ा होता है। “बोना” या'नी ज़मीन में बीज डालना कि पेड़ उगें। “बोनेवाला” वह शख़्स है जो बीज डालता है या पेड़ लगाता है।

- बीज बोने और पेड़ लगाने का तरीक़ा अलग-अलग होता है। एक तरीक़े में बीज हाथ में लेकर ज़मीन पर बोया जाता हैं।
- एक और तरीक़ा है जिसमें ज़मीन में छेद करके बीज डाले जाते हैं।
- “बोना” लफ़्ज़ का इस्ते'माल 'अलामती शक्ल में भी किया जाता है जैसे,जो शख़्स बोता है वही काटता है। कहने का मतलब है कि शख़्स बुरा करता है तो ग़लत नतीजा होता है, अगर कोई शख़्स अच्छा करता है, तो उसे सही का फ़ल हासिल होगा ।

## तर्जुमा की सलाह:

- 'बोना' लफ़्ज़ को "पेड़" के शक्ल में भी तर्जुमा किया जा सकता है। वाज़ेह करें कि इसका तर्जुमा करने के लिए लफ़्ज़ लगाना बीज शामिल कर सकते हैं ।
- "बोनेवाला" का तर्जुमा करने के कई तरीकों में "बोनेबाला" या "किसान" या " शख़्स जो पेड़ों के बीज बोते हैं" शामिल हो सकते हैं।
- अंग्रेजी में, "बोना " का इस्ते'माल सिर्फ़ बीज लगाए जाने के लिए किया जाता है, लेकिन अंग्रेजी लफ़्ज़ "पेड़" का इस्ते'माल बीज के साथ-साथ बड़ी चीजों जैसे कि दरख़्तों के लिए किया जा सकता है। कई ज़बानों में भी अलग-अलग लफ़्ज़ों का इस्ते'माल किया जा सकता है, जो कि लगाए जा रहे हैं पर मुन्हसिर करता है।
- जुमला "किसी शख़्स ने जो कुछ भी बोया है" का भी तर्जुमा किया जा सकता है "एक सही तरह के बीज की तरह ही एक सही तरह का पेड़ पैदा होता है, इसी तरह से किसी शख़्स की अच्छी देखभाल से अच्छे नतीजे आएंगे और एक शख़्स की लापरवाही से बुरे नतीजे आएंगी। "

(यह भी देखें:बुराई, भलाई, कटनी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- गलातियों 06:6-8
- लूक़ा 08:4-6
- मत्ती. 06:25-26
- मत्ती 13:3-6
- मत्ती. 13:18-19
- मत्ती. 25:24-25

## शब्दकोश:

- Strong's: H2221, H2232, H2233, H2236, H4218, H4302, H5193, H7971, H8362, G4687, G4703, G5300, G5452 , G6037

# दस हुक्म

## सच्चाई:

"दस हुक्म " हुक्म थे कि ख़ुदा ने मूसा को सीनै पहाड़ पर दिया था, जब इस्राईलियों ने कना'न मुल्क के रास्ते में वीराने में रह रहे थे। ख़ुदा ने दस हुक्म पत्थरों की दो तख़्तियों पर लिखी थी।

- ख़ुदा ने इस्राईलियों को हुक्म मानने के लिए बहुत से हुक्म दिए थे,पर दस हुक्म ख़ास थे कि इस्राईली ख़ुदा से मुहब्बत करना और उसकी इबादत करना और आपस में मुहब्बत रखें।
- ये हुक्म उनके साथ ख़ुदा के 'अहद का एक हिस्सा भी था ख़ुदा के हुक्म को मानना इस्राईली यह साबित करते थे कि वे ख़ुदा से मुहब्बत करते थे और उसके लोग हैं।
- उन पत्थरों पर लिखी गए हुक्मो के साथ पत्थर की तख़्तियों को 'अहद का सन्दूक़ में रखा गया था, जो कि ख़ेमे के सबसे पाक जगह और बा'द में हैकल में मौजूद था।

(यह भी देखें: 'अहद का सन्दूक़, हुक्म , 'अहद , रेगिस्तान, शरी'अत , मानना , सीनै, इबादत )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- इस्तिसिना 04:13-14
- इस्तिसिना 10:3-4
- ख़ुरूज 34:27-28
- लूका 18:18-21

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसाल :

- **13:07** ख़ुदा ने यह _दस हुक्म _ मूसा को दो पत्थर की तख्तियों पर लिख के दे दी |
- **13:13** जब मूसा पहाड़ से नीचे उतर आया, और उसने उस मा'बूद को देखा, तो उसका ग़ज़ब भड़क उठा, और उसने तख्तियों को अपने हाथों से पहाड़ के नीचे पटककर तोड़ डाला, क्योंकि वह ख़ुदा के _दस हुक्मों _ के ख़िलाफ़ था |
- **13:15** तब मूसा ने पहली तख्तियों की तरह दो और तख्तियाँ गढ़ी; क्योंकि पहली उसने तोड़ डाली थी |

## शब्दकोश:

- Strong's: H1697, H6235

## दसवां, दसवें, दसवां हिस्सा, दसवें हिस्से

### ता'अर्रुफ़:

"दसवां" या "दसवां हिस्सा " का मतलब है, पैसा, फ़सल, जानवरों या और जायदाद का दस फ़ीसद हिस्सा ख़ुदा को देते थे।

- पुराने 'अहद नामे में ख़ुदा ने इस्राईल को हुक्म दिया था कि वे अपने सब कुछ का दसवां हिस्सा ख़ुदा के लिए शुक्र के हदिये की शक्ल में अलग कर दे।
- यह हदिये लावियों के याद के लिए थी क्योंकि वे इस्राईलियों के लिए काहिनो की ख़िदमत करते थे और घर और हैकल की देखरेख करते थे।
- नये 'अहद नामे में ख़ुदा के लिए दसवां हिस्सा अलग करने का हुक्म तो नहीं है लेकिन हलीमी और ख़ुशी से देने का ख़्याल है कि मसीही ख़िदमत में मदद और गरीबों को मदद मिली हो।
- इसका तर्जुमा हो सकता है, "दसवां हिस्सा " या "दस में से एक।"

(यह भी देखें: ईमान , इस्राईल, लेवी, ज़िन्दगी , मेलिकिसिदक, ख़ादिम , क़ुर्बानी सुलह का ख़ेमा, हैकल )

### किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 14:19-20
- पैदाइश 28:20-22
- इब्रानियों 07:4-6
- यसा'याह 06:13
- लूका 11:42
- लूका 18:11-12
- मत्ती 23:23-24

### शब्दकोश:

- Strong's: H4643, H6237, H6241, G586, G1181, G1183

# दहलीज़ , दहलीज़ों

## ता’अर्रुफ़:

कभी-कभी “दहलीज़ ” मकान का वह हिस्सा भी होता है जो दाख़िल होने के दरवाज़े के अन्दर का हिस्सा है।

- कभी-कभी दहलीज़ लकड़ी या पत्थर की एक पट्टी होती है, जिस पर कमरे या मकान में दाख़िल होने के लिए कदम रखते है।
- फाटक और ख़ेमे दोनों के दाख़िल होने के दरवाज़े पर दहलीज़ हो सकती है।
- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा मक़्सदी ज़बान में उस लफ़्ज़ से किया जाना चाहिए जो एक घर के बहुत दाख़िले के दरवाज़े की जगह का हवाला देता है जहाँ से एक आदमी घर में दाख़िल होता है।
- अगर “दरवाज़े ” लिए कोई लफ़्ज़ नहीं है, तो इसका तर्जुमा "दरवाज़ा " या "खोलने" या " दाख़िल होने का दरवाज़ा " की शक्ल में भी किया जा सकता है।

(यह भी देखें: फाटक, ख़ेमा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 09:17-19
- हिज़क़ीएल 09:3-4
- यसा’याह 06:4-5
- अम्साल 17:19-20

## शब्दकोश:

- Strong's: H624, H4670, H5592

# दाँवना, दाँवना, दाएँ हुए, दाँवने

## ता’अर्रुफ़:

- “दाँवना” और “दाँवने” गेहूं से गेहूं का दाना अलग करने के काम को कहते हैं।
- गेहूं के पेड़ को दाँवना से पुआल और भुसा से अनाज को ढीला करता है। बाद में अनाज को "फटका जाता है" ताकि बेकार चीज़ों से अनाज को पूरी तरह से अलग किया जा सके, केवल उस हिस्से को छोड़कर जो खाया जा सकता है।
- किताब-ए-मुक़द्दस के ज़माने में खलिहान एक बराबर बड़ी चट्टान होती थी या मलबा दबा कर कठोर बनाया हुआ फर्श होता था जिस पर गेहूं की दाँवनी की जाती थी कि गेहूं के दाने अलग किए जाएं।
- “दंवनी छकड़ा” या “दंवनी चर्खी” गेहूं को रौंदने और दानों को भूसी से अलग करने के काम में लिया जाता था।
- “दंवनी हथौड़ा” या “दंवनी पटल” गेहूं के दानों की अलग करने के लिए काम में लिया जाता था। यह लकड़ी का एक तख्ता होता था जिसमें कीले लगी होती थी।

(यह भी देखें: भूसी, अनाज , हवा में उड़ाना)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 तवारीख़ 03:1-3
- 2 सलातीन 13:6-7
- 2 समूएल 24:15-16
- दानीएल 02:34-35
- लूका 03:17
- मत्ती 03:10-12
- रूत 03:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: H212, H4173, H1637, H1758, H1786, H1869, H2251, G248

# दाख़ की बारी, दाख़ की बारियों

## ता’रीफ़:

दाख की बारी एक बड़ा बगीचा का ‘इलाक़ा है जहाँ अंगूर उगते हैं और अंगूर की खेती होती है।

- दाख की बारी दीवारों से घिरी होती है कि चारों ओर जानवरों से दाख की हिफाज़त की जाए।
- ख़ुदा इस्राईल की बराबरी दाख की बारी से करता है और उसमें अच्छे फल नहीं लगे। (देखें: मिसाल
- दाख की बारी का तर्जुमा किया जा सकता है, “अंगूरों का बगीचा” या “अंगूर की खेती”

(यह भी देखें: अंगूर, इस्राईल, दाखलता)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 09:20-21
- लूका 13:6-7
- लूका 20:15-16
- मत्ती 20:1-2
- मत्ती 21:40-41

## शब्दकोश:

- Strong's: H64, H1612, H3657, H3661, H3754, H3755, H8284, G289, G290

# दाख़लता, दाख़लताओं

## ता’अर्रुफ़:

लफ़्ज़"बेल" एक पेड़ का हवाला देता है है जो जमीन के साथ बांधते हुए या पेड़ों और और बनावटों पर चढ़ने से बढ़ता है। किताब-ए-मुक़द्दस में “दाख़लता” लफ़्ज़ केवल फल लानेवाली डाली के लिए काम में लिया गया है और ज़्यादा तर दाख़लता के लिए काम में लिया गया है।

- किताब-ए-मुक़द्दस में "दाख़लता" ज़्यादा तर “अंगूर की बेल” के बारे में काम में लिया गया है।
- अंगूर की डालियाँ ख़ास तने से जुड़ी होती हैं जो उन्हें पानी और कुछ गिज़ाई चीज़े देती हैं ताकि वे बढ़ सकें।
- ‘ईसा ने ख़ुद को “दाखलता” और ईमानदारों को “डालियाँ” कहा है। यहाँ “दाख़लता” का तर्जुमा हो सकता है “दाख़लता की डाली” या “टहनी ” (देखें: मिसाल

(यह भी देखें: अंगूर, दाख की बारी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 40:9-11
- पैदाइश 49:11-12
- यूहन्ना 15:1-2
- लूका 22:17-18
- मरकुस 12:1-3
- मत्ती 21:35-37

## शब्दकोश:

- Strong's: H5139, H1612, H8321, G288, G290, G1009, G1092

# दा’वत, दा’वतें, दा’वतनामा:

## ता’अरुफ़:

“दा’वत” लफ़्ज़ का हवाला किसी ख़ास मौक़े से है, जहाँ लोगों की जमा’अत एक बड़ी दा’वत एक साथ खाते हैं, अक्सर किसी चीज़ का जश्न मनाने के लिए| “दा’वत” का ‘अमल का मतलब है बहुत ज्यादा ता’ दाद में खाना या एक साथ खाने के लिए शरीक़ होना|

- अक्सर ख़ास क़िस्म के खाने हैं जो एक ख़ास दा’वत में खाते हैं|

मज़हबी ‘ईदों जिनको ख़ुदा ने यहूदियों को मनाने का हुक्म दिया था अक्सर उसमें बड़ी दा’वत का इंतज़ाम रखते थे| यही वजह है कि ‘ईदों को दा’वत कहा गया था।

- किताब-ए-मुक़द्दस के ज़माने में बादशाह और दूसरे दौलतमन्द और ताक़तवर लोग अपने ख़ानदान और दोस्तों की तफ़रीह के लिए दा’वत देते थे|
- खोए हुए बेटे की कहानी में, बाप ने बेटे के लौट आने की ख़ुशी में एक ख़ास दा’वत का इंतज़ाम किया|
- कभी-कभी दा’वत का खाना कई दिनों तक चलता था।
- “दा’वत मनाने” का तर्जुमा, “बहुत ज़्यादा खाना” या “बहुत खाने के ज़रिए’ ख़ुशी मनाना” या “ख़ास, बहुत सा खाना” के तौर पर भी हो सकता है|
- मज़मून पर मुनहस्सिर “दा’वत” का तर्जुमा हो सकता है, “बड़ी दा’वत की एक साथ मिलकर ख़ुशी मनाना” या “बहुत ज़्यादा खाने की दा’वत” या “ख़ुशी की दा’वत”|

(यह भी देखें : ‘ईद)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 पतरस 02:12-14
- पैदाइश 26:30-31
- पैदाइश 29:21-22
- यहूदाह 40:20-23
- यहूदाह 01:12-13
- लूक़ा 02:41-44
- लूका 14:7-9
- मत्ती 22:1-3

## शब्दकोश:

- Strong's: H398, H2077, H2282, H2287, H3899, H3900, H4150, H4580, H4797, H4960, H7646, H8057, H8354, G26, G755, G1062, G1173, G1403, G1456, G1858, G1859, G2165, G3521, G4910

# दिन, दिनों

## ता'रुफ़:

“दिन” हक़ीक़त में 24 घन्टे का वक़्त होता है जिसकी शुरू'आत ग़ुरूब आफ़ताब से होती थी | इसका इस्ते'माल 'अलामती तौर भी हो सकता है।

- इस्राईलियों और यहूदियों के लिए दिन की शुरू'आत ग़ुरूब आफ़ताब से होती थी और दूसरे दिन ग़ुरूब आफ़ताब पर ख़त्म होती थी |
- कभी-कभी “दिन” लफ्ज़ का इस्ते'माल शक्ल बा बशक्ल एक लम्बे वक़्त के लिए भी किया जाता था जैसे “यहोवा का दिन” या “आख़री दिन|”

कुछ ज़बानों में इन तरह के तर्जुमों में मुख्तलिफ़-मुख्तलिफ़ लफ़्ज़ों का इस्ते'माल होता हैं या “दिन” का तर्जुमा शक्ल बा शक्ल नहीं करता हैं।

- “दिन” के और तर्जु में शामिल हो सकते हैं, “वक़्त ”, “मौसम ” या “मौक़ा' ” का “घटना” जुमले के मुताबिक़।

(यह भी देखें: सज़ा के दिन, आख़िरी दिन)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमल 20:4-6
- दानिएल 10:4-6
- 'अज़्रा 06:13-15
- 'अज़्रा 06:19-20
- मत्ती 09:14-15

## शब्दकोश:

- Strong's: H3117, H3118, H6242, G2250

# दिमाग़, दिमाग़ों ,दिमाग़ में लेना, एहसास लेना, एहसास दिला, याद दिलाता है, याद किए गए, याद, याद दिलाने वाला, याद दिलाना, एक दिमाग़

## ता’अर्रुफ़:

“दिमाग़” इन्सान का वह हिस्सा है जो सोचता और फ़ैसला लेता है।

- इन्सान का दिमाग़ उसके तवज्जोह और ख़्यालों का मज्मू'आ है।
- “मसीह का दिमाग़ रखना” या'नी 'ईसा के जैसा सोचना और काम करना। इसका मतलब है बाप ख़ुदा के वफ़ादार होना, मसीह की ता'लीमों का याद करना, पाक रूह की ताक़त से ऐसा करना।
- “ दिमाग़ बदलना, फ़ैसला बदलना या अब पूरे तौर से ख़याल से अलग होना।

## तर्जुमा की सलाह:

- “दिमाग़” का तर्जुमा हो सकता है, “ख़याल” या “तवज्जोह करना” या “सोचना” या “समझना।”
- “ दिमाग़ में रखना” का तर्जुमा हो सकता है, याद रखना या “ तवज्जोह देना” या “ज़रूर जान लेना।”
- “दिल, जान और दिमाग़” का तर्जुमा हो सकता है, “तजुर्बा करना, यक़ीन करना और ख़याल करना।”
- “ दिमाग़ में लाना” का तर्जुमा हो सकता है, “याद करना” या “सोचना”।
- “ दिमाग़ बदल करके गया” इसका तर्जुमा हो सकता है, “फ़ैसला बदल कर गया” या “यहाँ तक कि जाने का फ़ैसला ले ही लिया” या “ख़याल बदल कर गया।”
- 
    - जुमला "दो दिमाग़ " का तर्जुमा "शक" या "फ़ैसला लेने में कमज़ोर" या "बग़ावती ख़्यालों के साथ" किया जा सकता है।

(यह भी देखें: यक़ीन, दिल, रूह )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- लूक़ा 10:25-28
- मरकुस 06:51-52
- मत्ती 21:28-30
- मत्ती 22:37-38
- या'क़ूब 04:08

## शब्दकोश:

- Strong's: H3629, H3820, H3824, H5162, H7725, G1271, G1374, G3328, G3525, G3540, G3563, G4993, G5590

# दिलेर, बे खौफ़ होकर, हिम्मत, हिम्मत देना

## ता'अरुफ़:

यह अलफ़ाज़ इस बात का हवाला देते हैं, सच बोलने के लिए हिम्मत और ऐ’तमाद होना मुश्किल हालात में भी सही करना|।

- “दिलेर” इंसान अच्छा और अच्छी बात कहने और बद बख़्ती सहनेवालों को बचाने में घबराता नहीं है। इसका तर्जुमा“हिम्मती” या “कमज़ोर” भी हो सकता है।
- नये 'अहद नामें में रसूल 'अवामी जगहों में 'ईसा की बात करने में बे खौफ़ थे चाहे उन पर जेल में डालने या क़त्ल का ख़तरा था। इसका तर्जुमा, “ख़ुद 'एतमादी के साथ” या “ताक़तवर हिम्मत के साथ” या “दबाव” हो सकता है।
- इन इब्तिदाई शागिर्दों की तरफ़ मसीह के सलीब पर मौत की तरफ़ नजात की ख़ुशख़बरी सुनाने में “बे खौफ़” रहने का नतीजा यह हुआ कि 'ईसा की ख़ुशख़बरी इस्राईल और आसपास के मुल्कों में और आख़िर में दुनिया में फैल गई। “बेख़ौफ़” का तर्जुमा, “ऐ’तमाद हिम्मत” हो सकता है।

(यह भी देखें:ख़ुद 'एतमादी, ख़ुशख़बरी, छुटकारा दिलाना)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 यूहन्ना 02:27-29
- 1 थिस्सलुनीकियों 02:1-2
- 2 कुरिन्थियों 03:12-13
- रसूलों के 'आमाल 04:13-14

## शब्दकोश:

- Strong's: H982, H983, H4834, H5797, G662, G2292, G3618, G3954, G3955, G5111, G5112

# दुःख

## ता'अरुफ़:

“दुःख ” लफ़्ज़ का मतलब है लोगों में जिस्मानी जज़्बाती टकराव।

- एक शख़्स जो लड़ाई की वजह बनता है, लोगों के बीच मज़बूत ना इतिफ़ाक़ी और जज़्बात को चोट पहुंचाते हैं।
- कभी-कभी “झगड़े” लफ़्ज़ का इस्ते'माल करने से साबित होता है ग़ुस्सा या कड़वाहट जैसे मज़बूत जज़्बात शामिल होना।
- इस लफ़्ज़ के तर्जुमे हो सकते हैं, “ना इत्तिफ़ाक़ी ” या “झगड़ा” या “लड़ाई”।

(यह भी देखें: गुस्सा )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 03:3-5
- हबक़्क़ूक़ 01:3-4
- फ़िलिप्पियों 01:15-17
- अम्साल 17:1-2
- ज़बूर 055:8-9
- रोमियो 13:13-14

## शब्दकोश:

- Strong's: H1777, H1779, H4066, H4090, H4683, H4808, H7379, H7701, G485, G2052, G2054, G3055, G3163, G5379

# दुःख उठाए, मुसीबत उठाना, तकलीफ़ उठाया, परेशानी उठता, दुःख उठाता

## ता'अर्रुफ़:

“दुःख उठाए” और “ मुसीबत उठाना” का मतलब है दुःख का तजुर्बा जैसे बीमारी, मुसीबत जदह या दूसरी परेशानियाँ ।

- जब लोगों को परेशान किया जाता है या जब वह बीमार होते हैं तब उन्हें तकलीफ़ होती है।
- कभी-कभी लोग ग़लत कामों की वजह से भी तकलीफ़ उठाते हैं, कभी-कभी दुनिया में गुनाह और मर्ज़ की वजह से इन्सान तकलीफ़ उठाता है।
- तकलीफ़ जिस्मानी भी होती है जैसे दर्द और मर्ज़ । जज़्बाती तकलीफ़ भी होती है जैसे डर, उदासी या अकेलापन।
- “मुझे बर्दाश्त करो ” या'नी “मेरे साथ सब्र दार रहो” या “मेरी बात सुनो” या “सब्र के साथ सुनो”।

## (तर्जुमा की सलाह:

- “ तकलीफ़ उठाना” का तर्जुमा “दर्द का तजुर्बा करना” या “मुश्किल और तकलीफ़ का तजुर्बा करना” या "मुश्किल और दर्दनाक तजुर्बों के ज़रिए' जाना"।
- बयान के तौर पर, "दर्द" का तर्जुमा "इन्तिहाई मुश्किल हालात " या "बहुत बड़ी मुश्किलों " या "मुश्किलात का तजुर्बा " या "दर्दनाक तजुर्बों का वक़्त" के तौर में किया जा सकता है।
- “प्यास लगना” का तर्जुमा “प्यासा होना” या “प्यास की वजह परेशान होना” हो सकता है”।
- “दुःख बर्दाश्त ” का तर्जुमा “दुःख का शिकार होना” या “दुःख कामों से नुक़सान उठाना”

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 थिस्सलुनीकियों 02:14-16
- 2 थिस्सलुनीकियों 01:3-5
- 2 तीमुथियुस 01:8-11
- रसूलों के 'आमाल 07:11-13
- यसा'याह 53:10-11
- यरमियाह 06:6-8
- मत्ती. 16:21-23
- ज़बूर 022:24-25
- मुक़ाश्फ़ा 01:9-11
- रोमियो 05:3-5

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **09:13** ख़ुदावन्द ने कहा, “मैं ने अपनी रि'आया के लोग जो मिस्र में है उनके **तकलीफ़** को मैंने देखा है |”
- **38:12** ‘ईसा ने तीन बार दु'आ की कहा, “ऐ मेरे बाप, अगर हो सके तो इस **दुःख** के कटोरे में से मुझे पीने मत देना |
- **42:03** उसने(ईसा) उन्हें नबियों ने जो कहा था याद दिलाया कि मसीह **दुःख उठाएगा** और मारा जाएगा और फिर तीसरे दिन जी उठेगा |
- **42:07** उसने(‘ईसा) कहा कि, “लिखा है कि मसीह **दुःख** उठाएग, मारा जायेगा और तीसरे दिन मरे हुओ में से जी उठेगा |”
- **44:05** अगर्चे तुम्हे नहीं मा'लूम था कि क्या करते हो, लेकिन ख़ुदावन्द ने तुम्हारे कामो का इस्तेमाल किया नबियों को पूरा करने के लिए, कि उसका मसीह **दुःख उठाएगा**, और मारा जाएँगा |
- **46:04** ख़ुदा ने कहा, "तू चला जा क्यूँकि वह तो ग़ैर क़ौमों और बादशाहों के सामने मेरा नाम ज़ाहिर करने के लिये मेरा चुना हुआ वसीला है | और मैं उसे बताऊँगा कि मेरे नाम के लिये उसे कैसा कैसा **दुःख उठाना** पड़ेगा |”
- **50:17** वह हर आँसू पोंछ देगा और फिर वहाँ कोई **दुख़**, उदासी, रोना, बुराई, दर्द, या मौत नहीं होगी |

## शब्दकोश:

- Strong's: H943, H1741, H1934, H4342, H4531, H4912, H5142, H5254, H5375, H5999, H6031, H6040, H6041, H6064, H6090, H6770, H6869, H6887, H7661, G91, G941, G971, G2210, G2346, G2347, G3804, G3958, G4310, G4778, G4841, G5004, G5723

# दुःख देने, सताया, अंधेर करना, दुःख देनेवालों

## सच्चाई:

“दुःख देने” या’नी ज़्यादा तकलीफ़ देना। किसी को दुःख देने का मतलब है बेरहमी से सताना।

- कभी-कभी दुःख देने का बयान जिस्मानी तकलीफ़ और हालत से होता है। मिसाल के लिए, मुकाश्फ़ा की किताब में जिस्मानी परेशानी का बयान किया गया है जो "जानवर " की इबादत करने वाले को आखीर वक़्त में सहना पड़ेगा।
- तकलीफ़ रूहानी और दिमाग़ी हालत भी होती है जैसा अय्यूब के साथ था।
- मुकाश्फ़ा की किताब के मुताबिक़ ‘ईसा में यक़ीन नहीं करनेवालों को आग की झील में रूहानी हमेशा की तकलीफ़ सहनी होगी।
- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा , “बेहद तकलीफ़” या “ज़्यादा तकलीफ़ ” या “परेशानी ” हो सकता है। कुछ तर्जुमे में ज़ाहिरयत के लिए “जिस्मानी ” या “रूहानी ” लफ़्ज़ को इसके साथ जोड़ दिया जाता है।

(यह भी देखें: जानवर, हमेशा , अय्यूब, नजात दहिन्दा , रूह , दुख उठाना, इबादत )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 पतरस 02:7-9
- यरमियाह 30:20-22
- नोहा 01:11-12
- लूका 08:28-29
- मुकाश्फ़ा 11:10-12

## शब्दकोश:

- Strong's: H3013, G928, G929, G930, G931, G2558, G2851, G3600

# दुःख, सताव , परेशान होना, सताना, सतानेवाले, फ़सादी

## ता'अर्रुफ़:

"दुःख" ज़िन्दगी की मुश्किलों और मायूसी का तजुर्बा * "सताव " या'नी किसी को "परेशान" करना या "तकलीफ़ " देना।"परेशान होना" का मतलब है किसी बात से घबराना और परेशान होना।

- घबराना, जिस्मानी , जज़्बाती या रूहानी दुःख की वजह से हो सकता है।
- किताब-ए-मुक़द्दस में ख़ुदा ईमानदारों की तरक्क़ी और कमाल को लिए आज़माने के ऐसे वक़्त पैदा करता है।
- पुराने 'अहद नामे में "दुःख" बुरे और ख़ुदा के छोड़ने वाले मुल्कों की सज़ा माना गया है।

## तर्जुमे की सलाह:

- "घबराना" या "सताव" का तर्जुमा "मुसीबत " या "दुःख देंने वाले हादसे "या "सताव" या "मुश्किल तजुर्बा " या "मुसीबत " भी किया जा सकता है।
- "घबराना" का एसे लफ़्ज़ या जुमले से तर्जुमा किया जा सकता है, जिसका मतलब हो "तकलीफ़ में होना" या "ख़तरनाक तकलीफ़ का तर्जुमा करना" या "गहरी फ़िक्र " या "तनाव" या "सताव " या "डर" या "परेशानी"।
- "उसे परेशान मत करो" का तर्जुमा हो सकता है, "उसे रहने दो" या "उसकी बुराई मत करो"
- "मुसीबत के दिन" या "मुसीबत केवक़्त " का तर्जुमा हो सकता है, "जब तुम तकलीफ़ों का तजुर्बा करो" या "जब तुम्हारे सामने कठिनाइयां आएं" या "जब ख़ुदा मुसीबतें लाए"।
- "तकलीफ़ लाना" या "तकलीफ़ की वजह" का तर्जुमा हो सकता है, " तकलीफ़देह बातें करना" या "कठिनाई पैदा करना" या "कठिनाइयों का तजुर्बा कराना"

(यह भी देखें: सताव देना, सताना)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 18:18-19
- 2 तवारीख़ 25:18-19
- लूका 24:38-40
- मत्ती 24:6-8
- मत्ती 26:36-38

## शब्दकोश:

- Strong's: H205, H598, H926, H927, H928, H1204, H1205, H1607, H1644, H1804, H1993, H2000, H2113, H2189, H2560, H2960, H4103, H5590, H5753, H5916, H5999, H6031, H6040, H6470, H6696, H6862, H6869, H6887, H7264, H7267, H7451, H7481, H7489, H7515, H7561, H8513, G387, G1298, G1613, G1776, G2346, G2347, G2350, G2360, G2553, G2873, G3636, G3926, G3930, G3986, G4423, G4660, G5015, G5016, G5182

# दुल्हन, दुल्हनें, दुल्हन

## ता'अर्रुफ़:

दुल्हन, शादी के जशन में वह 'औरत होती है जो अपने शौहर से शादी करती है, दूल्हा।

- “दुल्हन” लफ्ज़ 'ईसा के ईमानदारों, कलीसिया के लिए भी शक्ल बा शक्ल काम में लिया गया लफ्ज़ है।
- 'ईसा को 'अलामती शक्ल में कलीसिया का दुल्हा कहा गया है। (देखें: मिसाल )

(यह भी देखें: दुल्हा, 'इबादतख़ाना )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- ख़ुरूज 22:16-17
- यसा'याह 62:5
- यूएल02:15-16

## शब्दकोश:

- Strong's: H3618, G3565

# दुल्हा, दुल्हे

## ता'अरुफ़:

शादी के जशन में, दुल्हा-दुल्हन से शादी करने वाला आदमी होता है।

- किताब-ए-मुक़द्दस के ज़माने में यहूदी तहज़ीब में, जशन में दुल्हे की तरफ़ से दुल्हन को लेने आने पर मरकज़ होता था।
- किताब-ए-मुक़द्दस में 'ईसा को "दुल्हें" की मिसाल दी गई है जो एक दिन अपनी "दुल्हन", कलीसिया को लेने आएगा।
- 'ईसा ने अपने शागिर्दों की बराबरी दुल्हे के दोस्तों से की थी। जो दुल्हे के साथ ख़ुशी मनाते हैं लेकिन दुल्हे के चले जाने के बा'द दुखी होते हैं।

(यह भी देखें:दुल्हन)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- यसा'याह 62:5
- योएल 02:15-16
- यूहन्ना 03:29-30
- लूक़ा 05:33-35
- मरकुस 02:18-19
- मरकुस 02:20-21
- मत्ती 09:14-15

## शब्दकोश:

- Strong's: H2860, G3566

# देवदारों ,देवदार की लकड़ी

## ता’रीफ़:

“देवदार “ एक बड़ा पेड़ होता है जिसकी लकड़ी लाल -भूरे रंग की होती है | और देवदार नसल के पेड़ों की तरह इसके नुकीले पत्ते होते है और शंकु जैसे फल होते है

- पुराने ‘अहद नामे में लबानोन के बारे में देवदार पेड़ों की गुफ्तुगू की गयी है ,वहाँ ये पेड़ बहुतायत से आते थे |
- यरुशलीम के हैकल के बनाने में देवदार की लकड़ी काम में ली गयी थी |
- इसका इस्ते’माल क़ुर्बानी पेश करने और पाक हदियों के पेश करने में किया जाता था |

(यह भी देखें: सनोबर , पाक, क़ुर्बानी, हैकल)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 14:1-2
- 1 सलातीन 07:1-2
- यसायाह 02:12-13
- ज़करयाह 11:1-3

## शब्दकोश:

- Strong's: H730

# दोस्ती की नज़्र, दोस्ती की नज़्

## सच्चाई:

पुराने ‘अहद नामें में “दोस्ती की नज़्र” एक ऐसी क़ुर्बानी थी जो कई वजहों से पेश की जाती थी, जैसे ख़ुदावन्द का शुक्र करने के लिए या मन्नत पूरी करने के लिए।

- इस क़ुर्बानी में जानवर क़ुर्बान किया जाता था, मुज़क्कर जानवर या मु’अन्नस जानवर यह आतिशी क़ुर्बानी से अलग था, जिसके लिए मुज़क्कर जानवर की ज़रूरत होती है|
- क़ुर्बानी का एक हिस्सा ख़ुदा को पेश करने के बा’द, क़ुर्बानी पेश करने वाला बाक़ी गोश्त काहिनों और दूसरे इस्राईलियों के साथ बाँटता था।
- यह मुन्सलिक़ खाने की नज़्र थी, जिसमें खुली हुई रोटी शामिल होती थी|
- इसे कभी-कभी “अमन की नज़्र” भी कहा जाता है।

(यह भी देखें: दोस्ती की नज़्र, पूरी, अनाज की नज़्र, गुनाहों की नज़्र, दोस्ती की नज़्र, काहिन, क़ुर्बानी, बेखमीरी रोटी, क़सम)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 21:25-27
- 2 तवारीख़ 29:35-36
- ख़ुरूज 24:5-6
- अहबार 03:3-5
- गिनती 06:13-15

## शब्दकोश:

- Strong's: H8002

# दौड़ना, दौड़ना, दौड़ना, दौड़ना, दौड़ना

## ता'अर्रुफ़:

सही लफ़्ज़ "दौड़ना" का मतलब है "पैर पर बहुत जल्दी चलना", आमतौर पर तेज़ रफ़्तार से चलना के ज़रिए' पूरा किया जा सकता है

"दौड़ना" का ख़ास मतलब भी 'अलामती इज़हारों में इस्ते'माल किया जाता है जैसे कि दर्जज़ेल:

- "इस तरह से जीतने के लिए जिस तरह से इनाम जीतने के लिए" - एक ही मज़बूती से जीतने के सिलसिले में एक दौड़ चलाने की शक्ल में ख़ुदा की मर्ज़ी को करने में मज़बूती से बताता है

"हुक्म 'अमल" या'नी ख़ुदा के हुक्मों को ख़ुशी से और ज़ल्दी मानो।

- "दीगर मा'बूदों के पीछे चलने के लिए" दीगर मा'बूदों की 'इबादत करने में जारी रहने का मतलब है।

"मैं तेरा पनाह में हूँ" या'नी कठिनाइयों से पनाह पाने और हिफ़ाज़त के लिए ख़ुदा के पास ज़ल्दी आ जाना पानी और दीगर तरल चीज़ें जैसे आंसू, ख़ून, पसीना और नदियों को भी बहना कहते हैं। इसका तर्जुमा "बहना" हो सकता है। किसी मुल्क या 'इलाक़े की सरहद को किसी नदी सा किसी मुल्क की सरहद के साथ चलना कहा जाता है। इसका मतलब यह हो सकता है कि मुल्क की सरहद नदी या दीगर मुल्क के बगल में है या कहती है कि देश नदी या दीगर मुल्क की "सरहदें" है। नदी और सोते सूख जाते हैं या'नी उनमें पानी नहीं है। इसका तर्जुमा हो सकता है, "सूख गए" या "बे-पानी हो गए।" फ़सह के दिन "अपना सिलसिला पूरा करते हैं" या'नी "निकल गए" या "ख़त्म हो गए" या "पूरे हो गए।"

(यह भी देखें: झूठे मा'बूद, मज़बूत रहें, पनाह, फिरना)

## किताब-ए-मुक़द्दस के के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 06:18
- गलातियों 02:1-2
- गलातियों 05:5-8
- फ़िलिप्पियों 02: 14-16
- अम्साल 01:15-17

## शब्दकोश:

- Strong's: H213, H386, H1065, H1272, H1518, H1556, H1980, H2100, H2416, H3001, H3212, H3332, H3381, H3920, H3988, H4422, H4754, H4794, H4944, H5074, H5127, H5140, H5472, H5756, H6437, H6440, H6544, H6805, H7272, H7291, H7310, H7323, H7325, H7519, H7751, H8264, H8308, H8444, G413, G1377, G1601, G1530, G1532, G1632, G1998, G2027, G2701, G3729, G4063, G4370, G4390, G4890, G4936, G5143, G5240, G5295, G5302, G5343

# धक्का देना, धक्का दिया, धक्का

## ता’अर्रुफ़:

“धक्का देना” या’नी ताक़त लगाकर किसी चीज़ को हटाना। इस लफ़्ज़ के तम्सीली मतलब भी हैं।

- “धक्का देने” का मतलब है, “छोड़ना ” या “मदद करने से इन्कार करना”।
- “दबाना” या’नी “ज़ुल्म करना” या “सताना” या “हराना”। इसका मतलब यह भी है कि कोई हक़ीक़त में ज़मीन पर गिराया गया है।
- किसी को “बाहर धकेल देना” या’नी किसी से “पीछा छुड़ाना” या “दूर भेज देना”।
- “आगे बढ़ना” या’नी किसी काम को हिफ़ाज़त से रखना या “सही और हिफ़ाज़त का अन्दाज़ा न होते हुए किसी काम को करते चले जाना”।

(यह भी देखें: ज़ुल्म करना, सताना, छोड़ देना )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

## शब्दकोश:

- Strong's: H1556, H1760, H3276, H3423, H5055, H5056, H5186, H8804, G683, G4261

# धोखा, धोखे, धोखा दिया, धोखा देना, धोखा देना वाला, धोखा देने वाले

## ता'अर्रुफ़:

“धोखा” का मतलब है किसी को धोखा देना या नुक्सान पहुंचाना है। * “धोखा वाने वाला” वह शख़्स होता है जो यक़ीन करने वाले को धोखा दे।

- यहूदाह “धोखा देने वाला” था क्योंकि उसने यहूदी रहनुमाओं को तरीक़ा बताया था कि 'ईसा को कैसे पकड़ें।
- यहूदाह के ज़रिए' धोखा गुनाह था, क्योंकि वह 'ईसा का रसूल था और उसने पैसों के बदले में यहूदी रहनुमाओं को जानकारी दी थी जिसका अन्जाम से 'ईसा की बेइंसाफ़ की मौत हुई।

## तर्जुमें की सलाह:

जुमले के मुताबिक़“पकड़वाने” का तर्जुमा “धोखा देना और नुक्सान पहुंचाना” या “दुशमनों के हाथों में कर देना” या “बे रहमी का सलुक़ करना” हो सकता है।

- “पकड़वानेवाला” लफ्ज़ का तर्जुमा “धोखा देने वाला शख्स” या “बुरा सलूक ” या “बाग़ी” हो सकता है।

(यह भी देखें यहूदाह इस्करियोती, यहूदी रहनुमा, रसूल)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 07:51-53
- युहन्ना 06:64-65
- युहन्ना 13:21-22
- मत्ती 10:2-4
- मत्ती 26:20-22

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों की मिसालें:

- **21:11** नबियों ने पहले से नबूव्वत की थी, कि जो लोग मसीह को मारने वाले होंगे वह उसके कपड़ों के लिए जुआ खेलेंगे और उसका उल्टा दोस्त उसे **धोखा देगा**। ज़करियाह नबी ने पहले से ही नबूव्वत की थी, कि मसीह का ही एक शागिर्द उसे तीस चाँदी के सिक्कों के लिए **धोखा देगा**।
- **38:02** 'ईसा और शागिर्दों के यरूशलीम में पहुँचने के बा'द यहूदाह यहूदी सरदार के पास गया और पैसों के बदले 'ईसा के साथ _धोखा _ देने की तजवीज़ रख्खी |
- **38:03**यहूदी सरदारों ने 'आला सरदार काहिन के मौजूदगी में 'ईसा को **धोखा देने** के लिये उसे तीस चाँदी के सिक्के तोलकर दे दिए।
- **38:06** फिर 'ईसा ने अपने शागिर्दों से कहा, “तुम में से एक मुझे पकड़वाएगा।” 'ईसा ने कहा कि, “जिसे मैं यह रोटी का टुकड़ा दूँगा वही मेरा **पकड़वाने वाला** होगा।”
- **38:13** जब 'ईसा तीसरी बार दू'आ करके आया तो उसने अपने शागिर्दों से कहा कि, “उठो, मेरे पकड़ने वाले आ गए है।”
- **38:14** 'ईसा ने यहूदाह से कहा कि, “ तूने मुझे **पकड़वाने** के लिए चूमा है।”
- **39:08** इसी दौरान जब यहूदाह, **धोखेबाज़**, ने देखा कि यहूदी काहिन 'ईसा को मुजरिम ठहरा कर उसे मारना चाहते है। यह देख यहूदाह ग़मगईं हुआ और खुद को मार डाला।

## शब्दकोश:

- Strong's: H7411, G3860, G4273

# धोखा, धोखे, धोखा दिया, धोखा देना, धोखेबाज़, धोखेबाज़, धोखेबाज़ों, धोकेबाज़, धोखे से, धोखे में , धोखेबाज़ी, धोखेबाज़

## ता'अर्रुफ़

अलफ़ाज़ "धोखा" का मतलब है किसी को किसी बात पर यक़ीन दिलाना जो सच्ची नहीं होती| किसी को फ़रेब देने का काम "धोखा" कहलाता है।

- एक और लफ़्ज़, "धोखेबाज़ी" भी किसी को कुछ ऐसा यक़ीन करने का काम करता है जो सच्चा नहीं है।
- किसी को झूठी बात में यक़ीन दिलाने वाले को "धोखेबाज़" कहते हैं| मिसाल के तौर पर, शैतान को धोखेबाज़ कहा गया है। बदरूहें जो वह क़ाबू करता है वह भी धोखेबाज़ हैं|
- इन्सान, काम या ख़बर जो सच नहीं है, उसे "धोखा देनेवाला" कहते हैं।
- अलफ़ाज़ "धोखा" और "धोखा" का मतलब एक ही है, लेकिन उनके इस्ते'माल करने में कुछ फ़र्क़ है।
- तफ़सीली अलफ़ाज़ "धोखेबाज़ी" और "गुमराही" एक ही जैसे हैं और इस्ते'माल में भी एक ही मतलब में होते हैं|

## तर्जुमे की सलाह:

- "धोखा" के तर्जुमे के और तरीक़े "झूठ बोलना" या "झूठा यक़ीन दिलाना" या "किसी का किसी बात पर ख़याल करवाना जो सच नहीं है।
- लफ़्ज़ "धोखा देना" का तर्जुमा हो सकता है, "झूठ पर ग़ौर करने की वजह" या "झूठ कहना" या "चाल चलना" या "बेवक़ूफ़ बनाना" या "गुमराह करना"।
- "धोखेबाज़" का तर्जुमा हो सकता है "झूठा" या "जो गुमराह करता है" या "जो धोका देता है"|
- मज़मून पर मुन्हस्सिर है, लफ़्ज़ "धोखा" का तर्जुमा या जुमले में किया जा सकता है जिसका मतलब "बातिल" या "झूठा" या "चाल चलने वाला" या "बेईमान" होता है|
- लफ़्ज़ "गुमराही " या "धोखेवाज़ी" का तर्जुमा हो सकता है "झूठा" या "गुमराह" "झूट" एक ऐसे शख़्स की तफ़सील जो और लोगों को यक़ीन दिलाने के लिए ऐसा बोलता और काम करता है जो सच नहीं होता|

(यह भी देखें: सच)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 यूहन्ना 01:8-10
- 1 तीमुथियुस 02:13-15
- 2 थिस्सलुनीकियों 02:3-4
- पैदाइश 03:12-13
- पैदाइश 31:26-28
- क़ुज़ात 19:11-12
- मत्ती. 27:62-64
- मीकाह 06:11-12

{{टैग>जायज़ा शा'अ करें}

## शब्दकोश:

- Strong's: H898, H2048, H3577, H3584, H4123, H4820, H4860, H5230, H5377, H6121, H6231, H6280, H6601, H7411, H7423, H7683, H7686, H7952, H8267, H8496, H8501, H8582, H8591, H8649, G538, G539, G1386, G1387, G1388, G1389, G1818, G3884, G4105, G4106, G4108, G5422, G5423

# नजात, नजात देता है, नजात दिलाई , नजात दिलाना, नजात दिलाने वाला , छुटकारा

## ता'अरुफ़

"छुड़ाना" मतलब है किसी शख़्स को बचाना। लफ़्ज़ "नजात दिलाने वाला" उसके बारे में बताता है, जो इन्सानों को ग़ुलामी, ज़ुल्म, या और तरह के ख़तरों से बचानेवाला है। "नजात" लफ़्ज़ उसका हवाला देता है जो या इंसानों का ग़ुलामी, ज़ुल्म या और तरह के ख़तरों से निकाल लेने के बा'द की हालत होती है।

- पुराने 'अहदनामे में ख़ुदा ने इस्राईल के लिए नजात दिलाने वाले मुक़र्रर किए थे कि और लोग जब उन पर हमला करें तो उनके ख़िलाफ़ जंग में उनकी रहनुमाई करें।
- इन नजात दिलाने वालो को "मुन्सिफ़" कहा जाता था और पुराने 'अहदनामे में क़ुज़ात में इस्राईल पर इन मुंसिफ़ों की तवारीख़ में दर्ज है जब यह मुंसिफ़ इस्राईल पर हुकूमत करते थे।
- ख़ुदा को भी "नजात दिलाने वाला" कहा गया है। इस्राईल के पूरी तवारीख़ में, उसने अपनी क़ौम को उनके दुश्मनों से छुड़ाया था।
- लफ़्ज़ "पकड़वाना" या "सौंपा जाना" का मतलब हमेशा अलग है, या'नी किसी को दुश्मन के हाथों में दे देना, जैसे यहूदा ने 'ईसा को यहूदी रहनुमाओं के हाथों में पकड़वा दिया था।

## तर्जुमे की सलाह:

- शहर को महफ़ूज़ रखने के लिए शहरपनाह और दरवाज़े बहुत मोटे होते थे। दरवाज़ों को ज़ंज़ीरों से बन्द किया जाता था कि दुश्मन की फ़ौज को शहर में दाख़िल होने से रोका जाए।
- शहर का दरवाज़ा शहर की ख़बर और क़ौमी मरकज़ होता था। वहां कारोबारियों के लेनदेन और फ़ैसला भी किया जाता था क्यूँकि शहरपनाह के मोटे होने की वजह से वहाँ धूप से बचने के लिए मौजूद ठंडी छांव होती थी। शहरियों को उसके साए में बैठना अच्छा लगता था कि वहाँ बैठकर फ़ैसला करें या कारोबार करें।

## तर्जुमा की सलाह:

- जुमलों के मुताबिक़ “दरवाज़े” का तर्जुमा “दरवाज़ा” या “दीवार से दाख़िल होने की जगह” या “रुकावट” या “दाख़िल होने का दरवाज़ा ” किया जा सकता है।
- “दरवाज़े की सलाखों” का तर्जुमा “फाटक की सिटकनी” या “दरवाज़े को बन्द करने की लम्बी लाठी ” या “दरवाज़े को बन्द करने की धातु की ज़ंजीर ”।

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 09:23-25
- रसूलों के 'आमाल 10:17-18
- इस्तिसना 21:18-19
- पैदाइश 19:1-3
- पैदाइश 24:59-60
- मत्ती. 07:13-14

## शब्दकोश:

- Strong's: H1817, H5592, H6607, H8179, H8651, G2374, G4439, G4440

# फूल जाना, फूल जाना

## ता’अर्रुफ़:

“फूल जाना” एक कलाम है जिसका मतलब है मग़रूर या गुस्ताख़ होना। (देखें:कलाम

- एक आदमी जो फूल जाता है वह ख़ुद को औरों से ज़्यादा बड़ा समझता है।
- पौलुस ने सिखाया था कि मा’लूमात और सच्चाई या मज़हबी इल्म की ज़्यादती की वजह से इन्सान “फूल जाता है” और मुताकब्बिर हो जाता है।
- और ज़बानों में भी ऐसी ही या इससे अलग जुमला हो सकता है जिसका मतलब यही हो जैसे “अकड़ में रहना”।
- इसका तर्जुमा "बहुत ग़ुरूर " या "दूसरों से नफ़रत " या "तकब्बुर " या "दूसरों की बराबरी में खुद को बेहतर समझने" की शक्ल में किया जा सकता है।

(यह भी देखें: मग़रूर, मुताकब्बिर)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बार में:

- 1 कुरिन्थियों 04:6-7
- 1 कुरिन्थियों 08:1-3
- 2 कुरिन्थियों 12:6-7
- हबक्कूक 02:4-5

## शब्दकोश:

- Strong's: H6075, G5229, G5448

# बंजर

## ता'अरुफ़:

"बंजर" का मतलब बंजर या बे फ़ल

- बंज़र ज़मिन में पेड़ पौधे नहीं उगते हैं
- 'औरत जो जिस्मानी तौर पर इस लायक़ नहीं जो हामिला हो और बच्चा पैदा करे उसे बाँझ कहते हैं

## तर्जुमें की सलाह:

- ज़मीन के हवाले में कहा जा सकता है, "बंजर " या, " बे फ़ल", या "बग़ैर पेड़ -पौधों का "
- जब बाँझ 'औरत के मुता'अल्लिक़ कहा जा सकता है, इसका तर्जुमा "बेऔलाद" या "औलाद पैदा करने के लायक़ नहीं" या "हामिला होने के लायक़ नहीं"किया जा सकता है|

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में :

- 1 शमूएल 02:5
- गलातियों 04:26-27
- पैदाइश 11:29-30
- अय्यूब 03:6-7

## शब्दकोश:

- Strong's: H4420, H6115, H6135, H6723, H7909, H7921, G692, G4723

# बकरा, बकरियों, बकरियों की खालें, , बच्चे

## ता’अर्रुफ़:

बकरी एक औसत क़द का भेड़ जैसा चौपाया होता है जिसे दूध और गोश्त के लिए पाला जाता है। एक छोटी बकरी को बकरी का बच्चा कहते हैं।

- भेड़ की तरह बकरी भी क़ुर्बानी के लिए ज़रूरी जानवर था ख़ास करके फ़सह के वक़्त ।
- अगर्चे भेड़ और बकरी देखने में एक से हैं, वह दिखने कुछ में अलग हैं:
- बकरी के बाल सख़्त होते है और भेड़ के बाल ऊन होते हैं।
- बकरी की पूंछ ऊपर रहती है जबकि भेड़ की पूंछ लटकी होती है।
- भेड़ अपने झुण्ड में रहती है, लेकिन बकरी में आज़ादी होती है और वह झुण्ड को छोड़ कर यहाँ वहाँ भागती है।
- कलाम के वक़्त में बकरी इस्राईल के लिए दूध का ख़ास जानवर थी।
- बकरी की खाल से ख़ेमे की पोशीदा चीज़ें और मशकें बनाई जाती थी।
- पुराने और नये 'अहद नामे में दोनों में बकरी लफ़्ज़ को नारास्तों की 'अलामत के तौर पर काम में लिया गया है, शायद रखवाले से दूर भागने के उनके सुलूक की वजह ।
- इस्राईली बकरे को 'अलामती गुनाहगार के तौर पर काम में लेते थे। एक बकरे की कुर्बानी पेश करने के बा'द काहिन दूसरे बकरे के सिर पर हाथ रखकर उसे बयाबान में भेज देता था जो लोगों का गुनाह उठा ले जाने वाले की 'अलामत थी ।

(यह भी देखें: झुण्ड, कुर्बानी, भेड़, नारास्त, अँगूर का रस)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- ख़ुरूज 12:3-4
- पैदाइश 30:31-32
- पैदाइश 31:10-11
- पैदाइश 37:31-33
- अह्बार 03:12-14
- मत्ती 25:31-33

## शब्दकोश:

- Strong's: H689, H1423, H1429, H1601, H3277, H3629, H5795, H5796, H6260, H6629, H6842, H6939, H7716, H8163, H8166, H8495, G122, G2055, G2056, G5131

# बखूर की क़ुर्बानगाह , ख़ुशबू की क़ुर्बानगाह

## सच्चाई:

ख़ुशबू जलाने की क़ुर्बानगाह वह मक़ाम था जहां काहिन ख़ुदावन्द को नज़र पेश करने के लिए ख़ुशबू जलाता था। उसे सोने की क़ुर्बानगाह भी कहते थे।

- ख़ुशबू जलाने की क़ुर्बानगाह लकड़ी की बनी हुई थी और उस पर सोना चढ़ा हुआ था। उसकी लम्बाई और चौड़ाई आधा-आधा मीटर की थी और ऊंचाई एक मीटर की थी।
- पहले वह ख़ेम-ए-इज्तिमा' के अन्दर थी। उसके बा'द उसे हैकल में लाया गया था।
- काहिन रोज़ाना सुबह-शाम उस पर खुशबू जलाता था।
- इसका तर्जुमा “ख़ुशबू जलाने की क़ुर्बानगाह” या सोने की क़ुर्बानगाह” या “ख़ुशबू जलाने वाली” या “ख़ुशबू की मेज” किया जा सकता है।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा कैसे करें

[

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- लूका 01:11-13

## शब्दकोश:

- Strong's: H4196, H7004, G2368, G2379

# बढ़ाएगा, बढ़ाता रहता, बढ़ गए, बढ़ने लगी, बढ़ती करेगा

## ता’अर्रुफ़:

“बढ़ाएगा” या'नी ता'दाद बहुत बढ़ जाना। इसका मतलब और बातों से भी होता है जैसे दर्द का बढ़ना।

- ख़ुदा ने इन्सानों और जानवरों से कहा था कि वह बढ़ कर (फूलो फलो) ज़मीन को भर दें। यह औलाद बढ़ाने का हुक्म था।
- ‘ईसा ने 5,000 लोगों को खाना खिलाने के लिए रोटी और मछलियों की ता'दाद बढ़ाई थी। खाने की मिक़दार बढ़ती गई कि सबके लिए ज़रूरत से ज़्यादा खाना हो।
- जुमले के मुताबिक़ इस लफ़्ज़ का तर्जुमा “फैलना” या “बढ़ने की वजह होना” या “ता'दाद बढ़ते रहना” या “ता'दाद ज़्यादा होना” या “ला ता'दाद हो जाना” भी हो सकता है।
- “तेरे दर्द को बहुत बढ़ा देगा” का तर्जुमा हो सकता है, “तेरी दर्द को ज़्यादा बड़ा बना दे” या “तुझे बहुत ज्यादा दर्द दे”।
- “घोड़े बढ़ाना” या'नी “लालच करके घोड़ों का जाए' करना” या “बहुत ज़्यादा घोड़े जमा' करना”

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में :

- इस्तिसना 08:1-2
- पैदाइश 09:5-7
- पैदाइश 22:15-17
- होसे'अ 04:6-7

## शब्दकोश:

- Strong's: H3254, H3527, H6280, H7231, H7233, H7235, H7680, G4052, G4129

# बदकार, बदकारियों, बदतरीन

## ता'अर्रुफ़:

“बदकार” लफ्ज़ गुनाह करनेवालों और बुराई करनेवालों के लिए यह एक 'आम लफ्ज़ है।

- यह लफ्ज़ उन लोगों के लिए एक 'आम लफ्ज़ हो सकता है जो ख़ुदा के हुक्मों पर 'अमल नहीं करते।
- इस लफ्ज़ के तर्जुमें में “बुरा” और “बदकार” के लिए लफ़्ज़ों के इस्ते'माल एक ऐसे लफ्ज़ के साथ जो “करना” या “बनाना” या “वजह होना” ज़ाहिर करता है, इस्ते'माल किया जा सकता है।

(यह भी देखें: बुराई)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 पतरस 02:13-17
- यसा’याह 09:16-17
- लूक़ा 13:25-27
- मलाकी 03:13-15
- मत्ती 07:21-23

## शब्दकोश:

- Strong's: H205, H6213, H6466, H7451, H7489, G93, G458, G2038, G2040 , G2555

# बदला लेना, बदला लेनेवाला, बदला लिया, इन्तक़ाम लेने, बदला लेनेवाला, इन्तक़ाम, इन्तक़ाम लेना

## ता'अर्रुफ़:

“बदला लेना”,“बदला लो” या “ इन्तक़ाम करना” किसी को उसके ज़रिए' किए गए नुक़सान का बदला लेने के लिए सज़ा देना। बदला लेने का काम, इन्तक़ाम कहलाता है।

- “बदला लेना” हमेशा इन्साफ़ करने या ग़लत को सही करने के मतलब से होता है।
- जब लोगों के बारे में हो तो “बदला लेना” या “इन्तक़ाम” नुक़सान करने वाले तक पहुंचने के लिए होता है।
- जब ख़ुदा “बदला लेता ” या “ इन्तक़ाम लागू करता है” तो वह उसकी वफ़ादारी का दा'वा है क्यूँकि वह गुनाह और बग़ावत की सज़ा देता है।

## तर्जुमा की सलाह:

- “बदला लेना” का तर्जुमा “ग़लतियों को सुधारना” या “इन्साफ़ चुकाना” भी हो सकता है।
- जब लोगों से “बदला लेना” हो तब इसका तर्जुमा “हिसाब चुकाना” या “सज़ा देने के लिए नुक़सान पहुंचाना”, या “बदला लेना” हो सकता है।
- जुमले के मुताबिक़, “बदला” का तर्जुमा हो सकता है, “सज़ा” या “गुनाह की सज़ा ” या “ग़लत काम का बदला देना” “बदला” लफ़्ज़ लोगों के बारे में इस्ते'माल किया गया है।
- ख़ुदा कहता है “मेरा बदला लो” तो इसका तर्जुमा किया जा सकता है, “मेरे ख़िलाफ़ किए गए ग़लत काम की सज़ा उन्हें दो” या “उनका बुरा करो क्यूँकि उन्होंने मेरे ख़िलाफ़ गुनाह किया है।”
- ख़ुदा के बदले की बात करते वक़्त वाज़ेह करें कि आपके तर्जुमा में साफ़ हो कि गुनाह की सज़ा देने में ख़ुदा मुंसिफ़ है ।

(यह भी देखें: सज़ा, मुनासिब, ईमानदार लोग)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 शमूएल 24:12-13
- हिज़कीएल 25:15-17
- यशायाह 47:3-5
- लैव्यव्यवस्था 19:17-18
- ज़बूर 018:46-47
- रोमियो 12:19-21

## शब्दकोश:

- Strong's: H1350, H3467, H5358, H5359, H5360, H6544, H6546, H8199, G1349, G1556, G1557, G1558, G2917, G3709

# बदला, बदले, बदला देना, बदला दिया, बदला देने बाला

## ता’अर्रुफ़:

“बदला” लफ़्ज़ का मतलब है कि किसी आदमी का अच्छा या बुरा किया हुआ काम के लिए जो कुछ उसको मिलता है उसको जानकारी करता है। “बदला” या’नी किसी को उसकी क़ाबिलियत के लिए कुछ देना।

- बदला अच्छा और मुश्बत होता है जिससे भलाई करनेवाला या ख़ुदा का हुक्म मानने वाला हासिल करता है।
- कभी-कभी बदला मनफ़ी होता है जो बुरे सुलूक का नतीजा होता है जैसे “बुराई का फल” इस बारे में “बदला” मनफ़ी नतीजा या गुनाह की सज़ा होता है।

## तर्जुमे की सलाह:

- मज़मून पर मुनहस्सिर, “बदला” का तर्जुमा “अदायगी” या “जो कुछ मुस्तहक़ कोई बात” या “सज़ा” हो सकता है।
- “बदला देना” का तर्जुमा हो सकता है, “बदले में देना” या “जो मुस्तहक़ है वह देना”।
- यक़ीनी करें कि इस लफ़्ज़ के तर्जुमा का मतलब मज़दूरी न हो। बदला काम की मज़दूरी नहीं है।

(यह भी देखें: दण्ड)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- इस्तिस्ना32:5-6
- यसा’याह 40:9-10
- लूक़ा 06:35-36
- मरकुस 09:40-41
- मत्ती 05:11-12
- मत्ती 06:3-4
- ज़बूर 127:3-5
- मुकाशिफ़ा 11:18

## शब्दकोश:

- Strong's: H319, H866, H868, H1576, H1578, H1580, H4864, H4909, H4991, H5023, H6118, H6468, H6529, H7809, H7810, H7936, H7938, H7939, H7966, H7999, H8011, H8021, G469, G514, G591, G2603, G3405, G3406, G3408

# बबूल

## ता’रीफ़:

"बबूल" कन’आन में पुराने ज़माने का एक कटीला दरख़्त था जो आज भी बहुतायत से पाया जाता है ।

- बबूल के पेड़ की नारंगी भूरे रंग की लकड़ी बहुत सख्त और लंम्बे वक़्त के लिए इस्ते'माल होती है। जिससे चीजें तैयार करने के लिए और इस्तेमाल की जाने वाली चीजें बनती है।
- यह लकड़ी आसानी से सड़ती नहीं है क्यूँकि इसकी घनता बहुत ज़्यादा है यह पानी को भी रोकती है, इसमें क़ुदरती तौर से कीड़े नहीं होते हैं
- कलाम में बबूल की लकड़ी से रहने की जगह (बैतुल माल ) और अहद का सन्दूक बनाने में काम में ली गई थी

(यह भी देखें: ना मा’लूम लफ़्ज़ों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: अहद का संदूक़ , सुलह का ख़ेमा

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- इस्तिसना 10:3-4
- ख़ुरूज 25:3-7
- ख़ुरूज 38:6-7
- यशायाह 41:19-20

## शब्दकोश:

- Strong's: H7848

# बरस, साल , उम्र

## ता'अरुफ़:

उम्र ,या'नी इन्सान की ज़िन्दगी के साल जो इंसान जीता है इसका इस्ते'माल आम तौर पर वक़्त की मुद्दत के बारे में

- लम्बी मुद्दत को बयान करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले दूसरे लफ़्ज़ों में, ज़माना, और साल शामिल हैं
- 'ईसा ने मौजूदा ज़माने को जब ज़मीन पर गुनाह, बुराई और ना फ़रमानी बहुत ज़्यादा हो जायेगी , यह ज़माना कहा था
- एक आने वाला ज़माना भी होगा जब नए आसमान और नई ज़मीन पर रस्तबाज़ी का बादशाह होगा।

## तर्जुमा की सलाह:

- शर्तों के मुताबिक़ , ज़माना, लफ्ज़ का तर्जुमा , वक़्त , या इतने साल की उम्र , या मुक़र्रर वक़्त, या, वक़्त हो सकता है
- बहुत ज़्यादा ‘उम्र, इसका सही तर्जुमा , कई साल का होकर , या, जब वह बहुत ‘उम्र का हो गया , जब वह बहुत वक़्त ज़िन्दा रहा , हो सकता है
- यह मौजूदा ज़माना बुरा ज़माना, या'नी मौजूदा इस वक़्त के दौरान लोग बहुत बुरे थे

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 29:26-28
- 1 कुरिन्थियों 02:6-7
- इब्रानियों 06:4-6
- अय्यूब 05:26-27

## शब्दकोश:

- Strong's: H2465, G165, G1074

# बर्बाद , हलाक , हलाक हो गया, हलाक कर, उजाड़, वीरानों

## ता’अर्रुफ़:

किसी चीज़ को गवांना या’नी उसे लापरवाही से फेंक देना या उसका बद अक़्ली से इस्ते’माल करना। कुछ ऐसा जो "उजाड़" या "बर्बाद " है, वह ज़मीन या एक शहर का हवाला देता है जिसे बर्बाद कर दिया गया है कि इसमें कुछ भी नहीं रह सके।

- लफ़्ज़" हलाक हो जाएँगे" एक तमसील है जिसका मतलब है कि ज़्यादा से ज़्यादा बीमार या बर्बाद हो जाए। जो इन्सान बर्बाद हो रहा है वह आमतौर पर बीमारी या खाने की कमी की वजह से बहुत दुबला हो जाता है।
- किसी शहर या जगह को “उजाड़ छोड़ देना” या’नी उसे बर्बाद कर देना।
- एक "उजाड़" के लिए एक और लफ़्ज़ "रेगिस्तान" या "वीरान " हो सकता है। लेकिन एक बंजर ज़मीन भी यह ज़ाहिर करती है कि लोग वहाँ रहते थे और ज़मीन में पेड़ों और पौधों को खाने के लिए इस्ते’माल किया जाता था।

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- हिज़क़ीएल 06:6-7
- अह्बार 26:37-39
- मत्ती 26:6-9
- मुकाश्फ़ा 18:15-17
- ज़करियाह 07:13-14

## शब्दकोश:

- Strong's: H535, H1086, H1104, H1110, H1197, H1326, H2100, H2490, H2522, H2717, H2720, H2721, H2723, H3615, H3765, H3856, H4087, H4127, H4198, H4592, H4743, H4875, H5307, H5327, H7334, H7582, H7703, H7722, H7736, H7843, H8047, H8074, H8077, H8414, H8437, G684, G1287, G2049, G2673, G4199

# बर्बाद, बर्बाद करता, बर्बाद किया, बर्बाद करनेवाला, बर्बाद करने वाले, बर्बाद करना

## ता'अर्रुफ़

कुछ बर्बाद करना मतलब है उसको पूरी तरह से ख़त्म, लिहाज़ा यह अब मौजूद नहीं|

- लफ़्ज "बर्बाद करनेवाला" का लफ़्ज़ी मतलब "क़हर ढाने वाला इन्सान"।
- पुराने 'अहदनामे में ये लफ़्ज़ अक्सर किसी शख़्स के 'आम हवाले के तौर पर इस्ते'माल होतें जो दूसरे लोगों को बर्बाद कर देता है, जैसे हमला और फ़ौज|
- जब ख़ुदा ने मिस्र के पहलौठों को मार डालने के लिए फ़रिश्ता भेजा था तब उस फ़रिश्ते को "पहलौठे को बर्बाद करनेवाला कहा गया है" इसका तर्जुमा "वह (फ़रिश्ता) जिसने पहलौठे बेटों को हलाक किया" के तौर पर हो सकता है,।
- मुकाशिफ़ा की क़िताब में आख़िरी वक़्त के बारे में, शैतान या किसी बुरी रूह को "बर्बाद करनेवाला" कहा गया है। वही "नाश करने वाला" है क्योंकि उसका मक़सद ख़ुदा के ज़रिए' बनाई हर चीज़ को बर्बाद करना है।

(यह भी देखें: फ़रिश्ता, मिस्र, पहलौठा, फ़सह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- ख़ुरूज 12:23
- इब्रानियों 11:27-28
- यरमियाह 06:25-26
- कुज़ात16:23-24

## शब्दकोश:

- Strong's: H6, H7, H622, H398, H1104, H1197, H1820, H1942, H2000, H2015, H2026, H2040, H2254, H2255, H2717, H2718, H2763, H2764, H3238, H3341, H3381, H3423, H3582, H3615, H3617, H3772, H3807, H4191, H4199, H4229, H4591, H4889, H5218, H5221, H5307, H5362, H5420, H5422, H5428, H5595, H5642, H6789, H6979, H7665, H7667, H7703, H7722, H7760, H7843, H7921, H8045, H8074, H8077, H8316, H8552, G355, G396, G622, G853, G1311, G1842, G2049, G2506, G2507, G2647, G2673, G2704, G3089, G3645, G4199, G5351, G5356

# बर्फ़, बर्फ़ पड़ा, बर्फ़ गिरने के वक़्त

## सच्चाई:

"बर्फ़" लफ़्ज़ का मतलब है जमे हुए पानी के सफ़ेद टुकड़े जो कि बादलों से उन जगहों पर गिरता है जहाँ हवा का मिजाज़ ठंडा होता है।

- इस्राईल के ऊँचे मक़ामों में बर्फ़ गिरता है लेकिन ज़मीन पर ज़्यादा वक़्त नहीं रुकता फ़ौरन पिंघल जाता है। पहाड़ों की चोटी पर बर्फ़ जमता है। कलाम के बयान में हिम की जगह का एक मिसाल लबनान पहाड़ है ।
- बहुत सफ़ेद रंग का कुछ हिस्सा अक्सर उसके रंग की बराबरी में बर्फ़ के रंग के बराबर में होता है। मिसाल के लिए, मुक़ाश्फा की किताब में 'ईसा के कपड़े और बाल को "बर्फ़ की तरह सफ़ेद" होने की शक्ल में बयान किया गया था।
- बर्फ़ (बर्फ़) की ख़ूबी और पाकीज़गी भी सफ़ाई की 'अलामत है। मिसाल के तौर पर , हमारे “गुनाह की तरह बर्फ़ के तौर पर ” हो जाएंगे या'नी “ख़ुदा अपने लोगों को गुनाह से मुकम्मल तरीक़े से साफ़ कर देता है।
- कुछ ज़बानों में बर्फ़ को “जमी हुई बारिश” या “ बर्फ़ के टुकड़े” या “जमे बरफ़ का टुकड़ा” कहा जाता है।
- “बर्फ़ का पानी” या'नी पिघली हुई बर्फ़ का पानी।

(यह भी देखें: नए जुमलों का तर्जुमा कैसे करें)

(तर्जुमा की सलाह : नामों का तर्जुमा)

(यह भी देखें: लबनान, साफ़)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- ख़ुरूज 04:6-7
- अय्यूब 37:4-6
- मत्ती. 28:3-4
- ज़बूर 147:15-16
- मुक़ाश्फा 01:14-16

## शब्दकोश:

- Strong's: H7949, H7950, H8517, G5510

# बलूत का पेड़, बलूत के पेड़

## ता’अर्रुफ़:

बलूत, या बलूत के पेड़ मोटे तने और फैली हुई शाख़ाओं का एक लम्बा पेड़ होता है।

- बलूत के पेड़ की लकड़ी कठोर और मज़बूत होती है जिससे जहाज, हल, जूए और सहारे की छड़ी बनाए जाते थे।
- इस पेड़ के फल को बलूत का फ़ल कहते हैं।
- कुछ बलूत पेड़ों के तने 6 मीटर मोटे होते हैं।
- बलूत का पेड़ लम्बी ‘उम्र के ‘अलामत थे, उनके और रूहानी मतलब भी हैं किताब-ए-मुक़द्दस में इनका ता’अल्लुक़ पाक मक़ामों से है।

## तर्जुमे की सलाह:

- कई तर्जुमों में "बलूत पेड़" लफ़्ज़ के इस्ते’माल में अहमियत देने के बजाय सिर्फ़ "बलूत" लफ़्ज़ का इस्ते’माल करना सही होगा।
- अगर बलूत का पेड़ उस ‘इलाक़े में नहीं है जाना जाता है तो इसका तर्जुमा किया जा सकता है, “एक बड़ा बलूत का छायादार पेड़ जैसे....” और इसके खुसूसियत वाले किसी मक़ामी पेड़ का नाम दें।
- देखें: अनजान लफ़्ज़ का तर्जुमा

(यह भी देखें: पाक)

## किताब-एमुक़द्दस के बारे में:

- 1 शमूएल 10:3-4
- पैदाइश 13:16-18
- पैदाइश 14:13-14
- पैदाइश 35:4-5
- क़ुज़ात 06:11-12

## शब्दकोश:

- Strong's: H352, H424, H427, H436, H437, H438

# बहन, बहनों

## ता’अरुफ़:

बहन माँ या बाप के रिश्ते से किसी की 'औरत रिश्तेदार होती है। उसे कहा जाता है कि दूसरे शख़्स की बहन या उस शख़्स की बहन ।

- नए 'अहद नामे में "बहन" लफ़्ज़ का तम्सीली इस्ते'माल मसीह 'ईसा में ईमान करनेवाली 'औरतों के लिए किया जाता है।
- कभी-कभी,"भाइयों और बहनों" लफ़्ज़ मसीह के सब ईमानदार मर्द-ओ-’औरत के लिए इस्ते'माल किया गया है।
- पुराने 'अहद नामे की किताब ख़ास गीतों में "बहन" लफ़्ज़ 'आशिक़ या शरीक़-ए-हयात के लिए इस्ते'माल किया गया है।

## तर्जुमा की सलाह:

- और बेहतर होगा कि इस लफ़्ज़ का तर्जुमा जैसे है वैसे ही करें, जब तक कि इसका मतलब ग़लत न हो।
- इसके कई तर्जुमा की शक्लें हो सकती हैं, “मसीह में बहन” या “रूहानी बहन” या “मसीह की ईमानदार 'औरत” या “ईमानदार 'औरत '”।
- मुम्किन हो तो ख़ानदानी लफ़्ज़ काम में लेना सबसे बेहतर है।
- अगर 'अलामती ज़बान में ईमानदार लफ़्ज़ को 'औरतों की शक्ल हो तो इसे काम में लेना मुनासिब तर्जुमा हो सकता है।
- ‘आशिक़ या बीवी के बारे में “प्यारे” या “'अज़ीज़” 'औरतें लफ़्ज़ को काम में ले।

(यह भी देखें: भाई मसीह में, रूह )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 02:16-17
- इस्तिसना 27:22-23
- फ़िलेमोन 01:1-3
- रोमियो16:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: H269, H1323, G27, G79

# बाँधे, बांधा हुआ

## ता’अर्रुफ़:

“बाँधे” या'नी किसी चीज़ पर कुछ बान्धना। इसका मतलब हमेशा बाग़ा की कमर पर पट्टा बान्धना होता है कि वह अपनी जगह पर रहे।

- “कमर कसना” या'नी कपड़े का नीचे का हिस्सा उठाकर कमर में बांधना कि इन्सान आसानी से काम कर पाए।
- इस मुहावरे का मतलब है "काम करने के लिए तैयार होना" या कठिन काम करने की तैयारी करना।
- “कमर कसना” का तर्जुमा में ,अलामती ज़बान के मुनासिब जुमले काम में ली जा सकती है। या इसका आसन तर्जुमा भी किया जा सकता है, “काम करने के लिए तैयार होना” या “तैयार हो जाना।”
- “लिपटा हुआ” या'नी “चारों तरफ़ लपेटा हुआ” या “घिरा हुआ” या “बन्धा हुआ”

(यह भी देखें: कमर)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 पतरस 01:13-14
- अय्यूब 38:1-3

## शब्दकोश:

- Strong's: H247, H640, H2290, H2296, H8151, G328, G1241, G2224, G4024

# बाँसुरी, बाँसुरी, बाँसुरी, सीटी बजाने का सामान

## ता’अर्रुफ़:

किताब-ए-मुक़द्दस के ज़माने में, बाँसुरी हड्डियों या लकड़ी के खोखले बजाने वाले सामान- थे जिनसे आवाज़ निकलती थी। बाँसुरी एक क़िस्म की नली थी।

- ज़्यादातर नलियों में सरकंडे जो मोटे घास के बने थे, हवा फूंकने पर कंपकपी पैदा होती थी।
- एक नली जिसमें सरकंडे नहीं होते थे उन्हें बाँसुरी कहते थे।
- चरवाहे अपनी भेड़ों को सुकून देने क लिए सीटी बजाते थे।
- इन बाजों के ज़रिए’ ख़ुशी या ग़म का मोशीकी बजाई जाती थी।

(यह भी देखें: झुण्ड, चरवाहा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 14:7-9
- 1 सलातीन 01:38-40
- दानीएल 03:3-5
- लूक़ा 07:31-32
- मत्ती 09:23-24
- मत्ती 11:16-17

## शब्दकोश:

- Strong's: H4953, H5748, H2485, H2490, G832, G834, G836

# बादशाह, बादशाहों, सल्तनत, सल्तनतों, बादशाही, बादशाहत

## ता'अर्रुफ़:

लफ़्ज़ "बादशाह" एक ऐसे इन्सान के बारे में बताता है जो शहर, बादशाही या मुल्क का सबसे बड़ा हाकिम है।

- बादशाह को 'आम तौर पर अपने पिछले बादशाहों के ख़ानदान में से हुकूमत करने के लिए चुना गया था।
- जब एक बादशाह की मौत हो गई, तो वह 'आमतौर पर उसका पहलौठा बेटा था जो अगला बादशाह बन गया।
- पुराने ज़माने में, बादशाह की बादशाही में लोगों पर पूरा इख़्तियार था।
- शायद ही कभी "बादशाह" लफ़्ज़ का इस्ते'माल किसी ऐसे इन्सान को बताने के लिए किया गया था जो नए 'अहदनामे में "बादशाह हेरोदेस" के जैसा सच्चा बादशाह नहीं था।
- किताब-ए-मुक़द्दस में, ख़ुदा को अक्सर बादशाह की शक्ल में जाना जाता है जो अपने लोगों पर हुकूमत करता है।
- "ख़ुदा की बादशाही" अपने लोगों पर ख़ुदा की हुकूमत को ज़ाहिर करता है।
- 'ईसा को "यहूदियों का बादशाह", "इस्राईल के बादशाह" और "बादशाहों के बादशाह" कहा जाता था।
- जब 'ईसा वापस आएगा, तो वह दुनिया भर में बादशाह की शक्ल में हुकूमत करेगा।
- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा "सबसे बड़ाख़ास " या "पूरा रहनुमा" या "ख़ुद इख़्तियार हाकिम" की शक्ल में भी किया जा सकता है।
- "बादशाहों के बादशाह" जुमले का तर्जुमा "बादशाह जो और सभी बादशाहों पर हुकूमत करता है" या "सबसे बड़ा हाकिम जो और सभी हाकिमों पर इख़्तियार रखता है" की शक्ल में तर्जुमा किया जा सकता है।

(यह भी देखें: \ इख़्तियार, \ हेरोदेस अन्तिपास, \ हुकूमत]बादशाही, बादशाहियाँ, \ ख़ुदा की बादशाही)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- \ 1 तीमुथियुस 06: 15-16
- \ 2 सलातीन 05: 17-19
- 2 शमूएल 05:3-5
- \ रसूलों के 'आमाल 07: 9-10
- \ रसूलों के 'आमाल 13: 21-22
- \ युहन्ना 01: 49-51
- \ लूक़ा 01: 5-7
- \ लूक़ा 22: 24-25
- \ मत्ती 05: 33-35
- \ मत्ती 14: 8-9

## किताब-एमुक़द्दस की कहानियों की मिसालें:

- **08:06** एक रात, फ़िर'औन, जिसने मिस्रियों को अपने बादशाहों से बुलाया था, दो सपने थे जो उसे बहुत परेशान करते थे।
- **16:01** इज़राइलियों के पास कोई **बादशाह** नहीं था, इसलिए हर कोई ऐसा करता था जो उन्होंने सोचा था कि उनके लिए सही था।
- **16:18** आख़िर में, लोगों ने ख़ुदा को और सभी हुकूमतों की तरह एक**बादशाह** के लिए कहा।
- **17:05** आखिरकार, शाऊल जंग में मर गया, और दाऊद इस्राईल का**बादशाह** बन गया। वह एक अच्छा **बादशाह** था, और लोग उसे प्यार करते थे।
- **21:06** ख़ुदा के नबियों ने यह भी कहा कि मसीह एक नबी, काहिन और एक **बादशाह** होगा।
- **48:14** दाऊद इज़राइल का **बादशाह** था, लेकिन 'ईसा पूरी क़ायनात का **बादशाह** है!

## शब्दकोश:

- Strong's: H4427, H4428, H4430, G935, G936

# बादशाही करना, बादशाही करता है, बादशाही करता, बादशाही कर रहा है

## ता’अर्रुफ़:

“बादशाही करना” का मतलब क़ौम पर या किसी मुल्क पर या किसी बादशाही पर बादशाही करना है। एक बादशाह का शासनकाल वह वक़्त है, जिसके दौरान वह हुकूमत कर रहा है।

- लफ़्ज़ "बादशाही करना" भी ख़ुदा को पूरी दुनिया पर बादशाह की शक्ल में बादशाही करने के लिए ज़िक्र किया जाता है
- ख़ुदा ने इन्सानी बादशाहों को इस्राईल पर बादशाही करने का हुक्म तब दिया जब लोगों ने उन्हें अपने बादशाह की शक्ल में ख़ारिज कर दिया।
- मसीह ‘ईसा जब दुबारा आयेगा तब वह पूरे क़ायनात पर बादशाही करेगा और उसके ईमानदार उसके साथ बादशाही करेंगे।

इस लफ़्ज़ का तर्जुमा, “पूरी बादशाही” या “बादशाह की तरह हुकूमत करना” हो सकता है।

(यह भी देखें: बादशाही)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 तीमुथियुस 02:11-13
- पैदाइश 36: 34-36
- लूक़ा 01:30-33
- लूक़ा 19:26-27
- मत्ती 02:22-23

## शब्दकोश:

- Strong's: H3427, H4427, H4437, H4438, H4467, H4468, H4475, H4791, H4910, H6113, H7287, H7786, G757, G936, G2231, G4821

# बादशाही लाठी, बादशाही लाठी

## ता'अर्रुफ़:

"बादशाही लाठी " बादशाह के ज़रिए' पकड़ा जानेवाला एक सजावटी छड़ी को एलान करता हैं।

- बादशाही लाठी लकड़ी पर नक्काशी किया हुआ डंडा होता था। बा'द में सोने की भी बादशाही लाठी बनाई गई थी ।
- बादशाही लाठी बादशाही तरीक़े और इख्तियार का निशान होता था जो बादशाह की 'इज़्ज़त और शान-ओ-शौकत को दिखाता था।
- पुराने 'अहद नामे में, ख़ुदा के हाथ में रास्तबाज़ी के बादशाही की लाठी पकड़े को ज़ाहिर किया गया है क्यूँकि ख़ुदा अपने लोगों पर बादशाह के तौर में हुकूमत करता हैं।
- पुराने अहद नामे की एक नबूव्वत में मसीह को 'अलामती तौर में बादशाही लाठी कहा गया है जो इस्राईल से निकलकर सब क़ौमों पर बादशाहत करेगा।
- इसका तर्जुमा "हुकूमत करने का दण्ड" या "मुल्क की लाठी" की शक्ल में भी किया जा सकता है।

(यह भी देखें: इख्तियार, मसीह, बादशाह, ईमानदार )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- आमोस 01:5
- आस्तर 04:9-12
- पैदाइश 49:10
- 'इब्रानियों 01:8-9
- गिनती 21:17-18
- ज़बूर 045:5-7

## शब्दकोश:

- Strong's: H2710, H4294, H7626, H8275, G4464

## बादशाही, बादशाहियाँ

### ता’अर्रुफ़:

बादशाही लोगों की क़ौम होती है जिसपर बादशाह के ज़रिए’ हुकूमत की जाती है | इसका हवाला एक मुल्क या सियासी इलाक़े से भी हो सकता है। जिस पर एक बादशाह या हाकिम का क़ाबू और इख़्तियार होता है।

- बादशाह का ज़मीनी हद कितनी भी बड़ी हो सकती है। बादशाह के इख़्तियार में एक क़ौम या मुल्क या सिर्फ़ एक शहर हो सकता है।
- “बादशाही” रूहानी हुकूमत या इख़्तियार के बारे में भी हो सकता है जैसे “ख़ुदा की बादशाही”
- ख़ुदा पूरी क़ायनात का बादशाह है लेकिन “ख़ुदा की बादशाही” ख़ास करके ‘ईसा में ईमान करके उसके इख़्तियार के ताबे’ हो जाने पर लोगों पर उसकी बादशाई और इख़्तियार के बारे में है।
- किताब-ए-मुक़द्दस में शैतान की “बादशाही” का भी ज़िक्र किया गया है जिसमें वह ज़मीन की बहुत सी बातों पर ‘आरज़ी तौर बादशाही कर रहा है। उसकी बादशाही बुराई की है जिसे “तारीकी” कहा गया है

### तर्जुमे की सलाह:

- बादशाह के ज़मीनी हद के बारे में “बादशाही” का तर्जुमा "मुल्क (एक बादशाह के ज़रिए’ हुकूमत)" या "बादशाह का इलाक़ा" या "एक बादशाह के ज़रिए’ हुकूमत वाला इलाक़ा" किया जा सकता है।
- एक रूहानी ख़याल में, " बादशाही " का तर्जुमा "हुकूमत करना" या "हुकूमत" या "क़ाबू" या "हुकूमत" के तौर पर किया जा सकता है।
- "काहिनों की बादशाही " का तर्जुमा "रूहानी काहिन जो ख़ुदा के ज़रिए’ हुकमत में हैं" कर सकते है।
- जुमले "रोशनी की बादशाही " का तर्जुमा "ख़ुदा की हुकूमत जो रोशनी की तरह अच्छी है" या "जब ख़ुदा, जो रोशनी है, लोगों पर हुकूमत करता है" या "ख़ुदा की बादशाही की रोशनी और अच्छाई।" “रोशनी” लफ़्ज़ को संभाले रखना ठीक है क्योंकि यह किताब-ए-मुक़द्दस में एक बहुत ख़ास लफ़्ज़ है।
- ध्यान दें कि लफ़्ज़ "बादशाही" हुकूमत से अलग हो, जिसमें एक हाकिम बहुत से मुल्कों पर हुकूमत करता है।

(यह भी देखें: : इख़्तियार, बादशाह, ख़ुदा की बादशाही , इस्राईल की बादशाही, यहूदाह, यहूदाह, काहिन)

### किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 थिस्सलुनीकियों 02:10-12
- 2 तीमुथियुस 04:17-18
- कुलुस्सियों 01:13-14
- युहन्ना 18:36-37
- मरकुस 03:23-25
- मत्ती 04:7-9
- मत्ती 13:18-19
- मत्ती 16:27-28
- मुकाशिफ़ा 01:9-11

### किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों की मिसालें:

- **13:02** ख़ुदा ने मूसा से कहा कि वह इस्राइलियों से कहे ,“ अब अगर तुम यक़ीनन मेरी मानोगे, और मेरे ‘अहद का ‘अमल करोगे, तो सब लोगों में से तुम ही मेरी मुबारक मीरास, काहिनों की _ बादशाही _ और पाक क़ौम ठहरोगे।”
- **18:04** तब ख़ुदा ने सुलैमान पर ग़ुस्सा किया, और उसकी नारास्ती की वजह उसे सज़ा दी, और ‘अहद बाँधा कि सुलैमान की मौत के बा’द वह इस्राईल की _ बादशाही _ को दो हिस्सों में तक़सीम कर देंगा।
- **18:07** दस इस्राईली क़बीलों ने रहूब’आम के ख़िलाफ़ बग़ावत की। सिर्फ़ दो क़बीले उसके लिए वफ़ादार रहे। यह दो क़बीले यहूदाह की _ बादशाही _ बन गए।
- **18:08** दीगर दस इस्राईली क़बीले जो रहुब’आम के मुख़ालिफत में थे, उन्होंने अपने लिए यरुब’आमम नाम के एक बादशाह को मुक़र्रर किया। उसने मुल्क के उत्तरी हिस्से में अपनी **बादशाही** को क़ायम किया और उसे इस्राईल की **बादशाही** कहा गया।
- **21:08** बादशाह वह होता है जो **बादशाही** पर हुकूमत करता है और लोगों का इन्साफ़ करता है।

### शब्दकोश:

- Strong's: H4410, H4437, H4438, H4467, H4468, H4474, H4475, G932

# बाशिन्दा, बाशिन्दे, शहरियत

## ता’रीफ़:

बाशिन्दा उस इन्सान को कहते हैं जो किसी शहर, मुल्क या बादशाहत में रहता है। या’नी जो उस जगह का इख़्तियारी बाशिन्दा माना जाता है।

- बयान के मुताबिक़, इसका तर्जुमा, “बाशिन्दों” या “इख़्तियारी बाशिन्दा” भी किया जा सकता है।
- बाशिन्दा एक हिस्से में रहता है जो किसी मुल्क का एक हिस्सा हो सकता है जिस पर राजा या बादशाह या हाकिम राज करता है। मसलन, पौलुस रोमी बाशिन्दा था, रोम के कई सूबे थे, पौलुस इनमें से एक सूबे में रहता था।
- ‘अमली शक्ल में ‘ईसा के ईमानदार आसमान के बाशिन्दे कहलाते हैं, या’नी वे एक दिन वहां होंगे। किसी मुल्क के बाशिन्दों की तरह ईमानदार ख़ुदा की बादशाहत के बाशिन्दे हैं।

(देखें :बादशाही पौलुससूबा, रोम)

## किताब-एमुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के आमाल 21:39-40
- यसायाह 03:1-3
- लूका 15:15-16
- लूका 19:13-15

## शब्दकोश:

- Strong's: H6440, G4175, G4177, G4847

# बाग़ी गवाह, झूठी जानकारी, झूठी गवाही, झूठे गवाह , झूठे गवाहों

## ता’अर्रुफ़:

“झूठा गवाह” और “बाग़ी गवाह” उस इंसान के बारे में है जो किसी के बारे में या किसी हादसे के बारे में, ‘अदालत जैसी मजलिस में झूठी बातें कहता है।

- “झूठी गवाही” या “झूठी जानकारी” को हक़ीक़त में झूठ ही कहते है।
- “झूठी गवाही देना” या’नी झूठ कहना या गलत ज़िक्र करना।
- किताब-ए-मुक़द्दस में बहुत मिसालें हैं जब झूठे गवाहों को भाड़े पर लाया गया कि किसी को सज़ा या सज़ा-ए-मौत दिलवाने के लिए झूठी गवाही दी जाए।

## तर्जुमे की सलाह:

- “झूठी गवाही देना” या “झूठी गवाही देना” इसका तर्जुमा किया जा सकता है, “झूठा गवाह” या “किसी के बारे में झूठा ज़िक्र करना” या “किसी के ख़िलाफ़ झूठा इल्ज़ाम लगाना” या “झूठ कहना”
- जब “झूठी गवाही” किसी इन्सान के बारे में हो तब कहा जा सकता है, “झूठ बोलने वाला इन्सान” या “झूठी गवाही देने वाला इन्सान” या “झूठी बातें करने वाला इन्सान”।

(यह भी देखें: गवाही, सच्चा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- इस्तिस्ना 19:17-19
- ख़ुरुज 20:15-17
- मत्ती 15:18-20
- मत्ती 19:18-19
- अम्साल 14:5-6
- ज़ुबूर027:11-12

## शब्दकोश:

- Strong's: H5707, H6030, H7650, H8267, G1965, G3144, G5571, G5575, G5576, G5577

# बाढ़, बाढ़ें, जल में डूब गया, बाढ़ आना, बाढ़ का पानी

## ता’अर्रुफ़:

“बाढ़” लफ़्ज़ का लफ़्ज़ी मतलब बहुत ज़्यादा पानी से है जो पूरी तरह से ज़मीन को ढक ले|

- यह लफ़्ज़ ‘अलामती तौर पर भी काम में लिया जाता है जिसका हवाला किसी चीज़ पूरी तरह से हैरान करनेवाली बात से होता है, ख़ास करके अचानक ही होनेवाले हादसे से।
- नूह के ज़माने में, इन्सान ऐसा ज़िनाकारी हो गया था कि ख़ुदा ने ज़मीन को पानी सराबोर करके सब कुछ तबाह कर दिया था, यहां तक कि पहाड़ भी पानी में डूब गए थे। जो कोई नूह की कश्ती में नहीं था बाढ़ में डूब गया| और सब बाढ़ थोड़ी ही ज़मीन को पानी से भरा करती है।
- यह लफ़्ज़ भी एक ‘अमल है, जिसमें “ज़मीन पूरी तरह से नदी के पानी के ज़रिए’ डुबा दी गयी थी|

## तर्जुमे की सलाह:

- “बाढ़” का हक़ीक़ी मतलब का तर्जुमे के तरीक़े “पानी बहुत बढ़ जाना” या “बहुत ज़्यादा पानी” हो सकते हैं|
- ‘अलामती मुक़ाबले “बाढ़ जैसा” को ज्यों का त्यों रहने दिया जाए। या इसका लफ़्ज़ी जुमला काम में लिया जाए जिसका मतलब बाढ़ हो जैसे नदी।
- इज़हार के लिए “बाढ़ के जैसा” जिसमें पानी का ज़िक्र हो चुका है, लिहाज़ा “बाढ़” का तर्जुमा हो सकता है, “बहुत ज़्यादा ता’दाद में” या “उमड़ना”
- इस लफ़्ज़ को मिसाल के तौर पर भी काम में लिया जा सकता है, जैसे “मुझ पर बाढ़ न आने दो” जिसका मतलब “ये उमड़ती हुई आफ़ात मुझ पर न होने दो” या “मुझे आफ़ात की तबाही में न पड़ने दो” या “मुझ पर अपना ग़ज़ब न करो”। (देखें:मिसाल
- ‘अलामती इज़हार, “मैंने आँसुओं से अपना बिस्तर बहाया” का तर्जुमा इस तरह भी किया जा सकता है, “मेरे आँसू पानी में एक बाढ़ की तरह मेरे बिस्तर पर बह रहे हैं।”

(यह भी देखें: कशिश, नूह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- दानीएल 11:10
- पैदाइश 07:6-7
- लूक़ा 06:46-48
- मत्ती 07:24-25
- मत्ती 07:26-27
- मत्ती 24:37-39

## शब्दकोश:

- Strong's: H216, H2229, H2230, H2975, H3999, H5104, H5140, H5158, H5674, H6556, H7641, H7857, H7858, H8241, G2627, G4132, G4215, G4216

# बिखरा, बिखराव

## ता’अरुफ़:

- लफ़्ज़ “बिखरा” और “बिखराव” का मतलब है इन्सानों या चीज़ों का मुख़तलिफ़ सिम्तों में फैल जाना।
- पुराने ‘अहदनामे में, ख़ुदा लोगों को “बिखेरने” की बात कहता है। उन्हें अलग-अलग करके एक दूसरे से दूर अलग अलग जगहों में कर देगा। उन्हें गुनाहों की सज़ा देने के लिए ख़ुदा ने ऐसा किया था। मुमकिन था कि बिखरने की वजह से वे तौबा करें और दुबारा ख़ुदा की ‘इबादत करने लगें।
- नये ‘अहदनामे में “बिखराव” लफ़्ज़ ऐसे ईमानदारों के बारे में है जो मुसीबत से बचने के लिए अपना घर छोड़ कर मुख़तलिफ़ जगहों को चले गए|
- अलफ़ाज़ “बिखरना” का तर्जुमा हो सकता है, “ईमानदार मुख़तलिफ़ जगहों में” या “वे लोग जो मुख़तलिफ़ मुल्कों में जाकर रहने लगे”।
- “बिखरना” लफ़्ज़ का तर्जुमा “मुख़तलिफ़ जगहों में भेजना” या “परदेश में बसाना ” या “मुख़तलिफ़ मुल्कों में बसने के लिए मज़बूर करना”।

(यह भी देखें: ईमान, मुसीबत देना)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 पतरस 01:1-2
- हिज़क़ीएल 12:14-16
- हिज़क़ीएल 30:22-24
- ज़ूबूर 018:13-14

## शब्दकोश:

- Strong's: H2219, H4127, H5310, H6327, H6340, H6504, H8600, G1287, G1290, G4650

# बिगड़कर, हलाक होती है, बिगड़ गए, बेकार , सड़ाहट, बिगड़ गए

## ता’अर्रुफ़:

“बिगड़कर” या “सड़ाहट” का बयान ऐसी हालत से है जिसमें इन्सान हलाक हो जाता है बुरा या बेईमान हो जाता है।

“बिगड़कर” लफ़्ज़ का ख़ास मतलब है, अच्छाई में “झुकना” या “तोड़ा जाना” है।

- जो इन्सान “बिगड़ गया” वह हक़ से मुँह मोड़ गया और बुरे और ग़ैर इख़लाकी काम करता है।
- किसी को बिगाड़ना या’नी उसे ग़लत और बुरा काम करने के लिए मुता’स्सिर करना।

## तर्जुमे के सलाह:

- “बिगाड़ना” या’नी “बुरा काम करने के लिए मुता’स्सिर करना” या “बुरा होने के लिए हौसला देना ”।
- बिगड़ा इन्सान वह है, “जो बुरा हो गया है” या “जो बुराई करता है”
- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा “बुरा” या “ग़लत ” या “बदकार ” भी किया जा सकता है।
- “बिगड़ना” का तर्जुमा हो सकता है, “बुरासुलूक ” या “बुराई” या “बदकारी ”

(यह भी देखें: बुरा )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- हिज़क़ीएल 20:42-44
- गलातियों 06:6-8
- पैदाइश 06:11-12
- मत्ती 12:33-35
- ज़ुबूर 014:1

## शब्दकोश:

- Strong's: H1097, H1605, H2254, H2610, H4167, H4743, H4889, H4893, H7843, H7844, H7845, G853, G861, G862, G1311, G1312, G2585, G2704, G4550, G4595, G5349, G5351, G5356

# बीज, नुत्फ़ा

## ता'अर्रुफ़:

दरख़्त का बीज वह हिस्सा है जिसे ज़मीन में डालने पर उसी नसल का दरख़्त पैदा होता है। इसके कई 'अलामती मतलब भी हैं।

- "बीज" लफ़्ज़ 'अलामती और सूल्ब की शक्ल में औरत-मर्द की औलाद पैदा करने की महफ़ूज़ 'आज़ाओं के लिए भी काम में लिया गया है। इनको नुत्फ़ा कहा जाता है।
- इसी बारे में "बीज" लफ़्ज़ लोगों को औलाद या नस्लों के लिए भी काम में लिया जाता है।
- इस लफ़्ज़ का मतलब हमेशा जमा' में होता है जो एक से ज़्यादा बीज और एक से ज़्यादा औलादों के बारे में होता है।
- बीज बोनेवाले की मिसाल में ख़ुदा के कलाम की बराबरी बीजों से करता है, जब यह शख़्स के मन में पैदा होता है तो बेहतर रूहानी फल लाता है।
- पौलुस रसूल "बीज" लफ़्ज़ का इस्ते'माल ख़ुदा के कलाम के बारे में करता है।

## तर्जुमा की सलाह:

- जब बयान बीज का हो, तो "बीज" लफ़्ज़ का ही इस्ते'माल तर्जुमा में किया जाए, जो मक़सदी ज़बान में इस्ते'माल किया जाता है, उसके लिए जो किसान अपने खेत में बोता है।
- जब ख़ुदा के कलाम के बारे में हो तब बीज लफ़्ज़ को ज्यों का त्यों काम में लेना होगा.
- 'अलामाती इस्ते'माल में जब एक ख़ानदान कुल ता'दाद के लोगों के बारे में 'अलामाती शक्ल में बयान किया जाए तब बीज की मुक़ाबिले औलाद या “औलादों” लफ़्ज़ का इस्ते'माल ज़्यादा साफ़ मतलब बयान करेगा। कुछ ज़बानों में ऐसा लफ़्ज़ भी हो सकता है जिसका मतलब "औलाद और पोता-पोती" हो।
- 'औरत या मर्द के "बीज" के लिए देखें कि मक़सदी ज़बान में कि इसे किस तरह बयान किया जा सकता है जिससे पढने वालों को बुरा न लगे या शर्मिंदगी का तर्जुमा न हो। (देखें: अल्फ़ाज़ )

(यह भी देखें: नसल , औलाद

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 18:30-32
- पैदाइश 01:11-13
- यरमियाह 02:20-22
- मत्ती 13:7-9

## शब्दकोश:

- Strong's: H2232, H2233, H2234, H3610, H6507, G4615, G4687, G4690, G4701, G4703

# बीनने, बीनता, बीना हुआ, इकट्ठा करना

## ता'अर्रुफ़:

"सीला बीनना" खेत से या बगीचे से अनाज और फल जो लवनी करने वालों के हाथों से गिर गए उनको उठाना।

- ख़ुदा ने इस्राईल को हुक्म दिया था कि वह बेवाओं, ग़रीबों और परदेशियों को गिरा हुआ अनाज उठाने दें कि उनके खाने के लिए हो।
- कभी-कभी खेत का मालिक सीला बीनने वालों को लवनी करनेवालों के क़रीब भी आने नहीं देता था जिससे वह और भी ज़्यादा अनाज बटोर सकते थे।
- इस कहानी की सही मिसाल रूत की कहानी में है उसे हलीमी के साथ उसके एक रिश्तेदार बो'अज़ के खेत में लवनी करनेवालों के पास ईमानदारी से सीला बीनने दिया था।
- "सीला बीनने" के तर्जुमे हो सकते हैं, "चुनना" या "जमा' करना" या "उठाना"।

(यह भी देखें: बो'अज़, अनाज, फ़सल, रूत)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- इस्तिसना 24:21-22
- यसा'याह 17:4-5
- अय्यूब 24:5-7
- रूत 02:1-2
- रूत 02:15-16

## शब्दकोश:

- Strong's: H3950, H3951, H5953, H5955

# बीमारी

## ता'अरुफ़:

“बीमारी” या'नी सख्त दर्द या मुसीबत ।

- बीमारी जिस्मानी या दिमाग़ी तकलीफ़ या परेशानी हो सकती है।
- ख़तरनाक बीमारी में पड़े लोगों के चेहरे या सुलूक से वह ज़ाहिर होती है।
- मिसाल के तौर पर, बीमार इन्सान दांत पीसता है या रोता है।
- “बीमारी” का तर्जुमा हो सकता है, “दिमाग़ी परेशानी” या “ज़्यादा गम ” या “ज़ोरों की दर्द ”।

## किताब-ए-मुक़द्दस : के बारे में

- यरमियाह 06:23-24
- यरमियाह 19:6-9
- अय्यूब 15:22-24
- लूका 16:24
- ज़बूर 116:3-4

## शब्दकोश:

- Strong's: H2342, H2479, H3708, H4164, H4689, H4691, H5100, H6695, H6862, H6869, H7267, H7581, G928, G3600, G4928

# बुझाना, बुझेगी, नहीं बुझती

## ता’अरुफ़:

“बुझाना” लफ़्ज़ का मतलब है आग बुझाना या की ख्वाहिश को मुतमईन करना छोड़ देना |

- इस लफ़्ज़ का इस्तेमाल आमतौर पर प्यास बुझाने के बारे में किया जाता है, पीने वाली चीज़ को पीकर प्यास को बुझाना
- इसका बयान आग बुझाने से भी है।
- आग और प्यास दोनों ही पानी से बुझते हैं।
- पौलुस “बुझाने” लफ़्ज़ को तम्सीली शक्ल में काम में लेता है, जब वह ईमानदारों को कहता है, “पाक रूह को न बुझाओ”। इसका मतलब है कि इंसानों में पाक रूह के फल और ने;मत से इन्सानों को मायूस न करें। पाक रूह को बुझाने का मतलब है ऐसे काम करना कि पाक रूह इन्सान में अपनी ताक़त और काम ज़ाहिर न कर पाए।

(यह भी देखें: फल, ने’मत, पाकरूह )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 थिस्सलुनीकियों 05:19-22
- हिज़क़ीएल 20:45-47
- यसा’याह 01:31
- यरमियाह 21:11-12

## शब्दकोश:

- Strong's: H1846, H3518, H7665, H8257, G762, G4570

# बुराई, बे’इज़्ज़ती, बुराई, बुराई, बदनामी

## ता’अर्रुफ़:

किसी की बुराई करने का मतलब है तनक़ीद करना किरदार या आदत को क़ुबूल नहीं करना। बुराई करना इन्सान के लिए मनफ़ी तनक़ीद करना है।

- इन्सान “बुराई के क़ाबिल नहीं” या “बुराई के परे” या “बुराई का नहीं” है तो इसका मतलब है कि इन्सान ख़ुदा को ‘इज़्ज़त देनेवाला सुलूक रखता है और उसकी तनक़ीद नहीं की जा सकती है।
- लफ़्ज़ "बुराई" का तर्जुमा "इल्जाम" या "शर्म" या "बे’इज़्ज़ती" की शक्ल में भी किया जा सकता है।
- "बुराई करने के लिए" का तर्जुमा "ठट्ठा करने के लिए" या "इल्जाम लगाने के लिए" या "तनक़ीद करने के लिए" की शक्ल में भी किया जा सकता है, मज़मून पर मुनहस्सिर|

(यह भी देखें: इल्जाम लगाना, झिड़कना, शर्म)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तीमुथियुस 05:7-8
- 1 तीमुथियुस 06:13-14
- यरमियाह 15:15-16
- अय्यूब 16:9-10
- अम्साल 18:3-4

## शब्दकोश:

- Strong's: H1421, H1442, H2617, H2659, H2778, H2781, H3637, H3639, H7036, G410, G423, G819, G3059, G3679, G3680, G3681, G5195, G5196, G5484

# बुज़ुर्ग ख़ानदान , बुज़ुर्ग ख़ानदानों

## ता’अर्रुफ़:

“बुज़ुर्ग ख़ानदान” लफ़्ज़ पुराने ‘अहद नामे में यहूदियों के ख़ास बाप दादों का बयान देता है, ख़ास करके इब्राहीम , इसहाक़ और याक़ूब।

- यह लफ़्ज़ याक़ूब के बारह बेटों के बारे में भी काम में लिया गया है जो इस्राईल के बारह क़बीलों के बुज़ुर्ग ख़ानदान हुए थे।
- “बुज़ुर्ग ख़ानदान” लफ़्ज़ का मतलब “बुज़ुर्गों ” ही है लेकिन इसका ख़ास बयान क़ौम के सबसे ज्यादा इज्ज़तदार बुज़ुर्ग आदमी से है।

(यह भी देखें: बुज़ुर्ग,बाप,बाप दादा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के आमाल 02:29-31
- रसूलों के आमाल.. 07:6-8
- रसूलों के आमाल 07:9-10
- एज़्रा 03:12-13

## शब्दकोश:

- Strong's: H1, H7218, G3966

# बुज़ुर्ग, बुज़ुर्गों, बाप, बापों, बाप बना, निगरानी करना, बुज़ुर्ग, बुज़ुर्गों, दादा

## ता'अर्रुफ़:

जब लफ़्ज़ी तौर पर इस्ते'माल किया जाता है, तब "बाप" लफ़्ज़ किसी शख़्स के वालिदैन के बारे में बताता है| इस लफ़्ज़ के बहुत से 'अलामती इस्ते'माल भी हैं।

- "बाप" और "बुज़ुर्ग" लफ़्ज़ उमूमन किसी इन्सान या क़बीले के बुज़ुर्गों के लिए भी काम में लिया जाता है। * इसका तर्जुमा "बुज़ुर्ग" या "बुज़ुर्ग बाप" किया जा सकता है।
- इज़हार "का बाप" 'अलामती तौर पर उस इन्सान के बारे में होता है जो लोगों की जमा'अत का रहनुमा हो या किसी का ज़रिया' हो। मिसाल के तौर पर पैदाइश. 4 में " वह उन लोगों का बाप था जो तम्बूओं में रहते थे" इसका मतलब हो सकता है पहले लोगों के पहली नसल के रहनुमा जो "तम्बूओं में रहते थे"।
- पौलुस रसूल ने ख़ुद को उन लोगों का बाप कहा है जिन्होंने ख़ुशख़बरी बाँटने के ज़रिए' मसीही बनने में मदद की|

## तर्जुमे की सलाह

- जब हम एक बाप और उसके लफ़्ज़ी बेटे के बारे में बात करते हैं, तब लफ़्ज़ तर्जुमा 'आम लफ़्ज़ का इस्ते'माल करके किया जाना चाहिए ताकि ज़बान में एक बाप के बारे में बताया जा सके|
- "ख़ुदा बाप" का तर्जुमा भी उसी लफ़्ज़ से करना होगा जो "बाप" के लिए काम में आता है।
- बुज़ुर्गों के ज़िक्र में इस लफ़्ज़ का तर्जुमा "बुज़ुर्ग" या "बाप के बुज़ुर्ग" किया जाए।
- जब पौलुस ख़ुद को मसीही ईमानदारों का बाप कहता है तब इसका तर्जुमा किया जा सकता है, "रूहानी बाप" या "मसीह में बाप"।
- कभी-कभी "बाप" लफ़्ज़ का तर्जुमा "क़बीले का सरदार" किया जा सकता है।
- जुमले "सब झूठों का बाप" का तर्जुमा "सब झूठों का ज़रिया'" या "जिससे सारे झूठ आते हैं"।

(यह भी देखें: ख़ुदा बाप, बेटा, ख़ुदा का बेटा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 07:1-3
- रसूलों के 'आमाल. 07:31-32
- रसूलों के 'आमाल. 07:44-46
- रसूलों के 'आमाल. 22:3-5
- पैदाइश 31:29-30
- पैदाइश 31:41-42
- पैदाइश 31:51-53
- इब्रानियों 07:4-6
- युहन्ना 04:11-12
- यशू'अ 24:3-4
- मलाकी 03:6-7
- मरकुस 10:7-9
- मत्ती 01:7-8
- मत्ती 03:7-9
- मत्ती 10:21-23
- मत्ती. 18:12-14
- रोमियो 04:11-12

## शब्दकोश:

- Strong's: H1, H2, H25, H369, H539, H1121, H1730, H1733, H2524, H3205, H3490, H4940, H5971, H7223, G256, G540, G1080, G2495, G3737, G3962, G3964, G3966, G3967, G3970, G3971, G3995, G4245, G4269, G4613

# बुज़ूर्ग, बुज़ूर्गों

## ता'अरुफ़:

बुज़ूर्ग रूहानी बालिग़ मर्द होते हैं जिनकी ज़ूम्मेदारी होती है कि ख़ुदा के लोगों की रूहानी और मश्क़ी रहनुमाई करें।

- “बुज़ूर्ग” लफ्ज़ का असल इस ता'रीफ़ में है कि ये मर्द 'उम्र में ज़्यादा होते थे और 'उम्र और तजुर्बे के बारे में उनमें ज़्यादा 'अक्ल होती थी।
- पुराने 'अहद नामें में बुज़ूर्ग क़ौमी 'और मूसा की शरी'अत से मुता'ल्लिक़ मौज़ू'आत में इस्राईलियों की रहनुमाई और मदद करते थे।
- नये 'अहद नामें में यहूदी बुज़ूर्ग अपने क़बीलों में रहनुमाओं का किरदार निभाते थे और क़बीलों के मुंसिफ़ भी थे।
- इब्तिदाई मसीही कलीसियाओं में मसीही बुज़ूर्ग ईमानदारों के नज़दीकी मण्डली की रूहानी क़बीले में रहनुमाई करते थे।
- उन कलीसियाओं में बुज़ूर्ग में नौजवान शामिल थे जो रूहानी शक्ल से बालिग़ थे।
- इस लफ्ज़ का तर्जुमा " 'बूढ़े मर्दों " या " रूहानी शक्ल से बालिग़ लोगों” के शक्ल में किया जा सकता है जो कलीसिया की क़यादत कर रहे हैं।

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 11:1-3
- 1 तीमुथियुस 03:1-3
- 1 तीमुथियुस 04:14-16
- रसूलों के 'आमाल . 05:19-21
- रसूलों के 'आमाल 14:23-26
- मरकुस 11:27-28
- मत्ती 21:23-24

## शब्दकोश:

- Strong's: H1419, H2205, H7868, G1087, G3187, G4244, G4245, G4850

# बेकार, पाजी

## ता’अर्रुफ़:

“बेकार ” लफ़्ज़ किसी निकम्मी बात या बे मक़सद बात को ज़ाहिर करता है। बेकार बातें बे मा’नी और निकम्मी होती हैं।

- “पाजी ” (बेकार ही बेकार) या’नी निकम्मापन या बे मतलब इसका बयान घमंड और ग़ुरूर से भी है।
- पुराने ‘अहद नामे में बुतों को बेकार, निकम्मी कहा गया है, वे छुटकारा या नजात नहीं दिला सकतीं। वे निकम्मी हैं, उनकी न तो कोई लियाक़त है न ही कोई मक़सद
- अगर कोई काम “बेकार” में किया गया है तो इसका मतलब है कि उसका कोई अच्छा फल नहीं मिला उस कोशिश या काम से कुछ भी फ़ायदा नहीं हुआ है।
- बेकार में भरोसा करने' का मतलब कुछ ऐसी चीज़ों में यक़ीन करना है जो सच नहीं है और वह झूठी उम्मीद देती है।

## तर्जुमे की सलाह:

- मज़मून के मुताबिक़ “बेकार” लफ्ज का तर्जुमा “खाली” या “निकम्मा” या “ना उम्मीदी ” या “घटिया” या “बिन माने ” हो सकता है।
- “बेकार होना” का तर्जुमा “बे फल ” या “फल से महरूम ” या “बे मा’नी ” या “बे मक़सद ” हो सकता है।
- “बेकार ही बेकार” का तर्जुमा “घमंड” “निकम्मी बात” या “नाउम्मीदी बात” किया जा सकता है।

(यह भी देखें: बुत, लायक़)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 15:1-2
- 1 समूएल 25:21-22
- 2 पतरस 02:17-19
- यसा’याह 45:19
- यरमियाह 02:29-31
- मत्ती 15:7-9

## शब्दकोश:

- Strong's: H205, H1891, H1892, H2600, H3576, H5014, H6754, H7307, H7385, H7386, H7387, H7723, H8193, H8267, H8414, G945, G1432, G1500, G2755, G2756, G2757, G2758, G2761, G3150, G3151, G3152, G3153, G3154, G3155

# बेश क़ीमत

## सच्चाई

“बेश क़ीमत” उन आदमियों या चीज़ों का बयान देता है जिन्हें बहुत ज़्यादा क़ीमती माना जाता है।

- “बेश क़ीमत पत्थर” या “बेश क़ीमत मूंगे” उन चट्टानों या लगानों के बारे में काम में लिए जाते है जो रंगीन होते हैं या ऐसे और ख़ूबी वाले होते हैं जो उन्हें ख़ूबसूरत या इस्तेमाल वाले बनाते हैं।
- बेश क़ीमत पत्थरों में हैं, हीरे, माणिक और पन्ना।
- सोना और चांदी “बेश क़ीमत धातु” हैं।
- यहोवा कहता है कि उसके लोग “बेश क़ीमत है”। (यशा. 43:4)
- पतरस कहता है, “हलीमी और मन की हलीमी ख़ुदा की नज़र में इसकी क़ीमत बड़ी है”। (1पत. 3:4)
- इसका तर्जुमा हो सकता है, “क़ीमती ” या “बहुत प्यारी ” या “सजाने के लायक़” या “बहुतपसन्दीदा ”।

(यह भी देखें: सोना,चाँदी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 पतरस 01:1-2
- रसूलों के आमाल 20:22-24
- दानीएल 11:38-39
- नोहा 01:7
- लूका 07:2-5
- नग़मा 036:7-9

## शब्दकोश:

- Strong's: H68, H1431, H2532, H2580, H2667, H2896, H3357, H3365, H3366, H3368, H4022, H4030, H4261, H4262, H4901, H5238, H8443, G927, G1784, G2472, G4185, G4186, G5092, G5093

# बेक़ुसूर , बे क़ुसूर ठहराना, आज़ाद हो जाना ,

## ता’रीफ़:

"बेक़ुसूर ठहराना, यहाँ तक कि किसी को क़ानून के ख़िलाफ़ चाल चलन के इल्ज़ाम से आज़ाद करना,।

- कलाम, में यह लफ़्ज़ कभी - कभी गुनाहगारों को मुआफ़ करने में लिया जाता है ।
- ज़्यादा तर, बदकारों और ख़ुदावन्द की ख़िलाफ़त करने वालों को सही तौर से क़ुसूर से आज़ाद करने के बारे में है|।
- इसका तर्जुमा हो सकता है, बेक़ुसूर ठहराना , या मुजरिम न होने का ऐलान कर देना”

(यह भी देखें: \ मुआफ़, क़ुसूर, गुनाह)

## किताब -ए-मुक़द्दस के बारे में:

- इस्तिसना 25:1-2
- ख़ुरूज 21:28-30
- ख़ुरूज 23:6-9
- यसा'याह 05:22-23
- अय्यूब 10:12-14

## शब्दकोश:

- Strong's: H3444, H5352, H5355, H6403, H6663

# बे‘इज़्ज़त, बे‘इज़्ज़त, शर्म, शर्मनाक , शर्मिंदगी से, बे शर्म, बे शर्मी से,शर्म, बे‘इज़्ज़त नहीं

## ता’अर्रुफ़:

“शर्मनाक” लफ़्ज़ लोगों की बे‘इज़्ज़त के एहसास के बारे में है या'नी बे‘इज़्ज़त या ग़लत काम जो किसी ने किया।

- “शर्मनाक बात” या'नी “ग़लत ” या “नाक़ाबिले क़ुबूल ” काम।
- “बे‘इज़्ज़त” लफ़्ज़ का मतलब है किसी शर्मनाक काम को करने पर लोगों के मन में पैदा होने वाले एहसास ।
- “ शर्मनाक करना” या'नी किसी को हरा देना या उसके गुनाहों को ज़ाहिर करना कि उसे अपने पर शर्म आए।
- यसा'याह नबी यह कहता है कि जो बुत बनाते हैं और बुत परस्ती करते हैं वह बे‘इज़्ज़त किए जाएंगे।
- ख़ुदावन्द तौबा न करने वाले के गुनाह ज़ाहिर करके और उसे ज़लील करके बे‘इज़्ज़त करेगा।

(यह भी देखें: झूठे मा’बूद, हलीमी , ज़लालत , यसा'याह, तौबा, गुनाह, ‘इबादत)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 पतरस 03:15-17
- 2 सलातीन 02:17-18
- 2 शमूएल 13:13-14
- लूक़ा 20:11-12
- मरकुस. 08:38
- मरकुस. 12:4-5

## शब्दकोश:

- Strong's: H937, H954, H955, H1317, H1322, H2616, H2659, H2781, H3001, H3637, H3639, H3640, H6172, H7022, H7036, H8103, H8106, G127, G149, G152, G153, G422, G808, G818, G819, G821, G1788, G1791, G1870, G2617, G3856, G5195

# बे’इज़्ज़ती, बे’इज़्ज़त करता, बे’इज़्ज़त किया, शर्मनाक

## सच्चाई:

लफ़्ज़ “बे’इज़्ज़त” का मतलब है ‘इज़्ज़त और अहतिराम खो देना|

- जब इन्सान गुनाह करता है तो वह बे’इज़्ज़ती और शर्मिंदगी की हालत में होता है|
- “शर्मनाक” लफ़्ज़ गुनाह को या गुनाह करनेवाले का ज़िक्र करता है।
- कभी-कभी नेक काम करने वाले के साथ ऐसा सुलूक किया जाता है जिससे वह शर्मिंदा और बे’इज़्ज़त होता है।
- मिसाल के तौर पर, ‘ईसा की सलीब पर मौत एक शर्मनाक मौत थी। ‘ईसा ने ऐसी बे’इज़्ज़ती के लायक़ कुछ नहीं किया था।
- “बे’इज़्ज़ती” का तर्जुमा “शर्म” या “बे’इज़्ज़त” हो सकता है।
- “शर्मनाक” का तर्जुमा “शर्मनाक” या “बे’इज़्ज़त” हो सकता है।

(यह भे देखें: बे’इज्ज़त, ‘इज़्ज़त, शर्म)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तीमुथियुस 03:6-7
- पैदाइश 34:6-7
- इब्रानियों 11:23-26
- यरमियाह का नोहा 02:1-2
- ज़ुबूर 022:6-8

## शब्दकोश:

- Strong's: H954, H1984, H2490, H2617, H2659, H2781, H2865, H3637, H3971, H5007, H5034, H5039, H6031, H7036, G149, G819, G3680, G3856

## बोझ, बोझ, बोझ से दबे, भारी

### ता'अर्रुफ़:

बोझ उठाने के लिए कोई भारी चीज़ हो सकती है। यह किसी जानवर के ज़रिए' उठाया जानेवाला भारी सामान भी होता है। "बोझ" लफ़्ज़ के कई 'अलामती लफ़्ज़ भी हैं।

- बोझ आदमी का एक शख़्त ज़िम्मेदारी या ख़ास ज़िम्मेदार भी होता है। उसके लिए कहा जाता है कि वह “भारी बोझ” "उठा रहा है" या “से दबा है”।
- बेरहम बादशाह अवाम पर बोझ डालता है जैसे बहुत ज़्यादा कर चुकाना।
- जो इंसान किसी पर बोझ होना नहीं चाहता वह किसी के लिए तकलीफ़ का ज़रिया' नहीं होता है।
- इंसान के लिए गुनाह का बोझ एक बोझ है।
- “ख़ुदा का बोझ” का नबी के ज़रिए' ख़ुदावन्द की क़ौम को सुनाए गए “ख़ुदा की ख़ुशख़बरी” 'अलामती मतलब है।
- “बोझ” जिसका तर्जुमा हो सकता है, “ज़िम्मेदारी” या “ज़िम्मेदारी” या “भारी बोझ” या “ख़ुशख़बरी” जुमले के मुताबिक़ जैसा भी हो।

### किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 थिस्सलुनीकियों 03:6-9
- गलातियों 06:1-2
- गलातियों 06:3-5
- पैदाईश 49:14-15
- मत्ती 11:28-30
- मत्ती 23:4-5

### शब्दकोश:

- Strong's: H92, H3053, H4614, H4853, H4858, H4864, H4942, H5445, H5447, H5448, H5449, H5450, H6006, G4, G916, G922, G1117, G2347, G2599, G2655, G5413

# बोसा, बोसे, बोसा दिया, बोसा देना

## ता'अर्रुफ़:

बोसा एक ऐसा काम है जिसमें एक इन्सान अपने होंठ किसी और इन्सान के होंठ या चेहरे पर रखता है| इस लफ़्ज़ का इस्ते'माल तम्सीली तौर भी किया जा सकता है|

- कुछ रवायतों में गाल पर एक दूसरे के इस्तक़बाल के तौर पर या अलविदा कहने के लिए बोसा दिया जाता है|
- एक बोसा शौहर और बीवी के दरमियान गहरी मुहब्बत ज़ाहिर कर सकता है|
- "किसी को विदाई पर चूमना" का मतलब है किसी को बोसे के साथ अलविदा कहना|
- कभी कभी "बोसे" लफ़्ज़ का मतलब "अलविदा कहने" के लिए किया जाता है| जब एलीशा ने एलियाह से कहा, "मुझे पहले मेरे वालिदैन को चूमने दो" वह एलियाह का 'अमल करने से पहले अपने वालिदैन से विदा लेना चाहता था|

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 थिस्सलुनीकियों 05:25-28
- पैदाइश 27:26-27
- पैदाइश 29:11-12
- पैदाइश 31:26-28
- पैदाइश 45:14-15
- पैदाइश 48:8-10
- लूक़ा 22:47-48
- मरकुस 14:43-46
- मत्ती 26:47-48

## शब्दकोश:

- Strong's: H5390, H5401, G2705, G5368, G5370

# बग़ावत , बग़ावत, बग़ावत की, बग़ावत करना, बग़ावत, बाग़ी, बग़ावत

## ता’अर्रुफ़:

“बग़ावत” लफ़्ज़ का मतलब है किसी के इख़्तियार के ताबे’ होने से इन्कार करना। “बग़ावत करने वाला” हुक्म नहीं मानता है और बुरा काम करता है। ऐसा इन्सान “बाग़ी” कहलाता है

इन्सान बग़ावत करता है जब वह ऐसा काम करता है जिसके लिए मुलाज़िमों ने मना’ किया है।

- इन्सान मुलाज़िमों के ज़रिए’ मुक़र्रर काम न करे तो वह बग़ावत करता है।
- कभी-कभी इन्सान अपने सरकार या शासकों से भी बग़ावत (बग़ावत ) करते हैं।
- मज़मून पर मुनहस्सिर “बग़ावत करना” का तर्जुमा “हुक्म न मानना” या “बग़ावत करना” भी हो सकता है।
- “बाग़ी” का तर्जुमा “लगातार फ़रमाबरदार” या “फ़रमाबरदारी से इन्कार” भी किया जा सकता है।
- “बग़ावत” का मतलब है, “हुक्म मानने से इन्कार” या “नाफ़रमानी” या “क़ानून की मुख़ालिफ़त”
- “बग़ावत” का हवाला एक संगठित जमा’अत से भी हो सकता है जो क़ानून को तोड़कर रहनुमा और अवाम पर अवामी हमला कर देते हैं। ये लोग दीगर इन्सानों को भी साथ देने के लिए भड़काते हैं।

(यह भी देखें: इख़्तियार, हाकिम)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 12:18-19
- 1 शमूएल 12:14-15
- 1 तीमुथियुस 01:9-11
- 2 तवारीख़ 10:17-19
- रसूलों के ‘आमाल 21:37-38
- लूक़ा 23:18-19

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **14:14** इस्राईलियों के चालीस साल तक जंगल में भटकने के बा’द, वह सभी जो ख़ुदा के ख़िलाफ़ बोलते थे मर गए।
- **18:07** दस इस्राईली क़बीले रहूबियाम के **ख़िलाफ़** बग़ावत की|
- **18:09** यरुबआम ने ख़ुदा का _बग़ावत _ किया और लोगों को गुनाह में धकेल दिया।
- **18:13** यहूदाह के बहुत से लोग ख़ुदा के **विरुद्ध** हो गए और दीगर मा’बूदों की ‘इबादत करने लगे।
- **20:07** लेकिन कुछ सालों के बा’द, यहूदाह के बादशाह ने बाबुल के **ख़िलाफ़** बग़ावत की|
- **45:03** फिर स्तिफनुस ने कहा, “ऐ ज़िद्दी और ख़ुदा से बग़ावत करने वालों, तुम हमेशा पाक रूह की **मुख़ालिफ़त** करते हो, जैसा तुम्हारे बुज़ुर्गों ने हमेशा ख़ुदा की मुख़ालिफ़त की और उसके नबियों को मार डाला।

## शब्दकोश:

- Strong's: H4775, H4776, H4777, H4779, H4780, H4784, H4805, H5327, H5627, H5637, H6586, H6588, H7846, G3893, G4955

# बड़ा , जिन्नात

## ता’अर्रुफ़:

“दानव” उस इन्सान को कहते हैं जो क़द और ताक़त में 'आम तौर से बड़ा हो।

- फ़िलिस्ती फ़ौज गोलियत जो दाऊद से लड़ा उसको दानव कहा गया है क्यूँकि वह बहुत लम्बा चौड़ा और ताक़तवर आदमी था।
- कन'आन का राज़ लेने जो इस्राईली जासूस गये थे उन्होंने कहा कि वहाँ दानव बसते हैं।

(यह भी देखें: कन'आन, गोलियत, फ़िलिस्ती)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 06:4
- गिनती 13:32-33

## शब्दकोश:

- इनमें से कुछ लफ़्ज़ यूनानी कहावत में तर्जुमा हैं जैसे, “हैरान होना” या “अपने आपे से बाहर होना”। * इन जुमलों से मा'लूम होता है कि आदमी कैसे त'अज्जुब और हैरान हुआ है। और ज़बानों में भी इन जुमलों को बयान करने के लफ्ज़ होंगे।

बराबर हैरान और त'अज्जुब पैदा करने वाले हादसे मो'जिज़े होते हैं ऐसा काम सिर्फ़ ख़ुदा ही कर सकता है

- इन लफ़्ज़ों के मतलब में घबराहट का एहसास भी हो सकता है क्यूँकि जो हुआ वह न उम्मीद था।
- इन लफ़्ज़ों का तर्जुमा करने की कई शक्लें हैं, “रूहानी हैरत” या “बहुत ज़्यादा ”
- इस लफ्ज़ का एक ही जैसे मतलब हैं, “अजीब (हैरान कुन, त’अज्जुब) “हैरान” “हैरान करना”
- आम तौर से यह लफ्ज़ बराबर हैं और दिखाते हैं कि इंसान किसी ख़ास वजह से ख़ुश हैं।

(यह भी देखें: अजीबकाम, \निशान]निशान, निशानियाँ,सुबूत, याद दिलाना

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल . 08:9-11
- रसूलों के 'आमाल 09:20-22
- गलातियों 01:6-7
- मरकुस 02:10-12
- मत्ती 07:28-29
- मत्ती 15:29-31
- मत्ती 19:25-27

## शब्दकोश:

- Strong's: H926, H2865, H3820, H4159, H4923, H5953, H6313, H6381, H6382, H6383, H6395, H7583, H8047, H8074, H8078, H8429, H8539, H8540, H8541, H8653, G639, G1568, G1569, G1605, G1611, G1839, G2284, G2285, G2296, G2297, G2298, G3167, G4023, G4423, G4592, G5059

# मग़रूर, ग़ुरूर करके, गुरूर

## ता'अर्रुफ़:

“मग़रूर” या'नी घमण्डी, हमेशा ज़ाहिरी शक्ल में।

- मग़रूर आदमी अपनी बड़ाई करता है।
- मग़रूर का मतलब है कि और लोग इतने अहम या होनहार नहीं हैं।
- ख़ुदा की बे'इज़्ज़ती करनेवाले लोग जो उसके मुख़ालिफ़ है, मग़रूर हैं, क्यूँकि वह क़ुबूल नहीं करते कि वह ख़ुदावन्द बड़ी 'इज़्ज़त वाला है।

(यह भी देखें:: पहचानना, फ़ख्र करना, घमण्डी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 04:17-18
- 2 पतरस 02:17-19
- हिज़कीएल 16:49-50
- अम्साल 16:5-6
- ज़बूर 056:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: H1346, H1347, H6277

# मज़मून , मौज़ू’, , ताबे’, मुस्तहकम , मौज़ू’ के ताबे’, मज़ामीन, ताबे’, मज़ामीन था, मज़ामीन किए गए थे, मज़ामीन में

## सच्चाई:

एक शख़्स दूसरे शख़्स का "ताबे’" होता है, अगर दूसरा शख़्स पहली पर हुकूमत करता है। “ताबे' रहो” यह जुमला एक हुक्म है जिसका मतलब है, “हुक्म मानों” या “किसी के इता'अत के ताबे' रहो”

- “के ताबे' करना” का मतलब है लोगों को किसी रहनुमा या हाकिम के इख़्तियार के ताबे' करना।
- “किसी को किसी बात के ताबे' करना” या'नी किसी को मन्फ़ी तौर पर तजुर्बा करवाना जैसे सज़ा के हुक्म के ताबे' करना।
- कभी-कभी “ताबे'” लफ़्ज़ का मौज़ू' “वजह” या किसी बात का तवज्जह होना भी होता है जैसे “मज़ाक़ की वजह होगे”
- “के ताबे'” का मतलब भी वही है जैसे “के ताबे' रहो” या “फ़रमाबरदारी ”

(यह भी देखें:ताबे')

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 02:14-16
- 1 सलातीन 04:5-6
- 1 पतरस 02:18-20
- इब्रानी 02:5-6
- अम्साल 12:23-24

## शब्दकोश:

- Strong's: H1697, H3533, H3665, H4522, H5647, H5927, G350, G1379, G1396, G1777, G3663, G5292, G5293

# यहूदियों, यहूदी

## सच्चाई:

“यहूदी रहनुमा ” या “यहूदियों के हाकिम” या'नी मज़हबी रहनुमा जैसे इमाम और ख़ुदा के कलाम का उस्ताद । उन्हें मज़हब के 'अलावह दूसरे मज़्मूनों के बारे में भी फ़ैसला देने का इख़्तियार था।

- यहूदियों के रहनुमा थे ‘आला और ख़ास इमामों, और क़ानून के उस्ताद (ख़ुदावन्द की शरी'अत के उस्ताद)
- यहूदी रहनुमाओं के दो ख़ास गिरोह थे फ़रीसी और सदूक़ी।
- यरूशलीम की मजलिस में क़ानूनी मु'आमिलात के बारे में फ़ैसला लेने के लिए सत्तर यहूदी रहनुमा जमा' हुए थे।
- कई यहूदी रहनुमा मग़रूर थे और अपने आप को नेक समझते थे। * वह 'ईसा से हसद करते थे और उसे नुक़सान पहुंचाना चाहते थे। वह ख़ुदा को जानने का दावा तो करते थे, लेकिन उसके हुक्मों को नहीं मानते थे।
- “यहूदी” लफ़्ज़ ज़्यादातर यहूदी रहनुमाओं के लिए काम में लिया जाता था। ख़ास करके जब वह 'ईसा से नाराज़ होकर उसे जाल में फंसाना चाहते थे या उसे नुक़सान पहुंचाना चाहते थे।
- इन लफ़्ज़ों का तर्जुमा किया जा सकता है, “यहूदी हाकिम” या “यहूदियों के ” या इख़्तियारी हाकिम “यहूदी मज़हबी उस्ताद”

(यह भी देखें: यहूदी, हाकिम-काहिनों, मजलिस, सरदार काहिन, फ़रीसी, काहिन, सदूक़ी, ‘आलिम)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- ख़ुरूज 16:22-23
- यूहन्ना 02:17-19
- यूहन्ना 05:10-11
- यूहन्ना 05:16-18
- लूक़ा 19:47-48

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **24:03 उन्होंने** अपने-अपने गुनाहों को मानकर, बपतिस्मा लिया, बहुत से मज़हबी काहिन यूहन्ना से बपतिस्मा लेने को आए, लेकिन उन्होंने अपने गुनाहों से तौबा न किया |
- **37:11** लेकिन **यहूदियों के मज़हबी उस्ताद** ‘ईसा से हसद रखते थे, इसलिए उन्होंने आपस में मिलकर मन्सूबा बनाना चाहा कि कैसे वह 'ईसा और लाजर को मरवा सकें ।
- **38:02** वह(यहूदा) जानता था कि _ यहूदी उस्तादों_ ने 'ईसा को मसीहा की शक्ल में इन्कार कर दिया था और वह उसे मरवा डालने का मन्सूबा बना रहे थे।
- **38:03 यहूदी रहनुमाओं** ने हाकिम काहिन के ज़िम्मेदारी में 'ईसा को धोखा देने के लिये उसे तीस चाँदी के सिक्के तोलकर दे दिए।
- **39:05 यहूदी रहनुमाओं** ने सरदार काहिन को जवाब दिया, “यह मरने के लायक़ है।”
- **39:09** अगली सुबह **यहूदी रहनुमाओं** ने 'ईसा को ले जाकर पिलातुस को सौंप दिया जो एक रोमन गवर्नर था।
- **39:11** लेकिन **यहूदी रहनुमाओं** ने चिल्लाकर कहा कि, “इसे सलीब पर चढ़ा दो।”
- **40:09** तब यूसुफ़ और नीकुदेमुस, दो **यहूदी काहिन** जिन्हें यक़ीन था कि 'ईसा ही मसीह है, पिलातुस के पास जाकर 'ईसा की लाश को माँगा।
- **44:07** दूसरे दिन ऐसा हुआ कि _यहूदी काहिन _पतरस और यूहन्ना को लेकर सरदार काहिन के पास गए।

## शब्दकोश:

- Strong's: G2453

# यहूदी मज़हब, यहूदियों

## ता’अर्रुफ़:

“यहूदी मज़हब” का मतलब है यहूदियों का ,अमली मज़हब इसे “यहूदी मज़हब” भी कहा गया है।

- पुराने 'अहद नामे में “यहूदी मज़हब” का ज़िक्र है जबकि नये 'अहद नामे में “यहूदी मज़हब” को काम में लिया गया है।
- यहूदी मज़हब में पुराने 'अहद नामे के क़ानून और इस्राईलियों के 'अमल करने के लिए ख़ुदा के हुक्म थे। उसमें वक़्त के साथ काम में जुड़ने वाली रवाजे और तौर तरीक़े भी थी।
- यहूदी मज़हब के तर्जुमे में दोनों पुराने और नये 'अहद नामों में भी “यहूदी मज़हब” काम में लिया जा सकता है।
- “यहूदी मज़हब” का इस्ते'माल सिर्फ़ नये 'अहद नामे में किया जाए क्यूँकि यह लफ़्ज़ इससे पहले नहीं था।

(यह भी देखें: यहूदी, क़ानून )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- गलातियों 01:13-14

## शब्दकोश:

- Strong's: G2454

# याद दिलानेवाले, हदिया याद के लिये

## ता’अरुफ़:

“ याद दिलानेवाले” या'नी कोई काम या चीज़ जो किसी का या किसी बात को याद कराती है।

- यह लफ़्ज़ ख़ास तौर में काम में लिया जाता है कि बात का बयान करे जिससे याद हो जैसे “यादगार की नज़र” या “यादगार का हिस्सा ” या “ यादगार के पत्थर”
- पुराने 'अहद नामे में नज़र पेश की जाती थी कि इस्राईल याद रखें कि ख़ुदा ने उनके लिए क्या किया।
- ख़ुदा ने इस्राईल के काहिनों को ख़ास लिबास पहनने का हुक्म दिया था जिन पर यादगार के लिए पत्थर लगे थे। * इन पत्थरों पर इस्राईल के बारहों क़बीलों के नाम लिखे थे। ये शायद उन्हें ख़ुदा की क़ाबिलियत का याद कराने के लिए थे।
- नये 'अहद नामे में, ख़ुदा ने कुरनेलियुस नाम का एक आदमी को नवाज़ा था क्यूँकि वह ग़रीबों पर तरस खाता था। उसके इन कामों को ख़ुदा के सामने “यादगार के लिए” माना गया था।

## तर्जुमा की सलाह:

- इसका तर्जुमा “हमेशा के लिए यादगार ” हो सकता है।
- “ यादगार के पत्थर” का तर्जुमा “उन्हें याद कराने के लिए पत्थर” हो सकता है।

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 10:3-6
- ख़ुरूज 12:12-14
- यसा'याह 66:3
- यशू'अ 04:6-7
- इस्तिसना 23:23-25

## शब्दकोश:

- Strong's: H2142, H2146, G3422

# रथ, रथों ,रथियों

## ता’अर्रुफ़:

पुराने ज़माने में रथ घोड़ो के ज़रिये’ खींची जाने वाली दो पहियों की गाड़ियाँ होती थीं |

- सवार रथ में बैठते थे या खड़े होते थे और उन्हें आम सवारी के लिए या जंग के लिए काम में लेते थे |

जंग में जिस फ़ौज के पास रथ थे वह सामने वाली फ़ौज जिसके पास रथ नहीं थे उससे ज़्यादा तेज़ व तैयारी में ताक़त रखते थे | पुराने ज़माने में मिस्र और रोमी रथों के इस्ते’माल के लिए जाने जाते थे

(यह भी देखें: अनजाने लफ़्ज़ों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: मिस्र, रोम)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 09:22
- 2 तवारीख़ 18:28-30
- रसूलों के 'आमाल 08:29-31
- रसूलों के 'आमाल 08:36-38
- दानीएल 11:40-41
- ख़ुरूज 14:23-25
- पैदाइश 41:42-43

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसाल:

**12:10*इस लिए वह समन्दर के रास्ते में इस्राईलियों के पीछे चल रहे थे लेकिन ख़ुदा ने उन्हें घबरा दिया ,और उनके रथोके पहिये को निकाल डाला जिससे उनका चलना मुश्किल हो गया|

## शब्दकोश:

- Strong's: H668, H2021, H4817, H4818, H5699, H7393, H7395, H7396, H7398, G716, G4480

# रहन, वा’दा करना , ‘अहद

## ता’अर्रुफ़:

“रहन” रस्मी तौर से और ईमानदारी से की बात को करने या किसी चीज़ को देने का ‘अहद करना।

- पुराने ‘अहद नामे में इस्राईल के हाकिमों ने दाऊद के साथ वफ़ादारी निभाने का वा’दा किया था।
- वा’दे को पूरा करने की शकल दी गई चीज़ वा’दा पूरे होने के वक़्त उसके मालिक को लौटा दी जाती थी।
- “वा’दा करने ” का तर्जुमा हो सकता है, “पूरी तरह हवाले करना” या “पक्का अहद करना”
- इस लफ़्ज़ का इस्तेमाल उस चीज़ के लिए भी किया जाता है जो क़र्ज़ चुकाने के भरोसे या रहन की शकल में रखी जाती है।
- “वा’दा करना ” का तर्जुमा हो सकता है, “पूरी तरह से वा’दा करना” या “रस्मी तौर और हवाले ” या “’अहद ” या “रस्मी तौर पर भरोसा ” मज़मून के मुताबिक़

(यह भी देखें: वा’दा, क़सम, अहद

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 कुरिन्थियों 05:4-5
- ख़ुरूज 22:25-27
- पैदाइश 38:17-18
- नहमियाह 10:28-29

## शब्दकोश:

- Strong's: H781, H2254, H2258, H5667, H5671, H6148, H6161, H6162

# राख, राख, धूल

## सच्चाई:

“राख” लफ़्ज़ उस काले पावडर के बारे में काम में लिया जाता है जो लकड़ी के जलने के बा'द रह जाता है। कभी-कभी इस लफ़्ज़ का इस्ते'माल किसी बेकार और निकम्मी चीज़ के लिए भी किया जाता है।

- कलाम में कभी-कभी राख के लिए "धूल" लफ़्ज़ का इस्ते'माल भी किया गया है। इसके बारे में सूखी ज़मीन की मिट्टी से भी है।
- “राख का ढेर” या'नी बहुत राख का ढेर पड़ा है।
- पुराने ज़माने में राख में बैठना दुःख और नौहा का इशारा देता था।
- नौहा के वक़्त टाट का बना कड़ा चुभनेवाला लिबास पहन कर राख में बैठना या सिर में राख डालना होता था।
- सिर में राख डालना बे'इज़्ज़त और शर्मिंदगी की भी पहचान थी ।
- जब कोई किसी निकम्मी चीज़ के लिए कोशिश करता है जो कहा जाता है कि वह “राख खा रहा है”।
- “राख” लफ़्ज़ का तर्जुमा करते वक़्त मक़सदी ज़बान में ऐसा लफ़्ज़ काम में लें जो जली लकड़ी के जल जाने के बा'द काले चूर्ण को बयान करता है।
- तवज्जुह दें कि “राख का दरख़्त(राख का दरख़्त)” एक मुकम्मल अलग लफ़्ज़ है।

(यह भी देखें: आग, टाट)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 20:9-10
- यरमियाह 06:25-26
- ज़बूर 102:9-10
- ज़बूर 113:7-8

## शब्दकोश:

- Strong's: H80, H665, H666, H766, H1854, H6083, H6368, H7834, G2868, G4700, G5077, G5522

# राज़, भेदों, भेद, पोशीदा

## ता’अर्रुफ़:

कलाम में “राज़” लफ़्ज़ का बयान किसी अंजान या समझने में ला 'इल्म बात से है जिसे ख़ुदा अब ज़ाहिर कर रहा है।

- नये 'अहद नामे में कहा गया है कि मसीह की ख़ुश ख़बरी गुज़रे हुए ज़माने में एक राज़ की बात थी।
- एक ख़ास बात जिसे राज़ कहा गया है, वह है कि यहूदी और ग़ैर क़ोम मसीह में एक हैं।
- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा “राज़ ” या “पोशीदा बात” या “अंजान बात” भी किया जा सकता है।

(यह भी देखें: मसीह, ग़ैर क़ोम, अच्छी ख़बर, यहूदी, सच्चाई)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- कुलुस्सियों 04:2-4
- इफ़िस्सियों 06:19-20
- लूक़ा 08:9-10
- मरकुस 04:10-12
- मत्ती 13:10-12

## शब्दकोश:

- Strong's: H1219, H7328, G3466

# रिवायत , रिवायतें

## ता’अरुफ़:

रिवायत, तहज़ीब और मश्क़ थे जो बहुत ज़माने से इस्तेमाल में रहे और आनेवाली नसलों को दिए गए।

- किताब-ए-मुक़द्दस में अक्सर " रिवायतों" लफ़्ज़ जो कि लोगों के ज़रिए’ की गई ता’लीमों और तहजीबों के बारे में बताया जाता है, ख़ुदा की शरी’अत के मुताबिक़ नहीं। ज़ाहिरयत "आदमियों की रिवायत " या "इन्सानों रिवायत " इस को वाज़े’ करता है।
- जुमला जैसे कि "बाप दादों की रिवायतों" या "मेरे बाप की रिवायतों" खास कर से यहूदी रीति-रिवाजों और रस्मों के लिए ख़ास शक्ल में बयान करता हैं, जो वक़्त के साथ यहूदी रहनुमाओं ने मूसा के ज़रिए’इस्राईलियों को दिए गए क़ानूनों में वक़्त के साथ जोड़ा गया था। अगर चे इन जोडी गई रिवायतें ख़ुदा से नहीं आई थीं, और लोगों ने सोचा कि उन्हें रास्तबाज़ होने के लिए उन्हें इनको मानना होगा।
- पौलुस रसूल ने “रिवायत” को अलग तरीके से इस्तेमाल किया मसीही मशक के बारे में ता’लीमों को जो ख़ुदा से आया था बयान करने के लिए जो उसने और और रसूलों ने नए ईमानदारों को सिखाया।
- आज के वक़्त में, कई मसीही रिवायतें हैं जो किताब-ए-मुक़द्दस में सिखाई नहीं जाती हैं बल्कि तावारीखी शक्ल से क़ुबूल किए गए रस्मों -रिवाजों और रिवायत का नतीजा है। ये रिवायतें हमेशा किताब-ए-मुक़द्दस में ख़ुदा के बारे में हमें सिखाए गए कामों के मुताबिक़ परख की जानी चाहिए।

(यह भी देखें: रसूल , ईमान, मसीही ईमानदार, बाप दादो, नसल, यहूदी, शरी’अत, मूसा)

## किताब-ए-मुक़द्दस सन्दर्भ:

- 2 थिस्सलुनीकियों 03:6-9
- कुलुस्सियों 02:8-9
- गलातियों 01:13-14
- मरकुस 07:2-4
- मत्ती 15:1-3

## शब्दकोश:

- Strong's: G3862, G3970

# रिश्तेदार, रिश्तेदार, रिश्तेदारी, रिश्तेदार, अज़ीज़ मर्द, अज़ीज़ लोग

## ता’अर्रुफ़:

लफ़्ज़ "रिश्तेदार" एक इंसान के ख़ून के रिश्तेदारों को बताता है, जिसे ख़ानदान के तौर पर माना जाता है। लफ़्ज़ "अज़ीज़मर्द" ख़ासतौर से आदमी रिश्तेदार के बारे में बताता है।

- "रिश्तेदार" सिर्फ़ एक इंसान के क़रीबी रिश्तेदारों को देख सकता है, जैसे माँ-बाप और भाई बहन, या इसमें चाची, चाचा, या चचेरे भाई जैसे ज़्यादा दूर के रिश्तेदार भी शामिल हो सकते हैं।
- पुराने इस्राईल में, अगर एक आदमी की मौत हो गई, तो उसके क़रीबी आदमी रिश्तेदार से उसकी बेवा से शादी करने, अपनी मीरास का इंतजाम करने और अपने ख़ानदान के नाम को चलाने में मदद की उम्मीद थी। इस रिश्तेदार को "बचाने वाला रिश्तेदार" कहा जाता था।
- इस लफ़्ज़ "रिश्तेदार" का तर्जुमा "रिश्तेदार" या "ख़ानदान के अफ़राद" के तौर पर भी किया जा सकता है।

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रोमियो 16:9-11
- रूत 02:19-20
- रूत 03:8-9

## शब्दकोश:

- Strong's: H251, H1350, H4129, H4130, H7138, H7607, G4773

# रिश्वत , रिश्वत , रिश्वत दी, रिश्वत लेना

## ता'अर्रुफ़:

“रिश्वत ”, किसी से गलत काम करवाने के लिए क़ीमती तोहफ़ा जैसे पैसा देना।

- 'ईसा की क़ब्र की चौकसी करनेवाले फौजियों को झूठ बोलने के लिए रिश्वत दी गई थी।
- कभी-कभी सरकारी अफ़सर को जुर्म को नज़रअंदाज़ करने या कोई फ़ैसला लेने के लिए भी रिश्वत दी जाती है।
- किताब-ए-मुक़द्दस में रिश्वत लेना या रिश्वत देना मना है।
- “रिश्वत ” लफ्ज़ का तर्जुमा हो सकता है, “बेइमानी का पैसा” या “झूठ बोलने के लिए दिया गया पैसा” या “उसूल तोड़ने की क़ीमत ।”
- “रिश्वत देना” का तर्जुमा ऐसे लफ्ज़ या जुमले के ज़रिये' किया जा सकता है जिसका मतलब है, “असर डालने के लिए पैसा देना” या “बेईमानी से तरफ़दारी करने की क़ीमत देना” या “तरफ़दारी के लिए पैसा देना।”

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 शमूएल 08:1-3
- वाइज़ 07:7
- यसा'याह 01:23
- मीकाह 03:9-11
- अम्साल 15:27-28

## शब्दकोश:

- Strong's: H3724, H4979, H7809, H7810, H7936, H7966, H8641, G5260

# रिहम ,बच्चेदानी

## ता'अर्रुफ़:

“रिहम ” या'नी ‘औरत के जिस्म में बच्चे दानी |

- यह एक पुराना लफ़्ज़ है जिसका इस्तेमाल अच्छाई और सीधी ज़बान के लिए किया गया है। (देखें तमसील ).
- “रिहम ” का नया लफ़्ज़ है “बच्चे दानी ”।
- कुछ ज़बानों में रिहम या बच्चेदानी की जगह में “पेट” लफ़्ज़ काम में लिया जाता है।
- मक़सदी ज़बान में आम और क़ुदरती व मंज़ूरी लफ़्ज़ का इस्ते'माल करे।

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 25:23
- पैदाइश 25:24-26
- पैदाइश 38:27-28
- पैदाइश 49:25
- लूका 02:21
- लूका 11:27-28
- लूका 23:29-31
- मत्ती 19:10-12

## शब्दकोश:

- Strong's: H990, H4578, H7356, H7358, G1064, G2836, G3388

# रेगिस्तान , रेगिस्तान, वीरान, सुनसान

## ता'अर्रुफ़:

रेगिस्तान या वीरान, एक ख़ुश्क बंजर ज़मीन की जगह होती है जहां बहुत ही कम पेड़ पौधे उगते हैं।

- रेगिस्तान एक ख़ुश्क आब-ओ-हवा और थोड़े दरख़्त और जानवर की जगह होती है|
- शख़्त हालात की वजह से, रेगिस्तान में बहुत ही कम लोग रह सकते हैं, इस लिए इसका हवाला "वीरान" के तौर पर देते हैं|
- "वीरान" दूर होने का मतलब बयान करता है, लोगों से दूर वीरान जगह|
- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा "वीरान जगह" या "दूर दराज की जगह" या "अजनबी जगह" किया जा सकता है।

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 13:16-18
- रसूलों के 'आमाल 21:37-38
- ख़ुरूज 04:27-28
- पैदाइश 37:21-22
- यूहन्ना 03:14-15
- लूक़ा 01:80
- लूक़ा 09:12-14
- मरकुस 01:1-3
- मत्ती 04:1-4
- मत्ती 11:7-8

## शब्दकोश:

- Strong's: H776, H2723, H3293, H3452, H4057, H6160, H6723, H6728, H6921, H8047, H8414, G2047, G2048

# रोटी

## ता'अर्रुफ़:

रोटी, आटे में पानी और तेल मिलाकर बनाई जाती है। आटे को बेलकर रोटी की शक्ल देकर सेंका जाता है।

- जब “रोटी” लफ्ज़ अकेला हो तो इसका मतलब है, रोटी।
- रोटी के आटे को फूलाने के लिए उसमें खमीर मिलाया जाता है।
- रोटी बिना खमीर के भी बनाई जाती है। * किताब-ए-मुक़द्दस में ऐसी रोटी को “बे ख़मीरी रोटी” कहा गया है, यह रोटी यहूदी 'ईद के जशन में खाते थे।
- रोटी किताब-ए-मुक़द्दस के ज़माने में ख़ास खाना होता था, इसे खाने कि जगह में भी काम में लिया गया है। (देखें: इस्ते'माल)
- “नज़र की रोटियां” घर के ख़ेमे या हैकल में ख़ुदावन्द को अदा की गई बारह रोटियां थी जिन्हें एक सोने की मेज पर रखा जाता था। ये रोटियां इस्राईल के बारह क़बीलों की नुमाइन्दगी करती थी और सिर्फ़ काहिन ही उन्हें खा सकता था। इसका तर्जुमा हो सकता है, “उनमें ख़ुदा की हाज़री के नज़र की रोटियां।”
- 'अलामती लफ्ज़, “जन्नत की रोटी” खास सफेद रंग की अन्न, मन्ना के बारे में है, ख़ुदावन्द ने इस्राईलियों के लिए जंगल में इसका ज़िक्र किया था।
- 'ईसा ने ख़ुद को “जन्नत से उतरने वाली रोटी” और “ज़िन्दगी की रोटी” कहा है।
- 'ईसा अपने शागिर्दों के साथ 'ईद का खाना खा रहा था तब उसने अपने जिस्म को बेख़मीरी रोटी कहा था जो घायल की जायेगी और आख़िर में सलीब पर मार दी जायेगी।
- कई जगहों में “रोटी” का तर्जुमा “खाना” किया जा सकता है।

(यह भी देखें: 'ईद , ख़ेमा , हैकल , बेख़मीरी रोटी, ख़मीर )

## किताब-ए-मुक़द्दस:

- रसूलों के 'आमाल. 02:46-47
- रसूलों के 'आमाल . 27:33-35
- ख़ुरूज 16:13-15
- लूक़ा 09:12-14
- मरकुस 06:37-38
- मत्ती 04:1-4
- मत्ती 11:18-19

## शब्दकोश:

- Strong's: H2557, H3899, H4635, H4682, G106, G740, G4286

# रोशनी, रोशनियाँ, रोशनी होना, बिजलियाँ, दिन की रोशनी, सूरज की रोशनी, शाम, रोशन, रोशन हुआ

## ता’अरुफ़:

किताब-ए-मुक़द्दस में “रोशनी” लफ़्ज़ के कई ‘अलामती इस्ते’माल किए गए हैं। इसका इस्ते’माल ज़्यादातर रास्तबाज़ी, पाकीज़गी और सच की मिसालों के ज़रिए’ किया जाता है। (देखें: मिसाल

- ‘ईसा ने कहा, “दुनिया की रोशनी मैं हूँ” उसके कहने का मतलब था वह दुनिया को ख़ुदा का सच्चा पैग़ाम सुनाता है और इनसानों को उनके गुनाहों की तरीकी से उबारता है।
- ईमानदारों को हुक्म दिया गया है, “रोशनी में चलो” या’नी उन्हें ख़ुदा की मर्ज़ी के मुताबिक़ ज़िन्दगी जीना है और बुराई से बचना है।
- रसूल युहन्ना ने कहा, “ख़ुदा रोशनी है” और उसमें तारीकी नहीं
- रोशनी और तारीकी एक दूसरे से पूरी तरह से अलग हैं। तारीकी का मतलब है रोशनी की ग़ैरमोजूदगी|
- ‘ईसा ने कहा कि वह “दुनिया की रोशनी है” और उसके ईमानदारों को दुनिया में रोशनी की तरह चमकना है, उन्हें ऐसी ज़िन्दगी रखना है जिससे साफ़ ज़ाहिर हो कि ख़ुदा कैसा बड़ा है।
- “रोशनी में चलो” का मतलब ऐसी ज़िन्दगी रखो जिससे ख़ुदा ख़ुश होता है या’नी भलाई और अच्छे काम करो। अन्धकार में चलने का अर्थ है, ख़ुदा से बग़ावत करना और परेशान करना।

## तर्जुमे की सलाह:

- जब तर्जुमा करें, “रोशनी” और “तारीकी” अलफ़ाज़ को ज्यों का त्यों रखा जाए चाहे उनका इस्ते’माल ‘अलामती हो।
- मज़मून के मुक़ाबले का ज़िक्र करना ज़रूरी है। मिसाल के तौर पर, “रोशनी की औलाद की तरह चलो” इसका तर्जुमा हो सकता है, खुली रास्तबाज़ी की ज़िन्दगी जिओ जैसे कोई सूरज की तेज़ रोशनी में चलता है”।
- यक़ीनी बनाएं कि “रोशनी” का तर्जुमा ऐसा इशारा दे कि वह रोशनी का ज़रिया’ है जैसे चराग़| इस लफ़्ज़ का तर्जुमा उजियाला ही का हवाला है।

(यह भी देखें: तारीकी, पाक, नजात, सच)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 युहन्ना 01:5-7
- 1 युहन्ना 02:7-8
- 2 कुरिन्थियों 04:5-6
- रसूलों के ‘आमाल. 26:15-18
- यसा’याह 02:5-6
- युहन्ना 01:4-5
- मत्ती 05:15-16
- मत्ती 06:22-24
- नहमियाह 09:12-13
- मुकाशिफ़ा 18:23-24

## शब्दकोश:

- Strong's: H216, H217, H3313, H3974, H4237, H5051, H5094, H5105, H5216, H6348, H7052, H7837, G681, G796, G1645, G2985, G3088, G5338, G5457, G5458, G5460, G5462

# रोज़ा, रोज़े, रोज़ा रखा, रोज़ा, रोज़ा रखना

## ता’अर्रुफ़:

लफ़्ज़ “रोज़ा” का मतलब है कुछ वक़्त के लिए खाना नहीं खाना जैसे एक दिन या ज़्यादा वक़्त। कभी-कभी इसमें पानी भी नहीं पिया जाता है।

- रोज़ा इंसानों को ख़ुदा में दिल लगाने में मदद करता है और खाना पकाने और खाने की फ़िक्र किए बिना दु’आ कर पाएं।
- ‘ईसा ने यहूदी रहनुमाओं के ज़रिए’ ग़लत वजह से रोज़े से इनकार किया है| रोज़ा रखने में उनका मक़सद था कि लोग उन्हें रास्तबाज़ समझें।
- इन्सान कभी-कभी दु:ख या ग़म की वजह से भी रोज़ा रखता है।
- “रोज़ा रखना” इस काम का तर्जुमा हो सकता है, “खाने का छोड़ना” या “खाना नहीं खाना”
- “रोज़ा” लफ़्ज़ का तर्जुमा हो सकता है, “खाना नहीं, खाने का वक़्त” या “खाना खाने छोड़ने का वक़्त”

(यह भी देखें: यहूदी रहनुमा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 21:8-10
- 2 तवारीख़ 20:3-4
- रसूलों के ‘आमाल 13:1-3
- यूनाह 03:4-5
- लूक़ा 05:33-35
- मरकुस 02:18-19
- मत्ती 06:16-18
- मत्ती 09:14-15

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **25:01** फ़ौरन ही ‘ईसा के बपतिस्मा लेने के बा’द, रूह ने ‘ईसा को जंगल की ओर भेजा जहाँ उन्होंने चालीस दिन और चालीस रात **रोज़ा रखा** ।
- **34:08** “मिसाल के लिये, मैं सप्ताह में दो बार **रोज़ा रखता** हूँ; मैं अपनी सब कमाई का दसवाँ अंश भी देता हूँ।”
- **46:10** एक दिन जब अन्ताकिया की कलीसिया के मसीही **रोज़ा** के साथ ख़ुदावन्द की ‘इबादत कर रहे थे, तो पाक रूह ने कहा, "मेरे लिये बरनबास और शाऊल को उस काम के लिये अलग करो जिसके लिये मैंने उन्हें बुलाया है।"

## शब्दकोश:

- Strong's: H2908, H5144, H6684, H6685, G777, G3521, G3522, G3523

# रौंदना, रौंदेगा, पामाल , पामाल करना

## ता’अर्रुफ़:

“कुचलना” या’नी पांव रखकर बर्बाद कर देना। किताब-ए-मुक़द्दस में इस जुमले का इस्तेमाल तमसीली शक्ल में भी किया जाता है, “पामाल करना” या “हराना” या “बेईज्ज़त करना” है।

- "रौंदना" का एक और मिसाल हो सकती है लोगों के ज़रिए’ मैदान में दौड़ने की वजह घास का कुचला जाना ।
- पुराने ज़माने में, अंगूर को पांवों से कुचला (रौंदा) जाता था कि उसका रस निकले।
- कभी-कभी "रौंदना" का तमसीली मतलब है "बेइज़्ज़त करके सज़ा देना " की बराबरी यह खलिहान के लिए गन्दगी कुचलता है।
- “रौंदना” लफ़्ज़ ख़ुदा के ज़रिए’ इस्राईल को सज़ा देने के लिए अक्सर तमसीली शक्ल में काम में लिया गया है कि उन्हें उनके ग़ुरूर और बग़ावत की मिज़ाज से गिराया जाए।
- "रौंदने " का और तर्जुमा हो सकता है, “पांवों तले कुचलना” या “पांवों से रौंदना” या “ठोकना और कुचलना” या “जमीन में रौंदना”।
- बयान के मुताबिक़ , इस लफ़्ज़ का तर्जुमा किया जा सकता है।
- बयान के मुताबिक़ , इस लफ़्ज़ का तर्जुमा किया जा सकता है।

## किताब-ए-मुक़द्दसके बारे में:

- इब्रानियों 10:28-29
- ज़ुबूर 007:5

## शब्दकोश:

- Strong's: H947, H1758, H1869, H4001, H4823, H7429, H7512, G2662, G3961

# रज़ा की क़ुर्बानी, रज़ा की क़ुर्बानियाँ

## ता’अर्रुफ़:

रज़ा की क़ुर्बानी ख़ुदा को चढ़ायी जानेवाली क़ुर्बानी थी जिसकी ज़रूरत मूसा की शरी’अत में नही थी। यह इन्सान की अपनी मर्ज़ी की नज़्र थी।

- अगर रज़ा की क़ुर्बानी में जानवर था तो उस जानवर में कुछ ‘ऐब क़ुबूल थे क्योंकि वह इन्सान की अपनी मर्ज़ी से थी।
- इस्राईली क़ुर्बानी के जानवर का गोश्त खाते थे जो ‘ईद का हिस्सा था।
- जब रज़ा की क़ुर्बानी पेश की जा सकती,या इस्राईल की ख़ुशी की वजह थी क्यूँकि इसका मतलब था कि फसल अच्छी हुई है और उनके पास बहुत खाने का सामान है
- ‘अज़्रा की किताब में एक मुख़तलिफ़ रज़ा की क़ुर्बानी है जो हैकल के दुबारा ता’मीर के लिए चढ़ाई गई थी। इस चढ़ावे में सोना-चाँदी और सोने चाँदी के बर्तन थे।

(यह भी देखें: सोख़्तनी क़ुर्बानी, ‘अज़्रा, दा’वत, अनाज का हदिया, जुर्म का हदिया, शरी’अत, गुनाह का हदिया)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 29:6-7
- 2 तवारीख़ 35:7-9
- इस्तिस्ना 12:17
- ख़ुरूज 36:2-4
- अहबार 07:15-16

## शब्दकोश:

- Strong's: H5068, H5071

# लटकाना, लटकाए, लटकाया गया, लटकाकर, पर्दे, लटका दिया

## ता’अर्रुफ़:

लफ़्ज़ “लटका हुआ” का मतलब किसी चीज़ या इन्सान को ज़मीन से ऊपर अधर में रखना।

- फाँसी देकर मारने में रस्सी का फँदा बनाकर इन्सान के गले में डाला जाता है और उसे पेड़ की डाली पर ज़मीन से ऊपर करके लटका दिया जाता है। यहूदा ने फाँसी लगाकर ख़ुदकशी की थी।
- सलीब पर लटका कर ‘ईसा की मौत हुई, उसके गर्दन पर कुछ नहीं था: सिपाहियों ने उसके हाथ और पाँवों को सलीब की लकड़ी पर कीलों से ठोंका था और उसे सलीब पर लटकाया था।
- किसी को फाँसी देने का मतलब है रस्सी का फँदा उसके गले में डालकर उसे लटका देना।

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 शमूएल 17:23
- रसूलों के ‘आमाल 10:39-41
- गलातियों 03:13-14
- पैदाइश 40:20-23
- मत्ती 27:3-5

## शब्दकोश:

- Strong's: H2614, H3363, H8518, G519

# लाठी, छड़ें

## ता'अर्रुफ़:

"लाठी" एक पतली लम्बी लकड़ी होती है जिसका उपयोग नाना प्रकार से किया जाता है। इसकी लम्बाई लगभग एक मीटर की होती थी

- चरवाहे हिंसक पशुओं से भेड़ों की रक्षा करने के लिए लाठी साथ रखते थे। लाठी फेंक कर भटकती हुई भेड़ को झुण्ड में लाया जाता था।
- भजन 23 में राजा दाऊद ने "छड़ी" और "लाठी" शब्दों को काम में लिया हैं जो उसके लोगों के लिए उसके मार्गदर्शन और अनुशासन के रूपक हैं।
- चरवाहा अपनी लाठी उठाकर भेड़ों की गिनती करता था।
- "लोहे का दण्ड" भी परमेश्वर से विमुख काम करने वालों के लिए परमेश्वर के दण्ड का प्रतीक है।
- प्राचीन युग में मापदण्ड धातु, लकड़ी या पत्थर के बने होते थे जिनकी सहायता से किसी ईमारत या वस्तु की लम्बाई नापी जाती थी।
- बाइबल में लकड़ी की छड़ी बच्चों के अनुशासन के लिए काम में ली जाती थी।

(यह भी देखें:लाठी, भेड़, चरवाहे)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 04:19-21
- 1 शमूएल 14:43-44
- रसूलों के 'आमाल16:22-24
- ख़ुरूज 27:9-10
- मुकाशफ़ा 11:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: H2415, H4294, H4731, H7626, G2563, G4463, G4464

# लायक़ करना, लायक़ , निकम्मा ठहरा

## ता’अर्रुफ़:

“लायक़ करना” का बयान फ़ायदा पाने का इख़्तियार होना या क़ाबिलयत के लिए पहचाना जाना।

- किसी काम के लिए “लायक़” इन्सान के पास उस काम को करने की ज़रूरी क़ाबिलयत और तरबियत होती है।
- कुलुस्से की कलीसिया के लिये ख़त में पौलुस लिखता है कि ख़ुदा बाप ने ईमानदारों को नूर की बादशाहत में शरीक होने के “लायक़” बनाया है। इसका मतलब है कि खुदा ने उन्हें वह सब दिया है जो ख़ुदा -की फ़र्माबर्दारी की ज़िन्दगी जीने के लिए ज़रूरी है।
- ईमानदार ख़ुदा की बादशाहत का हाकिम ख़ुद नहीं हो सकता है वह केवल मसीह के लहू के ज़रिए’ नजात के लायक़ ठहरता है।

## तर्जुमे की सलाह:

- मज़मून के तर्जुमे “लायक़” का तर्जुमा “पूरा ” या “क़ाबिल ” या “मुस्तहक ” हो सकता है।
- किसी को “लायक़ करना” बनाने का तर्जुमा “पूरा करना” या “लायक़ बनाना” या “लायक़ बनाना” हो सकता है।

(यह भी देखें: कुलुस्से, दीनदार , मुल्क , नूर , पौलुस, नजात दिलाना)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- दानीएल 01:3-5

## शब्दकोश:

- Strong's: H3581

# लिखा गया

## ता’अर्रुफ़:

“जैसा लिखा है” या “जो लिखा है” नये ‘अहद नामे में यह जुमला बार-बार आता है जो इब्रानी किताब-ए-मुक़द्दस के हुक्मों और नबूव्वतों के बारे में है।

- कभी कभी “जैसा लिखा है” मूसा की शरी’अत की बातों के बारे में भी काम में लिया गया है।
- अगर यह जूमला पुराने ‘अहद नामे की नबूव्वतों के लिखे हुए के बारे में हैं।
- इसका तर्जुमा हो सकता है, “जैसा मूसा की शरी’अत में लिखा है” या “जैसा नबियों ने सालों पहले लिखा था” या “मूसा की लिखी ख़ुदा की शरी’अत में कहा गया है”।
- एक तरीक़ा यह भी है कि इसे जैसे का जैसा ही रखें, “लिखा है कि” और लिखी तहरीर में इसका मतलब वाज़े’ करें।

(यह भी देखें: हुक्म, शरी’अत, नबी, ख़ुदा का कलाम)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 यूहन्ना 05:13-15
- रसूलों के 'आमाल . 13:28-29
- ख़ुरूज 32:15-16
- यूहन्ना 21:24-25
- लूका 03:4
- मरकुस 09:11-13
- मत्ती 04:5-6
- मुकाश्फ़ा 01:1-3

## शब्दकोश:

- Strong's: H3789, H7559, G1125

# लोबान

## ता’अरुफ़:

लोबान पेड़ के रस से बना एक ख़ुशबूदार मसाला है। यह ‘इत्र और धूप बनाने के लिए इस्ते’माल किया जाता है|

- किताब-ए-मुक़द्दस के ज़माने में, मुर्दों को दफ़न के लिए तैयार करने में लोबान एक बहुत ही ख़ास मसाला था।
- यह मसाला शिफ़ा और ताक़त देने की ख़ुसीसियत के लिए अहमियत रखता है।
- जब नजूमी बलक़ ‘ईसा से मिलने से पहले चलकर बैतलहम आए थे तब जो तोहफ़ा वे लाए थे उनमें लोबान भी था।

(यह भी देखें: बैतलहम, नजूमी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 09:28-29
- ख़ुरूज 30:34-36
- मत्ती 02:11-12
- गिनती 05:15

## शब्दकोश:

- Strong's: H3828, G3030

# लौट आना, लौट आना, लौटकर, लौट रहे

## ता’अर्रुफ़:

“लौट आना” या’नी दुबारा लौट जाना या किसी चीज़ को फेर देना।

- “पर लौट आना” या’नी दुबारा वही काम करना। "लौट आना" किसी मक़ाम या आदमी की ओर का मतलब है किसी मक़ाम या आदमी के पास लौट जाना
- इस्राईली बुतपरस्ती में लौट आए, या’नी उन्होंने बुतपरस्ती की दुबारा शुरू’आत कर दी थी|
- जब वे यहोवा के पास लौट आए, तो उन्होंने तौबा किया और यहोवा की फिर से ‘इबादत की।
- किसी ली गई ज़मीन या चीज़ लौटाने का मतलब था जिसकी वह दौलत थी उसको दुबारा उसे दे देना।

(यह भी देखें: फिरना

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

## शब्दकोश:

- Strong's: H5437, H7725, H7729, H8421, H8666, G344, G360, G390, G1877, G1880, G1994, G5290

# वारिस, वारिसों

## ता’अरुफ़:

“वारिस” वह इन्सान है जो मुर्दे की जायदाद या दौलत को कानूनी तौर से हासिल करता है।

- किताब-ए-मुक़द्दस के ज़माने में, पहलौठा बेटा ख़ास वारिस होता है, जिसे बाप की जायदाद और दौलत का ज़्यादा हिस्सा मिलता है।
- किताब-ए-मुक़द्दस में “वारिस” लफ़्ज़ का ‘अलामती इस्ते’माल भी किया गया है, ईमानदार ख़ुदा बाप से रूहानी मुनाफ़ा पाते हैं।
- ख़ुदा की औलाद होने के नाते ईमानदार मसीह ‘ईसा के “साथी वारिस” कहलाते हैं। इसका तर्जुमा हो सकता है, “साथीवारिस” या “साथी वारिसों” या “के साथ वारिस”।
- “वारिस” लफ़्ज़ का तर्जुमा हो सकता है, “फ़ायदा हासिल करनेवाला इन्सान” या अपने वालिदैन या रिश्तेदार के मरने पर दौलत-ओ-जायदाद हासिल करने वाले के लिए जो भी लफ़्ज़ काम में लिया जाता है।

(यह भी देखें: पहलौठा,मीरास)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- गलातियों 04:1-2
- गलातियों 04:6-7
- पैदाइश 15:1-3
- पैदाइश 21:10-11
- लूक़ा 20:13-14
- मरकुस 12:6-7
- मत्ती 21:38-39

## शब्दकोश:

- Strong's: H1121, H3423, G2816, G2818, G2820, G4789

# वीणा, तार वाला बाजा, सारंगियाँ

## ता’अर्रुफ़:

“वीणा” और “तारवाला बाजा” ये मोशिकी के सामान ख़ुदा की ‘इबादत में इस्राईल के ज़रिए’ काम में लिए जाते थे।

- मोशीकी का यह सामान एक छोटे वीणा की तरह दिखता है, जिसमें एक चौखटे में तार लगा होता था।
- जिसे तारवाला बाजा कहा गया है वह क़ाफ़ी कुछ आज के गिटार जैसा होता था एक खोखला डब्बा और लम्बी डंडी जिस पर तार कसे होते थे।
- मोशीकी को बजाने के लिए एक हाथ से तारों को दबाया जाता था और दूसरे हाथ से उन तारों को छेड़ा जाता था।
- वीणा, तारवाला बाजा और सारंगी सबको तार छेड़ कर बजाया जाता था।
- इनके तारों की गिनती अलग-अलग थी लेकिन पुराने ‘अहदनामे में ज़ाहिरी ज़िक्र किया गया है कि दस तार वाले बाजे।

(यह भी देखें: वीणा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 10:11-12
- 1 शमूएल 10:5-6
- 2 तवारीख़ 05:11-12

## शब्दकोश:

- Strong's: H3658, H5035, H5443

# वीणा, वीणाओं, बजानेवाला, वीणा बजानेवाले

## ता’अर्रुफ़ :

- वीणा, एक तारवाला बजाने सामान होता था।
- किताब-ए-मुक़द्दस में चीड़ की लकड़ी से वीणा और दुसरी तरह के बजाने वाले सामान बनाए जाते थे।
- वीणा हाथ में उठाकर चलते हुए बजाया जाता था।
- किताब-ए-मुक़द्दस में वीणा ख़ुदा की हम्द और परस्तिस में बजाई जाती थी।
- दाऊद के बहुत से ज़ुबूर वीणा की मोशीकी पर बनाए गए थे।
- वह बादशाह शाऊल की परेशान रूह को सुकून देने के लिए भी वीणा बजाता था।

(यह भी देखें: दाऊद, सनोबर, ज़ुबूर, शाऊल (पुराना ‘अहदनामा))

## किताब-ए-मुक़द्दस :

- 1 तवारीख़ 15:16-18
- आमोस 05:23-24
- दानिएल 03:3-5
- ज़ुबूर 033:1-3
- मुकाशिफ़ा 05:8

## शब्दकोश:

- Strong's: H3658, H5035, H5059, H7030, G2788, G2789, G2790

# वक़्त (किताब-ए-मुक़द्दस का वक़्त

## ता'रुफ़:

किताब-ए- मुक़द्दस के ज़माने में “वक़्त ” रात का एक वक़्त था जिस वक़्त शहर को दुश्मन के ख़तरे से पहरेदार हिफाज़त करता था।

- पुराने 'अहद नामें में इस्राईल के लिए तीन लम्हे होते थे, पहला, ग़ुरूब आफ़ताब से रात 10 बजे तक, दूसरी रात दस बजे से 2 बजे तक, और सुबह, 2 बजे से तुलु'आफ़ताब तक।
- नये 'अहद नामें में यहूदी रोमी तरीक़े पर चलने लगे थे जिसमें रात चार वक़्त में तक़सीम थी, पहला (ग़ुरूब आफ़ताब से रात 9 बजे तक), दूसरी (रात 9 बजे से आधी रात 12 बजे तक), तीसरा (आधी रात 12 बजे से सुबह 3 बजे तक) और चौथा (3 बजे से तुलु' आफ़ताब तक)।
- इसका तर्जुमा कई 'आम शक्ल में “देर शाम या आधी रात या सुबह” जो निर्भर करता है कि किस वक़्त की बात की जा रही है।

(यह भी देखें:वक़्त )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- लूका 12:37-38
- मरकुस 06:48-50
- मत्ती 14:25-27
- ज़बूर 090:3-4

## शब्दकोश:

- Strong's: H821, G5438

## वक़्त , वक़्त के मुताबिक़ , वक़्त, ख़ास

### सच्चाई:

किताब-ए-मुक़द्दस में "वक़्त " लफ़्ज़ का इस्ते'माल तमसीली शक्ल में ख़ास मौसम या वक़्त की वक़्तों के बारे में में किया गया है जब कुछ हादसे हुए थे इसका मतलब "ज़माने " या "मुद्दत " या "मौसम " की तरह है।

- दानीएल और मुकाशिफ़ा दोनों किताबों में "वक़्त " का इशारा तक़लीफ़ और दर्द से है जो ज़मीन पर आएंगी।
- "वक़्त , वक़्तों और आधे वक़्त " इस जुमले में वक़्त का मतलब है, "साल " यह जूमला साढ़े तीन साल के वक़्त के बारे में है जो अज़ीम दर्द भरपूर इस मौजूदा ज़माने के आखिर का वक़्त है।
- "वक़्त " का मतलब "मौक़ा'" एक जूमले में "तीसरी बार" की शक्ल में हो सकता है। जुमला "कई बार" का मतलब "कई मौक़ों' पर" हो सकता है।
- "वक़्त पर" होने का मतलब तब आना जब आने की उम्मीद है, देर से नहीं।
- मज़मून के मुताबिक़ "वक़्त " लफ़्ज़ का तर्जुमा "मौसम" या "मुद्दत " या "लम्हा " या "हादसा " या "माजरा " हो सकता है ।
- "वक़्तों और मौसमों " यह जुमला , तमसीली तौर पर एक ही ख़्याल को बार-बार ज़ाहिर करती है। इसका तर्जुमा हो सकता है, "किसी मुक़र्रर वक़्त में हादसों का होना" (देखें :जोड़ा

(यह भी देखें: ज़माना, दर्द

### किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल . 01:6-8
- दनीएल 12:1-2
- मरकुस 11:11-12
- मत्ती 08:28-29
- ज़ुबूर 068:28-29
- मुक़ाशीफा 14:14-16

### शब्दकोश:

- Strong's: H116, H227, H268, H310, H570, H865, H1697, H1755, H2165, H2166, H2233, H2465, H3027, H3117, H3118, H3119, H3259, H3427, H3706, H3967, H4150, H4279, H4489, H4557, H5331, H5703, H5732, H5750, H5769, H6049, H6235, H6256, H6258, H6440, H6471, H6635, H6924, H7105, H7138, H7223, H7272, H7281, H7637, H7651, H7655, H7659, H7674, H7992, H8027, H8032, H8138, H8145, H8462, H8543, G744, G530, G1074, G1208, G1441, G1597, G1626, G1909, G2034, G2119, G2121, G2235, G2250, G2540, G3379, G3461, G3568, G3763, G3764, G3819, G3956, G3999, G4178, G4181, G4183, G4218, G4277, G4287, G4340, G4455, G5119, G5151, G5305, G5550, G5551, G5610

# शर्मिंदा करना, बे’इज़्ज़ती, हलीमी

## सच्चाई:

“शर्मिन्दा करना” का मतलब है किसी की बे’इज़्ज़ती और शर्मिंदा करना। यह अक्सर अवामी होता है किसी को शर्मिंदा करने का काम “बे’इज़्ज़ती” है।

- जब ख़ुदा किसी को हलीम बनाता है तो इसका मतलब है, वह मग़रूर को नाकाम करता है कि गुरूर पर जीत पाने में उसकी मदद करे। यह बे’इज़्ज़ती से अलग है जो किसी को दु:ख पहुँचाने के लिए किया जाता है।
- “बे’इज़्ज़ती” का मतलब शर्मिंदा करना भी हो सकता है या “शर्म की अह्सास” या “शर्म”।
- मज़मून पर मुनहस्सिर बे’इज़्ज़ती के तर्जुमे हो सकते है, “शर्म” या “बे’इज़्ज़ती” या “शर्मिंदगी”

(यह भी देखें: बे’इज़्ज़ती • हलीम • शर्म)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- अहबार 21:13-14
- ‘अज़्रा 09:5-6
- अम्साल 25:7-8
- ज़ुबूर 006:8-10
- ज़ुबूर 123:3-4

## शब्दकोश:

- Strong's: H937, H954, H1421, H2778, H2781, H3001, H3637, H3639, H6030, H6031, H6256, H7034, H7043, H7511, H7817, H8216, H8213, H8217, H8589, G2617, G5014

# शहद, शहद का छत्ता

## ता’अर्रुफ़:

“शहद” खानेवाला एक चिपचिपी मीठी चीज़ होती है जो शहद की मक्खियाँ फूलों के रस से तैयार करती हैं। छत्ता मोम का बना हुआ साँचा है, जिसमें शहद की मक्खियाँ शहद जमा’ करती हैं।

- शहद का रंग कुछ पीला या कुछ भूरा होता है।
- शहद पेड़ के खोखले मक़ाम में या जहाँ भी शहद की मक्खी छत्ता बनाए वहाँ मिलेगा। लोग शहद की मक्खियों को पालकर शहद खाते हैं या बेचते हैं लेकिन किताब-ए-मुक़द्दस में जिस शहद की मक्खी का ज़िक्र किया गया है वह जंगली शहद है।
- किताब-इ-मुक़द्दस में तीन इन्सानों को शहदखाते हुए ज़ाहिर किया गया है, यूनातन, शमसून और यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला।
- इस लफ़्ज़ का ‘अलामती इस्ते’माल किसी मीठी या ख़ुशी देने वाली बात के लिए भी किया गया है। मिसाल के तौर पर, ख़ुदा का कलाम और हुक्म "शहद से भी ज़्यादा मीठे" कहे गए हैं। (यह भी देखें: Simile, इस्ता’रा
- कभी-कभी इन्सान के अलफ़ाज़ को भी शहद के बराबर मीठा कहा जाता है लेकिन जिसका नतीजा इन्सानों से धोखा और नुक़सान होता है।

यूहन्ना (बपतिस्मा देनेवाला), यूनातान, फ़िलिस्ती, शमसून

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 14:1-3
- इस्तिस्ना 06:3
- ख़ुरूज 13:3-5
- यशू’अ 05:6-7
- अम्साल 05:3-4

## शब्दकोश:

- Strong's: H1706, H3293, H3295, H5317, H6688, G2781, G3192, G3193

# शहज़ादा , शहज़ादे, शहज़ादी , शाहज़ादियाँ

## ता'अर्रुफ़:

"शहज़ादा" बादशाह का बेटा होता है। "शहज़ादी" बादशाह की बेटी होती है।

- "शहज़ादा" लफ़्ज़ को अलामती शक्ल में भी काम में लिया जाता है जो रहनुमा , हाकिम या और इख़्तियार पाए हुए इन्सान के लिए होता है।
- इब्राहीम का माल-ओ-दौलत और इज़्ज़त की वजह से हित्ती लोग उसे "शहज़ादा" कहते थे।
- दानीएल की किताब में "शहज़ादा" लफ़्ज़ "फ़ारस का शहज़ादा" या "यूनान का शहज़ादा" के बारे में काम में लिया गया है। जिसका मुमकिन मक़सद उन क़ुदरती बदरूहों से है जो उस 'इलाक़े पर इख़्तियार रखती थी।
- दानीएल की किताब में सरदार फ़रिश्ता मीकाईल को भी "शहज़ादा" कहा गया है।
- कलाम में कहीं कहीं शैतान को "इस दुनिया का हाकिम" कहा गया है।
- 'ईसा को "सलामती का शहज़ादा " और "ज़िन्दगी का शहज़ादा" कहा गया है।
- रसूलों के आमाल 2:36 में 'ईसा को "ख़ुदावन्द और मसीह" कहा गया है और रसूलों केआमाल . 5:31 में इसे "ख़ुदावन्द औ रनजात दहिन्दा " कहा गया है जिससे "ख़ुदावन्द " और "शहज़ादा" के एक जैसे मतलब ज़ाहिर होते हैं।

## तर्जुमे की सलाह:

- "शहज़ादा" के तर्जुमे की शक्ल हो सकते है, "बादशाह काबेटा " या "हाकिम " या "रहनुमा " या "मुखिया" या "कप्तान"।
- फ़रिश्तों के बारे में इसका तर्जुमा "रूह का हाकिम " या "रहनुमाई करनेवाला फ़रिश्ता " हो सकता है।
- शैतान और बदरूहों के बारे में इस लफ़्ज़ का तर्जुमा "बदरूहों का हाकिम " या ताक़ती रूह "रहनुमा " या "हाकिम रूह " जैसे जो मज़मून पर मुनहसिर हों।

(यह भी देखें: फ़रिश्ता, इख़्तियार, 'ईसा, शैतान, ख़ुदा, ताक़त, हाकिम, शैतान, मुन्जी, रूह

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के आमाल 05:29-32
- पैदाइश 12:14-16
- पैदाइश 49:26
- लूका 01:52-53

## शब्दकोश:

- Strong's: H1, H117, H324, H2831, H3548, H4502, H5057, H5081, H5139, H5257, H5387, H5633, H5993, H6579, H7101, H7261, H7333, H7336, H7786, H7991, H8269, H8282, H8323, G747, G758, G1413, G2232, G3175

# शान

## ता'अर्रुफ़ :

लफ़्ज़ "शान" का मतलब इन्तिहाई ख़ूबसूरती और लालित्य है जो अक्सर माल और एक शानदार शक्ल से जुड़ा होता है ।

- “शान” लफ़्ज़ ज़्यादातर बादशाह के पास कितना माल है या उसके बेश क़ीमती ख़ूबसूरत लिबास में वह कैसे दिखते है बयान करने के लिए इस्ते'माल किया जाता है।
- "शान" लफ़्ज़ दरख़्तों, पहाड़ों और ख़ुदा की मख़लूक़ की कई चीज़ों का बयान करने के लिए भी किया जाता है।
- कुछ शहरों को भी शान वाला कहा जाता है, उनके क़ुदरती वसायल , बड़ी 'ईमारतों और सड़कों और रहने वालों के माल जायदाद जिसमें ज़ेवरात, सोना-चांदी वग़ैरह है ।
- मज़मून पर मुन्हसिर , यह लफ़्ज़ "शानदार ख़ूबसूरती" या "बे पनाह जलाल " या "’अज़ीम बादशाहत " की शक्ल में तर्जुमा किया जा सकता है।

(यह भी देखें: जलाल , राजा बादशाह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 16:25-27
- ख़ुरूज 28:1-3
- हिज़्क़ीएल 28:6-7
- लूक़ा 04:5-7
- ज़बूर 089:44-45
- मुक़ाश्फ़ा 21:26-27

## शब्दकोश:

- Strong's: H1925, H1926, H1927, H1935, H2091, H2122, H2892, H3314, H3519, H6643, H7613, H8597

# शान-ओ-शौकत, रईसों, दौलतमन्द इन्सान, मोहतरम

## ता’अर्रुफ़:

लफ़्ज़ “मोहतरम” का मतलब अच्छाई और ऊँची ख़ुसूसियत की चीज़| “शोहरतमन्द” ऊंचे सियासी या समाजी दर्जे का इन्सान। एक इंसान " मोहतरम की पैदाइश " वह है जो एक बड़े शख़्स की पैदाइश हुई है।

- किसी बादशाह का मुलाज़िम, बादशाह का क़रीबी ख़ादिम क़रीबी ख़ादिम होता था।
- लफ़्ज़ “धनी इन्सान” का तर्जुमा “बादशाह का मुलाज़िम” या “सरकारी मुलाज़िम” किया जा सकता है।

## :किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में ##

- 2 तवारीख़ 23:20-21
- दानिएल 04:36-37
- वाइज़ 10:16-17
- लूक़ा 19:11-12
- ज़ुबूर 016:1-3

## शब्दकोश:

- Strong's: H117, H678, H1281, H1419, H2715, H3358, H3513, H5057, H5081, H6440, H6579, H7336, H7261, H8282, H8269, H8321, G937, G2104, G2903

# शाही, बादशाही शान

## ता'अरुफ़:

"शाही" लफ़्ज़ बादशाह या मलिका से मुता'अल्लिक़ चीज़ों और इन्सानों का इशारा देता है।

- जो चीज़ें "बादशाही" कहलाती हैं उनकी मिसालें हैं, लिबास महल, तख़्त और ताज|
- बादशाह या मलिका बादशाही महल में रहते हैं।
- बादशाह के लिबास "शाही लिबास" कहलाती है। बादशाह का चोगा बैंगनी रंग का होता था बैंगनी रंग कम मौजूद और बेशक़ीमत होता था।
- नये 'अहदनामे में 'ईसा के ईमानदारों को "शाही काहिन" कहा गया है। इस लफ़्ज़ का तर्जुमा हो सकता है, ख़ुदा बादशाह की ख़िदमत में काहिन" या "ख़ुदा बादशाह के काहिन होने लिए बुलाए गए।"
- "शाही" लफ़्ज़ का तर्जुमा हो सकता है, "बादशाह की तरह" या "बादशाह के"।

(यह भी देखें: बादशाह. महल, काहिन, बैंजनी, मलिका, चोगा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के के बारे में:

- 1 सलातीन 10:13
- 2 तवारीख़ 18:28-30
- आमोस 07:12-13
- पैदाइश 49: 19-21

## शब्दकोश:

- Strong's: H643, H1921, H1935, H4410, H4428, H4430, H4437, H4438, H4467, H4468, H7985, H8237, G933, G934, G937

# शिकार , शिकार करना

## ता’अर्रुफ़

लफ़्ज़ "शिकार " हमेशा खाने के लिए किसी जानवर का शिकार करना।

- तम्सीली मतलब में “शिकार” लफ़्ज़ उस आदमी के लिए भी काम में लिया जा सकता है जिसका फ़ायदा उठाया जाए, ग़लत इस्ते’माल किया जाए या ज़्यादा ताक़तवर आदमी के ज़रिये’ उस पर ज़ुल्म किया जाए।
- इन्सानों को “गारत ” करना या’नी उन पर ज़ुल्म करके फ़ायदा उठाना या उनकी चोरी करना।
- “शिकार ” का “तर्जुमा किया गया जानवर ” या “जिसका शिकार किया गया है” या “शिकार”

(यह भी देखें:ज़ुल्म )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- यरमियाह 12:7-9
- ज़ुबूर 104:21-22

## शब्दकोश:

- Strong's: H400, H957, H961, H962, H2863, H2963, H2964, H4455, H5706, H5861, H7997, H7998

# शिफ़ा, शिफ़ा किया, शिफ़ा करना, शिफ़ा हो गया, शिफ़ा करने, शिफ़ा करनेवाला, सेहतियाब, बीमार

## ता'अरुफ़:

लफ़्ज़ "शिफ़ा करना" मतलब बीमार, अंधे या अपाहिज को शिफ़ा 'अता करना।

- चंगाई पाने वाला या "बीमारी से शिफ़ा पाया इन्सान" "अच्छा किया गया" या "सेहतियाब किया गया" होना है।
- चंगाई क़ुदरत भी होती है क्योंकि ख़ुदा ने हमारे जिस्म को बहुत क़िस्म की चोटों और बीमारियों से शिफ़ा हो जाने की सलाहियत 'अता की है। ऐसी शिफ़ा धीरे धीरे होती है।
- ताहम जैसे अंधा होना, अपाहिज और कोढ़ अपने आप शिफ़ा नहीं पाते हैं। जब इन्सान को ऐसी बीमारियों या अपाहिज से शिफ़ा मिलती है तो वह एक मो'जिज़ा होता है।
- मिसाल के तौर पर 'ईसा ने बहुत से अंधों, लंगड़ो और रोगियों को फ़ौरन शिफ़ा दी थी और वे उसी पल सेहतमन्द हो गए थे।
- रसूलों ने भी बीमारों को मो'जिज़े से शिफ़ा दी थी जैसे पतरस ने एक लंगड़े को चलने के क़ाबिल बनाया था।

(यह भी देखें: मो'जिज़ा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 05:14-16
- रसूलों के 'आमाल 08:6-8
- लूक़ा 05:12-13
- लूक़ा 06:17-19
- लूक़ा 08:43-44
- मत्ती. 04:23-25
- मत्ती 09:35-36
- मत्ती 13:15

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **19:14**जिनमे से एक मो'जिज़ा नामान नाम के इन्सान की ज़िन्दगी में हुआ, वह दुश्मनों की फ़ौज का रहनुमा था और कोढ़ी था। उसने एलीशा के बारे में सुना था तो वह एलीशा के पास गया कि वह उसे _ शिफ़ा_दे।
- **21:10** उसने यह भी नबूव्वत की थी , कि मसीह बीमारों को _ शिफ़ा _ देगा, तब अन्धे की आँखें खोली जाएँगी, बहरों के कान भी खोले जाएँगे, लंगड़े चलने लगेंगे, गूँगे बोल उठेंगे।
- **26:06** 'ईसा ने कहना जारी रखा,"और एलीशा नबी के वक़्त इस्राईल में बहुत से कोढ़ी थे, और ऐसे भी थे जिन्हें जिल्द की बीमारी थी। लेकिन एलीशा ने उनमें से किसी को भी _ शिफ़ा _ नहीं किया| उसने सिर्फ़ इस्राईल के दुश्मनों के एक फ़ौजी रहनुमा, नामान की जिल्द की बीमारी को _ शिफ़ा _ दी"
- **26:08** वह 'ईसा के पास बहुत से लोगों को लाए जो बहुत सी बीमारियों में मुब्तिला थे, उनमें लंगड़े थे, और वे लोग थे, जो बोल नहीं सकते, देख नहीं सकते, चल नहीं सकते, सुन नहीं सकते थे और इन सभी को 'ईसा ने _ शिफ़ा दी_।
- **32:14** उसने 'ईसा का ज़िक्र सुना था कि वह बीमारों को ठीक करता है और उसने सोचा कि अगर मैं 'ईसा के कपड़ों को ही छू लूँगी तो __ शिफ़ा**पा जाऊँगी** , "
- **44:03** फ़ौरन, ख़ुदा ने उस लँगड़े इन्सान को **शिफ़ा** दी, तब उसने चलना और चारों ओर कूदना शुरू' किया और ख़ुदा की ता'रीफ़ करने लगा।
- **44:08** तब पतरस ने उन्हें जवाब दिया, "'ईसा मसीह की क़ुदरत से यह इन्सान तुम्हारे सामने **शिफ़ा** पाया खड़ा है।
- **49:02** 'ईसा बहुत से मो'जिज़े किये जो यह साबित करते हैं कि वह ख़ुदा है। वह पानी पर चला, तूफ़ान को रोक दिया, बहुत से बीमारों को **शिफ़ा** दी, बदरूहों को निकाला, मुर्दों को ज़िन्दा किया, और पांच रोटी और दो छोटी मछलियों को इतने खाने में बदल दिया कि वह 5,000 लोगों के लिए क़ाफ़ी हो।

## शब्दकोश:

- Strong's: H724, H1369, H1455, H2280, H2421, H2896, H3444, H3545, H4832, H4974, H7495, H7499, H7500, H7725, H7965, H8549, H8585, H8644, H622, G1295, G1743, G2322, G2323, G2386, G2390, G2392, G2511, G3647, G4982, G4991, G5198, G5199

# शेरों, शेर, शेरनी, शेरनियाँ

## ता’अर्रुफ़:

शेर एक बड़ी बिल्ली जैसा जंगली जानवर है जिसके दांत और नाखून नुकीले होते। जिससे वह अपना शिकार फाड़ता है।

- शेर का जिस्म ताक़तवर होता है और उसकी चाल बहुत तेज़ होती है कि शिकार को पकड़ पाए। उसके रोंए सुनहरे भूरे रंग के होते हैं।
- नर शेर के गले में बालों का केसर होता है।
- शेर गोश्तखोर होते हैं, वे इन्सान के लिए हमलावर भी होते हैं।
- जब बादशाह दाऊद बच्चा था उसने अपनी भेड़ों पर हमला करने वाले शेरों को मारा था।
- शमसून ने भी निहत्थे शेर को मारा था।

(यह भी देखें: नामा’लूम अलफ़ाज़ का तर्जुमा कैसे करे)

(यह भी देखें: दाऊद, चीता, शमसून, भेड़)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 11:22-23
- 1 सलातीन 07:27-29
- अम्साल 19:11-12
- ज़ुबूर 017:11-12
- मुकाशिफ़ा 05:3-5

## शब्दकोश:

- Strong's: H738, H739, H744, H3715, H3833, H3918, H7826, H7830, G3023

# शख़्त, बहुत शख़्त, सबसे शख़्त, शख़्त, शख़्त कर लेता है, शख़्त हुआ, शख़्त होना, शख़्ती

## ता'अर्रुफ़:

- "शख़्त" लफ़्ज़ के मुख़तलिफ़ मतलब हैं, मज़मून पर मुनहस्सिर| यह लफ़्ज़ अमूमन किसी मुश्किल, मुसलसल या ज़िद्दी बात का ज़िक्र करता है।
- "शख़्त दिल" "ज़िद्दी" उन लोगों के बारे में है जो ज़िद करके पछतावा नहीं करते। यह इज़हार उन लोगों का ज़िक्र करता है जो ख़ुदा का हुक्म न मानने की ज़िद करते हैं।
- 'अलामती इज़हार "दिलों की शख़्ती" और "उनके दिलों की शख़्ती" का हवाला भी ज़िद्दी नाफ़रमानी से है।
- अगर किसी का दिल "शख़्त" है तो इसका मतलब है कि ऐसा इन्सान हुक्म मानने से इन्कार करता है और तौबा न करने की ज़िद करता है।
- जब इसे फ़े'अल ख़ुसूसियत के तौर पर काम में लिया जाता है जैसे "शख़्त मेहनत" या "मुश्किल कोशिश" तो इसका मतलब है किसी काम को मज़बूती के साथ कोशिश से करना, किसी काम को बहुत सही तौर से करने की कोशिश करना।

## तर्जुमे की सलाह:

- "शख़्त" लफ़्ज़ का तर्जुमा "मुश्किल" या "ज़िद्दी" या "चुनौती से भरा" किया जा सकता है, जो मज़मून पर मुनहस्सिर हो।
- "शख़्ती" लफ़्ज़ या "दिल की शख़्ती" या "शख़्त दिल" का तर्जुमा "ज़िद्दी पन" या "मुसलसल बग़ावत" या "बाग़ी आदत" या "ज़िद्दी नाफ़रमानी" या "ज़िद करके तौबा न करना" किया जा सकता है।
- "शख़्त हो गया" का तर्जुमा "तौबा की ज़िद" या "हुक्म मानने से इन्कार" किया जा सकता है।
- "अपने दिलों को शख़्त मत करो" का तर्जुमा "तौबा से इन्कार मत करो" या "ज़िद करके नाफ़रमानी मत करो"।
- "हठीले" के तर्जुमे के तरीक़े हैं, "ज़िद्दी नाफ़रमानी" या "मुसलसल नाफ़रमानी करना" या "तौबा का इन्कार" या "हमेशा बग़ावत करना"
- इज़हार में जैसे "शख़्त मेहनत करना" या "मुश्किल कोशिश करना" इसे "शख़्त" का तर्जुमा "कोशिश के साथ" या "लगन के साथ" किया जा सकता है।
- "दौड़ा चला जाता हूँ" का तर्जुमा "ज़ोर से आगे बढ़ता हूँ" या "हिम्मत से बढ़ता हूँ"।
- "इन्सानों को शख़्त मेहनत करके दुःख देना" (ज़ुल्म करना) इसका तर्जुमा "इन्सान से ऐसी शख़्त मेहनत कराना कि वे परेशान हों" या "इन्सानों को बहुत ज़्यादा मुश्किल काम के ज़रिए' दुःख देना"।
- 'औरत का बच्चा जनना भी शख़्त मेहनत है।

(यह भी देखें: नाफ़रमानी, बुरा, दिल, दर्द-ए-ज़ेह, ज़िद्दी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 कुरिन्थियों 11:22-23
- इस्तिस्ना 15:7-8
- ख़ुरूज 14:4-5
- इब्रानियों 04:6-7
- युहन्ना 12:39-40
- मत्ती 19:7-9

## शब्दकोश:

- Strong's: H280, H386, H553, H1692, H2388, H2389, H2420, H2864, H3021, H3332, H3513, H3515, H3966, H4165, H4522, H5450, H5539, H5564, H5646, H5647, H5797, H5810, H5980, H5999, H6089, H6277, H6381, H6635, H7185, H7186, H7188, H7280, H8068, H8307, H8631, G917, G1419, G1421, G1422, G1423, G1425, G2205, G2532, G2553, G2872, G2873, G3425, G3433, G4053, G4183, G4456, G4457, G4641, G4642, G4643, G4645, G4912, G4927

# सजदा करना, सजदा किया

## ता’अर्रुफ़:

“सजदा” का मतलब है मुंह के बल ज़मीन पर सीधा गिरना।

- किसी को “सजदा करना” या “मुंह के बल ज़मीन पर गिरना” का मतलब है बहुत ज़्यादा झुकना या किसी के सामने झुकना।
- सजदा करने की यह रुख़ हमेशा अचानक , ता’अज्जुब और डर का रद्दे ‘अम्ल है, किसी क़ुदरती हादसे की वजह इसमें जिसको सजदा किया जा रहा है उसके लिए इज़्ज़त और अदब की ज़ाहिरयत भी है।
- सजदा करना ख़ुदा की इबादत का तरीक़ा भी थी। आदमी ‘ईसा के मो’जिज़े या उस्ताद की शक्ल में उसकी इज़्ज़त के लिए शुक्रगुज़ारी के साथ ऐसा रद्दे ‘अमल दिखाते थे।
- मज़मून के मुताबिक़ “सजदा” का तर्जुमा हो सकता है, “ज़मीन पर चेहरा करके झुकना” या “उसके सामने मुंह के बल गिरकर ‘इबादत करना” या “हैरत की वजह से ज़मीन पर मुंह के बल गिरना” या “इबादत करना”।
- “हम सजदा नहीं करेंगे” इस जुमले का तर्जुमा हो सकता है, “इबादत नहीं करेंगे” या “इबादत में मुंह के बल नहीं गिरेंगे” या “हम इबादत में नहीं झुकेंगे”।
- “को सजदा करना” का तर्जुमा हो सकता है, “इबादत करना” या “सामने झुकना”

(यह भी देखें: जलाल, झुकना)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 सलातीन 17:36-38
- पैदाइश 43:28-29
- मुकाशिफ़ा 19:3-4

## शब्दकोश:

- Strong's: H5307, H5457, H6440, H6915, H7812

# सज्दा, सज्दे, सज्दा किया, झुकने, सज्दा करना, सज्दा करे, सज्दा किया, सज्दा करते रहे

## ता'अर्रुफ़:

“सज्दा” करने का मतलब है किसी को 'इज्ज़त अदा करने के लिए हलीमी से झुकना। “सज्दा करना” का मतलब है बहुत ज़्यादा झुकना या घुटनों पर गिरना जिसमें मुंह और हाथ ज़मीन की तरफ़ हों।

- और जुमलों में “घुटने ज़मीन पर टिकाना” और “सिर झुकाना” (सिर को हलीमी से 'इज्ज़त में आगे की तरफ़ झुकना या ग़म में ऐसा करना)
- “सज्दा करना” मायूस और गम का निशान भी होता है। जिसने “घुटने टेके” वह हलीमी छोटी हालत में होता है।
- इंसान हमेशा ऊँचे ओहदा या ऊँचे सतह के इंसान के सामने घुटने टेकता है जैसे बादशाहों और हाकिमों को।
- ख़ुदावन्द के सामने घुटने टेकना उसकी 'इबादत का मतलब है।
- किताब-ए-मुक़द्दस में लोग 'ईसा के सामने घुटने टेकते थे जब उन्हें उसके हैरत अंगेज़ और ता'लीम से यह जानना होता था कि वह ख़ुदा की तरफ़ से भेजा गया है।
- किताब-ए-मुक़द्दस में लिखा है कि जब 'ईसा दुबारह आएगा तब हर एक इंसान उसकी 'इबादत में घुटने टेकेगा

## तर्जुमा की सलाह:

- जुमले के मुताबिक़ इस जुमले का तर्जुमा एक ऐसे लफ्ज़ या जुमले की तरफ़ किया जाए जिसका मतलब है “आगे को झुकना” या “सिर झुकाना” या “घुटने टेकना”।
- “घुटने टेकने” का तर्जुमा “घुटनों पर गिरना” या “सजदा करना” हो सकता है।
- कुछ ज़बानों में इसके तर्जुमों की एक से ज़्यादा तरीक़े हो सकते हैं जो मज़मून पर मुनहस्सिर करते हैं।

(यह भी देखें: हलीम, \ 'इबादत )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- \ 2 सलातीन 05:17-19
- ख़ुरूज 20:4-6
- पैदाईश 24:26-27
- पैदाईश 44:14-15
- यसा'याह 44:19
- लूक़ा 24:4-5
- मत्ती 02:11-12
- मुक़ाशिफा 03:9-11

## शब्दकोश:

- Strong's: H86, H3721, H3766, H5186, H5753, H5791, H6915, H7743, H7812, H7817, G1120, G2578, G2827, G4098, G4781, G4794

# सताएँ, सताए जाते, सताता, सताव , तक्लीफ देना , सतानेवाला, पीछा करनेवाले

## ता’अरुफ़:

“सताएँ” और “सताव ” या’नी किसी आदमी को को या झुण्ड के साथ सख़्त मिजाज़ी करना कि जिससे उन्हें नुक़सान पहुंचे।

- सताव किसी एक आदमी या बहुत से आदमियों पर हो सकता है जिसमें बार-बार, लगातार वार करना होता है।
- इस्राईलियों को तमाम क़ौमों ने हमला करके सताया था। उन्होंने उन्हें क़ैदी बनाया और उनके शहरों को लूटा।
- हमेशा उन लोगों को सताता है जिनका मज़हब अलग हो या जो कमज़ोर हों।
- यहूदी मज़हब के रहनुमा ‘ईसा को सताते थे क्योंकि उन्हें उसकी ता’लीम अच्छी नहीं लगती थी।
- ‘ईसा के आसमान पर उठाये जाने के बाद यहूदी मज़हब के रहनुमा और रोमी हाकिमो ने ‘ईसा के मानने वालों को सताने लगे थे।
- “सताना” का तर्जुमा “ज़ुल्म करते रहना” या “सख़्त मिजाज़ी करना” या “लगातार बुरा सुलूक करना” भी हो सकता है।
- “सताव” के तर्जुमे के तरीक़े हो सकते हैं “सख़्त मिजाज़ी” या “ज़ुल्म ” या “लगातार जान लेवा सुलूक ”

(यह भी देखें: मसीहा, जमात, स्ताव, रोम)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के आमाल 07:51-53
- रसूलों के आमाल 13:50-52
- गलातियों 01:13-14
- यूहन्ना 05:16-18
- मरकुस 10:29-31
- मत्ती 05:9-10
- मत्ती 05:43-45
- मत्ती 10:21-23
- मत्ती 13:20-21
- फिलिप्पियों03:6-7

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसाल :

- **33:07** “वैसे ही जो पथरीली ज़मीन पर बोए जाते है, ये वह है जो कलाम को सुनकर फ़ौरन ख़ुशी से क़ुबूल कर लेते है | इसके बा’द जब कलाम की वजह उन पर _सताव _ होता है, तो वे फ़ौरन ठोकर खाते है |”
- **45:06** उसी दिन,कई लोग यरूशलीम में ‘ईसा मसीह पर ‘ईमान रखने वालो पर बड़ा _सताव _ करने लगे, इसलिए ईमानदार और जगहों में भाग गए |
- **46:02** शाउल ने यह लफ़्ज़ सुना, हे शाउल हे शाऊल तू मुझे क्यों **सताता** है? उसने पूछा, “हे ख़ुदावन्द तू कौन है? ‘ईसा ने उसे जवाब दिया कि, “मैं ‘ईसा हूँ जिसे तू **सताता** है |”
- **46:04** लेकिन हनन्याह ने कहा, "हे ख़ुदावन्द मैनें इस आदमी के बारे में सुना है कि इसने तेरे पाक लोगों के साथ बड़ी **सताव** की है |"

## शब्दकोश:

- Strong's: H1814, H4783, H7291, H7852, G1375, G1376, G1377, G1559, G2347

# सताव

## ता’अर्रुफ़:

“सताव” लफ़्ज़ का मतलब है, कठिनाइयां, तकलीफ़ और मुसीबत

- नये ‘अहद नामे में लिखा है कि मसीही ईमानदारों पर सताव का वक़्त आएगा और हर तरह का सताव क्योंकि इस दुनिया में कई लोग ‘ईसा की ता’लीमों के ख़िलाफ़ में होंगे।
- किताब-ए-मुक़द्दस में “सताव” लफ़्ज़ काम में लिया गया है जो ‘ईसा के दुबारा आने से पहले का वक़्त होगा जब बहुत सालों तक ज़मीन पर ख़ुदा का अज़ाब नाज़िल किया जाएगा।
- “सताव” का तर्जुमा हो सकता है, “बहुत मुसीबत का वक़्त ” या “ख़तरनाक सताव का वक़्त ” या “बड़ी परेशानियों का वक़्त ”।

(यह भी देखें: ज़मीन, ता’लीम देना, अज़ाब )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- मरकुस 04:16-17
- मरकुस 13:17-20
- मत्ती 13:20-21
- मत्ती 24:9-11
- मत्ती 24:29
- रोमियो 02:8-9

## शब्दकोश:

- Strong's: H6869, G2346, G2347

# सनोबर

## ता’अरुफ़:

“सनोबर” कलाम के जमाने में बहुतायत से उगते थे ख़ास करके समन्दर से दूर के किनारे के सूबों में।

- साइप्रस और लबानोन दो ऐसी जगह थीं जिनकी चर्चा कलाम में की गई है कि वहां सनौबर बहुतायत से थे।
- नूह ने अपना जहाज बनाने के लिए जिस लकड़ी को इस्तेमाल किया था वह मुमकिन है सनौबर ही की थी।
- क्योंकि सनौबर की लकड़ी ठोस और बहुत दिनों की होती है इसलिए पुराने ज़माने के लोग इससे नाव और ता’मीरी काम करते थे।

(यह भी देखें: सन्दूक, साइप्रस, देवदार, लबानोन)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल . 11:19-21
- पैदाइश 06:13-15
- होसे’अ 14:7-8
- यसायाह 44:14
- यसायाह 60:12-13
- जक़र्रियाह 11:1-3

## शब्दकोश:

- Strong's: H8645

# सनोबर, सनोबर

## ता’अर्रुफ़:

सनोबर एक क़िस्म का दरख़्त है जो पूरे साल हरा रहता है इसमें शंकु होते हैं जिसमे बीज होते हैं|

- सनोबर के दरख़्त को “सदा बहार” दरख़्त भी कहते हैं|
- पुराने ज़माने में सनोबर के दरख़्त की लकड़ी का इस्ते’माल मोशीक़ी का सामान बनाने ‘इमारतों का ढाँचा जैसे किस्तियों, घरों और हैकलों को ता’मीर करने के लिए करते हैं|
- किताब-ए-मुक़द्दस में सनोबर दरख़्तों की कुछ मिसाले है जैसे, पाइन, देवदार, साइपरस और जूनिपर हैं

(यह भी देखें: अनजान अलफ़ाज़ का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: देवदार, साइपरस)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- हिज़क़ीएल 27:4-5
- यसा’याह 37:24-25
- यसा’याह 41:19-20
- यसा’याह 44:14
- यसा’याह 60:12-13
- ज़ुबूर 104:16-18

## शब्दकोश:

- Strong's: H766, H1265, H1266

# सब्र करना , सब्र

## ता'अरुफ़:

"सब्र करना " और "सब्र " का मतलब है किसी काम को करते रहना चाहे वह बहुत कठिन या लम्बा वक़्त क्यों न लेने वाला हो।

सब्र करने का मतलब यह भी हो सकता है कि मसीह के जैसा सुलूक करना चाहे कठिन इम्तिहानों या हालातों में हो।

- "सब्र करने वाला" इन्सान वह है जो अपने काम को करता रहता है जो उसे करना चाहिए चाहे वह तकलीफ़देह या दुःख वाला हो।
- ख़ुदा की ता'लीमों पर चलते रहना सब्र करना है चाहे कोई कितनी भी झूठी ता'लीमें दे।
- यहां होशियार रहें कि "ज़िद " लफ़्ज़ का इस्ते'माल न करें क्योंकि इसका मतलब नफ़ी में है।

(यह भी देखें: सब्र करना, इम्तिहान)

# किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- कुलुस्सियों 01:11-12
- इफ़िसियों 06: 17-18
- याक़ूब 05:9-11
- लूका 08:14-15

## शब्दकोश:

- Strong's: G3115, G4343, G5281

# समझ, समझा, समझना, समझदार

## ता’अर्रुफ़:

लफ़्ज़ “समझ” का मतलब किसी बात को समझ लेना, ख़ास करके समझाना कि कोई बात सही है या ग़लत।

- “समझ” समझकर किसी बात का अक़्लमंदी से फ़ैसला लेना।
- इसका मतलब है अक़्लमंदी और सही फ़ैसला लेना।

## तर्जुमे की सलाह:

- मज़मून [आर मुनहस्सिर, “पहचान” का तर्जुमा, “समझना” या “में फ़र्क़ पहचानना” या “अच्छे और बुरे में फ़र्क़ करना” या “किसी का सही फ़ैसला लेना” या “सही को ग़लत से अलग करके देखना” हो सकता है।
- “समझ” का तर्जुमा “समझना” या “अच्छे और बुरे में फ़र्क़ पहचानने की क़ुव्वत” हो सकता है।

(यह भी देखें: फ़ैसला, ‘अक़्ल)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 03:7-9
- पैदाइश 41: 33-34
- अम्साल 01:4-6
- ज़ूबूर 019:11-12

## शब्दकोश:

- Strong's: H995, H2940, H4209, H5234, H8085, G350, G1252, G1253, G1381, G2924

# समझना, समझता है, समझ लिया, समझ

## ता’अर्रुफ़:

“समझना” लफ़्ज़ का मतलब है सुनना या किसी जानकारी को क़ुबूल करना और समझना कि वह क्या है।

- “समझ” लफ़्ज़ के बारे में “'इल्म” या “'अक़्ल” से भी हो सकता है या “किसी काम को करने की समझ से भी”।
- किसी को समझने का मतलब यह भी हो सकता है कि वह आदमी कैसा महसूस कर रहा है।
- इम्माऊस के रास्ते में 'ईसा ने उन शागिर्दों को किताब-ए-मुकद्दस से मसीह का मतलब समझने में मदद की थी।
- जुमले के मुताबिक़ “समझ” का तर्जुमा “जानना” या “ईमान रखना” या “क़ुबूल करना” या “ मतलब समझना” भी हो सकता है।
- “समझ” का तर्जुमा हमेशा “'इल्म” या “अक़्ल” या “क़ुबूल” किया गया है।

(यह भी देखें: ईमान, जानना, अक़्लमन्द)

## किताब-ए-मुकद्दस के बारे में:

- अय्यूब 34:16-17
- लूक़ा 02:45-47
- लूक़ा 08:9-10
- मत्ती 13:10-12
- मत्ती 13:13-14
- अम्साल 03:5-6

## शब्दकोश:

- Strong's: H995, H998, H999, H1847, H2940, H3045, H3820, H3824, H4486, H7200, H7306, H7919, H7922, H7924, H8085, H8394, G50, G145, G191, G801, G1097, G1107, G1108, G1271, G1921, G1922, G1987, G1990, G2657, G3129, G3539, G3563, G3877, G4441, G4907, G4908, G4920, G5424, G5428, G5429, G6063

# समन्दरी गाय

## ता'अर्रुफ़:

"समन्दरी गाय और " एक बड़े जानदार है जो समन्दरी घास और समन्दरी मैदान पर हरी घास खाती है।

- समन्दरी गाय राख के रंग की होती है जिसकी खाल मोटी होती है। वह पानी में पंखों के ज़रिए' तैरती है।
- कलाम के ज़माने में इस जानदार की खाल ख़ेमे बनाने के काम में आती थी। इन जानवरों की खाल रहने वाले ख़ेमे की छत के लिए काम में ली जाती थी।
- घास खाने की वजह इसे "समन्दरी गाय" कहा गया है, लेकिन वह हक़ीक़त में गाय नहीं है।
- "डगोंग" और "समन्दरी गाय " के जैसे जानवर हैं।

(यह भी देखें: नए लफ़्ज़ों का तर्जुमा कैसे करे)

(यह भी देखें: ख़ेमा)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- गिनती 04:5-6
- गिनती 04:12-14
- गिनती 04:24-26

जिस शख्स ने इस किताब को हासिल किया था वह अटूट मुहर को देखेगा और उसे पता चलेगा कि किसी ने भी इसे खोला नहीं था।

## शब्दकोश:

- Strong's: H8476

# सलाह , सलाह , मशवरा दिया , मुशीर , सलाह देनेवालों, तजवीज़, तजवीज़ करनेवाला, मुशीरों , राय दी

## ता’अर्रुफ़:

“सलाह ” या “तजवीज़ ” के मतलब एक ही है जिसमें किसी को किसी हालात में काम करने के लिए ‘अक़्लमन्दी का फ़ैसला लेने में मदद दी जाती है। अक़्लमन्द “तजवीज़ करनेवाला” या “मुशीर”, वह आदमी जो किसी को सही फ़ैसला लेने में मदद करता है।

- बादशाहों के पास हमेशा ज़्यादातर मुशीर या सलाह दाता होते थे जो ‘अवाम से जुड़े ख़ास मौजू पर फ़ैसला लेने के लिए उनकी मदद करते थे।
- कभी-कभी दी गई सलाह या सुझाई गई तजवीज़ ठीक नहीं होती थी। बुरे मुशीर बादशाह को ऐसी तजवीज़ बताते थे जिससे वह ‘अवाम को नुक़्सान का हुक्म देता था।
- मज़मून पर मुनहसिर “तजवीज़ ” या “सलाह ” का तर्जुमा हो सकता है, “फैसला लेने में मदद करना” या “हिदायत ” या “समझना” या “रहबरी ”
- “सलाह ” देने के काम का तर्जुमा हो सकता है, “राय देना” या “सुझाव देना” या “नसीहत देना”।
- ध्यान दें कि “सलाह ” “मजलिस ” से अलग लफ़्ज़ है। मजलिस का मतलब है आदमियों का झुण्ड

(यह भी देखें: समझा, पाक रूह , अक़्लमन्द)

## किताब-ए-मुक़द्दस:

## शब्दकोश:

- Strong's: H1697, H1847, H1875, H1884, H1907, H2940, H3245, H3272, H3289, H3982, H4156, H4431, H5475, H5779, H5843, H6440, H6963, H6098, H7592, H8458, G1010, G1011, G1012, G1106, G4823, G4824, G4825

# सहन , ‘सहनो , ‘अदालत , आँगनों

## ता’रीफ़:

“सहन ” और “’अदालत ” या’नी दीवारों से घिरी खुली जगह अंग्रेजी का लफ़्ज़ “कोर्ट” ‘अदालत को भी कहते हैं

- मिलापवाला ख़ेमा मोटे कपड़े के परदों के ज़रिये’ घिरे हुए सहन के अन्दर था।
- हैकल के तीन अंदरूनी सहन थे एक काहिनो के लिए, एक यहूदी आदमियों के लिए और एक यहूदी ‘औरतों के लिए।
- ये सहन बाहरी सहन से छोटी पत्थरों की दीवार से बराबर बटे थे। बाहरी सहन में ग़ैर यहूदी दुआ’ कर सकते थे।
- घरों के सहन घर के बीच में खुली जगह में होते थे।
- “बादशाह का सहन ” का बयान बादशाह के महल या उसके राजमहल के उस जगह से हो सकता है जहां बादशाह फ़ैसला देने के लिए बैठता है।
- “यहोवा के सहनों” यह जुमला यहोवा के रहने की जगह या इन्सानों के लिए यहोवा की ‘इबादत की जगह के बारे में ‘अलामती इस्ते’माल है।

## तर्जुमे की सलाह:

“सहन ” का तर्जुमा “मिली हुई जगह ” या “दीवारों से घिरी जगह ”, या “हैकल का मैदान” या “हैकल जगह ”

- कभी-कभी “हैकल ” लफ़्ज़ का तर्जुमा “हैकल के सहनों” या “हैकल का घेरा ” से है ताकि साबित हो कि बयान मैदान से है न कि हैकल से।
- “यहोवा के सहन ” का तर्जुमा “यहोवा की रहने की जगह ” या “यहोवा की इबादत की जगह ” हो सकता है।
- “बादशाह का सहन ” का लफ़्ज़ यहोवा के सहन के लिए भी काम में लिया जा सकता है।

(यह भी देखें: ग़ैर क़ौम, इन्साफ़, बादशाह, सुलह का ख़ेमा, हैकल)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 सलातीन 20:4-5
- ख़ुरूज 27:9-10
- यरमियाह 19:14-15
- लूका 22:54-55
- मत्ती 26:69-70
- गिनती 03:24-26
- ज़बूर 065:4

## शब्दकोश:

- Strong's: H1004, H1508, H2691, H5835, H6503, H7339, H8651, G833, G933, G2681, G4259

# सहना,सह लेता है , उठाने वाला

## सच्चाई:

“सहने” का लफ़्ज़ी मतलब है "उठाना", लेकर चलना। इस लफ्ज़ के कई ज़ाहिरी तौर पर मतलब हैं।

- बच्चे के पैदा होने के बारे में इसका मतलब है, बच्चे को "पैदाइश देना"।
- बोझ उठाना” या " मुश्किलात का सामना करना"। इन मुश्किल चीज़ों में जिस्मानी और जज़्बाती परेशानी शामिल है ।
- “फल लाना” का 'आम तौर पर एक इज़हार है , जिसका मतलब “फल पैदा करना ” या “फलदायक होना”।
- गवाही देना” या “गवाह देना” या “जो देखा है तजुर्बा किया है उसका बयान करना।”
- बेटा बाप के गुनाह का फल नहीं पाएगा ” या "वह इसका ज़िम्मेदार नहीं होगा” या "वह इसके लिए सज़ा नहीं पाएगा “सज़ा नहीं पाएगा।” उसके बाप के गुनाहों का |
- 'आम तौर पर: इस लफ्ज़ का तर्जुमा “उठाना” या “जिम्मेदार होना” या “पैदा करना” या “सब्र करना” या “सहना” पसमंजर के मुक़ाबिल भी हो सकता है।

(तर्जुमा की सलाह: नामों का तर्जुमा

(यह भी देखें : एलीशा, सब्र करना, फल, बे दीन के काम, ख़ुशख़बरी, भेड़, ताक़त, गवाह, गवाह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- नौहा 03:25-29

## शब्दकोश:

- Strong's: H2232, H3201, H3205, H5187, H5375, H5445, H5449, H6030, H6509, H6779, G142, G399, G430, G503, G941, G1080, G1627, G2592, G3114, G3140, G4064, G4160, G4722, G4828, G4901, G5041, G5088, G5297, G5342, G5409, G5576

# साँप, साँपों, साँप, साँप, साँप, साँपों

## सच्चाई:

यह सब लफ़्ज़ एक ऐसे रेंगनेवाले जानदार के बारे में हैं जिसका जिस्म लम्बा और निकले हुए दांत होते हैं वह ज़मीन पर टेढ़ी मेढ़ी चाल से रेंगता है। “सांप” (सांप) लफ़्ज़ एक बड़े सांप के बारे में है और “नाँग ” ज़हरीला साँप होता है जो अपने शिकार को मारने के लिए ज़हर को काम में लेता है।

- यह लफ़्ज़ 'अलामती शक्ल में एक ऐसे शख़्स के लिए काम में लिया जाता है जो बदकार है, ख़ास तौर से धोखा देनेवाले के लिए।
- ‘ईसा मज़हबी रहनुमाओं को “साँप के बच्चे” कहता था क्यूँकि वह रास्तबाज़ी का दिखावा करते थे लेकिन असल में लोगोंको धोखा देते थे और उनके साथ ख़ुद गर्ज़ी के जैसा सुलूक करते थे।
- अदन की बाग़ में, शैतान ने साँप की शक्ल इख्तियार की और हव्वा को बहला कर ख़ुदावन्द के हुक्म की नाफ़रमानी करवाई।
- जब शैतान ने साँप की शक्ल में हव्वा को आज़माइश में डालकर गुनाह करवाया, तब ख़ुदावन्द ने उसे ला'नतीकर दिया कि सारे साँप ज़मीन पर रेंग कर चलेंगे, इसका मतलब तो यह हुआ कि इससे पहले साँपों के पैर थे।

(तर्जुमा की सलाह नामों का तर्जुमा कैसे करें)

(यह भी देखें: ला’नत, छलना, नाफ़रमानी, अदन, बुरा, औलाद, शिकार, शैतान, गुनाह, आज़माइश करना

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- पैदाइश 03: 1-3
- पैदाइश 03:4-6
- पैदाइश 03:12-13
- मरकुस 16:17-18
- मत्ती 03:7-9
- मत्ती 23:32-33

## शब्दकोश:

- Strong's: H660, H2119, H5175, H6620, H6848, H8314, H8577, G2191, G2062, G3789

# सांस, सांस फूंकना, सांस लेता है, सांस फूँक दिया, सांस लेना

## ता'अर्रुफ़:

किताब-ए-मुक़द्दस" सांस फूंकना" और "सांस" हमेशा 'अलामती शक्ल में ज़िन्दगी देना या "ज़िन्दा होने के बारे में काम में लिए गए है।

- किताब-ए-मुक़द्दस में इज़हार है कि ख़ुदा ने आदम में ज़िन्दगी की सांस फूंका। उसी लम्हे में आदम ज़िन्दा जान्दार हो गया।
- जब 'ईसा ने शागिर्दों पर फूंका और उनसे कहा "रूह में" तब वह हक़ीक़त में उन पर सांस फूंक रहा था जो उन पर पाक रूह के तशरीह का हर एक था।
- कभी-कभी "सांस लेना" या "सांस छोड़ना" का मतलब तलाफ़्फ़ुज़ करना से भी है।
- "ख़ुदावन्द का सांस" या "यहोवा की सांस " इस जुमले का 'अलामती तर्जुमा हमेशा बाग़ी और बदमा'श क़ौमों पर ख़ुदा का गज़ब डाला जाता है। इससे उसका ताक़तवर ज़ाहिर होता है।

## तर्जुमा की सलाह:

- "आख़िर सांस लेना" या मरना। इसका तर्जुमा हो सकता है, "उसने अपनी आख़िर सांस ली" या "उसकी सांस ख़त्म हो गई और वह मर गया " या "उसने आख़िर बार हवा में सांस ली"।
- किताब-ए-मुक़द्दस को "ख़ुदा की सांस से पाक हैं" इसका मतलब है कि ख़ुदा ने कलाम कहा या भेजा किए तब इंसानी लिखने वालों ने लिखा। अगर मुमकिन हो तो बहुत अच्छा यही होगा कि "ख़ुदावन्द की तलाश" का तर्जुमा जैसे का तैसे ही रहने दिया जाए क्योंकि इसका तर्जुमा करना सख्त होगा।
- अगर"ख़ुदा की सांस से रचा गया" को जैसे का तैसे रखना क़बूल न हो तो इसको और तर्जुमें हो सकते हैं, "ख़ुदावन्द " या "खुद की तरफ़ से लिखा " या "ख़ुदा की तरफ़ से बोला गया" यह भी कहा जा सकता है कि "ख़ुदा ने कलामे मुक़द्दस के कलामों को सांस के ज़रिए ज़ाहिर किया"।
- "सांस डालना" या "जान फूंकना" या "ज़िन्दगी देना" का तर्जुमा हो सकता है, "सांस लेने के लायक़ बनाना" या "दुबारह ज़िन्दा करना" या "जीने और सांस लेने के लायक़ करना" या "ज़िन्दगी देना"
- अगर मुमकिन हो तो "ख़ुदावन्द कि सांस " को मक़सदी ज़बान में सांस लफ्ज़ ही से तर्जुमा करें। अगर खुदा का सांस माना नहीं जाता है तो इसका तर्जुमा "ख़ुदा की ताक़त" या "ख़ुदा का तलाफ़्फ़ुज़ " करें।
- "सांस भी लेने (देना)" का तर्जुमा "कई इत्मिनान से सांस लेने के लिए आराम करना" या "'आम तौर से सांस लेने के लिए दौड़ना बंद करो"।
- "सिर्फ़ एक सांस है" या "बहुत कम वक़्त का है"।
- इसी तरह , "इंसान सांस भर का" होता है या "इंसान बहुत कम वक़्त ज़िन्दा रहता है" या "इंसानों की ज़िन्दगी बहुत कम है"। या "ख़ुदावन्द की बराबरी में इंसान की ज़िन्दगी इतनी छोटी है जितनी कि एक सांस होती है"।

(यह भी देखें: आदम, पौलुस , ख़ुदावन्द का कलम , ज़िन्दगी )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 17:17-18
- वाइज़08:8-9
- अय्यूब 04:7-9
- मुक़ाशिफा11:10-12
- मुक़ाशिफा 13:15-17

## शब्दकोश:

- Strong's: H3307, H5301, H5396, H5397, H7307, H7309, G1709, G1720, G4157

# साथी, शरीक़, हम ख़िदमत ,हम ख़िदमत

## सच्चाई:

“साथी” का मा’नी है किसी के साथ रहनेवाला इन्सान या किसी से जुड़ा हुआ इन्सान जैसे दोस्ती या शादी में। “साथी”का मा’नी एक साथ काम करने वाला शख़्स|

- साथी एक ही तजुरबे को महसूस करते हैं, एक साथ खाना खाते हैं और एक दूसरे को मदद देते हैं और हौसला देते हैं।
- मज़मून के मुताबिक़ इस लफ़्ज़ का तर्जुमा एक ऐसे लफ़्ज़ या जुमले से हो जिसका मा’नी है, “दोस्त” या “शरीक़” या “किसी के साथ चलने वाला मददगार शख़्स”

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- हिज़क़ीएल 37:15-17
- इब्रानियों 01:8-9
- अम्साल 02:16-17
- ज़ूबूर 038:11-12

## शब्दकोश:

- Strong's: H251, H441, H2269, H2270, H2271, H2273, H2278, H3674, H3675, H4828, H7453, H7462, H7464, G2844, G3353, G4791, G4898, G4904

# साया, साये, सायादार, सायादार

## ता’अरुफ़:

“साया” का मतलब है रौशनी को रोकने वाली चीज़ का साया है। इसके कई 'अलामती मतलब भी हैं।

- “मौत का साया ” या'नी मौत क़रीब है, जिस तरह कि साया ज़ाहिर करता है कि कोई चीज़ क़रीब है।
- कलाम में कई बार लोगों की ज़िन्दगी की बराबरी साया से की गई है जो ज़्यादा वक़्त की नहीं होती है और उसकी कोई हक़ीक़त नहीं होती है।
- कभी-कभी “साया” लफ़्ज़ को “तारीकी” के लिए भी काम में लिया जाता है।
- ख़ुदावन्द के परों या हाथों की साया में रखने का ज़िक्र कलाम में किया गया है। यह महफ़ूज़ रहने और ख़तरे से छिप जाने की एक 'अलामती शक्ल है। “साया” के तर्जुमे की शक्लें हो सकती हैं “साया” या “हिफ़ाज़त” या “महफ़ूज़ ”।
- बेहतर तो यह होगा कि “साया” लफ़्ज़ का तर्जुमा मक़सदी ज़बान के उसी लफ़्ज़ से किया जाए जिसे साया के लिए काम में लिया जाता है।

(यह भी देखें: ख़ुदावन्द, रोशनी )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 सलातीन 20:8-9
- पैदाइश 19: 6-8
- यसा'याह 30:1-2
- यरमियाह 06:4-5
- ज़बूर 017:8-10

## शब्दकोश:

- Strong's: H2927, H6738, H6751, H6752, H6754, H6757, H6767, G644, G1982, G2683, G4639

# साल , सालों

## ता'रुफ़:

कलाम में “साल ” का ह्क़ीक़ी मतलब था 354 दिनों का वक़्त । यह साल चाँद कैलेण्डर के मुताबिक़ था जब चाँद ज़मीन के एक चक्कर कर लेता है।

- आज का साल शम्सी कैलेण्डर के मुताबिक़ 365 दिन का होता है और बारह महीने होते हैं, यह वक़्त ज़मीन की तरफ़ से सूरज के चक्कर का वक़्त है।
- दोनों ही कैलेण्डरों में साल के बारह महीने हैं। चाँद कैलेण्डर के साल में तेरहवां महीना जोड़ा जाता है यह उस सच्चाई के लिए है कि चंद साल शम्सी साल से ग्यारह दिन छोटा है। इससे दोनों कैलेण्डरों को बरक़रार रखने में मदद मिलती है।
- कलाम में सालों को 'अलामती शक्ल में भी काम में लिया जाता है जो किसी हादसे के लिए वक़्त की 'आम बात के लिए काम में लिया जाता है। इसकी मिसाल हैं “यहोवा का साल ” या “क़हत का साल” या “यहोवा के ख़ुश रहने के साल ”। ऐसे हवालों में “साल ” का तर्जुमा“वक़्त ” या “मौसम” या “वक़्त का वक्फा” किया जा सकता है।

(यह भी देखें:महीना)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 सलातीन 23:31-33
- रसूलों के 'आमाल. 19:8-10
- दानिएल 08:1-2
- ख़ुरूज 12:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: H3117, H7620, H7657, H8140, H8141, G1763, G2094

# साक़ी ,साक़ी

## ता’रीफ़:

पुराने ‘अहद नामे के ज़माने में “साक़ी” बादशाह का वह ख़ादिम होता था जो बादशाह को मय का कटोरा देता था, वह पहले ख़ुद मय का ज़ायक़ा लेकर तय करता था कि उसमें ज़हर तो नहीं है।

- इसका लफ़्ज़ी मतलब हो सकता है “कटोरा लाने वाला” या “वह जो कटोरा लाता है”।
- “साक़ी” भरोसे मंद होने और राजा का वफ़ादार होने के लिए जाना जाता था।
- उसकी वफ़ादारी की वजह से साक़ी हमेशा बादशाह के ज़रिये’ लिए गए फ़ैसले पर असर डाल सकता था।
- नहमियाह ख़ास बादशाह का साक़ी था, उस वक़्त भी कुछ इस्राईली बाबुल की ग़ुलामी में थे।

(यह भी देखें: ख़ास , बाबुल, क़ैदी, फ़ारस, फ़िर’औंन)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 सलातीन 10:3-5
- नहमियाह 01:10-11

## शब्दकोश:

- Strong's: H8248

# सिखाना, सिखाता है, पढ़ाया गया, ता’लीम , ता’लीमें , अनपढ़

## ता’अर्रुफ़:

किसी को "सिखाने" का मतलब है कि उसे वह बताना जो वह पहले से न जानता हो। इसका मतलब आम तौर में "मा’लूमात ‘अता करने" का भी हो सकता है, जिसका बयान सीखने वाले इन्सान से नहीं होता। आम तौर पर मा’लूमात ज़ाहिरी या दानिस्ता तौर से दी जाती है। एक इन्सान का "तरबियत " या उसकी "ता’लीम " वह हैं जो उसने पढ़ाया है।

- “उस्ताद ” वह है जो ता’लीम देता है। “सिखाना” की माज़ी काम है, “सिखाया जाता है”
- ‘ईसा अपनी ता’लीमों में ख़ुदा और उसकी बादशाहत की बातें बताता था।
- ‘ईसा के शागिर्द उसे “उस्ताद ” कहते थे। यह ख़ुदा के लिए इन्सानों में ता’लीम देनेवाले के लिए एक इज़्ज़त का ‘ओहदा था।
- जिन मा’लूमातों की ता’लीम दी जाती है उनका ज़ाहिर होना या बोला जा सकता है।
- “तरबियत ” ख़ुदा के बारे में दी जानेवाली ता’लीमों का दारोमदार और ज़िन्दगी गुज़ारने के बारे में ख़ुदा के हुक्म है। इसका तर्जुमा “ख़ुदा की ता’लीमें ” या “ख़ुदा जो सिखाता है” की शक्ल में हो सकता है।
- मज़मून पर मुनहसिर “तुझे सिखाया गया” कातर्जुमा , “इन लोगों ने तुझे जो सिखाया” या “ख़ुदा ने तुझे जो सिखाया” हो सकता है।
- “ता’लीम देना” के और तर्जुमें “कहना”, या “समझना” या “हुक्म देना” हो सकते है।
- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा ज़यादा तर होता है, “इन्सानों को ख़ुदा के बारे में समझाना”

(यह भी देखें: हुक्म, उस्ताद, ख़ुदा का कलाम)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तीमुथियुस 01:3-4
- रसूलों के 'आमाल 02:40-42
- यूहन्ना 07:14-16
- लूका 04:31-32
- मत्ती. 04:23-25
- ज़ुबूर 032:7-8

## शब्दकोश:

- Strong's: H502, H2094, H2449, H3045, H3046, H3256, H3384, H3925, H3948, H7919, H8150, G1317, G1321, G1322, G2085, G2605, G2727, G3100, G2312, G2567, G3811, G4994

# सिपहसालार , सरदारों

## ता’अर्रुफ़:

“सिपहसालार” लफ़्ज़ फ़ौज के रहनुमा का हवाला देता है, जो सिपाहियों के दस्ते का रहनुमाई करने के लिए जिम्मेदार होता है।

- सिपहसालार एक छोटे झुण्ड या एक बड़े मजमे’ का रहनुमा हो सकता है, जैसे कि एक हजार आदमियों का मजमा’
- यह लफ़्ज़ यहोवा के बारे में भी इस्ते’माल होता है कि वह फ़रिश्तों की फ़ौज का रहनुमा है।

सिपहसालार के और तर्जुमे की शक्ल हैं “रहनुमा” या “सरदार” या “हाकिम”

- फ़ौज को “हुक्म देना” का तर्जुमा “रहनुमाई करना” या “ज़िम्मेदार होना” की शक्ल में किया जा सकता है।

(यह भी देखें: हुक्म, हाकिमो, सूबेदार)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 11:4-6
- 2 तवारीख़ 11:11-12
- दानीएल 02:14-16
- मरकुस 06:21-22
- अम्साल 06:6-8

## शब्दकोश:

- Strong's: H2710, H2951, H1169, H4929, H5057, H6346, H7101, H7262, H7218, H7227, H7229, H7990, H8269, G5506

# सिपाही , सिपाहियों, शमशीर ज़न मर्द , बहादुरों

## सच्चाई:

“सिपाही ” और “सैनिक” दोनों लफ़्ज़ सेना में जंग करनेवाले इन्सानों के बारे में हैं। लेकिन इनमें कुछ फ़र्क़ है।

- “शमशीर ज़न मर्द” एक आम और एक ख़ास लफ़्ज़ है जो जंग के मुल्क में एक माहिर और हिम्मती इन्सान होता है।
- यहोवा को तम्सीली शक्ल में “जंग करने वाला ” कहा गया है।
- “सिपाही ” या’नी फ़ौज का एक फ़र्द जो किसी जंग में लड़ता है।
- यरूशलीम में रोमी सिपाही निज़ाम बनाए रखने और क़ैदियों को मौत की सज़ा देने के लिए मुक़र्रर किए गए थे। वे ‘ईसा को सलीब देने से पहले उसे क़ैदी बनाए हुए थे और कुछ को उसकी क़ब्र पर रखवाली करने के लिए भी रखा गया था।
- मुतरज्जिम को ध्यान देना है कि उसकी ज़बान में “शमशीर ज़न मर्द” और “सिपाही ” के लिए दो अलग-अलग लफ़्ज़ हैं, जिनका मतलब और इस्तेमाल भी अलग अलग है।

(यह भी देखें: हिम्मत , सलीब पर चढ़ाना, रोम, क़ब्र)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 21:4-5
- रसूलों के 'आमाल 21:32-33
- लूका 03:14
- लूका 23:11-12
- मत्ती. 08:8-10

## शब्दकोश:

- Strong's: , H352, H510, H1368, H1416, H1995, H2389, H2428, H2502, H3715, H4421, H5431, H5971, H6518, H6635, H7273, H7916, G4686, G4753, G4754, G4757, G4758, G4961

# सिर

## ता'अर्रुफ़:

“सिर”, शख़्स या जानवर के सिर का हड्डी का ढाँचा।

- कभी-कभी “खोपड़ी” लफ़्ज़ का इस्ते'माल “सिर” के लिए भी किया जाता है जैसे “ सिर मुंडवाले”।
- “ सिर की जगह ” गुलगता का एक और नाम है जहाँ 'ईसा को सलीब पर चढ़ाया गया था।
- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा “सिर” या “सिर की हड्डी” किया जा सकता है।

(यह भी देखें: सलीब पर चढ़ाना, गुलगता)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 सलातीन 09:35-37
- यरमियाह 02:14-17
- यूहन्ना 19:17-18
- मत्ती. 27:32-34

## शब्दकोश:

- Strong's: H1538, H2026, H2076, H2490, H2491, H2717, H2763, H2873, H2874, H4191, H4194, H5221, H6936, H6991, H6992, H7523, H7819, G337, G615, G1315, G2380, G2695, G4968, G4969, G5407

# सिर, सिरों, माथा, माथों, चन्दुए, टोपियाँ, पेशानी, गुलूबंद, सिर कटवा दिया

## ता'अर्रुफ़:

किताब-ए-मुक़द्दस में "सिर" लफ़्ज़ को मुख़्तलिफ़ 'अलामती शक्लों में काम में लिया गया है।

- इस लफ़्ज़ का इस्ते'माल इन्सानों पर इख़्तियार रखने वाले के लिए किया गया है। "तूने मुझे क़ौम-क़ौम का सिर बनाया है।" इसका तर्जुमा हो सकता हैः "तू ने मुझे बादशाह बनाया है" या "तूने मुझे.... पर इख़्तियार दिया है।"
- 'ईसा को "कलीसिया का सिर कहा गया है। जिस तरह इन्सान का सिर उसके जिस्म के 'आज़ा को हुक्म देता है उसी तरह 'ईसा अपने "जिस्म" कलीसिया के अफ़राद का हुक्म देता है।
- नया 'अहद नामा सिखाता है कि शौहर अपनी बीवी का सिर है। उसे अपनी बीवी और ख़ानदान की रहनुमाई और ज़िम्मेदारी सौंपी है।
- "उसके सिर पर उस्तरा न चलाया जाए" या'नी "वह न तो कभी अपने बाल कटवाए और न ही कभी दाढ़ी बनवाए।"
- "सिर" का मतलब कभी-कभी किसी बात के शुरू'आती दौर या ज़रिया' से होता है जैसे, "राह का सिर (शुरू')"
- "गेहूं का सिर" या'नी गेहूं या जौ के पौधे का वह ऊपरी हिस्सा जहाँ बीज होता है।
- "सिर" का एक और 'अलामती इस्ते'माल है जो इन्सान के पूरी इंसानियत का 'इल्म कराता है जैसे "सफेद सिर" या'नी बूढ़े लोग या "यूसुफ़ का सिर" या'नी यूसुफ़। (देखें: हमअहनगी
- इज़हार "इसका ख़ून उसके सिर पर हो" या'नी उसकी मौत का ज़िम्मेदारर यही इन्सान हो और सज़ा पाए।

## तर्जुमे की सलाह

- मज़मून पर मुनहस्सिर "सिर" का तर्जुमा हो सकता है, "इख़्तियार" या "रहनुमाई और हुक्म देने वाला" या "ज़िम्मेदार इन्सान"
- इज़हार "का सिर" का मतलब है पूरी इंसानियत लिहाज़ा इसका तर्जुमा सिर्फ इन्सान के नाम से किया जा सकता है। मिसाल के तौर पर, "यूसुफ़ का सिर" जुमले का तर्जुमा आसानी से किया जा सकता है, "यूसुफ़"
- इज़हार "उसके ही सिर पर होगा" इस जुमले का तर्जुमा किया जा सकता है, "उस पर हो" या "वह सज़ा पाए" या "वही ज़िम्मेदार माना जाए" या "वह मुजरिम माना जाए"।
- मज़मून पर मुनहस्सिर इस लफ़्ज़ के तर्जुमे के तरीक़े हो सकते हैं, "शुरू'आत" या "ज़रिया'" या "हाकिम" या "रहनुमा" या "ऊपर"।

(यह भी देखें: अनाज

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 01:51-54
- 1 सलातीन 08:1-2
- 1 शमूएल 09:22
- कुलुस्सियों 02:10-12
- कुलुस्सियों 02:18-19
- गिनती 01:4-6

## शब्दकोश:

- Strong's: H441, H1270, H1538, H3852, H4425, H4761, H4763, H5110, H5324, H6285, H6287, H6797, H6915, H6936, H7139, H7144, H7146, H7217, H7226, H7218, H7541, H7636, H7641, H7872, G346, G755, G2775, G2776, G4719

# सींग, सींगों, सींग वाले

## सच्चाई:

सींग, बहुत से जानवरों के सिर पर शख़्त नुकीले भाग होते हैं, जैसे मवेशी, भेड़, बकरी, हिरन।

- भेड़ें(नर भेड़) की सींग से मोशीक़ी का सामान बनाया जाता था, जिसे “नरसिंगा” या “शोफार” कहता है जिसे ख़ास जश्न जैसे कि मज़हबी ‘ईदों पर फूंका जाता था।
- ख़ुदा ने इस्राईलियों को हुक्म दिया था कि धूप जलाने की और पीतल की क़ुर्बानगाह के चारों कोनों पर सींग जैसी नख्खाशी करें। अगरचे इन नख्खाशी को सींग कहते थे, वे हक़ीक़त में जानवरों के सींग नहीं थे।
- सींग कभी-कभी पानी या तेल के बर्तन को भी कहा जाता था जिसकी बनावट सींग जैसी होती थी। तेल का ऐसा सींग का इस्ते’माल एक बादशाह के मसह के लिए काम में लिया जाता था, जैसे सैमुएल ने दाऊद के साथ किया|
- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा तुरही लफ़्ज़ के तर्जुमे से एक बिल्कुल अलग लफ़्ज़ के ज़रिए’ किया जाना चाहिए।
- सींग लफ़्ज़ का ‘अलामती इस्ते’माल ताक़त, क़ुव्वत, इख़्तियार और शान को ज़ाहिर करने के लिए भी काम में लिया गया है।

(यह भी देखें: इख़्तियार, गाय, हिरन, बकरी, क़ुव्वत शाही, भेड़, तुरही)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 15:27-28
- 1 सलातीन 01:38-40
- 2 शमूएल 22:3-4
- यरमियाह 17:1-2
- ज़ुबूर 022:20-21

## शब्दकोश:

- Strong's:H3104, H7160, H7161, H7162, H7782, G2768

# सुकून , पुर सुकून , पुर अमन , सुकून के लायक़ , सुलह कराने वाले

## ता'अर्रुफ़:

“सुकून ” लफ़्ज़ वह हालात हैं जब किसी भी तरह का झगड़ा या फ़िक्र या खौफ़ न हो। “पुर सुकून ” इन्सान सुकून को महसूस करता है और उसे हिफ़ाज़त का यक़ीन होता है।

- “सुकून” उस वक़्त को भी दिखाता है जब कौमें और मुल्क आपस में जंग नहीं करते हैं। इन लोगों के “पुर सुकून रिश्ते ” कहलाते हैं।
- किसी इन्सान का क़बीले के साथ “सुलह क़ायम ” को करने का मतलब है जंग रोकने की कोशिश करना।
- “सुकून बनाने वाला” वह इन्सान है जो इन्सान को हमेशा सुलह में रहने के लिए काम करता है या असर करने वाली बातें करता है।
- इन्सान के साथ “सुकून बनाए रखने” का मतलब है उनके साथ जंग नहीं करने की हालत में रहना।
- ख़ुदा और इन्सानों में अच्छे और सही रिश्ते तब पैदा होते हैं जब ख़ुदा इन्सानों को गुनाहों से बचा लेता है। इसे " ख़ुदा के साथ मेल" कहते हैं।
- “फ़ज़ल और सुकून” का इस्तकबाल रसूल अपने ख़तों में ईमानदारों को दु'आ की शक्ल में लिखते थे।
- “सुकून” लफ़्ज़ का बयान इन्सानों के साथ या ख़ुदा के साथ सही रिश्ते में रहने से भी है।

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 थिस्सलुनीकियों 05:1-3
- रसूलों के अमाल 07:26-28
- कुलुस्सियों 01:18-20
- कुलुस्सियों 03:15-17
- गलातियों 05:22-24
- लूका 07:48-50
- लूका 12:51-53
- मरकुस 04:38-39
- मत्ती 05:9-10
- मत्ती 10:11-13

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **15:06** ख़ुदा ने इस्राईलियों को हुक्म दिया था ,कि वह कना'न में लोगों के किसी भी झुण्ड के साथ समझौता _सुलह _ क़ायम न करे,
- **15:12**तब ख़ुदा ने इस्राईलियों को सारी हदों के साथ _ अमन _ अता' किया
- **16:03**तब ख़ुदा ने एक नजात दहिन्दा 'अता किया, जिन्होंने उन्हें अपने दुश्मनों से बचाया और मुल्क में _ अमन _ लाया
- **21:13** वह और लोगों के गुनाहों की वजह से मारा जाएगा। उसको सज़ा होने से ख़ुदा और लोगों के बीच में _ अमन _ क़ायम होगा।
- **48:14** दाऊद इस्राईल का राजा था, लेकिन 'ईसा पूरे जहान का बादशाह है! वह फिर से आएगा, और अपने बादशाहत पर इन्साफ़ और _ अमन _ के साथ हमेशा बाद्शाही करेगा।
- **50:17** 'ईसा अपनी सल्तनत पर _ अमन _ व इन्साफ़ के साथ हुकूमत करेगा, और वह हमेशा अपने लोगों के साथ रहेगा।

## शब्दकोश:

- Strong's: H5117, H7961, H7962, H7965, H7999, H8001, H8002, H8003, H8252, G269, G31514, G1515, G1516, G1517, G1518, G2272

# सुतून , लाटें, खम्भा, खम्भों

## ता’अर्रुफ़:

“खम्भा” एक बड़ी खड़ी चोटी जिस पर छत को या मकान के और हिस्से को रोका जाए। “खम्भा” का दूसरा लफ़्ज़ सुतून होता है।

- कलाम के ज़माने में मकान को सहारा देने के लिए जो खंभे बनाए जाते थे वे आम तौर पर एक ही पत्थर में से काटकर निकाले जाते थे।
- पुराने ‘अहद नामे में शिमसोन को फ़िलिस्तियों ने क़ैदी बना लिया था तब उसने उनके हैकल के खंभों को गिराकर हैकल को बर्बाद कर दिया था।
- कभी-कभी “खंभा” लफ़्ज़ किसी की क़ब्र या किसी हादसे की याद में खड़ी की गई चट्टान को भी कहा गया है।
- यह लफ़्ज़ किसी देवी-देवता के बुत की इबादत के बारे में भी इस्तेमाल किया गया है। किसी गढ़ी हुई शकल के लिए भी इस लफ़्ज़ का इस्तेमाल किया गया है जिसका तर्जुमा “मुजस्समा ” किया जा सकता है।
- “खंभा” लफ़्ज़ किसी भी सुतून की शक्ल वाली चोटी के लिए किया जा सकता है जैसे आग का खंभा जो इस्राईलियों की जंगल में रात को रहनुमाई करता था या “नमक का खंभा” लूत की बीवी नमक का खंभा बन गई थी जब उसने पलट कर सदोम को देखा था।
- किसी मकान को थामने वाली चोटी के लिए “खंभा” लफ़्ज़ का इस्तेमाल किया जाता है तो इसका तर्जुमा “खड़ी पत्थर की लाट का सहारा” या “थामने वाली पत्थर कीचोटी ” किया जा सकता है।
- “खंभा” के और इस्तेमाल का तर्जुमा हो सकता है, “मुजस्समा ” या “ढेर” या “सुतून ” या “इमारत ” या “ऊंची चोटी ” वगैरह जो मज़मून के मुताबिक़ सही हो।

(यह भी देखें: बुनयाद, बुत, शकल)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 सलातीन 18:4-5
- ख़ुरूज 13:19-22
- ख़ुरूज 33:7-9
- पैदाइश 31:45-47
- अम्साल 09:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: H352, H547, H2106, H2553, H3730, H4552, H4676, H4678, H4690, H5324, H5333, H5982, H8490, G4769

# सुपुर्द करे, सुपुर्द करना, सुपुर्द किया, सुपुर्दगी

## ता'अरुफ़

सुपुर्द करने के लिए ख़ास मक़सद या जशन के लिए किसी चीज़ को अलग करना या अंजाम देना है|

- दाऊद ने अपना सोना-चांदी ख़ुदा को सुपुर्द कर दिया था।
- अक्सर लफ़्ज़ "सुपुर्दगी" ज़ाती वाक़े' या जशन के बारे में है जिसको किसी ख़ास मक़सद के लिए कुछ अलग करना है|
- कुर्बानगाह की सुपुर्दगी में ख़ुदा के लिए क़ुर्बानी पेश की जाती थी।
- नहमियाह ने यरूशलीम की दीवारों को एक नए 'अहद के साथ दुबारा ता'मीर के लिए इस्राईल की रहनुमाई की, जो यह था सिर्फ़ ख़ुदा की ख़िदमत और अपने शहर की देखभाल करना| इस वाक़े' में मोसीक़ी के सामान और गाने के साथ ख़ुदा की शुक्रगुज़ारी शामिल थी|
- लफ़्ज़ "सुपुर्द" का तर्जुमा इस तरह भी किया जा सकता है, " एक ख़ास मक़सद के लिए ख़ास इन्तख़ाब करना" या "किसी ख़ास इस्ते'माल के लिए कुछ करना" या "एक ख़ास काम करने के लिए किसी को सुपुर्द करना"

(यह भी देखें: वा'दा करना)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 15:11-12
- 1 कुरिन्थियों 06:9-11
- 1 सलातीन 07:51
- 1 तीमुथियुस 04:3-5
- 2 तवारीख़ 02:4-5
- यूहन्ना 17:18-19
- लूक़ा 02:22-24

## शब्दकोश:

- Strong's: H2596, H2597, H2598, H2764, H4394, H6942, H6944, G1456, G1457

# सुलह कराने वाला

## ता’अर्रुफ़:

“सुलह कराने वाला” दो गिरोह या ज़्यादा लोगों के बीच के तनाज़े या परेशानी को हल करता है। वह आपसी मेल में उनकी मदद करता है।

- गुनाह की वजह से इन्सान ख़ुदा का दुश्मन है जो उसके ग़ुस्से और सज़ा का हिस्सा है। गुनाह की वजह, ख़ुदा और उसके लोगों के दरमियान ता'अल्लुक़ टूटा हुआ है।
- ‘ईसा बाप ख़ुदा और उसके लोगों के बीच सुलह कराने वाला है उसने गुनाह की क़ीमत चुकाने के लिए अपनी मौत के ज़रिए' उसने टूटे हुए ता'अल्लुक़ात को बहाल कर दिया है।

## तर्जुमा की सलाह:

- “सुलह कराने वाला का तर्जुमा हो सकता है”, “बिचौलियाँ” या “मेल कराने वाला” या “अमन क़ायम करनेवाला”
- इस लफ़्ज़ के तर्जुमा की बराबरी “काहिन” लफ़्ज़ के तर्जुमा से करें। “सुलह कराने वाला” का तर्जुमा अलग लफ़्ज़ से करेंगे तो बेहतर होगा।

(यह भी देखें: काहिन, सुलह करना)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तीमुथियुस 02:5-7
- गलातियों 03:19-20
- 'इब्रानियों 08:6-7
- 'इब्रानियों 12:22-24
- लूक़ा 12:13-15

## शब्दकोश:

- Strong's: H3887, G3312, G3316

# सुलह की क़ुर्बानी, सुलह की क़ुर्बानियों

## सच्चाई:

“सुलह की कुर्बानी” ख़ुदा के हुक्म के मुताबिक़ इस्राईल में जो कुर्बानियाँ पेश होती थी उनमें से एक यह भी थी। * इसे कभी-कभी “शुक्र की क़ुर्बानी” या “शराकत कीक़ुर्बानी” भी कहा गया है।

- इनमें एक बे’ऐब जानवर को क़ुर्बान किया जाता था और उस जानवर का ख़ून क़ुर्बान गाह पर छिड़का जाता था, उसकी चर्बी और जानवर को अलग जलाया जाता था।
- इस क़ुर्बानी के साथ बेख़मीरी रोटी तथा ख़मीरी रोटी दोनों की क़ुर्बानी चढ़ाई जाती थी जिन्हें आतिशी क़ुर्बानी के ऊपर जलाया जाता था।
- काहिन और ईमानदार दोनों को यह गोश्त खाने की इजाज़त थी।
- इस क़ुर्बानी में ख़ुदा को अपने लोगों के साथ शराकत ज़ाहिर होती थी।

(यह भी देखें: आतिशी क़ुर्बानी, शराकत, सुलह की क़ुर्बानी, अनाज की क़ुर्बानी, काहिन, क़ुर्बानी, बे ख़मीरी रोटी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 समू’एल 13:8-10
- हिज़क़ीएल 45:16-17
- यशू’अ 08:30-32
- अह्बार 09:3-5
- अमसाल 07:13-15

## शब्दकोश:

- Strong's: H8002

# सूअर, सूअरों, सूअर का गोश्त , सुअर

## ता'अर्रुफ़:

सूअर एक चौपाया है जिसे गोश्त वाले खाने के लिए पाला जाता है। उसका गोश्त “पोर्क” कहलाता है। "सूअर" लफ़्ज़ अक्सर सुअर की पूरी नसल के लिए काम लिया जाता है।

- ख़ुदा ने इस्राईलियों के लिए सूअर का गोश्त खाना मना किया था इसलिए उसे नापाक ठहराया था। यहूदी आज भी इसे नापाक मानते है और उसके गोश्त से नफ़रत करते हैं।
- सूअरों को पाल कर गोश्त के लिए बेचा जाता है।
- एक तरह की सूअर की नसल जंगल में रहती है, उसे “जंगली सूअर” कहते हैं। जंगली सूअर के दांत बड़े होते हैं, और वह बहुत खतरनाक होता है।

बड़े सूअरों को “शूकर” कहा जाता है।

(यह भी देखें: अनजान लफ़्ज़ों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: नापाक

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 पतरस 02:20-22
- मरकुस 05:11-13
- मत्ती 07:6
- मत्ती 08:30-32

## शब्दकोश:

- Strong's: H2386, G5519

# सूबा, सूबा, सूबे के मुता’अल्लिक़

## सच्चाई:

सूबा , किसी मुल्क या सल्तनत का एक हिस्सा होता है। लफ़्ज़ "जाती सूबा " किसी ‘इलाक़े से जुडी खबर देता है, जैसे की सूबे का हाकिम।

- मसलन , पुराने फारसी मुल्क सूबों में बटा था जैसे मादी, फारस, सीरिया और मिस्र।
- नये ‘अहद नामे के ज़माने में रोमी सल्तनत सूबों में बंटा था जैसे मकिदुनिया, एशिया, सीरिया, यहूदिया, सामरिया, गलील तथा गलातिया।
- हर सूबे का अपना मनसबदार था जो सल्तनत के बादशाह या हाकिम के मातहत था। ऐसे हाकिम को “मनसबदार ”या“नाज़िम ” कहते थे।
- “सूबा ” और “जाती सूबा ” कातर्जुमा , “’इलाक़ा ” और “’इलाक़ाई ” किया जा सकता है।

(यह भी देखें :एशिया, मिस्र, एस्तेर, गलतिया, गलील, यहूदिया, मकिदुनिया, मेडे, रोम, सामरिया, सीरिया)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के आमाल . 19:30-32
- दनीएल 03:1-2
- दनीएल 06:1-3
- वा’इज़ 02:7-8

## शब्दकोश:

- Strong's: H4082, H4083, H5675, H5676, G1885

# सेला

## ता'अरुफ़:

“सेला” 'इब्रानी ज़बान का एक लफ़्ज़ है जो ज़्यादातर ज़बूर में देखा जा सकता है। इसके कई एक मुनासिब मतलब हैं।

- इसका मतलब हो सकता है “ठहरो और ता'रीफ़ करो” इसके ज़रिए' सुनने वालों को आगाह किया जाता है कि वह मुनासिब लफ़्ज़ों पर तवज्जोह करें।.
- ज़्यादातर ज़बूर के गीत में लिखे गए थे, ऐसा माना जाता है कि “सेला लफ़्ज़ शायद मौसीक़ी का कोई लफ़्ज़ रहा होगा जिससे गायक को रूकने का इशारा दिया जाता था कि सिर्फ़ सितार बजाया जाए या सुनने वालों को हौसला अफ़्ज़ाई किया जाता था कि ज़बूर के लफ़्ज़ों पर गौर करें।

(यह भी देखें: ज़बूर)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- ज़बूर 003:3-4
- ज़बूर 024:5-6
- ज़बूर 046:6-7

## शब्दकोश:

- Strong's: H5542

# सोख़्तनी क़ुर्बानी, आतिशी कुर्बानियाँ, आग के ज़रिए’ हदिया

## ता’अर्रुफ़:

“सोख़्तनी क़ुर्बानी” ख़ुदा के सामने क़ुर्बानगाह पर जलाई जाने वाली क़ुर्बानी है। यह क़ुर्बानी इन्सानों के गुनाह के क़फ़्फ़ारे के लिए थी। इसे “आतिशी कुर्बानी” भी कहते थे।

- इस क़ुर्बानी के जानवर अमूमन भेड़ या बकरी थे लेकिन बैल और परिन्दे भी चढ़ाए जाते थे।
- जिल्द को छोड़कर पूरा जानवर जला दिया जाता था। खाल या जिल्द काहिन को दे दी जाती थी।
- ख़ुदा के हुक्म के मुताबिक़ यूहदियों को रोज़ दो सोख़्तनी क़ुर्बानियाँ पेश करनी होती थी।

(यह भी देखें: क़ुर्बानगाह, क़फ़्फ़ारा, बैल, काहिन, क़ुर्बानी)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- ख़ुरूज 40:5-7
- पैदाइश 08:20-22
- पैदाइश 22:1-3
- अहबार 03:3-5
- मरकुस 12:32-34

## शब्दकोश:

- Strong's: H801, H5930, H7133, H8548, G3646

# सोता, सोते, चश्मा, चश्मे, उमड़ता

## ता’अर्रुफ़:

अलफ़ाज़ “सोता” और “चश्मा” का अक्सर मतलब होता है बहुत ज़्यादा पानी की ता’दाद जो क़ुदरती तरीक़े से ज़मीन से बहता है|

- किताब-ए-मुक़द्दस में इस लफ़्ज़ का ‘अलामती इस्ते’माल भी किया गया है कि ख़ुदा से निकलने वाली बरकतों का हवाला दे या साफ़ करने वाली या पाक करने वाली चीज़ का हवाला दे।
- नए ज़माने में, सोता इन्सान के ज़रिए’ बनाई हुई चीज़ होती है जिसमें पानी का बहाव होता है, जैसे पीने के पानी का सोता। यक़ीनी बनायें कि इस लफ़्ज़ का तर्जुमा क़ुदरती पानी का ज़रिया’ को ज़ाहिर करे।
- इस लफ़्ज़ के तर्जुमें का मुक़ाबला “बाढ़” के तर्जुमे से करें।

(यह भी देखें: बाढ़

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 पतरस 02:17-19
- पैदाइश 07:11-12
- पैदाइश 08:1-3
- पैदाइश 24:12-14
- पैदाइश 24:42-44
- या’क़ूब 03:11-12

## शब्दकोश:

- Strong's: H794, H953, H1530, H1543, H1876, H3222, H4002, H4161, H4456, H4599, H4726, H5033, H5869, H5927, H6524, H6779, H6780, H7823, H8444, H8666, G242, G305, G393, G985, G1530, G1816, G4077, G4855, G5453

# सोना, सोने

## ता’अर्रुफ़:

सोना पीले रंग की अच्छी धातु है जिससे ज़ेवरात और मज़हबी चीज़ें बनाई जाती हैं। पुराने ज़माने में यह सबसे ज़्यादा क़ीमती धातु थी।

- कलाम के वक़्त में, सोने से अलग अलग चीज़ें बनाई जाती थी या चीज़ों पर सोना चढ़ाया जाता था।
- ये चीज़ें थी कुन्दन दूसरे ज़ेवरात , बुत ,क़ुर्बान गाह और घर (ख़ेमा ) या हैकल की दूसरी चीज़ें जैसे 'अहद का सन्दूक़।
- पुराने 'अहद नामे के वक़त में सोना ख़रीद -ओ-फ़रोख़्त के काम में आता था। उसे तराज़ू में तोल कर उसकी क़ीमत मा'लूम किया जाता था।
- बा'द में सोने और चाँदी के सिक्के ख़रीद -ओ-फ़रोख़्त में काम में आने लगे।
- जब किसी ऐसी चीज़ का ज़िक्र हो जो सोने की नहीं हो उस पर सिर्फ़ सोना चढ़ा हुआ था तो “सुनहरा” या “सोना चढ़ा” या “सोने से ढका हुआ ” तर्जुमा किया जा सकता है।
- कभी-कभी किसी चीज़ को “सुनहरा” कहा जाता है, या'नी वह उसका रंग सोने जैसा है लेकिन सोने से बनी नहीं है।

(यह भी देखें: क़ुर्बानगाह , ‘अहद का सन्दूक़, झूठे मा’बूद , चांदी, ख़ेमा-ए-इज्तिमा' , हैकल )

## किताब-ए-मुकद्दस के बारे में:

- 1 पतरस 01:6-7
- 1 तीमुथियुस 02:8-10
- 2 तवारीख़ 01:14-15
- रसूलों के 'आमाल 03:4-6
- दानिएल 02:31-33

## शब्दकोश:

- Strong's: H1220, H1222, H1722, H2091, H2742, H3800, H4062, H5458, H6884, H6885, G5552, G5553, G5554, G5557

# सख़्त , हठीला, मग़रूर होकर,सख़्ती

## ता'अर्रुफ़:

“हठीले”, कलाम में इस्ते'माल किया जाने वाला जुमला है जो उन लोगों के लिए है जो ख़ुदावन्द के हुक्म न मानते हैं और तौबा करने से इन्कार करते हैं। ऐसे लोग बहुत मग़रूर होते है और ख़ुदावन्द के इख़्तियार के ताबे' नहीं होते है।

- इसी तरह, "हठीला" लफ़्ज़ का बयान उस जुमले के बारे में किया गया है, जिसने ऐसा करने के लिए कहा जाने पर भी अपनी सोच या काम बदलने से इन्कार कर दिया है। हठीले लोग अच्छी सलाह या ख़बरदारी नहीं सुनेंगे जो दूसरे लोग उन्हें देते हैं।
- पुराने 'अहद नामे ने इस्राईलियों को "ज़िद्दी" कहा क्यूँकि उन्होंने ख़ुदावन्द के नबियों से बहुत से पैग़ाम नहीं सुने, जिन्होंने उन्हें तौबा करने और यहोवा के पास वापस लौटने दरख़्वास्त की |
- अगर एक गर्दन "सख़्त" है तो यह आसानी से मुड़ता नहीं । मक़सदी ज़बान में एक अलग मुहावरे हो सकते हैं जो बात करता है कि कोई शख़्स "बे बुनियाद " है जिसमें वह अपने तरीक़े को बदलने से इनकार करता है ।
- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा करने के दूसरे तरीक़ों में " तकब्बुर ज़िद्दी" या " मग़रूर और ग़ैर जिस्मानी" या "बदलाव करने से इन्कार कर सकते हैं" शामिल हो सकते हैं।

(यह भी देखें: तकब्बुर , मग़रूर, तौबा करना)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- रसूलों के 'आमाल 07:51-53
- इस्तिसना 09:13-14
- ख़ुरूज 13:14-16
- यरमियाह 03:17-18

## शब्दकोश:

- Strong's: H47, H3513, H5637, H6203, H6484, H7185, H7186, H7190, H8307, G483, G4644, G4645

# सज़ा देना, सज़ा देने , सज़ा करने, सज़ा करने, सज़ा , बे सज़ा

## ता'अरुफ़:

"सज़ा देना" लफ़्ज़ का मतलब है किसी ग़लत काम के इनकार का अन्जाम भुगतना "सज़ा" का मतलब है बुरे सुलूक का अन्जाम और इनकार का बर्ताव मिलना

- सज़ा का मक़सद होता है कि इन्सान गुनाह करना छोड़ दे।
- ख़ुदा इस्राईलियों को हुक्म अदूली की सज़ा देता था, ख़ास करके झूठे मा'बूद की इबादत की उनके गुनाहों की वजह से ख़ुदा उनके दुश्मनों को इजाज़त देता था कि वे उन पर हमला करके उन्हें क़ैदी बना लें।
- ख़ुदा मुंसिफ़ और ईमानदार है इसलिए उसे गुनाह की सज़ा देना पड़ता है। हर एक इन्सान ने ख़ुदा के ख़िलाफ़ गुनाह किया है और सज़ा के लायक़ है।
- 'ईसा को हर एक इन्सान के सब बुरे कामों की सज़ा मिली उसने हर एक इन्सान की सज़ा अपने ऊपर ले लिया जबकि उसने तो कोई भी गलत काम नहीं किया था कि सज़ा पाए
- "सज़ा न होना" या "बेक़ुसूर ठहराना" या'नी इन्सान को ग़लत काम की सज़ा न देना। ख़ुदा हमेशा गुनाह की सज़ा में देर करता है क्योंकि वह इन्सानों के ज़रिये तोबा का इन्तिज़ार करता है।

(यह भी देखें: सच्चा, तोबा , रास्तबाज़ , गुनाह )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 यूहन्ना 04:17-18
- 2 थिस्सलुनीकियों 01:9-10
- रसूलों के आमाल 04:21-22
- रसूलों के आमाल 07:59-60
- पैदाइश 04:13-15
- लूका 23:15-17
- मत्ती 25:44-46

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों सेमिसाले:

- **13:07** ख़ुदा ने और भी बहुत सी शरी'अतों व क़ानूनों को मानने के लिये कहा। अगर लोग इन क़ानूनों को मानते रहेंगे, तो ख़ुदा ने वा'दा किया था कि वह उन्हें बरकत और उनकी हिफ़ाज़त करेगा। अगर वे इन क़ानूनों को नहीं मानेगे तो वह _ सज़ा _ के हक़दार बनेंगे।
- **16:02** क्योंकि इस्राईल के लोग ख़ुदा की नाफ़रमानी करते रहे, उसने उन्हें अपने दुश्मनों को उन्हें हराने की इजाज़त देकर _ सज़ा _ दिया।
- **19:16** नबियों ने लोगों को ख़बरदार किया कि, अगर उन्होंने बुरे काम करना बंद न किया, और ख़ुदा के हुक्मों को ना मानना शुरू' न किया, तब ख़ुदा उन्हें मुजरिम ठहराएगा और उन्हें _सज़ा _ देगा |
- **48:06** 'ईसा सबसे अच्छा अज़ीम आलिम है क्योंकि उसने सभी इन्सानों के सभी गुनाहों की _ सज़ा _, जो उन्होंने अपने ज़िन्दगी में कभी भी किया हो, अपने ऊपर ले लिया |
- **48:10** जब कोई 'ईसा पर ईमान लाता है, 'ईसा का लहू उस इन्सान के सब गुनाहों की कीमत चुका देता है, और ख़ुदा की _ सज़ा _ उस इन्सान के ऊपर से हट जाती है |
- **49:09** लेकिन ख़ुदा ने दुनिया के हर इन्सान से इतना ज़्यादा प्यार किया कि उसने अपना इकलौता बेटा दे दिया ताकि जो कोई 'ईसा पर ईमान उसे उसके गुनाहों की _सज़ा _ नहीं मिलेगी, लेकिन हमेशा ख़ुदा के साथ रहेगा।
- **49:11** 'ईसा ने कभी कोई गुनाह नहीं किया था, लेकिन फिर भी उसने _सज़ा _ उठाने और मारे जाने को चुना ताकि एक कामिल क़ुर्बानी की शक्ल में आपके और दुनिया के हर इन्सान के गुनाहों को उठा ले जा सके |

## शब्दकोश:

- Strong's: H3027, H3256, H4148, H4941, H5221, H5414, H6031, H6064, H6213, H6485, H7999, H8199, G1349, G1556, G1557, G2849, G3811, G5097

# सफ़ीर, फ़रिश्तों नुमाइंदा, नुमाइंदों

## ता’अरुफ़:

नुमाइंदा वह आदमी है जिसे इख्तियार के साथ चुना गया कि मुल्कों के साथ रिश्ता रखे। इसका इस्तेमाल पहचान के लिए भी किया गया है जिसका ज़्यादा तर आम तर्जुमा “नुमाइन्दा ” होता है।

- फ़रिश्ता या नुमाइन्दे अपने भेजने वाले या अपनी सल्तनत की ख़ुशख़बरी लोगों तक पहुंचाता है।
- ‘आम तौर पर नुमाइंदा उस आदमी के बारे में है जिसे उस आदमी की तरफ़ से कहने या करने का इख्तियार हासिल होता है जिसने उसे भेजा है।
- रसूल पौलुस ने ता'लीम दी कि ईमानदार मसीह के "सफ़ीर " या "नुमाइन्दगी " करते हैं क्यूँकि वे इस दुनिया में मसीह की ख़ुशख़बरी सुनाते हैं।
- जुमले के मुताबिक़ इस लफ्ज़ का तर्जुमा “इख्तियारी शक्ल से नुमाइन्दा” या “मुक़र्रर ख़ुशख़बरी देने वाला ” या “चुना हुआ नुमाइन्दा” या “ख़ुदा का चुना नुमाइन्दा ” हो सकता है।
- “ सफ़ीर की नुमाइन्दगी” का तर्जुमा “ज़्यादा तर ख़ुशख़बरी देने वाला” या “चुने हुए नुमाइन्दों का झुण्ड ” या “सबकी तरफ़ से बोलने वाला एक गिरोह ”

(यह भी देखें: अनजान लफ़्ज़ों का तर्जुमा कैसे करें

(यह भी देखें: सफ़ीर

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- इफिसियों 06:19-20
- लूका 14:31-33
- लूका 19:13-15

## शब्दकोश:

- Strong's: H3887, H4135, H4136, H4397, H6735, H6737, G4243

# हम्द , हम्द , बड़ाई की,बड़ाई करते, बड़ाई की बात

## ता’अर्रुफ़:

किसी की ता’रीफ़ करना या’नी उस इन्सान की पसंदीदगी और उसकी इज़्ज़त करना।

- इन्सान ख़ुदा की हम्द करता है क्योंकि वह अज़ीम है और उसने दुनिया को नजात देने और बनाने के हैरानी के काम किए हैं।
- ख़ुदा की हम्द में उसके कामों के लिए शुक्र होता है।
- ख़ुदा की हम्द में हमेशा साज़ और हम्द गीत होते हैं।
- ख़ुदा की हम्द उसकी इबादत का एक हिस्सा है।
- “हम्द करना” का तर्जुमा हो सकता है, “किसी के बारे में अच्छी बात कहना” या “लफ़्ज़ों के ज़रिये’ बहुत इज़्ज़त ‘अता करना” या “किसी का मदह सराई करना”।
- “हम्द ” इस्म लफ़्ज़ का तर्जुमा “इज्ज़तदार इन्सान ” या “इज़्ज़त का लक़ब देना” या “अच्छाईयों का बयान ”।

(यह भी देखें: इबादत )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 कुरिन्थियों 01:3-4
- रसूलों के आमाल 02:46-47
- रसूलों के आमाल 13:48-49
- दानीएल 03:28
- इफिसियों 01:3-4
- पैदाइश 49:8
- याक़ूब 03:9-10
- यूहन्ना 05:41-42
- लूका 01:46-47
- लूका 01:64-66
- लूका 19:37-38
- मत्ती 11:25-27
- मत्ती 15:29-31

## किताब-ए-मुक़द्दस की कहानियों से मिसालें:

- **12:13** इस्राईलियों ने बहुत ख़ुश होकर ख़ुशी मनाया क्योंकि ख़ुदा ने उन्हें मौत व ग़ुलामी से बचाया! अब वह ख़ुदा की _इबादत _ करने की लिये आज़ाद थे |
- **17:08** जब दाऊद ने यह लफ़्ज़ सुने, उसने फ़ौरन ही ख़ुदा की शुक्रगुज़ारी किया और उसकी _हम्द _ की, क्योंकि ख़ुदा ने दाऊद से अज़ीम इज़्ज़त और बहुत सी बरकतों का वा’दा किया था |
- **22:07** तब ज़करियाह ने कहा कि, “ख़ुदावन्द ख़ुदा _ हम्द_, क्योंकि उसने अपने लोगों पर नज़र की और उनका छुटकारा किया है |
- **43:13** और ख़ुदा की _हम्द _ करते हुए ख़ुशी करते थे और वे हर चीज़ एक दुसरे से बाटते थे |
- **47:08** उन्होंने पौलुस और सीलास को क़ैदख़ाने के सबसे हिफ़ाज़ती हिस्से में रखा था और यहां तक कि उनके पैरों को भी बांध रखा था| फिर भी आधी रात को पौलुस और सीलास दुआ करते हुए ख़ुदा की _हम्द _ गा रहे थे |

## शब्दकोश:

- Strong's: H1319, H6953, H7121, H7150, G1229, G1256, G2097, G2605, G2782, G2783, G2784, G2980, G3853, G3955, G4283, G4296

# हरम,हरमों

## ता’अरुफ़:

“हरम” किसी शादी शुदा आदमी की दूसरी बीवी होती है। हरम अक्सर क़ानूनी तौर पर शादी की हुई बीवी नहीं होती है।

- पुराने ‘अहद नामे में हरमें ज़्यादातर ख़ादिमा होती थी।
- हरमों को या तो ख़रीदा जाता था, या जंग में जीता जाता था या क़र्ज़ चुकाने की जगह पर रखा जाता था।
- बादशाह के लिए बहुत सी हरमें रखना ताक़त का निशान था।
- नया ‘अहद नामा कहता है कि हरमें रखना ख़ुदा की मर्ज़ी के ख़िलाफ़ है।

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 2 समूएल 03:6-7
- पैदाइश 22:23-24
- पैदाइश 25:5-6
- पैदाइश 35:21-22
- पैदाइश 36:9-12
- कुज़ात 19:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: H3904, H6370

# हल, हल चलाना, हल चलाया, हल जोतने, हलवाहों, जोतनेवाला, किसान, हल की फाल, अजोत

## ता'अर्रुफ़:

"हल" खेत में ज़मीन जोतने का औज़ार होता है।

- हल में नुकीली टिंगलियां होती है जिनसे ज़मीन खुदती है। उनका एक डंडा होता है जिसे पकड़कर किसान उसे सीधा रखता है।
- किताब-ए-मुक़द्दस के ज़माने में हल बैलों या और जानवरों के ज़रिये खींचा जाता है।
- हल ज़्यादातर सख़्त लकड़ी के होते थे जिनके फल तांबे या लोहे के होते थे।

(यह भी देखें: ताँबा, बैल)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 समूएल 08:10-12
- इस्तिसिना 21:3-4
- लूका 09:61-62
- लूका 17:7-8
- ज़ुबूर 141:5-7

## शब्दकोश:

- Strong's: H406, H855, H2758, H2790, H5215, H5647, H5656, H5674, H6213, H6398, G722, G723

# हलीम, हलीमी

## ता’अरुफ़:

“हलीम” लफ़्ज़ उस शख़्स को बताता है जो मूतमइन, नर्म, और ना इंसाफ़ी का सहनेवाला है। हलीमी ख़ाकसारी की क़ूव्वत है जब सख्ती और ताक़त का इस्ते'माल किया जाए।

- हलीमी हमेशा ख़ाकसारी के साथ जुड़ी रहती है।
- इस लफ़्ज़ का तर्जुमा “शरीफ़” या “मीठी” या “नर्म अन्दाज़ी” किया जा सकता है।
- “हलीमी” का तर्जुमा “शराफ़त” या “ख़ाकसारी” किया जा सकता है।

(यह भी देखें: ख़ाकसार)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 पतरस 03:15-17
- 2 कुरिन्थियों 10:1-2
- 2 तीमुथियुस 02:24-26
- मत्ती 05:5-8
- मत्ती 11:28-30
- ज़बूर 037:11-13

## शब्दकोश:

- Strong's: H6035, H6037, H6038, G4235, G4236, G4239, G4240

# हवाले करना,हवाले करता है,हवाले किया है,हवाले करते, ‘अहद

## ता’अर्रुफ़:

“हवाले करना”और ‘अहद” के बारे में फ़ैसला लेने से या कुछ करने का भरोसा देते हैं|

- कोई इन्सान किसी काम को करने ‘अहद करता है, उसके लिए कहा जाता है कि वह करने के लिए तैयार है।
- “काम सौंपना” या’नी किसी इन्सान को कोई काम देना। मसलन 2 कुरन्थियों में पौलुस कहता है कि ख़ुदा ने मेल-मिलाप की ख़िदमत हमें सौंप दी (या “सौंपा”) है।
- इसी से मुता’लिक़ लफ़्ज़ है “हवाले करना” और “हवाले किया है” जो ग़लत काम के लिए इस्ते’माल किए गए हैं, जैसे “गुनाह करना” या “ज़िना करना” या “क़त्ल करना”।
- “ख़िदमत सौंप दी” का तर्जुमा हो सकता है, “उसे काम सौंपा” या “उस पर एक काम के लिए यक़ीन किया” या “उसे एक काम दिया” या "उसे काम सौंपा।"
- “सौंपना” का तर्जुमा हो सकता है, “काम जो दिया गया” या “’अहद जो किया गया ”।

(यह भी देखें: ज़िनाकारी, ईमान, ‘अहद, गुनाह)

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 तवारीख़ 28:6-7
- 1 पतरस 02:21-23
- यरमियाह 02:12-13
- मत्ती 13:40-43
- ज़ुबूर 058:1-2

## शब्दकोश:

- Strong's: H539, H817, H1361, H1497, H1500, H1540, H1556, H2181, H2388, H2398, H2399, H2403, H4560, H4603, H5003, H5753, H5766, H5771, H6213, H6466, H7683, H7760, H7847, G264, G2038, G2716, G3429, G3431, G3860, G3872, G3908, G4102, G4160, G4203

# हसद, लालच

## ता'र्रुफ़:

“हसद” लफ्ज़ का मतलब है किसी की दोलत या क़ाबिले ता'रीफ़ खुसूसियात की वजह से उससे जलना। “लालच” का मतलब है किसी चीज की मज़बूती से ख्वाहिश करना।

- हसद 'आम तौर पर किसी दोसरे शख़्स की सफलता, ख़ुश क़िस्मत या दोलत की वजह से नाकामी की मनफ़ी अहसास है।
- लालच किसी और की जाएदाद, या यहाँ तक कि किसी और का शोहर या बीवी की ख्वाहिश रखने की एक मज़बूत ख्वाहिश है।

(यह भी देखें: [हसद )

## किताब-ए-मुक़द्दस के बारे में:

- 1 कुरिन्थियों 13:4-7
- 1 पतरस 02:1-3
- इस्तिसना 20:15-17
- मरकुस 07:20-23
- अम्साल 03:31-32
- रोमियो 01:29-31

## शब्दकोश:

- Strong's: H183, H1214, H1215, H2530, H3415, H5869, H7065, H7068, G866, G1937, G2205, G2206, G3713, G3788, G4123, G4124, G4190, G5354, G5355, G5366

# हाकिम ,हाकिमों

## ता’अर्रुफ़:

“हाकिम”लफ़्ज़ किसी क़ौम के सबसे ख़ास रहनुमा का इल्म कराता है |

- इसकी मिसाल हैं ,”हाकिम मौसीक़ी कार”,”हाकिम काहिन “,और चुंगी लेने वालों का हाकिम “और “हाकिम बादशाह “|
